Assessing the Indian Physical Education Curriculum in Relation to the International Standards of Physical Education at Elementary Level

Bhawani Pal Singh Rathore* Raja Ram Guarjar**

*Professor (Physical Education) JRNRV University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Research Scholar, JRNRV University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract - Physical education provides children with learning opportunities through the medium of movement and contributes to their overall development by helping them to lead full, active and healthy lives. Many have opined that Physical Education holds less importance in the day to day academic life of many students. But the academic structure should be formulated in such a way that it becomes a part of their daily academic routine. Physical education is the major part of the education program for all students. A variety of physical activities learn by the students. It teaches students about how body move to perform a physical activity and what are the health-related benefits for regular physical activities. By performing regular activity one can adopt a physically active, healthy lifestyle. The study could be one of its kinds of study to benchmark international standards of physical education to Indian population. The study could be used to suggest Indian standards in physical education. The study could be used for assessing standards achievements in Indian perspectives using standard blue print of test. Scoring rubrics design specifically could be used to classify the students in a physical education programme for the grade of 3, 4, and 5.

Introduction - In order to establish the standard, it is necessary to assemble and eloquent the statements of professional organizations. The fundamental survival of every human being is physical. It is very difficult to get any kind of education without stress on motor activity. It is not decorous in its objective. The most precisions gift by nature is human body, it is necessary to maintain its growth and development which is mostly depending upon the quality and quantity performance on centrifugal activity. The word 'physical' denotes an organic structure that signals all human features such as strength, pace, survival, health, execution etc. it is not easy to define the term physical education which is generally refers to the sports education. It is generally speculated that physical education is sports education. In simple words physical education is a way of imparting education through motor activities. The approach is different from education as it accomplishes the task by physical exertion. Physical education provides children with learning opportunities through the medium of movement and contributes to their overall development by helping them to lead full, active and healthy lives. Many have opined that Physical Education holds less importance in the day to day academic life of many students. But the academic structure should be formulated in such a way that it becomes a part of their daily academic routine. Physical education is the major part of the education program for all students. A variety of physical activities learn by the students. It teaches students about how body move to perform a physical activity and what are the health-related benefits for regular physical activities. By performing regular activity one can adopt a physically active, healthy lifestyle. The following points indicate main benefits for a student in performing physical activity:

1. Development of Confidence in every situation of life
2. How to perform a task independently
3. Maintain self-confidence in achieving goal
4. Positive social skills
5. Leadership quality for growth of team
6. Improvement in academics.

All the areas of curriculum of model content standards are good opportunities not only for students but also for experts. To lead a full active and healthy life physical education provides all learning opportunities through medium of movements. Science and Math are important for mental development of a child likewise physical education is not less significant field. Physical education is essential for physical, mental and intellectual growth of a student. Physical education plays a vital role in the development of a child. Therefore the academic structure should be formulated in such a way that it becomes a part of their daily academic routine

Review of literature:

According to**Hussainet.all (2011)** curriculum achievement depend on its evaluation process during curriculum development. The process initiation needs to be from the grass-root level. A critical aspect during the process of curriculum development is the Content selection regarding objective consideration especially with respect to the content organization. The study states that the revision in curriculum is independent of the feedbacks received. The following study investigates the issues pertaining to curriculum development. A survey on 810professionals involved in curriculum development of the validated questionnaire (84 statements was conducted. Result showed a significant association between existing process and desired process for curriculum development.

According to**Hashimet.all (2014)** aimed to judge the parameters of physical fitness in achievement of National Standards of Physical Education. Participants were 279 primary school boys (N=79, 10 years), (n = 94, 11 years) & (12 years, n = 106) from 5 Perak schools. To test the fitness, FITNESSGRAM with the following parameters trunk lift, 90 degree pushups, modified pull-up, back saver sit and reach and PACER was used. ANOVA analysis showed an important difference in the level of physical fitness among the group of boys age 10, 11 and 12 years.

Tidén and Nyberg (2015) developed and initial validation of the NyTid test. a processoriented movement evaluating tool. Participants were1,260 (627 girls and 633 boys; age M=14.39). Initially, EFAs was executed in sample 1, with one third of the participants which signaled that the 17 skills in the test to be reduced to 12 and divided into 4 factors. In the second stage, the suggested factor structure was cross-validated with CFAs in the larger Sample 2. The study proves that the NyTid test is a validated process-oriented measurement tool developed children aged 12 and 16 years.

According to **A. MichalisStylianou, Tiffany Kloeppel, Pamela Kulinna and Han van der Mars(Oct, 2016)** studied the PE teacher fidelity in relation to the curricular models and outcomes of physical activity. The Dynamic Physical Education (with low, moderate, and high fidelity) classes were conducted. Observation was made to compare PA levels, lesson context, and teacher PA promotion behavior among classes. Observations on 4thand 5h grade 20 PE teachers were done thrice a day. The SOFIT instrument was used for data collection. Group difference tests and statistics are described in data analysis. The observation instrument measures the significant differences in several items which were found among the three fidelity groups. No significant moderate-to-vigorous PA or lesson context differences were found among the three groups. The final results projected those students who were under high fidelity teachers spent higher proportion of lesson (7.5%) in vigorous PA than by teacher in low fidelity. Teachers who were in the moderate and high fidelity spent a significantly higher proportion of lesson time promoting in-class PA in comparison to teachers who were in the low fidelity group. Fidelity of implementation to the DPE model had little impact on student PA. Thestudy suggests the methodological importance of examining teacher fidelity to curricular models and the outcomes associated with it.

According to **Stephen J. Virgilio. (Oct, 1985).** The purpose of this study is to discuss current problems in relation with curriculum design in physical education, and to give suggestions for model-based attempts to channelize the process of implementing new curriculums. This process of curriculum implementation, broken into two phases: Pre-operational stage and Operational stage. Some essential points within each of the two stages were discussed, for curriculum changes in general education and specifically for physical education. The most important aspects or elements of curriculum implementation are: support (material and human), change strategies, communication channels, staff development, and instructional planning. Each element has very significant role in the process, and the lack of any single element will hinder the efficacy of the changes desired. The result of the study is presents a model of the curriculum change process.

According to **Vincent J. Melograno. (Nov 2009)**. This study was expounded about educational reform has more naturalistic, authentic judgement of student learning. The meter of alternative assessment has swung toward a portfolio format. To help measurement and evaluation instructors, an 8-step process is explained for both pre-service and in-service physical education academicians. These steps are (a) ascertain general and specific purposes; (b) choose the type(s) of portfolios to be used; (c) create an organizing framework; (d) identify construction, storage, and management options; (e) establish a system for selecting items; (f) determine reflection and self-assessment techniques; (g) plan conference strategies; and (h) design evaluation criteria and procedures.

Research objective:

1. To suggest/demonstrate the Indian physical education programme assists in achieving the NPES (National physical education programme) as drawn by (ICHPER•SD)
2. Develop the test blue print for assessing the standards achievement.
3. Developing assessment sheets and scoring rubrics. (Based on standards 1,2,3,4 and 5) or level class/age group.
4. Recommended Indian standards based on class/age group.
5. Draw/develop national physical education standards to Indian population.

Research process: Mixed Method Research: Multi methodology or multi method research comprises the employment of multiple methods to collect data and administer research in a series of related research studies.

Mixed methods research is thoroughly precise as it involves an amalgamation of paradigms, data of qualitative and quantitative nature and methodologies in a study to be researched.



Variables of the study:

1. Policy And Environment
2. Curriculum
3. Implementation

i) Activity Goals, Objective and Outcomes
ii) Assessment
iii) Feedback

Sampling Technique: Multistage sampling is a composite sampling procedure in which clusters are made to select the population. In cluster sampling, a kind of probability sampling, the population is divided into clusters or groups, followed by choosing of either one or more than one cluster at random within which each subject is sampled.

Steps of the study:

1. Opinion of physical education personals by task force composed of researchers, measurement, evaluation experts, teacher educator's physical education teacher, and educational administrators.
2. Preparation of test blue print for assessing the standards. Initial writing Re-writing Final writing Administration of test
3. Writing (Valid) assessment sheets and scoring rubrics.
4. Establishing the content validity.
   Content validity is different from face validity, which refers not to what the test actually measures, but to what it superficially appears to measure. Face validity assesses whether the test "looks valid" to the examinees who take it, the administrative personnel who decide on its use and other technically untrained observers. Content validity requires the use of recognized subject matter experts to evaluate whether test items assess defined content and more rigorous statistical tests than does the assessment of face validity. Content validity is most often addressed in academic and vocational testing, where test items need to reflect the knowledge actually required for a given topic area (e.g., history) or job skill (e.g., accounting).
5. Piloting assessment. A test or examination (informally, exam) is an assessment intended to measure a test-takers knowledge, skill, aptitude, physical fitness, or classification in many other topics (e.g., beliefs). A test may be administered verbally, on paper, on a computer, or in a confined area that requires a test taker to physically perform a set of skills. Tests vary in style, rigor and requirements.
6. Interview, focus group review & re-review. An interview is a conversation where questions are asked and answers are given. In common parlance, the word "interview" refers to a one-on-one conversation with one person acting in the role of the interviewer and the other in the role of the interviewee. The interviewer asks questions, the interviewee responds, with participants taking turns talking. Interviews usually involve a transfer of information from interviewee to interviewer, which is usually the primary purpose of the interview, although information transfers can happen in both directions simultaneously. Focus Group: is a form of qualitative research in which a group of people are asked about their perceptions, opinions, beliefs, and attitudes towards a product, service, concept, advertisement, idea, or packaging. Questions are asked in an interactive group setting where participants are free to talk with other group members. During this process, the researcher either takes notes or records the vital points he or she is getting from the group. Care should be noted to select members of the group carefully for effective and authoritative responses.
7. Tool development
8. Standards mapping define by (ICHPER•SD)
9. Recommended : Indian standards

Conclusions:

1. There is a gap between the syllabus for PE and the actual execution of it during the games period. We need to develop a robust sports curriculum with grade-wise lesson plans for every proficiency level.
2. India does not have clear cut benchmark and outcome based direction in their policy.
3. Curriculum outline or draft will be suggested in line with the NCF guidelines 2005. It provides only the way to achieve certain goals.
4. India does not have clear cut benchmark and outcome based direction in their policy. So, there is a need of one nation one curriculum with inculcate of content, instruction, assessment task and scoring rubrics.
5. Curriculum outline or draft will be suggested in line with the NCF guidelines 2005. It provides only the way to achieve certain goals.
6. In India there is no standard curriculum only recommendation by NCERT therefore model curriculum will be proposed.
7. Creation of a national sports structure is more vital than creating sports infrastructure. It is widely observed that schools (particularly private schools) consider

promoting sports through creation of world class infrastructure. While it is important to have good quality grounds, turfs, pitches, courts and arenas, it is equally critical to have a supporting curriculum to complement such facilities.

Recommendations:

1. PE curriculum framework should be drafted, piloted & tested and implemented in line with International standards of physical education
2. Collaborative approach for framing and development of Physical education programme by benchmarking with international physical education programs.
3. Develop standards in line with International standards of Physical education guidelines and incorporate with: National Assessment standards: defines metrics, methods, process for conducting sports assessments.
4. Monitor Curriculum evaluation standards – assists in inspection, proper evaluation of results & teaching methods and providing corrective actions.
5. The National Boards of Education or Federations to be brought into scheme of things for effective implementation of curriculum framework.
6. Foundation of a National Physical Education Curriculum Authority to oversee and inter-relate with other key stakeholders like the CBSE, NCERT, IB and Cambridge education with Sports Authority of India (SAI), state level education authorities.
7. The National Physical Education Curriculum Authority to ensure inter-operability functions and make transition & implementation of physical education curriculum constructive in schools.
8. National Education Boards to ensure physical education and allied activities are brought under national focus for accelerated and inclusive Physical education development in the country.
9. Promote concept of sporting culture in schools and communities.
10. Joyful engagement in sports and physical activities is seen as a way of life. So, offer generous/substantial competitive environment at school level. As CBSE implemented HPE Programme for class 9th to 12th in 2018

References:-

1. AfzaalHussain, Dr. AshiqHussainDogar, Muhammad Azeem, AzraShakoor. (2011). Evaluation of Curriculum Development Process, International Journal of Humanities and Social Science, Vol. 1, Issue no 14,pg; 263-271.
2. Ahmad Hashim, Mohd. SaniMadon, NurHaziyantiMohd Khalid, NelfiantybintiMohd Rashid, Sadzali bin Hassan andYusopbin Ahmad.(2014). National Physical Education Standards: Level of Physical Fitness Male Student Primary School in Malaysia, International Journal of Social Science Research, Vol. 2, issue 2, Pg. 94- 103.
3. Blazevic, S., Biliæ, •.,Bonacin, D., Širiæ, V. &Bonacin, D. (2007). Identification developments in boys in the first grade of primary schools on the basis of changes structure distinct taxon under the influence of treatment. Sport Science 1, (2): 59-64
4. Bureau for the development of education (2007). Physical education curriculum from first to third grade in nine year primary education, Skopje: Macedonian ministry of education.
5. California Department of Education (2009). Physical Education Framework for California Public Schools, Sacramento, California: California Department of Education.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

पेसा कानून

डॉ. बसंत नाग* एन.आर. साव**

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) भा.प्र.देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) भा.प्र. देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 90 दशक के दौरान दो महत्वपूर्ण बदलाव परिलक्षित हुए, एक है उदारीकरण की नीति तो दूसरी ग्राम स्वराज की परिकल्पना। उदारीकरण नीति के अंतर्गत देश के कई कानूनों में शिथिलता लाते हुए उद्योग धंधों के विस्तार के नाम पर कानून के कठोर नियमों में परिवर्तन किया गया। सत्ता का विकेन्द्रीकरण इस बात की ओर इंगित करता है कि ग्राम स्वराज की स्थापना हेतु पंचायती राज व्यवस्था पूरे भारत वर्ष में लागू किया गया। गांधी जी के ग्राम स्वराज के परिकल्पना को साकार रूप से फलीभूत करने के लिये सशक्त ग्राम सभा की स्थापना सन् 1992 में 73 वें संविधान अधिनियम से केन्द्र में लोकसभा, राज्य में विधानसभा का प्रावधान है, ठीक उसी तरह गांव में ग्राम सभा को स्थान दिया गया है।

संविधान में संशोधन कर 11वीं अनुसूची भी जोड़ी गयी, जिनमें 29 विषयों पर कार्य करने का अधिकार ग्राम सभा एवं पंचायतों को सौपा गया है, लेकिन जिस तरह आर्थिक उदारीकरण के लिए कानूनों में बदलाव की आवश्यकता थी, ठीक उसी रूप में क्रियान्वित नहीं किया जा सका। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(ड.) के पैरा 4 उपपैरा (ख) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह पंचायती राज व्यवस्था पांचवी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विकास करने की शक्ति प्रदान करती है। पंचायती राज व्यवस्था अनुसूचित क्षेत्रों में सशर्त लागू होगी और यह शर्त भारत की संसद तय करेगी। इन्हीं शर्तो को पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 बनाकर निर्धारित किया गया, जिन्हें आज हम पेसा कानून के नाम से जानते हैं।

पेसा कानून जनजातियों की परम्पराओं रीति-रिवाजों तथा अपनी सामुदायिक मान्यताओं एवं समस्याओं से संबंधित अधिनियम है। यह अधिनियम पांचवी अनुसूची वाले क्षेत्रों में लागू होता है। पेसा का पूरा नाम पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) विधेयक (The Provisions On The Panchayats Extension To The Scheduled Areas Bill) है। भूरिया समिति की सिफारिशों के आधार पर सन् 1996 में विधेयक प्रस्तुत किया गया और दिसम्बर 1996 में दोनों सदनों के द्वारा पारित होने के पश्चात राष्ट्रपति के अनुमोदन से 24 दिसम्बर को लागू हो गया। जनजाति क्षेत्रों में यह अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

ग्राम सभा, स्थानीय योजनाओं और संसाधनों के अनुरूप नियंत्रण और प्रमाणन का अधिकार धारा 4(ड.) एवं (च) में स्पष्ट किया गया है। भारतीय संविधान के 73 वें संविधान संशोधान में देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की गयी, लेकिन इस अधिनियम के प्रावधान जनजातीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नहीं किया गया था, इनको दूर करने हेतु संविधान के 9 वें भाग में विशिष्ट पंचायत उपबंध बनाया गया।

पेसा कानून के कुछ विशेष प्रावधान इस प्रकार से है :-

1) गांव में कर्ज देने वाले साहूकार को ग्राम सभा लाइसेंस देगी।
2) आपसी विवादों का निपटारा ग्राम स्तर पर होगा। पुलिस इनमें कोई दखल नहीं देगी।
3) शासकीय अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीणों के मर्जी के बिना खनन कार्य नहीं करेंगे। संविधान के पांचवी अनुसूची के अनुसार यह कानून जहां पर 50 प्रतिशत से अधिक जनजाति निवासरत है, वहां लागू होगा। पेसा नियम 2 नवम्बर 2011 से बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर, आदि क्षेत्रों में लागू किया गया। भारत में इनका पालन आन्ध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में लागू किया गया। प्रत्येक तीन-तीन माह के अंतराल में चार ग्राम सभा होती है।
4) पेसा कानून के द्वारा जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में समस्याओं का निराकरण परम्परागत तरीकों से निपटाने का अधिकार प्राप्त हो जाता है।
5) विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन अनुमोदन का अधिकार पंचायत को दिया गया है।
6) विकास परियोजनाओं के लिये भूमि अधिग्रहण करने से पूर्व इन परियोजनाओं से प्रभावित व्यक्तियों के पुर्नवास पूर्व ग्राम सभा से परामर्श लेने का अधिकार।
7) लघु जल संसाधनों के स्वामित्व, प्रबंधन, गौण वनोपज के स्वामित्व का अधिकार।
8) खनिजों के लिए खनन मजदूरी अथवा नीलामी दरों में रियायत से पूर्व अनुमोदन का अधिकार।
9) शराबबंदी लागू करने और मादक द्रव्यों की बिक्री एवं उपयोग को नियमित करने का अधिकार।
10) साहूकारी प्रथा पर नियंत्रण का अधिकार।
11) स्थानीय और जनजाति उपयोजनाओं से प्राप्त राशि को ग्रामीण विकास के लिये नियोजन करने का अधिकार।
12) स्थानीय बाजारों का प्रबंधन, भूमि अलगाव पर नियंत्रण, नशीले पदार्थो पर नियंत्रण करना।

13) सांस्कृतिक परम्पराओं के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु प्रावधान।
14) अनुच्छेद 244 के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में आत्मनिर्णय लेने का अधिकार (Right to Self Determination) की गारंटी दी गयी है।
15) गरीबी उन्मूलन और अन्य कार्यक्रमों के लिए लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिये ग्राम सभा उत्तरदायी होगी तथा धन का सदुपयोग करने का उत्तरदायित्व।

अत: स्पष्ट है इस कानून के तहत नियमों को प्रभावशाली रूप से क्रियान्वयन कर विकास के लिये स्वतंत्र रूप से कार्य करना है।

16) छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले घोषणा पत्र में पेसा कानून लागू करने की बातें कही गयी थी, जिनके नियम बनाने के लिये तीन जिलों, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर के 19 विकासखंड के जनजाति समाज के पदाधिकारियों ने इस संदर्भ में सूरजपुर जिले के ग्राम लटोरी में परिचर्चा कर सुझाव प्रस्तुत किये, जिनमें जनजाति लड़की का विवाह गैर जनजाति लड़के से हो जाती है, तो लड़कियों के अधिकार समाप्त करने की बातें कही गयी।

छत्तीसगढ़ राज्य बने हुए 20 वर्ष हो गये है, लेकिन पेसा को लागू करने के लिये नियम नहीं बना पाये है। पेसा कानून के प्रावधानों का कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है, इनका क्रियान्वयन केन्द्र सूची, समवर्ती सूची और राज्य से जुड़े सूची में बनने वाले कानूनों पर निर्भर करता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का एक पॉलिसी पेपर यह कहता है।

पेसा कानून जनजातीय समाज को स्वशासन का अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ सहयोगी लोकतंत्र के द्वारा ग्राम प्रशासन स्थापित कर मुख्य रूप से ग्राम सभा की सभी गतिविधियों को पारदर्शी बनाकर जनजातीय समुदाय की पारम्परिक, सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए किया गया प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) अधिनियम 1996 के नियमों का निर्धारण करने के लिये कांकेर जिले के पंचायतों के जनजातीय नेताओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहली बैठक रखी। जहां पर इस संदर्भ में व्यापक चर्चा की गयी। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उत्तर बस्तर कांकेर में गोधन नामक स्थान में छत्तीसगढ़ के पांच जिलों के 16 जनजाति विकास खंड के प्रतिनिधियों ने अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम 1996 में इनकी कमियों को दूर करने तथा पेसा कानून में बदलाव हेतु सुझाव भी दिये। इनकी प्रमुख मांग थी कि पेसा कानून को अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाना। किसी भी सामाज की स्थिति वहां रहने वाले लोगों की स्थिति पर निर्भर करती है। भारत जनजाति बाहुल्य देश है और जनजातियों के विकास भी देश के विकास को दर्शाती है। इनके हितों की सुरक्षा के लिए एक ऐसे कानून की मांग की गयी जहां पर हम जनजाति क्षेत्रों की सुरक्षा कर सकें। जनजाति स्वशासन पर विचार किए बिना जनजाति विकास की कल्पना नहीं किया जा सकता। जनजाति क्षेत्रों में शोषण, हिंसा एवं पिछड़ेपन पर नियंत्रण पाने के लिये तथा विकास के अवसर प्रदान करने हेतु जनजाति स्वशासन पर विचार करना अनिवार्य है।

पेसा अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेसा कानून छठवीं अनुसूची की तुलना में अधिक प्रासंगिक है क्योंकि जनजाति आर्थिक और राजनीतिक तथा सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यधिक कमजोर है। सांस्कृतिक रूप से जनजातियों की विशिष्ट पहचान है, जो इन्हें एक निराली छबि प्रदान करती है। पांचवी अनुसूची लागू जनजाति क्षेत्रों में जो इस सरंक्षण सूची से बाहर है, निर्बल हैं। उनके लिये पेसा कानून मील का पत्थर साबित होता है। इस अधिनियम का पारित होना, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रतिबध्दता का कार्य था क्योंकि यह सत्ता संतुलन को बदलने का कार्य कर स्थानीय स्तर पर जनजातियों के पक्ष में स्वशासन की व्यवस्था की। पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन विकास लायेगा। पांचवी अनुसूची में इन्होंने यह स्वीकार किया कि जनजातियों के जीवन शैली, मूल्यव्यवस्था और विश्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्वीकारते हुए जनजाति स्वशासन को प्राथमिकता दी गयी। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में विभिन्न जनजातीय समुदाय निवासरत हैं, इनकी संस्कृति और परम्पराओं को पुजारी, मांझी, मुखिया आदि के द्वारा नई पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाता है। आधुनिकीकरण के इस दौर में कुछ परम्पराएं पीछे छुटते जा रही है।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये पेसा कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जनजातीय क्षेत्रों के लिये यह कानून अधिकार दिलाने का कार्य कर रही है, इसी कड़ी में वन अधिकार पत्र भी प्रदान किये जा रहे हैं। इससे लोकतंत्र को गहरा एवं मजबूत करने के लिये लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। पेसा कानून जनजाति क्षेत्रों में अलगाव की भावना को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। इससे जनजातियों के अन्यंत्र पलायन एवं विस्थापन को रोका जा सकता है। प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण और प्रबंधन से जनजातियों के आय और आजीविका के क्षेत्र में सुधार किया जा सकता है। भूमि के अवैध हस्तांतरण पर रोक लगा सकते हैं, अगर अवैध तरीके से किसी ने जनजातियों की भूमि को हस्तांतरित किए हैं तो उन्हें वापस किया जा सकता है। शराब बिक्री की खपत, गांव के बाजारों का प्रबंधन, शोषण को कम करने के लिये अत्यंत लाभकारी एवं महत्वपूर्ण है। यदि पेसा कानून को लागू करन में गंभीरता बरती जाये तो हम जनजाति क्षेत्रों में मरणासन्न स्वशासन प्रणाली को पुर्नजीवित कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दैनिक समाचार पत्र
2. studymarathon.com
3. hastakswep.com
4. panchayat.gov.in
5. dustantimes.com.translate.google.in
6. नवभारत- दैनिक समाचार पत्र- (21 जून 2022)
7. पत्रिका- दैनिक समाचार पत्र
8. hindimongabay.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

जनपद शाहजहाँपुर (उ.प्र.) में औद्योगिक विकास का प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रभावः एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ. इन्दू मिश्रा* गया सरन**

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र (भूगोल) वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – सर्वविदित है, कि औद्योगिक विकास से ही क्षेत्रीय विकास को गति मिलती है। इसके विकास से ही क्षेत्र विशेष में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं, फलस्वरूप क्षेत्र के निवासियों के जीवन स्तर में परिवर्तन देखने को मिलता है, लेकिन इसके साथ ही साथ औद्योगिक विकास का प्रभाव प्राकृतिक वातावरण पर नकारात्मक रूप में देखने को मिलता है। अध्ययन क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुआँ और गैसों से प्राकृतिक पर्यावरण असन्तुलित हो रहा है, जिससे समस्त जैविक तन्त्र प्रभावित होता है (वर्ष 1950 से तेजी के साथ औद्योगिकरण हो रहा है जिसके कारण भूमि तथा ऊर्जा संसाधनों का निरन्तर दोहन और वन संसाधन की अनियन्त्रित कटाई के फलस्वरूप प्राकृतिक असंतुलन के कारण मानव व अन्य जीव-जन्तु अपने जीवन का आस्तित्व बनाये रखने के लिए विभिन्न प्रकार के पर्यावरणीय प्रभावों का सामना कर रहे हैं। अध्ययन क्षेत्र में अनेक वन्य जीव मिलते हैं, जिनमें हिंसक एवं अहिंसक जीव, जैसे तेंदुआ, जंगली सुअर, जंगली कुत्ते, लकड़बग्घे, बिच्छू, ऊदबिलाव एवं अन्य जंगली जानवर जनपद के उत्तरी छोर पर अधिक मिलते हैं। रिलायंस तापीय ऊर्जा केन्द्र (रोजा) एवं इसमें कार्यरत मजदूरों के आवासीय परिसर जहाँ हैं वहाँ पर भी अनेक जानवर मिलते थे।

प्रकृति से छेड़-छाड़ का नतीजा हम लोगों को पर्यावरण के नकारात्मक प्रभाव के रूप में देखने को मिल रहा है। अतः क्षेत्र में इनकी संख्या में भारी कमी का आँकलन किया जा रहा है और इनका सम्मिलित प्रभाव प्राकृतिक पर्यावरण पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

प्रस्तावना – मनुष्य अपनी विभिन्न आवश्यकताओं एवं उद्देश्यों की पूर्ति एवं समस्याओं के समाधान हेतु प्राचीन काल से ही प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर था, परन्तु कालान्तर में मानव के बौद्धिक क्षमता के विकास के साथ ही प्राकृतिक स्रोतों एवं संसाधनों के उपयोग में विविधता देखने को मिलती है। मानव प्राचीन सभ्यता से वर्तमान सभ्यता की ओर उन्मुख होते हुये प्राकृतिक संसाधनों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में अपनी बौद्धिक क्षमता एवं तकनीकी के माध्यम से विभिन्न रूपों में उपयोग करना सीख गया है। अतः आधुनिक मानव सभ्यता के ऊँचे शिखर पर पहुँचने के साथ-साथ तकनीकी विकास एवं औद्योगिक विकास में निरन्तर प्रयासरत हैं।

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ पर लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है तथा अधिकतम जनसंख्या प्राथमिक एवं द्वितीयक क्रियाओं में संलग्न है। भारत में औद्योगीकरण का विकास पश्चिमी देशो के अपेक्षा देर से प्रारम्भ हुआ, जिसका मुख्य कारण अंध विश्वास, रूढ़िवादिता, भाग्यवादिता एवं शिक्षा का पिछड़ापन आदि रहा है। भारत में औद्योगीकरण का वास्तविक विकास 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ। भारत में औद्योगीकरण के विकास के द्वारा जहाँ एक ओर लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा रहा है। परिणाम स्वरूप भारत में आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास भी तीव्रगति से विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। शाहजहाँपुर में औद्योगीकरण का विकास भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में हुआ है। शाहजहाँपुर में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के भिन्नता का मुख्य कारण क्षेत्रीय भिन्नता, संसाधनों की अवस्थिति, जलवायु में विविधता, शिक्षा का स्तर एवं तकनीकी प्रसार में विविधता आदि है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत में औद्योगीकरण के विकास में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से मध्यम एवं बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना के फलस्वरूप औद्योगिक विकास में तीव्रता के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी तीव्रगति से प्रगति हुई, जिससे भारत काआर्थिक विकास देशों की उच्च श्रेणी के अन्तर्गत पायी जाती है। भारत में औद्योगीकरण के विकास को दो चरणों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम चरण (1947-1980) में सरकार ने औद्योगिक विकास को क्रमिक रूप से अपना नियन्त्रण विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों पर बढ़ाया, जबकि दूसरे चरण (1980-1992) में औद्योगीकरण के विकास के लिये अर्थव्यवस्था में उदारीकरण लाया गया। भारत में व्याप्त क्षेत्रीय असमानता एवं क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने के लिये बड़े एवं मध्यम आकार की औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की गयी। भारत में औद्योगिक विकास में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिये औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के साथ ही भारतीय लोगों की क्षमता को प्रोत्साहित एवं विकसित किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य- इस शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती औद्योगिक इकाइयों का स्थानिक विश्लेषण करते हुये उनका पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का आंकलन करना है तथा उसका प्रभाव कम करने के लिये उपयुक्त रणनीति प्रस्तुत करना।

अध्ययन क्षेत्र- जनपद शाहजहाँपुर, उ0प्र0 के रूहेलखण्ड के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है, जोएक मैदानी भाग है, जिसका निर्माण तराई भागों में

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

प्रवाहित नदियों द्वारा लाये गये मिट्टी के निक्षेप से हुआ है। इनमें मुख्य रूप से बांगर एवं खादर के क्षेत्र को सम्मिलित किया जाता है। जनपद शाहजहाँपुर का भौगोलिक विस्तार $27^0$28' उत्तरी अक्षांश से $28^0$22' उत्तरी अक्षांश तथा $79^0$19' पूर्वी देशान्तर से $80^0$20' पूर्वी देशान्तर के बीच अवस्थित है। इसका भौगोलिक क्षेत्रफल 4575 वर्ग किलोमीटर है। भारतीय जनगणना विभाग 2011 के अनुसार शाहजहाँपुर की कुल जनसंख्या 3006538 है जिसमें पुरूष 1606403 तथा महिला 1400135 हैं। इसके पूर्व में जनपद लखीमपुरखीरी, दक्षिण में हरदोई, फर्रूखाबाद, पश्चिम में बदायूँ एवं बरेली तथा उत्तर में पीलीभीत जिला स्थित है। वर्तमान में जनपद शाहजहाँपुर में कुल चार तहसीलें (सदर, तिलहर, पुवायां और जलालाबाद), 15 विकासखण्ड (बंडा, खुटार, पुवायां, सिंधौली, कटरा-खुद्दागंज, जैतीपुर, तिलहर, निगोही, कांठ, ददरौल, भावलखेड़ा, मदनापुर, कलान, मिर्जापुर और जलालाबाद), 1077 ग्राम पंचायत और 2325 गाँव हैं। जनपद की मुख्य नदियों में गंगा, रामगंगा, गोमती और गर्रा हैं। गोमती की मुख्य सहायक नदियों में कथना, झुकमा और मोसारे हैं। गर्रा की मुख्य नदियों में खन्नौत, सुकेता और काई नदी हैं। जनपद शाहजहाँपुर की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 150 मीटर से 200 मीटर के बीच पायी जाती है।



मानचित्र-अवस्थिति मानचित्र

विधि तंत्र- प्रस्तुत शोध पत्र हेतु द्वितीयक आंकड़ों का उपयोग किया गया है इन तथ्यों को जनपद की विभिन्न जनगणना पुस्तिकाओं, गजेटियर, सांख्यिकीय पत्रिकाओं आदि से प्राप्त किया गया है। इसके साथ ही साथ प्रस्तुत शोध पत्र में व्यवस्थित अवलोकन को भी महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है। जिससे यथा स्थिति दृष्टिगत हो सके। आँकड़ों का विश्लेषण एवं मानचित्रण विभिन्न सांख्यिकीय विधियों द्वारा किया गया है।

अध्ययनक्षेत्र में औद्योगिक विकास का स्रोत- जनपद शाहजहाँपुर में औद्योगिक विकास सन्तोषजनक नहीं रहा है, क्योंकि जहाँ 2008-09 में पंजीकृत कारखानों की संख्या 130 थी, वहीं 2018-19 में यह घटकर 120 ही रह गयी। इसी प्रकार लघु औद्योगिक इकाईयों की संख्या 2008-09 में 611 थी तो 2018-19 में मात्र 9 इकाईयों की वृद्धि हुई, जो बढ़कर 620 ही हो पायी थी। खादी ग्रामोद्योग इकाइयों में कमी बहुत ही निराशाजनक रही, जहाँ 2008-09 में इनकी संख्या 94 थी, वहीं 2018-19 में मात्र 12 ही शेष बची हैं। जनपद में 2008-09 में समस्त इकाईयों का योग जहाँ 835 था वहीं 2018-19 में घटकर इनकी संख्या मात्र 752 ही शेष रह गयी। इसकी नकारात्मक वृद्धि का एक अन्य कारण यह है, कि अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा निर्मित सामान जनमानस को अच्छे लगते हैं और यहाँ के नागरिक उन्हीं को पसन्द करते हैं।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

औद्योगिक विकास का प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रभाव- पर्यावरण जैव एवं अजैव तत्वों का समुच्चय है, जिसका बोध स्थान और काल के परिप्रेक्ष्य में किया जाता है। पर्यावरण के अजैव तत्व प्रकृति के आधारी तत्व हैं, जिनके सहयोग से जैव तत्वों (पौधे एवं जीव जन्तु) का विकास हुआ है। ये दोनों तत्व प्राकृतिक पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। इनमें से जैव तत्वों का औद्योगिक विकास के कारण अवनयन हो रहा है।

अध्ययन क्षेत्र में अनेक वन जीव मिलते हैं, जिनमें हिंसक एवं अहिंसक जीव जैसे तेंदुआ, जगंली सुअर, जंगली कुत्ते, बिच्छू, ऊदविलाव सेही, सियार, भेड़िया, खरहा, बन्दर, जंगली चूहें, जंगली मुर्गियाँ, लोमड़ी, नीलगाय एवं मगरमच्छ आदि प्रमुख हैं। ये जनपद के उत्तरी छोर पर अधिक मिलते हैं। रिलायस तापीय ऊर्जा केन्द्र (रोजा) एवं इसमें कार्यरत मजदूरों के आवासीय परिसर जहाँ हैं, वहाँ पर भी यह सभी जीव-जन्तु बहुतायत से मिलते थे, लेकिन अब कभी-कभार ही इनके दर्शन हो पाते हैं।

निष्कर्ष एवं सुझाव- जनपद की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का अपना विशिष्ट महत्व एवं स्थान है। ये जनपदीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। आज उद्योगों पर चर्चा इसलिये भी आवश्यक है, कि उद्योगों से पर्यावरण को अपार क्षति पहुँचती है वहीं पर यह आर्थिक वृद्धि में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। अतः हमें उद्योगों का विकास इस प्रकार करना चाहिए, जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुँचायें और मानव के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. कुमार, संजय एवं कुमार, एस0 (2010) फिरोजाबाद जनपद में औद्योगिक विकास का स्वास्थ्य पर प्रभाव, रूहेलखण्ड भौगोलिक शोध पत्रिका (धामपुर-बिजनौर)।
2. नसरीन (1994), औद्योगीकरण का अर्थतन्त्र पर प्रभाव: कानपुर लखनऊ औद्योगिक अक्ष का प्रतीक अध्ययन।
3. राव, बी0पी0 श्रीवास्तव, वी0के0 (1995) पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी, गोरखपुर।
4. साहू, ए0एस0 (1990), भूमि उपयोग प्रतिरूप भूगोल शोध पत्रिका।
5. जिला सांख्यिकीय पत्रिका जनपद शाहजहाँपुर (2018-19)

तालिका 1

क्र.	विकास खण्ड	पंजीकृत कारखाने		लघु औद्योगिक इकाईयाँ		खादी ग्रामोद्योग इकाईयाँ		समस्त इकाईयों का योग	
		2008-09	2018-19	2008-09	2018-19	2008-09	2018-19	2008-09	2018-19
1.	बण्डा	11	7	39	58	2	0	52	55
2.	खुटार	8	8	56	8	9	0	73	16
3.	पुवायां	11	6	46	31	18	0	75	37
4.	सिंघौली	5	5	43	4	10	0	58	9
5.	कटरा-खुदागंज	9	8	35	9	1	2	45	19
6.	जैतीपुर	3	3	5	16	2	1	10	20
7.	तिलहर	5	5	46	16	12	0	63	17
8.	निगोही	6	6	13	31	3	0	22	37
9.	कांठ	5	5	14	6	1	0	20	11
10.	ददरौल	9	.9	18	19	6	0	33	28
11.	भावलखेड़ा	6	6	42	53	12	1	60	60
12.	कलान	5	5	6	8	3	2	14	15
13.	मिर्जापुर	4	4	6	2	4	0	14	6
14.	जलालाबाद	7	7	74	3	8	1	89	11
15.	मदनापुर	5	5	6	6	3	5	14	16
	योग ग्रामीण	**99**	**89**	**449**	**270**	**94**	**12**	**642**	**371**
	योग नगरीय	**31**	**31**	**162**	**350**	**0**	**0**	**193**	**381**
	योग जनपद	**130**	**120**	**611**	**620**	**94**	**12**	**835**	**752**

स्रोत- जिला सांख्यिकीय पत्रिका 2008-09
जिला सांख्यिकीय पत्रिका 2018-19

****

उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर अध्ययन

श्रीमती शिल्पा गौर *

* सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग सूर्या कॉलेज, जगदलपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध अध्ययन में उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर तुलनात्मक अध्ययन करना है। प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श हेतु दुर्ग संभाग के दुर्ग जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। अध्ययन हेतु एस.के. मंगल एवं शुभ्रा मंगल द्धारा निर्मित संवेगात्मक बुद्धि उपकरण का उपयोग किया गया है। अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया।

शब्द कुंजी – छात्र-छात्राओं, संवेगात्मक बुद्धि।

प्रस्तावना – संवेगात्मक बुद्धि मानव जीवन का प्रमुख पहलू है। छात्र-छात्राओं के लिये ये जरूरी है कि वे अपने संवेग पर नियंत्रण कर सके और उसे सही समय पर प्रस्तुत करने की क्षमता भी उनमें होनी चाहिए। उच्च मानसिक विकास में संवेगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। अगर छात्र-छात्राओं में मानसिक नियंत्रण न हो तो वे तनाव में आ जाते हैं। हीनता की भावना उनमें आ जाती है। अगर छात्र-छात्राओं में मानसिक रूप से मजबूत हो जाते हैं तो हीनता व तनाव के स्थान पर आत्म सुरक्षा आता है, विश्वास की भावना आ जाती है। संवेगात्मक बुद्धि, बुद्धि के क्षेत्र में यह एक नया प्रत्यय है। इस प्रकार की बुद्धि का तात्पर्य उस दक्षता से है जिसके द्धारा कोई व्यक्ति अपने तथा दूसरे के संवेगों को समझता है, उन्हें प्रेरित करता है और अपने तथा दूसरे के संवेगों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करता है।

गोलमैन एवं बोयातिक(1995) 'संवेगात्मक बुद्धि से हमारा तात्पर्य स्व जागरूकता, स्व प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता तथा सामाजिक दक्षताओं के सही समय पर प्रभावी ढंग से प्रयुक्त करने की दक्षता है।'

बर औन (1967) 'संवेगात्मक बुद्धि द्धारा वह क्षमता परिवर्तित होता है जिसके माध्यम से दिन प्रतिदिन के पर्यावरणीय चुनौतियों के साथ निपटा जाता है और जो व्यक्ति की जिन्दगी में जिसने पेशेवर तथा व्यक्तिगत धंधा भी सम्मिलित है, सफलता प्राप्त करने में मदद करता है।'

उद्देश्य:

1. उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि पर तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि तुलनात्मक पर अध्ययन करना।

परिकल्पना:

H01: उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

H02: उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

H03: उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

विधि – प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

परिसीमा – प्रस्तुत अध्ययन में छ.ग. राज्य के दुर्ग जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

न्यादर्श– प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श हेतु दुर्ग जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के दुर्ग जिले में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं कक्षा के 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

उपकरण–प्रस्तुत शोध में अध्ययन हेतु एस.के. मंगल एवं शुभ्रा मंगल द्धारा निर्मित संवेगात्मक बुद्धि मापनी उपकरण का उपयोग किया गया है।

सांख्यिकीय उपचार–प्रस्तुत शोध अध्ययन में सांख्यिकीय उपचार हेतु टी-मूल्य ज्ञात किया गया है।

परिणाम एवं विवेचना

परिकल्पना H01 : उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

उपर्युक्त परिकल्पना की सत्यता की जाँच करने के लिए शोधकर्ता ने मध्यमान, प्रमाणिक विचलन ज्ञात कर टी-मूल्य ज्ञात किया। प्राप्त मध्यमान, प्रमाणिक विचलन व टी-मूल्य को निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

सारणी क्रमांक 1: उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि का सांख्यिकीय विवरण

क्र.	समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी-मूल्य
1.	**शहरी विद्यार्थियों**	50	54.82	10.63	0.51
2.	**ग्रामीण विद्यार्थियों**	50	53.72	6.76	
	df = 98		**P>0.05**		

उपर्युक्त सारणी क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि शहरी संवेगात्मक बृद्धि वाले विद्यार्थियों का मध्यमान 54.82 तथा प्रमाणिक विचलन 10.63 है। इसी प्रकर ग्रामीण संवेगात्मक बुद्धि वाले विद्यार्थियों का मध्यमान 53.72 तथा प्रमाणिक विचलन 6.76 है तथा t का मान 0.51 प्राप्त हुआ जो स्वतंत्रता की कोटि 98 पर 0.05 पर सार्थक अंतर नही है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शोधकर्ता द्धारा प्रतिपादित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया। परिकल्पना स्वीकृत हुई।

परिकल्पना H02 उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

उपर्युक्त परिकल्पना की सत्यता की जाँच करने के लिए शोधकर्ता ने मध्यमान, प्रमाणिक विचलन ज्ञात कर टी-मूल्य ज्ञात किया। प्राप्त मध्यमान, प्रमाणिक विचलन व टी-मूल्य को निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

सारणी क्रमांक 2 : उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि का सांख्यिकीय विवरण

क्र.	समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी-मूल्य
1.	**शहरी छात्रों**	25	52.2	9.61	0.61
2.	**ग्रामीण छात्रो**	25	50.7	7.71	
	df = 48		**P>0.01**		

उपर्युक्त सारणी क्रमांक 2 से स्पष्ट है कि शहरी छात्रों संवेगात्मक बृद्धि वाले विद्यार्थियों का मध्यमान 52.2 तथा प्रमाणिक विचलन 9.61 है। इसी प्रकर ग्रामीण छात्रों संवेगात्मक बुद्धि वाले विद्यार्थियों का मध्यमान 50.7 तथा प्रमाणिक विचलन 7.71 है तथा t का मान 0.61 प्राप्त हुआ जो स्वतंत्रता की कोटि 48 पर 0.05 पर सार्थक अंतर नही है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शोधकर्ता द्धारा प्रतिपादित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्रों के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया। परिकल्पना स्वीकृत हुई।

परिकल्पना H03 उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया जायेगा।

उपर्युक्त परिकल्पना की सत्यता की जाँच करने के लिए शोधकर्ता ने मध्यमान, प्रमाणिक विचलन ज्ञात कर टी-मूल्य ज्ञात किया। प्राप्त मध्यमान, प्रमाणिक विचलन व टी-मूल्य को निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

सारणी क्रमांक 3: उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि का सांख्यिकीय विवरण

क्र	समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी-मूल्य
1.	**शहरी छात्राओं**	25	50.12	5.91	0.90
2.	**ग्रामीण छात्राओं**	25	60.1	8.47	
	df = 48		**P>0.05**		

उपर्युक्त सारणी क्रमांक 3 से स्पष्ट है कि संवेगात्मक बुद्धि वाले शहरी छात्राओं का मध्यमान 50.12 तथा प्रमाणिक विचलन 5.91 है। इसी प्रकार संवेगात्मक बुद्धि वाले छात्राओं का मध्यमान 60.1 तथा प्रमाणिक विचलन 8.47 है t का मान 0.90 है जो कि स्वतंत्रता की कोटि 48 पर 0.05 पर सार्थक अंतर नही है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि शोधकर्ता द्धारा प्रतिपादित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्राओं के संवेगात्मक बुद्धि पर सार्थक अंतर नही पाया गया स्वीकृत होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Asthana, b. (2005), measurement and evaluation in psychology and educational, Vinod Pustak Mandir,Agra,630-642.
2. Barodiya, a., & agrawal, n. Methodology educational research and educational statics. Agra: radha prakasan mandir,18-44
3. Singh, A.K. (2008), The Psychology Of Personality Delhi Motilal Varanasi Das Publication,1-17.
4. Singh, R., Sharma, O.P. (2007-08),Educational Research And Statistics, Agra- 2 Agrwal Publication,118-218.
5. Tyagi, Pathak (2009), The Genral Tweory Of Education, Agra Vinod Pustak Mandir, 2-45.
6. Verma, r.(1997-98), educational and vocational guidance,Vinod Pustak Mandir,Agra,97-112.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

ग्लूटेन कितना लाभदायक कितना हानिकारक

डॉ. अर्चना कुकरेती *

*असिस्टेंट प्रोफेसर (गृह विज्ञान विभाग) राजकीय महाविद्यालय बड़कोट, उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) भारत

प्रस्तावना - भारतीय भोजन को बिना रोटी के पूरा नहीं माना जा सकता है, भारत मे बडे स्तर पर गेहूं का उपयोग किसी न किसी रूप मे किया जाता है; इसे रोटी, चपाती, पूरी, पराठे के रूप मे आहार का हिस्सा रखा जाता है और इस कारण स्वाभाविक है कि भारतीय भोजन मे ग्लूटेन की अधिकता होती है, जिससे हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसका एक कारण यह है कि वर्तमान मे गेहूं के जो बीज बोए जाते हैं वह एक प्रकार के हाइब्रिड बीज हैं। इस प्रकार के बीजों मे भारी मात्रा मे ग्लूटेन व अन्य ऐसे प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं जिन्हें हमारा शरीर आसानी से पचा नहीं पाता है। साधारण शब्दों मे कहा जाए तो ग्लूटेन एक प्रकार का वो लसलसा पदार्थ है जो हमारे शरीर के अन्दर भोजन को बांधने का काम करता है। यह ग्लूटेन उन लोंगों के लिए नुकसानदायक है जिन्हें या तो गेहूं से एलर्जी है या किसी विशेष भोजन जैसे अण्डा, मूंगफली, दूध, समुद्री भोजन, सोयाबीन इत्यादि से। वे लोग जो एक विशेष प्रकार के रोग जिसे सीलिएक रोग कहते हैं, से पीड़ित हैं; इस रोग (सीलिएक रोग) को एक विशेष प्रकार की एलर्जी के रूप मे समझा जा सकता है जिसमे व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधक प्रणाली को व आंतों को क्षति हो सकती है। और दीर्घकालिक समय तक यही चलता रहता है तो यह स्थिति निम्न रोगों का कारण बन सकती है-

1. हाईपो/हाईपर थायराईडिस्म
2. ऑस्टियोपीनिया
3. ऑस्टियोपोरेसिस
4. लिम्फोमा

1. थाईराईड संबंधी रोग- थाईराईड का प्रमुख कार्य शरीर मे टी-3 और टी-4 हार्मोन को स्रवित करना है जो शरीर की क्रियाओं को प्रभावित करता है। थाईराईड गर्दन के अग्रभाग मे कॉलर बोन के ठीक ऊपर तितली के आकार की एक ग्रंथी होती है। यह एक एंडोक्राइन ग्लेण्ड है जिसे नलिकाहीन ग्रंथि भी कहा जा सकता है, जो कि हार्मोन को बनाता है और ग्रंथि के समीप से गुजरने वाली रक्त वाहनियों मे स्रवित करता है। थाईराईड संबंधी बीमारी दो प्रकार की हो सकती है-

अ. हाइपर थायराईडिस्म: इस स्थिति मे सामान्य से अधिक मात्रा मे टी-3 और टी-4 निर्मित और स्रवित होता है।

ब. हाईपो थायराईडिस्म: इस स्थिति मे सामान्य से कम मात्रा मे टी-3 और टी-4 निर्मित और स्रवित होता है।

जीवन-शैली मे सुधार लाकर काफी हद तक थाईराईड को नियंत्रित किया जा सकता है; जैसे, संतुलित आहार, पर्याप्त मात्रा मे आयोडीन का सेवन, तनाव को दूर करने के लिए योग/ध्यान/शारीरिक व्यायाम इत्यादि।

2. आस्टियोपीनिया- यह अस्थियों से जुड़ी एक प्रकार की समस्या है जिसमे मरीज की अस्थियां कमजोर हो जाती हैं व उनकी सघनता कम हो जाती है। यदि आस्टियोपीनिया की स्थिति का समय पर उपचार न किया गया तो यह स्थिति आस्टियोपोरेसिस का रूप ले लेती है।

3. ऑस्टियोपोरेसिस- यह एक ऐसी अवस्था है जिसमे ग्रसित मरीज की अस्थियां कमजोर व नाजुक हो जाती है। ऑस्टियोपोरेसिस मे शरीर निरन्तर हड्डी के ऊतकों का अवशोषण कर उनको बदलता रहता है। इस रोग मे नई हड्डियां उतनी आसानी और तेजी से नहीं बनती हैं जितनी तेजी से पुरानी हड्डी नष्ट होती है। इसे एक प्रकार का चयापचय का रोग कहा जा सकता है जिसके कारण हड्डी के घनत्व मे कमी आने के साथ-साथ हड्डियां नाजुक हो जाती हैं, इस कारण अस्थि-भंग (फ्रेक्चर) होने की अशंका बढ़ जाती है।

4. लिम्फोमा- लिम्फोमा को एक प्रकार का कैंसर कहा जाता है, जो शरीर मे जीवाणु, विषाणु, अन्य सूक्ष्म-जीवी इत्यादि के विरूद्ध रोग-प्रतिरोधात्मक क्षमता उत्पन्न करने वाली कोशिकाओं मे होता है; अर्थात् यह किसी भी व्यक्ति के शरीर मे रोगाणुओं से लड़ने वाले तंत्र का एक प्रकार का कैंसर है जिसे लसीका तंत्र के रूप मे जाना जाता है। यह मुख्यत: टी व बी प्रकार की कोशिकाओं मे होता है जो कि शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं हैं।

इसके साथ ही यदि किसी व्यक्ति को ग्लूटेन से एलर्जी है तो ग्लूटेन युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कुछ समय बाद ही निम्न प्रकार के लक्षण प्रकट होने लगते हैं-

1. भौहों पर दाने आना।
2. सिर दर्द।
3. मसूड़ों में सूजन और रक्त-स्राव।
4. कब्ज़/दस्त।
5. उल्टी/जी मिचलाना।
6. जोड़ों मे दर्द होना, इत्यादि।

उपरोक्त लक्षण यह स्पष्ट कर देते हैं कि व्यक्ति-विशेष को ग्लूटेन से एक विशेष प्रकार की एलर्जी है। क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट और सीलिएक सोसायटी ऑफ इण्डिया के संस्थापक डॉ. इशी खोसला के अनुसार-भारत मे प्रत्येक एक सौ चालीस व्यक्तियों में एक व्यक्ति को सीलिएक रोग से ग्रसित होने का अनुमान है, जो आँत (छोटी) में एक प्रकार की पुरानी

सूजन की बीमारी है।

ग्लूटेन के नुकसान

1. सीलिएक बीमारी: यह रोग प्राय: अनुवांशिक रूप से संवेदनशील व्यक्तियों को होता है जिसमे ग्लूटेन शरीर मे पूरी तरह से पच नहीं पाता है, जिस कारण एक असामान्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है और परिणामस्वरूप छोटी आँत को नुकसान होता है।

लक्षण :

1. दस्त
2. वजन घटना
3. कमजोरी
4. एनीमिया
5. चिड़चिड़ापन
6. उल्टी/जी मिचलाना इत्यादि

2. सूजन/मोटापा: ग्लूटेन के बारे मे एक तर्क यह भी है कि यह शरीर को चर्बी घटाने या वजन घटाने के लिए प्रतिरोध उत्पन्न करता है। इस कारण शरीर मे चर्बी घटाने के लिए लोग ग्लूटेन फ्री डाइट का अनुसरण करते हैं।

3. आँतों पर प्रभाव: ग्लूटेन आँतों की क्रियाशीलता को कम करता है, इस कारण आँतों से जुड़ी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए ग्लूटेन को आँतों की समस्या से जोड़ कर देखा जाता है।

4. पोषक तत्वों के अवशोषण मे बाधक: ग्लूटेन ट्रिगर पारगम्यता किसी व्यक्ति की आँत से प्रभावित होती है, इसलिए हमारे शरीर मे आँतों का अन्य पोषक तत्वों को अवशोषित कर पाना कठिन हो जाता है।

5. रक्त शर्करा को बढ़ाना: ग्लूटेन का निरन्तर अधिक सेवन करने से रक्त शर्करा लेवल बढ़ जाता है। हमारे शरीर मे रक्त मे मौजूद बायोमार्कर के साथ ग्लूटेन की उपस्थिति के कारण बड़ी मात्रा मे ग्लूटेन के सेवन से टाइप-1 डाइबिटीज़ का खतरा बना रहता है।

6. पाचन संबंधी समस्याएं: ग्लूटेन के अधिक सेवन से पाचन संबंधित रोगों की आशंका बढ़ जाती है; जैसे गैस बनना, अपच, पेट फूलना, कब्ज या दस्त इत्यादि।

ग्लूटेन के लाभ- ग्लूटेन गेहूं में सर्वाधिक मात्रा मे पाया जाता है। गेहूं से बनी रोटी, पूरी, पराठा इत्यादि का प्रयोग हमारे समाज मे बहुतायत मे किया जाता है। ग्लूटेन के अधिक सेवन के कारण नुकसान के साथ-साथ कुछ लाभ भी हैं, जिन पर भी चर्चा करना आवश्यक है-

1. यदि गेहूं से बने आहार को भोजन से हटा दिया जाएगा तो हमे सरलता से उपलब्ध होने वाले पोषक तत्वों से वंचित होना पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार जिन लोगों को सीलिएक रोग नहीं है और वे ग्लूटेन मुक्त आहार का सेवन करते रहते हैं तो उन्हें महत्वपूर्ण पोषक तत्व जैसे लौह, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन डी उचित मात्रा मे नहीं मिल पाते हैं, जिस कारण उनके शरीर मे इन पोषक तत्वों की कमी बन जाती है।
2. शोध के आधार पर यह बात भी सामने आई है कि जिन लोगों के समूह को ग्लूटेन से किसी प्रकार की कोई दिक्कत/एलर्जी नहीं है और वे गेहूं का प्रयोग नहीं करते हैं तो उनमे हृदय की बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है।
3. एक अन्य अध्ययन के अनुसार ग्लूटेन युक्त भोज्य पदार्थ के सेवन से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है।

ग्लूटेन का विकल्प- ग्लूटेन के विकल्प पर चर्चा की जाए तो गेहूं के स्थान पर निम्न भोज्य पदार्थ का सेवन किया जा सकता है:

1. आलू का स्टार्च या आटा।
2. मक्का का स्टार्च या आटा।
3. साबूदाने का आटा।
4. चावल का आटा।
5. बाजरे का आटा।
6. रागी का आटा।
7. सिंघाड़े का आटा/कुट्टू का आटा।
8. सोयाबीन का आटा।
9. चने का आटा।
10. अण्डे इत्यादि ग्लूटेन मुक्त आटे का विकल्प बन सकते हैं।

ग्लूटेन से एलर्जी के कारण- कुछ विशेष लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होने का कोई विशेष कारण नहीं ज्ञात है। यदि किसी व्यक्ति को ग्लूटेन से एलर्जी के लक्षण दिखाई दें तो उसके आहार मे से ग्लूटेन (गेहूं) युक्त भोज्य पदार्थ को तुरन्त ही बंद कर देना चाहिए और ग्लूटेन के स्थान पर डोसा, पोहा, बाजरे/रागी/मक्के की रोटी के साथ-साथ साबूदाने या ब्राउन राइस से बने आहार को भोजन मे सम्मिलित करना चाहिए।

बच्चों मे ग्लूटेन एलर्जी होने पर आहार परिवर्तन के समय कुछ विशेष बातों को ध्यान मे रखकर आहार आयोजन करना चाहिए।

1. अनजाने मे आहार मे ग्लूटेन युक्त भोज्य पदार्थ के शामिल हो जाने से बच्चे को जो लक्षण आयेंगे उनके प्रति माता-पिता को विशेष जागरूक रहना चाहिए।
2. उन भोज्य पदार्थों की सूची तैयार करनी चाहिए जो बच्चे के लिए रूचिकर हो।
3. बच्चे को उनकी एलर्जी की समस्या के संबंध मे सही जानकारी उचित तरीके से समझानी चाहिए ताकि बच्चा इस समस्या को अपने जीवन का यथार्त स्वीकार करते हुए ग्लूटेन युक्त भोज्य पदार्थ का स्वयं अपनी इच्छा से त्याग कर सके।
4. बच्चे को बाजार की मिठाई इत्यादि से दूर रखना चाहिए; इसके स्थान पर घर की बनी खीर, कस्टर्ड इत्यादि दी जा सकती है।
5. चिकित्सक से आवश्यक परामर्श लें जिससे समस्या का मूल कारण ज्ञात हो सके। बच्चों मे आँतों मे परजीवी कीटाणुओं, विषाणुओं के संक्रमण या फ्रक्टोस/लैक्टोज़/मोनोसोडियम ग्लूटामेट जैसे कुछ विशेष पदार्थों से भी एलर्जी हो सकती है।

ग्लूटेन मुक्त आटे के विभिन्न विकल्प- निम्न प्रकार के आटे का प्रयोग ग्लूटेन फ्री आटे के विकल्प के रूप मे सरलता से किया जा सकता है। और इस प्रकार के आटे पोषक तत्वों की दृष्टि से भी अधिक उपयुक्त होते हैं।

1. बेसन (चने की दाल का आटा): बेसन एक प्रकार से चने की दाल का बना आटा है जिससे मुख्य रूप से प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फॉलिक एसिड, जिंक, पोटेशियम इत्यादि पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इसका प्रयोग विभिन्न प्रकार के नमकीन और मीठे व्यंजन बनाने मे किया जाता है।

2. चावल का आटा/ब्राउन राइस आटा: यह चावल से पीसकर तैयार किया गया आटा है। ब्राउन राइस सामान्य चावल की तुलना मे स्वास्थ्य वर्धक होता है क्योंकि यह बिना पॉलिश किया होता है। चावल मे कुछ मात्रा मे प्रोटीन व अधिक मात्रा मे कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इसके आटे से रोटी,

चीला, पैन केक, डोसा व अन्य मीठे और नमकीन व्यंजन बनाए जा सकते हैं।

3. कुट्टू का आटा: सिंघाड़े को पीसकर यह आटा तैयार किया जाता है। इसके आटे से पैन केक, रोटी, पराठा, पूरी, ढोकला, पकौड़ा आसानी से तैयार किये जा सकते हैं। इसका प्रयोग मुख्य रूप से नवरात्री मे व्रत मे किया जाता है। इसमे मुख्य रूप मे प्रोटीन और कैल्शियम पाया जाता है जो कि हड्डियों को मजबूत बनाता है। यह फाइबर व लवण की प्राप्ति का अच्छा स्रोत है।

4. सोयाबीन का आटा: यह हल्के पीले रंग का आटा होता है जो सोयाबीन की दाल को पीसकर तैयार किया जाता है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, लौह, विटामिन ए व बी की प्राप्ति का अच्छा स्रोत है।

5. चौलाई/रामदाना का आटा: रामदाना 'अमरनाथ' के पौधे का बीज है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन की प्राप्ति का अच्छा स्रोत है। यह रफेज़ की प्राप्ति का भी अच्छा स्रोत है। इसके आटे से लड्डू, पूरी, पराठा, थेपला आदि व्यंजन बनाए जाते हैं।

6. बाजरे का आटा: बाजरे का आटा प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक, फॉलिक एसिड की प्राप्ति का अच्छा स्रोत है। बाजरे की रोटी उन लोगों के लिए लाभदायक है जिन्हें एसिडिटी की समस्या रहती है। बाजरे के आटे से विभिन्न प्रकार की रोटी, नॉन, लड्डू तैयार किये जाते हैं।

7. रागी का आटा: रागी को उत्तराखण्ड मे मंडुवा/कोदा इत्यादि नामों से जाना जाता है। बीज के रूप मे इसे कोदा कहा जाता है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन की प्राप्ति का अच्छा स्रोत है। यह हल्के भूरे रंग का आटा होता है। इससे रोटी, डोसा, पराठा, पैन केक, बिस्कुट व अन्य मीठे व्यंजन (मिठाइयांर) बनाये जाते हैं।

9. ज्वार का आटा: यह आटा ज्वार के दानों को पीसकर तैयार किया जाता है। इसका प्रयोग मुख्य रूप से महाराष्ट्र, राजस्थान मे अधिक किया जाता है। इसके बीज दिखने मे सफेद व पीले रंग के होते हैं। ज्वार के आटे से रोटी, पराठा, पूरी, ढोकला, पकौड़े तैयार किये जाते हैं।

उपरोक्त प्रकार के सभी आटे को गेहूं का अच्छा विकल्प माना जा सकता है। गेहूं से तैयार रोटी को भोजन मे सम्मिलित करने से व्यक्ति को एक प्रकार की मानसिक संतुष्टि प्राप्त होती है, क्योंकि गेहूं के आटे से तैयार रोटी का प्रयोग व्यक्ति बहुत लम्बे समय से कर रहा है और गेहूं से तैयार रोटी के बिना भारतीय भोजन की कल्पना भी असंभव है। रोटी से प्राप्त होने वाली मानसिक सन्तुष्टि को उपरोक्त प्रकार के आटे से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त प्रकार के आटे का प्रयोग उन लोगों के लिए ग्लूटेन फ्री डाइट का अच्छा विकल्प होने के साथ–साथ अन्य पोषक तत्वों व रफेज की प्राप्ति का भी अच्छा स्रोत है जिन्हें ग्लूटेन से एलर्जी है। और इन्हें सरलता से गेहूं के विकल्प के रूप मे आहार मे शामिल किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://translate.google.com>trans-Gluten
2. hhttps://www.myupchar.com
3. https://www.thehealthsite.com>diet
4. https://hindi.news18.com>lifestyle
5. hhttps://www.livehindustan.com
6. hhttps://helloswasthya.com
7. hhttps://navbharattimes.indiatimes.com
8. hhttps://www.lybrate.com-Osteopenia
9. https://www.fhs.gov.hk- महिलाओं मे ऑस्टियोपोरेसिस
10. https://helloswasthya.com- लिम्फोमा क्या है? जाने इसके कारण, लक्षण, उपाय
11. https://www.logintohealth.com लिम्फोमा क्या है
12. https://helloswasthya.com>osteop
13. https://www.onlymyhealth.com ऑस्टियोपीनिया व आस्टियोपोरेसिस

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

'आधे-अधूरे' : मध्यवर्गीय समाज का आधुनिकता बोध

डॉ. रंजना मिश्रा*

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – नाटक मनुष्य के नैतिक और चारित्रिक विकास में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि साहित्य की इस विधा में शिक्षण और अनुकरण दोनों ही रीतियों से जनमानस को सन्देश प्रेषित होता है। नाटक का कथानक ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक कैसा भी हो, उसमें किसी न किसी रूप में समाज के किसी न किसी अंग का वर्णन अवश्य मिल ही जाता है, इसीलिए दर्शक और पाठक का कलाकार की भूमिका से तादाम्य स्थापित होता है, नाटक में घटित घटनायें और वातावरण दर्शक को अपने जीवन का ही लगता है यहीं वह शिक्षा ग्रहण करता है और अपना सर्वांगींण विकास करता है।

साठोत्तरी नाटक जीवन में अकेलेपन, रिक्तताबोध, मानवीय संबंधों की जड़ता को अभिव्यक्ति देने वाले विषयों से संबंधित हैं। स्त्री-पुरुष के बदले हुए संबंधों, व्यक्तियों की क्लांत मनोदशा और अकेलेपन की पीड़ा इन नाटकों की विषयवस्तु रही है।

मोहन राकेश आधुनिक काल के सशक्त नाटककार माने जाते हैं। जो व्यक्ति स्वातंत्र्य के पक्षपाती हैं। अपने-आपको एक स्वतंत्र कलाकार के साँचे में ढालने के लिए उन्हें कठोर संघर्ष करना पड़ा था। यही विद्रोह की चिन्गारी उनकी रचनाओं में प्राण स्फूर्त करती है। उनका बहुमुखी गद्य लेखन परम्परा का अन्धानुकरण नहीं बल्कि मौलिकता का सृजन है। 'आधे-अधूरे' मोहन राकेश की तीसरी नाट्यकृति है, जिसमें समाज की विसंगतियों से जूझने का सीधा प्रयास किया गया है। आधुनिक युग के पूर्ण नाटकों की कड़ी में यह अंतिम नाटक है, जो सन् 1969 ई. में प्रकाशित हुआ। नाटककार का विषय चयन इतना उत्कृष्ट है, जो अनेक मध्यमवर्गीय परिवारों को अपने जीवन की कथा-सा प्रतीत होता है और नाटक में अभिव्यक्त मूल्यसंकट आज के समय और समाज की महती समस्या है। आधे-अधूरे मध्यवर्गीय जीवन की विडम्बना को प्रस्तुत करने वाला एक सशक्त नाटक है जिसमें प्रमुख रूप से विघटन की प्रक्रिया का अंकन है। यह विघटन व्यक्ति, परिवार, समाज और देश में सर्वत्र व्याप्त है। नाटक का नायक महेन्द्रनाथ अपने अधूरेपन को भरने के लिए विवाह करता है, परन्तु नायिका सावित्री जिस पूर्ण पुरूष की तलाश में है, वह महेन्द्रनाथ में नहीं खोज पाती, पूर्णता की खोज में भटकती वह जिन चार पुरूषों के सम्पर्क में आती है, सब उसे अधूरे प्रतीत होते हैं सबमें उसे कोई न कोई कमी दिखाई पड़ती है और अंतत: वह इस निष्कर्ष पर पहुँचती है कि पूर्णता किसी में नहीं है, सब आधे-अधूरे हैं।

राकेश जी को व्यक्तिगत जीवन में अत्यधिक आर्थिक विपन्नताओं और अनवरत् संघर्षों का सामना करना पड़ा। वे अपनी बात कहते हैं- 'घर में शीलन रहती है। नालियों से बदबू उठती है। सीढ़ियाँ अँधेरी हैं। घर में दम घुटता है। अन्दर गली में भाग जाता हूँ, पकड़कर लाया जाता हूँ। घर में बन्द रखा जाता हूँ रो-रोकर बीमार हो जाता हूँ।' यह घुटन, यह दबाव और मुक्ति की छटपटाहट 'आधे-अधूरे' नाटक में सर्वत्र अभिव्यक्त है। उनका यथार्थ बोध, परिस्थितियों से जूझने की अदम्य क्षमता और मुक्ति की छटपटाहट उनके पारिवारिक घुटन भरे वातावरण की ही देन है, जो उनके इस नाटक में सर्वत्र अभिव्यक्ति पाती है। अतिमहत्वाकांक्षी आधुनिक स्त्री की प्रतीक सावित्री जीवन के सभी भौतिक सुख-साधनों को संचित करना चाहती है। अथक प्रयासों के बावजूद उसका पति उसकी महत्वाकांक्षा को पूर्ण नहीं कर पाता। पति महेन्द्रनाथ के इस असामर्थ्य को उसका अधूरापन मानकर सावित्री पति का परित्याग कर अन्य पुरूषों की ओर आकृष्ट होती है किन्तु फिर भी उसकी भौतिक इच्छाओं की तृप्ति नहीं होती। वह जिसके भी सम्पर्क में आती है, उसे किसी न किसी दृष्टि से अधूरा पाती है तब उसे लगता है - 'सब के सब एक से हैं। अलग-अलग मुखौटे पर चेहरा? चेहरा सबका एक ही।' सावित्री के सम्पर्क में आया चौथा पुरूष मि. जुनेजा कहता है - 'तुम्हें लगता है तुम चुनाव कर सकती हो, लेकिन दाँये से हटकर बायें, सामने से हटकर पीछे, इस कोने से हटकर उस कोने में क्या सचमुच कोई चुनाव नजर आया है तुम्हें?' सम्पूर्ण नाटक में इसी टूटन, बिखराव की अभिव्यक्ति हैं यह टूटन व्यक्ति से शुरू होती है और फिर पूरे समाज को अपने में समेट लेती है। अधूरापन कहाँ नहीं है व्यक्ति, परिवार, समाज सर्वत्र इसे देखा जा सकता है। आज चारों ओर असंतोष, अविश्वास, संशय व्याप्त है। नाटक का प्रत्येक पात्र खण्डित व्यक्तित्व लिये है। पति-पत्नी के बीच का तनाव एक आम बात है। इस नाटक के नायक-नायिका में यह तनाव इस सीमा तक है कि घर बिखरने की नौबत आ गई है, बड़ी लड़की घर से भाग चुकी है, छोटी इतनी गुस्ताख है कि माता-पिता की कोई बात नहीं मानती, लड़का बेरोजगार है और बाप भी बेकारी झेल रहा है। घर चलाने की पूरी जिम्मेदारी नायिका सावित्री के कन्धों पर है, क्योंकि वह नौकरी करती है। इस घर में एक नया आदमी आता है, जो स्त्री के खालीपन को भरने का प्रयास करता है, उसके अधूरेपन को पूर्णता में बदलना चाहता है पर स्त्री को उसमें भी कहीं न कहीं अधूरापन दिखाई देता है।

'आधे-अधूरे' नाटक का मूल उद्देश्य वर्तमान मध्यवर्गीय जीवन की विसंगति को प्रस्तुत करना है। नाटक का प्रत्येक पात्र दूसरों को अधूरा और अपने को पूर्ण समझता है। नाटक में चित्रित परिवार के स्त्री, पुरूष, बच्चे

सभी अपने-अपने ढंग से जीते हुए अपनी कामनाओं एवं आकांक्षाओं का बोझ लिए हुए टूटते बिखरते हैं। वे अपनी मनमर्जी के मालिक हैं, इसीलिए क्रियाहीन हैं। सभी में अविश्वास, कुण्ठा, संशय, हीनताबोध एवं विघटन के भाव हैं। सब अपने-अपने अस्तित्व के प्रति सजग हैं और अधूरेपन का भाव लिए जी रहे हैं। नायिका सावित्री का तर्क है कि कोई भी व्यक्ति अपने अधूरेपन को भरने के लिए पूर्णता की तलाश में विवाह करता है, घर बसाता है किन्तु विवाह करने के बाद यदि ऐसा लगे कि उसका अधूरापन अभी भी ज्यों का त्यों है और लोग उसे अपने लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, तो मन में तीव्र आक्रोश पैदा होता है। सावित्री को लगता है कि उसका पति महेन्द्र यही कर रहा है। सावित्री के सम्पर्क में आया हुआ चौथा पुरूष जुनेजा अच्छी तरह जानता है कि सावित्री अस्थिर बुद्धि वाली नारी है और एक जगह टिककर रहना उसके लिए सम्भव नहीं है। वह सावित्री से साफ कहता है- 'तुम्हारे लिए जीने का मतलब रहा है - कितना कुछ एक साथ होकर, कितना कुछ एक साथ पाकर और कितना कुछ एक साथ ओढ़कर जीना। वह उतना कुछ कभी तुम्हें किसी एक जगह न मिल पाता, इसलिए जिस किसी के साथ भी जिन्दगी शुरू करतीं, तुम हमेशा इतनी ही खाली, इतनी ही बैचेन बनी रहतीं।'

बहुत कुछ पाने के लालच में व्यक्ति प्राप्त को भी खो देता है। सावित्री के मन का विश्लेषण करते हुए मि. जुनेजा उसे समझाते हैं कि तुम अपनी मुट्ठी में कितना कुछ एक साथ भर लेना चाहती थीं। परिणाम यह हुआ कि तुम्हारी मुट्ठी में जो था वह भी धीरे-धीरे फिसलता गया। पूर्ण पुरूष की तलाश में भटकती सावित्री का पति भी उसे छोड़कर चला गया। सावित्री के मन में एक भय और भटकन व्याप्त हो गई, उसका मन शंकालु हो गया, असुरक्षा की भावना उसके मन में व्याप्त हो गई।

नाटककार ने सावित्री-महेन्द्र के कथानक के माध्यम से मध्यवर्गीय भारतीय परिवारों के विघटन को अभिव्यक्त किया है। आधुनिकता बोध को इस नाटक में कई रूपों में देखा जा सकता है। अस्तित्ववादी जीवनदर्शन के साथ युगीन परिवेश की यथार्थ अभिव्यक्ति नाटक का प्रमुख उद्देश्य है। पारिवारिक सदस्यों के केवल एक साथ रहने से परिवार नहीं बनते, वे एक-दूसरे के सुख-दुख, आशा, आकांक्षाओं में सहभागी बनते हुए एक परिवार बनाते हैं। 'आधे-अधूरे' में वर्णित परिवारजन घर के भीतर होकर भी घर से बाहर हैं। सबको व्यर्थता एवं रिक्तता का बोध होता है। नाटककार ने आधुनिक युग को हर दृष्टि से इस कृति में साकार करने का प्रयास किया है। नाटक की प्रस्तावना भी आधुनिकबोध को स्पष्ट करती है। नाटक के पात्र ही नहीं बल्कि नाट्यशिल्प भी आधुनिकता बोध से समग्रत: जुड़े हैं। नाटक में बौद्धिकता और अतिआधुनिकता अपने चरम पर है। यह युग के अधूरेपन को भी अभिव्यक्त करने में सफल कृति है।

मोहन राकेश एक कुशल नाट्य शिल्पी थे। वे रंगकर्म के विशेषज्ञ थे, अत: उन्होंने अपनी सभी नाट्य कृतियाँ रंगमंच की दृष्टि से लिखी हैं तथा रंगमंच पर इन्हें सफलतापूर्वक अभिनीत भी किया जा चुका है। इस नाटक के शिल्प में नवीनता, सांकेतिकता एवं बिम्बधर्मिता दिखाई पड़ती है। मोहन राकेश के नाटकों का शिल्प वेजोड़ है। रंगमंच की दृष्टि से यह पूर्ण सफल नाटक है। संवाद, भाषा, प्रस्तुतीकरण, दृश्य संकेत, रंग निर्देश, छाया-प्रकाश आदि सभी दृष्टियों से राकेश जी के नाटक रंगमंच पर सफलतापूर्वक अभिनीत किये जाने योग्य है।

भाषा की दृष्टि से आधे-अधूरे एक प्रयोगधर्मी नाटक है राकेश जी के नाटकों की भाषा सरल, सहज, प्रवाहपूर्ण एवं पात्रानुकूल है। राकेश जी शब्द में प्रयुक्त ध्वनियों की शक्ति को पहचान कर ही उनका प्रयोग भाव एवं विचार की अभिव्यक्ति के लिए करते हैं। इसमें संवाद भले ही लम्बे-लम्बे हों लेकिन वे इस प्रकार प्रस्तुत किये गये हैं कि उनसे कहीं भी दर्शक को असहज स्थिति का बोध नहीं होता। 'आधे-अधूरे' आज भी भाषा की दृष्टि से हिन्दी नाटकों में मील का पत्थर माना जाता है। भाषा के प्रति राकेश जी कितने सजग थे इसका पता निम्न कथन से चलता है- 'लगता है दिमाग में एक जंगल उभर आया है। कुछ ऐसा है जो गहरे सूनेपन के अन्दर से भी एक अर्थ का आभास देता रहता है।'

आज का जीवन जिन अनेक प्रकार की विसंगतियों के फलस्वरूप अधूरेपन की अनुभूतियों से भर चुका है, विशेषत: काम और अर्थ के संबंध में, उसे ही जीवन्त पात्रों के माध्यम से रूपायित करने की चेष्टा नाटककार ने की है। मनोविश्लेषण के आधार पर मध्यवर्गीय परिवार में व्याप्त कलह एवं कुण्ठा की अभिव्यक्ति की है। यह बात जानते हुए भी कि सब कुछ एक साथ, एक जगह एक व्यक्ति में नहीं मिल सकता, सावित्री अपने पति को अपूर्ण समझती है। केवल वही नहीं बल्कि परिवार का प्रत्येक सदस्य पारिवारिक सुख से वंचित एक अजीब सी घुटन बैचेनी और अकेलेपन के घेरे में भटक रहा है। जीवन के प्रति एक स्वस्थ, सरल दृष्टिकोण ही पति-पत्नी का अधूरापन दूर करता है और उन्हें सही मायने में पूर्ण बनाता है। अपने-आप को परिस्थितियों के अनुरूप अनुकूल बनाना एवं प्रत्येक स्थिति में अपने परस्पर व्यवहार को संयत रखना मानवीय विकास का सर्वोपरि लक्षण है। यही सन्देश-प्रेषण मोहन राकेश का प्रमुख उद्देश्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधे-अधूरे - मोहन राकेश
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास - डॉ. नगेन्द्र

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

शिष्यों के प्रति प्रेमानुराग : विश्वनाथ त्रिपाठी

अतुल कुमार *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा लिखी गई यह किताब हिन्दी साहित्य जगत में संस्मरण विधा में अद्वितीय है। त्रिपाठी जी के संस्मरण कुछ अलग तरह के संस्मरण है बहुत सारे रचनाकारों ने अपने अध्यापकों के बारे में संस्मरण लिखा है परन्तु त्रिपाठी जी ने अपने शिष्यों पर संस्मरण लिखा। मेरी जानकारी में संभवत: यह हिन्दी की पहली रचना है। इस किताब में कुल सत्तरह अध्याय हैं, लेखक ने किताब का प्रारंभ अपने प्रारंभिक गुरू पंडित रच्छाराम गुरू को स्मरण करते हुए लिखा है। इसके साथ ही विश्वनाथ त्रिपाठी के अध्यापकीय जीवन में उनके संपर्क में आये छात्र-छात्राओं के स्मृतियों को इस पुस्तक में लिखा गया है।

त्रिपाठी जी ने अपने इस किताब के प्रथम अध्याय में शिष्यों से पहले गुरू वंदना की, जिसमें उनके प्रारम्भिक गुरू गाँव के गया प्रसाद शिवाला पाठशाला के रच्छाराम पंडित की वंदना की है। संस्मरणकार ने इस अध्याय में अपने गुरू की सहजता, सरलता एवं प्रेमानुराग को चित्रित करते हैं। त्रिपाठी जी यह भी बताते हैं कि इस पाठशाला में विद्यार्थियों से फीस नहीं ली जाती थी, लेकिन जिन लोगों के बच्चे यहाँ पढ़ते थे वे तीज-त्योहार पंडित जी को सीधा एवं भोजन करा देते थे। लेखक ने यह भी बताया है कि उस समय पाठशाला में पढ़ाए जाने वाले पाठ को गाने के लय में पढ़ाया जाता था। त्रिपाठी जी ने एक घटना का भी जिक्र करते है कि एक बार मैं स्कूल से दोपहर में घर लौटा तो पिताजी खाना खा रहे थे, उन्होनें पूछा कहाँ गये थे तो मैंने झट से कहा – पाठशाला। उन्होनें पूछा कि क्या पढ़ा तुमने तो मैंने गीत की रपटीली लय में बोला – **'या, रा, ला, वा, सा, खा, सा, हा, छ, त्र, ग्या।' (पृ. सं. 14)** यह सुनकर माँ और पिताजी बहुत हँसे। त्रिपाठी जी ने इस अध्याय में अपने कुछ ऐसे सहपाठियों का भी जिक्र करते हैं जो संपन्न परिवार से थे, जिनके कपड़े और जूतों को देखकर संस्मरणकार उन चीजों की कल्पना करता। अध्याय के अंत में त्रिपाठी जी ने अपने गुरू की सहृदयता एवं विद्यार्थियों से लगाव को रेखांकित किया है, और बताते हैं कि **'एक बार मैं बीमार पड़ गया। दो-तीन दिन तक स्कूल नहीं गया। चौथे या पॉचवे दिन पंडित रच्छाराम मेरे घर आये और अगले दिन मेरे घर आकर मुझे अपने साथ स्कूल ले गये।' (पृ. सं. 16)** एक बार मैं बीमार पड़ गया था। दो-तीन दिन पाठशाला नहीं गया, चौथे या पांचवे दिन स्वयं पंडित इच्छाराम उनसे मिलने घर आ गये।

दूसरे अध्याय में त्रिपाठी जी ने बताया कि बचपन में मुझे मास्टर बनने का बहुत शौक था। जिसकी शुरूआत मैंने अपने घर से ही शुरू किया। मैंने अपने छोटे भाई शेर सिंह (चन्द्रकलाधारी त्रिपाठी) को पढ़ाना शुरू कर दिया। बचपन में मुझे मास्टर का मतलब एक ही पता था – छड़ीवाला व्यक्ति। त्रिपाठी जी बताते हैं कि मैंने अपने पहले शिष्य अर्थात् छोटे भाई को जान बूझकर गुणा-भाग का एक कठिन सवाल दिया कि वह न लगा सके। फिर इसके बाद मैं अपनी मास्टरी झाड़ सकूँ। अंत में जब छोटे भाई ने सवाल गलत कर दिया तो मैंने बॉस की पतली कैनी से उसके पीठ में दो-तीन लगाया, जिसका परिणाम यह हुआ कि माँ से डाँट सुननी पड़ी और शाम को पिताजी से पिटते-पिटते बच गये।

दूसरी घटना बनारस की है, जब मैं अपने गुरू हजारी प्रसाद द्विवेदी के यहाँ गया तो उन्होंने मेरी आर्थिक स्थिति देखते हुए ट्यूशन पढ़ाने की सलाह दी। परन्तु बाद में यह हुआ कि मैं यहाँ किसी को जानता तो नहीं, तब गुरूदेव ने कहा तुम मेरे दोनों बेटों को पढ़ाओ। द्विवेदी जी के दो बेटे थे, बड़े का नाम लालजी (मुकुन्द) और छोटे गिप्पी (सिद्धार्थ) इनको पढ़ाना तो मेरे लिए और भी अच्छा था। एक तो आर्थिक और दूसरा गुरूदेव के घर रोज आना-जाना और साथ ही ज्ञान की बातों को सीखने का भी अवसर मिला। अगले दिन से मैं ट्यूशन पढ़ाने के लिए आने लगा 'गिप्पी' तो सरल और सहज था परन्तु 'लालजी' पढ़ाई के समय अपने पराक्रम-कथाएँ, यार-दोस्तों की बात करता। एक बार मैंने उसका कान पकड़कर खींचा, वह बहुत गुस्सा हो गया और मुझे अपने दोस्तों से पिटवाने के लिए धमकी दिया। विश्वनाथ त्रिपाठी ने अपने इस अध्याय में अपने जीवन के इन दो घटनाओं का वर्णन किया, जिसमें मास्टर साहब बनने की लालसा ने उन्हें पिटते-पिटते बचाया।

इस अध्याय में त्रिपाठी जी ने अध्यापन की पहली नौकरी के अनुभव को व्यक्त किया है, जिसमें त्रिपाठी जी पहली नौकरी डी.एस.बी. गवर्नमेंट कॉलेज, नैनीताल में मिली। इस समय तक इनका विवाह हो चुका था। त्रिपाठी जी पहली बार नैनीताल जा रहे थे तो रास्ते में अद्भुत सौंदर्य को देख उनका हृदय द्रवीभूत हो गया था। लेकिन जब नैनीताल पहुँचे तो इनका कॉलेज ऊँची पहाड़ियों में स्थित था, जहाँ बहुत मेहनत से चढ़ना संभव होता था। त्रिपाठी जी बताते हैं कि कॉलेज में मैं पहली क्लास लेने गया तो उससे पहले ही सहयोगियों ने सचेत कर दिया था कि क्लास में एक लड़का है – चन्द्रशेखर चंदोला। वह बहुत शैतान है और नये अध्यापकों के लिए तो 'टेरर' है। पहली क्लास लेने के लिए कक्षा में प्रवेश किया तो पहली ही क्लास में मेरा सामना उसी शरारती छात्र से हुई। त्रिपाठी जी कक्षा में जिस समय 'रामचन्द्रिका' पढ़ा रहे थे, उसी समय उसने एक प्रश्न पूछा – **'सर, कवि कहते हैं कि धर्म-कर्म के काम पत्नी के साथ किए जाते हैं। पत्नी के साथ और कौन-कौन से धर्म-कर्म के काम किए जाते हैं ?' (पृ. सं. 23)** इसके

बाद कक्षा में सभी विद्यार्थी खूब हँसे और मैं क्लास से बाहर आ गया। उस छात्र के व्यवहार ने मेरे मन में एक गहरा दु:ख भर दिया। नैनीताल आते-आते उन्होंने जो प्राकृतिक सौंदर्य देखा, वह उनके मन को आकर्षित किया था वह सब टूट गया। बनारस याद आने लगा था और अध्यापक बनने का रोमांच चूर-चूर हो रहा था।

चौथे अध्याय में त्रिपाठी जी ने दिल्ली में स्थित आर्ट्स फैकल्टी, डेल्ही स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, हिन्दू कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज आदि का वर्णन तथा छात्र-छात्राओं के पहनावे और रहन-सहन की बात बताई गई है। आजादी के बाद नेहरू युग आया और कवियों और लेखकों ने समाज के यथार्थ स्वरूप को जनता के सामने लाने का काम किया है। पाँचवें अध्याय में त्रिपाठी जी ने सन् 1959 में जब वे दिल्ली आये और उनकी नियुक्ति करोड़ीमल कॉलेज में हुई। कॉलेज में छात्र-छात्राओं की संख्या काफी थी, मेरे पदभार ग्रहण करने के थोड़े ही दिन बाद हिन्दी विभाग के अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं की पिकनिक ले जाने की तैयारी हुई और मैं पहली बार हरियाणा के एक गाँव ज्योती-कला को देखा। विश्वनाथ त्रिपाठी ने इस अध्याय में यह भी बताया कि हिन्दी में लड़कियों की संख्या अधिक थी और हिन्दी विषय वही छात्र/छात्रायें लेते थे जो आर्थिक रूप से कमजोर होते थे। इस विषय पर हिन्दी की प्रसिद्ध लेखिका मन्नू भण्डारी ने खूब रस लेकर कहा कि - **'अंग्रेजी की, हिस्ट्री की, पॉलीटिकल साइंस की छात्राएँ ऊँचे घरों से आती हैं। उनके पास कारें होती हैं, ... इधर हिन्दी वाली छात्राएँ हैं। इनमें से किसी का बाप रेहड़ी लगाता है, कोई दर्जी है, कोई धोबी, किसी की परचून की दुकान है, किसी की मूंज वाली खाट की। ये किसी अध्यापिका की क्या मदद कर सकती हैं ?'** (पृ. सं. 39) त्रिपाठी जी बताते हैं कि मेरे क्लास में एक लड़का ठण्डी के दिन में कम्बल ओढ़कर और साथ ही दिल्ली मिल्क स्कीम की चार बोतलें लाता था।

त्रिपाठी जी ने यह भी बताया है कि हिन्दी के छात्र-छात्राओं में गुरू के प्रति सम्मान एवं आत्मनिष्ठता देखने को मिलती है। इसके अलावा अन्य किसी भी विषय के छात्र-छात्राओं में दुर्लभ मिलता है। करोड़ीमल कॉलेज रंगमंचीय गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध था, अन्य विषय के छात्र/ छात्राएँ हिन्दी विभाग में आयोजित बहुत सारे कार्यक्रमों में शामिल होते।

विदाई समारोह का जैसा आत्मीय एवं भव्य समारोह का आयोजन हिन्दी विभाग में होता है, वैसा अन्य किसी भी विभाग में नहीं। विश्वनाथ त्रिपाठी ने यह भी बताया कि जितना सहयोग की भावना हिन्दी के छात्र-छात्राओं में देखने को मिलता है वैसा किसी अन्य विषयों में नहीं। त्रिपाठी जी ने विद्यार्थियों के जीवन को बहुत नजदीक से देखा, उन्होंने बताया कि विद्यार्थी नौकरी पाने के लिए इतना कठिन संघर्ष करते हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि उनका जीवन कारागार में व्यतीत हो रहा हो, जहाँ वे अपने सारे सुख का होम कर देते हैं। साथ ही कुछ विद्यार्थी ऐसे भी होते हैं जो अध्यापक के संपर्क में आते हैं और फिर धीरे-धीरे घर आना और फिर गुरू माता की सेवा आदि कार्य करके नौकरी प्राप्त की लालसा रखते।

त्रिपाठी जी ने बताया कि मेरे जीवन में कुछ ऐसे भी छात्र आये जिन्हें जुगाड़ छात्र कह सकते हैं, जो सरकारी नौकरी पाने के लिए प्रोफेसरों के आगे-पीछे घूमते थे, इसमें उनका दोष नहीं था, दोष था तो सिस्टम का। क्योंकि उस समय यही सब चल रहा था।

इस अध्याय में त्रिपाठी जी ने जब पहली बार सन् 1959 ई. में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में पदस्थ हुए, तो उस समय प्राचार्य के रूप में डॉ. सरूप सिंह थे। त्रिपाठी जी से डॉ. सरूप सिंह का व्यवहार अत्यंत सहज एवं सरल था। एक बार मैंने प्राचार्य महोदय से कुछ पैसे माँगे, जिससे वे अपने पत्नी को इलाहाबाद से यहाँ ला सकें। तो प्राचार्य महोदय ने कहा कि भाई नौकरी ज्वॉइन करते ही उधार मांगना शुरू कर दिये, तुम तो बड़े काम के आदमी निकले यह कहकर सर ने क्लर्क से पैसे दिलवा दिया।

इस अध्याय में विश्वनाथ त्रिपाठी ने हिन्दी विभाग को और वहाँ पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं से अलग माना। त्रिपाठी जी का मानना है कि हिन्दी विभाग के छात्र एवं अध्यापकों के बीच में घनिष्ठ संबंध रहता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग का ऐसा वातावरण था कि मैं स्वयं तीसरे पहर छात्रों के साथ बैठकर गप मारता था। इसी दौरान श्रीप्रकाश नाम का एक छात्र मेरे पास आया और दु:खी होकर बोला कि - **'मुझे कोई अपने साथ रखना नहीं चाहता। लोग दर्शनीय शिष्यों के सुपरवाइजर बनना चाहते हैं। मैं हकलाता हूँ, लोग पीछे मुझे मेंटल कहते हैं। मैं क्या करूँ ? आप मुझे अपने निर्देशन में रख लीजिए। मैंने पता लगा लिया है, आपके पास जगह खाली है।'** (पृ. सं. 77) इस तरह के छात्र मेरे अध्यापन काल में आये जो आर्थिक रूप से कमजोर थे। कुछ ऐसे भी छात्र आये जो पढ़ने-लिखने में अच्छे थे परन्तु मेरे अध्यापकीय जीवन में कई छात्र-छात्राओं की मौत का समाचार सुनने को मिला, जिसे सुनकर मन दु:ख से बैठ जाता है। शिक्षक छात्रों के माँ-बाप तो नहीं होते, लेकिन वे इन रिश्ते से भी बढ़कर होते हैं।

बारहवें अध्याय में विश्वनाथ त्रिपाठी ने बताया कि आजादी के बाद महिलाओं की स्थिति में कुछ सुधार हुआ जिसका प्रभाव उच्चतर कक्षाओं में देखने को मिल जाता है। हरिशंकर परसाई के शब्दों में कहें कि नौकरी शुरू करते ही लड़की, लड़का हो जाती है। त्रिपाठी जी ने इसमें यह भी बताया है कि अब लड़कियाँ भी लड़कों से आगे बढ़ रही हैं। इस प्रकार अध्यापन काल में कई छात्राएँ त्रिपाठी जी के संपर्क में आई जिनमें - उषा, शशि आदि। जिनके व्यक्तित्व एवं गुणों से प्रभावित होकर आगे बढ़ने का भी आशीर्वाद दिया। एक छात्रा शशिबाला शर्मा जो जीवन के विषम परिस्थितियों से भी हार नहीं मानी। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूँ कि 'जो अस जरा, सो कस नहीं महकै' (जो इतना जला है, वह ऐसी सुगन्धि क्यों न बिखेरे!) अर्थात् जिसने अपने आपको जितना तपाया है संघर्ष किया है, वह उतना ही चमका है।

तेरहवें अध्याय में त्रिपाठी जी ने सन् 1980 में दिलशाद गार्डन में जब फ्लैट लिया और उनके अध्यापकीय जीवन में दीपक नाम के छात्र पर आधारित है, जो स्वयं त्रिपाठी जी के यहाँ किराये में रहता था। दीपक सिद्धांतवादी छात्र था, उसे यदि यह पता चल जाये कि शादी में दहेज लिया गया है तो वह किसी की भी शादी हो वह नहीं जाता। त्रिपाठी जी कहते हैं कि छात्र कई तरह के होते है, परन्तु सच्ची बात यह है कि अच्छे अध्यापक छात्रों से भी बहुत कुछ सीखते हैं। कुछ छात्र ऐसे होते हैं जो आचार-विचार और चरित्र में अपने अध्यापकों से बेहतर होते हैं। बाद में दीपक की नियुक्ति अध्यापक के रूप में हिन्दू कॉलेज में हुई। एक बार की बात है, हिन्दू कॉलेज में किसी संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें अनेक वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था, उसमें मैं भी था। संगोष्ठी का संचालन दीपक ही कर रहा था। कार्यक्रम के अंत में दीपक बोला कि - **'हमारे गुरूओं ने हम पर अपनी विचारधारा कभी नहीं लादी। उन्होंने हमें आलोचना का अधिकार भी दिया। उन्होंने अपने प्रति की गई हमारी आलोचना को सहन किया।'** (पृ. सं. 92)

ऐसी ही दीपक से जुड़ी हुई बहुत सी घटनाएँ याद आती है, जिनमें एक बहुत ही रोचक घटना है कि जब बेटियों की शादी हो गई तो घर में हम दोनों पति-पत्नी ही रहते थे, लेकिन जब कभी मुझे बाहर जाना होता था तो पत्नी घर पर अकेली रहती थी, तो मैं दीपक को ही कह जाता था कि रात में वहाँ जाकर रहे। एक रात की घटना पत्नी ने बताया कि - **'एक बार रात को नल की टोंटी से पानी आ रहा था। टोंटी टूट गई थी, दीपक दो घंटे अकेले टोंटी की जगह कपड़े बाँध-बाँधकर पानी रोकता रहा। जब पानी की सप्लाई बंद होने का समय हो गया, तब सोया।'** (पृ. सं. 93) त्रिपाठी जी ने इसमें दीपक का नि:स्वार्थता एवं गुरू के प्रति सच्ची निष्ठा दिखाने का प्रयास किया है जो आज के समय में मिलना कठिन है।

चौदहवें अध्याय में त्रिपाठी जी ने अपने अध्यापक बनने से पूर्व जब वे काशी विश्वविद्यालय से एम. ए. कर चुकने के बाद की घटना का वर्णन करते हैं। त्रिपाठी जी ने बताया कि उसी दौरान दो चीनी विद्यार्थी मुझसे हिन्दी पढ़ने के लिए ट्यूशन आते थे। इन विदेशी छात्र-छात्राओं का विश्वनाथ त्रिपाठी के जीवन में जो प्रभाव रहा है, उनके व्यक्तित्व से वे जितना प्रभावित हुए, उनका बड़े ही रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

पन्द्रहवें अध्याय में विश्वनाथ त्रिपाठी ने अपने शैक्षणिक कार्य के दौरान कुछ ऐसे छात्र-छात्राओं से संपर्क हुआ जो दृष्टिहीन थे लेकिन उन्हें अपने विकलांगता का तनिक भी दु:ख नहीं था, बल्कि उनके अंदर कुछ विशेष गुण थे, जो उन्हें सामान्य बच्चों से भी अलग करता है। लेकिन इस अध्याय में यह भी बताया गया है कि आजादी के बाद समाज में स्त्रियों एवं दलितों की स्थिति में बहुत बदलाव हुआ है। इसी तरह विकलांग जनों की भी स्थिति पहले से बेहतर हुई है। इसके लिए बहुत सारी योजनाएँ चलाये गये, जिसका लाभ लेकर इससे छात्र-छात्राओं ने न केवल प्रारंभिक शिक्षा बल्कि उच्च शिक्षा में भी अपनी सहभागिता कर पाई।

त्रिपाठी जी बताते हैं कि एक बार मैं दयाल सिंह कॉलेज में भाषण के लिए आमंत्रित था तो मैं सुनील माडलीवाल के साथ गया। केदार मंडल जी आमंत्रित किये थे। केदार मंडल विकलांग थे लेकिन उनकी विकलांगता कहीं से भी झलक नहीं रही थी, वे इतने पॉजिटिव एनर्जी से सभी काम कर रहे थे जिन्हें देखकर गर्व महसूस होता है। लेखक बताते हैं कि जब मैं मॉडल टाउन में रहता था मेरा एक विद्यार्थी सरकारी छात्रावास में रहता था, कुछ छात्रवृत्ति भी मिलती थी। एक बार मैंने छात्रावास की स्थिति पूछी तो उसने जो कुछ भी कहा, उससे आजादी से पहले और बाद की स्थिति को सहजता एवं सरलता से समझा जा सकता है। उसने कहा कि सर घर से तो यह अच्छा है, कम से कम हमें यहाँ रहने, खाने और पढ़ने की सुविधा तो मिल जाती है, घर में तो यह भी संभव नहीं हैं। मेरे प्रति घर वालों का जो व्यवहार है वह अच्छा नहीं है। गाँव के लोग भी मुझे हेय दृष्टि से देखते है, जैसे वे हम पर एहसान कर रहे हैं।

तुलसी जयंती के अवसर पर एक दृष्टिहीन छात्र ने 'श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन हरण भय भय दारूणम' इतना मधुर स्वर में गाया कि लोग कुछ क्षण के लिए मंत्रमुग्ध हो गये। इस तरह कई छात्र-छात्राएँ उनके अध्यापन काल में आये, जिनमें सुभाष रूपेला, नीरव अडालजा और प्रीति अडालजा इत्यादि आये, जिनमें अद्‌भुत एवं अद्वितीय मेधा थी। लेखक ने इस अध्याय में बताया है कि किस प्रकार कुछ लोगों में आत्म साहस होता है। वे किसी भी परिस्थिति में झुकना स्वीकार नहीं करते। संस्मरणकार ने बताया है कि ऐसे विद्यार्थियों से मैं बहुत प्रभावित हुआ और उनके अदम्य साहस को मैं सलाम करता हूँ।

सोलहवें अध्याय में संस्मरणकार ने 'वर्ण-व्यवस्था' पर प्रकाश डाला है और कहा है कि भारत में लोगों के नस-नस में वर्ण व्यवस्था व्याप्त है। लेखक अपने जीवन के घटनाओं से वर्ण व्यवस्था को समझाते हैं कि लोगों को नाम से पहले जाति जानने की उत्सुकता रहती है। त्रिपाठी जी जिस समय बलरामपुर में रहते थे, उसी समय उन्होंने आर.एस.एस. (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से जुड़ गये थे। नानक प्रसाद नाम का मेरा एक सहपाठी था जो एक दलित जाति का था। मैं जात-पात नहीं मानता था, इसीलिए एक दिन मैंने कहा कि मेरे साथ चलो और आर.एस.एस. शाखा से जुड़ जाओ। उसने पहले मना किया पर मेरे बार-बार कहने पर मान गया। समाज में जाति-पाँति की समस्या लंबे समय से चला आ रहा है। इस समय तक भी स्कूलों में दलित जाति के बच्चे बहुत ही कम होते थे। शिक्षा पर किसी धर्म विशेष का अधिकार था।

लेकिन नवें दशक में एक छात्र मिला 'चन्द्रभान' जो दलित होने पर गर्व करता था। चन्द्रभान के व्यक्तित्व के बारे में लेखक बताते हैं कि वह कम और सटीक बोलता है। लेखक इस छात्र के व्यक्तित्व से प्रभावित होता है और कहते हैं कि ऐसा दलित व्यक्ति मैंने आज तक नहीं देखा। चन्द्रभान का नि:स्वार्थ व्यक्तित्व देखने लायक थी।

पुस्तक के अंतिम अध्याय में विश्वनाथ त्रिपाठी ने अपने लगभग चालीस वर्षो के अध्यापकीय जीवन में आये अनेक प्रकार के विद्यार्थियों का वर्णन किया। त्रिपाठी जी बताते हैं कि पहले मुझमें इतनी समझ नहीं थी, कि मैं विद्यार्थियों को अच्छे से समझ सकूँ, परन्तु धीरे-धीरे मैंने छात्र-छात्राओं से जुड़ना शुरू किया, तो जाना छात्र-छात्राओं में अपने काम के प्रति गहरी निष्ठा होती है, वे भी अपने शिक्षक से बहुत कुछ सीखते हैं। संस्मरणकार ने यह भी बताया है कि बहुत से लोगों का कहना है कि अध्यापन कार्य सबसे सहज एवं सरल होता है, लेकिन क्लास में विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाना बड़ी चुनौती से कम काम नहीं है।

विश्वनाथ त्रिपाठी बताते हैं कि एक बार विभाग में मुझसे और डॉ. नित्यानंद तिवारी से जवाब-तलबी हुई तो प्रोफे. वाइस चांसलर प्रोफे. कौल ने हमें बुलाया और कहा कि - **'देखिए! क्लास में कुछ गड़बड़ी हुई, विद्यार्थी आपकी शिकायत करते हैं, तब आपको हम नहीं बचा सकते। कोई नहीं बचा सकता। क्लास में लड़के संतुष्ट हैं, तो आप शराब पीजिए, जितने अच्छे-बुरे शौक हैं, पूरे कीजिए। यूनिवर्सिटी आपका बाल-बाँका नहीं कर सकती।'** (पृ. सं. 116) त्रिपाठी जी बताते है कि एक बार मैंने कॉलेज के ही एक छात्र को शराब पीते हुए देखा पहले मैं उसे नजर अंदाज करना चाहा परन्तु मेरे कर्त्तव्य ने बोलने के लिए प्रेरित किया और डरता हुआ उनसे शराब न पीने की विनती की, जिसके बाद से वे शराब पीना छोड़ देते हैं। त्रिपाठी जी ने कहा कि यदि मैं उसी समय गुस्सा होकर उन्हें डाँटता तो शायद वह ही मुझे उलटा सीधा कहकर भगा देते, परन्तु प्यार से समझाने पर वे शांति पूर्वक मेरी बात का और मुझसे माफी भी माँगी। इस अध्याय में त्रिपाठी जी ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थी अध्यापक से नहीं डरते। विद्यार्थी अध्यापक का हृदय से सम्मान करते हैं या तो उनकी उपेक्षा या घृणा करते हैं।

विश्वनाथ त्रिपाठी ने इस अध्याय के अंत में कहा कि मेरे प्रिय छात्र रहे द्वारिका प्रसाद चारूमित्र ने एक बार नौकरी के लिए मुझसे कहा कि सर, एक बार यदि आप नौकरी के लिए सिफारिश कर देंगे तो मेरा काम हो जायेगा

और मैंने कहा कि द्वारिका एक घण्टे बाद फिर आकर मुझे यह बात कहना तो मैं अध्यक्ष से बात कर लूँगा। परन्तु द्वारिका प्रसाद आधे घण्टे में ही आकर कहा कि सर आप बात मत कीजिए। इसके साथ इन्हीं दिनों वेद प्रकाश और नीरज दो छात्र मेरे संपर्क में आये। नीरज ने तो कभी भी नौकरी के लिए मुँह नहीं खोला, परन्तु वेद प्रकाश ने एक बार कहा कि सर आप मेरे लिए परेशान न होइए, मैं अपने जीवन यापन भर के लिए कमा लेता हूँ और अंत में त्रिपाठी जी कहते हैं कि यदि शिष्य विद्वान एवं यशस्वी हो तो इससे अध्यापक का गौरव बढ़ता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'गुरूजी की खेतीबारी' विश्वनाथ त्रिपाठी, प्रकाशक – राजकुमार प्रकाशन (2015), नई दिल्ली
2. वही, पृ. क्र. 14, 16, 23, 39, 77, 92, 93, 116,
3. 'विश्वनाथ त्रिपाठी के बारे में', संपादक – द्वारिका प्रसाद चारूमित्र, प्रकाशक – अनुज्ञा बुक्स, नई दिल्ली (2019)
4. 'बहुवचन' पत्रिका संपादक अशोक मिश्र, प्रकाशक – महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

बैंक ऑफ बडौदा के वित्तीय (क्रियाशीलता व लाभप्रदता) विश्लेषण पर एक अध्ययन

श्रीमति आरती वर्मा* डॉ. पी.के. सन्‍से**

* शोधार्थी, स्कुल ऑफ कामर्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) बी.एल.पी. महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – बैंक वित्तीय संस्थान की दुनिया का एक हिस्सा है यह निवेश बैंको बीमा कम्पनियों, वित कम्पनियों, निवेश प्रबंधको और अन्य कम्पनियों के साथ खडे रहते हैं, जो धन के निर्माण और उसके प्रवाह से लाभ उठाते हैं।

बैंकिग क्षेत्र राष्ट्रीय विकास के सबसे महत्वपूर्ण साधनों में से एक है। राष्ट्रो की प्रणाली मे एक अद्धितीय स्थान रखता है। बैंक ऑफ बडौदा भारत में दुसरा सबसे बडा और प्रमुख लाभ कमाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको में से एक हैं। यह अध्ययन क्रियाशीलता विश्लेषण के तहत बैंक ऑफ बडौदा की वित्तीय स्थिति को देखता हैं। वित्तीय विश्लेषण कुछ क्षेत्रो मे कुछ छोटी कमियों के साथ बैंक की मौलिक कमियो का पता लगाता है। यह शोध अत: दूसरे बैंको के साथ बैंक ऑफ बडौदा की क्रियाशीलता को प्रदर्शित करता है।

शब्द कुंजी – वित्तीय जोखिम, अनुपात विश्लेषण, बाजार सवेंदनशीलता पूंजी पर्याप्तता।

प्रस्तावना – बैंकिंग क्षेत्र में नियोजित अर्थव्यवस्था की जरुरतों के प्रति उल्लेखनीय कियाएँ दिखाई हैं। भारतीय बैंकिंग राष्ट्र और उसके लोगो की जीवन रेखा है। बैंक ने अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण भूमिका क्षेत्रो को विकसित करने मे अपनी महत्त्पूर्ण भूमिका निभाता है। तथा भारतीय क्षितिज पर एक नई प्रगति की शुरूआत करने में मदद की है। अर्थव्यवस्था से हमारे देश में एक अनुकरणीय परिवर्तन हुआ है। और इसने भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को भी प्रभावित किया है। बैंक ऑफ बडौदा एक भारतीय राष्ट्रीयकृत बैकिंग और वित्तीय संस्था हैं। यह वित्त मंत्रालय भारत सरकार का स्वामित्व है। 32 मिलियन ग्राहको के साथ भारत का चौथा सबसे बडा राष्ट्रीयकृत बैंक है।

यह अध्ययन मे पिछले पांच वर्षो के लिए बैंक ऑफ बडौदा के क्रियाशीलता विश्लेषण करने का एक प्रयास किया है। जिससे की बैंक की वित्तीय क्षमता के बारे मे महत्त्वपूर्ण जानकारी दी जा सके। अनुपात विश्लेषण की गणना बैंक के चिटठा व लाभ हानि खाते की महत्वपूर्ण मदों से निर्धारित किया जाता हैं अनुपात विश्लेषण के द्धारा हम वित्तीय स्थिति और बैंक के निएपादन का सही आकलन कर सके। विश्लेषण से यह सुझाव दिया जा सकता है कि अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक को आय बढाने के लिए कौन से सही उपाय करने होगे।

साहित्य की समीक्षा – बैंक के प्रदर्शन या क्रियाशीलता को मापने का बैंकिग अनुसंधान मुख्य केन्द्र बिंदु रहा है। क्रियाशीलता के सापेक्ष गणना का उपयोग करके बैंको की क्रियाशीलता को निर्धारित करने के लिए पहले ही कई अध्ययन किये जा चुके है।

किसी भी बैंक के वित्तीय विवरण का निदान करने के लिए वित्तीय अनुपात बहुत प्रभावशील होते है।

साजी क्षझुंगल गोविन्द जायर (2021) पारंपकि उपकरणों की तुलना मे बैंको के वित्तीय क्रियाशीलता का मूल्याकंन करने के लिए आज उपलब्ध कई तकनीको मे से वित्तीय विश्लेषण रेटिंग मॉडल को स्पष्ट जोखिम मूल्याकंन प्रणाली निर्धारित करने गुणवता प्रदर्शन के विकास और निगरानी की पहचान करने मे कुशल माना जाता है इसमे समस्याओ और कमियो का सुधार का विवरण है।

चौधरी एवं सिंह (2012) ने परिसंपति गुणवता को आधार मानकर 1991 के वित्तीय सुधारो की वृद्धि पर पडने वाले प्रभाव की जॉंच का अध्ययन किया है। शोध मे जोखिम प्रबंधन, गैर निष्पादित सम्पतियाँ स्तर प्रभावी लागत प्रबंधन और वित्तीय पहचान की भारत मे बैंक की सुद्दढता सुनिष्चित करने वाले प्रमुख खिलाडियों के रुप मे शामिल करना।

रेडडी एवं प्रसाद (2011) ने CAMEL माडॅल का उपयोग करके बैंकिग क्षेत्र की वित्तीय सुद्दढता का आकलन किया गया उनके अध्ययन से पता चलता है कि भारतीय बैकिंग समग्र आधार पर है।

धोष (2010) भारतीय बैंको में ऋण वृद्धि बैंक सुद्दढता और वित्तीय प्रबंधन के बीच अत: क्रिया की जॉंच करता है। अध्ययन मे यह पाया गया है कि निजी क्षेत्र के बैंक के प्रदर्शन ऋण मे अधिक वृद्धि भारतीय बैंक की सुद्दढता को बढाती है।

दास और अन्य (2010) बैंक की वित्तीय स्थिति ,पूंजी पर्याप्त अनुपात विश्लेषण अधिक महत्वपूर्ण प्रतीत होता हैं एक वृद्धि पूंजी पर्याप्त अनुपात मे अधिक उत्पादक क्षमता की ओर जाता हैं। जो बैंको की अधिक लाभ प्रदता को उत्पन्न करता है।

समस्या का विवरण – बैंकिग क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं यह अर्थव्यवस्या को जीवित रहने एवं आर्थिक संकटो से बचाने मे सहयोग करता है। जब आर्थिक मंदी ने दुनिया भर मे बैंकिग प्रणाली को प्रभावित किया था। तब भारत की वित्तीय प्रणाली अच्छी तरह से टिक सकती थी। संकट के समय में भी भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने प्रतिस्पर्धा विकास

दक्षता मे प्रगति दिखाई और आर्थिक चुनौतिक के दौरान बैंक का अन्तर्राष्ट्रीय संचालन को स्थिर बना रखा। इस प्रकार इसका उद्देश्य अनुपात विश्लेषण का उपयोग करते हुए भारतीय बैकिंग प्रणाली का वित्तीय स्तर का आकलन करने के लिए बैंक ऑफ बडौदा के क्रियाशीलता का आंकलन करना जरुरी है।

अध्ययन का उद्देश्य- इस शोध के निम्न उद्देश्य है:

1. बैंक ऑफ बडौदा के वित्तीय क्रियाशीलता (performance) का अध्ययन करना।
2. विभिन्न वित्तीय अनुपातो का विश्लेषण करना।
3. बैंक के वित्तीय क्रियाशीलता को अधिकतम करने के बहुमूल्य सुझाव देना।

कार्य प्रणाली (विधि)- इस शोध मे मार्च 2016 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष की पाँच वर्ष की अवधि के (समंको) बैंक ऑफ बडौदा के वित्तीय आकडो का उपयोग किया है। मार्च 2016 से 2012 तक बैंक की वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय जानकारी के लिए प्राथमिक डेटा स्त्रोत का गठन करती है। हमारी अनुभवजन्य पद्धति के अधिकार विवरण नीचे दिए गए है।

वित्तीय अनुपात :- Financial Ratio

- **पूंजी पर्याप्तता - (BOB)** बैंक ऑफ बडौदा की पूंजी पर्याप्तता (अनुपात) की स्थिति की गणना बैंक का चिट्ठा का उपयोग कर किया जा सकता है। जैसे पूंजी अनुपात व सम्पति अनुपात के लिए अग्रिम ,जमा अनुपात लिए अग्रिम तथा कुल निवेष पर ऋण/ समता अनुपात।
- **सपंति की गुणवता -** इसके अतंर्गत NPA Total Assets Net NPA Net Advance कुल संम्पति से कुल विनियोग अनुपात, अग्रिम के लिए सकल गैर निष्पादित सम्पतियाँ व प्रावधान का आकलन करके बैंक की सम्पति की गुणवता की गणना की जा सकती है।
- **प्रबंधन क्षमता -** कुल जमा पर कुल अग्रिम प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय आय अनुमान की लागत औसत संपति के लिए परिचालन व्यय सकल लाभ अनुपात आदि अनुपातों के माध्यम से बैंक की प्रबंधकीय क्षमता की गणना की जा सकती है।
- **लाभ प्रदता -** लाभप्रदता अनुपात ज्ञात करने के लिए शुद्ध परिचालन लाभ का औसत सपंति से अनुपात,सकल लाभ का औसत सपंति,लाभांश भुगतान अनुपात तथा गैर ब्याज आय का औसत अस्तियाँ औसत अस्तियो पर प्रतिफल अग्रिमो पर प्रतिफल जमाराशि की लागत से बैंक की आय की स्थिति का आकलन किया जा सकता है।
- **तरलता -** वित्तीय अनुपात, कुल जमा के लिए तरल सपंति कुल समपति के लिए तरल सम्पति कुल सम्पति के लिए सरकारी प्रतिकृति स्वीकृति प्रतिभूतियाँ तथा ग्राहक जमा और कुल ऋण के माध्यम से हम बैंक की तरलता अनुपात की स्थिति का मूल्याकंन करते है।

आकड़ो का विश्लेषण

1 **तालिका 1 मे सकल लाभ (% में मान)**

वर्ष	अनुपात	बढना/घटना
2016	25.97	-
2017	27.70	173
2018	30.86	316
2019	32.96	210
2020	31.81	-115

उपर्युक्त तालिका 1 मे बैंक ऑफ बडौदा के शुद्ध सकल लाभ के अन्तर को दर्शाती है। यह देखा गया है। कि 2020 मे गिरावट आई है। और अध्ययन के अन्य वर्षो के अनुपात मे उतार चढाव हो रहा है। लेकिन 2010 से 2019 तक अनुपात मे वृद्धि देखी गई। इसलिए बैक को सकल लाभ बढाने के लिए सही उपाय करने होगे क्योकि यही बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रदर्शित करते है।

(2) परिचालन शुद्ध लाभ अनुपात :- परिचालन शुद्ध लाभ में

वर्ष	अनुपात	बढना /घटना
2016	7.78	-
2017	8.71	0.93
2018	10.63	1.92
2019	12.82	2.19
2020	10.86	-1.96

उपर्युक्त तालिका क 2 में बैंक ऑफ बडौदा के परिचालन शुद्ध लाभ अनुपात का अन्तर को प्रदर्शित करती है। यह पाया गया है कि 2016 से 2019 तक इसमे वृद्धि देखी गई तथा 2020 मे गिरावट आई है। इसलिए बैंक की परिचालन शुद्ध लाभ मे वृद्धि करना होगी जिससे कि बैंक के लाभ को बढाया जा सकता हैं।

(3) विनियोजित पूंजी पर प्रत्याय अनुपात

वर्ष	अनुपात	बढना/घटना
2016	161	-
2017	026	-135
2018	083	057
2019	0075	-0755
2020	006	-0015

उपर्युक्त तालिका क 3 में बैंक की विनियोजित पूंजी पर प्रत्याय अनुपात मे काफी उतार चढाव देखने को मिलते है। इसमे 2017 मे केवल वृद्धि देखी गई तथा 2016 से 2020 के बीच कमी देखी गई जो कि वित्तीय स्थिति को अच्छा प्रदर्शित नही करती है। इस प्रकार यह असंतोषजनक है।

(4) कुल सम्पति का कुल आय पर अनुपात

वर्ष	अनुपात	बढना/घटना
2016	13.68	-
2017	14.19	0.51
2018	14.31	0.12
2019	13.93	-0.38
2020	13.42	-0.51

उपर्युक्त तालिका क 4 की कुल सम्पति का कुल आय पर अनुपात का विश्लेषण करती है। यह देखा गया है कि अनुपात मे प्रथम के दो वर्षो मे वृद्धि देखी गई तथा अन्त के दो वर्षो मे कमी को प्रदर्शित करता है। इसलिए कुल सम्पति को कुल आय की अपेक्षा बढाना होगा जिससे लाभ अधिक हो सके।

(5) गैर सम्पति का कुल आय पर अनुपात

वर्ष	अनुपात	बढना /घटना
2016	0127	-
2017	0117	0010
2018	0106	-0011
2019	0125	0019
2020	0123	-0002

उपर्युक्त तालिका क 5 में गैर सम्पति का कुल आय पर अनुपात में अन्तर प्रदर्शित करती है। इससें यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गैर सम्पति का अनुपात में उतार–चढाव देखने को मिला है। जिससे की लाभप्रदता मे कमी के संकेत दिखाई देते है। जो बैंक की सम्पति मे प्रबंधन क्षमता की गणना करता हैं। कम अनुपात अधिक सम्पतियों उनके लाभ को बढाने मे मदद करता है।

अध्ययन के निष्कर्ष और सुझाव – उपर्युक्त विश्लेषण से यह निष्कर्ष पाया गया है कि बैंक के सकल लाभ परिचालन शुद्ध लाभ विनियोजित पुंजी पर प्रत्याय कुल सम्पति और गैर सम्पति आय को अधिकतम करने के लिए उचित उपाय करने की आवश्यकता है। जो सम्पति की गुणवता प्रबंधन गुणवता कमाई को प्रदर्शित करता है।

बैंक की क्षमता मध्यम है और शुद्ध लाभ पर रिटर्न सम्मान रूप से अच्छा प्रदर्शित करता है।

सुझाव– उपरोक्त से यह निष्कर्ष निकलता है। कि सकल लाभ परिचालन लाभ कुल सम्पति/ गैर सम्पति पर रिटर्न और ब्याज आय को बढाकर वित्तीय प्रदर्शन का अधिकतम किया जा सकता है भारतीय बैंकिंग उद्योगो सबसे तेजी से बढने वाला उद्योग है। और इस प्रतिस्वर्धा मे जीवित रहने के लिए बैंक ऑफ बडौदा को आर्थिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. ईएमए,एसए, एट अल, (2003), वित्तीय सेवाओं में ब्राडिंग की भूमिका पर एक पारसांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य: छोटे व्यवसाय के बाजार। विपणन प्रबंधन के जर्नलय वॉल्यूम। 19, पृ। 1021–1042।
2. प्रो0किनले– मुद्रा बैंकिंग एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, पृष्ठ–165
3. आर0एस0 सेयर्स – मार्डन बैंकिंग – पृष्ठ –3
4. www.bankofbaroda.in
5. www.rbi.org.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

सुशासन और नौकरशाही

डॉ. प्रतिभा जैन *

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी राजनीतिक व्यवस्था में सुशासन और नौकरशाही प्रशासन का मेरूदण्ड होता है। लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली में कार्यपालिका दो तरह की होती है। राजनीतिक एवं अराजनीतिक कार्यपालिका। राजनीतिक कार्यपालिका का कार्यकाल चुनाव के परिणाम पर निर्भर करता है तथा मतदाता के विश्वास पर्यन्त ही कायम रहता है। इसलिए इसे अस्थायी कार्यपालिका भी कहा जाता है। अराजनीतिक कार्यपालिका के तहत अधिकारी तंत्र या नौकरशाही वर्ग आता है जो राजनीतिक कार्यपालिका के नियंत्रण एवं निर्देशन में काम करता है लेकिन राजनीतिक सत्ता परिवर्तन से अप्रभावत रहता है। इसलिये इसे स्थायी कार्यपालिका भी कहा जाता है। अधिकारी तंत्र की वजह से ही समय-समय पर होने वाले सत्ता परिवर्तन के बावजूद शासन प्रशासन में स्थायित्व एवं निरंतरता बनी रहती है। गौरतलब है कि अधिकारी तंत्र एवं निर्धारित सेवाशर्त के अधीन, नियम-कानून के दायरे में रहकर शक्ति एवं सत्ता का जनहित में उपयोग करते हैं तथा राजनीतिक नेतृत्व के प्रति और अंतत: जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं इसलिए इन्हें लोक सेवक भी कहा जाता हे। ये अपनी प्रकृति से निष्पक्ष, कार्यकुशल दक्ष एवं प्रशिक्षित प्रशासक होते है जो रानीतिक नेतृत्व (सरकार) को नीति निर्माण में सहयोग एवं परामर्श देते हैं तथा सरकार के निर्णयों को कार्यान्वित करते हैं।

शब्द कुंजी – जबावदेही, पारदर्शी, अधिकारी तंत्र, भ्रष्टाचार।

प्रस्तावना – सुशासन जैसा कि नाम से ही अच्छे अथवा श्रेष्ठ शासन का बोध होता है। सुशासन शब्द सुशासन से बनता है जिसमें 'सु'-उपसर्ग का अर्थ श्रेष्ठ तथा शासन शब्द का अर्थ प्रशासनिक व्यवस्थाओं से है अर्थात् जो शासन जन-जन के लिए कल्याणकारी हो, मानवतावादी सिद्धांतों पर आधारित हो, निष्पक्ष हो, धार्मिक सुशासन मान सकते हैं। जिस प्रकार ईश्वर और प्रकृति का हर हाल में निष्पक्षतापूर्ण व्यवहार व वातावरण प्रत्येक मानव के लिये होता है, परमात्मा का किसी भी आत्मा के साथ कोई भेद नहीं होता। सूर्य का प्रकाश व चन्द्रमा की शीतलता विश्व में सभी समान रूप से प्राप्त होती है। गंगा की पवित्रता में किसी भी व्यक्ति के लिए कोई भेद नहीं होता उसी प्रकार भेदरहित जन कल्याण व राष्ट्र कल्याण युक्त शासन ही सुशासन है।

यह आवश्यक नहीं है कि लोकतंत्र में ही सुशासन स्थापित हो सके सुशासन को तो हम राजतंत्र में देख सकते हैं। 'रामराज्य' शासन को सुशासन की संज्ञा दी जाती है व आदर्श माना जाता है।

भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता और भ्रातत्व के आधार पर उच्चकोटि की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का प्रावधान है जिससे कि भारत में जनता के लिए कल्याणकारी तथा राष्ट्र की प्रगति का सुशासन स्थापित किया जा सके।

भारत में संसदीय व्यवस्था का प्रचलन है और इस व्यवस्था का उद्देश्य सुशासन स्थापित करना व क्रियान्वित करना है। संसदात्मक प्रजातंत्र में मंत्रियों और नौकरशाहों (लोकसेवक) के मध्य परस्पर घनिष्ठ संबंध रहते है। इन दोनों को इस प्रकार से प्रशासनिक गाड़ी के दो पहिये माना जाता सकता है। मंत्रियों द्वारा निर्मत प्रशासनिक नीतियों के कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व नौकरशाहों के ऊपर रहता है। नौकरशाहों का कार्य नीति के क्रियान्वयन तक ही सीमित न होकर नीतियों को बनाने में मंत्रियों को अपने विशिष्ट परामर्श देना है। इस तरह संसदीय शासन व्यवस्था, उदाहरणार्थ अविशेषज्ञों (मंत्रियों) और विशेषज्ञों (नौकरशाहों) के समन्वय पर आधारित होती है। मंत्रियों में अधिकांशत: प्रशासनिक अनभिज्ञता तथा नौकरशाहों में प्रशासनिक ज्ञान की विशिष्टता होती है।

नौकरशाही शब्द का अंग्रेजी पर्यायवाची 'ब्यूरोक्रेसी' है जो फ्रांसीसी भाषा के ब्यूरों शब्द से लिया गया है यह शब्द सरकारी विभाग का परिचायक है। फ्रांस में ब्यूरों शब्द का प्रयोग ड्राअर युक्त मेज अथवा लिखने वाली डेस्क के लिए होता है। डेस्क पर ढकने वाले कपड़े को ब्यूरल कहा जाता था। अत: इसी आधार पर ब्यूरों शब्द सरकारी कार्यों का परिचायक बन गया। फ्रांसीसी क्रांति से पूर्व ब्यरों शब्द सरकार के लिए प्रयुक्त होता था। 19वीं शताब्दी में यूरोज के सभी राष्ट्रों में इस शब्द का प्रयोग किया जाने लगा। जहां-जहां सरकार की निरंकुशता, संकुचित दृष्टिकोण तथा सरकारी अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता दृष्टिगोचर हुई, वहीं उसे नौकरशाही कहा जाने लगा। धीरे-धीरे इसका अर्थ नियमों का कठोर पालन, अनुत्तरदायित्व, जटिल प्रक्रियाओं तथा निहित स्वार्थों से लिया जाने लगा। नौकरशाही शब्द को विभिन्न विद्वानों ने सकारात्मक और नकारात्मक अर्थों में लिया है एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका के अनुसार-'जिस प्रकार तानाशाही का अर्थ तानाशाह का तथा प्रजांतत्र का अर्थ जनता का शासन होता है उसी प्रकार ब्यूरोक्रेसी 'ब्यूरो' शासन है।'

रावर्ट सी. स्टोन-इस पद का शाब्दिक अर्थ कार्यालय द्वारा शासन या अधिकारियों द्वारा शासन है। सामान्यत: इसका प्रयोग दोषपूर्ण प्रशासनिक संस्थाओं के संदर्भ में लिया गया है। नौकरशाही संगठनों लाल फीताशाही, कठोर नियम और कार्यविधि पर जोर दिया जाता है। मोस्का

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

महोदय ने नौकरशाही उच्चवर्गीय अधिकारियों का नियंत्रण बताया। जो.एस.मिल. मानते हैं कि नौकरशाही समाज में सरकार का व्यावसायिक प्रशासक वर्ग मानते हैं। हरमन फाइनर नौकरशाही सरकारी अधिकारियों का शासन तथा मेज का शासन कहकर सम्बोधित करते हैं। रेम्जेक्योर नौकरशाही का अर्थ स्थाई अधिकारी और व्यवसायिक प्रशासक बताते है। लोपलोम्बरा–नौकरशाही के अंतर्गत अभी लोक सेवाओं को बताते हैं। पीटर ब्लाव का विश्वास है कि नौकरशाही वह संगठन है जो प्रशासन में अधिकतम कुशलता लाता है।

प्रचलन में नौकरशाही शब्द का प्रयोग लोक सेवाओं की कमियों एवं उनकी अलोकतांत्रिक प्रवृत्ति की ओर इंगित करने के लिए किया जाता है। यथार्थ में नौकरशाही का अभिप्राय उस संगठन से है जिसमें कार्य कुशल, प्रशिक्षित तथा कर्तव्यपरायण सरकारी कर्मचारी होते हैं।

भारतीय प्रशासन के परिप्रेक्ष्य में नौकरशाही का अध्ययन करें तो हम देखते हैं कि प्राचीन काल से ही नौकरशाहों का वर्चस्व रहा है। नौकरशाहों के माध्यम से प्रशासन को सुचारू रूप से चलाया जाता रहा है। पं. जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक 'हिन्दूस्तान की कहानी' में मौर्यकालीन नौकरशाही के विषय में लिखा है मौर्यकाल में काफी फैली हुई ओर कड़ी नौकरशाही थी। इसी प्रकार मध्यकालीन भारत के शासन में भी नौकरशाहों की अह्म भूमिका रही है। ब्रिटिश राज के शासन में तो नौकरशाही और भी अधिका महत्वपूर्ण हो गयी थी।

नौकरशाही जनहित के लिए काम करती है। इसके सौ कामों के पीछे जनहित की भावना छिपी होती है। वे न्याय तथा लोक कल्याण के संरक्षक होते हैं। योग्यता पर आधारित नौकरशाही का आधार सरकारी अधिकारी के गुण होते है। जिससे कि वे सुशासन स्थापित व कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। योग्यता की जांच के लिए निष्पक्ष तथा वस्तुगत परीक्षाएं आयोजित की जाती है। इसका लक्ष्य लोक–सेवा की कुशलता है। इस व्यवस्था में लोक सेवक (नौकरशाह) किसी के अनुग्रह भार से दवा नहीं रहता तथा सदैव सामान्य हित की अभिवृद्धि में रूचि ले सकता है। आधुनिक लोकतंत्र में लो कर्मचारी लोगों की सेवा में नियुक्ति एक अधिकारी होता है। जिसकी नियुक्त निश्चित योग्यता के आधार पर निश्चित उद्देश्य हेतु की जाती है लोक सेवा के सदस्य युवा काल में सेवा में प्रवेश कर स्थाई रूप से अपने पदों पर रहकर निश्चित आयु में सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

ये अधिकारी राजनीति से तटस्थ रहते हैं तथा राजनीतिक दलबंदी में सक्रिय भाग नहीं लेते तथा राजनीतिक दलों के सदस्य नहीं होते, राजनीतिक आन्दोलन और निर्वाचन में भाग नहीं लेते किसी भी दल की सरकार सत्ता में हो, पर इन अधिकारियों का कार्य नीतियों का कार्यान्वय करके सुशासन बनाये रखना होता है। पेशेवर कहे जाने वाले सामान्य दक्षतायुक्त ये कर्मचारी सरकारी सेवा करते हैं। लोक सेवाओं (नौकरशाही) का संगठन उच्चतर अधिकारियों द्वारा निम्नतर अधिकारियों पर शासन के लिये होता है। जो पद सोपान का सिद्धांत माना जाता है। ऐसा करने से निम्नतर कर्मचारी नियंत्रण में रहकर अपने कर्तव्यों का पालन व योजनाओं का क्रियान्वयन निष्ठापूर्वक करते रहते हैं और जनता के कल्याण में सहायक सिद्ध होते हैं।

भारत में अधिकांश शासकीय कार्य नौकरशाहों द्वारा किये जाते हैं। गांवों की अधिकांशत: अशिक्षित जनता है जो अपने छोटे–छोटे कार्यों के लिए पटवारी, ग्राम सेवक, तहसील कार्यालयों के क्लर्कों तथा जिले के अधिकारियों की तरफ देखती है। कृषि के लिए खाद, बीज आदि लेना हो या सहकारी बैंक से ऋण या पटवारी से कोई पट्टा लेना हो तो जनता को घूस का सहारा ही लेना पड़ता है।

सर्वोच्च स्तर के बड़े–बड़े अधिकारी ऊपर से तटस्थ दिखाई देते हैं किन्तु वे राजनीति से कहीं न कहीं जुड़े रहते है तथा वे अपने विचारों को छिपाकर सरकारी निर्णयों पर प्रभाव डालते हैं। इन अधिकारियों में लालफीताशाली अथवा अनावश्यक औपचारिकता पाई जाती है। नौकरशाही औपचारिकता में विश्वास करते हुए नियमों व विनियमों का कठोरता के साथ पालन करते हैं। परिणामस्वरूप कार्य देरी से हो पाते हैं और महत्वपूर्ण निर्णयों में बाधा पड़ती है। प्रक्रिया में औपचारिकता के कारण जन सेवा, जन कल्याण की उपेक्षा हो जाती है। ये सरकारी तंत्र औपचारिकताओं के चक्कर में मशीन जैसा बन गया है तथा निर्णय क्षमता का उपयोग नहीं हो पाता। अधिकारीगण उत्तरदायित्व का वहन नहीं करते हैं तथा हर बात का उत्तरदायित्व दूसरों पर डालते रहते हैं। विलम्ब तथा निर्णय क्षमता का उपयोग न करना अधिकारियों द्वारा स्थापित सुशासन में बाधक तत्व बना है।

नौकरशाहों में एक अवधारणा है कि बड़े–बड़े पद उन्हें शासन करने के लिए मिल हैं न कि जनता की सेवा के लिए। वे अपने आपको जनता का स्वामी मानते हैं न कि सेवक। जन–सामान्य के सुख–दु:ख से अधिकारीगण अलग–थलग रहता है जिनका अवलोकन ग्रामीण अंचलों में आसानी से किया जा सकता है। उच्च शिक्षा प्राप्त अधिकारियों का यह विशिष्ट वर्ग समूचे शासन में प्रशासकीय पदों को ग्रहण करता है।

ब्रिटिश काल में नौकरशाही को शासक की भूमिका मिली थी। नौकरशाही एक ऐसे तंत्र के रूप में सामने आई जिस पर जनता, कानून व राजनीतिज्ञों का अंकुश नहीं होता था। ब्रिटिश सरकार उन्हें अपना प्रतिनिधि मानती थी और भारत की जनता उन्हें शासक समझती थी। औपनिवेशिक काल की स्थिति ने शासन सेवाओं पर जो भी नियंत्रण अपेक्षित है उन्हें विकसित नहीं होने दिया। परिणामस्वरूप लोक सेवाएं (नौकरशाही) कानून की प्रतीक और संरक्षक से अधिक कानून की स्वामी बन गई। अंकुशों के प्रभाव में नौकरशाही अनुत्तरदायी बन गई थी और हजारों मील दूर से इन पर निर्भर करने वाली भारत सचिव उनका नाममात्र का नियंत्रक बना रहा। स्वतंत्र भारत को प्रशासनिक क्षेत्र में विरासत मिली उसमें अनुत्तरदायी सेवाएं एक बहुत बड़ी विशेषता थी।

स्वतंत्रता के बाद भारत में राजनीतिज्ञों, अपराधियों और नौकरशाही के मध्य घनिष्ठ साठ–गांठ स्थापितहोने की प्रवृत्ति उभरी जो सुशासन के हित में नहीं है। इस तरह की बुराईयों से दूर रहकर ही अधिकार वर्ग सुशासन को कायम रख सकता है।

नौकरशाही लोकप्रिय मांगों के प्रति अनुत्तरदायी होता है नौकरशाहों में शक्ति की भूख होती है और यह धीरे–धीरे नीति निर्माण के कार्यो पर प्रभावी होती जा रही है। नौकरशाही के लिए स्वेच्छाचारिता, तानाशाही, परिवर्तन विरोधी शब्दों का प्रयोग किया जाता है। नौकरशहों में जन–साधारण के प्रति अधिकांशत: तिरस्कार की भावना, राजनेताओं को सही परामर्श देने की क्षमता का अभाव, कार्यो को टालने की मनोवृत्ति, विकासात्मक दृष्टिकोण का अभाव, शक्ति की अनुचित लालसा, अनुदारवादी या परिवर्तनवादी दृष्टिकोण, हस्तान्तरित विधन की प्रक्रिया का दुरूप्योग आदि ऐसे दोष है जिनके रहते सुशासन की परिकल्पना कठिन है।

नौकरशाही में विभिन्न दोषों के निहित होने पर भी सरकारी प्रशासन में उनका महत्वपूर्ण योगदान है, यथार्थ में तो नौकरशाही पहले की अपेक्षा

कुशल, विवेकशाली, निष्पक्ष और न्याय संगत शासन चला रही है। अपनी कार्यकुशलता, विशिष्ट ज्ञान निष्पक्षता, नियमों तथा कानूनों के पालन आदि अनेक गुणों के कारण वर्तमान समय में प्रशासन का अनिवार्य अंग बन गया है। नौकरशाही आज के युग में अपरिहार्यता मानी जाती है। अपरिहार्य नौकरशाही को संसदीय प्रजातंत्र का आधार (मूल) कहा जाता है। नौकरशाही के जन-प्रतिनिधि स्वरूप का विकास करने हेतु कुछ सुझाव है:

1. सुशासन में समान न्याय तथा अनुचित पक्षपात को रोकरने के लिए समाज के विभिन्न आर्थिक तथा सामाजिक वर्गो का प्रतिनिधित्व नौकरशाहों में करना होगा।
2. नौकरशाही पर नियंत्रण रखने वाले मंत्रियों का योग्य, कार्यकुशल होना आवश्यक है अन्यथ सरकारी सेवक उन पर हावी होकर जनतंत्र की स्वतंत्रता को सकंट में डाल देगें। भारत में तो कई मंत्री भ्रष्टता की चरम सीमा पर पहुंच जाते हैं, जातिगत, क्षेत्रगत भेदभाव तथ अन्य बुराइयां उनमें स्वयं ही व्याप्त होती है जिसके कारण प्रशासन तंत्र में मंत्री और नौकरशाह दोनों ही अव्यवस्था उत्पन्न करने के लिए उत्तरदायी हो जाते हैं।
3. नौकरशाही की निरंकुशता का मुख्य स्त्रोत प्रत्यायोजित विधि निर्माण है अत: प्रत्यायोजितविधि निर्माण में कमी करके नौकरशाही को सुशासन के लिए अधिक से अधिक उपयोगी बनाया जा सका है।
4. प्रशासनिक संगठन की प्रभावशाली संचार व्यवस्था के साथ-साथ प्रशासकों तथा प्रशासितों के मध्य भी प्रभावशाली संचार व्यवस्था होनी चाहिए।
5. सुशावन के लिए सामान्य जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है गैर सरकारी जनता प्रशासन में योगदान प्रदान कर सच्चे अर्थो में प्रजातंत्रात्मक शासन बनाया जा सकता है।
6. राजनीतिक वर्ग तथा नौकरशाह दोनों का ही एक दूसरे पर कोई दबाव न हो, ऐसा सहयोगात्मक रवैया हो जो जनता व राष्ट्र के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा।
7. समय-समय पर नौकरशाहों को नवीनतम वैज्ञानिक और तकनीकी परिवर्तनों से अवगत कराया जावे और प्रशिक्षण की उचित व्यवस्थ होना भी नौकरशाहों को अधिक उत्तरदायी और सक्षम बनाकर सुशासन में प्रमुख भूमिका अदा करने में सहायक सिद्ध होगा।
8. नौकरशही को अपने कार्यो के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। प्रशासन में राजनीतिक हस्तक्षेप निरन्तर बढ़ता जा रहा है। कभी-कभी तो नौकरशाहों को मौखिक आदेश दिये जाते है और उनका पालन न करने पर उन्हें दण्डित किया जाता है। नौकरशाही पर दबाव, शोषण करके तथा मनोबल गिराकर राजनेता प्रशासन को सफल बनाकर सुशासन नहीं बनाये रख सकते है। मनोबल का ह्रास के कारण अनेक नीतियों का क्रियान्वयन समुचित रूप से नहीं हो पाता है।

सुशासन को स्थापित करके बनाये रखने के लिए प्रशासन में नौकरशाहों के योगदान की अपेक्षा नहीं की जा सकती उनका अपना महत्वपूर्ण योगदान होता है। और प्रशासन तंत्र को नियंत्रण में बनाये रखने और योजनाओं के क्रियान्वयन में नौकरशाह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। हरबर्ट मैरीसन ने लिखा है 'नौकरशाही वह मूल्य है जो संसदीय प्रजातंत्र के लिए हमें चुकाना पड़ता है। वस्तुत: नौकरशाही अपने आप में कोई बुरी चीज नहीं है। नौकरशाही को ऐसे नियंत्रित किया जाये कि वह जनता व राष्ट्र के कल्याण के लिए सेवक ही बने रहें 'स्वामी' बनकर हावी न होने पायें।' नौकरशाही को खुद ही कार्य संस्कृति में बदलाव का बाहक बनना चाहिए और इसी तरह प्रशासनिक सुधार लाने के पहले उनकी मानसिकता बदलने के प्रयास किए जाने चाहिए तभी सुशासन और नौकरशही एक दूसरे के पूरक सिद्ध हो सकेगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एम.पी. शर्मा (1976)-लोक प्रशासन, सिद्धांत एवं व्यवहार।
2. आर.बी.जैन-भारतीय समाज, अधिकारी तंत्र और सुशासन।
3. बी.एल.फड़िया-भारतीय शासन एवं राजनीति।
4. गुप्ता एवं सिंह (2011)-सुशासन नेशनल बुक ट्रस्ट नई दिल्ली।
5. बी.पी. सिंह-भारत में सुशासन की चुनौतियाँ।
6. योजना, जनवरी 2013 पृ. 11
7. प्रतियोगिता दर्पण।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

कोविड-19 का विश्व राजनीति पर प्रभाव: एक अवलोकन

डॉ. रजनी दुबे *

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत में पहले भी इस तरह की महामारी का असर राजनीति पर पड़ा है। भारत में कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है केन्द्र और राज्य सरकारें इससे निपटने के लिये युद्ध स्तर पर काम कर रहीं है। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां ठप्प पड़ गई है। लोग अपने घरों में बंद है, हर क्षेत्र पर इसका प्रभाव पड़ा है। राजनीति पर भी इसका प्रभाव अछूता नहीं है क्योंकि वह किसी न किसी रूप में हर क्षेत्र की गतिविधियो से जुड़ी हुई है। कोविड 19 महामारी के चलते सरकार ने दक्षिण एशियाई देशों के समुह सार्क के सदस्य देशों के बीच तारों को एक बार फिर से जोड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी गतिरोध देखने को मिला है।

शब्द कुंजी – कोविड 19, विश्व राजनीति, वैश्विक निर्माण, क्वारंटाइन, वैश्विक आपदा, सार्क समूह।

प्रस्तावना – भारत में पूर्व में भी कोविड 19 जैसी महामारी का असर राजनीति पर पड़ा है। 1918 में स्पैनिश फ्लू नाम की महामारी फैली थी एक अनुमान के मुताबिक उस महामारी में भारत में 1.8 करोड़ की जान गई थी यह उस वक्त की भारत की आबादी का छ: प्रतिशत था वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक लेख में कोविड 19 की तुलना उसी महामारी से की गई है। हालाकि यह भी कहा गया है कि तब से लेकर अब तक दुनिया काफी बदली है। उतना नुकसान संभवता अब नहीं होगा। लेकिन 1918 की महामारी का भारतीय राजनीति पर गहरा असर पड़ा है। बिट्रिश लेखिका लॉरा स्पिनी ने 1918 की महामारी के दुनिया पर पड़ने वाले प्रभावों पर एक पुस्तक लिखी है- पेल राईडर: स्पिनीश फ्लू ऑफ 1918 एंड हाउ इट चेन्ड दा वर्ल्ड, वॉलस्ट्रीट।

कोविड 19 महामारी के चलते सरकार ने दक्षिण एशियाई देशों के समुह सार्क के सदस्य देशों के बीच तारों को एक बार फिर से जोड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी मतभेदों के चलते सार्क समुह के सदस्य देशों में 2016 से ही गतिरोध देखने को मिला था। श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांगलादेश, अफगानिस्तान, मालद्धीप और पाकिस्तान, सार्क के सभी सदस्य देशों ने सरकार के बीडियों कार्नफ्रेस कॉल मे न केवल हिस्सा लिया बल्कि इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त तौर पर फंड तैयार करने पर सहमत हो गये।

विश्व राजनीति पर प्रभाव:

1. कोविड 19 संकट के साये में अमेरिका और चीन जैसी दो वैश्विक महाशक्तियों के बीच टकराव से विश्व राजनीति पर गंभीर प्रभाव होने की आशंका व्यक्त की जा रहीं है।
2. इसका पहला प्रत्यक्ष प्रभाव अमेरिका और चीन के बीच हाल ही में समपन्न व्यापार समझोते पर हुआ। चीन के इस घटना क्रम में लापरवाही भरे रूख के कारण दुनिया भर में चीन को संदेह की नजर से देखा जाने लगा।
3. इस आपदा में एक दुसरे के घोर विरोधी रहे ईरान और अमेरिका को नजदीक ला दिया है, जिससे तृतीय विश्व युद्ध के रूप में मंडराने वाला संभावित खतरा टलता नजर आ रहा है।
4. इस वैश्विक आपदा से निपटने में नाकाम रहे इटली में कुछ समय के भीतर ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व का संकट भी देखने को मिल सकता है ऐसा अनुमान है कि इटली को अपनी खोई हुई साख हासिल करने में कई दशक लग सकते है क्योकि इटली ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल रहा है।
5. युरोपियन युनियन से अलग होने के बाद ब्रिटेन में गठित नई सरकार पर यह संकट आर्थिक व राजनीतिक रूप से अतिशय दवाब उत्पन्न करेगा।
6. कोरोना वायरस के केन्द्र के रूप में चीन के विख्यात होने से दुनिया भर में चीन के लोगों के साथ नस्लीय भेदभाव में ईजाफा होने की आशंका है।
7. चीन के विनिर्माण क्षेत्र को अपना प्रभुत्व पुर्नस्थापित करने में कई दशक तक लंबा संघर्ष करना पड़ सकता है जिससे उसकी नव सम्राज्य वादी नीतियों पर विराम लग सकता है।
8. वैश्विक विनिर्माण के नये केन्द्र स्थापित करने में अत्यधिक समय और धन की आवश्यकता होगी क्योंकि विश्व के अन्य देशों में चीन के जैसी अवसंरचना और सस्ते श्रम का अभाव है।
9. जर्मनी की चान्सलर समेत युरोप महाद्धीप के अन्य प्रमुख नेताओं का मानना है कि कोरोना वायरस के प्रभाव से पूरे महाद्धीप में प्रथम विश्व युद्ध के बाद उत्पन्न हुये आर्थिक संकट जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती है।

यदि आज हम कोरोना वायरस का नाम सुनते है तो जो वस्तु स्थिति सर्व प्रथम उभरकर सामने आ गई है वह क्वारंटाईन (अपनी गतिविधयों को स्वयं तक सिमित करना) या आइसोलेशन (एकीकरण) हैं। यह आइसोलेशन न केवल व्यक्ति या समाज के स्तर पर हुआ है बल्कि विभिन्न देशों की सीमाओं

के स्तर पर भी हो गया है। इस वैश्विक आपदा की स्थिति में जहां एक ओर युद्ध स्तर पर बचाव के प्रयास किये जा रहे है तो वहीं दूसरी ओर फर्स्ट वर्ल्ड कंट्रीज (विकसित देश) के बीच इस वायरस की उत्पत्ति को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर भी प्रारंभ हो गया है हाल ही में चीन सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अधिकारिक रूप से यह दावा किया कि कोरोना वायरस की उत्पत्ति चीन में नहीं बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी कोरोना वायरस को वुहान वायरस या चाईनीज फ्लू के रूप में संबोधित करना प्रारंभ कर दिया है, ऐसी स्थिति में प्रश्न उठता है कि क्या इस वायरस का प्रभाव भू-रणनीतिक व्यवस्था को परिवर्तित कर देगा? क्या एक बार फिर विश्व शीत युद्ध के दौर में प्रवेश कर जायेगा? क्या 21वीं सदी के आरंभ में विकसित बहुध्रुवीय वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था एक ध्रुवीय राजनीतिक व्यवस्था की ओर मुड़ जायेगी?

कोरोना वायरस की उत्पत्ति में अमेरिका की भूमिका के संदर्भ में चीन के दावे को रूस का साथ मिला है और दोनों देशों ने सामूहिक रूप से इस आपदा से निपटने के लिये अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। रूस के इस कदम से वैश्विक राजनीति में अमेरिका-चीन टकराव बढ़ने के आसार व्यक्त किये जा रहे है।

कोविड 19 के प्रभावों को दुर करने हेतु सुझाव:

1. नि:संदेह इस संकट से सही तरीके से निपटने वाली महाशक्ति बदलती वैश्विक राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाऐगी।
2. वर्तमान में पूरा विश्व एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है, यह समय एक दुसरे पर दोषारोपड़ करने का नहीं बल्कि एक जुटता प्रदर्शित करते हुये इस अद्दश्य शत्रु से लड़ने का है।
3. वैश्विक महाशक्तियों को अपने संसाधनों का इष्टतम प्रयोग करते हुये समस्त प्रयास इस महामारी की हर संभव रोकधाम की दिशा में करने चाहिये इसके साथ ही भारत से सीख लेते हुये अपने पड़ोसी देशों व उन क्षेत्रीय संगठनों जिसका वे हिस्सा है, कि ओर सहायता का हाथ बढ़ाना चाहिये।
4. कोरोना वायरस के रूप में दुनिया के समक्ष एक अभूतपूर्व संकट उतपन्न हुआ है और इसका प्रसार जितनी तेजी से हो रहा है, वह इसे अधिक चिंता जनक बनाता है इसीलिये इससे निपटने के लिये विश्व का प्रत्येक प्रयास इस महामारी के पूर्णत: उन्मूलन का होना चाहिये।
5. विश्व के सभी देशों को वि निर्माण क्षेत्र व आपूर्ति श्रखला के विभिन्न केन्द्रो के निर्माण की दिशा में भी कार्य करना होगा।
6. कोविड-19 के लिये अभी यह नही कहा जा सकता कि यह विश्व को कैसे प्रभावित करेगा परन्तु इस प्रकोप ने लोकतांत्रिक और तानाशाही दोनों देशों को देखा है, जो लोगों के आवागमन पर कठोर प्रतिबंध लगा रहा है।
7. पश्चिमी दुनिया इस महामारी के केन्द्र में है।
8. इसने विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे- अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की प्रासंगिकता पर एक प्रश्न चिन्हित किया।
9. यह वैश्विकरण के सिद्धांतों को वापस लेने का कारण हो सकता है।
10. यह विश्व राजनीति में प्रमुख शक्ति परिवर्तन भी उतपन्न कर सकता है।
11. यह संपूर्ण विश्व में एक नकारात्मक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।
12. कोरोना वायरस से भारत भी अछुता नहीं रहा है, भारत को अपना पूरा ध्यान वायरस के संक्रमण को रोकने में लगाना चाहिये।
13. भारत को आपदा की स्थिती में बदलती हुई वैश्विक राजनीति के किसी भी समूह में शामिल नहीं होना चाहिये क्योंकि इससे भारत को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार लाभ प्राप्त नहीं होता है।
14. भारत को अपने पड़ोसी देंशो तथा क्षेत्रीय संगठनों जैसे सार्क और बिम्स्टेक के साथ मिलकर एक विशेष कार्यदल का गठन करना चाहिये ताकि इस आपदा से निपटने की तैयारियों में समन्वय व संचार की कमी न रह सके।

करोना वायरस के संक्रमण से प्रभावित देश जैसे चीन, टाईबान, हांगकांग, जापान आदि देशों में कोरोना वायरस के संक्रमण पर अंकुश लगाने के लिये महामारी रोगों के विशेषज्ञ टॉलबर्ट नेन्सवाह के मुताबिक कुछ कारगर प्रावधानों को तेजी से लागू किया गया इस देशों में लागू किये गये पाँच सबसे कारगर प्रावधान ये रहे है-

1. जाँच, जाँच और फिर से जाँच।
2. सवंमित मरीज को ऐकांत में रखना।
3. तैयारी और त्वरित कार्यवाही।
4. सोशल डिस्टैसिंग।
5. साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना।

विभिन्न महामारियां अलग-अलग समय में संपूर्ण विश्व पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालती है और वे न केवल स्वास्थ्य पर प्रभाव डालते है बल्कि विश्व राजनीति में बदलाव में भी महत्तवपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

संदंर्भ ग्रंथ सूची:-

1. ध्रुव जय शंकर, आर्थिक कमजोरियां और कोविड 19 के बाद की दुनिया का बदलता शक्ति संतुलन, 23 जुलाई 2020, orfonlineorg.com
2. संचिन बोगोई, करोना वायरस, भारतीय राजनीति को कैसे प्रभावित कर रही है यह महामारी, 12 अप्रैल 2020, www.BBC.com
3. शशी थरूर समीर सरन, कोविड 19, अव्यवस्था और नई विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका, 08 अप्रैल 2020 orfonlineorg.com
4. अरविंद गुप्ता, कोविड 19 संकट का वैश्विक प्रभाव, 21 अप्रैल 2020, www.vifindia.org
5. जे. सी. चौधरी, विश्व स्तर पर कोरोना वायरस के वर्तमान एवं बाद में प्रभाव, www.bhaskar.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

सामाजिक न्याय के संदर्भ में महिलाओं की विधिक स्थिति: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

श्रीमति ज्योति पांचाल मिस्त्री *

* असिस्टेंट प्रोफेसर, लॉ एंड लीगल स्टडीज सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान लोक कल्याणकारी राज्य का मूल लक्ष्य सामाजिक न्याय की स्थापना करना है। सामाजिक न्याय से आशय एक ऐसे न्याय पूर्ण समाज की स्थापना से हैं जिसमें आर्थिक और सामाजिक विषमता न्यूनतम हो और समाज समावेशी हो साथ ही साथ जिसमें संसाधनों का वितरण सर्वमान्य स्वीकृति के आधार पर निर्धारित किया जाता हो सामाजिक न्याय का उद्देश्य जो है। वह भारत के सभी नागरिकों से जुड़ा है जिसमें विशेष रूप से अगर महिलाओं को शामिल किया जाए तो उचित होगा। क्योंकि सामाजिक न्याय किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करता है और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि समाज में रहने वाला प्रत्येक वर्ग चाहे वह महिला हो या पुरुष उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता उसके व्यक्तिगत विचार उसी तरह से महत्वपूर्ण हो जिस तरह से एक कल्याणकारी राज्य के लिए आवश्यक हैं। भारत एक कल्याणकारी राज्य की छवि लिए है और यहां सामाजिक न्याय का मुख्य उद्देश्य लैंगिक जातिगत नस्लीय व आर्थिक भेदभाव के बिना सभी नागरिकों को मूलभूत अधिकारों तक समान रूप से सुनिश्चित पहुंचाना है। मानव सभ्यता के प्रारंभ से ही प्रारंभ से ही व्यक्तिगत स्वतंत्रता व सामाजिक न्याय के बीच विवाद का विषय रहा है व्यक्तिगत स्वतंत्रता लैंगिक भेदभाव महिलाओं से जुड़ी और समानता है। सामाजिक न्याय के लिए एक बहुत बड़ा चुनौती के रूप में हमारे सामने हैं इसलिए यह आवश्यक है कि सामाजिक न्याय में महिलाओं के अधिकारों की सुनिश्चित था को अधिक प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

सामाजिक न्याय शब्द को कठोर प्रतियोगिता के विरुद्ध कमजोर वृद्धों दीन हीन महिलाओं बच्चों और अन्य सुविधाओं से वंचित राज्य द्वारा संरक्षण के अधिकार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि यह सिद्धांत एक विषय विषमता मूलक समाज के सर्व समावेशी समाज के रूप में परिवर्तन में एक मार्गदर्शक का कार्य करता है।

शब्द कुंजी – व्यक्तिगत स्वतंत्रता, लैंगिक असमानता , विरोधाभासी विचारधारा, सर्व समावेशी समाज।

प्रस्तावना – सामाजिक न्याय की संकल्पना निश्चित रूप से भारत के संदर्भ में बहुत बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। भारत में भांति-भांति के धर्म संप्रदाय, आस्था, विश्वास , वर्ग, जाति के लोग रहते हैं , उचित तालमेल का होना अत्यंत आवश्यक है वह निश्चित रूप से उनके अधिकारों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है इसीलिए भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय की स्थापना का संकल्प भारत के संविधान की प्रस्तावना में ही शामिल किया गया है। सामाजिक न्याय से तात्पर्य क्या हो यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि हर परिस्थितियों के अनुरूप काल के अनुसार सामाजिक न्याय के अलग अलग मायने हैं वह भौतिक सामाजिक राजनैतिक परिस्थितियों के अनुरूप समाज की आज से जुड़ी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों के बीच सामंजस्य का होना व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना ही सामाजिक न्याय है सामान्य तौर पर हम सामाजिक न्याय को अगर सूक्ष्मा रूप से अध्ययन करें तो समाज की जो मेन कड़ी है या सृष्टि के निर्माता महिला व पुरुष के बीच सामंजस्य समानता की स्थापना की आवश्यकता है। उसके बाद हम कह सकते हैं कि हम धर्म जाति वर्ग के अनुरूप सामाजिक न्याय की स्थापना करें क्योंकि समाज के जो दो पहिए हैं। स्त्री या पुरुष अगर उन दोनों के बीच सामंजस्य है समानता है तो सामाजिक न्याय अपने आप स्थापित किया जा सकता है। भारतीय समाज में परंपरागत रूढ़ियों के चलते कुछ ऐसी कुरीतियां हैं। जिनके कारण महिलाओं की दशा कई मामलों में देनी भी है वह कई ऐसी स्थितियां हैं जिनके चलते महिलाएं काफी पिछड़ी हुई हैं जो कि हमारी सामाजिक न्याय की संकल्पना को पीछे धकेल का है वह उसके पूर्ण रुप से पालन में कहीं न कहीं बाधा का कार्य करता है रुकावट का कार्य करता है अगर हम यह चाहते हैं कि समाज का प्रत्येक वर्ग प्रत्येक समुदाय प्रत्येक धर्म आगे बढ़े, विकास करें, तो सबसे पहले महिलाओं के विकास को ध्यान में रखा जाना चाहिए महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सामाजिक न्याय के कुछ बाधक तत्व; पहला असमानता , कितना आसान है आज के समय में भारत के संदर्भ में यह कह देना कि भारत में महिलाओं को कई तरह के अधिकार दिए गए हैं। जिनका कि आजकल दुरुपयोग भी होने लगा है वह महिला व पुरुष के बीच और समानता जैसी कोई चीज नहीं है। इनके तुष्टीकरण के लिए हमारे पास कुछ भारतीय संविधान के अनुच्छेद भी हैं जैसे कि संविधान का अनुच्छेद 14 हुआ 15 तीन व राज्य के नीति निदेशक तत्व में भी राज्य को इस तरह के निर्देश दिए गए हैं कि वे महिलाओं से जुड़ी सारी अव्यवस्थाओं को दूर करें व समानता को निश्चित करें परंतु क्या संविधान के इन अनेक अनुच्छेदों के हो जाने से महिलाओं को हर वह समानता का अधिकार प्राप्त है या उसका वह अधिकार समर्पित है। जिसकी कि वह वास्तविक में अधिकारीनी है अगर ऐसा होता तो आज के

समय में महिलाओं से जुड़े जो भी कुरीतियां , परंपरागत रूढ़ियों, अंधविश्वास, धर्म के नाम पर उनके साथ भेदभाव, भ्रूण हत्या जैसी चीजें नहीं होती , परंतु आज भी भारत की महिलाओं के पास इतने अधिकार हैं। परंतु उनका उचित निर्वाचन नहीं होने के कारण महिलाएं आज भी कहीं न कहीं पिछड़ी हुई हैं जो कि हमारे सामाजिक न्याय की संकल्पना के लिए बहुत बड़ी बाधा है। दूसरा बड़ा बड़ा कारण है समाज में व्याप्त अपराध अगर हम सामाजिक न्याय को इस मामले से देखें कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ समानता का व्यवहार हो वह उनके अधिकार सुरक्षित रहें यहां भी महिलाओं से जुड़े होने वाले अपराधों का उल्लेख करना उचित होगा कि सामान्यत: महिलाओं से जुड़े जो अपराध है। चाहे वह घरेलू हिंसा हो कन्या भ्रूण हत्या हो या यौन अपराध हो। इन सभी अपराधों की रिपोर्ट अगर उठाकर देखी जाए तो निरंतर इन में वृद्धि ही हुई है जो कि सामाजिक न्याय के रूप में या सामान्य न्याय के लिए भी हमारे लिए बहुत बड़ा बाधा का विषय है।

शोध प्रविधि : प्रस्तुत शोध पत्र में शोध की सिद्धांत परम्परागत प्रविधि का उपयोग किया गया है जिसके माध्यम से विभिन्न समाचार पत्र, लेख को पढ़ने के पश्चात शोधकर्ता ने अपने व्यक्तिगत विचारों को इसमें समावेशित किया है।

उपकल्पना : प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से कुछ उपकल्पनाएं निर्मित की जा रहे हैं। जिसमें सर्वप्रथम है सामाजिक न्याय की संकल्पना को परिपूर्ण किए जाने में लैंगिक असमानता एक नकारात्मक भूमिका निभाती है, दूसरी सामाजिक न्याय को प्राप्त किए जाने हेतु महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण को सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है तीसरी सामाजिक न्याय व महिलाओं के अधिकारों की सुनिश्चितता एक दूसरे के पर्यायवाची हैं।

शोध के उद्देश्य: प्रस्तुत शोध के माध्यम से शोधकर्ता सामाजिक न्याय जैसी परिकल्पना के साथ महिलाओं से जुड़े अपराध महिलाओं से जुड़े विषय बताएं उनके अधिकारों के संरक्षण व महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध जो कि सामाजिक न्याय की परिकल्पना को ठेस पहुंचाते हैं। उनके लिए एक विश्लेषणात्मक अध्ययन को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक समझा गया इसी हेतु शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत विषय के संदर्भ।

विश्लेषण : सामाजिक न्याय व महिलाओं से जुड़ी विषमताओं को कई रूप से समझा जा सकता है। जिसमें समाज में व्याप्त ऐसी विभिन्न समस्याएं हैं जिनके लिए यह कहा जा सकता है कि महिलाओं की जो सामाजिक स्थिति हैं उनके मध्य जो सामाजिक विशेष समानताएं हैं। उसके कारण सामाजिक न्याय की परिकल्पना को पूर्ण रूप से पाए जाने में कई चुनौतियां हमारे सामने हैं जिनमें प्रमुख रूप से महिलाओं की का शिक्षित होना महिलाओं का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर ना होना महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराध महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु उचित कानूनी व्यवस्था व संस्थाओं का ना होना महिलाओं का समाज में और सुरक्षित होना महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानून व विधायक का उचित क्रियान्वयन ना होना महिलाओं के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं। उनका उन तक ना पहुंच पाना व उनके अधिकारों से उन्हें वंचित रखा जाना प्रमुख रूप से हैं। जब भी महिला सशक्तिकरण की बात आती है सबसे पहले यह प्रश्न आता है कि महिला सशक्तिकरण के लिए सर्वप्रथम क्या किया जाए। निश्चित रूप से हम यह कह सकते हैं कि महिला सशक्तिकरण का जो आधार है। वह आर्थिक सामाजिक व महिलाओं की राजनीतिक पहचान व उनकी महत्ता है भारतीय सामाजिक स्थिति को अगर देखा जाए तो आज भी महिलाएं अपनी आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक पहचान के लिए संघर्ष कर रही हैं जिसमें विधि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि महिलाओं के संबंधा में पर्याप्त विधियों का निर्माण किया गया है।

भारत जैसे समाज में भारतीय महिलाओं की स्थिति को सुधारने हेतु कई तरह की आपराधिक व सिविल विधियों को बनाया गया है जिससे वह अपनी स्थितियों को सुधार सकें संविधान में महिलाओं की स्थिति को बेहतर किए जाने हेतु विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। परंतु सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से अगर देखा जाए तो कई बार यह महसूस होता है कि महिलाओं की स्थितियों को सूत्र किए जाने हेतु महिलाओं के लिए बनाई गई विधियों का उचित क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कस्बों में यहां तक कि बड़े शहरों में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए जागरूक नहीं हैं या उन्हें जागरूक होने नहीं दिया जाता है महिलाओं की इन समस्याओं का सामान्य रूप से देखा जाए तो कोई समाधान भी नजर नहीं आता क्योंकि इस तरह की समस्याओं के लिए सबसे आवश्यक यह है कि महिलाओं को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है जिस हेतु सबसे पहले समाज में व्याप्त पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलना आवश्यक है। अगर हम सामाजिक न्याय के लिए दृढ़ नाम के विरुद्ध महिलाओं से जुड़ी और समानताओं को दूर किए जाने हेतु कुछ समाधान प्रस्तुत हैं जो कि सामाजिक न्याय के संकल्प को सुनिश्चित किए जाने हेतु सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

पहला अगर हम महिलाओं से जुड़े अपराधों को कम किए जाने हेतु दृढ़ संकल्पित हो व उनसे जुड़े हो अपराधों को कम किए जाने हेतु प्रशासनिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाए महिलाओं से जुड़े कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। वह उनका क्रियान्वयन किया जा सके तो महिलाओं से जुड़े अपराधों को कम किया जा सकता है।

दूसरा सामाजिक न्याय को स्थापित किए जाने में महिलाओं से जुड़ी शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं जिसमें महिलाएं अपनी शिक्षा के लिए वह लड़कियों की शिक्षा के लिए सरकार द्वारा इस तरह की योजनाएं निर्मित की जाए जिससे अधिक से अधिक महिलाएं लड़कियां शिक्षित हो वह अपने लिए सही वह गलत का निर्णय ले सकें बाल बालिका शिक्षा देश के विकास के लिए व सामाजिक विकास के लिए सामाजिक न्याय के लिए अत्यंत आवश्यक है जब तक देश की महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी जब तक देश की महिलाओं का साक्षरता का प्रतिशत शत प्रतिशत ना हो जाए तब तक सामाजिक न्याय व लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना किया जाना मुश्किल है।

तीसरा आर्थिक आत्मनिर्भरता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए वह आर्थिक रूप से मजबूत किए जाने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाए वह महिलाएं जो शिक्षित नहीं है। उनके लिए कुछ प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं जिसके द्वारा वह अपने आप को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु प्रयासरत रहें। वह अपनी आत्मनिर्भरता मान सम्मान को बना सकें।

चौथा पुरुष प्रधान समाज में व्याप्त कुरीतियां है। जिसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को दृढ़ संकल्पित होना आवश्यक है कि वे महिलाओं से जुड़ी भ्रांतियां कुरीतियां अंधविश्वास को दूर करें जिससे महिलाएं जागरूक होकर आत्म विश्वासी होकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

पांचवा महिलाओं से जुड़े अधिकारों का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार

RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

किया जाए जिससे कोई भी महिला घरेलू हिंसा यौन हिंसा यौन शोषण या किसी भी तरह के अपराध के लिए स्वयं ठोस कदम उठा सके ऐसे अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.drishtiias.com/hindi/images/dlp-demo/upsc/gs-pack-3/Social-Justice.pdf
2. https://hi.wikipedia.org/wiki
3. https://www.studyfry.com/
4. hhttps://hindi.livelaw.in/category/columns/domestic-violence-act-pwdva-2005-165603
5. जे एन पांडे : भारत का संविधान।
6. डी डी बसु : भारत का संविधान।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

हाड़ौती मे मराठा प्रवेश की परिस्थितियों का अध्ययन

मणिराज सिंह राठौड़ *

*शोधार्थी (इतिहास) गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.) भारत

हाड़ौती एक परिचय – दक्षिणी पूर्वी राजपूताना का क्षेत्र चौहान वंश की हाड़ा शाखा के द्धारा शासित होने के कारण हाड़ौती कहलाता है। जिसमे वर्तमान के कोटा, बूंढी, झालावाड़ तथा बारां जिले सम्मिलित है। इस क्षेत्र की सीमा मध्यप्रदेश से मिलती है। यह क्षेत्र वनों से परिपूर्ण है तथा यहाँ चम्बल, काली सिंध, पार्वती इत्यादि नदियाँ बहती है। यहाँ पहाड़िया तथा दर्रे भी मौजूद है।

बूंदी का नाम बूँदा मीणा के नाम पर रखा गया, कालांतर मे देवा हाड़ा ने मीणाओ को पराजित कर 1241 मे बूंदी राज्य की स्थापना की। कुंभाकालीन रणकपुरअभिलेख मे बूंदी का नाम 'वृंदावती' मिलता है। इसी प्रकार कोटिया शाखा के भीलों के नाम पर कोटा का नाम पड़ा, समर सिंह हाड़ा ने 1264 मे कोटा पर अधिकार कर लिया इस तरह कोटा, बूंदी राज्य का ही भाग था। जैत्र सिंह हाड़ा ने कोटा तथा बर सिंह हाड़ा ने 1354 मे तारागढ़(बूंदी) किले का निर्माण करवाया। शाहजहाँ के शासनकाल मे कोटा का स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकार किया गया तथा राव माधोसिंह इसका 1631 मे प्रथम शासक बना। इसके शासनकाल मे मुग़ल राज्य की दृष्टि मे हाड़ौती की शक्ति का केंद्र बूंदी न होकर कोटा बन गया।कालांतर मे अंग्रेजों ने कोटा से 19 परगने मिलाकर 1838 मे झालावाड़ राज्य की स्थापना की, झाला मदन सिंह को पहला शासक बनाकर राजराणा की उपाधि दी गई।

मराठा राजनीति का उद्भव – मराठों का इतिहास प्रारंभ से ही विवादास्पद रहा है।मराठों के राजनीतिक उत्थान की इतिहासकारों ने विभिन्न व्याख्या दी है जैसे की भौगोलिक स्थिति, औरंगज़ेब की नीतियां, भक्ति आंदोलन शिवाजी का नेतृत्व इत्यादि।

महादेव गोविंद रानाडे अपनी पुस्तक राइज ऑफ द मराठा पावर में लिखते है की भौगोलिक स्थिति के कारण ही इनमे स्वतंत्रता की भावना विकसित हुई और इसी कारण कोई भी शासक अधिक समय के लिए मराठों को अपने अधीन नहीं कर सका। तुकाराम रामदास जैसे संतो ने मनुष्य की समानता परजोर दिया जिससे एक विशिष्ठ मराठा पहचान का उद्भव हुआ।सर जादूनाथ सरकार और जी एस सर देसाई जैसे इतिहासकार मराठों के उत्थान को औरंगज़ेब की हिंदू विरोधी नीतियों का परिणाम मानते है।इन्होंने मुगल और निजाम शाही के अधीन सेना में कार्य करते हुए सैन्य अनुभव प्राप्त किया और दक्कन की तात्कालिक राजनीतिक परिस्थिति का लाभ उठाते हुए अपने राज्य की स्थापना के प्रयास किए जो शिवाजी के नेतृत्व के कारण स्वराज की अवधारणा में फलीभूत हुई।मराठों के राजनीतिक उत्कर्ष का श्रेय मुख्यत: शिवाजी को जाता है, शिवाजी ने बीजापुर के कई प्रदेश जीते और दक्कन का सूबेदार शाइस्ता खाँ उन्हें रोकने में असफल रहा।इसके पश्चात मिर्जा राजा जय सिंह ने शिवाजी को पुरंदर की संधि1665 स्वीकार करने को बाध्य किया ।आगरा दरबार में नजरबंद किए जाने के बाद शिवाजी आगरा से कुंवर राम सिंह की सहायता से भाग निकले और 1674 में ब्राह्मण गंगा भट्ट के द्धारा उनका राज्याभिषेक करवाया गया। शिवाजी की मृत्यु के कुछ सालों बाद मराठों मे गृह कलह प्रारंभ हो गया तथा शिवाजी व शाहू के बीच संघर्ष चालू हुआ, अंतत: 1707 में बालाजी विश्वनाथ की सहायता से शाहू ने सत्ता प्राप्त की ओर1713 बालाजी को अपना पेशवा नियुक्त किया। 1719 में जहांदार शाह ने शाहू को मराठों का स्वतंत्र राजा स्वीकार कर लिया, पेशवा के अधीन मराठा उत्तर की ओर बढ़े 1728 में पालखेड के युद्ध में निजाम को तथा 1733 में मालवा के सूबेदार आमेर नरेश सवाई जय सिंह को मंदसौर के युद्ध में परास्त किया।मालवा प्रवेश करने पर मराठों को राजपुताने पर आक्रमण करने के लिए आसान मार्ग मिल गया ।

मराठों के प्रवेश के समय राजपूताना की राजनीतिक अवस्था – औरंगज़ेब की मृत्यु के बाद राजपुताने के राजा आपसी कलह में ध्यान देने लगे प्रत्येक राजपूत राज्य गृह कलेश का केंद्र बन गया और मराठो को इन राजाओंके बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर मिला,इसके तीन प्रमुख केंद्र थे। कोटा व बूंदी में बुद्ध सिंह व दलेलसिंह,जोधपुर में अभय सिंह की मृत्यु के बाद राम सिंह व बख्तसिंह में संघर्ष हुआ और बख्तसिंह ने मराठों की सहायता से गद्दी प्राप्त कर ली इसी प्रकार जयपुर में सवाई जय सिंह की मृत्यु के बाद मराठों का हस्तक्षेप व लूटमार काफी बढ़ गए, इन तीनों राज्यों के गृह युद्ध ने मराठों को मध्यस्थता के लिए आमंत्रित किया इस कारण मराठा राजपूताना में किंग मेकर की भूमिका निभाने लगे। इस प्रक्रिया में मराठे धन वसूल करने के साथ ही उन्हें अपने राजनीतिक प्रभुत्व में रखने हेतु प्रयास करने लगे।

हाड़ौती मे प्रवेश के कारण – मुग़ल साम्राज्य का पतन – मजबूत मुग़ल साम्राज्य के समय बादशाह राजपूत नरेशों को नियंत्रित व इनके मध्य मध्यस्त की भूमिका निभाता था। परंतु मुग़ल साम्राज्य के कमजोर होने से राजपूतों के आपसी झगड़े अनियंत्रित हो गए ओर इसी राजनीतिक स्थिति ने मराठों को प्रवेश का अवसर दिया।

मराठों की प्रसारवादी नीति– पेशवा के काल मे मराठों ने उत्तरी भारत मे प्रसारवादी नीति का पालन किया और '1728–29 मे बाजीराव मालवा व बुंदेलखंड मे, जो की मुग़ल साम्राज्य के बीचों बीच थे, अपने पैर जमाने मे सफल हो गया'। तत्पश्चात राजपूताना (मुख्यत: हाड़ौती)के मालवा से

सटे होने के कारण बाजीराव की दृष्टि इस ओर पड़ी।

मराठों की लूट की मनोवृत्ति – प्रारंभ मे शिवाजी ने संसाधनों के अभाव मे मुग़ल छावनियों ओर व्यापारिक केंद्रों पर छापे मारकर धन एकत्रित किया तथा इस धन का प्रयोग अपनी सैन्य शक्ति को दृढ़ करने व साम्राज्य निर्माण मे किया। परंतु कालांतर मे साम्राज्य स्थापना के बाद भी मराठों ने राजस्व का एक प्रमुख स्त्रोत लूट को बनाए रखा जैसे चिमाजी की मालवा विजय मे देखने को मिलता है। 'सातारा मे तो धन की सबसे ज्यादा जरूरत थी ; चिमाजी की विजय की सूचना जब सातारा पहुची तो पत्र द्वारा चिमाजी से यही पूछा गया की इस युद्ध मे कितना द्रव्य हाथ लगा। इसलिए राजपुताने के आर्थिक शोषण की नियत से उन्होंने यहाँ प्रवेश किया।

दक्षिण की तत्कालीन अवस्था – भौगोलिक कारणों से मराठों के इलाके आर्थिक दृष्टि से संपन्न नहीं थे साथ ही दक्षिण मे निरंतर युद्धों से आर्थिक भार भी बढ़ा। इसीलिए छत्रपति शाहू ने पेशवा को गुजरात व मालवा से चौथ व सरदेशमुखी वसूल करने के आदेश दिए ओर अगला पड़ाव प्राकृतिक रूप से हाड़ौती व शेष राजपूताना था।

बूंदी मे उत्तराधिकार संघर्ष – 'बूंदी के राव बुद्ध सिंह ने राज्यच्युत होने पर पहले मेवाड़ वालों से मदद मांगी, पर राजा जय सिंह के लिहाज के कारण राणा ने जब उसका साथ न दिया तो उसकी स्त्री ने दलेल सिंह के बड़े भाई और बुद्ध सिंह के तरफदार सरदार प्रताप सिंह हाड़ा को मल्हार होल्कर से सहायता लेने भेजा। तब मराठों को राजपूत राज्यों के आपसी मामलों में भी दखल देने का मौका मिला।' इस प्रकार बूंदी उत्तराधिकार संघर्ष ने न केवल हाड़ौती अपितु सम्पूर्ण राजपूताना मे मराठों के प्रवेश के द्वार खोल दिए।

राजस्थान की तत्कालीन राजनीतिक अवस्था ने मराठों को राजस्थान मे प्रवेश के लिए प्रेरित किया। मराठों के आक्रमण साम्राज्यवादी प्रकृति के नहीं थे उनका उद्देश्य यहा राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करके धन लूटना था, कुछ इतिहासकारो का मानना है कि अगर मराठे आर्थिक रूप से कमजोर नहीं होते तो शायद राजस्थान उनके आक्रमणों से बच जाता परंतु मराठों की प्रसारवादी नीति ओर हाड़ौती की सामरिक स्थिति के कारण हाड़ौती में मराठा प्रवेश स्वाभाविक था। बूंदी उत्तराधिकार संघर्ष ने मराठों को हाड़ौती में प्रवेश का अवसर प्रदान किया एवं इसके पश्चात मराठों ने राजपूताने के सभी राज्यों मे हस्तक्षेप प्रारंभ कर दिया जिसके दूरगामी परिणाम हुए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. हुकूम चंद जैन, 2018 , पेज 75,77,78
2. सरकार, पेज 132
3. वर्मा, 2006, पेज 255
4. सिंह, 1935, पेज 216
5. पृथ्वी सिंह मेहता, 1950, पेज 117

****

विधि और विधिक संस्थाओं में सामाजिक न्याय

डॉ. नीति निपुण सक्सेना *

* एच ओ डी, इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ एंड लीगल स्टडीज, सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय समाज आज जिन विधियों का उपयोग कर रहा है तथा जिन विधिक संस्थाओं के माध्यम से न्याय प्राप्ति की ओर अग्रसर है तथा न्याय प्राप्ति में अपना स्थान बनाए हुए हैं उन व्यवस्थाओं में सामाजिक न्याय को बहुत ज्यादा अहमियत दी गई है इसी का परिणाम यह है कि आज विधि और विधिक संस्थाओं में सामाजिक न्याय का वर्चस्व शाली स्थान है और इस सामाजिक न्याय के बल पर ही हमारी न्यायिक व्यवस्था न्याय को पूर्णता प्रदान करने की दिशा में पूर्ण तरह सक्षम और अग्रसर है।

शब्द कुंजी – सामाजिक न्याय, विधि, विधिक संस्थाएं।

प्रस्तावना – आज भारतीय समाज विश्व के अग्रणी समाजों में अपना स्थान बनाए हुए उसका प्रमुख कारण है भारत में अपनी सोच, उसकी आध्यात्मिकता है तथा उसकी न्यायिक व्यवस्थाओं में न्याय की प्राप्ति। जिसके कारण भारत को विश्व के परिदृश्य पर एक अभूतपूर्व स्थान प्राप्त है। प्राचीन काल से ही भारत अध्यात्म में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं और इस अध्यात्म का मूल कारण उसकी अपनी न्याय व्यवस्था और न्याय व्यवस्था का संचालन है।

उपकल्पना – भारतीय विधि और विधिक व्यवस्थाओं में सामाजिक न्याय पूर्ण रूप से व्याप्त है।

शोध प्रविधि – परंपरा वादी शोध प्रविधि का उपयोग किया गया है जिसमें विभिन्न विधियों का अध्ययन तथा सामाजिक आंकड़ों को संग्रहित किया गया है।

विश्लेषण

संविधान और सामाजिक न्याय – भारतीय संविधान एक सामाजिक दस्तावेज के रूप में परिलक्षित होता है जिसके विभिन्न प्रावधान सामाजिक न्याय की अवधारणा को बताते हैं संविधान की उद्देशिका तथा भारतीय संविधान की अंतरात्मा कहे जाने वाले मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक तत्व में सामाजिक न्याय दिखाई देता है।

भारतीय संविधान की उद्देशिका राजनीतिक न्याय की बात के साथ-साथ सामाजिक और न्याय की बात भी करती है इसमें विचार, अभिव्यक्ति , विश्वास, पूजा की बात, अवसरों की समानता, सभी लोगों के बीच भाईचारे के विकास, व्यक्ति की गरिमा को सुनिश्चित करना, साथ ही साथ भारत की एकता और अखंडता की बात की गई है इस प्रकार से जनतांत्रिक तरीके से भारतीय संविधान की उद्देशिका सामाजिक आर्थिक और न्याय दर्शन की ओर ध्यान आकृष्ट करती है मौलिक अधिकारों के माध्यम से सामाजिक न्याय के विकास की बात, एक समतावादी समाज की स्थापना करके जिसमें सभी को समान दर्जा मिल पाए। स्वतंत्रता अब लोगों की निजी संपत्ति नहीं होगी और सभी उस स्वतंत्रता का भरपूर उपयोग कर सकेंगे, शोषण के विरुद्ध सभी नागरिकों को सभी व्यक्तियों को अधिकार होगा, धर्म की स्वतंत्रता, सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों के अधिकार की बात मौलिक अधिकारों के अंतर्गत की गई है यह सभी मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध प्राप्त हैं।

सामाजिक न्याय की अवधारणा का बहुत स्पष्ट एवं प्रखर, मुखर प्रतिपादना राज्य की नीति निदेशक सिद्धांतों के अंतर्गत भाग 4 में की गई है इसके अंतर्गत नई आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।

अनुच्छेद 38 का मूल सिद्धांत जो राज्य को निर्देश देता है कि लोक कल्याण कार्य किए जाएं और ऐसी नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करें, जिससे राष्ट्रीय जीवन के सभी क्षेत्रों में चाहे वह सामाजिक आर्थिक या राजनीतिक हो न्याय सुलभ कराया जा सके। नई सामाजिक व्यवस्था के लिए यह निर्देश भी दिए गए हैं, कि सभी लोगों के जीवन यापन के लिए उपयुक्त साधन प्रदान किए जाने चाहिए भौतिक साधनों के स्वामित्व का नियंत्रण का विभाजन इस प्रकार होना चाहिए जिससे कि अधिक से अधिक लोगों का भला हो सके तथा आर्थिक व्यवस्थाओं का संचालन भी इस प्रकार से होना चाहिए कि कुछ लोगों के हाथों में उत्पादन के साधनों एवं धन का केंद्रीकरण सामान्य लोगों के हितों के विरुद्ध ना हो सके महिला और पुरुषों को समान कार्य के लिए समान वेतन तथा श्रमिक स्त्रियों पुरुषों बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनकी शक्ति के दुरुपयोग ना हो ऐसी व्यवस्थाएं बच्चों के व्यक्तित्व का विकास तथा स्वास्थ्य प्रदर्शन प्रधान हो सके तथा बच्चों और युवाओं के नैतिक और भौतिक शोषण को भी बचाया जा सके अनुच्छेद 41 लोगों के लिए काम केअवसर प्रदान करने शिक्षा की व्यवस्था करने वृद्धावस्था में बीमारी और अपंगता की स्थिति में व्यवस्था करने के प्रावधान करता है अनुच्छेद 42 कार्य के लिए मानवीय परिस्थितियों का निर्माण गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की बात करता है मजदूरों के लिए चाहे वे खेती हरो औद्योगिक हो उनके आराम सामाजिक न्याय सांस्कृतिक अवसर की व्यवस्था करने की बात करता है अनुच्छेद 43 के माध्यम से 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की बात की गई है। अनुच्छेद 46के माध्यम से कमजोर वर्ग के लोगों विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजाति के शैक्षणिक आर्थिक संवर्धन की बात तथा

शोषण एवं अन्याय से बचाने की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है संविधान में सामाजिक न्याय किस संबंधित प्रावधानों को समय-समय पर क्रियान्वित करने के लिए विशेष कदम भी उठाए जाते रहे हैं।

विभिन्न विधियां – सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए सरकारों के माध्यम से विभिन्न विधेयक पारित किए गए हैं इन विधेयकों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नाइनटीन एटी एट संपदा शुल्क अधिनियम 1953 छुआछूत अपराध अधिनियम 1955 हिंदू विवाह अधिनियम 1955 हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1950 से भारतीय जीवन बीमा अधिनियम 1956 धनकर अधिनियम 1957 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1960 वस्ती सुधार एवं सफाई अधिनियम 1950 बोनस भुगतान अधिनियम न्यूनतम मजदूरी अधिनियम1948 बंधित श्रम प्रति अति उत्साह धन अधिनियम 1976 एवं श्रम अधिनियम 1970 विस्थापित व्यक्ति प्रतिकार एवं पुनर्वास अधिनियम 1954 कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिक 52 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1940 एक साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण अधिनियम 1972 एक विवाद अधिनियम 1940 7 प्रसूति प्रसुविध अधिनियम 1961 उपदान संदाय अधिनियम 1972 आदि आदि।

सामाजिक विधान की कुछ श्रेणियां सामाजिक बुराइयों के निवारण के लिए अधिनियम पेश करती हैं जैसे छुआछूत दहेज वेश्यावृत्ति आदि के संबंध में सामुदायिक कल्याण के लिए स्वास्थ्य शिक्षा मकान की योजनाओं के संबंध में सामाजिक सुरक्षा की विधान जैसे सामाजिक न्याय वृद्धावस्था प्रसूति सुविधाएं सामाजिक कार्य और सामाजिक कल्याण जैसे बाल कल्याण उपचार अपराधा परिवीक्षा जुआ निवारण इसके अलावा कुछ विधियां जो जमीदारी के उन्मूलन काश्तकारी भूदान सहकारिता से संबंधित हैं सभी सामाजिक न्याय की ओर संकेत करती हैं।

न्याय विधि अनुसार प्रदान करने में राज्य प्रशासन का भी अपना अहम रोल होता है राज्य प्रशासन का एक आवश्यक कार्य न्याय प्रशासन भी है न्याय का प्रमुख औजार विधि ही है न्याय प्रशासन ने न्यायालय के माध्यम से किया जाता है न्यायालय केवल विधि के ही न्यायालय नहीं है बल्कि वह न्याय के भी न्यायालय हैं सामंड ने विधि की जो परिभाषा दी है वह विधि के उद्देश्य के संदर्भ में है। विधि को वह विधि को सिद्धांतों के समूह के रूप में मानते हैं जिन्हें राज्य न्याय प्रशासन में मान्यता देता है और लागू करता है इसे और स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि विधि उन नियमों से बनती हैं जिन्हें न्याय के न्यायालय मान्यता देते हैं और उसके अनुसार न्याय करते हैं विधि के जो कार्य एवं उद्देश्य बताएं हैं वह न्याय स्थापना और शांति पूर्वक परिवर्तन है अतः विधि के उद्देश्यों में एक न्याय भी है विधि का उद्देश्य न्याय प्राप्त करना है और वह न्याय विधि के अनुसार होना चाहिए वह न्याय राष्ट्रीय विधि के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए विधि तमाम बुराइयों के लिए निसंदेह एक उपाय या उपचार है परंतु वह स्वयं अपने साथ बुराइयां ले आती है विधि के अनुसार न्याय से तात्पर्य है लोगों के साथ समान बर्ताव किया जाना चाहिए जबकि किसी के साथ भी ने व्यवहार करने के विशेष कारण ना हो अपनी हैसियत एवं स्थिति के बावजूद सभी उसी विधि एवं विधिक प्रक्रिया के अधीन होना चाहिए।

भारतीय न्यायपालिका– सामाजिक न्याय की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान करने में भारतीय न्यायपालिका का अपना अहम रोल है या अपनी भूमिका अपने निर्णयों के माध्यम से देती है ऐसे विभिन्न निर्णय जो कि सामाजिक न्याय की प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं।

यद्यपि न्यायपालिका के कुछ निर्णय ऐसे भी हैं जिन्होंने की सामाजिक न्याय की अवधारणा को धाक्का पहुंचाने का काम किया है उन वादों में गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य का वाद, आरसी कूपर बनाम यूनियन इंडिया और प्रीवि पर्स जैसे वाद हैं इन निर्णयों को प्रभाव को कम कर देने के लिए भारतीय संसद ने संविधान का 24 व 25 वा संशोधन किया तथा केशवानंद भारती के वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने 25 वा 24 वा और 29 वें संविधान संशोधन को संवैधानिक ठहराया बाद में अपने कई निर्णय और विशेषकर 1978 के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में अपने व्यवहारिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंदिरा साहनी बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया का मामला यह एक ऐतिहासिक मामला था जिसने भारत सरकार ने अपने ऑफिस मेमोरेंडम के माध्यम से 13 अगस्त 1990 और ऑफिशियल मेमोरेंडम 1991 के माध्यम से भारत सरकार की नौकरियों में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए 27% नियुक्ति पर आरक्षण के प्रावधान किए थे भारत सरकार के इस आरक्षण संबंधी आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई सर्वोच्च न्यायालय ने विचार-विमर्श तथा तथ्यों को सुनने और समझने के उपरांत अपने निर्णय में इस 27% आरक्षण के प्रावधान को सही एवं वैधा माना और भारत सरकार के संशोधित आदेश1 991 में 10% जिस अतिरिक्त आरक्षण के प्रावधान को वैध ठहराते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उन नियुक्तियों में जिसमें विशिष्ट तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है आरक्षण को अनुचित बताया और अभी निर्धारित किया कि इसमें आरक्षण नहीं होना होगा।

मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य का मामला इस वाद के माध्यम से सामाजिक न्याय को अर्थवान बनाया गया है प्रस्तुत वाद जिसमें शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार माना गया है काफी सहायक हुआ है सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार का सहवर्ती या सहगमी है जब तक शिक्षा का अधिकार एक वास्तविकता ना बन जाए तब भारत के अधिकांश लोगों के लिए जो अशिक्षित हैं भारत के संविधान द्वारा प्रदत्ता मौलिक अधिकार पहुंचकर बाहर होंगे।

रणवीर सिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, रुदल जा बनाम स्टेट ऑफ़ बिहार, पीपुल्स यूनियन फॉर यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम यूनियन ऑफ इंडिया इत्यादि आदि वादों की लिस्ट बहुत लंबी है इन वादों के माध्यम से हमारी न्यायपालिका ने सामाजिक न्याय की स्थापना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उपसंहार– सामाजिक न्याय की अवधारणा को हमारी विधि और न्यायपालिका पूर्ण रूप से साकार रूप प्रदान कर रहे हैं संविधान की प्रस्तावना से लेकर विभिन्न अनुच्छेदों में सामाजिक न्याय को बताया गया है तथा विभिन्न विधियां सामाजिक न्याय की दिशा में अपना योगदान दे रही हैंतथा सामाजिक न्याय की दिशा में बढ़ते हुए कदम समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं जिससे महिला पुरुष समानता तथा अमीरी गरीबी की दीवाल को पाटा जा सकेगा एवं ऊंच-नीच के भेद को हटाकर समानता स्वतंत्रता और शोषण के विरुद्ध एक सूत्र में हम बंद कर देश को विश्व गुरु की ओर ले जाने में अपनी सकारात्मक भूमिका दे पाएंगे।

सुझाव – सामाजिक न्याय की अवधारणा फलीभूत होती हुई दिखाई दे रही है किंतु फिर भी आज कुछ कमियां दिखाई देती हैं उन कमियों के निराकरण के लिए कुछ सुझाव अग्रेषित किए जा रहे हैं :

1. विधि अपना काम पूर्ण क्षमता से कर पा रही है लेकिन आज भी समाज की मानसिकता को बदलना की आवश्यकता है।
2. सामाजिक न्याय जो किताबों में और कुछ उदाहरण के रूप में ही दिखाई दे रहा है उसे संपूर्ण समाज में व्याप्त करने की आवश्यकता है।
3. शिक्षा को न सिर्फ डिग्रियों तक रखा जाए वरण शिक्षा को मानसिकता बदलने के हथियार के रूप में परिणित करना होगा।
4. सरकार के प्रयासों के साथ साथ ही एनजीओ के प्रयास भी हो तो समाज को एक नई दिशा मिल सकेगी।
5. महिला शिक्षा का मतलब उन्हें कमाने योग्य बनाने से नहीं है बल्कि दिमागी रूप से सक्षम करने से है।
6. न्याय सिर्फ दिखाने के लिए नही होना चाहिए, बल्कि वास्तविकता में होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विधिशास्त्र त्रिपाठी
2. विधिशास्त्र परांजपे
3. विधिशास्त्र अनिरुद्ध प्रसाद
4. https://sarkariguider.in
5. https://socialjustice.gov.in/
6. https://www.investopedia.com/terms/s/social-justice.asp

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का आर्थिक-सामाजिक अध्ययन (झाबुआ जिले के मेघनगर विकासखण्ड़ के संदर्भ में)

हेमता डुडवे *

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश - स्वतंत्रता के पश्चात् ग्रामीण विकास के लिए सामुदायिक विकास योजना से लेकर वर्तमान तक विभिन्न योजनाओं द्वारा ग्रामीण विकास के संबंध में अभी तक केन्द्र एवं राज्य शासन के द्वारा लगभग 150 योजनाओं का निर्माण, क्रियान्वयन व मूल्यांकन किया जा चुका है। कुछ योजनाएं आज भी संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के प्रमुख उद्देश्य निर्धन परिवारों को प्रगतिशील बनाने के साथ ही सहकारी भावना के साथ काम करने हेतु तैयार करते हुए उत्पादन बढाना और रोजगार में वृद्धि करना हैं। शासन द्वारा संचालित की जा रही, ग्रामीण विकास और कल्याण की भावना को ध्यान रखते हुए, सामाजिक न्याय एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ देश में स्वतंत्रता प्रप्ति के समय इन योजनाओं और कार्यक्रमों की संख्या बहुत कम थी। समय के साथ इन योजनाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही है। पिछले कुछ दो दशकों से शासन द्वारा विभिन्न अवसरों पर नई-नई योजनाओं की भरमार सी होती जा रही है।

शब्द कुंजी -ग्रामीण विकास, निर्धनता, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, रोजगार,बचत।

प्रस्तावना - देश के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धनता का अस्तित्व में रहने का प्रमुख कारण रोजगार का अभाव होना है। रोजगार के अभाव में लोगों का जीवन निर्वाह करना दूभर हो जाता है और वे गरीबी की अवस्था में ही बने रहते है। अत: गरीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना पहली प्राथमिकता है और यह तभी संभव है, जब ग्रामीण विकास की ओर सबसे अधिक ध्यान दिया जाए। ग्रामीण विकास से अभिप्राय है-ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अनेकानेक निम्न आय वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उनके विकास के क्रम को आत्मपोषित बनाना। यह एक ऐसी व्यूह रचना है, जो लोगों के विशिष्ट समूह निर्माण, ग्रामीण के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन को उन्नत करने के लिए बनाई गई है। इसके माध्यम से विकास के लाभों को ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन-यापन की तलाश में लगे निर्धनतम लोगों तक पहुँचाना है।

स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व ग्रामीण विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, परिणाम स्वरूप हमारे गाँव आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से पिछड़े रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद नियोजित आर्थिक विकास के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया गया है। ग्रामीण विकास जहाँ एक ओर कृषि, पशुपालन और कुटीर उद्योगों के विकास पर निर्भर है, वहीं इन कार्यों के लिये आधारभूत संसाधनों की उपलब्धता तथा ग्रामीण रोजगार भी आवश्यक है, जिससे गाँवों की निर्धानता दूर होकर उनका कायाकल्प हो सके। इस दृष्टि से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ग्रामीण विकास के लिये सरकारी स्तर पर अनेक प्रयास किए गए।

साहित्य समीक्षा

1. **राय** (2014) के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण विकास से लोगों के आर्थिक सुधार के साथ ही साथ सामाजिक परिवर्तन भी हुआ है। इस संदर्भ में, ग्रामीण लोगों को आर्थिक विकास, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी में वृद्धि, योजना के विकेन्द्रीकरण, भूमि सुधारों के बेहतर प्रवर्तन और क्रेडिट तक पहुँच के लिए बेहतर संभावनाएं प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ भ्रष्टाचार और गरीबी उन्मूलन की जरुरत है।

2. **जगदीश्वरी** (2015) ने अपने शोध कार्य में स्पष्ट किया है कि जबकि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यो के आधार पर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात पर आम सहमति बनी है और यह स्पष्ट हुआ है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कारण महिलाओं की भागीदारी एवं सशक्तिकरण में उनके सामाजिक एवं आर्थिक पहलूओं को प्रभावित किया है। सूक्ष्म वित्तीय क्षेत्र ने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण हासिल करने और उनके जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद की है। सशक्तिकरण भी महिलाओं के जीवन और संसाधनों को व्यवस्थित करता है।

3. **दासगुप्ता एवं राय** (2015) ने अपन शोध आलेख में स्पष्ट किया है कि प्राचीन काल से मानव सभ्यता को अपने सतत् विकास चरण में कई बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें गरीबी सबसे विनाशकारी प्रतीत होती है। भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में इस तरह की समस्या का सामना कर रहा है। जो समावेशी विकास के साथ-साथ कई विकसित और विकासशील देशों के साथ कई आयामों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक है। दुर्भाग्यवश, आजादी के सत्तार 70 वर्षों के बाद भी गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) श्रेणी के अंतर्गत भारतीय आबादी का एक बड़ा प्रतिशत है। इस

संदर्भ में विभिन्न शोध अध्ययनों से पता चलता है कि ग्रामीण भारत बहुत पीड़ित है, जो भारत के शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक गंभीर माना जाता है। इसलिए गरीबी उन्मूलन के लिए विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जिसके माध्यम से सामान्य जनसंख्या की आजीविका विकसित की जा सकती है और इस संदर्भ में ग्रामीण गरीबों को विशेष रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। इस मुद्दे का सम्मान करते हुए और सामाजिक-आर्थिक बहिष्कृत गरीब लोगों के लिए मुख्य रूप से ग्रामीण सीमा से विभिन्न विकासशील और अविकसित देशों के लिए समावेशी विकास का स्वागत करते हुए विभिन्न प्रचार और विकास कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की अवधारणा - वर्ष 2010 के अनुसार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन-व्यापन करने वाले अनुमानित 7 करोड़ परिवारों में से करीब 4.5 करोड़ परिवारो को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाना था और देश में विद्यमान स्व-सहायता समूहों को अधिक मजबूत किया जाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना आवश्यक था। इस को आधार मानकर देश की कल्याणकारी सरकार ने स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (S.G.S.Y.) को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (N.R.L.M.) के रूप में प्रतिस्थापित करने का अनुमोदन किया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विभिन्न राज्य सरकारों, सिविल सोसायटी संगठनों, बैंकरों एवं विद्वानों के साथ व्यापक परामर्श के आधार पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए कार्यान्वयन के लिए फ्रेमवर्क को 9 दिसंबर, 2010 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का औपचारिक रूप से 3 जून 2011 को शुरू किया गया था। इसे वित्तीय वर्ष 2010-11 के बाद से लागू किया गया है। 29 मार्च 2016 से एनआरएलएम का नाम बदल कर दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कर दिया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य:

1. स्वयं सहायता समूह में महिलाओं की सहभागिता के संबंध का अध्ययन करना।
2. स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बचत की स्थिति का अध्ययन करना।
3. दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।

अध्ययन का क्षेत्र- मध्यप्रदेश के पश्चिम में स्थित झाबुआ जिले के मेघनगर विकासखण्ड को अध्ययन क्षेत्र के रूप में चयनित किया गया।

अध्ययन की इकाई- दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से लाभान्वित स्वयं सहायता समूह के सदस्य अध्ययन की इकाई होगी।

उत्तरदाताओं का चयन- अध्ययन के लिये 10 गांव का चयन दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित करन, उसमें से प्रत्येक गांव से 09 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि का प्रयोग कर कुल 90 सदस्यों का अध्ययन में सम्मिलित किया गया।

तथ्यों का संकलन- प्रस्तुत अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकडों का संग्रहण किया जा रहा हैं और उनका विश्लेषण करके निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

तालिका क्रं. 1: परिवारों की वार्षिक आय राशि

क्रं.	व्यय विवरण (वार्षिक)	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	40000 से कम	14	15.6
2.	40000-60000	12	13.2
3.	60000-80000	20	22.2
	80000-100000	**44**	**49.0**
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उक्त तालिका क्र. 01 के अवलोकन से स्पष्ट है कि कुल सर्वेक्षित उत्तरदाताओं में से पारिवारिक वार्षिक आय करने वाले प्रवर्ग में 40000 से कम 15.6 प्रतिशत उत्तरदाता है, 40000से 60000 के मध्य 13.2 प्रतिशत है, 60000से 80000 के मध्य आय प्राप्त करने वाले उत्तरदाताओं 22.2 प्रतिशत हैं, 80000.से 100000 तक आय प्राप्त करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 49.0 है। इस तरह से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं की आय सीमित है और खर्चे अधिक है। वह अपने खर्चों को अन्य स्रोतों से राशि लेकर पूरा करते है, जिसमें मिशन से ऋण लेकर अपनी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करते है।

स्वयं सहायता समूह के गठन की शुरूआत में प्रारंभिक रूप से सदस्यों द्वारा बहुत कम राशि से बचत प्रारम्भ की जाती है। प्रत्येक समूह के सदस्यों द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार बचत राशि जमा करवाई जाती है। बचत राशि से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है-

तालिका क्रं. 2: स्वयं सहायता समूह की शुरूआत कितनी प्रारंभिक बचत राशि के शुरू किया

क्रं.	बचत राशि	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	50 से कम	55	61.13
2.	50-100	22	24.44
3.	100-200	07	7.77
4.	200 से अधिक	06	6.66
	योग	90	100

स्रोंत: प्राथमिक सर्वेक्षण के आधार पर।

उपरोक्त तालिका क्र. 02 से स्पष्ट है कि स्वयं सहायता समूह में जुड़ने के समय आर्थिक स्थिति के रूप में बचत का स्तर में अंतर पाया गया है कि 61.13 प्रतिशत उत्तरदाता है ऐसे है जिनकी बचत 50 रूपये से भी कम है वहीं 200 से अधिक बचत वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 6.66 प्रतिशत है जबकि 100 से 200 तक बचत वाले उत्तरदाताओं की संख्या 7.77 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में प्रारंभिक स्तर बचत का स्तर बहुत ही कम था जिसका प्रमुख कारण रोजगार की कमी एवं मजदूरी करने से केवल अपनी आवश्यकता की पूर्ति ही कर पा रहे थे।

समूह के माध्यम से रोजगार व आर्थिक सहायता द्वारा सदस्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने से उनमें बचत की प्रवृति में भी परिवर्तन हुआ वे अपनी आय का कुछ अंश बचत के रूप में जमा करवाने लगें। इसी आधार पर प्राप्त जानकारी नीचे तालिका में दी गई है।

तालिका क्रं.3: समूह में वर्तमान में बचत राशि

क्रं.	बचत राशि	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	50-100	06	6.66
2.	100-200	72	80.00

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

3.	200 से अधिक	12	13.34
	योग	90	100

स्रोंत: प्राथमिक सर्वेक्षण के आधार पर।

उक्त तालिका क्र. 03 में समूह में जुड़ने के पश्चात वर्तमान समय में उत्तरदाताओं की बचत की स्थिति को दर्शाया गया है। जिसमें देखा गया है कि 50 से 100 रूपये की बचत करने वालों की संख्या 6.66 प्रतिशत है जबकि 100 से 200 तक की बचत करने वालों की संख्या 80 प्रतिशत है। वहीं 200 से अधिक बचत करने वालों की संख्या 13.34 प्रतिशत हो गई है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि समूह में जुडने के पश्चात आय के स्तर में वृद्धि हुई है और वह पहले की अपेक्षा अपना जीवन-यापन बेहतर ढंग कर पा रहे है।

व्यक्ति अपनी मौजूदा आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं आर्थिक सुदृढता के लिए समूह के माध्यम से ऋण लेकर अन्य व्यवसाय, स्वरोजगार, कृषि उपकरण या अन्य कार्य करता है, और अतिरिक्त आय प्राप्त करता है। जिससे उसका जीवन स्तर में परिवर्तन होता है और धीरे-धीरे वह आर्थिक आत्मनिर्भर हो जाता है। इसी उद्देश्य के लिए निम्न कारणों से वह ऋण लेता है।

तालिका क्रं. 4: स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋण लेने का कारण

क्र	ऋण लेने का कारण	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	कृषि कार्य	9	10.00
2.	लघु उद्योग	12	13.33
3.	कुटीर उद्योग	5	5.56
4.	व्यवसायिककार्य के लिये	56	62.22
5.	कुक्कुट, मत्स्य पालन	8	8.89
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उक्त तालिका क्र. 04 में स्वयं सहायता समूह से ऋण लेने के कारणों को स्पष्ट किया गया है। जिसमें सर्वेक्षण के दौरान पाया गया है कि कुल सर्वेक्षित उत्तरदाता में से 62.22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ऋण व्यवसायिक कार्य के लिए ऋण लिया है। 8.89 प्रतिशत उत्तरदाता ने कुक्कुट तथा मत्स्य पालन के लिए ऋण लिया हुआ हैं। वहीं कृषि कार्यो के लिए 10.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने समूह से ऋण प्राप्त किया हुआ है। जबकि लघु तथा कुटीर उद्योग के लिए क्रमश: 13.33 तथा 5.56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्टार्टअप तथा मेक इन इंडिया के लिए उद्यम स्थापित करने के लिए स्वंय सहायता समूह से ऋण लेकर अपना व्यवसाय तथा उद्यम स्थापित किया हुआ है।

बैंक द्वारा ऋण राशि पर ब्याज वसूल किया जाता है। ब्याजदर मासिक, त्रैमासिक ,अर्द्धवार्षिक या वार्षिक हो सकती है तथा ब्याज दर में भी भिन्नता हो सकती है। इस तालिका में समूह के सदस्यों द्वारा बैंक से प्राप्त ऋण राशि पर ब्याज की दर का आकलन प्रस्तुत किया गया है।

तालिका क्रं. 5: स्वयं सहायता समूह के द्वारा प्राप्त ऋण की राशि पर ब्याज की दर

क्रं.	ब्याज की दर	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	0-1	02	2.22
2.	2-3	86	95.56
3.	3- से अधिक	02	2.22
	योग	90	100

स्रोंत: प्राथमिक सर्वेक्षण के आधार पर।

उक्त तालिका क्र. 05 में स्वंय सहायता समूह से ऋण प्राप्ति पर ब्याज दर की स्थिति का अध्ययन किया गया है। जिसमें कुल उत्तरदाता में से 2.22 प्रतिशत उत्तरदाता ने बताया है कि स्वयं से ऋण पर ब्याज की दर 1 प्रतिशत से मासिक होती है। वहीं 95.56 प्रतिशत उत्तरदाता ने बताया है कि ब्याज की दर 2 से 3 प्रतिशत मासिक निर्धारित की जाती है। जबकि 3 प्रतिशत से अधिक ब्याज की दर 2.23 प्रतिशत उत्तरदाता ने बताया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य है ग्रामीण महिलाओं को समाज में प्रतिष्ठित करना या उनकी सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। महिला सशक्तिकरण द्वारा ही महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। स्वयं सहायता समूह की सदस्यों की सामाजिक प्रतिष्ठा का अध्ययन करने पर निम्न तथ्य प्रकाश में आए है।

तालिका क्रं. 6: उत्तरदाताओं का सामाजिक प्रतिष्ठा का स्तर

क्रं.	सामाजिक प्रतिष्ठा का स्तर	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	वृद्धि	73	81.11
2.	कमी	6	6.67
3.	यथावत्	11	12.22
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उपरोक्त तालिका क्र. 06 में स्वयं सहायता समूह में जुडने के बाद सामाजिक प्रतिष्ठा की स्थिति का अध्ययन किया गया है। जिसके अवलोकन से स्पष्ट है कि 81.11 प्रतिशत उत्तरदाता ने स्वीकार किया है कि समूह में जुड़ने के बाद उनकी समाज में प्रतिष्ठा में तीव्र सकारात्मक बदलाव हुआ है। क्योंकि पहले की तुलना में ज्यादा महत्व एवं महत्वपूर्ण कार्यो में सम्मिलित किया जाता है। जबकि 6.67 प्रतिशत उत्तरदाता ने बताया है कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आयी है। जबकि 12.22 प्रतिशत उत्तरदाता ने स्वीकार किया है कि सामाजिक प्रतिष्ठा में कोई बदलाव नहीं आया है।

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की उपलब्धता व स्थायित्व निश्चित व नियमित नहीं होता है। लेकिन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थायित्व किया या अन्य स्त्रोंत से रोजगार के स्थायित्व की स्थिति की जानकारी निम्न तालिका में प्रस्तुत की गई है।

तालिका क्रं.7: उत्तरदाताओं के रोजगार की स्थिति

क्रं.	रोजगार में स्थायित्व	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	वृद्धि	75	83.33
2.	कमी	7	7.78
3.	यथावत्	8	8.89
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उपरोक्त तालिका क्र. 07 में रोजगार की स्थिति का अध्ययन किया गया है। जिसमें कुल सर्वेक्षित उत्तरदाता में से 83.33 प्रतिशत उत्तरदाता के रोजगार में वृद्धि हुई है। जबकि 7.78 उत्तरदाता ने कमी को स्वीकार किया गया है।

जनजातीय क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अपेक्षाकृत कम होती है। बीमारी की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने के बजाय झाड़-फूँकं व बड़वा के पास जाते है। प्राकृतिक चिकित्सा का भी प्रचलन है। लेकिन समूह से जुडने के बाद स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लोगों में आ रही है। निम्न तालिका में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की स्थिति स्पष्ट की गई है।

तालिका क्रं. 8: उत्तरदातओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की स्थिति

क्रं.	स्वास्थ्य के जागरूकता स्थिति	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	वृद्धि	55	61.11
2.	कमी	6	6.67
3.	यथावत्	29	32.22
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उक्त तालिका 08 में स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता की स्थिति का अध्ययन किया गया है। जिसमें कुल सर्वेक्षित उत्तरदाताओं में से 61.11 प्रतिशत उत्तरदाता को स्वास्थ्य के संबंध जागरूकता में वृद्धि हुई है। जबकि 6.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में कमी हुई है, 32.22 प्रतिशत यथवत् है।

स्वास्थ्य संबंधी सुविधा के लिए शासन द्वारा 108 डायल एक बहुउपयोगी योजना है, जिसके माध्यम से गंभीर स्थिति में व्यक्तियों त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मिल जाती है। उतरदाताओं द्वारा 108 डायल का उपयोग करने संबंधी जानकारी निम्न सारणी से प्राप्त हुई है।

तालिका क्रं. 9: उत्तरदाताओं द्वारा 108 डायल का उपयोग

क्रं.	108 डायल योजना का लाभ स्थिति	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	वृद्धि	79	87.78
2.	कमी	04	4.44
3.	यथावत्	07	7.78
	योग	**90**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण से प्राप्त संमको के आधार पर।

उक्त तालिका क्रं. 09 में 108 डायल के उपयोग के संबंध स्थिति का अध्ययन किया गया है। जिसमें 87.22 प्रतिशत उत्तरदाता 108 डायल योजना का लाभ लेने की स्थिति में वृद्धि की बात को स्वीकार किया गया है। जबकि 5 प्रतिशत ने बाताया है 108 डायल सेवा में कमी हुई है। लेकिन 7.78 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 108 डायल योजना का लाभ की स्थिति को यथावत मानते है।

समस्या– अध्ययन के दौरान विकास जागरूकता कि साथ ही कुछ समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण हुआ।

1. परिवारों में पारम्परिक परिप्रेक्ष्य में महिलाओं को घर से बाहर निकलाकर कार्य करने की स्वीकृति न मिलना।
2. महिला के नेतृत्व में कार्य करना असुविधाजनक व असहज महसूस करना।
3. महिलाओं पर ढोहरी जिम्मेदारी आ जाने से शारीरिक व मानसिक तनाव का कारण।

सुझाव:

1. आजीविका मिशन योजना द्वारा ग्रामीण विकास हो रहा है, लेकिन ग्रामीणों में अभी भी परम्पराओं और रीति–रिवाजों के प्रति अट्ट श्रद्धा है जिनकी समय के साथ, उपयोगिता व प्रांसगिकता नही रही है। उनके प्रति जागरूकता की आवश्यकता है।क्योंकि उनके निर्वाह में अनावश्यकत व्यय होता है।
2. महिलाओं के प्रति परिवार व समाज में विचारधार में परिवर्तन की आवश्यकता है।
3. महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन एवं समर्थन देने की आवश्यकता है।
4. बचत के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता है।

निष्कर्ष– दीनदयाल अन्त्योद योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक विकास तो हुआ है, साथ ही सामाजिक दृष्टि से भी प्रगतिशील है। यदि उपरोक्तानूसार सुझावों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए तो जो भी समस्याएँ पाई गई है, उनका समाधान होने से ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक– सामाजिक विकास अपेक्षाकृत बेहतर हो सकता है। आवश्यकता इस बात कि है कि इस योजना का प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही इसके कियान्वयन में गंभीरता व इच्छाशक्ति आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Roy, Jayashree (2014), IRDP to NRLM: A Brief Review of Rural Development Initiatives in India, International Journal of Humanities and Social Science Invention ISSN-2319 – 7714, pp. 5-8
2. Jagadeeswari,B.Yasodha(2015½]EMPOWERMENT OF SHG WOMEN MEMBERS IN राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कार्यान्वयन का स्वरूप, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 2014
3. CUDDALORE DISTRICT THROUGH AAJEEVIKA-NRLM SCHEME BY MAHALIR THITTAM, International Journal of Business and Administration Research Review, ISSN -2348-0653, pp. 15-21
4. DasGupta, Manidipa and Roy, Nirupom (2015), National Rural Livelihood Mission (NRLM) and Sustainable Livelihood Development through Poverty Alleviation, International Journal of Multidisciplinary, ISSN- 2455-3085, pp. 107-113
5. 'ग्रामीण विकास को समर्पित' कुरूक्षेत्र अक्टूबर 2018।
6. श्री निवासन जीनेशनल लाइवलीहुड्स मिशन कुरूक्षेत्र, नं. 12 अक्टूबर 2011।107. सिंह चरणदाधीच, सी.एल.एवं अनंत एस. वित्तीय समावेशन और सामाजिक बदलाव योजना , अंक 8 अगस्त 2015।
7. प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार भारत 2015 अध्याय ग्रामीण और शहरी विकास, पृष्ठ634–688।
8. ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ: राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन– स्वयं सहायता समूह के चरण एवं सूक्ष्म वित संबधित पुस्तिका।
9. ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ राज्य ग्रामीण आजीवका मिशन– समूह से समृद्धि की ओर (पत्रक)।
10. हलचल (2014), जेवियर समाज सेवा संस्थान, राँची, पृ. 15

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

नैतिक शिक्षा के महान दार्शनिक गुरु नानक

डॉ. रविन्द्र गासो *

* एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (हिन्दी) डी.ए.वी. कॉलेज, पूण्डरी (कैथल) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) भारत

शोध सारांश – गुरु नानक देव जी मध्यकालीन भारत की सन्त काव्य-धारा के सर्वप्रमुख कवियों में से एक हैं। आपने धर्म-व्यवस्था और समाज-व्यवस्था में सुधार के लिए क्रांतिकारी दर्शन दिया। अपनी विचारधारा को क्रियान्वित करने के लिए गुरु जी ने 'किरत (श्रम) करो', 'वंड छको' (बांट कर खाओ), 'नाम जपो' के जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, उसकी बुनियाद नैतिकता है।

गुरु जी का समूचा जीवन व दर्शन नैतिकता का महान उदाहरण है। समाज, जीवन, अध्यात्म के अपने आदर्श में गुरु जी ने नैतिकता को बुनियाद माना है। यह नैतिकता साधारण या कृत्रिम नहीं - न्यायपूर्ण, शोषणमुक्त, भ्रष्टाचार-मुक्त, अत्याचार-मुक्त व्यवस्था इसका आधार है।

गुरु जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनुष्य को उसके कुकर्मों की सजा अवश्य मिलेगी। बुरे कर्म करने वाले राजाओं, धर्म के ठेकेदारों, पुरोहितों आदि सभी को गुरु जी ने बुरे कर्म करने, लोगों का शोषण करने, भ्रष्टाचार करने, चोरी-यारी करने, लोभ-लालच- अहंकार करने, पाखण्ड, अंधविश्वास करने के लिए लताड़ा है। कथनी और करनी की एकता आपके जीवन और विचारधारा का आधार है।

गुरु जी स्पष्ट कहते हैं कि जीवात्मा अगर बातों से अच्छी है परन्तु उसके कर्म अच्छे नहीं हैं, मन में खोट है और बुराई है तो बाहर से अच्छा दिखने का कोई लाभ नहीं है। सत्य को तभी जाना जा सकता है जब हृदय भी सच्चा हो।

प्रस्तावना – गुरु नानक देव जी (1469-1539 ई.) मध्यकालीन भारत के महान सन्त, क्रान्तिकारी, समाज-सुधारक, अद्‌भुत-अद्वितीय युग-द्रष्टा और युग-स्रष्टा हैं। धर्म-व्यवस्था ही नहीं, समाज व्यवस्था में सुधार हेतु गुरु नानक देव जी ने जो फलसफा दिया, उसका सबसे सशक्त पक्ष है उसे व्यावहारिक-मॉडल बनाकर क्रियान्वित करना। आपका फलसफा यथार्थ-ऐतिहासिक जमीन से पैदा हुआ। भारतीय समाज को रूढ़ियों, अन्धविश्वासों, कर्मकाण्डों, अज्ञानता, मूर्त्ति-पूजा, जाति-प्रथा, स्त्री व मानव-विरोधी विचारधारा, भय-भ्रम-अनैतिकता से मुक्त करने का काम गुरु नानक देव जी ने किया।

गुरु जी की वाणी (कुल 974 सबद) 'श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी' में सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित है, इसीलिए इसमें प्रक्षिप्त अंश नहीं हैं।

गुरु जी ने 25 वर्ष उदासियों (लम्बी धार्मिक यात्राएँ) के अनुभवों के उपरान्त जीवन के अन्तिम 18 वर्ष रावी नदी के तट पर करतारपुर नामक स्थान पर समाज-जीवन-अध्यात्म के अपने अनुपम-अद्वितीय मॉडल को कार्य रूप दिया। इसमें 'नैतिकता' को बुनियाद माना गया है। यह 'नैतिकता' साधारण या कृत्रिम नहीं क्योंकि न्यायपूर्ण, शोषणमुक्त, भ्रष्टाचार-अत्याचार मुक्त व्यवस्था इसका आधार है। गुरु जी की इस नैतिक-शिक्षा को समझना उनके फलसफे को समझने के लिए बहुत जरूरी है।

कथनी और करनी में एकत्व का भाव गुरु नानक दर्शन की बुनियाद है। बाबा नानक का जीवन ठोस यथार्थ के वैज्ञानिक आधारों पर खड़ा अद्वितीय अद्‌भुत प्रकाश-स्तम्भ है। गुरु जी ने अपनी वाणी में जो रास्ता दिखाया, उस पर स्वयं अपनी महान जीवन गाथा लिखी। आपका सब कुछ सचमुच का है, कुछ भी कृत्रिम, मिथ्या या दोहरा या दिखावे का नहीं है। उन्होंने सर्वोच्च नैतिक मूल्यों, आदर्शों, मानवीयता की स्थापना की। इतिहास में ऐसे दार्शनिक दुर्लभ हैं जिन्होंने अपनी कथनी (दर्शन) को करनी (व्यावहारिक रूप) में बदला हो। इसी कारण गुरु नानक देव जी दुनिया के सभी धर्मावलम्बियों, सभी वर्गों में समादृत हैं। गुरु नानक देव जी की वाणी का अध्ययन हमें बताता है कि उन्होंने जिन बुनियादी बातों को आधार बनाया उनमें है :-

1. ईश्वर की सच्ची वास्तविक संकल्पना की खोज।
2. जगत और जीवन का सार और उद्देश्य।
3. सच्ची भक्ति का मार्ग सच्चा हृदय है।
4. काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार के परित्याग हेतु मानव-समाज में भेदभाव, शोषण और अन्याय को समाप्त करना नानक-दर्शन का मूलाधार है।
5. अच्छे कर्मों, उच्च नैतिक मूल्यों-आदर्शों का पालन नहीं करने वाली भक्ति और जीवन अर्थहीन है और उसे कुकर्मों की सजा अवश्य मिलेगी।

नानक-दर्शन बातों से अच्छा होने और कर्म में नीच या बुरा होने को स्वीकार नहीं करता। मन से दोषयुक्त, बुरा देखने वाली और बाहर से सुन्दर दिखने वाली जीवात्मा को गुरु जी ने पूर्णतः असफल, निरर्थक कहा है।

गली असी चंगीआ आचारी बुरीआह।
मनहु कुसुधा कालीआ बाहरि चिटवीआह।।

हम (जीव रूपी नारियां) बातों से अच्छी बनती हैं, परन्तु (यह कैसे हो सकता है जब हम कर्म में अच्छी नहीं हैं।) (हम) मन से खोटी और बुरा देखने वाली हैं, परन्तु बाहर से सुन्दर बनकर दिखलाती हैं।

गुरु-नानक जी 'रहत' अर्थात् 'रहणी' की मर्यादा (रहत-मर्यादा) का निष्कर्ष देते हैं। गुरु जी ने देश-काल और धर्म-जाति की सीमाओं को दरकिनार कर 'मानस-धर्म' की स्थापना की।

'गुरु जी ने अपनी धर्म-साधना में सदाचरण को विशिष्ट स्थान दिया है। सदाचरण के भी आगे दो रूप देखे जा सकते हैं - एक नैतिक आचरण यथा - धीरज, संतोष, संयम, परोपकार, दया, क्षमा, शील, समदर्शिता, निर्भयता, निरवैरता, परस्पर प्रेम-भाव, उदारता, सहनशीलता आदि। और दूसरे निषिद्ध आचरण का त्याग, यथा - कामादिक वासनाएं, मान, कपट, तृष्णा आदि का निषेध। गुरु जी ने अपनी वाणी में सर्वत्र नैतिक आचरणों के पालन पर बल दिया है और निषिद्ध कर्मों के त्याग में ही मनुष्यता का कल्याण बताया है। अत: गुरु नानक देव जी के सहज-धर्म की आधारभूमि सच्ची नैतिकता है। इसी का नामांतर 'रहणी' अथवा 'रहत' है।'[1]

'सचु करणी अरु अंतरि सेवा' अर्थात् शुभ कर्म और हृदय में लोक-सेवा की उमंग ही अगम-अलख निराकार ईश्वर के ध्यान में सन्तुष्टि का आधार है। ईश्वर-ध्यान में सन्तुष्टि का भाव अच्छे कर्मों और जन-सेवा के बिना संभव नही। गुरु नानक देव जी सेवा को सर्वोच्च भाव के लिए सन्तोषी होना जरूरी मानते हैं -

'सेव कीती संतोखीईं जिन्ही सचो सचु धिआइआ।
ओन्ही मंदे पैरु न रखिओ करि सुक्रितु धरमु कमाइआ।।'

अर्थात् (अहन्त्व से मुक्ति पाने का साधन सेवा है, परन्तु) 'सेवा सन्तोषी मनुष्य कर सकते हैं जिन्होंने केवल सत्य प्रभु की उपासना की है। वे अशुभ कर्मों में पैर नहीं रखते, वे शुभ कर्म करके अपना धर्म पालन करते हैं।'[2]

ज्यादातर धर्मोपदेशक भक्ति-मार्ग में सिर्फ जप-तप यानी समाज-मानवता से अलग रहकर आत्मिक-साधना का मार्ग बताते हैं। लेकिन गुरु नानक देव जी 'विचि दुनिया सेव कमाईए ता दरगह बैसणु पाईए' की बुनियादी बात कहते हैं। वे कहते हैं - 'करणी बाझहु भिसति न पायी' (नेक करनी (कर्मों) के बिना किसी को बहिशत नहीं मिलता) या फिर 'अगै करणी कीरति वाचीए बहि लेखा करि समझाइआ' (कर्मों की गुण-स्तुति का लेखा-जोखा होता है।) या फिर 'मंदा चंगा आपणा आपे ही कीता पावणा' (अपने किये अच्छे-बुरे कर्मों का फल स्वयं उसे ही आगे जाकर मिलेगा।)

'आसा दी वार' की पउड़ी-21 में गुरु नानक देव जी का वचन है कि जब प्रत्येक मनुष्य को अपने किये हुए कर्मों का ही फल मिलता है तो फिर अशुभ कमाई क्यों की जाये (अशुभ कर्म क्यों किये जायें) बुरे कर्म सर्वथा नहीं करने चाहिए, लम्बी नज़र (दूर-दृष्टि) रखनी चाहिए कि बुरे कर्मों का फल क्या होगा -

'जितु कीता पाईऐ आपणा सा घाल बुरी किउ घालीऐ।
मंदा मूलि न कीचई दे लम्मी नदरि निहालीऐ।।'

(आसा दी वार; पउड़ी-21)

अनगिनत धर्म-ग्रन्थों के अनगिनत पाठ करने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि प्रभु की सभा में केवल एक बात स्वीकृत होती है कि अच्छे कर्म करते हुए अहंकार त्यागकर मनुष्य प्रभु के समीप जा सकता है या नहीं -

पढ़ि पढ़ि गडी लदीअहि ...।

x x x x

नानक लेखै इक गल होरु हउमै झखणा झाख।

(आसा दी वार)

गुरु नानक देव जी शुभ-कर्म को जीवन का व्यवहार बनाने का उपदेश कृषि-कर्म के रूपक द्वारा समझाते हुए कहते हैं कि मन को हल चलाने वाला हलवाहक, शुभ-कर्म को खेती का धन्धा (काम-काज), श्रम को पानी और शरीर को खेत बना। **'नाम'** को बीज बनाकर सन्तोष रूपी सुहागा (खेत समतल करने वाला लकड़ी का मोटा शहतीर) चला। गरीबी का वेष (ड्योल) बना अर्थात् विनम्रता की ड्योल पानी को रोकने, संयमित करने हेतु बनानी है। प्रभु-प्रेम को खेती के जैसा काम बनाओ तो यह खेती फलदायिनी होगी। जो इस प्रकार की खेती करते हैं, उनके घर भाग्यों से पूर्ण देखोगे -

मनु हाली किरसाणी करणी सरमु पाणी तनु खेतु।
नाम बीजु संतोखु सुहागा रखु गरीबी वेसु।
भाउ करम करि जंमसी से घर भागठ देखु।

(राग सोरठि)

यह इसलिए भी जरूरी है कि सत्य-प्रभु सभी के कर्मों को देखता है, उसके आगे जाति या बल नहीं चलता, जीवों की पहचान उसके कर्मों से होती है -

'अगै जाति न जोरु है अगै जीउ नवे।'

गुरु नानक देव जी तत्कालीन दुरावस्था के चित्रण में मनुष्य के बुरे कर्मों का खण्डन करते हुए लिखते हैं -

'लबु पापु दुइ राजा महता कूड़ होआ सिकदार।
कामु नेबु सदि पुछीऐ बहि बहि करे बीचारु।
अंधी रयति गिआन विहूणी भाहि भरे मुरदारु।
गिआनी नचहि वाजे वावहि रूप करहि सीगारु।
उचे कूकहि वादा गावहि जोधा का वीचारु।
मूरख पंडित हिकमति हुजति संजै करहि पिआरु।
धरमी धरमु करहि गावावहि मंगहि मोख दुआरु।
जती सदावहि जुगति न जाणहि छडि बहहि घरबारु।
सभु को पूरा आपे होवै घटि न कोई आखै।
पति परवाणा पिछे पाईऐ ता नानक तोलिआ जापै।'

'(कलियुग में) पाप मानो राजा है, लोभ उसका सचिव है और मिथ्या उसका सरदार है। कामदेव सहायक है जिसे बुलाकर परामर्श किया जाता है और जो इनके साथ बैठकर विचार करता है। इस राज्य की जनता (वे जीव जो इस राज्य के प्रति स्वामी-भक्ति दिखाते हैं) ज्ञानहीन हैं जो मृतकों के समान स्वामी-भक्ति दिखाती है (सिर झुकाती है, अधीनता स्वीकार करती है)। (इस राज्य में ज्ञानी, ध्यानी, पंडित और धर्मात्मा भी हैं) ज्ञानी लोग (रासों में) नाचते हैं - ऊँचा कूदते हैं, युद्धों की कहानियाँ (रामायण, महाभारत, पुराण आदि) गाते हैं और शूरवीरों की बातें करते हैं (और बस वास्तविकता धर्म-साधना कोई नहीं)। पंडित (पढ़े हुए) मूर्ख हैं, चालाकी करते हैं, तर्क भी उपस्थित करते हैं, परन्तु धन-संचय से प्रेम करते हैं। धर्मात्मा लोग धर्म का कार्य करते हैं परन्तु धर्म खो देते हैं (क्योंकि आन्तरिक रूप से वासनाओं के अधीन हैं) वे धर्म-कर्म के मूल्य के रूप में मुक्ति मांग लेते हैं (धर्म-कर्म, धर्म के लिए नहीं, कामना के अधीन होकर करते हैं)। कई अपने आपको यति कहलवाते हैं परन्तु यतित्व की युक्ति नहीं जानते हैं, वैसे ही घरबार छोड़ बैठते हैं। (अद्भुत क्रीड़ा है कि) प्रत्येक मनुष्य अपने आपको पूर्ण समझता है। यह कोई नहीं कहता है कि मुझ में कोई त्रुटि है। (नानक) तोल में ठीक तुला हुआ, अथवा पूर्ण तुला हुआ, वह समझा जाना चाहिए, जो प्रभु की ओर से प्राप्त प्रतिष्ठा रूपी बाट तराजू के पिछले पलडे में डालकर तोला जाए, जो प्रभु के घर तोल में पूर्ण उतरे।'[3]

गुरु नानक देव जी का यह कथन कितना अद्भुत है कि जो धर्मात्मा धर्म-कर्म करके उसे गाता है और उसके एवज़ में मोक्ष मांगता है, उसका धर्म-कर्म व्यर्थ है, निस्सार है। निष्काम कर्म ही फलता-फूलता है। पुण्य-

कर्म करने वालों, दान करने वालों का भी यही हाल है जिन्हें 'वासनाओं' ने अपने आधीन कर लिया है।

'आसा दी वार' में **'जनेऊ संस्कार'** का खण्डन करते हुए गुरु नानक देव जी सत्य-वचन कहते हैं -

'लख चोरिया लख जारीआ लख कूड़ीआ लख गालि।
लख ठगीआ पहिनामीआ राति दिनसु जीअ नालि।'

बुरी संगति, बुरे लोगों के कूड़ (मिथ्या) का गुरु नानक जी खण्डन करते हैं -

'चोरा जारा रंडीआ कुटणीआ दीबाणु।
वेदीना की दोसती वेदीना का खाणु।'

माया-जनित पाँच विकारों को त्यागना भक्ति का उद्देश्य है, मूल है -

हउमै गरबु निवारीऐ कामु क्रोध अहंकारु।
लबु लोभु परजालीऐ नामु मिल आधारु।

बुरे कर्म करने वालों की भक्ति ईश्वर के यहां स्वीकार्य नहीं - **'चोरु सलाहे चीतु न भीजै'** और जो सच्चे हैं उनकी पुकार प्रभु बिना उनके बोले सुन लेता है -

सुणि मन अंधे कुते कूड़िआर।
बिनु बोले बूझीऐ सचिआर।

खोटा सिक्का यदि खरों में मिला भी दिया जाये तो जब भी परख होगी उसे अलग निकाल दिया जायेगा। कर्मों का फल तो मिलेगा ही मिलेगा -

जैसा करे सु तैसा पावै।
आपि बीजै आपै ही खावै।

गुरु नानक देव जी भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्ती से हिदायत करते हैं। उनका मानना है कि चोरी का धन चोर (मोहाका) अपने पितरों के निमित्त दान देता है तो उसके पितरों को चोर ठहराया जायेगा। दूसरों का घर लूट कर, लूटे हुए धन से पिण्ड-दान करवाने वाले ब्राह्मण को भी न्याय दिया जायेगा अर्थात् उसे भी दण्ड मिलेगा (उसके हाथ काटे जायेंगे)। इसलिए निष्कर्ष यह है कि आगे वही मिलता है जो अच्छे कर्मों की नेक कमाई में से पितरों के निमित्त दिया गया है -

जे मोहाका घरु मुहै घरु मुहि पितरी देइ।
अगै वसतु सिञाणीऐ पितरी चोर करेइ।
वढीअहि हथ दलाल के मुसफी एह करेइ।
नानक अगै सो मिलै जि खटै घाले देइ।।

रिश्वतखोर से भी बड़ा पापी शोषक है। शोषण की एक व्यवस्था है। इस व्यवस्था में सत्ताधारी शोषक मनुष्यों का आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक शोषण करते हैं। परम्परागत व्याख्याता रक्त पीने वाले शाष्शण का अर्थ अत्याचार करते हैं, अत्याचार को महज शारीरिक-क्षति तक सीमित कर भावार्थ किया जाता है। जबकि शोषण सदियों से दलित-पीड़ित जनता का सन्ताप है। गुरु नानक देव जी द्वारा **'माणसखाणेय, 'छुरी चलाने वालेय, 'रक्त पीने वालेय** लोगों की पहचान मनुष्यों के बुरे कर्मों की श्रेणी में रखी गई है - जिसके अर्थ वृहद सांस्कृतिक इतिहास के सन्दर्भों में करने अपेक्षित हैं-

'माणसखाणे करहि निवाज
छुरी वगाइनी तिन गलि ताग।
x x x
कूड़ी रासि कूड़ा वापारु।
कूड़ु बोलि करहि आहारु।
सरम धरम का डेरा दूरि।
नानक कूड़ु रहिआ भरपूरि।
मथै टिका तेड़ि धोती कखाई।
हथि छुरि जगत कासाई।
नील वसत्र पहिरि होवहि परवाणु।
(आसा दी वार)

गुरु नानक देव जी हिन्दु और मुसलमान दोनों धर्मों के सत्ताधारी धर्म-गुरुओं के शोषण का निष्पक्ष व ईमानदारी से खण्डन करते हैं - इस प्रकार उन्होंने हिन्दू और मुसलमान धर्मावलंबी जनता की मुक्ति का सुनहरा सपना बुना जो भविष्य में जनता के मुक्ति-संघर्षों में बड़ी भूमिका बना।

गुरु नानक देव जी बड़ा सवाल खड़ा करते हैं कि खुदा का नाम अगर पवित्र हृदय से उच्चरित किया जाये तभी प्रभु की दरगाह में स्वीकृत होगा। मनुष्यों का रक्त पीने वालों का हृदय कैसे पवित्र रह सकता है। रक्त-पीने का अर्थ अन्याय-अत्याचार ही नहीं शोषण की भयंकर दीर्घ व्यवस्था है-

'जे रतु लगै कपड़ै जामा होइ पलीतु।
जो रतु पीवहि माणसा तिन किउ निरमलु चीतु।
नानक नाउ खदाइ का दिलि हछै मुखि लेहु।
अवरि दिवाजे दुनि के झूठे अमल करेहु।'

दूसरे का अधिकार छीनना (मुरदारु) मृत-पशु खाने के समान है, ऐसे आगू (नेता) अन्ततः प्रभु की कचहरी में पहचाने जाते हैं -

कूड़ि बोलि मुरदारु खाइ।
अवरी नो समझावणि जाइ।
मुठा आपि मुहाए साथै।
नानक ऐसा आगू जापै।

'माझ की वार' में गुरु नानक देव जी का वचन है -

हकु पराइआ नानका उसु सुअर उस गाई।
गुरु पीर हामा ता भरे जा मुरदारु न खाइ।
गली भिसती न जाईऐ छुटै सचु कमाइ।
मारण पाहि हराम महि होइ हलालु न जाइ।
नानक गली कुड़ीई कूड़ो पलै पाइ।

दूसरे के अधिकार छीनना मुसलमान के लिए सूअर खाने के समान है और हिन्दू के लिए गाय। जो मनुष्य ऐसा जघन्य पाप नहीं करता और नेक कर्म करता है, गुरु और पीर उसी मनुष्य की सिफारिश करता है। केवल बातों से मनुष्य को स्वर्ग नहीं मिलता। वहां मुक्ति सच की कमाई से ही मिलती है, अच्छे-कर्म ही सच्ची कमाई हैं। और भी अच्छे ढंग से इसकी व्याख्या करते हुए गुरु नानक देव जी कहते हैं कि हराम (अधर्म) की कमाई के धन में मसाले डाले जायें तो वह हलाल (धर्म की कमाई का धन) नहीं हो सकता। मसाले का अर्थ दान-पुन्न करना है। हराम की कमाई हराम ही रहेगी चाहे उसमें से कितना भी दान-पुन्न कर लें। कूड़ (मिथ्या, झूठी बातों) से सत्य नहीं मिलता अर्थात् बुरे कर्मों से ईश्वर की प्राप्ति नहीं।

'करणि कलमा आखि कै ता मुसलमाणु सदाइ' अर्थात् अच्छे-ऊँचे कर्म करने वाला ही मुसलमान कहलाने का अधिकारी है -

'मिहर मसीति सिदकु मुसला हकु हलाल कुराणु।
सरम सुँनति सीलु रोजा होलु मुसलमाणु।
करणी काबा सचु पीरु कलमा करम निवाज।

तसबी सा तिसु भावसी नानक रखै लाज।

दया, दृढ़-आस्था, हक-हलाल की कमाई, मेहनत, शील, ऊँचे-अच्छे कर्म, सत्य, अच्छा-व्यवहार-आचरण, प्रभु-इच्छा के प्रति समर्पण आदि गुणों वाला ही मुसलमान है, जिसकी प्रभु रक्षा करता है।

समस्त जीवों के प्रति दया (सरबि जीआ मिहरंमति) करना अच्छे-शुभ-ऊँचे कर्म का
आधार बिन्दु हैं।

'बदफैली गैबाना खसमु न जाणई।
सो कहीऐ देवाना आपु न पछाणई।'

गुरु नानक देव जी कहते हैं जो छिपकर (गँवारु) बुरे-कर्म (बदफैली) करता है उसे न अपनी पहचान है न ही प्रभु की। प्रभु सर्वत्र विद्यमान है और उससे कुछ छिप नहीं सकता।

गुरु नानक देव जी **'हउमै'** को त्याग कर नम्रता को जिन्दगी जीने का आधार मानते हैं। तराजू का भारी पलड़ा ही झुकता है। फलदार टहनी ही झुकी हुई होती है। सभी गुणों का सार-तत्तव मधुर-व्यवहार और विनम्रता है -

'मिठतु नीवी नानका गुण चंगिआईआ ततु'

एक और श्लोक है **'आसा दी वार'** में -

'नानक फिकै बोलिऐ तनु मनु फिका होइ ....।'

झूठी प्रतिष्ठा और दिखावा करने वालों से अच्छे वे गरीब हैं जो अच्छे कर्म करते हैं-

'अंदरहु झूठे पैज बाहरि दुनीआ अंदरि फैलु।
अठसठि तीरथ जे नावहि उतरै नाही मैलु।
जिन्ह पटु अंदरि बाहरि गुदड़ु ते भले संसारि।'
(आसा दी वार)

कर्मों का महत्त्व गुरु नानक देव जी की विचारधारा में सर्वोपरि है। गुरु जी अच्छे कर्मों से कोई समझौता नहीं करते। उन्होंने अच्छे कर्मों में सच्चाई को देखा और दिखावा करने वालों की खबर ली है। भक्ति-कर्म में, सामाजिक जीवन में, व्यवस्था में कहीं भी कृत्रिम-झूठे लोगों को गुरु जी ने गलत ही नहीं कहा, उनका सख्त शब्दों में खण्डन किया है। गुरु जी का वचन है कि सच्चे हृदय से ही सच्चे प्रभु का दीदार हो सकता है -

'सचु ता परु जाणीऐ जा रिदै सचा होइ।'

गुरु नानक देव जी बातों में अर्थात् सिर्फ कहने भर के लिए अच्छे-कर्मों का महत्तव बताना निरर्थक मानते हैं। उनके जीवन का, विचारधारा का आधार ही **'कथनी और करनी'** की एकता है। इसीलिए मानव-समाज को चेतावनी देते हुए गुरु नानक देव जी फरमाते हैं -

'गलीं असी चंगीआ आचारी बुरीआह।
मनहु कुसुधा कालीआं बाहरि चिटवीआह।'

अर्थात् 'हम (जीव रूपी नारियां) बातों से अच्छी बनती हैं परन्तु (यह कैसे हो सकता है) जब हम कर्म में अच्छी नहीं हैं। (हम) मन से खोटी और बुरा देखने वाली हैं, परन्तु बाहर से सुन्दर दिखलाती हैं।'[4]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. रतन सिंह जग्गी; गुरु नानक : व्यक्तित्व, कृतित्व और चिन्तन; भाषा विभाग, पंजाब, पटियाला; 1995; पृ. 661
2. डॉ. तारन सिंह; गुरु नानक वाणी प्रकाश; पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला; 1988; पृ. 556
3. वही, पृ. 568-69
4. वही, पृ. 207
5. डॉ. रविन्द्र गासो; गुरु नानक देव जी : व्यक्तित्व और विचारधारा; अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली, 2022
6. डॉ. रविन्द्र गासो; गुरु नानक कृत, 'आसा दी वार' : एक अध्ययन; अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली; 2022
7. डॉ. रविन्द्र गासो; गुरु नानक कृत, 'जपुजी साहिब' : एक अध्ययन; अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली; 2022
8. डॉ. रतन सिंह जग्गी (सं.); 'आसा दी वार' का टीका (पंजाबी में); पंजाबी यूनिवर्सिटी; पटियाला; 2009
9. डॉ. गुरशरन कौर जग्गी; आसा दी वार : व्याख्या और विश्लेषण (पंजाबी में); पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला; 2010
10. प्रो. हरबंस सिंह; गुरु नानक और सिक्ख धर्म की उत्पत्ति (पंजाबी में); पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला; 2010
11. भाई जोध सिंह; गुरु नानक वाणी; (पंजाबी में) नैशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, नई दिल्ली; पाँचवां संस्करण, 1996

****

महिला उद्यमियों के विकास में तृतीय क्षेत्र का योगदान

कमल सिंह मालवीय* डॉ. आर.के.बाकलिवाल **

*शोधार्थी, शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक, शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – इतिहास साक्षी है कि पुरातन काल में भारत उद्यमिता व स्वरोजगार के मामले में अन्य देशों की तुलना में श्रेष्ठता के शिखर पर था। भारत में औद्योगिक कला तथा शिल्प कला तथा कारीगरी में श्रेष्ठ था। प्राचीन काल से चली आ रही उद्यमिता की अवधारणा विगत कुछ वर्षों में कुछ फीकी सी रह गई है क्योंकि उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी काफी कम देखी गई है। अत: आज भारत को जरूरत है महिला उद्यमिता को बढ़ाने की वहीं दूसरे पक्ष में देखा जाए तो महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आज तृतीय क्षेत्र का योगदान काफी बढ़ रहा है क्योंकि तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत बैंक आते हैं। बैंक के द्वारा ही वित्त की व्यवस्था होती है हम कह सकते हैं कि बैंक आज अपना योगदान महिला उद्यमियों के विकास में दे रही है साथ ही साथ उद्योगों के कार्य में परिवहन बैंक भंडारण संचार इत्यादि तृतीयक सेवाएं अपना योगदान दे रहे हैं यदि व्यवसाय चल रहे हैं तो उनमें कर्मचारियों की भी आवश्यकता है। अत: कर्मचारी भी तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि उद्योगों के विकास में तृतीय क्षेत्र अपना योगदान दे रहा है वहीं मध्यप्रदेश में देखा जाए तो महिला उद्यमियों के विकास हेतु शासन द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें की महिला उद्यमियों को वित्त की व्यवस्था की जा रही है साथ ही साथ उन्हें वित्त जाने की ऋण में विशेष प्रकार की सब्सिडी अथवा छूट भी प्रदान की जा रही है अत: हम कह सकते हैं कि महिला उद्यमियों के विकास में शासन के साथ-साथ तृतीय क्षेत्र अपना विशेष योगदान दे रहा है।

प्रस्तावना – आज हमारे देश में कई प्रकार के उद्योगों का संचालन होता है तथा उद्योगों के प्रति हर व्यक्ति सजग रहता है उद्योग एक ऐसा कार्य हो गया है जिसके द्वारा कम समय में अधिक रोजगार उत्पन्न कर सकते हैं तथा वस्तुओं का सदुपयोग भी हम कर सकते हैं। भारत में उद्यमियों की स्थिति भारत आजाद होने से पहले बिगड़ी हुई दुर्दशा थी लेकिन जैसे ही भारत आजाद हुआ भारत में द्वितीय पंचवर्षीय योजना में उद्योगों के प्रति काफी जागरुकता देखी गई व्यापार में भारत विदेशों से अपने संबंध बनाने लगा तथा भारतीय लोग विदेशों से नई तकनीकी लाने लगे जिससे उद्योगों की स्थिति बढ़ने लगी लेकिन बड़े बड़े स्तर पर देखा जाए तो उद्योग का संचालन सिर्फ पूंजीपति लोग हैं कर पाते थे लेकिन भारत की ज्यादा आबादी के कारण अधिकतर लोग मजदूर बनकर ही रह गए लेकिन इस स्थिति को भारत में गंभीरता से देखा गया। अत: अब छोटे-छोटे स्तर पर उद्योगों का संचालन होने लगा छोटे स्तर पर छोटे छोटे उद्योगों का प्रारंभ हुआ तथा उद्योगों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने लगा हर स्तर पर चाहे छोटे कपड़े के उद्योग हो या छोटी सी बेकरी उद्योग सभी में व्यक्ति अपनी रुचि दिखाने लगा। वैसे देखा जाए तो भारत देश में उद्योगों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जिसका प्रमुख कारण एकमात्र तृतीय क्षेत्र का योगदान है क्योंकि आज तृतीय क्षेत्र में स्थित बैंक बीमा परिवहन संचार तथा सेवा के द्वारा ही उद्योगों का संचालन हो पा रहा है। अत: हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि तृतीय क्षेत्र उद्योगों के विकास में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो आज के युग में महिला उद्यमी एक नए रूप में उभर कर हमारे सामने आई हैं क्योंकि किसी महिला के लिए स्वयं का रोजगार होना उसका एक स्वाभिमान है। अत: महिला उद्यमी अपने उद्योगों के प्रति सजग दिखाई दे रही है भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं को हर कार्य में आगे माना जाता आ रहा है अत: उद्योग के जगत में भी आज महिलाएं अपने कदम आगे रख रही वहीं दूसरी ओर महिला उद्यमियों के सहयोग हेतु बैंक भी अपना कदम आगे बढ़ा रही है। महिला उद्यमियों के लिए उचित समय पर उचित वित्त की पूर्ति बैंकों के द्वारा की जा रही है। बीमा कंपनी भी अपनी सेवाएं महिला उद्योगों को प्रदान कर रही है। परिवहन सेवाओं में महिला उद्यमी अपना कदम आगे बढ़ा रही है अत: हम एक निश्चित रूप से कह सकते हैं कि महिला उद्यमी के सहयोग में तृतीय क्षेत्र यानी कि बैंक बीमा कंपनी परिवहन भंडारण संचार सेवा इत्यादि सहयोग कर रहे हैं तथा साथ ही साथ मध्य प्रदेश शासन के द्वारा भी महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शासन के कई नियमों तथा निर्देशों के अनुसार आज महिला उद्यमी अपने कदम आगे बढ़ा रही हैं।

परिकल्पना– महिला उद्यमियों के प्रति हमने कई विचार प्रस्तुत किए लेकिन इस अति लघु शोध में निम्न परिकल्पनाए रखी है जो निम्न बिंदु अनुसार हैं।

1. तृतीय क्षेत्र का कौन सा महत्वपूर्ण पहलू महिला उद्यमी हेतु सहयोगी है।
2. महिला उद्यमियों के प्रति सरकार की क्या नीतियां हैं।
3. महिला उद्यमियों हेतु वित्त की पूर्ति पर्याप्त है अथवा नहीं।
4. महिला उद्यमियों में युवा वर्ग का रुझान कैसा है।
5. उद्योगों को तृतीय क्षेत्र से जोड़ा जा सकता है।

उक्त परिकल्पनाओं के साथ हमने इस अति लघु शोध को प्रस्तुत किया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अतिलघु शोध में हमने द्वितीयक आकड़ो का प्रयोग किया है। जिसमें विभिन्न समाचान प्रत्रो तथा विभिन्न वेबसाइट का प्रयोग किया है।

तृतीय क्षेत्र – सरल शब्दों में, तृतीयक क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों से

माल का उत्पादन नहीं होता, लेकिन वे विनिर्माण की प्रक्रिया और उपभोक्ताओं तक पहुंचने में सहायता प्रदान करती हैं।

उदाहरण के लिए – परिवहन सेवा का उपयोग करके माल को देश हर कोनो तक पहुँचाया जाता है।

तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निम्न पहलू हैं:

1. शिक्षा
2. वित्तीय सेवाएं
3. परिवहन
4. व्यक्तिगत सेवाएँ
5. दूरसंचार
6. पर्यटन
7. स्वास्थ्य सेवाएँ
8. फार्मेसी
9. सूचान प्रौद्योगिकी
10. अपशिष्ट निपटान
11. परामर्श
12. खुदरा बिक्री
13. फ्रेंचाइजिंग इत्यादि

उद्यमिता की आवश्यकता एवं महत्व– विकासशील देशों में उद्यमिता समृद्धि का एक महत्वपूर्ण आधार है, तो विकसित देशों में यह सृजनात्मक चिंतन सामाजिक समस्याओं, नवप्रवर्तन एवं साहिफ समाज के विकास की महत्वपूर्ण पद्धति है। हमें विश्व के विभिन्न देशों में जो औद्योगिक विकास दिखाई देती है, यह उद्यमियों की ही देन है। ऐसे में उद्यमी अपना तन,मन,धन सर्वस्व लगाकर उपक्रमों को खड़ा करते है। मानवीय एवं प्राक्रतिक साधनों की प्रचुरता समृद्धि के लिए पर्याप्त नहीं है। वस्तुत: ऐसे ही लोग देश अप्रयुक्त साधनों का अधिकतम उपयोग करके उसके आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करते है। उद्यमी ही देश में नवीन वस्तुओं का निर्माण करके रोजगार, विनियोग व आय में वृद्धि करके संतुष्टि के स्तर को ऊँचा करके तथा सम्पूर्ण समाज में उद्यमशीलता व साहसिक चिंतन मनन करके राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाते है। उद्यमी अपनी व्यवसायिक क्रियाओं के द्वारा ही देश की आर्थिक व सामाजिक समस्याओं तथा गरीबी, निम्न उत्पादकता, आर्थिक सामाजिक विषमता, शोषण व अपराध आदि का निवारण करते हैं। श्री येल ब्रोजन ने ठीक ही कहा है साहसीकरण, आर्थिक विकास का अनिवार्य अंग है। वह अर्थव्यवस्था की धुरी होता है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में उसके बिना उद्योग की गाड़ी को चला नहीं सकते।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जाने वाली योजनाएं – महिला उद्यमियों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनमें से कई योजनाएं ऐसी हैं जो महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करती है। तथा प्रशिक्षित करने के साथ में उन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान करती अत: शासन द्वारा चलाई जाने वाली निम्न योजनाएं हम यहां पर देखेंगे।

कौशल्या योजना– कौशल्या योजना राज्य सरकार द्वारा वित्त–पोषित योजना है जिसके अंतर्गत रोजगार उन्मुखी राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप महिलाओं हेतु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन करना है।

योजना का उद्देश्य –

1. रोजगार अथवा स्त्रोजगार प्राप्रू करने के लिए महिलाओं को आवश्यमक कौशल प्रदाय करना।
2. गैर–परम्परागत क्षेत्रों में कौशल प्रदान कर महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना।
3. महिलाओं की रोजगार अवसर में वृद्धि करना।
4. प्रशिक्षण उपरांत पारिश्रमिक स्तर में वृद्धि हासिल करना।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाएं– मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिला उद्यमियों को वित्तीय सुविधाएं बैंक द्वारा दी जाती है। तथा समय–समय पर इन वित्तीय वित्तीय ऋणों पर विशेष छूट भी दी जाती है या फिर सीधी भाषा में कहें तो इन्हें सब्सिडी प्रदान की जाती है। महिला उद्यमियों को ऋण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय कृत बैंक एक महत्वपूर्ण विकल्प है क्योंकि राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा कम से कम ब्याज दर पर ऋण लिया जाता है तथा शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी भी जल्द ही उपलब्ध करा दी जाती है। अत: महिला उद्यमियों को वित्त की व्यवस्था बैंक के द्वारा प्राप्त होती है।

भारत में उद्यमिता और महिलाए– महिला उद्यमियों का कम प्रतिनिधित्व: हाल के दशकों में भारत में तीव्र आर्थिक वृद्धि के बावजूद, अभी भी महिला उद्यमियों का संख्या काफी कम है।

भारत में केवल 20% उद्यम महिलाओं के स्वामित्व वाले हैं (जो कि 22 से 27 मिलियन लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करते हैं) और कोविड–19 महामारी ने महिलाओं उद्यमियों के इस प्रतिशत को ओर अधिक प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है।

स्टार्टअप्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व: केवल 6% महिलाएँ भारतीय स्टार्टअप्स की संस्थापक हैं।

वर्ष 2018–2020 के मध्य कम–से–कम एक महिला सह–संस्थापक वाले स्टार्टअप्स द्वारा केवल 5% फंडिंग ही जुटाई जा सकी और केवल एकमात्र महिला संस्थापकों वाले स्टार्टअप्स कुल निवेशक फंडिंग का केवल 1.43% हिस्सा ही प्राप्त कर सके।

क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व: इक्विटी व्यापार के स्वामित्तव के मामले में भारत के विनिर्माण क्षेत्र (मुख्य रूप से कागज और तंबाकू उत्पादों से संबंधित) में महिलाओं द्वारा धारित हिस्सेदारी 50% से भी अधिक है।

हालाँकि कंप्यूटर, मोटर वाहन, धातु उत्पादों, मशीनरी और उपकरणों से संबंधित उद्योगों में महिलाओं की 2% या उससे भी कम की हिस्सेदारी देखी जाती हैं।

भारत की पहल– भारत सरकार द्वारा स्त्री शक्ति पैकेज, उद्योगिनी योजना, महिला उद्यम निधि योजना, महिला बैंक, महिला कॉयर योजना और महिला उद्यमिता मंच जैसी पहल के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं।

महिला उद्यमियों के समक्ष चुनौतियाँ – क्षमताओं पर रूढ़िवादिता: महिलाओं को प्राय: पुरुषों के विपरीत 'शारीरिक रूप से कमजोर' माना जाता है, जबकि पारंपरिक रूप से पुरुषों को संरक्षक और रक्षक के रूप में देखा जाता है। यद्यपि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पुरुष और महिला शारीरिक रूप से भिन्न हैं, भले ही एक औसत पुरुष एक औसत महिला की तुलना में शारीरिक रूप से अधिक मजबूत हो, लेकिन यह मानने का कोई औचित्य नहीं है कि प्रत्येक महिला शारीरिक रूप से कमजोर है।

'मस्तिष्क' क्षमता का आकलन करने हेतु जैविक पहलुओं का उपयोग करना: एक पुरानी धारणा यह रही है कि पुरुष अधिक तार्किक होते हैं, जबकि महिलाओं को अधिक सहानुभूतिपूर्ण माना जाता है, जिसके

परिणामस्वरूप प्राय: महिलाओं को कुछ निश्चित व्यवसायों तक सीमित कर दिया जाता है।

हालाँकि यह तर्क सतही तौर पर कुछ लोगों के लिये तार्किक हो सकता है, लेकिन जब इसका उपयोग महिलाओं को कुछ क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिये किया जाता है तो इसका कोई अर्थ नहीं रह जाता।

पितृसत्तात्मक और पारिवारिक बाधाएँ: भले ही बहुत सी महिलाओं के पास ऐसे क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुँचने की क्षमता और इच्छा होती है, लेकिन वे अक्सर समाज की पितृसत्तात्मक व्यवस्था द्वारा अपने सपनों को नकार देती हैं।

निष्कर्ष – महिला उद्यमियों की स्थिति को आज देखा जाए तो भारत में काफी गिरावट आई है लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता कि महिला उद्यमी आगे नहीं बढ़ सकती यदि प्रयास किए जाए तो हर कार्य संभव है महिला उद्यमियों के कार्य हेतु शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं तथा शासन के द्वारा महिला उद्यमियों को उद्योग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि तृतीय क्षेत्र भी महिला उद्यमियों के विकास में काफी योगदान दे रहा है क्योंकि बिना वित्त के कोई भी व्यवसाय नहीं हो सकता। अत: वित्त की व्यवस्था सिर्फ बैंक के द्वारा ही की जा सकती है। अत: बैंक तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत आती है वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हर व्यवसाय में भंडारण तथा परिवहन की आवश्यकता रहती है। अत: भंडारण तथा परिवहन तृतीय क्षेत्र में आते हैं। तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत सेवाएं भी आती है जो कि उद्योगों में महत्वपूर्ण है क्योंकि उद्योगों में बिना कर्मचारी के कुछ भी कार्य नहीं हो सकता निश्चित रूप से कह सकते हैं कि महिला उद्यमियों के विकास में तृतीय क्षेत्र काफी योगदान दे रहा है। वहीं हमने अपनी परिकल्पना में देखा था कि क्या युवा पीढ़ी महिला उद्यमियों के साथ अपनी रुचि दिखा रही है तो यह कथन काफी सत्य है कि हां आज की युवा पीढ़ी ही महिला उद्यमी बनकर उभरी है। अत: निष्कर्ष में हम सभी निश्चित रूप से कह सकते हैं कि महिला उद्यमियों के विकास में तृतीय क्षेत्र अपनी काफी भूमिकाएं निभा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नईदुनिया भोपाल।
2. शोध सरीता।
3. www. Shodhganga.com
4. www.agri.co.in.
5. www.apexbank.mp.in.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारतीय कृषि की चुनौतियां व समास्याएं

धनीराम अहिरवार *

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय एक कृषि प्रधान देश है इसीलिए भारतीय अर्थव्यावस्था को एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था भी कहा जाता है। यहां कृषि ना केवल प्राचीनतम व परंपरागत व्यवसायों में से एक हैं बल्कि जीवन यापन का जारिया भी हैं। कृषि भारतीय अर्थव्यावस्था का मुख्य आधार भी हैं। राष्ट्रीय आय का एक बड़ा भाग लगभग 46 प्रतिशत कृषि से प्राप्त होता हैं जहॉं पर लगभग 55 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य पर लगी हुई हैं परंतु कृषि की दिशा संतोषजनक नहीं हैं। जनसंख्या की अनियंत्रित वृद्धि ने कृषि को बुरी तरह प्रभावित किया हैं। हालाकि स्वतंत्रता के पश्चात कृषि में अनेक कार्य हुए हैं इसके बावजूद भारतीय कृषि में अनेक समस्याएं हैं।

देश के श्रमिकों में दो तिहाई भाग कृषि श्रमिकों का हैं। देश के लगभग 130 करोड़ आबादी का भरण पोषण कृषि के विकास से ही संभव हुआ हैं साथ ही भारत के करोड़ों पशुओं को भोजन कृषि से प्राप्त होता हैं। सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 26 प्रतिशत कृषि से मिलता हैं। गैर कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी मात्रा में उपभोक्ता वस्तुएं और अधिकांश बड़े उद्योगों को कच्चा माल कृषि क्षेत्र से प्राप्त होता हैं।

भारतीय कृषि की चुनौतियां व समस्याएं – कृषि को मानसूनी जुआ भारत के संदर्भ में शायद इसी लिए कहा गया हैं क्यों कि भारतीय कृषि में अनेक समस्याएं व चुनौतियां मौजूद हैं। कुछ महत्वपूर्ण समस्याएं निम्नलिखित हैं –

1. फसलों की न्यून उत्पादकता – भारतीय कृषि की मुख्य समस्याओं में से एक फसलों के न्यून या कम उत्पादकता की हैं। देश ने निरंतर ही कृषि उत्पादकता में वृद्धि की हैं फिर भी देश में फसलों का प्रति हेक्टेयर उत्पादन विश्व के कई देशों की तुलना में अब भी कम हैं जो कि प्रस्तुत आकड़ों से समझा जा सकता हैं –

क्रं.	देश	उत्पादन (प्रति/हेक्टेयर) टन में
1.	भारत	3.37
2.	चीन	5.48
3.	यूक्रेन	4.06
4.	विश्व	3.47

2. अनिश्चित वर्षा– भारतीय कृषि मानसून पर आधारित कृषि है। जब वर्षा समय पर नहीं हो पाती तब देश के अधिकांश क्षेत्रों में सूखे की स्थिति निर्मित हो जाती है जहां कहीं पर सिंचाई की सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है वहीं फसल उत्पादन हो पाता हैं। देश के कुल कृषि भूमि क्षेत्र का मात्र लगभग 44 प्रतिशत भाग में सिंचाई उपलब्ध हैं शेष भाग आज भी मानसून पर निर्भर हैं। इस प्रकार भारत में आज भी सिंचाई के साधनों की कमी हैं।

वर्षा की अनिश्चितता वैसे तो प्रक्रति जन समस्यां है। भारतीय कृषि विशेषकर खरीफ की फसलें मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। मानसून के आने और लौटने में अनिश्चित रहता है। कभी-कभी मानसून काल के बीच में लंबा अंतराल हो जाने की वजह से कृषि फसलों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होता हैं।

3. प्रति व्यक्ति भूमि की औसत उपलब्धता में कमी– भारत में भूमि के पीढ़ी दर पीढ़ी बटवारे की प्रथा एवं देश की निरंतर तीव्र गति से बढ़ रही जनसंख्या के फलस्वरूप प्रति व्यक्ति भूमि की औसत उपलब्धता कम होती जा रही हैं।

क्रं.	वर्ष	औसत प्रति हेक्टेयर भूमि
1.	1951	0.75
2.	1961	0.30
3.	1971	0.15
4.	2018	0.11

4. भूमि का असंतुलित वितरण– भारत में कृषि भूमि का वितरण असमान है खेतों के छोटे आकार व विक्रय होने के कारण आधुनिक विधि से कृषि करना एक समस्या मूलक है। स्वतंत्रता के बाद भूमि सुधार तथा चकबंदी कार्यक्रम चलाएं जाने के बावजूद भी एक प्रतिशत धनी किसानों जमींदारों के पास कुल भूमि का 20 प्रतिशत है। देश में 10 प्रतिशत किसानों के पास कुल भूमि का 50 प्रतिशत हैं और देश के 89 प्रतिशत किसानों के पास कुल भूमि का मात्र मात्र 30 प्रतिशत हैं। इस प्रकार एक किसान के पास औसत 0.1 हेक्टेयर भूमि हैं और वह भी छोटे-छोटे भूखण्डों में बटी हुई हैं।

5. जोतों का छोटा आकार– भारतीय कृषि के समक्ष एक प्रमुख समस्या यह भी है कि अधिकांश किसानों के पास जोत खेत का आकार बहुत छोटा है। भारत में जोत के औसत आकार 2 हेक्टेयर से कम हैं। जब कि न्यूजीलैंड में 184 अमेरिका 58 और ब्रिटेन में 24.5 व हालैंड में 26 हेक्टेयर है।

6. किसानों में गरीबी व अशिक्षा– भारतीय कृषि के समक्ष सबसे गंभीर समस्या किसानों में अशिक्षा व गरीबी का विद्यमान होना भी हैं। देश में अधिकांश किसानों के पास आधुनिक कृषि करने के लिए विनियोग क्षमता उन्नत बीज सिंचाई की सुविधा उर्वरक यंत्र व रासायनिक दवाइयों की कमी हैं। भारतीय किसान खेत में किसी प्रकार बीज डाल देता हैं तथा साधारण निदाई गुड़ाई के बाद जो भी उपज मिल जाती हैं उसी में संतुष्ट हो जाता हैं

यदि किसी प्रकार प्रकार उपयुक्त साधन उपलब्ध हो भी जाए तो कृषकों के शिक्षा अभाव के कारण इन साधनों का समुचित उपयोग नही कर पाते फलस्वरूप उत्पादन भी अत्यंत कम हो पाता हैं।

7. भूमि विविधता के कारण उपकरणों के प्रयोग में समस्या– भारत का कृषि भू–भाग विविधता भरा हैं। अलग–अलग क्षेत्र में मिट्टी भी अलग–अलग हैं। कृषि कार्य के लिए बनाये गये कई उपकारण इस प्रकार होते हैं कि एक कृषि मिट्टी के लिए सही होते हैं किंतु वही उपकरण दूसरी तरह की कृषि मिट्टी के लिए सही नही होते। इस प्रकार देश के अलग–अलग क्षेत्रों के लिए अलग–अलग उपकरण बनाने पड़ते हैं।

8. आवारा पशुओं की समस्या– आवारा पशुओं की समस्या भारतीय कृषकों के लिए एक नवीनतम समस्यों में से हैं। इस संदर्भ में अब तक कोई आकड़े तो मौजूद नहीं हैं किंतु अवलोक के आधार पर यह कहना सही होगा कि आज देश में लाखों करोड़ों पशु आवारा हैं जो भारतीय कृषि के लिए एक गंभीर समस्या है। आवार पशुओं को देखकर कई सारे किसान अपने बंधे हुए जानवरों को भी खुलें में छोड़ देते है जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है। सरकार द्वारा इस समास्या से निजात के लिए देशभर गौ शालाएं भी खोली गई हैं फिर भी इस समस्या से छुटकारा अब तक नहीं मिला हैं।

निष्कर्ष– निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता हैं कि भारत में आज भी कृषि में बहुत सी समस्यां विद्यमान हैं किन्तु इस क्षेत्र में राज्य की भागेदारी के साथ, क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करके, किसानों के लिए आदानों का वित्तपोषण करके, सहकारी प्रयासों का प्रावधान करके और कल्याणकारी उपायों का संवर्धन करके समस्याओं और चुनौतियों को कम किया जा सकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 आर्थिक समीक्षा 2021–22, आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार
2 डॉ. बाला शशि : कृषि संकट को समझना : उभरती चुनौतियों का अध्ययन, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, वर्ष 2021
3 Sendhil Ramadas, T.M. Kiran Kumar and Gyanendra pratap Singh, Wheat Production in India : Trends and Prospects Annual report, Indian Concil of Agricultural Resrarch, 2021-22
4 Annual report, Ministry of Food Proeessing Industries Government of India
5 wwww.geographygygan.com/bhartiy-krishi-samasye/
6 wwww.geographygygan.com/bharat-men-krishi-vikash/
7 wwww.tradingeconomics.com
8 wwww.researchgate.net/Publication

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

आत्मनिर्भर भारत अभियान की आवश्यकता एवं प्रावधान

डॉ. सुचेता सिंह *

*अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - कोविड-19 के प्रकोप ने समूची दुनिया में बडे बदलाव लाये है। विकसित तथा विकासशील देशों को अपनी आर्थिक सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन करने को मजबूर किया है। लोगों के व्यक्तिगत आर्थिक, सामाजिक जीवन पद्धतियों में परिवर्तन दिखने लगे, आयुर्वेद, औषधियों, योग, ध्यान तथा प्राकृतिक जीवन पद्धति की तरफ आम लोगों की अभिरूचि बढ़ी। प्रत्येक व्यक्ति एक नये तरीके से सोचने लगा। हमारे देश के सरकार ने राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने तथा दूसरे देशो पर निर्भरता को कम करने की दिशा में आत्मनिर्भर भारत की शुरूआत की थीं। जिससे देश आर्थिक रूप से शक्तिशाली बने तथा दूसरे देशो को निर्भरता कम की जा सके। यद्यपि इस प्रकार की विचारधारा महात्मा गांधी के स्वावलम्बन के विचार का समष्टि रूप है। किंतु ऐसे महामारी के समय आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत देश के विकास की गति को नई दिशा एवं दशा की ओर ले जायेगा।

पिछले कुछ महीनो से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार कह रहे थे कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ले जाने की जरूरत है। इसी दिशा में 12 मई 2020 को उन्होनें 20 लाख करोड़ रूपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जो कि भारत की जी.डी.पी. के 10 प्रतिशत के बराबर होता है। इसका उद्देश्य विश्वव्यापी आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) की कड़ी प्रतिस्पर्धा में देश को आत्मनिर्भर बनाना और कोविड-19 से प्रभावित गरीब बरोजगारो में मांग की कमी तथा प्रवासी श्रमिकों को सशक्त करने में मदद करना। प्रधानमंत्री की इस घोषणा के बाद वित्ता मंत्री निर्मला सीतारमन ने पांच प्रेस वार्ताऐं की और आर्थिक पैकेज के अंतर्गत विस्तृत उपायो की घोषणा की।

विगत कई महीनो से दुनिया भर के छोटे-बडे देश कोरोना महामारी से परेशान है, अर्थव्यवस्थाऐं ध्वस्त हो चुकी है। कोविड-19 से पहले और बाद की दुनिया में कई बड़े बदलाव आ गये है। आर्थिक मोर्चो पर सरकारे विफल हो रही है। इस दृष्टि से देखा जाय तो भारत के प्रधानमंत्री द्धारा आत्मनिर्भर भारत निर्माण की घोषणा महामारी के संकट से बचने तथा देश के विकास को एक नई रफ्तार देने की दिशा में कारगर साबित हो सकती है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कई आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है। हम इस आलेख में आत्मनिर्भर भारत अभियान की आवश्यकता, इसकी उपादेता तथा आर्थिक पैकेज के अंतर्गत प्रस्तावित मुख्य उपायो का सारांश उल्लेखित करेंगे। साथ ही इस अभियान के मायने क्या है लोकल के लिये वोकल क्या है ? क्या महात्मा गांधी जी के स्वावलंबन के विचारो से यह अभियान मेल खाता है आदि विषयों पर केन्द्रित रहेंगे। यह आलेख आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रति लोगो में नई समझ पैदा करेगा। परंतु इसको हमें राजनीतिक दृष्टि से नहीं बल्कि आर्थिक तर्को के आधार पर देखने की जरूरत है।

मुख्य शब्द - सप्लाई चेन, स्वावलंबन, आत्म केन्द्रित, वैश्विकरण, गतिशील, जनसांख्यिकी, आधारभूत संरचना, एम.एस.एम.ई., प्रौद्योगिकी, मांग, प्रवासी श्रमिक।

आत्मनिर्भर भारत के मायने - 24 अप्रैल 2020 को 'राष्ट्रीय पंचायत दिवस' के मौके पर प्रधानमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर होना चाहिए जिससे वे अपनी बुनियादी जरूरते पूरी कर सके। आत्मनिर्भर गांव लोकतंत्र को मजबूत करेगा। यह भी सुनिश्चित करेगा कि विकास के फल रिस कर जमीनी स्तर तक पहुचेगा। इसी प्रकार जिला अपने स्तर पर आत्मनिर्भर होना चाहिए। प्रत्येक राज्य को भी अपने स्तर पर आत्मनिर्भर होना चाहिए और इस प्रकार पूरे देश को अपने स्तर पर आत्मनिर्भर होना चाहिए। वर्तमान वैश्वीकरण के युग में आत्मनिर्भरता (Self Reliance) की परिभाषा में बदलाव आया है। आत्मनिर्भरता, आत्मकेन्द्रित (Self Centered) से अलग है। भारत वसुधैव, कुटुंबकम की भावना में विश्वास करता है। चूंकि भारत दुनिया का ही एक हिस्सा है। अत: भारत प्रगति करता है तो ऐसा करके वह दुनिया की प्रगति में भी योगदान देता है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैश्विकरण का बहिष्कार नहीं किया जायेगा। अपितु दुनिया के विकास में मदद की जायेगी।

12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में प्राधनमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा वैश्विक परिदृश्य में आत्मनिर्भर शब्द का अर्थ बदल गया हैं। यह अर्थव्यवस्था केन्द्रित वैश्विक न होकर मानव केन्द्रित वैश्विक होगा। भारत की संस्कृति व परंमपराऐं आत्मनिर्भरता के बारे में बताती है। भारत में आत्मनिर्भरता का विचार पुराना है। महात्मा गांधी जी का स्वाविलंबन का विचार इसी बुनियादी सोच का रूप हैं। कोरोना संकट ने हमें स्थानीय उत्पादन, स्थानीय बाजार और स्थानीय आपूर्ति का महत्व समझाया है। आर्थिक पैकेज की अवधारणा को परिवर्तित किया गया हैं।

आत्मनिर्भर भारत मिशन के चरण - आत्मनिर्भर भारत मिशन दो चरणों में लागू किया जायेगा।

1. **प्रथम चरण -** इसमें चिकित्सा, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक खिलौने जैसे क्षेत्रो को प्रोत्साहित किया जायेगा ताकि स्थानीय विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।
2. **द्वितीय चरण -** इस चरण में रत्न एवं आभूषण, फार्मा, स्टील जैसे क्षेत्रो को प्रोत्साहित किया जायेगा।

आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभ :

1. **अर्थव्यवस्था –** ऐसी अर्थव्यवस्था जो बृद्धिशील परिवर्तन के स्थान पर बड़ी उछाल पर आधारित हो।
2. **आधारभूत संरचना –** ऐसी अवसंरचना जो आधुनिक भारत की पहचान बने।
3. **प्रौद्योगिकी –** 21वीं सदी प्रौद्योगिकी संचालित व्यवस्था पर आधारित प्राणाली।
4. **गतिशील जनसांख्यिकी –** गतिशील जनसांख्यिकी जो आत्मनिर्भर भारत के लिए उर्जा का स्त्रोत है।
5. **मांग –** प्रधानमंत्री जी कहते है कि पांच स्तम्भ है आत्मनिर्भरता को वापस लाने के जिनमे से मांग, मांग और आपूर्ति का चक्र हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है इसे पूरी क्षमता से इस्तेमाल करने की जरूरत है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान में सोपित आर्थिक पैकेज के अंतर्गत प्रस्तावित मुख्य उपायो का सारांष –

कृषि और संबंद्ध क्षेत्र :

1. किसानो को रियायती ऋण।
2. कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड।
3. किसानो के लिये आपातकालीन कार्यशील पूंजी।
4. मछुआरो को आर्थिक सहयोग।
5. पशुपालन इंफ्रास्ट्रक्चर विकास।
6. रोजगार बढ़ाने हेतु कैपा फंडस।
7. अनिवार्य वस्तु एक्ट में संशोधन।
8. कृषि मार्केटिंग सुधार।
9. कृषि उत्पाद का मूल निर्धारण और क्वालिटी का आश्वासन।

सार्वजनिक स्वास्थ्य – सार्वजनिक स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाया जायेगा साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जमीनी स्तर के संस्थानों में निवेश किया जायेगा।

तकनीकी आधारित शिक्षा – डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षा के लिये मल्टीमोड एक्सेस ई-विद्या को लांच किया जायेगा।

प्रवासी श्रमिक के लिए – एक राष्ट्र एक कार्ड प्रवासियों के लिये खाद्यानो की नि:शुल्क आपूर्ति। प्रावासी श्रमिकों/शहरी निर्धनों के लिये सस्ते रेटंल हाउसिंग काम्पलेक्स।

एम.एस.एम.ई. की परिभाषा में बदलाव – MSME की नई परिभाषा में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगो के विकास एक्ट 2006 में संशोधन किया जायेगा। प्रस्तावित परिभाषा में सूक्ष्म उद्योगो के लिये 25 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रूपये लघु उद्योगों को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रू. तथा मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिये 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रू. किया जावेगा। वार्षिक टर्नओव्हर की सीमा क्रमश: 5 करोड़, 50 करोड़ एवं 100 करोड़ रहेगा।

इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन संशोधन – इनसॉल्वेंसी और बैकरप्सी संहिता 2016 के अंतर्गत एम.एस.एम.ई. के लिये एक इनसॉल्वेंसी रेसोल्यूशन फ्रेमवर्क को अधिसूचित किया जायेगा।

ग्लोबल टैंडर्स को अनुमति नहीं – भारत में एम.एस.एम.ई. को विदेशी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित करने के लिये सरकारी खरीद टेडर्स में 200 करोड़ रूपये तक के ग्लोबल टेंडर्स की अनुमति नहीं दी जायेगी।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण – नई पी.एस.ई. नीति की घोषणा में पी.एस.ई. के निजीकरण की योजना हैं। कुछ रणनीतिक क्षेत्र के उपक्रमों को छोड़कर इन्हे सरकार द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

रक्षा क्षेत्र में एफ.डी.आई. की सीमा में बदलाव – रक्षा क्षेत्र में ऑटोमेटिक रूट से मैन्युफैक्चरिंग में एफ.डी.आई. की सीमा 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत की जायेगी। देश में उत्पादन बढ़ाने के लिये साथ ही आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मेक इन इण्डिया को प्रस्तावित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सरकार ने ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री बोर्ड के नियमीकरण के जरिये ऑर्डिनेन्स सप्लाई में स्वायत्ता, जवाबदेही और दक्षता में सुधार करने की योजना है।

आत्मनिर्भर भारत के लिये सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नीति:

1. सरकार ने नई सुसंगत नीति की घोषणा जहां सभी क्षेत्र निजी क्षेत्र के लिये खुले है, वहां सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम परिभाषित क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।
2. जनहित में उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सूची को अधिसूचित किया जायेगा। जहां सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को अनिवार्य समझा जाता है।
3. महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कम से कम एक उद्यम सार्वजनिक क्षेत्र के अधीन रहेगा।
4. अन्य क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का निजीकरण किया जायेगा।
5. व्यर्थ के पाशासनिक खर्च का कम करने के लिये महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमों की संख्या सामान्य रूप से 1 से 4 तक की रखी जायेगी।

आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की भारत सरकार की दूरदर्शिता पूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री जी का मंत्र है, कि मुद्रिकरण एवं आधुनिकीकरण को बढ़ावा देना।

वास्तव में देखा जाय तो आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा ऐसे समय की गयी जबकि समूची दुनिया कोरोना महामारी संकट हमारे लिये आपदा भी है और अवसर भी है। देश को आर्थिक संकट से उबारने एवं आर्थिक विकास की नई गति प्रदान में यह अभियान कारगर साबित होगा। महात्मा गांधी जी का स्वालम्बन का विचार वर्तमान परिपेक्ष में अधिक प्रासंगिक हो गया है। प्रत्येक गांव से लेकर राष्ट्र स्तर पर स्वालम्बन की आवश्यकता है। स्थानीय उत्पादो को बाजार, उनकी आपूर्ति को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हमें लोकल फॉर वोकल को जीवन मंत्र बनाने की दिशा में प्रयास करना होगा। लोकल के लिये आवाज उठानी होगी स्थानीय उत्पादो में गुणवत्ता एवं सप्लाई चेन को मजबूत करना होगा। स्थानीय स्तर पर बने उत्पादो को जीवन पद्धति का अंग बनाना होगा।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से आत्मनिर्भर उस सीमा तक बनता है जितना कभी नहीं था। लोकल को जीवन मंत्र बनाना होगा। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज एवं स्वालम्बन की अवधारणा को आज के संदर्भ में प्रासंगिक करना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वार्ता – भारतीय आर्थिक शोध संस्थान इलाहाबाद अप्रैल 2021
2. तथ्यभारती – नवम्बर 2020
3. दृष्टि (The Vision)
4. प्रतियोगिता दर्पण – भारतीय अर्थव्यवस्था नवम्बर 2021-22

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

ग्रामीण विकास योजनाओं का समीक्षात्मक अध्ययन: आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में

डॉ. गोरेलाल डावर *

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सिराली, जिला हरदा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – प्रथम पंचवर्षीय से ही आत्मनिर्भर भारत की नींव रख गई थी एक अप्रैल 1951 से प्रारम्भ योजना से जहाँ देश ने द्वितीय विश्व युद्ध एवं देश के विभाजन ने अर्थव्यवस्था को क्षतिग्रस्त किया था। आत्मनिर्भर भारत का सपना सन 1947 से ही प्रारंभ हो गया था आजाद भारत के सामने बडी समस्या जनता को अन्न उपलब्ध करना एक गम्भीर चुनौती थी परन्तु भारत की इच्छाशक्ति के आगे सभी समस्याओं का निराकरण कर लिया था। देश की अर्थव्यवस्था को सबल बनाना जिससे देश को भविष्य में आर्थिक विकास सम्भव हो सके। इसके लिये परिवहन के साधनों का विकास करना एवं संचार की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करना इसके साथ–साथ कृषि के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का निर्माण करना प्रथम पंचवर्षीय योजना में कुल 2378 करोड़ व्यय करने की व्यवस्था की गई थी। वर्ष 1956 में घोषित की गई औघोगिक नीति में समाजवादी ढंग के समाज की स्थापना को स्वीकार किया गया इस प्रकार देश में 12 पंचवर्षीय योजनाओं का निमार्ण हो चुका है जिनमें तीन वार्षिक योजनाएं भी बनाई गई थी। वर्तमान समय में पंचवर्षीय योजनाओं को समाप्त करके उनके स्थान पर नीति आयोग(राष्ट्रीय भारत परिर्वतन संस्थान) का गठन किया गया नीति आयोग का उद्देश्य केन्द्र व राज्य सरकारों को राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय महत्व के महत्वपूर्ण मुद्दों पर रणनीतिक व तकनीकि सलाह भी यह देता है विश्व में फैली महामारी कोविड–19 वायरस ने एक तरफ सम्पूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था को संकट में डाल दिया वहीं भारत ने इस गम्भीर समस्या का सामना किया और देश की अर्थव्यवस्था को विकास के रास्ते पर पहुंचाया। केन्द्र सरकार की ओर 7 जनवरी 2022 से जारी वित्त वर्ष 2021–2022 में जीडीपी के पहले एडवंस एस्टीमेट में यह अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके मुताबिक,चालु वित्त वर्ष 2021–2022 में विकास दर 9.2 फीसदी रहने का अनुमान है। देश की अर्थव्यवस्था इस साल प्री–कोविड स्तर से 1.85 लाख करोड़ रूपए (1.27 फीसदी) बड़ी हो जाएगी। सरकार द्वारा कोरोना महामारी का मुकाबला करने के लिए बचाव एवं टीकाकरण के लिए अपने स्तर से प्रयास किए और इसमें वे सफल हुए है।

शोध परिकल्पना:

1. गांवों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु किए गए सरकारी प्रयासों का अध्ययन।
2. आत्मनिर्भर भारत के लिए गांवों के विकास एवं किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयासों का अध्ययन करना।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था को इस प्रकार की विकसित करना कि वह विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ आसानी से कदम से कदम मिलाकर चल सके।
4. किसानों को उनके उत्पादन का उचित एवं सही मूल्य मिले इसके लिये किये गये प्रयासों का अध्ययन करना।

शोध उद्देश्य:

1. भारत को आत्मनिर्भर बनाने के किए गये ग्रामीण विकास योजनाओं का अवलोकन।
2. भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु किए गए प्रयासों का मूल्यांकन।
3. सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के किए गए प्रयासों का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत शोध पत्र में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किए गए प्रयासों का अध्ययन करना एवं दैव निर्दशन के माध्यम से देश में योजनाओं के संचालन में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना एवं उनका निराकरण के लिए सुझाव प्रस्तुत करना शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य है।

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये शासन द्वारा चलाई गये योजनायें निम्न प्रकार है–

1. **सांसद आदर्श ग्राम योजना –** सांसद आदर्शयोजना गांवो के निर्माण और विकास हेतु कार्यक्रम है। जिसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में विकास करना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 11 अक्टूबर 2014 को किया गया था। इस सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों में विकास और बुनियादी ढांचें रखने हेतु सभी राजनीतिक दलों के सांसद को इस योजना के तहत गांव को गोद लेना है और 2016 तक उसे आदर्श गांव बनाना था।
2. **प्रधानमंत्री जन धन योजना –** प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत में वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन है और जिसका उद्देश्य देश भर में सभी परिवारों को बैंकिग सुविधायें मुहैया कराना और हर परिवार का बैंक खाता खोलना है। इस योजना की घोषणा 15 अगस्त 2014 को तथा इसका शुभारंभ 28 अगस्त 2014 को किया गया। इस परियोजना में सभी बैंकों को ई–मेल भेजा जिसमें 'हर परिवार के लिए बैंक खाता' को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित किया गया।
3. **प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना–** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,जिसका नाम सितबर 2016 में इंदिरा आवास योजना से बदलकर

प्रधानमंत्री आवास योजना कर दिया गया। बीपीएल परिवारों को मिलने वाली आर्थिक मदद को 45000 रूपये से बढ़ाकर 70000 रूपये कर दिया गया। भारत में एक केन्द्र प्रायोजित आवास निर्माण योजना है। योजना का वित्तपोषण केंद्र और राज्यों के बीच 75:25 के अनुपात में किया जाता है। यह योजना केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों के लिए है। इस योजना के तहत धनराशि घर की किसी महिला के नाम पर ही निर्गत की जाती है। भारत निर्माण के अंतर्गत चल रही इंदिरा आवास योजना पर 2010-2011 में दस हजार करोड़ रूपये की धनराशि आंवटित करायी गयी है।

4. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना-** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा 1 मई 2016 को शुरू की गई एक योजना है इस योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन मिलेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से गरीब महिलाओं को जल्द ही मिट्टी के चुल्हे से आजादी मिल जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले जीवाश्म ईधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना का एक मुख्य उद्देश्य महिला सषक्तिकरण को बढ़ावा देना और उनकी सेहत की सुरक्षा करना भी है।

5. **दोपहर भोजन योजना-** दोपहर भोजना योजना इसे मध्यान्ह भोजन योजना भी कहते है,इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की स्कूलों में नामांकन बढ़ाने,उन्हें बनाए रखने और उपस्थिति के साथ-साथ बच्चों के बीच पोषण स्तर सुधारने के दृष्टिकोण के साथ प्राथमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पोषण सहयोग कार्यक्रम 15 अगस्त 1995 से शुरू किया गया।

6. **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-** किसानों की फसल के संबंध में अनिश्चितताओं को दूर करने के लिये 13 जनवरी 2016 को फसल बीमा योजना को मंजूरी दी गयी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुयी हानि को किसानों के प्रीमियम का भुगतान देकर एक सीमा कम करायेगी।

7. **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम-** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम(मनरेगा) भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है,जिसे 7 सितम्बर 2005 को विधान द्वारा अधिनियमित किया गया। यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है जो प्रतिदिन 220 रूपये की सांविधिक न्यूनतम मजदूरी पर सार्वजनिक कार्य-संबधित अकुशल मजदूरी करने के लिय तैयार है। 2010-11 वित्तीय वर्ष में इस योजना के लिए केन्द्र सरकार का परिव्यय 40100 करोड़ रूपये था। इस अधिनियम को ग्रामीण लोगों की क्रय शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था,मुख्य रूप से ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों के लिए अर्थ-कौशलपूर्ण या बिना कौशलपूर्ण कार्य,चाहे वे गरीबी रेखा से नीचे हो या ना हो। नियत कार्य बल का करीब एक तिहाई महिलाओं से निर्मित है। इस अधिनियम के तहत पुरूषों और महिलाओं के बीच किसी भी भेदभाव की अनुमति नहीं है। मनरेगा ग्रामीण विकास और रोजगार के दोहरे लक्ष्य को प्राप्त करता है।

8. **बलराम योजना-** इस योजना का शुभारम्भ उड़िषा राज्य से हुआ है इस योजना में सात लाख भूमिहीन कृषकों को उनकी आवश्यकता को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उनको फसल ऋण सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। इससे उन निर्धन भूमिहीन किसानों को अपनी फसल की बुवाई से संबंधित खाद व बीज आदि सामग्री प्राप्त कर सकते है।

9. **प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना -** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत ऐसे राज्यों का चुनाव किया गया है जिन राज्यो के किसानों की भूमि पर खारे पानी की वजह से भूमि बंजर हो चुकी है ऐसे गरीब किसानों की आर्थिक दशा को सुधारने के लिए नीली क्रांति को लाने की आवश्यकता बतायी गई है इस योजना से देश के विभिन्न राज्यों जिनमें मुख्य रूप से पंजाब,हरियाणा,राजस्थान और पश्चिम उत्तर प्रदेश में नहरों की फ्लडिंग सिंचाई पद्यति से जमीन को अधिक हानि हुई। भारत में लगभग 46000 करोड़ रूपये की मछली का निर्यात प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें झींगा मछली की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है सरकार की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि में झींगा मछली का उत्पादन करने की योजना है इस योजना के तहत सबसे पहले कृषकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा,तालाब खोदाई व उन्नतशील बीज आदि का बंदोबस्त सरकार द्वारा किया जाएगा। वर्तमान समय में देश के 22 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में तालाब एवं 32 लाख हेक्टेयर में बड़े जलाषय है लेकिन इनमें वैज्ञानिक तकनीकि का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिससे उत्पादन कम मिल रहा है। जिसके कारण से उत्पादन में कमी आ रही है।

9. **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना-** इस योजना का प्रारम्भ 1 फरवरी 2019 से किया गया है। इस योजना में भारतीय किसान जो गरीबी में रहकर जीवन यापन करते है उनके सम्मान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उन किसानों की आर्थिक मदद की है,जिनकी फसल बुवाई के बाद कोई आय नहीं होती है। सरकार द्वारा 6000 रूपये एक वर्ष में किसानों को उनके खातों में भेज दिये जाते है तथा यह धन तीन किस्तों में किसानों के पास पहुँच जाता है। यह राशि सम्मान जनक रूप से दिया जाता है। इससे वे अगर चाहे तो बीज एवं खाद या सिंचाई के रूप में इस धन का प्रयोग कृषक कर सकते है इस योजना से सरकार ने गरीब किसानों की आर्थिक मदद की है।

10. **आयुष्मान भारत योजना-** यह भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को 1 अप्रैल 2018 को पूरे भारत में लागू किया गया इस योजना का लाभ उन गरीब जनता को मिलेगा जिनकी आर्थिक दशा अच्छी नहीं है तथा वे अपना इलाज अच्छी तरह से नहीं करा सकते है। इस योजना में उनको 5 लाख रूपये तक बिना कैश का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा जिसके कारण उन गरीब जनता को मदद प्रदान की गई है। जो कि महँगा इलाज नहीं करवा सकते थे अब वे आसानी से सरकारी या निजी अस्पताल में अपना इलाज करा सकते है इस योजना का मुख्य उद्देश्य सामाजिक स्तर पर सभी नागरिकों को उचित इलाज पहुँचाना है।

11. **दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना-** इस योजना के शुभारम्भ 25 जुलाई 2015 को हुई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य था कि प्रत्येक गांव को विद्युत से अच्छादित करने का था। इस योजना में भारत के विभिन्न राज्यों के ऐसे ग्रामों का चयन किया गया जिनमें अभी तक विद्युत की व्यवस्था नहीं है और अभी भी ग्रामवासी अंधकार में जीवन यापन कर रहे है सरकार ने प्रत्येक ग्राम को विद्युतीकरण करने का फैसला लिया जिसके कारण आज प्रत्येक गांव में विद्युत पहुंच गई है। जिससे वे अपना रोजगार

प्राप्त कर सकता है कोई भी उद्योग लगा सकता है। जिससे उसकी आर्थिक दशा में सुधार हो सकता है।

12. इंदिरा वन मितान योजना– इस योजना को छत्तीसगढ़ में प्रारम्भ किया गया था इस योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों के 19 लाख परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार के अवसरों को बढावा देने के लिए इस योजना को लागू किया गया इस योजना के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या को रोजगार प्रदान करने के लिए सहायता व प्रशिक्षण प्रदान करता है।

ग्रामीण विकास योजनाओं के विफल होने के कारण :

1. विकास योजना से संबंधित जानकारी का अभाव होना भी इन योजनाओं के असफल होने का प्रमुख कारण रहा है।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का निम्न स्तर भी एक प्रमुख कारण है जिससे की योजनायें सही ढ़ग से संचालित नहीं हो पाती है।
3. बढ़ती जनसंख्या योजनाओं को सफल बनाने में सबसे बड़ी बाधा है क्योंकि जनसंख्या अधिक है ओर संसाधन सीमित होने से प्रत्येक व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल पाता है।
4. योजनाओं का संचालन गरीब व साधन विहीन समाज को प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है परन्तु वास्तव में उस व्यक्ति को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। साधन सम्पन्न व्यक्ति उस योजना का लाभ प्राप्त कर लेता है।

विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सुझाव:

1. विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार सही ढ़ग से होना चाहिए जिसकी जानकारी निम्न स्तर व आवष्यकता जनित व्यक्ति तक होनी चाहिए।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार की आवश्यकता है जिससे जनता अपने अधिकारों को समझा सके और योजना का लाभ ले सके।
3. दिन–प्रतिदिन हो रही जनसंख्या पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है जनसंख्या का स्तर कम होगा तो प्रत्येक व्यक्ति को विकास योजनाओं का लाभ मिल सकेगा ओर वह स्वयं के विकास के साथ देश के आर्थिक विकास में सहयोग प्रदान कर सकेगा।
4. विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक होना चाहिए क्योंकि अगर सरकार ऐसा करने में सफल नहीं होती है तो योजनाओं का लाभ साधन–सम्पन्न व्यक्तियों को प्राप्त हो जाएगा इसे रोकने के लिए सरकार योजना के उचित लाभार्थी का चयन करने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष–सरकार द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओ के सफल संचालन के लिए योजनाओं में कार्य करने वाली समिति ईमानदार होनी चाहिए जिससे कि वह समिति योग्य व योजना के पात्र व्यक्ति को इसका लाभ दिया जाए। विकास योजनाओं का प्रत्येक स्तर पर मुल्यांकन करने की आवश्यकता है जिससे योजनाओं में आने वाली कमी को उचित समय पर दूर किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दैनिक भास्कर समाचार पत्र– जनवरी 2022।
2. सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग मध्यप्रदेश शासन ।
3. सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग भारत सरकार।
4. योजनाओं संबंधी विभिन्न प्रकाशित पत्रिकायें।
5. प्रतियोगिता साहित्य।
6. विकिपिडिया।
7. इंटरनेट।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारत में नक्सलवाद की समस्या व समाधान (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में)

डॉ. अनुराधा जैन* पूजा साकेत**

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – नक्सल शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के छोटे से गांव नक्सलवाडी से हुई जहाँ भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी के नेता चारू मजूमदार और कानू सान्याल ने 1967 में सत्ता के विरूद्ध एक सशस्त्र आंदोलन का प्रारंभ किया। नक्सलवादियों का संघर्ष उन आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया था। जिनके हितों को सरकार अनदेखा करती है। प्रस्तुत शोध पत्र में नक्सलवाद के कारण स्थिति व विभिन्न बड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए इसको नियंत्रित करने के लिए सुझाव दिए हैं।
शब्द कुंजी – नक्सलवाद, भाओवाद, आंदोलन, साम्यवाद, राजनैतिक, सर्वहारा।

प्रस्तावना – नक्सलवाद की शुरूआत सन् 1948 में आन्ध्रप्रदेश में हो गयी थी जिसका दमन भारतीय सेना ने हैदराबाद रियासत पर कब्जा करते समय किया था। वर्तमान नक्सलवाद का उदय सन् 1967 में पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलवाड़ी से हुआ है जहाँ भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी के नेता 'चारू मजूमदार' और 'कानू सान्याल' ने सत्ता के विरूद्ध एक सशस्त्र आंदोलन का आरम्भ किया। मजूमदार चीन के कम्युनिष्ठ नेता माओत्सेतुंग के बहुत बड़े प्रशासकों में से एक थे और उनका मानना था कि भारत में मजदूरों और किसानों की इस दुर्दशा के पीछे भारत की सरकारी नीतियॉ है। जिसके कारण भारत में उच्च वर्ग का शासन निम्न वर्ग के ऊपर स्थापित हो गया है। इस अन्यायपूर्ण दमनकारी वर्चस्व केवल सशस्त्र विद्रोह से ही समाप्त किया जा सकता है।

1967 में नक्सलवादियों ने कम्युनिष्ठ क्रान्तिकारी की एक अखिल भारतीय समन्वय समिति बनाई। इन विद्रोहियों ने औपचारिक रूप से स्वयं को भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी से अलग कर लिया और सरकार के विरूद्ध सशस्त्र लड़ाई छोड़ दी।

1971 के आन्तरिक विद्रोह और मजूमदार की मृत्यु के बाद यह आंदोलन बहुत सी शाखाओं में विभाजित होकर अपने लक्ष्य से भटक गयी।

यदि हम नक्सलवाद की गतिविधियों का वर्णन करें तो हम कह सकते हैं कि नक्सलवाद की विचारधारा एवं चिन्तन शून्य है। भटका हुआ आंदोलन अतिवादी है। साथ ही देश के सभी वर्ग के सुख समृद्धि का विरोधी है। जिसका प्रमुख उद्देश्य हिंसा फैलाना है। नक्सलवादियों को न तो गरीब से और न ही बेसहारा लोगों से कोई मतलब है। वास्तव में नक्सलवादियों का आम जनता तथा पिछड़े अशिक्षित व सीधे-साधे लोगों को कुछ लालच देकर उन्हें केवल मोहरा बनाया जा रहा है। भारत के कई प्रदेशों में नक्सलवाद की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन अब यह केवल एक व्यवसाय बन कर रह गया है।

नक्सलवाद यह प्रचारित करने में सफल रहा है कि सरकार भारत की गरीबी को मिटाने में असफल है या कुछ नही कर रही है।

उद्देश्य– भारत एक लोकतांत्रिक राज्य है जिसमें सभी नागरिक समान अधिकार तथा समानता का, समता का भाईचारा का, सभी को एकसूत्र में बांधने का कार्य भारतीय संविधान के द्वारा किया गया है लेकिन कुछ प्रान्तों में या क्षेत्रों में एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के द्वारा गुलाम तथा अपने इशारों पर नचाने के लिए बाध्य किया जाता है। स्पष्ट रूप से यह कार्य नक्सलवाद से प्रेरित होकर किया जा रहा है। भारत के कई प्रदेश है जैसे-मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, उत्तरप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना व छत्तीसगढ़ में राज्य नक्सल प्रभावित राज्य है इनमें से सबसे अधिक प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ है जो नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहा है। इसके कारण भारत के कई इलाके विकसित नही हो पाये जिसके अध्ययन के उद्देश्य निम्न है-

1. नक्सलवाद के उत्पत्ति विकास व विचारधारा का अध्ययन करना।
2. नक्सलवाद के वास्तविक स्वरूप का अध्ययन करना।
3. नक्सलवाद के आर्थिक राजनीतिक व सामाजिक दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत शोध पत्र का अध्ययन विवरणात्मक प्रकृति का एवं विश्लेषणात्मक प्रविधि पर आधारित है जिसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों से अध्ययन सामग्री प्राप्त की गई है जिसमें छत्तीसगढ़ के वीजापुर जिले में पदस्थ जवान से साक्षात्कार कर जानकारी प्राप्त की गई तथा द्वितीयक स्त्रोत के रूप में पुस्तकालय पत्र-पत्रिकाएँ समाचार पत्र इन्टरनेट तथा प्रकाशित शोध पत्र शोधकार्य से सामग्री को संग्रहीत करने का प्रयास किया गया है। वर्तमान के समस्याओं व परिपेक्ष को ध्यान में रख कर अध्ययन किया गया है। शोध का उच्चतम परिणाम प्राप्त हो तथा भविष्य में द्वितीयक शोध सामग्री के रूप में अध्ययन किये जा सकें।

परिकल्पना:

1. नक्सलवाद की समस्या एक ध्यात्मक आंदोलन है।

2. नक्सलवाद असमानता अन्याय व भ्रष्टाचार के विरोध का कारण है।
3. नक्सलवाद सामन्तवादी विचारों जमींदारों शोषणकर्ताओं पुलिस प्रशासन व सैन्य प्रशासन को जिम्मेदार मानता है।
4. नक्सलवाद आदिवासी समाज में समानता भाईचारा का समर्थक है।

मुख्य भाग – नक्सलवाद साम्यवादी क्रान्तिकारियों के उस आंदोलन का अनौपचारिक नाम है जो भारतीय कम्यूनिष्ठ आंदोलन के फलस्वरूप उत्पन्न हुआ।

नक्सल शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के छोटे से गांव नक्सलवादी से हुई है। जहाँ भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी के नेता चारू मजूमदार और कानू सान्पाल ने 1967 में सत्ता के विरूद्ध एक सशस्त्र आंदोलन का प्रारंभ किया। मजूमदार चीन के कम्युनिष्ठ माओत्से तुंग के बहुत बड़े प्रशासकों में से एक थे और उनका मानना था कि भारतीय श्रमिकों एवं किसानों की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियाँ उत्तरदायी है जिसके कारण उच्च वर्गो का शासन तन्त्र और फलस्वरूप कृषि तन्त्र पर वर्चस्व स्थापित हुआ है।

इस न्यायहीन दमनकारी वर्चस्व को केवल सशस्त्र क्रान्ति से ही समाप्त किया जा सकता है। 1967 में 'नक्सवादियों' ने कम्युनिष्ठ क्रान्तिकारियों को एक अखिल भारतीय समन्वय समिति बनाई। इन विद्रोहियों ने औपचारिक रूप से स्वयं को भारतीय कम्युनिष्ठ पार्टी से अलग कर लिया और सरकार के विरूद्ध भूमिगत होकर सशस्त्र लड़ाई लड़ी।

इससे पहले 1972 में आंदोलन के हिंसक होने के कारण चारू मजूमदार को गिरफ्तार कर लिया गया और 10 दिन के लिए कारावास में डाल दिया गया जहाँ कारावास के दौरान चारू मजूमदार की मृत्यु हो गई।

नक्सलवाद आंदोलन के प्रणेता कानू ने आंदोलन के राजनीतिक शिकार होने के कारण वे अपने मुद्दों से भटक गया जिसके कारण परेशान होकर 23 मार्च 2010 में आत्महत्या कर लिये। केन्द्र व राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत: कानून व्यवस्था की समस्या मानती रही है लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक आर्थिक कारण भी रहे है।

आंदोलन के गंभीर रूप लेने के बाद से नक्सवादियों का कपन था कि हम आदिवासी व गरीब जनता के लिए लड़ रहे है जिसकी सरकार हमेशा से अनदेखा कर रही है। आदिवासियों के क्षेत्र में काफी वन सम्पदा व प्राकृतिक खनिजों की भरमार है जिससे शासकीय व निजी कम्पनियॉं इन खनिजों की दोहन करने में कोई कमी नही बरती।

इन आदिवासी बाहुल्य इलाके में इतनी खनिज सम्पदा होने के बाद भी इन इलाके में इतनी दयनीय स्थिति है कि यहाँ न सड़के न बिजली न पानी पीने की व्यवस्था न शिक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही किसी प्रकार का कोई रोजगार की व्यवव्था है।

सरकार के द्वारा चलाई गई किसी भी प्रकार की विकास की योजनाओं को पहुंचने नही दिया जाता इन आदिवाससी बाहुल्य इलाके को अशिक्षित व गरीब बनाये रखना चाहते हैं जिससे कि यहाँ की जनता अपने विकास के बारे में सोच भी न सके।

नक्सलवादियों की मांगे :

1. पृथक राज्य की मांग।
2. अधिग्रहीत भूमि को मुक्त करवाना।
3. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से पुलिस कैम्प हटाने की मांग।
4. सरकारी नीतियों का सही इस्तेमाल।

नक्सलवाद के उदय के कारण – नक्सलवादियों का संघर्ष उन आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया था जिनके हितों को सरकार अनदेखा करती है। इसके माध्यम से नक्सली जमीन अधिकार और खनिज संसाधनों के वितरण के लिए स्थानीय विकास के लिए संघर्ष करते हैं जितने राज्यों में नक्सवाद की समस्या है उन सभी राज्यों में व क्षेत्रों में आदिवासियों की संख्या बहुत अधिक है। तथा इन इलाकों में बुनियादी जरूरतों व सुविधाओं का अभाव है जैसे पीने के लिए पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ अस्पताल की कमी रोजगार की कमी है। इन क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में शासकीय व निजी कम्पनिया कोई कमी नही की यह कारण भी नक्सलवाद का कारण है।

1. **राजनीतिक कारण–** आदिवासियों के प्रति राजनीतिक प्रणाली की प्रकृति और उदासीनता सबसे अधिक महत्व पूर्ण कारकों में से एक रही जो इस तरह के विद्रोह का कारण बनी।

प्रभावित राज्यों में समाज के वंचित वर्गो को संरचनात्मक अध्ययन के लिए मार्ग प्रदान करने के लिए भारत में राजनीतिक प्राधिकरण की अक्षमता।

आर्थिक कारण– नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गरीबी और आर्थिक असमानता और अविकसितता।

आदिवासी भूमि और जंगलों में खनन कम्पनियों का प्रवेश, आदिवासियों के लिए आजीविका के लिए खतरा।

स्वदेशी जन जातीय आवादी अपनी आजीविका के पारम्परिक स्त्रोत से उखाड़कर अपनी भूमि से वंचित हो गई।

आदिवासियों पर संशाधन शोषण लाभ नही दिया जाता है।

पर्यावरणीय दुर्दशा– खनन और औद्योगिक गतिविधियों के कारण भूमि और जल संशाधनों के विनाश के रूप में पर्यावरणीय गिरावट।

मूलभूत सुविधाओं का अभाव– शिक्षा, स्वतंत्रता, स्वच्छता और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव।

असमानता, अशिक्षा और अवसरों की कमी के कारण सामाजिक रूप से पिछड़े आदिवासी नक्सलियों का प्रमुख आधार है।

आजादी के बाद भी नक्सल प्रभावित इलाकों में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में इनके जीवन में कोई सुधार नही आया अत: जनता को धीरे–धीरे यह समझ में आ गया है कि न तो केन्द्र सरकार और न राजय सरकार इन सामाजिक बुराइयों व भ्रष्टाचार नक्सली समस्याओं को दूर करने के उपाय निर्धारित नही कर रही है और इन्ही कारणो से नक्सलवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

नक्सलवाद के निवारण के उपाय– नक्सलवाद की समस्याओं को दूर तभी किया जा सकता है जब इससे प्रभावित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जाय नक्सलवाद की समस्या मुख्यत: उन इलाकों में ज्यादा फलती फूलती है जहाँ आदिवासी अशिक्षित हो। अत: नक्सल प्रभावित लोगों की शिक्षा और अच्दा रोजगार देकर भुखमरी, गरीबी को दूर करके मुख्यधारा से जोड़कर कुछ हद तक नक्सलवाद को समाप्त किया जा सकता है।

सुशासन:

1. देश में नक्सलियों की उपस्थिति से देश की कानून व्यवस्था का भी पता चलता है जो खतरे को रोकने में नाकाम रही है।
2. नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए केन्द्र सरकार को एक सुसंगत राष्ट्रीय रणनीति को लागू करने की आवश्यकता है।

संवाद:

1. नक्सल नेताओं और सरकारी अधिकारियों के बीच संवाद एक तरह से

समाधान का काम हो सकता है।

2. सरकार को नक्सलियों के साथ ईमानदारी से बातचीत शुरू करनी चाहिए।

अधिक रोजगार पैदा करें और मजदूरी बढ़ाएँ:

1. क्षेत्रों में असुरक्षित आजीविका और बेरोजगारी ने लोगों को नक्सलियों से जुड़ने के अलावा कोई विकल्प नही छोड़ा।
2. यदि हम वास्तव में नक्सलवाद को समाप्त करने के तरीकों के बारे में सोच रहे हैं तो हमें सबसे पहले इस क्षेत्र के लोगों को अच्छी मजदूरी के साथ उचित रोजगार उपलब्ध करवाना होगा।

पुनर्वास और पुनर्वास:

1. विस्थापितों के पुनर्वास के लिए बिना किसी प्रावधान के क्षेत्र में खनन के आधार, सिंचाई क्षेत्र, उद्योग आदि केवल गरीबों के संकट में शामिल हो गए है।
2. इन प्रभावित आबादी के पुनर्वास पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है।

पर्यावरणीय गिरावट को रोके:

1. खनन और औद्योगिक गतिविधियों के कारण भूमि और जल संसाधनों के विनाश के रूप में पर्यावरणीय गिरावट।
2. स्थानीय लोगों को बाधित जीवन और पर्यटक को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने के साथ छोड़ दिया जाता है।

कमजोर वर्गो के राजनीतिक हॉसिए पर रोक:

1. समाज के कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अभी भी उच्च वर्ग के भेदभाव का सामना करते है।
2. इन दलित वर्गो को राजनीतिक रूप से नक्सलियों को निशाना बनाने और उनका मुकाबला करने में बराबर की भागीदारी नही मिलती है।

असमानता को दूर करें:

1. आर्थिक असमानता और अमीर और गरीबों के बीच बढ़ती दूरी एक मुख्य समस्या है जिसने नक्सलवाद के विकास में योगदान दिया है।
2. इस दूरी को नक्सलवाद को रोकने के लिए जल्दवाजी में मरने की जरूरत है।

बता दें कि आम नागरिकों को पहुंच मूलभूत संसाधनों तक है:

1. अशान्ति के प्रमुख कारणों में से एक है औद्योगिक उद्देश्यों के लिए वन और आदिवासी लोगों की भूमि का शोषण।
2. भूमि की हानि और शिक्षा, स्वतंत्रता, स्वच्छता और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी।

आदिवासियों के कल्याण के लिए कदम उठाए:

1. असमानता अशिक्षा, और अवसरों की कमी के कारण सामाजिक रूप से पिछड़े आदिवासी नक्सलियों के लिए प्रमुख समर्थन औजार बनाते है।
2. इन लोगों को नक्सल के जाल मे गिरने से रोकने का कार्य महत्वपूर्ण है।

नक्सलियों द्वारा किए गये हमले:

घटना क्रमांक नं.1: दिनांक 03, सितम्बर 2005

1. पड़ेरा गांव थाना-बीजपुर बीजापुर-गंगधीर रोड़ दांतेवाड़ा जिला।
2. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के माइड निरोधी वाहन को विस्फोट से उड़ा दिया गया जिससे वाहन हवा मे उछल 30 फिट की दूरी पर गिरा जिस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 24 जवान शहीद हुए तथा 3 अन्य घायल हुए।
3. विस्फोटक को कच्चा रोड़ में जमीन के अंदर गाड़ा गया था।

घटना क्रमांक नं.2: नया बस्ती बोकरो झारखण्ड की घटना दिसम्बर 2006

1. एस.टी.एफ. झारखण्ड पुलिस के 15 जवान शहीद, एक बुरी तरह से घायल।
2. तर द्वारा संचालित मैकेनिक जिसे लगभग 100 फिट की दूरी से मैन्युअली ऑपरेट किया गया था।
3. लगभग 12 किमी अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमीनियम पाउडर के मिश्रण से बना विस्फोटक।

घटना नं.3: चतरा झारखण्ड के कुण्डा थाना में घटित घटना 8 अक्टूबर 2005

1. धातु निर्मित तिजोरी पर पैसे होने का लेबल लगा था पुलिस कर्मियों द्वारा खोलने के प्रयास से प्रेसर बम फटा।
2. 12 पुलिस कर्मी जिसमें राज्य पुलिस का एक उप पुलिस अधीक्षक एवं सी.आर.पी.एफ का एक सहायक कमांडेट शामिल थे, शहीद हुए तथा 16 अन्य घायल हुए।

घटना नं.4: मुंगेर पुलिस अधीक्षक की हत्या दिनांक 05 जनवरी 2005

1. कच्चे रोड़ के नीचे छुपाये लगभग 08 से 11 किलो के स्टील के दूध के बर्तन में छुपाए गये विस्फोटक से पुलिस अधीक्षक के वाहनों के काफिले को उड़ाया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित पॉच अन्य पुलिसकर्मी शहीद हुए।
2. लगभग 10 एल.ई.डी. लगाए गऐ थे जिनमें पॉच विस्फोट हुए तथा किन्हीं कारणों वस पॉच विस्फोटक नही हो पाये थे।
3. विस्फोट में अमोनिया नाइट्रेट एवं माइट्रोग्लेसीन जिसे जिलेटिन भी कहते है का भी प्रयोग किया गया था।

घटना नं.5: पलामू झारखण्ड में 03 फरवरी 2005 को विस्फोट की घटना।

1. घटना चतरपुरी-नौडिया रोड पर 01 बजे हुई।
2. कच्चे रोड के मध्य में प्लास्टिक के डब्बे में करीब 15 किलो विस्फोटक छुपाया गया था।
3. विस्फोट में चतरपुर थाना के थानेदार सहित 05 अन्य कर्मियों की मौत हुई थी।
4. टमोनियम नाइट्रेट एवं नाइट्रोग्लिसरीन आधारित एक एल.ई.डी. लगाया गया था।

घटना नं.6 : ग्ढचिरोली महाराष्ट्र के धोदराज गांव मे 22 फरवरी 2005

1. 12/15 किलो का एक एलईडी जो कच्ची सड़क के मध्य गड़ा हुआ था को विस्फोट किया गया जिसमें पुलिस की गाड़ी चपेट में आने से 07 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई तथा अन्य 14 घायल हुए थे।
2. इस विस्फोट में रिमोट से नियन्त्रित करने वाली मशीन बम का इस्तेमाल किया गया था।

घटना नं.7: जीटकानी शिवहर बिहार - 22 अक्टूबर 2010

1. नक्सलवादियों ने पुलिस पेट्रोल पर जा रहे दल के वालन को निशाना बनाया।
2. विस्फोट कर गाड़ी को एक पुलिस के पास उड़ा दिया गया जिसमें 06

सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान गवाई तथा 01 घायल हो गया।

घटना नं.8

1. परिमीली गढ़ चिरोली/महाराष्ट्र में 04 अक्टूबर 2010 को पुलिस के एक वाहन में विस्फोट कर उड़ा दिया गया जिसमे 05 पुलिसकर्मियों मारे गये।

घटना नं.9: चिगांवरम सुकमा दंतेवाड़ा-17 मई 2010 की घटना

1. 44 आदमी जिसमें 16 पुलिसकर्मी थे मारे गये तथा 06 घायल हुए।
2. पक्के ब्लैक टॉप सड़क के नीचे भारी मात्रा में दवाएँ गए विस्फोट से नक्सलियों ने 01 बस को निशाना बनाया।

घटना नं.10

1. कोड़ापाल वीजापुर 07मई 2010 को नक्सलवादियों ने विस्फोट किया जिसमें 07 सुरक्षा कर्मी मारे गये तथा अन्य घायल हो गया।

06 अप्रैल 2010 – सल 2010 में नक्सलवादियों ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा कर्मियों पर बड़ा हमला हुआ था इस हमले में 76 सी0आर0पी0एफ0 के 76 जवान शहीद हो गये थे।

08 मई 2010– छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलवादियों ने एक बुलेट प्रूफ गाड़ी में धमाका किया इस हमले में सी0आर0पी0एफ0 के 08 जवान शहीद हो गये।

29 जून 2010– छत्तीसगड़ के नारायणपुर जिले में नक्सलवादियों ने एक बड़े हमले को अंजाम दिया इस हमले में सी0आर0पी0एफ0 के 26 जवानों ने अपनी कुर्बानी दी।

18 अक्टूबर 2012– विहार के गया जिले में माओवादियों ने लैंडमाइन के जरिए सी0आर0पी0एफ0 के जवानों में हमला किया इस हमले में 06 जवान शहीद हो गये।

06 मई 2013– छत्तीसगढ़ में 25 मई 2013 के हमले में कांग्रेस पार्टी के 25 कार्यकर्ता और नेताओं की जान चली गई थी मारे गये नेताओं में महेन्द्र कर्मा तथा राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष आनंद कुमार पटले भी मारे गये थे।

02 जुलाई 2013– नक्सलवादियों ने झारखण्ड पुलिस को निशाना बनाया हमले में पाकुड और झारखण्ड के एम0पी0सहित 04 पुलिस कर्मियों की जान चली गई।

28 फरवरी व 11 मार्च 2014– ये दोनों ही घटनाएँ छत्तीसगढ़ में घटी जिसमें मिला कर 21 पुलिस कर्मियों की जान चली गई।

12 मार्च व 24 अप्रैल 2017– दोनों हमले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की है जिसमें सी0आर0पी0एफ0 के 37 जवान शहीद हो गये।

13 मार्च 2018– छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुए नक्सली हमले में सी0आर0पी0एफ0 के 09 जवान शहीद हो गये और 25 अन्य घायल हुए थे।

2019– 2019 में नक्सलियों द्वारा कई बार पुलिसकर्मियों के ऊपर हमला किया गया जिससे पुलिस कर्मी के साथ-साथ आम जनता व कुछ जनता-प्रतिनिधि शामिल थे।

03 अप्रैल 2021–छत्तीसगढ़ के वीजापुर से कुछ दूर में स्थित जंग में सी0आर0पी0एफ0 के जवानों की टुकड़ो जंगल गस्त के दौरान नक्सली ताक लगा कर बैठे थे तथा जवानों के पहुंचते ही फायरिंग शुरू कर दी जिसमें 22 जवान शहीद हो गये कई अन्य घायल हुए।

22 फरवरी 2022– छत्तीसगड़ के वीजापुर जिले के वासागुडा थाना क्षेत्र के तीम्मापुर जंगलों में मुठभेड़ हुई जिसमें गोली लगने से घायल जवान शहीद हो गया।

निष्कर्ष – नक्सलवाद के उभार के लिए आर्थिक और राजनीतिक दोनों कारण ही उत्तरवादी है इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिए कि मेसा अधिनियम के अन्तर्गत आदिवासी को कुछ जंगली उत्पादों की अनुमति दे दी जाय छत्तीसगढ़ झारखण्ड मध्यप्रदेश उड़ीसा एवं आन्ध्रप्रदेश और इनमें से जुड़े क्षेत्रों के साल लाल गलियारों से चलाई गई किसी भी योजना से चाहे गये परिणाम नजर नही आये है। सरकार के द्वारा चलाई गई नीतियों को नक्सली गांव कस्बों तक पहुंचने नही देते सरकार के द्वारा बनवायी जा रही सड़कों से नक्सली बम से विस्फोट करा देते है जिससे सरकार व सरकार से जुड़े लोग आतंकित होकर उन नीतियों को अमल में लाया नही जाता राज्य सरकार को केन्द्र सरकार के द्वारा मिला धन का पूरा व्यय भी नही किया जाता और बाद में यह बोल दिया जाता है कि यह नक्सली प्रभावित क्षेत्र है। उपर्युक्त चर्चा के बाद यही कह सकते हैं कि नक्सली हिंसा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राजनीतिक व आर्थिक दोनों क्षेत्रों में निपटने पर नियंत्रित करने की आवष्यकता है। प्रभावित क्षेत्रों में आम जनता की सुरक्षा करना भी आवष्यक है सुरक्षा के साथ-साथ शांतिपूर्ण योजनाओं पर ध्यान देना चाहिए केन्द्र व राज्य दोनों मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी जरूरतों पर जैसे - शिक्षा के लिए स्कूल कॉलेज स्वास्थ्य के लिए हॉस्पिटल सड़क से रोजगार देकर मुख्यधारा से जोड़ा जा सके तथा उनमें अपने हक अधिकार के लिए जागरूकता लाई जा सके। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में टास्कफोर्स का गठन किया जाय और पुलिस फोर्स के प्रति विश्वास पैदा किया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा आवश्यकता नेतृत्व की है। जिससे समस्या को जड़ से खत्मा किया जाय लेकिन दुर्भाग्य यह है कि भारत सरकार इसे खत्म करने की दृढ मानसिकता बना ही नही पा रही है इसीलिए सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए उचित रणनीति बनाने की सख्त जरूरत है ताकि नक्सलवाद जैसे अति गंभीर समस्या से निपटा जा सके।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. राकेश कुमार सिंह: नक्सलवाद और पुलिस की भूमिका, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली, 2012
2. डॉ. एस के मिश्रा: नक्सलवाद, के डब्ल्यू नई दिल्ली, 2010
3. नक्सलवाद - ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सामाजिक विकास, विश्व भारती प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. डॉ0 बी0एल0 फडिया: अन्तराष्ट्रीय राजनीति (2003), आगरा साहित्य भवन प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. विहारूराम बघेल: छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद ऐतिहासिक अवधारणा।
6. दैनिक भास्कर, 3 मार्च, 2018, पृ. सं. 01 एवं 06: 03 अप्रैल, 2021 पृ.सं. 01 एवं 08: 22 फरवरी, 2022, पृ. सं. 01 एवं 04

पत्र-पत्रिकाएँ :

1. दैनिक भास्कर ,08 अक्टूबर, सन् 2005
2. नई दुनिया, 22 अक्टूबर, 2010
3. पत्रिका, 08 अक्टूबर, 2012
4. नव भारत, 06 मई 2013
5. स्वयं के विचार।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारत की अर्थव्यवस्था की समस्याएं : निर्धनता एवं बेरोजगारी

सुमन भंवर *

* शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय,गंधवानी, जिला धार (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत की अर्थव्वस्था की प्रमुख समस्याओं में निर्धनता गरीबी बरसों पुरानी समस्याएँ है जो आजादी के बाद से अभी तक विद्यमान है। यह निर्धनता की सरल परिभाषा के रूप में यह कहा जा सकता है कि जब समाज का एक वर्ग अपने जीवन, स्वास्थ्य एवं कार्यकुशलता के लिए आवश्यक न्यूनतम उपभोग आवश्कताओं को पूरा कर पाने में असमर्थ है।

कृषि विशेषज्ञ ने निर्धनता को दो भागों में बाँटा है– सापेक्षित निर्धनता और निरपेक्ष निर्धनता। सापेक्षिक निर्धनता से अभिप्राय विभिन्न वर्गो के लोगों में अन्य वर्गों की तुलना में पाई जाने वाली निर्धनता है। जिस देश, राज्य, वर्ग का जीवन स्तर दूसरे में पायी जानेवाली असमानता को प्रकट करती है। भारत में खेतीहर मजदूर ग्रामीण दस्तकार, अनुसूचित जाति व जनजातियों के लोग, घरेलू नौकर, दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिक आदि निर्धन श्रेणी में आते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन जिसकी आय एक डालर से भी कम है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि भारत जैसे देशों की प्रति व्यक्ति आय अमेरिका जैसे देशों की तुलना में काफी कम है। इसलिण भारत अन्य विकसित देशों की तुलना में एक निर्धन देश साबित होता है।

निरपेक्ष निर्धनता – निरपेक्ष निर्धरता से आशय किसी देश की आर्थिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धनता के माप से है। अधिकतर देशों के प्रति व्यक्ति उपयोग की जाने वाली कैलोरी तथा न्यूनतम उपभोग क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन प्राप्त होनी चाहिए। विश्व बैंक के अनुसार निर्धनता रेखा का मानक 1.25 डालर प्रतिदिन माना है। ग्रमीण क्षेत्र में गरीबी रेखा 816 रूपये प्रति व्यक्ति मासिक व शहरी क्षेत्र हेतु 1000 रूपये प्रति व्यक्ति मासिक आय निर्धारित की गई है। किन्तु यह मजाक सब राज्यों में और सब वर्गों में एक जैसा नहीं है। उदाहरण के लिए उड़िसा में 695 रूपये प्रति व्यक्ति प्रति मास निर्धारित किया गया है। गरीबी रेखा के नवीनत आकलन के अनुसार वर्ष 2011-12 में भारत की कुल जनसंख्या का 21.9 गरीबी रेखा के नीचे हैं।

भारत निर्धनता याने गरीबी के कारण – जो कारण भारत में राष्ट्रीय आय कम होने के लिए उत्तरदायी है, वही कारण भारत में निर्धनता के लिए उत्तरदायी है। इन कारणों का संक्षिप्त विवेचन निम्नानुसार किया जा रहा है–

1. आर्थिक कारण
2. सामाजिक कारण
3. राजनैतिक या प्रशासनिक कारण

1. आर्थिक कारण – इन आर्थिक कारणों में प्रमुख कारणों का उल्लेख इस प्रकार किया जा रहा है।

(अ) कृषि पर अत्यधिक निर्भरता – भारत की राष्ट्रीय आय कम होने का प्रमुख कारण ह है कि कृषि पर अधिक जनसंख्या निर्भर है। दुर्भाग्य से जब कभी मानसून असफल होता है तो सूची भारत की कृषि व्यवस्था विफल हो जाती है। जिससे राष्ट्रीय आय में भारी कमी हो जाती है। क्योंकि भारत में जनसंख्या का एक बहुत बड़ा भाग कृषि पर आश्रित है।

(ब) औद्योगिक ढंग के आधारभूत बड़े उद्योगों का अभाव है। औद्योगीकरण नहीं होने से जनता का एक बहुत बड़ा भाग कृषि पर ही निर्भर माना जाता है।

(स) पूंजी निर्माण की कमी – भारत में औसत आय अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। इसलिए बचत नहीं हो पाती। इसलिए पूंजी निर्माण भी नहीं हो पाती। अधिकांश लोग अपने पैतृक धंधों में लगे रहते है। जिनकी आय भी पर्याप्त नहीं है इस कारण पूंजी निर्माण की संभावना काफी कमजोर पायी जाती है।

(द) आर्थिक निर्णय संरचना का अभाव – भारत में आर्थिक विकास के लिए आवश्यक आर्थिक संरचना इसलिए आर्थिक निर्माण संरचना नहीं हो पाती।

(इ) जनसंख्यां में तीव्र वृद्धि – पिछले कतिपय दशकों से जनसंख्यां में तीव्रता से वृद्धि हो रही है जिससे प्रति व्यक्ति औसत आय भी धीरे धीरे कम हो रही है।

(फ) राष्ट्रीय आय का असमान वितरण – देश में राष्ट्रीय आय का वितरण बहुत ही असमान है। कुछ औद्योगिक घरानों की आय अत्यधिक है। तो दूसरी और गरीबों के पास पैसा नहीं है। इससे अमीर व्यक्ति और गरीब व्यक्ति की आय में भारी असमानता है। फलत: समस्त कार्यकारी जनता को लाभकारी रोजगार दिलाना कठिन हो गया है।

(क) मुद्रास्फीती का दबाव – भारत में आम जरूरतों की वस्तुओं की कीमत लगातार बढ रही है जिससे गरीबों और मध्यमवर्गीय लोगों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

2. सामाजिक कारण – आम भारती अपनी पुराने जातिवद, धर्मवाद और पुरानी रूढियों से ग्रस्त है। नवीन उद्योगों की और जनता का झुकाव नहीं होने से उनमें आर्थिक विकास अत्यंत धीमा है। आमतौर पर लोग भाग्वादी है। इसलिए वें उद्योगों को नहीं देख पाते। जनसंख्या कम बढोत्री भी आर्थिक विकास में अवरोध पैदा करती है। लोग ऋणग्रस्त है। जिससे वे बचत, विनियोग जैसी आर्थिक विकास में अवरोध पैदा करती है। लोग ऋण ग्रस्त है। जिससे वे बचत, विनियोग जैसी आर्थिक प्रक्रिया के प्रति उत्सुक नहीं है।

भारत में अशिक्षा भी भारी मात्रा में है। अनुसूचित जाति और जनजातियों में शिक्षा के प्रति दुर्लक्ष्य अधिक पाया जाता है। लोग विकास की दृष्टि से काफी पिछड़े हुए है। जाति प्रथा और संयुक्त प्रणाली में विकास में बाधक है।

3. **राजनैतिक एवं प्रशासनिक कारण –** बरसों तक भारत का जनमानस विदेशी शासकों के हाथों में रहा है। जिन्होंने देश के विकास की और भरपूर प्रयास नहीं किये। राजनैतिक अस्थिरता के कारण भी विकास की ओर पर्याप्त धन नहीं दिया गया।

भारत में बेरोजगारी:

1. **अदृश्य बेरोजगारी –** कृषि क्षेत्र में पाई जाने वाली अदृश्य बेरोजगारी उस स्थिति को दर्शाती है, जब श्रमिकों की सीमान्त उत्पादकता शून्य हो जाती है अर्थात् इन व्यक्तियों को कृषि क्षेत्र से हटाने के बाद भी कृषि क्षेत्र की उत्पादकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

2. **खुली बेरोजगारी –** बहुत से लोगों के पास कई श्रमिक काम काज के बिना होते हैं। वे काम के इच्छुक है उनमें काम की शक्ति और योग्यता भी है लेकिन उन लोगों के पास काम ही नहीं है। इसलिए वे बेरोजगार बने रहते हैं।

3. **मौसमी बेरोजगारी –** मुख्य मौसमी बेरोजगारी श्रमिक किसानों में अधिक पाई जाती है। उनके पास 6 से 7 माह तक के काम रहते हैं। जैसे बोवनी के समय, फसल कटाई के समय, आदि कामों के समय ही उनके पास कम रहते है। लेकिन शेष दिनों में वे बेरोजगारी बने रहते हैं। इस प्रकार वर्ष के कुछ महीनों में ही काम मिलता है। शेष दिनों में वे बेरोजगारी बने रहते है।

4. **शिक्षित बेरोजगारी –** हजार पढे लिखे, योग्ताधारी शिक्षित लोगों की शिक्षा पूरी होने के बाद उनके पास कोई नौकरी नहीं होती। इसलिए वे पढे लिखने के बावजूद बेरोजगार बने रहते हैं। ऐसे लोगों की संख्या निरंतर बढती जा रही है। इससे समाज में अशांति और दुराचार को प्रश्रय मिलता है।

बेरोजगारी के दुष्परिणाम:

1. आर्थिक दुष्परिणाम के कारण मानव शक्ति व्यर्थ होने लगती है। मानव शक्ति का सदुपयोग नहीं होने से व्यक्तियों में विकृतियाँ पैदा हो जाती है।
2. आर्थिक सम्पन्नता धीरे धीरे घटने लगती है। बेरोजगार लोगों की आय में भारी मात्रा में गिरावट आने लगती है। कई लोग इसी कारण ऋणग्रस्त हो जाते है। लोगों की आर्थिक समस्याएं बढने लगती है।

औद्योगिक संघर्ष – बेरोजगारी से औद्योगिक संघर्षों में वृद्धि हो जाती है। मालिक बेरोजगारी का लाभ उठाकर लोगों को बहुत कम मजदूरी देते हैं। जिससे शोषण की प्रवृत्ति बढती है। निर्धनता में वृद्धि होती है। बेरोजगार वक्ति की आय कम हो जाती है। जिससे उपभोग के अनेक साधनों से व्यक्ति वंचित हो जाता है। जिससे गरीबी का प्रमाण बढने लगता है।

सामाजिक और राजनैतिक दुष्परिणाम

1. **सामाजिक समस्याओं का जन्म –** जिस देश में बेरोजगारी बढती जाती है उस देश में नयी नयी सामाजिक समस्याएं पैदा होती है। चोरी, डकैती, बेईमानी, अनैतिकता, शराब खोरी आदि दुष्प्रवृत्तियाँ बढती जाती है। सामाजिक सुरक्षा और शांति के प्रयासों में अनेक संकट पैदा हो जाते है।

2. **श्रम का शोषण–** बेरोजगारी की स्थिति में श्रमिकों का अत्यधिक शोषण किया जाता है। अधिक काम करके थोड़ी से पैसे उन्हें दिये जाते है। इससे लोगों की कुशलता पर बुरा प्रभाव होता है।

3. **सामाजिक असमानता–** जितनी बेरोजगारी बढती है उतनी उसमें सामाजिक विषमता पैदा होती है। कुछ लोगों सम्पन्न होते हैं जिसके बनिस्बत हजारों लोग गरीब हो जाते हैं।

4. इन सब स्थितियों से देश में राजनैतिक अस्थिरता पैदा हो जाती है। प्रजातांत्रिक मूल्यों और शांति को खतरा पैदा हो जाता है।

इस प्रकार बेरोजगारी अनेक समस्याओं को पैदा करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अर्थशास्त्र– डॉ. अनुपम अग्रवाल और सौमय रंजन एबीपीडी पब्लि. आगरा 2019–20
2. विकास का अर्थशास्त्र एवं नियोजन– डॉ. राम रतन शर्मा, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
3. कृषि अर्थशास्त्र– जय प्रकाश मिश्र, साहित्य पब्लि., आगरा
4. भारतीय आर्थिक नीति– डॉ.पी.डी. माहेश्वरी 2011
5. म.प्र. : एक परिच, – जितेन्द्रसिंह भदौरिया, और राकेश गौतम–मैकग्रा हिल्स, प्रा.लि. 2020

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Women Characters in the short stories of Thomas Hardy and Rabindra Nath Tagore - A Comparative Study

Rajni Mishra*

***Assistant Professor (English) Govt. (Model Autonomous) Holkar Science College, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - Characterisation is one of the main elements of a story. As every human being is possessed with different nature and traits, the characters of a story are also multicoloured and multifaceted. Some are good, some are villains,some are round and some are flat characters.The present paper is an attempt to compare and contrast the women characters of Thomas Hardy and Rabindranath Tagore. Both the writers have been termed as feminists and have created myriad women characters. They had a deep insight into woman's heart. The period of creation of both of them was more or less the same. They saw the advent of the modern era.Both the artists painted the canvas of literature with colourful,life like images.

Keywords- Delineation, Gender, Ideology, Portraiture, Feminism.

Introduction - Characters are the nerve centres of a work of fiction. They set the plot in motion. In the short stories of Hardy and Tagore, the female characters steal the show. Both the authors have presented them in different shades, hues and colours. As they have highlighted the female characters, both have been termed as feminists. Both were poets and understood the deep intricacies of women's heart. The time of their creation is more or less the same. The societal norms prevalent in both the countries, bear semblance to each other, specially the condition of women folk. In the Victorian society, the main organising principles were gender and class. Double standards were set for men and women. The Victorian gender ideology stated that men and women are different and meant for different things. Women were considered as means of reproduction and their feelings did not matter. Men were independent; women were dependent. They were denied many rights, even the right to vote. Conditions were even worse in India. Besides these vices, there were child marriage, illiteracy and sati pratha too. England was standing on the threshold of modernism. There was the advent of industrialisation and India was struggling for its independence.This was the time of political and social turmoil. Both the authors were realistic in their approach and presented life like characters.

Content

Women Characters of Thomas Hardy - Hardy had an intuitive insight and understanding of the psychological complexities of the female mind. This he had achieved in his boyhood by writing love letters of village maidens .His females belong to different classes of the society. He has created versatile women characters in his four short story collections. As the name indicates, ' *A Group of Noble Dames'* is completely dedicated to women characters. He has portrayed ten aristocratic ladies, all of different temperaments. All may not be liked by us but they have been beautifully presented as real and flawed human beings, with their shallowness, pride and romanticism. Barbara in '*Barbara of theHouse of Grebe'* is young, proud but vulnerable. Betty in '*The First Countess OfWessex'* and Emmeline in '*The Duchess of Hamptonshire'* are timid and weak. Lady Caroline in '*The Marchioness of Stonehenge'* is proud, vain, jealous and aristocratic. Lady Icenway in '*The Lady Icenway'* is proud and masterful and Annetta in '*SquirePatrick's Lady'* is imaginative. All these noble dames suffer under class consciousness. Their class obstructs them in gaining true happiness.

In contrast to these high, aristocratic ladies,he has delineated simple, rustic characters in *'Wessex Tales.'* Ella Marchmill in *'An Imaginative Lady'* bears semblance to Annetta in imagination. Their imaginativeness causes harm to their offsprings. Sophy in *'A Son's Veto'* is meek and submissive; dominated, first by her husband and then by her son. She represents that typical Victorian woman, whose fate is decided by men. Gertrude and Rhoda in, *'The Withered Arm'* belong to different class and possess different characteristics. Gertrude is young, gentle, altruistic and belongs to high-class whereas Rhoda is a rustic, strong and independent woman. Rhoda and Gertrude suffer at the hands of the same man.Prof. Michael Irwin comments on Gertrude's character, "Gertrude Lodge, the unfortunate victim, resembles the heroines of several similar stories in being 'delicate' prone to 'throb' or 'palpitate.' Her nervous

sensitivity makes her vulnerable even to unintentional malignity." (Wessex Tales-XIV)

Lizzy Newbury in *'The Distracted Preacher'* and Sally Hall in *'Interlopers ofthe Knap'* are strong, independent and determined young ladies. Sally presents an embodiment of the spirit of new woman by taking the decision to remain a spinster throughout her life. This was not an easy decision to be taken in the Victorian age. She seems to belong to the modern age. She is full of self-respect and does not take any man, after being rejected by one.

In *'Life's Little Ironies'* too, Hardy has portrayed some prominent women characters. Edith Harnham and Anna in *'On the Western Circuit'* are presented to us as two opposite characters. Edith is grave, emotional, educated and mature but she's lonely, bound in an incompatible marriage with an old man. Anna is a naïve,innocent, young peasant girl who is illiterate. They cross each other's way by loving the same man, but Edith keeps her morality and retraces her steps. Carline in *'TheFiddler of the Reels'* is depicted as a weak minded girl, who gives into momentary pleasures, unable to resist the frivolous Mop Ollamoor.

The character of Laura in *'A Changed Man'* is of a girl who changes into a mature lady at the end of the story. She marries a soldier for good life but deviates from him when he becomes a priest, thinks of leaving him too. But the goodness of her character stops her from doing so and she lives as Mrs.Maumbry and dies as his widow. Lucy in *'The Fellow Townsmen'* and 'Selena in *'Entering a Dragoon'* are victims of fate.

Hardy was aware of the demands of women in the later part of the nineteenth century. These were access to education and profession, right to vote and divorce; they wanted to be free from many other forms of injustice and discrimination. Hardy became the voice of the women to get them liberated from the constraints of the Victorian era.

5. महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक स्थिति और समाज में उनकी हैसियत को उठाने के लिये आर्थिक आत्मनिर्भरता के साधन के रूप में विकसित करना।
6. महिला स्वरोजगार मूलक योजनाओं से संबन्धित वैधानिक पहलुओं को सामने लाना।
7. महिलाओं को उद्यमीय जीवन अपनाने की दशा में उनके सामने आने वाली परेशानियों का पूर्वाभास कराना।
8. महिलाओं को उद्यमीय जीवन अपनाने की दशा में उनके सामने आने वाली परेशानियों का पूर्वाभास कराना।

शोध प्रविधि - शोध या अन्वेषण किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए किया जाता है। ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में ध्यानपूर्वक नये तथ्यों की खोज के लिए किये गये परिक्षण को अध्ययन कहते है।

शोध के कार्य में महिला उद्ययमिता एवं स्वरोगारमूलक योजनाओं से सम्बन्धित वास्तविक एवं विश्वसनीय आकड़ो को प्राप्त करने के लिये द्वितीयक आकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया गया है। द्वितीयक आकड़े जैसे महिला उद्यमिता एवं स्वरोजगारमूलक योजनाओं की समस्या से संबंधित प्रकाशित-अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, शासकीय आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं। इसके अतिरिक्त लाइब्रेरी, एवं इंटरनेट आदि का प्रयोग किया गया है।

उपकल्पना - इस शोध पत्र में निम्न उपकलपनाएँली गयीं है-

1. महिलाओं में शिक्षा का विकास होने से उनमें उद्यमिता के प्रति जगरुकता आयी है।
2. महिलायें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक हुई है और समाज में उद्यमिता के जरियें विशिष्ट स्थान बनाने की उतसुकता उनमें पैदा हुई है।
3. महिलाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम से जाड़ जायेगा जसमें उनहें आत्मनिर्भर बनने के लिए जरूरी कौशल सिखाया जायेगा।
4. इसके साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करना भी सरकार का लक्ष्य है।
5. महिला उद्यमियों को ऋण एवं अन्य सुविधाओं की प्राप्ति के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

जिस व्यवसाय में महिलाओं का स्वामित्व, प्रबंध और नियन्त्रण होता है उसे महिला उद्यमिय कहते है। यदि किसी देश की समृद्धि, संस्कृति, आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना है तो पहले उस देश की महिलाओं का अध्ययन करना चाहिए।

आज के समय में कई ऐसी महिलाए है जो बड़ी-बड़ी कम्पनी को संचालित कर रही है व बखूबी अपनी जिम्मेदारी को निभा रही है कुछ ऐसी ही महिलाओं के बारे में विशेष जानकारी-

भावना सुरेश, सह-संस्थापक और सीईओ, 10 क्लब - भावना वर्तमान में ई-कॉमर्स रोल-अप व्यवसार में एकमात्र महिला उद्यमी हैं। इससे पहले, उन्होने लामुडी की सह-स्थापना की, जो एक प्रमुख वैश्विक प्रॉपटेक वेंचर है, जो 30 देशों में संचालित होता है। 10 क्लब ने हाल ही में फायरसाइड वेंचर्स और स्पेस में एक्टिव एक अंतरराष्ट्रीय निवेशक के सह-नेतृत्व में देश के सबसे बड़े सीड राउंड में से एक में 40 मिलियन डॉलर जुटाए थे।

सुची मुखर्जी - गर्ल्स फैशन हब लाइम रोड के बारे में लगभग हर महिला जानती है। इसका श्रेय जाता है सुची मुखर्जी को। मिस मुखर्जी और उनके दोस्तों अुकुश मेहरा और प्रशांत मलिक के द्वारा 2012 में लाइम रोड की स्थापना की गई थी। तब से लाइम रोड ऑनलाइन शॉपिंग का हब बन चुका है और धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। सुची 40 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं में बढ़ती हुई प्रतिभा के लिए सम्मानित हो चुकी हैं।

विनीता वाली - ब्रिटानिया इण्स्ट्रीज की मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ

कारोबार की दुनिया में शीर्ष पर है। इकोनोमिक्स टाइम्स की तरफ से 2009 में उन्हें बिजनेस ऑफ द ईराक के खिताब से भी नवाजा गया है।

चन्द्रा कोचर – जन्म 17 नवम्बर 1961 एम.बी.ए. एम.ए.मैनेजमेंट स्टडी, मुम्बई, एम.डी., सी.ई.ओ. आई. सी.आई बैंक, भारत। चन्द्रा कोचर को फेब्स पत्रिका ने दुनिया की सौ सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं में से माना है।

तथ्यों का सारणीयन विश्लेषण एवं व्याख्या – किसी भी शोधार्थी द्धारा किया गया कोई भी शोध कार्य सही अर्थो में तभी प्रभावी होते है, जब शोधार्थी द्धारा उस समस्या की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाये। इसके लिये यह आवश्यक है कि शोधार्थी द्धारा शोध अध्ययन में उपयोग किये गये समस्त शोध उपकरण द्धारा प्राप्त जानकारियों को व्यवस्थित क्रम में सारणीद्ध किया जाये।

शोध क्षेत्र देवास जिले के महिला उद्योमिता एवं स्वरोजगारमूलक योजनाओं एवं आर्थिक विकास हेतु शोधार्थी ने कुछ शोध उपकरणों की सहायता ली है, जिसके द्धारा एकत्रित तथ्यो का सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या द्धारा वस्तु स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गयी है। जो इस प्रकार है –

देवास जिले की जनसंख्या 2011 के आंकडो के आधार पर 15,63,715 है। जिसमें पुरूष जनसंख्या 8,05,359 है और महिलाओ की जनसंख्या 7,58,356 है। इन आकडों के आधार पर देवास जिले में कुल गाँवो की संख्या 1160 है, तथा नगर पालिका+नगर पंचायत 14 है और ग्राम पंचायत की संख्या 495 है। इन सब आकडों को ध्यान में रखते हुए देवास मे महिलाओं के लिए कई सारी सरकारी योंजनाए चलाई जा रही है जिसकी सहायता से वे अपना स्वंय का व्यवसाय आसानी से शुरू कर सकती है।

योजनाएं जो सरकार द्धारा चलाई जा रही है– हेल्थकेयर, खानपान उद्योग, ब्यूटी पार्लर, डाटा एंट्री व अकांउटिंग, कला और हस्त कला, फैशन उद्योग आदी कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिसकी सहायता से वे स्वंय का व्यवसाय शुरू कर सकती है और समाज में अपनी पहचान बना सकती है।

धर्म	**2011 जनसंख्या**	**प्रतिशत**	**2022 की अनुमानित जनसंख्या**
हिंदू	1,376,591	88.03%	1,611,162
मुसलमान	174,259	11.14%	203,953
ईसाई	2,355	0.15%	2,756
सिख	2,330	0.15%	2,727
बौद्ध	382	0.02%	447
जैन	6,497	0.42%	7,604
अघोषित	1,229	0.08%	1,438
अन्य	72	0.00%	84
कुल	1,563,715	100%	1,830,172

देवास की आबादी – धर्म के अनुसार विवरण

महिला उद्यमिता की समस्यायें:

1. देश का सामाजिक ढाँचा परम्परागत एवं महिला उद्यमियों के प्रति कठोर, संवेदनहीन है।
2. सामान्यत: महिलाओं में अपने आप निर्णय लेने की क्षमता का अभाव होता है।
3. महिला उद्यमियों को सामान्यत: ऋण की प्राप्ति में अनेक कठिनाओं का सामना करना पड़ता है।
4. भारत में महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत पुरूष की तुलना में कम हैं शिक्षा के आभाव में वह तकनीकी ज्ञान एवं विपणन के सम्बन्ध में सजग नहीं रह पाती जिसका विपरीत प्रभाव उनके व्यवसाय के विकास पर पड़ता है।
5. महिला उद्यमीता कभी–कभी नवीनतम तकनीक से पूर्णत: जानकारी नहीं ले पाती है जिससे उत्पादन लागत में वृद्धि हो जाती है।

सुझाव– किसी भी योजना को सफल क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु बेहतर प्रबंध का होना अत्यन्त आवश्यक है। देश में महिलाओं की सुविधाओं के लिए कई तरह की योजनाए चलायी जा रही हैं। जिसका उपयोग वे समय के अनुसार कर सकती है

निष्कर्ष – आज देश के समक्ष सबसे बडी चुनौती बेरोजगारी की है। प्रत्येक पढ़ा लिखा युवक,युवतियों का उद्देश्य शिक्षा पश्चात रोजगार प्राप्त करना होता है। देश के प्रत्येक शिक्षित वर्ग को शसकीय नौकरी नही दी जा सकती है। इसका प्रमुख कारण है, शाकसीय पदों का सीमित हाना। ऐसी स्थिति को देखते हुऐ राज्य सरकार ने स्वरोजगार योजना को शुरू करने का निर्णय लिया जिससे एमपी में जितेने भी गरीब वर्ग के लोग है और वे स्वयं का रोजगार शुरू करना चाहते है लिकिन उनके पास अपना रोजगार शुरू करने के लिए पैसे नहीं होते। और वे ना तो खुद का रोजगार खोल पाते है और कोई छोटी मोटी नौकरी करने लगते है। जिस कारण उनका खुद का स्वरोजगार खोलने का सपना अधूरा रह जाता है। लेकिन एमपी सरकार ने ऐसी समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की शुरुआत की है जसमें आवेदन करके लाभार्थी अपना उद्योयोग शरु कर सकता है। और इस योजना से बहुत से लोग को रोजगार मिलेगा और राज्यों में बोरागारी नहीं फैलेगी और साथ ही राज्य का विकास होगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1 डॉ. अग्रवाल के.बी. उद्यमिता विकास।
2 डॉ. तिवारी अंशुजा, डॉ. तिवारी संजय महिला उद्‌मिता, ओमेगा पब्लिकेस दिल्ली।
3 उद्‌मिता समाचर पत्र।
4 डॉ. एस. पी. माथुर, भारत में उद्यमिता विकास 2010, हिमालया पब्लिशिंग हाऊस मुम्बई।
5 डॉ. मिलिन्द कोठारी, उद्यमिता विकास 2016 रमेश बुक डिपो, जयपुर–नई दिल्ली।
6 दैनिक समाचार, दैनिक भास्कर।
7 इंटरनेट आदी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

युवाओं का चहुमुखी विकास और नई शिक्षा नीति

डॉ. कलिका व्यास डोलस *

* प्राध्यापक (गृहविज्ञान एवं नई शिक्षा नीति प्रभारी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – लगभग 38 वर्षो पश्चात् आई नई शिक्षा नीति के पदार्पण ने युवाओं एवं उनके अभिभावकों में एक अजीब सी हलचल उत्पन्न हो गई है। परम्परागत ढर्रे से चली आ रही पुरानी शिक्षा नीति से युवाओं को छुटकारा मिल गया है जो युवाओं के एक पक्षीय विकास पर केंद्रीत थी, परंतु नई शिक्षा नीति ने युवाओं के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखा है। जिससे युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस शिक्षा नीति ने जमीनी स्तर पर युवाओं की समस्याओं को समझा है एवं उनसे निपटने के उपाय भी बताए हैं।

शब्द कुंजी – युवा चहुमुखी विकास, नई शिक्षा नीति।

अभी तक आई और सभी शिक्षा नीतियाँ असफल होने का मुख्य कारण है कि वे भारतीय संस्कृति के अनुकूल नही थी। हमारी संस्कृति गुरूकल परम्परा की पोषक रही है। गुरूकुल पद्धति केवल ज्ञान प्राप्ति का स्थान नही था वहां गुरूकुल के माध्यम से जीवन जीने की कला सिखाई जाती थी, नींव मजबूत की जाती थी जिससे भविष्य भी सुखकर होता था। न केवल सैद्धान्तिक ज्ञान दिया जाता था वरन् व्यवहारिक ज्ञान, उसके कार्यान्वयन का अवसर, श्रम की प्रतिष्ठा, आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य सभी पर बल दिया जाकर बालक का सर्वांगीण विकास किया जाता था, परंतु मध्य काल में मुगलों एवं विशेषकर अंग्रेजों के आगमन एवं आक्रमण से सारी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई एवं जो भारत शिक्षा का गढ़ माना जाता था, जहॉं तक्षशिला नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय थे, जहॉं विदेशो से भी छात्र पढ़ने आते थे उसका नामोनिशान मिट गया। विडंबना इस बात की थी कि अंग्रेजों की यह भ्रामक धारणा थी कि हिंदू अनपढ़-गवॉर है, वे पिछड़े है, उन्हें कुछ नही आता एवं उनका यदि कोई भला कर सकता है तो वे केवल अंग्रेज ही कर सकते हैं। 1902 में चार्ल्स ग्रांट का एक आलेख प्रकाशित हुआ था जिसमें उसने भारत के हिंदु एवं मुसलमानों की अज्ञानता का चित्रांकन करते हुए अंग्रेजी शिक्षण पद्धति की वकालत की थी। उसके अनुसार भारतीय जंगली एवं असभ्य है तथा उन्हें सभ्य बनाने के लिए अंग्रेजी अत्यावश्यक है। उसने इसी आलेख में आगे लिखा 'भारतीय अज्ञानता के कारण गलतियॉं करते है और ये गलतियॉं उन्हें कभी बताई ही नही जाती ऐसे में केवल अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली ही उन्हें सभ्य बना सकती है एवं अंग्रेजी भाषा के माध्यम से शिक्षण देने से वे हमारे अन्य साहित्य तथा धर्म, संस्कृति से भी परिचित होंगे तथा इससे हमारे धर्म, संस्कृति एवं अंग्रेजी भाषा का स्वत: ही प्रचार प्रसार हो जाएगा'। इस आलेख को कार्यान्वित करने के परिणामस्वरूप भारत में अंग्रेजी माध्यम एवं पद्धति में पाश्चात्य शैली की शिक्षा प्रणाली का सूत्रपात हुआ। इसके पश्चात 1813 में मैकाले ने सारे विश्व की भाषा की जननी संस्कृत को गवॉंरू भाषा कहते हुए संस्कृत साहित्य को फिजूल कहकर भारतीयों को अंग्रेजी शिक्षा ही दिए जाने की सलाह दी। गर्वनर जनरल ने भी मैकाले की सलाह का अनुमोदन करते हुए अंग्रेजी ढंग की शिक्षा नीति की घोषणा कर दी जिसने भारतीय शिक्षा पद्धति एवं संस्कृति के ताबूत में आखरी कील ठोंकने का कार्य किया। जिसे हम आज भी थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ अपनाए हुए है। इस नीति का प्रत्यक्ष परिणाम तो यह हुआ कि भारतीयों की अपनी श्रेष्ठ गुरूकुल परंपरा का लोप हो गया एवं सरकारी बाबू बनकर तैयार होने लगे। इस नीति का अप्रत्यक्ष एवं भयंकर परिणाम यह हुआ कि श्रम की प्रतिष्ठा नष्ट हुई, श्रम को अपमानित किया गया एवं सरकार की अंग्रेजी नौकरी, जो कि नौकर शब्द से बना है, को श्रेष्ठ साबित किया गया। अप्रत्यक्ष परिणाम के रूप में सरकारी नौकरी पाने वाले भारतीयों में श्रेष्ठता की दुर्भावना का बीजारोपण किया एवं आगे चलकर इस बीज ने ऐसी विषबेला का रूप धारण किया जिससे सम्पूर्ण भारतीय समाज दो भागों में विभक्त हो गया। एक श्रेष्ठ वर्ग तथा दूसरा गुलाम एवं तथाकथित असभ्य वर्ग। यह श्रेष्ठी वर्ग की इन अंग्रेजी ना जानने वालो से मिलने में भी अपमान महसूस करने लगा। जिसने भारतीय समाज में ऐसी खाई पैदा की जो आज भी उपस्थित है। श्रेष्ठ वर्ग ऐसा वर्ग बना जो पाश्चात्य विचारों एवं जीवन शैली से प्रभावित था तथा अपने ही देश व बाकी लोगों से कट गया।

सन् 1853 में इसी शिक्षण पद्धति में थोड़ा बहुत संशोधन किया गया, जिसने संस्कृत एवं अन्य भाषाओं की उपादेयता को तो स्वीकार किया गया परंतु सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी शिक्षित व्यक्तियों को प्राथमिकता दिए जाने की बात को तथा संस्कृत एवं अन्य भाषाओं के अध्ययन को अनुपयोगी बना दिया गया तथा पुन: समाज को दो वर्गो में बॉंटकर दीवार खड़ी कर दी। 1882 में सर विलियम हण्टर की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षा आयोग का गठन किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप भारत की प्रथम शिक्षा नीति निर्धारित हुई।

इसके पश्चात् भी शिक्षा प्रणाली को लेकर अनेक प्रयोग हुए परंतु सभी प्रयोग अंग्रेजी शिक्षा को केन्द्र में रखकर ही हुए। परिवर्तन आया तो केवल केंद्रबिंदु के आसपास के क्षेत्र में। परिणामस्वरूप भारतीय संस्कृति प्राय: लुप्त हो गई। इतना सब होने के पश्चात भी आज भी अनेक लोग है जो यह मानते है कि ब्रिटिश शासन ने इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली देकर हमारा कल्याण ही किया है परंतु वे भूल रहे है कि यह प्रणाली एक ऐसी शिक्षण व्यवस्था है जो हमारे भारतीय संस्कृति एवं चरित्र से मेल नहीं खाती। हमारी संस्कृति सदैव से ही गुरूकुल संस्कृति रही है एवं इसीलिए हम विश्व प्रसिद्ध

नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय का निर्माण कर पाए जहॉं केवल भारत ही नही विश्व के हर कोने से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। अंग्रेजो ने जो शिक्षा प्रणाली लागू की उसके कारण केवल सरकारी नौकर एवं बाबू पैदा हो रहे थे। श्रम की प्रतिष्ठा समाप्त हो गई। आज कोई कृषि नही करना चाहता क्योंकि कृषि को गंवारों व अनपढ़ लोगो का कार्य माना जाता है। इसी प्रकार भाषा को लेकर इस शिक्षा ने एक अलग प्रकार का न्यूनगंड या इनफिरियरिटी कॉम्प्लेक्स दे दिया है, जिसके चलते अनेक तेजस्वी विद्यार्थी आगे नहीं बढ़ पा रहे है क्योकि वे अंग्रेजी नहीं जानते। अंग्रेजी में बात नहीं कर सकते। इस शिक्षा प्रणाली ने इस कदर हम भारतीयों को अपना मानसिक गुलाम बना दिया है जिससे हम आज 200 वर्षो के बाद भी उबर नहीं पाए हैं। अत: आवश्यकता थी कि एक ऐसी शिक्षा नीति आए जो भारत वे चरित्र, स्वभाव एवं संस्कृति के अनुरूप हो, जिस नीति में भारतीयता का पुट हो एवं नई शिक्षा नीति 2020 ने सर्वप्रथम इसी दिशा में कार्य करने का प्रयास किया है।

अभी तक हमारा दुर्भाग्य रहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हमें अनेक अवसर आए जब हम अपनी त्रुटियों में सुधार कर सकते थे परंतु हर बार आई शिक्षा नीति ने अनेक परिवर्तन तो दिए परंतु शिक्षा नीति में भारत की आत्मा को समाहित करने पर बल नहीं दिया गया। स्वतंत्रता के साथ ही राजनीतिक गुलामी की बेड़िया तो टूट गई परंतु वैचारिक एवं मानसिक जंजीरो से हम आजाद नहीं हो पाए। जबकि हमारी शिक्षा व्यवस्था अंग्रेजी से कई गुना अधिक प्राचीन व्यवस्था है। इसके प्रमाण के रूप में हम कह सकते है कि इंग्लैंड में पहला स्कूल 1811 में खुला उस समय भारत में 7,32,000 गुरुकुल थे, आइए जानते हैं हमारे गुरुकुल कैसे बन्द हुए। संख्या में इतने अधिक होने के बाद भी समाप्त कैसे हो गए।

हमारे सनातन संस्कृति परम्परा के गुरुकुल में क्या क्या पढाई होती थी, ये जान लेना पहले जरूरी है।

01 अग्नि विद्या (Metallurgy)
02 वायु विद्या (Flight)
03 जल विद्या (Navigation)
04 अंतरिक्ष विद्या (Space Science)
05 पृथ्वी विद्या (Environment)
06 सूर्य विद्या (Solar Study)
07 चन्द्र व लोक विद्या (Lunar Study)
08 मेघ विद्या (Weather Forecast)
09 पदार्थ विद्युत विद्या (Battery)
10 सौर ऊर्जा विद्या (Solar Energy)
11 दिन रात्रि विद्या
12 सृष्टि विद्या (Space Research)
13 खगोल विद्या (Astronomy)
14 भूगोल विद्या (Geography)
15 काल विद्या (Time)
16 भूगर्भ विद्या (Geology Mining)
17 रत्न व धातु विद्या (Gems & Metals)
18 आकर्षण विद्या (Gravity)
19 प्रकाश विद्या (Solar Energy)
20 तार विद्या (Communication)
21 विमान विद्या (Plane)
22 जलयान विद्या (Water Vessels)
23 अग्नेय अस्त्र विद्या (Arms & Ammunitio)
24 जीव जंतु विज्ञान विद्या (Zoology Botany)
25 यज्ञ विद्या (Material Sic)

ये तो बात हुई वैज्ञानिक विद्याओं की, अब बात करते हैं व्यावसायिक और तकनीकी विधा की :

26 वाणिज्य (Commerce)
27 कृषि (Agriculture)
28 पशुपालन (Animal Husbandry)
29 पक्षिपलन (Bird Keeping)
30 पशु प्रशिक्षण (Animal Training)
31 यान यन्त्रकार (Mechanics)
32 रथकार (Vehicle Designing)
33 रतन्कार (Gems)
34 सुवर्णकार (Jewellery Designing)
35 वस्त्रकार (Textile)
36 कुम्भकार (Pottery)
37 लोहकार (Metallurgy)
38 तक्षक
39 रंगसाज (Dying)
40 खटवाकर
41 रज्जुकर (Logistics)
42 वास्तुकार (Architect)
43 पाकविद्या (Cooking)
44 सारथ्य (Driving)
45 नदी प्रबन्धक (Water Management)
46 सुचिकार (Data Entry)
47 गोशाला प्रबन्धक (Animal Husbandry)
48 उद्यान (Horticulture)
49 वन पाल (Horticulture)
50 नापित (Paramedical)

जिस देश के गुरुकुल इतने समृद्ध हों उस देश को आखिर कैसे गुलाम बनाया गया होगा?

मैकाले का स्पष्ट कहना था कि भारत को हमेशा–हमेशा के लिए अगर गुलाम बनाना है तो इसकी 'देशी और सांस्कृतिक शिक्षा व्यवस्था' को पूरी तरह से ध्वस्त करना होगा और उसकी जगह 'अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था' लानी होगी और तभी इस देश में शरीर से हिन्दुस्तानी लेकिन दिमाग से अंग्रेज पैदा होंगे और जब इस देश की यूनिवर्सिटी से निकलेंगे तो हमारे हित में काम करेंगे।

1850 तक इस देश में '7 लाख 32 हजार' गुरुकुल हुआ करते थे और उस समय इस देश में गाँव थे '7 लाख 50 हजार' मतलब हर गाँव में औसतन एक गुरुकुल तो था ही। और ये जो गुरुकुल होते थे वो सब के सब आज की भाषा में 'Higher Learning Institute' हुआ करते थे। उन सबमें 18 विषय पढ़ाए जाते थे और ये गुरुकुल समाज के लोग मिलके चलाते थे न कि राजा, महाराजा।

अंग्रेजों का एक अधिकारी था G-W. स्नजीमत और दूसरा था Thomas Munro दोनों ने अलग अलग इलाकों का अलग-अलग समय सर्वे किया था। स्नजीमत, जिसने उत्तर भारत का सर्वे किया था, उसने लिखा है कि यहाँ 97% साक्षरता है और Munro, जिसने दक्षिण भारत का सर्वे किया था, उसने लिखा कि यहाँ तो 100% साक्षरता है।

मैकाले एक मुहावरा इस्तेमाल करता था – 'कि जैसे किसी खेत में कोई फसल लगाने के पहले उसे पूरी तरह जोत दिया जाता है वैसे ही भारतीय शिक्षा व्यवस्था को जोतना होगा और अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था लानी होगी।' इस लिए उसने सबसे पहले गुरुकुलों को गैरकानूनी घोषित किया। जब गुरुकुल गैरकानूनी हो गए तो उनको मिलने वाली सहायता जो समाज की तरफ से होती थी वो गैरकानूनी हो गयी, फिर संस्कृत को गैरकानूनी घोषित किया और इस देश के गुरुकुलों को घूम घूम कर खत्म कर दिया, उनमें आग लगा दी, उसमें पढ़ाने वाले गुरुओं को उसने मारा- पीटा, जेल में डाला।

गुरुकुलों में शिक्षा नि:शुल्क दी जाती थी। इस तरह से सारे गुरुकुलों को खत्म किया गया और फिर अंग्रेजी शिक्षा को कानूनी घोषित किया गया और कलकत्ता में पहला कॉन्वेंट स्कूल खोला गया। उस समय इसे 'फ्री स्कूल' कहा जाता था। इसी कानून के तहत भारत में कलकत्ता यूनिवर्सिटी बनाई गयी, बम्बई यूनिवर्सिटी बनाई गयी, मद्रास यूनिवर्सिटी बनाई गयी, ये तीनों गुलामी जमाने के यूनिवर्सिटी आज भी देश में मौजूद हैं।

मैकाले ने अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी थी जो बहुत मशहूर चिट्ठी है, उसमें वो लिखता है कि 'इन कॉन्वेंट स्कूलों से ऐसे बच्चे निकलेंगे जो देखने में तो भारतीय होंगे लेकिन दिमाग से अंग्रेज होंगे और इन्हें अपने देश के बारे में कुछ पता नहीं होगा। इनको अपने संस्कृति के बारे में कुछ पता नहीं होगा, इनको अपनी परम्पराओं के बारे में कुछ पता नहीं होगा, इनको अपने मुहावरे नहीं मालूम होंगे, जब ऐसे बच्चे होंगे इस देश से तो अंग्रेज भले ही चले जाएँ इस देश से अंग्रेजियत नहीं जाएगी।'

उस समय लिखी चिट्ठी की सच्चाई इस देश में अब साफ साफ दिखाई दे रही है और उस एक्ट की महिमा देखिये कि हमें अपनी भाषा बोलने में शर्म आती है, जबकि जब हम अंग्रेजी में बोलते हैं तो हम सोचते है कि इससे दूसरों पर रोब पड़ेगा, हम तो खुद में हीन हो गए हैं जिसे अपनी भाषा बोलने में शर्म आ रही है, उस देश का कल्याण कैसे संभव है?

हमारी पुरानी शिक्षा पद्धति बहुत ही समृद्ध और विशाल थी और यही कारण था कि हम विश्वगुरु थे। हमारी शिक्षा पद्धति से पैसे कमाने वाले मशीन पैदा नहीं होते थे बल्कि मानवता के कल्याण हेतु अच्छे और विद्वान इंसान पैदा होते थे। आज तो जो बहुत पढ़ा लिखा है वही सबसे अधिक भ्रष्ट है, वही सबसे बड़ा चोर है।

हमने अपना इतिहास गवां दिया है! क्योंकि अंग्रेज हमसे हमारी पहचान छीनने में सफल हुए। उन्होंने हमारी शिक्षा पद्धति को बर्बाद कर के हमें अपनी संस्कृति, मूल धर्म, ज्ञान और समृद्धि से अलग कर दिया।

आज जो स्कूलों और कॉलेजों का हाल है वो क्या ही लिखा जाए! हम न जाने ऐसे लोग कैसे पैदा कर रहें हैं जिनमें जिम्मेवारी का कोई एहसास नहीं है। जिन्हें सिर्फ पद और पैसों से प्यार है। हम इतने असरसल कैसे होते जा रहें हैं? किसी भी समाज की स्थिति का अनुमान वहां के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति से लगाया जा सकता है। आज हम इसमें बहुत असफल हैं। हमने स्कूल और कॉलेज तो बना लिए लेकिन जिस उद्देश्य के लिए इसका निर्माण हुआ उसकी पूर्ति के योग्य इंसान और सिस्टम नहीं बना पाए!

जब आप अपने देश का इतिहास पढ़ेंगे तो आप गर्व भी महसूस करेंगे और रोएंगे भी क्योंकि आपने जो गवां दिया है वो पैसों रुपयों से नहीं खरीदा जा सकता! हमें एक बड़े पुनर्जागरण की जरूरत है।

हमें जागना ही होगा और कोई विकल्प नहीं !

इस जनजागरण मे नई शिक्षा नीति कारगर साबित होगी।

नई शिक्षा नीति 2020 द्वारा इन सभी कमियों को दूर कर एक वतन, समीचीन एवं भारतीय संस्कृति को पोषक नीति का निर्माण किया है जो मुख्य रूप से भारतीय संस्कृति एवं परिवेश को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

नवीन शिक्षा नीति 2020 में पुरानी शिक्षण पद्धति के सारे दोशों को समाप्त करने का प्रयास किया गया हैं, जिससे भारतीय युवा अपने राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम दे सके एवं इन विशेषताओं के जो सुपरिणाम होंगे, उनसे भी हम क्रमानुसार परिचित होंगे।

1. **मातृभाषा में शिक्षण** – यह सर्वविदित है कि बालक मॉ के सर्वाधिक निकट होता है एवं मॉ एवं मातृभाषा ही उसकी प्रथम भाषा होती है इसलिए जितनी जल्दी एवं स्पष्ट तरीके से वह मातृभाषा में सीख पाता है उतना अन्य भाषा में नही साथ ही मातृभाषा में जो अपनत्व होता है वह अन्य भाषा में नही होता। मातृभाषा में अध्ययन का अप्रत्यक्ष धनात्मक परिणाम यह होता है कि वह मातृभाषा से अपनी मातृभूमि से भी बंध जाता है, जिससे उसकी मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना दृढ़ हाती है। अत: नई शिक्षा नीति में मातृभाषा एवं बहुभाषावाद की शक्ति पर बल दिया गया है, जिसके अन्तर्गत कम से कम कक्षा आठ तक शिक्षा का माध्यम घरेलू भाषा/मातृभाषा/स्थानीय भाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा रहेगा।

2. **सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने पर बल** – नई शिक्षा नीति में वर्तमान की साक्षरता दर पर चिंता जताते हुए साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए प्रयास करने पर बल दिया हैं। 2050 तक 50 प्रतिषत सकल नामांकन को बढ़ाने हेतु कार्य किया जाएगा। चूंकि साक्षरता और विकास का सीधा संबंध है, जो प्रदेश या देश जितना अधिक साक्षर होगा वह उतना ही अधिक विकास करता है। अत: भारत को विकसित देश बनाने में साक्षरता की कम दर एक बहुत बड़ा रोड़ा या बाधा है एवं इसी बाधा को दूर करने का प्रयास नई शिक्षा नीति में किया गया है।

क्योकि जैसा पूर्व में कहा गया है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली अर्थात गुरूकुल परम्परा केवल शिक्षा प्रदान करने मात्र का माध्यम नही था, गुरूकुल के माध्यम से आदर्श जीवन शैली, नैतिक मूल्यों का विकास, राष्ट्रप्रेम आदि जैसे गुणों के साथ विद्यार्थी के ना केवल शारीरिक वरन् आध्यात्मिक विकास पर भी बल दिया जाता था।

उच्च शिक्षा से संबंधित मुख्य बिंदु

3. **बहुआयामी दृष्टिकोण** – अभी तक उच्च शिक्षा में मुख्य संकाय के रूप में कला, वाणिज्य, एवं विज्ञान संकाय प्रमुख होते थे, जिससे एक संकाय विषेष के क्षेत्र में तो विद्यार्थी निपुण हो जाता था परंतु अन्य के बारे में उसे बेसिक जानकारी भी नही होती थी जो कि सर्वथा अनुचित है। अत: नई शिक्षा नीति में इस समस्या को दूर करने हेतु बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया गया है जिससे हर विद्यार्थी अपने संकाय के विषय के साथ अन्य संकाय के कुछ विषयों से भी परिचित होंगे जो कि उसका बहुमुखी विकास करेगा।

4. **एकाधिक प्रवेश एवं निकास** – अभी तक की शिक्षा प्रणाली के अनुसार यदि विद्यार्थी एक बार स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करता है एवं

किसी कारणवश एक वर्ष पश्चात उसे महाविद्यालय से अध्ययन छोड़ना पड़ता है एवं पुन: कुछ वर्षो के अंतराल से यदि वह अध्ययन करना चाहता है तो उसे पुन: प्रथम वर्ष से प्रारंभ करना पड़ता था जिससे उसका पहले वाला एक वर्ष बर्बाद हो जाता था एवं इस करण से कई विद्यार्थी आगे पढ़ाई नही करना चाहते थे अत: अब ऐसे ड्रापआउट विद्यार्थी जो एक या दो वर्ष अध्ययन पश्चात बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे उन्हे नई शिक्षा नीति अन्तर्गत पुन: वही से जहॉ उन्होने पढ़ाई छोड़ी थी, अध्ययन की सुविधा प्राप्त हो गई है, जो हमारे सकल नामांकन को बढ़ाने में भी योगदान देगी। अर्थात कई प्रवेश एवं कई निकास के साथ उसके पास विकल्प उपलब्ध होंगे। जिससे 1 वर्ष पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट, 2 वर्ष पूर्ण करने पर डिप्लोमा, 3 वर्ष पूर्ण करने पर डिग्री तथा 4 वर्ष पूर्ण करने पर डिग्री विथ रिसर्च प्राप्त होगा।

5. **समग्र विकास पर बल** – नई शिक्षा नीति में बालक के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया है, पुरानी पद्धति में केवल एक संकाय का अध्ययन करने से विद्यार्थी का एंकागी विकास होता था, परंतु नई शिक्षा नीति द्वारा वैकल्पिक एवं व्यवसायिक विषयों के अध्ययन द्वारा विद्यार्थी के सर्वोगीण विकास पर बल दिया गया हैं। जिसमे काफी संख्या में विकल्प उपलब्ध है जैसे जैविक खेती, इनकम टैक्स, कंम्प्यूटर से संबंधित पाठ्यक्रम, पोषण विज्ञान, नर्सिंग हाईजीन एवं व्यक्तित्व विकास आदि अनेक पाठ्यक्रम । जिनमें से विद्यार्थी एक विषय का चयन करता है। प्राचीन शिक्षा नीति में इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिसके तहत विद्यार्थी अन्य संकाय के विषय ले सके। नई शिक्षा नीति में इलेक्टिव एवं व्यवसयिक विषयों के रूप में अन्य संकायों के अपनी रूचि के विषयों का चयन कर विद्यार्थी स्वयं का सर्वांगीण विकास कर सकता है।

6. **शारीरिक स्वास्थ्य को समुन्नत करने पर बल** – पूर्व शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा प्रवेषित विद्यार्थी के केवल बौद्धिक विकास पर ही बल दिया जाता रहा, परंतु स्वस्थ तन में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है इस उक्ति में विष्वास करते हुए नई शिक्षा नीति में शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य शिक्षा में परिवर्तित कर दिया गया है। उच्च शिक्षा ने आधार पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में योग शिक्षा अनिवार्य है जो कि एक अत्यन्त ही सराहनीय कदम है। जिस देश का योग सात समंदर पार कर विदेशों में पहुँच गया है, एवं जिस वहा सराहा जा रहा है, वही योग हमारे विद्यार्थी भूलते जा रहे है जो कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे प्राचीन एवं उत्तम तरीका है। प्राचीन शिक्षा नीति के फलस्वरूप उच्च शिक्षा का विद्यार्थी केवल किताबी कीड़ा बनकर रह गया था परंतु नई शिक्षा नीति विद्यार्थी के बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके शारीरिक स्वास्थ्य को समुन्नत करने पर बल देती है इसी बात को और बल देने के लिए क्रीड़ा विषय को विद्यार्थी एक विषय के रूप में पढ़ेंगे एवं क्रीड़ा का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर स्वयं को भी स्वस्थ रखेंगे तथा राज्य एवं राष्ट्र स्तर की खेल प्रतियोगिता में भी सहभागिता कर पाऐंगे।

7. **समाज एवं राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास** – भारतीय युवा आज भटक रहा है उसे राष्ट्रप्रेम से जोड़ना आवष्यक है। स्वतंत्रता के पूर्व के युवा के जीवन का उद्देश्य था उसे राष्ट्र को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त करना था परंतु आज के युवा को बिना कुर्बानी दिए सब कुछ हासिल हो गया है अत: राष्ट्र के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी से वह विमुख होता जा रहा है आवष्यकता है कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है तो देश का युवा बलिदानियों का संघर्ष जाने एवं राष्ट्र के प्रति जान न्यौछावर करने का जज्बा भी उसमें जागे। इस हेतु भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रयासरत है एवं इसलिए NSS एवं NCC को एक विषय के रूप में अध्ययन करने का प्रावधान रखा गया है। NCC वो इकाई है जिसके माध्यम से महाविद्यालय से अनेक युवकों को सैनिक बनाया जा सकता है। अनुशासन एवं देशप्रेम में NCC की पहचान है एवं यही आज के युवाओं में जगाने की आवश्यकता है इसके साथ ही जिस समाज में हम रह रहे है उसके प्रति भी हमारी जिम्मेदारी है अत: NSS के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज में प्रेम एवं समाज के प्रति युवाओं में कर्तव्य भावना का विकास किया जाता है। इसलिए नई शिक्षा नीति में क्रीड़ा की भांति NSS एवं NCC को भी एक विषय के रूप में मान्यता देकर विद्यार्थियों में राष्ट्र एवं समाज के प्रति प्रेम एवं कर्तव्य भावना का विकास करने का लक्ष्य रखा गया है।

8. **क्रेडिट पद्धति** – राष्ट्रीय शिक्षा नीति की यह सर्वथा नवीन पद्धति है। जिसमें अंको को डिजिटली क्रेडिट के रूप में संग्रहित किया जाएगा, जिसमें अर्जित शैक्षणिक क्रेडिट का जब चाहे उपयोग कर सकेगा। यह कार्य एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से सम्पन्न होगा। जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी।

9. **शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा** – शोध एवं अनुसंधान आज की महती आवश्यकता है। रिसर्च के क्षेत्र में आज हम भारतवासी काफी पीछे है यदि हमें विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र तक की यात्रा पूरी करनी है तो निष्चित ही हमें शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा। हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नही है परंतु संसाधनों के अभाव में अनुसंधान नही हो पाते। अत: अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हमे पूर्ण शिक्षा का इंतजार भी नही करना पड़ेगी। पुरानी पद्धति में स्नातकोत्तर कक्षा के उपरांत ही विद्यार्थी शोधकार्य कर पाता था परंतु नवीन शिक्षा नीति में स्नातक के अंतिम वर्ष में ही शोध कार्य करेगा, तभी उसे स्नातक की 4 वर्षीय डिग्री मिल पाएगी। इस प्रकार युवाओं को शोध के लिए स्नातक स्तर से ही तैयार किया जाएगा जिसका लाभ संपूर्ण राष्ट्र को होगा।

इस हेतु Research/Teaching intensive Universities की स्थापना भी की जाएगी। साथ ही भारतीय परिसर में विदेशी विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जाएगी, जिससे विदेश का पूरा एक्सपोजर भारतीय विद्यार्थियों को भी मिले।

10. **भारतीय संस्कृति के अनुरूप/स्वदेशी ज्ञान को बढ़ावा** – नवीन शिक्षा नीति पूर्णत: पाठ्यक्रम को भारतीय संस्कृति के अनुरूप बनाया गया है। जिससे हर विषय की प्राथमिक इकाई को भारतीय मूल्यों एवं संस्कृति के साथ जोड़कर पाठ्यक्रम बनाने के कड़े निर्देश दिए गए है जिससे हमारे सभी विद्यार्थी हमारी गौरवमयी संस्कृति से परिचित हो सके। साथ ही स्वदेशी ज्ञान को बढ़ावा दिया गया है क्योंकि हमारे पुराण, ग्रंथ, ज्ञान के भंडार है चूंकि इन्हे पाठ्यक्रम में कभी समाहित ही नही किया गया तब विद्यार्थी कैसे इनका ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। यहा तक की कुछ विश्वविद्यालय में रामायण को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है तथा उसे अन्य विषयों के साथ भी जोड़ा गया है। पुरानी शिक्षा नीति ने हमें अपने गौरवपूर्ण इतिहास से परिचित कराने के बजाय विदेशी आक्रांताओं को नायक बनाया हमारे समक्ष रखा। आज आवश्यकता है कि हम अपने भुलाए जा चुके वीरो, सैनिकों, राजा-महाराजा, योद्धाओं, रानियों को याद करें एवं स्वयं गौरान्वित हो।

11. **कौशल विकास** – नई शिक्षा नीति में प्रारंभिक शिक्षा से ही कौशल विकास पर बल दिया गया है। नौकरी करना हमारी भारतीय परंपरा नहीं है। हम कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार को अपनाते आए है एवं वही

उचित भी है। आज का विद्यार्थी डिग्री प्राप्त कर नौकरी करना चाहता है जिससे श्रम की प्रतिष्ठा का ह्रास हुआ है। साथ ही सरकार की भी अपनी सीमाएं है वो सभी युवा वर्ग नौकरी नही दे सकती। ऐसी स्थिति में युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार की ओर उन्मुख होना होगा। वर्तमान में इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे है, कई युवा आज नौकरी छोड़ अपना स्टार्टअप प्रारंभ कर रहे है, जिसे सरकार द्वारा भी वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। नई शिक्षा नीति में इसी कौशल विकास के माध्यम से बेरोजगारी दूर करने का भी प्रयास किया गया है।

12. शिक्षक प्रशिक्षण – वर्तमान में देश–विदेश में हर क्षेत्र में इतनी तेजी से परिवर्तन आ रहे है कि शिक्षक को भी इन परिवर्तनों हेतु स्वयं को तैयार रखना होगा। यदि समयानुसार एवं तकनीक अनुसार शिक्षक समुदाय में परिवर्तन नही आया तो वह पिछड़ जाएगा।

अत: नवीन शिक्षा नीति में शिक्षकों के प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें अपडेट रखने की पहल भी की गई है। पुरानी शिक्षण पद्धति में एक बार शिक्षक पद पर आसीन हो जाता था तो उसे किसी प्रकार का शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त नही होता था। परंतु नई शिक्षा नीति के आत्मनिर्भर भारत के इंडिकेटर 6 के द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी समुचित व्यवस्था की गई हैं।

अतएव हम कह सकते है कि नई शिक्षा नीति 2020 अपने आप में संपूर्ण है एवं इसके क्रियान्वयन से सभी स्टेटहोल्डर्स यथा, विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक, समाज, समुदाय एवं देश लाभान्वित होगा।

उपसंहार – नवीन शिक्षा नीति 2020 भविष्य के भारत को गढ़ने एवं भारत के भविष्य को बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। यदि इस शिक्षा नीति को सही तरीके से क्रियान्वित किया गया तो भारत को आगामी वर्षो में 'विश्वगुरू' बनने में कोई रोक नही सकता। क्योंकि अब हमने प्रारंभ में पढ़ा कि किसी देश को यदि खोखला करना हो तो उसकी शिक्षा पद्धति में सर्वप्रथम वार करो। उसे उसकी संस्कृति, उसकी भाषा, उसके इतिहास से दूर करो तो वह धीरे–धीरे स्वयं ही नष्ट हो जाएगा और यही अब तक की शिक्षा नीतियॉं करनी है। आक्रांताओं के इतिहास एवं नायको को हमने महिमामंडित किया एवं उसकी ही अध्ययन कर अपनी संस्कृति से दूर होते चले गए। जबकि नवीन शिक्षा नीति के द्वारा विद्यार्थी अपनी संस्कृति से परिचित होगा, देशीय ज्ञान प्राप्त करेगा। उसका चहुंमुखी विकास होगा वह शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से एक सर्वथा योग्य विद्यार्थी, शोधकर्ता एवं नागरिक बनेगा। ऐसी हम आशा करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

बनास नदी बेसिन (राजस्थान) में वर्तमान कालिक (1951-2001) नगरीकरण

डॉ. काश्मीर कुमार भट्ट*

* सह आचार्य (भूगोल) राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध समस्या - कुल जनसंख्या में नगरीय केन्द्रों में निवसित (नगरीय) जनसंख्या का प्रतिशत अंश नगरीकरण तथा एक समयावधि में इस अंश में हुई वृद्धि नगरीकरण की दर कहलाती है। मिश्रा व मिश्रा (1998) के अनुसार नगरीकरण चतुर्आयामी- जनांकिकीय, पारिस्थितिकीय, सामाजिक-तकनीकि एवं आर्थिक-प्रक्रिया है। विश्व इतिहास में नगर चूंकि सभ्यता के केन्द्र रहे हैं। अत: इनमें निवसित (नगरीय) जनसंख्या के विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक स्तर को सुनिश्चित करने के साथ-साथ समीपस्थ ग्रामीण जनसंख्या के लिए प्रेरक का कार्य ये केन्द्र करते रहे हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से भारतवर्ष में विकसित सिन्धु-सारस्वत सभ्यता विश्व में विकसित हुई नगर सभ्यताओं में अग्रणी सिद्ध होती है और पश्चात्काल में दक्षिणी राजस्थान सहित देश के विभिन्न भागों में हुए नगरीकरण के पर्याप्त ऐतिप्त प्रमाण मिलते आये हैं।

विश्व रंगमंच पर सहस्त्रों वर्षों से जारी नगरकेन्द्रों के उद्‌भव एवं उनमें आये उतार-चढ़ाव सम्बन्धी यात्रा औद्योगिक क्रान्तिकाल से पूर्व तक बहुत धीमी रही। मशीनों, नवीन तकनीकों एवं खोजों से औद्योगीकरण संभव हुआ और तब से यूरोप सहित विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में नगरीय केन्द्रों में तथा उनमें निवसित जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। विगत (बीसवीं) शताब्दी को 'नगरीकरण की शताब्दी' तथा इसके उत्तरार्द्ध (1951-2000) को 'नगरीय विस्फोट' काल के रूप में मान्य किया गया है। 'गांवों के देश' के रूप में ख्यात भारतवर्ष भी उक्त प्रक्रिया से अछूता नहीं रह सका और देश के विभिन्न भागों में नगरीकरण के स्तरों में अपेक्षाकृत उच्चता एवं दर में पर्याप्त वृद्धि दिखायी दी।

विशाल क्षेत्रफल, विराट जनसमूह, सुदीर्घ ऐतिहासिक यात्रा एवं भौगोलिक विविधताओं से युक्त भारतवर्ष के विभिन्न अंचलों में नगरीकरण के स्तर एवं प्रवृत्तियों की दृष्टि से भी विविधता पाई जाती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर राजस्थान के 'बनास नदी बेसिन' में तहसीलश: तथा नगरीय केन्द्रश: नगरीकरण के स्तर व दर व उनमें हुए परिवर्तनों का विवेचन-विश्लेषण इस शोध-पत्र में किया गया है।

बनास नदी बेसिन : आधारभूत एवं नगरीय तथ्य- बनास नदी बेसिन 24°15' उत्र से 27° उत्तरी अक्षांश तथा 73°30' पूर्व से 77° पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। बनास नदी बेसिन पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भाग को समाहित करता है। बेसिन के क्षेत्र को राजस्थान प्रशासनिक मानचित्र से समायोजित करने से ज्ञात होता है कि बेसिन क्षेत्र में राजस्थान की 53 तहसीलें तथा 10 जिलों का अधिकांश भाग समाहित है। इसमें समस्त राजसमन्द, भीलवाड़ा एवं टोंक जिला, ब्यावर तहसील को छोड़कर समस्त अजमेर जिला, जयपुर का दक्षिणी क्षेत्र, उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिलों के उत्तरी क्षेत्र, सवाईमाधोपुर व दौसा का दक्षिणी तथा करौली के पश्चिमी क्षेत्र आते हैं। बेसिन क्षेत्र का क्षेत्रफल 46020 वर्ग किमी, जनसंख्या 12127788 है। क्षेत्र में 2001 के अनुसार नगरीकरण 36.82 प्रतिशत है।

शोध उद्देश्य:

1. बनास नदी बेसिन में नगरीकरण के स्तरों तथा प्रवृत्तियों विषयक क्षेत्रीय व कालिक प्रतिरूपों का निर्धारण-विवेचन।
2. अध्ययन क्षेत्र में नगरीकरण की दर व गति का आंकलन।

अध्ययन सामग्री :

1. शोधकार्य की पृष्ठभूमि नगरीय भूगोल सम्बन्धी ग्रन्थों व शोधकार्यों पर तथा बनास नदी बेसिन के प्राकृतिक स्वरूप का निर्धारण-विवेचन भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण, भूसर्वेक्षण व मौसम विभाग द्वारा प्रकाशित मानचित्रों व प्रतिवेदनों तथा राजस्थान के भूगोल सम्बन्धी ग्रन्थों पर आधारित है।
2. जनगणना विभाग द्वारा प्रकाशित राजस्थान के प्राथमिक जनगणना सार (1951 से 1991); राजस्थान की सामाजिक सांस्कृतिक व आर्थिक सारणियों (1961-1991); तथा अन्तरताने पर उपलब्ध राजस्थान के प्राथमिक जनगणना सार (Cesus of India, 2001 : http://www.censusindia.net) के आधार पर आर्थिक एवं जनांकिकीय पक्षोपपक्षों का विवेचन किया गया है।
3. नगरीकरण की ऐतिहासिक यात्रा का लेखा-जोखा, सम्बन्धित जिलों के गजेटियर्स, राजस्थान की प्रशासनिक मानचित्रावली (1971-1991), राजस्थान की नगर निर्देशिका (1951-1991) एवं जनगणना पुस्तिकाओं पर आधारित है।

विधितंत्र :

1. प्रत्यक्ष पर्यविक्षण एवं क्षेत्र सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्राथमिक आँकड़ों तथा भारत की जनगणना, क्षेत्र के नगरनिकाय कार्यालयों से संकलित द्वितीयक आँकड़ों का परिष्कार विविध सांख्यिकीय विधियों द्वारा किया गया है।
2. भारतवर्ष व राजस्थान के संदर्भ में बनास नदी बेसिन में नगरीकरण के स्तर, दर, गति व विचलन एवं प्रदेश के जनसांख्यिकीय पक्षोपपक्षों का आंकलन-निर्धारण प्रतिशत मूल्य विधि के माध्यम से हुआ है। प्रस्तुत शोध पत्र में 1951-2001 (वर्तमानकालिक) में नगरीकरण

की प्रवृत्तियों का विवेचन किया जा रहा है।

भारत, राजस्थान व बेसिन क्षेत्र का तुलनात्मक अध्ययन – प्रस्तुत सारणी में 1951 से 2001 के मध्य राष्ट्रीय, प्रादेशिक नगरीकरण की तुलना बेसिन क्षेत्र से करने पर निम्न तथ्य उभरते है-

नगरीकरण के स्तर

जनगणना वर्ष	राष्ट्रीय औसत	राज्य औसत	बेसिन औसत
1951	17.2	18.5	24.7
1961	18.0	16.3	23.1
1971	19.9	17.6	26.3
1981	23.3	20.9	30.79
1991	25.7	22.9	31.11
2001	27.8	23.4	36.82

1. समस्त विश्व के नगरीकरण (>50%) की तुलना में भारत में नगरीकरण के स्तर काफी कम है।
2. भारत में नगरीकरण की तुलना में राजस्थान में नगरीकरण के स्तर और भी कम है।
3. नदी बेसिन होने के कारण कृषि कार्य की अधिकता, कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार, मैदानी क्षेत्र होने के परिणामस्वरूप बनास नदी बेसिन में हुये विकास के कारण बेसिन में नगरीकरण के स्तर राजस्थान एवं राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। जो कि एक सुखद पहलु है।



बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध (1951-2001) में नगरीकरण:

1951 में नगरीकरण – 1951 की जनगणनानुसार 24.74 प्रतिशत आबादी नगरों में निवास करती है। तहसील स्तर पर अध्ययन करने से निम्न तथ्य उभरकर आते हैं।

अति उच्च नगरीकरण (50 प्रतिशत से अधिक) – अति उच्च नगरीकरण के स्तर जयपुर तथा अजमेर तहसीलों में मिलते हैं।

उच्च नगरीकरण (30 से 50 प्रतिशत) – नगरीकरण के उच्च स्तर उदयपुर, टोंक एवं भीलवाड़ा तहसीलों में दृष्टिगत होते हैं।

नगरीकरण के औसत स्तर (15 से 30 प्रतिशत) किशनगढ़, सरवाड़, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा तथा देवगढ़ तहसीलों में दिखाई देते हैं जबकि इसके निम्न स्तर केकड़ी, हुरड़ा, बनेड़ा, सहाड़ा, आमेट, राजसमन्द, नाथद्वारा एवं भीम तहसीलों में दृष्टिगोचर होते हैं। बेसिन में 14 तहसीलें इस प्रकार की हैं जहाँ नगरीकरण की दर शून्य है अर्थात् जहाँ एक भी नगरीय केन्द्र नहीं है।

1961 में नगरीकरण – जनगणना निदेशालय द्वारा नगरीय केन्द्रों की परिभाषा में परिवर्तन किये जाने के कारण 1961 में नगरीय जनसंख्या में देशभर में कमी आई उसी का परिणाम राजस्थान राज्य एवं इस क्षेत्र में भी दिखाई दिया एवं यह कमी मुख्यत: पाँचवी व छठी श्रेणी के नगरों में आयी। 1961 में क्षेत्र की 23.12 प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवास करती थी।

नगरीकरण के अति उच्च (>50%) एवं उच्च (30-50%) स्तर 1951 की भांति उन्हीं तहसीलों में पाये गये। औसत (15-30%) स्तर भी पूर्व की भांति समान तहसीलों में पाये गये। राजसमन्द तहसील इसका अपवाद रही जिसने पहली बार इस श्रेणी में प्रवेश किया। निम्न स्तर (0-15%) बेसिन के पूर्वी क्षेत्र में पाये गये। पूर्वी क्षेत्र के अतिरिक्त मालपुरा, केकड़ी, सहाड़ा एवं नाथद्वारा तहसीलों में निम्न स्तर दृष्टिगत हुये। सम्पूर्णत: ग्रामीण तहसीलों की संख्या 1951 में 14 थी वो बढ़कर 1961 में 27 हो गयी। उत्तर में दुदु से सपोटरा पट्टी मध्य पूर्व में जहाजपुर, कोटड़ी, माण्डलगढ़ त्रिकोण मध्य पश्चिम में भीम, आसीन्द, हुरड़ा, रायपुर, बनेड़ा, तथा माण्डल तहसीलें, दक्षिण में आमेट से डूंगला तक का क्षेत्र पूरी तरह से ग्रामीण है। इसी के छुटपुट अंश के रूप में मध्य में टोडारायसिंह तथा दक्षिण में राशमी, गंगरार तहसीलें दिखाई देती है।

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध (1951-2001) में नगरीकरण
(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

1971 में नगरीकरण – 1971 में क्षेत्र में नगरीकरण 26.34% रहा। अति उच्च एवं उच्च नगरीकरण के स्तर 1951 व 1961 की भांति समान रहे। केवल गिरवा (उदयपुर) एवं सवाईमाधोपुर तहसीलें इसका उपवाद रही जिन्होंने क्रमश: उच्च से अति उच्च तथा औसत से उच्च श्रेणियों में अपना स्थान बनाया निम्न श्रेणी में पांच नयी तहसीलें केकड़ी, कपासन, जहाजपुर, टोडारायसिंह एवं सांगानेर तहसीलें जुड़ी। उपरोक्त पांचों तहसीलों के तहसील मुख्यालयों को नगर का दर्जा मिल जाने के कारण ये परिवर्तन हुआ। शेष बची 23 तहसीलों में शून्य नगरीकरण पाया गया। अर्थात् ये सम्पूर्णत: ग्रामीण थी। नगरीकरण के सर्वाधिक स्तर जयपुर (92.11%) में पाये गये।

1981 में नगरीकरण – अति उच्च (>50%) नगरीकरण के स्तर अजमेर, भीलवाड़ा, गिरवा व जयपुर तहसीलों में पाये गये। जबकि इसके उच्च (30-50%) अंश दक्षिणवर्ती चित्तौड़गढ़ व उत्तरी पूर्वी टोंक तहसीलों में पाये गये। औसत अंश उत्तर में सांगानेर उत्तर पूर्व में सवाईमाधोपुर, टोडारायसिंह उत्तर पश्चिम में नाथद्वारा, राजसमन्द तथा दक्षिण पूर्व में निम्बाहेड़ा तहसीलों में दिखते हैं।

निम्न अंश युक्त तहसीलें उत्तरी क्षेत्र की बस्सी-चाकसू-लालसोट - निवाई-उनियारा पट्टी, मध्य में शाहपुरा-मालपुरा-देवली-जहाजपुर पट्टी एवं केकड़ी-सरवाड़ युग्म, उत्तर मध्य में माण्डल, सहाड़ा तथा दक्षिण में आमेट व कपासन के रूप दृष्टिगत होती है।

तहसीलानुसार नगरीकरण

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

क्र.	तहसील	1981	1991	2001
1.	अजमेर	65.27	64.11	73.24
2.	आमेट	6.45	16.96	15.90
3.	आसीन्द	15.06	6.63	4.76
4.	बामनवास	Nil	Nil	NIL
5.	बनेड़ा	Nil	Nil	NIL
6.	बस्सी	8.60	8.65	Nil
7.	बौंली	Nil	Nil	NIL
8.	बिजौलियाँ	Nil	Nil	15.36
9.	भदेसर	Nil	Nil	NIL
10.	भीलवाड़ा	52.98	58.64	63.07
11.	भीम	Nil	Nil	NIL
12.	भिनाय	Nil	Nil	NIL
13.	चाकसू	12.44	8.49	15.30
14.	चौथ का बरवाडा	Nil	Nil	NIL
15.	चित्तौड़गढ़	32.36	34.52	36.42
16.	देवगढ़	18.39	17.92	17.49
17.	देवली	8.85	11.01	10.58
18.	दुदु	Nil	Nil	NIL
19.	डूँगला	Nil	Nil	NIL
20.	फागी	Nil	Nil	NIL
21.	गंगरार	Nil	Nil	NIL
22.	गिरवा	53.67	55.32	52.57
23.	हुरड़ा	Nil	20.87	21.12
24.	जहाजपुर	9.87	10.19	10.08
25.	जयपुर	92.69	93.39	95.46
26.	कपासन	10.32	10.47	10.61
27.	केकड़ी	10.47	9.39	19.50
28.	किशनगढ़	29.89	31.79	34.69
29.	खंडार	Nil	Nil	NIL
30.	कोटड़ी	Nil	Nil	NIL
31.	लालसोट	9.91	10.06	10.10
32.	मलारना डूगर	Nil	Nil	NIL
33.	मालपुरा	13.09	13.74	13.39
34.	माण्डल	9.54	10.28	Nil
35.	माण्डलगढ़	Nil	14.28	13.28
36.	मावली	8.67	9.11	9.19
37.	नाथद्वारा	15.29	15.87	17.68
38.	निम्बाहेड़ा	22.79	27.54	28.26
39.	निवाई	12.93	14.27	18.71
40.	पीपलू	Nil	Nil	NIL
41.	रेलमगरा	Nil	Nil	2.50
42.	रायपुर	Nil	Nil	NIL
43.	राजसमन्द	23.42	26.35	28.38
44.	राशमी	Nil	Nil	NIL
45.	सहाड़ा	13.14	15.17	14.83
46.	सांगानेर	15.26	25.24	77.09
47.	सपोटरा	Nil	Nil	NIL
48.	सरवाड़	10.24	11.20	12.35
49.	सवाई माधोपुर	28.95	5.76	38.49
50.	शाहपुरा	15.92	16.38	15.72
51.	टोडारायसिंह	15.26	16.27	16.15
52.	टोंक	36.11	37.23	56.82
53.	उनियारा	7.92	8.18	7.56

शून्य नगरीकरण उत्तर पूर्वी बोली-बामनवास-सपोटरा-खंडार तहसील समूह उत्तर में फागी-दुदु युग्म मध्य में भिनाय-हुरड़ा, बनेड़ा-कोटड़ी, माण्डलगढ़- बिजोलिया समूह तथा दक्षिण में राशमी एवं गंगरार एवं डूँगला तहसीलों में दृष्टिगोचर होते हैं। शून्य नगरीकरण 16 तहसीलों में पाया गया।

1991 में नगरीकरण – अति उच्च एवं उच्च नगरीकरण उन्हीं तहसीलों में पाया गया। केवल किशनगढ़ तहसील अपवाद रही जो औसत से उच्च स्तर तक पदोन्नत हुयी। औसत एवं निम्न नगरीकरण श्रेणी में भी 1981 की स्थिती बरकरार रही। अपवाद स्वरूप कुछ परिवर्तन हुये जिनमें आमेट का निम्न से औसत में पदोन्नत तथा आसीन्द का औसत से निम्न में पदावनत होना प्रमुख है। सहाड़ा तहसील भी निम्न से औसत में क्रमोन्नत हुयी। गुलाबपुरा को नगरीय केन्द्र का दर्जा मिल जाने से हुरड़ा तहसील शून्य से सीधे औसत नगरीकरण श्रेणी में पहुँच गयी।

शून्य नगरीकरण वाली तहसीलें पूर्व की भाँति समान रही। नवगठित रेलमगरा व रायपुर तहसीलें भी कोई नगरीय केन्द्र नहीं होने से इसी श्रेणी में रही।

2001 में नगरीकरण – 1991 की तुलना में 2001 में नगरीकरण के स्तर लगभग वही बने रहे। कुछ तहसीलें अपवाद रही जिनमें चाकसू, केकड़ी, निवाई निम्न (0-15) श्रेणी से निकलकर मध्यम (15-30) श्रेणी में सम्मिलित हो गयी। सांगानेर तहसील 1991 में मध्यम श्रेणी में थी वह 1111 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वोच्च श्रेणी (>50%) में सम्मिलित हो गयी, साथ ही टोंक तहसील भी 1991 के उच्च स्तर से पदोन्नत होकर अतिउच्च श्रेणी में सम्मिलित हो गयी। इस प्रकार अति उच्च श्रेणी में अब कुल 6 तहसीलें आ गयी। अतिउच्च श्रेणी में पूर्व की भाँति अजमेर, भीलवाड़ा, गिर्वा, जयपुर तहसीलें बनी रही जबकि बामनवास, बनेड़ा, बस्सी, बोली, भदेसर, भीम, भीनाय, चौथ का बरवाड़ा, दूदू, डूंगला, फागी, गंगरार, खंडार, कोटड़ी, मलारना डूंगर, माण्डल, पीपलू, रायपुर, राशमी, सपोटरा तहसीलों में शून्य नगरीकरण पाया गया। शेष तहसीलों में पूर्व के स्तर बने रहे।

नगरीकरण में श्रेणीश: परिवर्तन – आगे प्रस्तुत सारणी में नगरों में विभिन्न दशकों में उनकी श्रेणी में हुये परिवर्तन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है।

नगर केन्द्रों का श्रेणीश: वर्गीकरण

क्र.	नाम	1951	1961	1971	1981	1991	2001
1.	अजमेर	I	I	I	I	I	I
2.	आमेट	VI			IV	IV	IV
3.	आसीन्द	V	IV	IV			
4.	बस्सी			IV	IV		
5.	भीलवाड़ा	III	III	II	I	I	I
6.	चाकसू	V	V	IV	IV	III	III

7.	चित्तौड़गढ़	IV	IV	III	III	II	II
8.	देवगढ़	V	V	V	IV	IV	IV
9.	देवली	VI	V	IV	IV	IV	III
10.	फतहनगर						
11.	गंगापुर	V	V	V	IV	IV	IV
12.	गुलाबपुरा					IV	III
13.	जहाजपुर	VI		V	IV	IV	IV
14.	जयपुर	I	I	I	I	I	I
15.	कपासन	V	V	IV	IV	IV	IV
16.	केकड़ी	V	IV	IV	III	III	III
17.	किशनगढ़	III	III	III	II	II	I
18.	लालसोट	V			IV	III	III
19.	मालपुरा	V	IV	IV	IV	III	III
20.	माण्डल				IV	IV	
21.	माण्डलगढ़					IV	III
22.	नाथद्वारा	IV	IV	IV	III	III	III
23.	निम्बाहेड़ा	IV	IV	IV	III	III	III
24.	निवाई	V	V	IV	IV	III	III
25.	पुष्कर	V	V	V	V	IV	IV
26.	राजसमन्द	V	IV	IV	III	III	II
27.	सांगानेर	V		IV	III	III	I
28.	सरवाड़	VI	V	V	V	IV	IV
29.	सवाईमाधोपुर	IV	III	III	II	II	I
30.	शाहपुरा	IV	IV	IV	IV	III	III
31.	टोडरा						
32.	टोडाराय सिंह	V		IV	IV	IV	III
33.	टोंक	III	III	II	II	I	I
34.	उदयपुर	II	I	I	I	I	I
35.	उनियारा	VI	V	V	V	V	IV

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान -प्राथमिक जनगणना सार, II- I, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
2. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान -आर्थिक सारणियाँ, III- I, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
3. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान -सामाजिक एवं सांस्कृतिक सारणियाँ, IV- क-ग, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
4. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -उदयपुर,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
5. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -चित्तौड़गढ़,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
6. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -बांसवाड़ा,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
7. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -सिरोही,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
8. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -डूँगरपुर,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
9. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -टोंक,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
10. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -अजमेर,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
11. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -सवाई माधोपुर,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
12. भारत की जनगणना 1991 : *राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका -भीलवाड़ा,* जनगणना निदेशालय, जयपुर।
13. राजस्थान सरकार, 1993 : *जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण - सिरोही,* जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
14. राजस्थान सरकार, 1994 : *जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण - चित्तौड़गढ़,* जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
15. राजस्थान सरकार, 1994 : *जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण - डूंगरपुर,* जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
16. राजस्थान सरकार, 1994 : *जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण - बांसवाड़ा,* जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
17. राजस्थान सरकार, 1995 : *जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण - उदयपुर,* जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
18. रिजवी, एस. एम. 2007 : सांख्यिकीय भूगोल (द्वितीय संस्करण), राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
19. शर्मा, हरिशंकर एवं शर्मा, एम. एल. 2004 : राजस्थान का भूगोल, पंचशील प्रकाशन, जयपुर।

References :-

1. Abercrombie P. 1952 : Town and Country Planning. Oxford University Press, Oxford.
2. Agarwal, P.C. 1970 : The Growth of Urban Population in Chattisgarh. Geographical Outlook, Ranchi, Vol. 7, pp. 27-44.
3. Ali, S.M. 1956 : Towns of the Indian Desert. Proceedings of I.G.U. Seminar, AMU, Aligarh, pp. 281-299.
4. Bhattacharya, B. 1979: Urban Development in India. Shree Publishing House, New Delhi.
5. Carter, H. 1955 : The Study of Urban Geography. Edward Arnold, London (4th ed.) 1995.
6. Davis, K. 1962 : Urbanization in India : Past and Future. in India's Urban Future, (ed.) R. Turner, O.U.P., Bombay, pp 10-26.
7. Gibbs, J.P., 1961 : Urban Research Methods. D. Van Nostrand Company, New Jersey.
8. Harries C.D. & Ullman, E.L. 1945 : The Nature of Cities. New York.
9. Johnson, J.H., 1967 : Urban Geography - An Introductory Analysis. Pergamon Press Publication, London.
10. Kosambi, M. 1994 : Urbanization and Urban Development in India. I.C.S.S.R., New Delhi.
11. Mandal. R.B. (ed.) 1982 : Urbanization and Regional Development. Concept Publishing Company, New Delhi.
12. Mishra, V. C. 1967 : Geography of Rajasthan. National

Book Trust, New Delhi.

Government Publications:-

1. Census of India, 1971 : *Rajasthan- Administrative Atlas*. Directorate of Census Operations, Jaipur.
2. Census of India, 1971 : *Rajasthan- General Population Tables, II-A.*
3. Census of India, 1971 : *Rajasthan- Town Directory, IV-A.*
4. Census of India, 1981 : *Rajasthan- Administrative Atlas.*
5. Census of India, 1981 : *Rajasthan- Primary Census Abstract, II-B.*
6. Census of India, 1981 : *Rajasthan- Town Directory, X-A.*

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध (1951.2001) में नगरीकरण

नगरीय केन्द्र

क्र.	नगर	1951	1961	1971	1981	1991	2001
1.	अजमेर	196633	231240	264291	375593	402700	490520
		(33.53)	(17.40)	(14.29)	(42.11)	(7.22)	(21.81)
2.	आमेट	4991			10698	14614	16672
						(36.60)	(14.09)
3.	आसीन्द				9461	11080	14123
						(17.11)	(27.46)
4.	बस्सी				11131	15135	नगर नहीं
						(35.97)	
5.	बिजौलियॉ					9419	12389
							(31.53)
6.	भीलवाड़ा	29668	43499	82155	122625	183965	280128
		(95.58)	(46.62)	(88.87)	(49.26)	(50.02)	(52.27)
7.	चाकसू	5962	8063	10411	14213	20408	29113
		(35.01)	(35.24)	(29.12)	(31.52)	(43.59)	(42.65)
8.	चित्तौड़गढ़	11863	16888	25917	44990	71569	96219
		(27.56)	(42.36)	(53.48)	(73.59)	(59.08)	(34.31)
9.	दरीबा						2833
10.	देवगढ़	6872	8032	8738	12831	13933	16505
		(19.68)	(16.88)	(8.79)	(46.84)	(8.59)	(18.46)
11.	देवली	4021	5274	12299	11159	16779	20026
		(.1.23)	(31.16)	(133.20)	(9.27)	(50.36)	(19.35)
12.	फतहनगर				13210	16485	नगर नहीं
						(24.79)	
13.	गंगापुर	5097	7769	9504	11434	15224	17073
				(22.33)	(20.31)	(33.15)	(12.15)
14.	गुलाबपुरा					19253	24362
							(9.60)
15.	जहाजपुर	4297		9313	12328	15086	18815
		(1.03)			(32.27)	(22.32)	(24.71)
16.	जयपुर	291130	403444	615258	977165	1458483	1870771
		(65.59)	(38.58)	(52.50)	(58.82)	(49.25)	(28.26)
17.	कपासन	6883	8371	10907	13858	16028	18663
		(13.11)	(21.62)	(30.30)	(27.06)	(15.66)	(16.44)
18.	केकड़ी	9816	12394	14997	20393	25573	34135
		(19.05)	(26.26)	(21)	(35.98)	(25.40)	(33.48)

19.	किशनगढ़	25696	25244	37405	62032	81948	116222
		(77.72)	(.1.76)	(48.19)	(65.84)	(32.11)	(41.82)
20.	लालसोट	7539			15297	20975	28249
		(12.17)				(37.12)	(34.68)
21.	मालपुरा	8010	10622	13971	17994	23643	27360
		(21.09)	(32.61)	(31.53)	(28.80)	(31.40)	(15.72)
22.	माण्डल				13386	16844	नगर नहीं
						(25.83)	
23.	माण्डलगढ़					16635	20169
							(24.24)
24.	मावली					19648	नगर नहीं
25.	नाथद्वारा	12341	13890	18893	24856	30878	37026
		(27.17)	(12.55)	(36.02)	(31.56)	(24.23)	(19.91)
26.	निम्बाहेड़ा	10585	11655	16542	27763	41921	53327
		(53.45)	(10.11)	(41.93)	(67.83)	(51)	(27.21)
27.	निवाई	6079	8317	10198	15961	22889	31365
		(8.33)	(36.82)	(22.62)	(56.51)	(43.41)	(37.03)
28.	पुष्कर	5934	6703	7341	9368	11506	14791
		(12.96)	(12.96)	(9.52)	(27.61)	(22.83)	(28.55)
29.	राजसमन्द	5432	11272	14242	27492	38831	55687
			(107.51)	(26.35)	(93.03)	(41.24)	(43.41)
30.	सांगानेर	6843		11617	21941	36463	441870
					(88.87)	(66.19)	(1111.83)
31.	सरवाड़	4810	6182	7728	9215	12316	16202
		(18.65)	(28.52)	(25.01)	(19.24)	(33.66)	(31.55)
32.	सवाई माधोपुर	11417	20952	43284	59083	77690	101997
		(36.05)	(83.52)	(106.59)	(36.50)	(31.50)	(31.28)
33.	शाहपुरा	11609	12165	15334	19329	23644	27792
		(16.80)	(4.79)	(26.05)	(26.05)	(22.32)	(17.54)
34.	टोडरा						5247
35.	टोडाराय सिंह	7199		10833	13879	17641	21217
		(26.25)			(28.12)	(27.11)	(20.28)
36.	टोंक	42833	43413	55866	77653	100079	135689
		(10.82)	(1.35)	(28.68)	(39.00)	(28.88)	(35.58)
37.	उदयपुर	89621	111139	161278	232588	308571	389438
		(50.25)	(24.01)	(45.11)	(44.22)	(32.71)	(26.21)
38.	उनियारा	4558	5760	6027	7198	9233	10834
		(.4.74)	(26.37)	(4.64)	(19.43)	(28.08)	(17.34)
39.	वनस्थली						6677

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

षाडगुण व मण्डल सिद्धांत : विदेश नीति के आधार स्तम्भ

शुभम ओझा*

*जूनियर रिसर्च फेलो, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान नवीन अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में बढ़ते तनाव व अशांति के चलते यह अनिवार्य हो जाता है कि यह पता लगाया जाए कि युद्ध व हिंसा से बचते हुए कैसे आत्मरक्षा व विकास किया जाए?इस समस्या का समाधान कौटिल्य रचित 'अर्थशास्त्र' नामक ग्रन्थ में मिलता है। इस ग्रंथ में कौटिल्य द्वारा राजा के गुण, राजकार्य, राज्य के अङ्गोंके अतिरिक्त सामाजिक, आर्थिक, वैधानिक, प्रशासनिक व राजनीतिक व्यवस्था के साथ-साथ विदेश संबंधों के संचालन हेतु षाडगुण नीति व मंडल सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया है। जो कि वर्तमान में भी राज्यों की विदेश नीति को संचालित करने की क्षमता रखते हैं। इनका अनुसरण करके समसामयिक नवीन अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में बिगड़े हुए संबंधों को सुधारा जा सकता है तथा संघर्ष को कूटनीतिक तरीके से सुलाझाया जा सकता है। इस हेतु प्रस्तुत शोध पत्र के अंतर्गत द्वितीयक स्रोतों की सहायता से मंडल सिद्धांत व षाडगुण नीतिका विशद वर्णन किया गया है।

शब्द कुंजी – कौटिल्य,अर्थशास्त्र, विदेश सम्बन्ध, षाडगुण नीति, मंडल सिद्धांत।

प्रस्तावना – यह माना जाता है कि कौटिल्य का जन्म 300 ई.पू. एक ब्राम्हण परिवार में हुआ था। इनके नामकरण के सम्बंध में विद्वानों में मतभेद हैं। नीतिसार में इन्हें वात्स्यायन,मल्लनाग,द्रमिल, पक्षील स्वामी,अंगल, वराणक, चाणक्य, विष्णुगुप्त व कात्यायन नाम से संबोधित किया गया है। (मिश्र,2008 : 13)।नन्दसाम्राज्य द्वारा उनका अपमान किए जाने के बाद उन्होंने तत्कालीन राजा को श्राप दिया कि वह वो इस साम्राज्य का सर्वनाश कर देंगे (मुखर्जी,1988 : 21)।तत्पश्चात कौटिल्य एक ऐसे व्यक्ति की तलाश में लगे जो कि इस नंद वंश के शासन को चेतावनी दे। कौटिल्य की यह तलाश चंद्रगुप्त मौर्य पर जाकर समाप्त हुई। बाद में कौटिल्य इसी चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में प्रधानमंत्री बने।अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में कौटिल्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को शासन कला संबंधी ज्ञान प्रदान किया।उनकी इन शिक्षाओं कोकालांतर में 'अर्थशास्त्र' नामक ग्रंथ में संकलित किया गया। कौटिल्य का अर्थशास्त्र ग्रंथ 15 अधिकरणों, 150 अध्यायों, 180 प्रकरणों तथा 380 कारिकाओं (श्लोकों) में वर्गीकृत है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र लोगों की नजर में बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में आया। यह ग्रंथ 1904 में मैसूर राजकीय ओरिएंटल लाइब्रेरी के डॉ. शास्त्री को सौंपा गया। उन्होंने इसका प्रथम प्रकाशन वर्ष 1909 में तथा अंग्रेजी अनुवाद 1915 में प्रकाशित किया।

कौटिल्य के इस ग्रंथ अर्थशास्त्र की विषय वस्तु आधुनिक अर्थशास्त्र से पूर्णता भिन्न है। इस ग्रंथ में कौटिल्य ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, कूटनीतिक व्यवस्था व प्रशासन का विस्तार से उल्लेख कर राजा को राजधर्म निभाने के उपदेश दिए हैं तथा राजनीतिक संबंधों तथा कार्यो के संचालन की शिक्षा दी है।

प्राचीन भारत में अर्थशास्त्र ज्ञान की एक शाखा के रूप में स्थापित किया गया। अर्थशास्त्र का शाब्दिक अर्थ, राजनीति का विज्ञान है। इसका तात्पर्य राजनीति,समृद्धि वास्तविक उम्मीदों, शक्ति को प्राप्त करने व बनाए रखने के तरीकों से हैं (अमेरिकन पॉलीटिकल साइंस रिव्यू, 1964 : 549)स्वयं कौटिल्य के अनुसार,'अर्थ संपूर्ण मानव का जीवन या उनकी वृति है। अर्थात मानवों से भरी पृथ्वी अर्थ है, जो शास्त्रपृथ्वी की प्राप्ति व संरक्षण का आधार है वह 'अर्थशास्त्र' है।'(मिश्र,2008 : 2)।जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर ने कौटिल्य को उग्रमैक्यावली की संज्ञा दी है। वेबर ने अपनी पुस्तक 'पॉलिटिक्स एस वोकेशन' में अर्थशास्त्र की तुलना मध्यकालीन विचारक मैक्यावली की कृति 'द प्रिंस' से करते हुए लिखा है कि मैक्यावली की प्रिंस अर्थशास्त्र से कम हानिकारक है (वेबर,1965 : 220)।

परराष्ट्र संबंधों के संचालन के संबंध में भी कौटिल्य द्वारा राजा को यथार्थवादी परामर्श दिया गया है। जिसके तहत कौटिल्य द्वारा दो सिद्धांत प्रतिपादित किए गए हैं-प्रथम, मंडल सिद्धांत तथा द्वितीय,षाडगुण नीति।अर्थशास्त्र के छठे अधयाय में प्रकृतियों और षाडगुणों का वर्णन किया गया है। साथ ही शांति व उद्योग का महत्व बताया गया है। इस अधिकरण को मंडलयोनि के नाम से जाना जाता है। इस अधिकरण में बताए गए 6 गुणों का विस्तार सातवें अधिकरण में किया गया है। इस अधयाय में 18 प्रकरणों का उल्लेख किया गया है।

मंडल सिद्धांत – मंडल सिद्धांत के अंतर्गत कौटिल्य ने राजा को राज्यों का एक विवेक सम्मत वर्गीकरण प्रस्तुत किया है अंतर राज्य संबंधों में एक ही राज्य की विजिगीषु से मित्रता या शत्रुता को कौटिल्य मुख्यत: उनकी भौगोलिक अवस्थिति के आधार पर स्वीकार करते हैं(चतुर्वेदी,2010 : 85)।इस सिद्धांत का उल्लेख तो महाकाव्यों में भी किया गया है तथा मनुस्मृति में भी मंडल सिद्धांत का उल्लेख है लेकिन मनु ने मंडल सिद्धांत को जहां छोड़ा था। वहीं से कौटिल्य ने उसे ग्रहण किया उसे पूर्णता प्रदान की ताकि वह कौटिल्य के तथा बाद के समस्याओं की आवश्यकताओं के अनुकूल बन सके (सालटोरे,1963: 475)। कौटिल्य के अनुसार,विजिगीषु, उसके सामने के 5, पीछे के 4राज्य होते हैं। जिसे दशक मंडल कहा जता है। (देखें : चित्र 1)

अरिमित्र मित्र
मित्र-मित्र
अरि- मित्र
मित्र
अरि
विजिगीषु
पार्ष्णिग्राह
आक्रन्द
पार्ष्णिग्राह सार
आक्रन्द सार

चित्र : 1 दशक मंडल

उपर्युक्त दशक मंडल के अतिरिक्त 1-1 मध्यम व उदासीन राज्य भी होता है। इसप्रकार कुल 12 राज्यों का एक 'राजमंडल' बनाता है।इन 12 राज्यों की 5- 5 प्रकृतियां होती हैं। यह पांच प्रकृतियां मंत्री, राष्ट्र, दुर्ग, कोष और बल है। इस प्रकार 12 राज्य व उनकी 60 द्रव्य प्रकृतियां मिलाकर कुल 72 प्रकृतियां होती हैं।नीतिशास्त्री कहते हैं कि प्रत्येक राजा की मंडल के विभिन्न राजाओं के प्रति किस प्रकार की पर राष्ट्र नीति है? उनमें कितनी सामर्थ है या कमजोरी है? उनके अधिकारी व प्रजा उनसे कितने संतुष्ट हैं? इत्यादि प्रश्नों पर सदा विचार करना चाहिए व तदनुसार अपनी परराष्ट्र नीति में आवश्यक अदल- बदल करते रहना चाहिए। इस तरह की संधि करनी चाहिए कि दो गुटों का बल समान हो, जिससे स्वभावत: ही एक दूसरे गुट पर हमला न कर सकेगा (अलतेकर,1959 : 229)।मित्र के पश्चात अरि मित्र, उसके आगे मित्र- मित्र व उसके पश्चात अरि मित्र- मित्र राजा रहते हैं। इस तरह परराष्ट्र नीति निर्धारित करते समय विजिगिषु राजा को अपने सामने के 5 राजाओं का विचार करना पड़ता है (अल्तेकर,1959 : 224)

1. **विजिगीषु –** कौटिल्य नेमंडल में केंद्रित राजा को कौटिल्य ने विजिगीषु की संज्ञा दी है।उनके अनुसार, विजिगीषु राज्य के लिए यह आवश्यक है कि उसका चरित्र निर्मल हो, उसमें व्यक्तिगत व शक्ति सामर्थ्य हो तथा वह नीति निपुण हो। वस्तुत: राज्य मंडल के अन्य राज्यों का नामकरण उसी के संदर्भ में किया गया है। कौटिल्य ने प्रतिपादित किया है कि जो राजा आत्मसम्मान, अमात्य आदि द्रव्य प्रकृति दृष्टि से संपन्न और नीति का आश्रय लेने वाला हो उसको विजिगीषु कहते हैं।

2. **अरि –** ऐसा राज्य जिसकी सीमा विजिगीषु के राज्य से लगती है उसे कौटिल्य ने अरि अर्थात शत्रु की संज्ञा दी है । कौटिल्य के अनुसार सीमावर्ती राज्यों से सदैव तनावपूर्ण सम्बन्धारहेंगें। अत: उनसे मित्रता संभव नहीं है।विजिगीषु के आगे और पीछे दोनों ही तरफ शत्रु रहते हैं। इन दोनों में भेद करने के लिए कौटिल्य ने विजिगीषु के अग्रभाग के शत्रु को अरि तथा पिछले भाग के शत्रु को पार्षणिग्रह कहा है।कौटिल्य ने शत्रु को 3 वर्गों में विभाजित किया हैद्द 1. स्वाभाविक। 2. दायभागी। 3. सहज। (चतुर्वेदी,2010 : 86)।

3. **मित्र –** कौटिल्य के अनुसार ऐसा राज्य है जिसकी सीमा विजिगीषु की शत्रु से लगती है वह अरि का तो शत्रु होगा लेकिन विजिगीषु का स्वाभाविक मित्र होगा। उनके अनुसार, जो मंत्र – उत्साह आदि शक्तियों से युक्त हो तथा समय आने पर सहायता कर सकें।

4. **मध्यम –** ऐसे राजा जो विजिगीषु व उसके शत्रु के राज्य की सीमा पर स्थितहो। जिसमें दोनों को एक ही साथ या पृथक-पृथक मदद देने या रोकने की ताकत हो किंतु जो उनके झगड़े में भाग न लेना पसंद करे, उसे मध्यम राज्य कहतेहैं।

5. **उदासीन –**ऐसा राज्य जिसकी सीमा विजिगीषु से लगती हो ना उसके किसी शत्रु से और ना ही मित्र से लगती हो कहीं दूर स्थित ऐसे राज्य को उदासीन राज्य कहा जाता है। उदासीन राज्य, विजिगिषु, मित्र, अरि व मध्यम सभी राज्यों से अधिक शक्तिशाली होता है तथा दोनों के मध्य सन्धि व विग्रह करवाने की स्थिति में रहता है(खान,1996 : 294)।

षाडगुण नीति – पर राष्ट्रों से संबंधों का संचालन करते समय परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने के नियमों को कौटिल्य ने षाडगुण नीति के रूप में प्रतिपादित किया है, जिसके तहत कौटिल्य राजा को परिस्थिति अनुसार ही नीतियों का अनुसरण करने की शिक्षा प्रदान करते हैं। उनके अनुसार, षाडगुण नीति के समुचित प्रयोग से राजा को वर्तमान में ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी लाभ होता है। ऐसा नारद का मंतव्य है। कौटिल्य के अनुसार षाडगुण राज्य का मूल मंत्र है, क्योंकि राजाओं की जय- पराजय इसी पर निर्भर है। इसलिए षाडगुण नीति के समुचित प्रयोग से राजा स्थिरता और समृद्धि की अवस्था को प्राप्त करता है।इन नीतियों के संबंधा में कौटिल्य के विचार निम्नांकित हैं

1. **संधि –** कौटिल्य के अनुसार संधि दो राजाओं के मध्य किया हुआ प्रबंधा है।शान्तिपर्व में संधि कब करनी चाहिए। इस विषय पर मत व्यक्त करते हुए बताया गया है कि 'यदि राजा यह देखता है कि संधि करने पर मैं बड़े-बड़े कार्यों को संपादित कर, शत्रु के महान कार्यों को हानि पहुंचा सकूंगा अथवा उत्तम कार्यों का संपादन करने के साथ-साथ शत्रु के उत्तम कार्यों से भी लाभ उठा सकूंगा अथवा शत्रु से संधि कर लेने के उपरांत जब शत्रु में मेरे प्रति विश्वास हो जाएगा, तो गुप्तचरो अथवा विष प्रयोग आदि के द्वारा शत्रु का नाश कर दूंगा अथवा कृपा प्रदर्शन कर शत्रु के उत्तम मनुष्यों को अपनी कार्यकुशलता से अपनी ओर आकृष्ट कर सकूंगा।राजा को सन्धि कर लेनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कमजोर राजा को बलशाली शत्रु से संधि कर लेनी चाहिए परंतु बलशाली राजा को कमजोर राज्य से संधि नहीं करनी चाहिए।'

कौटिल्य ने संधि का कई आधारों पर वर्गीकरण किया है जैसे; संयुक्त आक्रमण के आधार पर संधि, विजय के उपरांत लाभ के आधार पर संधि, विकास के आधार पर संधि तथा संधि के योग्य - अयोग्य पक्षों की भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की है। कौटिल्य के अनुसार, यदि कोई राजा अपने से बलशाली राजा से शांति संधि कर लेता है, परंतु बाद में वह यह अनुभव करता है कि वह स्वयं पर्याप्त शक्तिशाली हो गया है तो, उसे पुरानी शांति संधि तोड़कर अपनी शक्ति के अनुरूप नई नीति का निर्णय करना चाहिए। यहां भी कौटिल्य ने राजनीति को साधारण नैतिकता के बंधान से मुक्त रखा है (गाबा,2016 : 54)।

2. **विग्रह –**कौटिल्य के अनुसार शत्रु का कोई उपकार करना विग्रह है। उन्होंने ऐसे शत्रु पर आक्रमण का परामर्श दिया गया है, जो दुर्बल, प्रमादग्रस्त और बंधु रहित हो तथा जिसके मित्र व सहायक ना हो , ऐसे दुर्बल शत्रु के साथ ही विग्रह करना चाहिए।अधिक शक्ति वाले के साथ विग्रह करने पर हीन शक्ति राजा की वही दुर्दशा होती है जो कि गजारोही सैनिकों के साथ युद्ध में पैदल लड़ने वाले सैनिकों की होती है।सामान बल वाले के साथ

विग्रह करने पर वे दोनों ही उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं जैसे दो कच्चे घड़े आपस में टकराने पर दोनों नष्ट हो जाते हैं।हीन शक्ति के साथ विग्रह करने का वही परिणाम होता है जो पत्थर से घड़े पर चोट करने का होता है।

3. यान - यान से तात्पर्य अभियान या शत्रु सेना पर आक्रमण से है। कौटिल्य मानते हैं कि शक्तिशाली राजा को ही यान का मार्ग अपनाना चाहिए।शत्रु पर आक्रमण करने से पूर्व कौटिल्य ने देशकाल,शत्रु की शक्ति राजधानी,पृष्ठ भाग व सरहदी इलाकों की सुरक्षा तथा यथेष्ट कोष को साथ ले चलने का परामर्श देते हैं।विजिगीषु राजा शत्रु पर जो आक्रमण करता है उसे सदगुण के तहत यान की संज्ञा दी गई है। सेना देश और काल पर विचार कर फौजी कार्यवाही की तैयारी ही यान कहलाती है (दीक्षितार,1944 : 322)।

कौटिल्य ने यान के तीन प्रकारों का उल्लेख किया है : विग्रह यान, सन्धाय यान, संभूयप्रयाण।

4. आसन - कौटिल्य के मतानुसार युद्ध की प्रतीक्षा में शांत बैठे रहना 'आसन' कहलाता है। आसन के दो प्रकार हैं: पहला, विग्रह आसन और दूसरा,संधि आसन। अपनी उन्नति व वृद्धि के लिए इस गुण का अनुसरण करना चाहिए।

जब राजा को लगे कि उसका शत्रु उसका कुछ बिगाड़ने की सामर्थ्य में नहीं है ना ही राजा स्वयं शत्रु का कुछ बिगाड़ सकता है तो उसे आसन नीति अपनानी चाहिए।कौटिल्य के अनुसार, परिस्थितियों की मांग व अपना लाभ ही तटस्थता की नीति का मूल हेतु है ना कि नैतिक चेतना (खान,1996 : 254)। उन्होंने प्रतिपादित किया है कि जब राजा शक्ति संपन्न हो, तभी उसे युद्ध की घोषणा करके आसन नीति का अवलंबन करना चाहिए, परंतु जब ऐसा प्रतीत हो कि युद्ध की घोषणा करने के पश्चात 'विग्रह आसन' की नीति सफल नहीं हो सकती, तब उसे 'सन्धाय नीति' का ही अनुसरण करना चाहिए(चतुर्वेदी,2010 : 84)।

5. संश्रय - निर्बल राजा को आत्मरक्षा के लिए अपनी अपेक्षा अधिक शक्तिशाली राजा का आश्रय ग्रहण करना चाहिए। संश्रय की व्याख्या करते हुए कौटिल्य लिखते हैं कि अन्य राजा के प्रति अर्थात निर्बल राजा का स्वयं को अर्पित कर देना ही संशय है। दीक्षितार ने संश्रय नीति के शाब्दिक और व्यापक अर्थ की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि इसका शाब्दिक अर्थ है । सहायता, सहारा या अवलंबन और व्यापक अर्थ में इसका तात्पर्य है - मित्रों की सहायता की तलाश (दीक्षितार,1944 : 324)।संश्रय का लक्षण निर्दिष्ट करते हुए कौटिल्य ने बताया है कि जब किसी बलवान शत्रु द्वारा राजा को चुनौती दी जाए तथा उसके प्रतिकार का अन्य कोई उपाय नहीं दिखाई पड़े, तो राजा को अन्य बलवान, कुलीन, सत्य-प्रतिज्ञा वाले एवं श्रेष्ठ आचरण से युक्त किसी राजा का आश्रय लेकर शत्रु को परास्त करना चाहिए।कौटिल्य ने निर्बल राजा को परामर्श दिया है कि वह न्यायपरायण राजा का आश्रय ग्रहण करें। यदि अनेक राजा न्यायपरायण हो तो, जिसकी अमात्य आदि प्रकृति अपने अनुकूल हो ! उनके अनुसार, वह मध्यम तथा उदासीन राजाओं का भी आश्रय ले सकता है अथवा ऐसे भी राजा की शरण ले सकता है, जिसके साथ उसका परंपरागत,विवाहादि संबंध रहा हो अथवा जो उसका प्रिय हो।

6. द्वैधीभाव - द्वैधीभाव का अर्थ, दोविपरीत परिस्थितियों को अपनाना ताकि विरोधी उसके वास्तविक मंतव्य के विषय में भ्रम में पड़ जाएं। कौटिल्य के अनुसार, संधि व विग्रह दोनों गुणों को एक साथ काम लेना। द्वैधीभाव की परिभाषा के विषय में कौटिल्य का मत मनु और शुक्र से भिन्न है। मनु और शुक्र द्वैधीभाव को ऐसी नीति के रूप में परिभाषित करते हैं, जिसमें शासक अपनी सेना को दो टुकड़ों में विभाजित कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर नियोजित करे जबकि द्वैधीभावको परिभाषित करते हुए कौटिल्य ने लिखा है कि 'विजयोच्छुक राजा दूसरे राज्यों से मेलजोल बढ़ाए और एक सामंत को अपनी और मिलाकर दूसरे सामंत पर आक्रमण करें।'

षाडगुण नीति की वरीयताएं - षाडगुण नीति के अंतर्गत सभी गुणों का तुलनात्मक महत्त्व निर्धारित करते हुए कौटिल्य ने कहते हैं कि राजा को अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार इन 6 गुणों को अपनाना चाहिए। उनका मत है कि 'जब संधि एवं विग्रह दोनों को अपनाने से एक ही प्रकार के लाभ की आशा हो, तब संधि गुण का ही अवलंबन करना चाहिए। इसी प्रकार यदि आसन और यान से तथा संश्रयव द्वैधीभाव से बराबर लाभ होने की संभावना हो तो,क्रमश: आसन एवं द्वैधीभाव नीति का अनुसरण करना ही विवेक सम्मत होगा।'(देखें सारणी : 1)

श्रेयस्कर नीति	द्वितीय वरीयता की नीति
संधि	विग्रह
आसन	यान
द्वैधीभाव	संश्रय

सारणी : 1द्वैधीभावनीति की वरीयताएं

परराष्ट्र संबंधों के संचालन में कौटिल्य नीति की प्रासंगिकता - राजनैतिक और कूटनीति संबंधी रणनीति के प्रति एक संहिताबद्ध दृष्टिकोण का उल्लेख कौटिल्य या चाणक्य के अर्थशास्त्र में मिलता है, जो शासनकला पर पहला रचनात्मक ग्रंथ है। कौटिल्य का यह दृढ़मत था कि राष्ट्र अपने राजनैतिक, आर्थिक और सैन्य हित में ही काम करते हैं। कौटिल्य के विचार में अवसरानुकूलता विदेश नीति का मुख्य आधार होता है। कौटिल्य ने एक प्रभावी विदेश नीति तैयार करने हेतु अपनाए जाने वाले उपाय भी बताए (गणपति,2017)।

विदेश नीति निर्माण में कौटिल्य का सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनका प्रसिद्ध 'मंडल सिद्धांत' है, जिसमें वे मानते हैं कि पड़ोसियों के दुश्मन होने की सबसे अधिक संभावना है, जबकि किसी के पड़ोसी के राज्य मित्र होंगे (चक्रवर्ती,2016)।

विशेषज्ञों की उपर्युक्त टिप्पणियों से स्पष्ट है कि कौटिल्य की नीतियां सर्वकालिक महत्त्व की हैं। समसामयिक परिदृश्य में बढ़ती यथार्थवादिता के संदर्भ में कौटिल्य के विचारों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। यदि इनके सिद्धान्तों का सही अर्थों में पालन किया जाए तो विश्व में कूटनीतिक गलतियों के परिणामस्वरूप होने वाले युद्ध व संघर्ष को रोका जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अमेरिकन पॉलीटिकल साइंस रिव्यू(1964),अंक 3
2. अल्तेकर:(1959)'प्राचीन भारतीय शासन पद्धति',विश्वविद्यालय प्रकाशन : वाराणसी
3. कौटिल्य: 'अर्थशास्त्र;
4. कामकंद: 'नीतिसार'
5. खान,सीमा:(1995)'कौटिल्य की कूटनीति की सार्थकता'शोध प्रबंध : प. रविशंकर विश्वविद्यालय
6. गाबा,ओमप्रकाश:(2016)'भारतीय राजनीतिक विचारक'मयूर

पेपरबैक्स : नोएडा

7. गणपति,एम.(मार्च 17, 2017)'भारतीय विदेश नीति की :परेखा'विदेश मंत्रालय : भारत https://mea.gov.in/distinguished-lectures-detail-hi.htm?
8. चतुर्वेदी,मधुकर श्याम:(2010)'प्रमुख भारतीय राजनीतिक विचारक',कॉलेज बुक हाउऊस : जयपुर
9. चक्रवर्ती,पी. आर.:(फरवरी 19, 2016)'राष्ट्रीय विकास के लिए विदेश नीति की चुनौतियाँ',विदेश मंत्रालय : भारत सरकार https://www-mea-gov-in.translate.goog/distinguished-lectures-detail.htm?
10. दीक्षितार,रामचंद्र वी.आर.:(1944)'वॉर इन एसेंट इंडिया',मैकमिलन एंड कंपनी लिमिटेड: कलकत्ता,लन्दन(1988),हिन्दू सभ्यता, राजकमल प्रकाशन : नई दिल्ली
11. मिश्र,अनिल कुमार:(2008)'कौटिल्य अर्थशास्त्र',प्रभात प्रकाशन : नई दिल्ली
12. वैबर,मैक्स:(1965)'पॉलिटिक्स एस वोकेशन',फॉर्ट्रेस प्रेस.
13. सालटोरे,बी.ए.:(1963)'एसेंट इंडियन पोलिटिकल थॉट एन्ड इंस्टिट्यूशन्स',एशिया पब्लिशिंग हाउस : मुंबई

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

राजनीतिक दलों के माध्यम से भारत में चुनावी-जनसहभागिता की स्थिति

डॉ. शोभा गौतम *

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) से.मु.मा. राज. कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – नागरिकों द्वारा राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार निभाने का एक अन्य माध्यम राजनीति दल है। राजनीतिक दल प्रमुख रूप में सरकार का गठन करने,सरकार की साझेदारी, सरकार गिराने, सरकार की आलोचना करने तथा इन सब कार्यों हेतु जनमत प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इनकी सभी गतिविधियां प्राय: चुनाव से ही संबंधित होती है।इसके अतिरिक्त राजनीतिक दल, विरोध-प्रदर्शन, बन्द,जन-जागृति अभियान,रैली,बहिष्कार, सभा,रोड शो व अन्य माध्यमों से राजनीतिक गतिशीलता में योगदान देते है और जनता को राजनीतिक व्यवस्था की ओर आगत प्रेषित करने हेतु प्रेरित है।

शब्द कुंजी – राजनीतिक दल, चुनावी जनसहभागिता,लोकतंत्र, दक्षिण एशिया।

राजनीतिक दलों के माध्यम से चुनावी-जनसहभागिता – भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2021, सितम्बर 23 को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल 2858 राजनीतिक दल पंजीकृत है। जिनमें से 8 राष्ट्रीय,54 राज्यस्तरीय व 2796 दलों को कोई दर्ज़ा प्राप्त नहीं है। इनमें से 2019 के लोकसभा चुनाव में 2293 पंजीकृत दलों में सेमात्र 673 अर्थात 29.93 प्रतिशत दलों ने लोकसभा चुनाव हेतु अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे।इससे पूर्व वर्ष 2014 में भारत में राजनीतिक दलों की कुल संख्या 1627 थी और इनमें से कुल 464 राजनीतिक दलों ने ही लोकसभा चुनाव लड़ा अर्थात कि मात्र 28.51 प्रतिशत राजनीतिक दलों ने ही चुनावी-राजनीति में भाग लिया जबकि वर्ष 2009 में 1000 पंजीकृत राजनीतिक दलों में से 363 (36.3 प्रतिशत) ने चुनावी-मैदान में ताल ठोकी थी। वर्ष 2004 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान 702 पंजीकृत राजनीतिक दलों में से 230 (32.76 :) ने ही चुनाव लड़ा।

विगत एक दशक (2009 से 2019) में 'चुनाव' में राजनीतिक दलों की भागीदारी में करीब सात फीसदी की कमी दर्ज की गई है। इस दौरान कुल पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या में तो लगभग ढ़ाई गुना की बढ़ोतरी हुई है लेकिन चुनावों में राजनीतिक दलों की घटती भागीदारी एक विडम्बना की स्थिति उत्पन्न करती है।



चित्र-1, वर्ष 2004 से 2019 के मध्य हुए लोकसभा आम चुनावों में भागीदार राजनीतिक दलोंव तत्कालीन पंजीकृत दलों के बीच संख्यात्मक अंतर।

लोकसभा चुनावों में उम्मीदवार के रूप में भाग लेने की प्रवृत्ति में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। वर्ष 2004 की तुलना में 2009 के लोकसभा आम चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या में 48.48 प्रतिशत का भारी उछाल आया परन्तु वर्ष 2014 के चुनाव में मात्र 2.24 की बाद बढ़त दर्ज की गई।जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में पहले की तुलना में 2.38 प्रतिशत कम उम्मीदवारों की चुनावी भागीदारी दर्ज हुई।

चित्र -2, विगत चार लोकसभा चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या।



स्रोत - निर्वाचन आयोग, भारत।

17 वीं लोकसभा चुनाव में 18.7 प्रतिशत युवाओं ने चुनाव लड़ा।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

इनकी आयु 25 से 35 वर्ष के मध्य थी।शोध पत्र में 21वीं शताब्दी के चारों लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त किया गया जनमत प्रतिशत निम्न-लिखित है:

चित्र -3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में प्राप्त किये गए मत प्रतिशत का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दिया जाए तो सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के जनसमर्थन में कमी आई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी को मिलने वाले मत प्रतिशत में लगभग डेढ़ गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिसका प्रमुख कारण सोशल मीडिया का बढ़ता प्रयोग व इसके माध्यम से प्रचार-प्रसार,ई-सक्रियता,राष्ट्रवादी विचारधारा,वंशवाद के प्रति जनाक्रोश,अच्छे दिनों की आशा एवं नवीन विकल्प की जनइच्छा माना जा सकता है।

पुलिस अनुसंधान एवं विकास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2009 से 2014 के बीच देश में हुए कुल विरोध-प्रदर्शनों में से करीब 32 प्रतिशत आंदोलनों का संचालन राजनीतिक दलों द्वारा किया गया था।यदि इसमें दलों से संबंधित छात्र-संगठन व मजदूर संघों को भी शामिल कर दिया जाए तो यह आंकड़ा 50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। विभाग के पूर्व राज्य पुलिस प्रमुख राहुल गोपाल का कहना है कि यद्यपि महाराष्ट्र में वर्ष 2009 से 2014 की कालावधि में बड़ी संख्या में प्रदर्शन दलों द्वारा संचालित/आयोजित थे,परन्तु उनका स्तर व गहनता इतनी अधिक ऊंची नहीं थी (ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डिपार्टमेंट, 2014)। राजनीतिक लाभ प्राप्ति हेतु राजनीतिक दलों व कार्यकर्ताओं द्वारा दंगों का सहारा लिया जाता है। जिसे पॉल ब्रास 'संस्थागत दंगा व्यवस्था' का नाम देते हैं।

जनता के अभिमुखन हेतु राजनीतिक दलों द्वारा सभा आयोजित कर उनका मत निर्धारित करने का प्रयास किया जाता है,परन्तु इन जनसभाओं में जनभागीदारी जागृत/सक्रिय उतनी नहीं रह पाती है और न ही जनसभाओं में व्यक्त जनमत एवं जनव्यवहार में कोई साम्य पाया जाता है। इस सम्बंध में सत्येंद्र कुमार द्वारा वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान किये गए एथनोग्राफिकल अध्ययन के उनके निम्न अनुभव को साझा करना प्रासंगिक होगा।

'वे (मेरठ जिले के खानपुर ग्रामवासी) कहते कुछ और थे और करते कुछ और थे।गाँव की एक चुनावी सभा में जब भारतीय जनता पार्टी की एक महिला नेत्री आई तो लोगों ने अपनी राजनीतिक निष्ठा और जुड़ाव से परे जाकर उनका स्वागत किया और उनकी सभा में शामिल भी हुए थे।इसी तरह जब मैंने कांग्रेस पार्टी के समर्थकों से सभा में जाने के बारे में जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने बताया कि सभा में शामिल होनागाँव का एक शिष्टाचार मात्र है,इससे अधिक कुछ नहीं'(कुमार, 2015-217)।

वर्ष 2019 में विकासशील समाज अध्ययन पीठ-लोकनीति द्वारा निष्पादित उत्तरमतदान राष्ट्रीय चुनाव सर्वेक्षण के परिणाम दर्शाते हैं कि नागरिकों की सह-चुनावी गतिविधियों यथा - चन्दा एकत्र करना/देना पोस्टर लगाना व पर्चे वितरित करने में अधिक रुचि नहीं है। जिनका सँख्यात्मक विवरण निम्न ग्राफ के माध्यम से दिया गया है। (उत्तर मतदान सर्वेक्षण, 2019 - 16-17)

चित्र - 4 , चुनावी गतिविधि व भागीदारी प्रतिशत



विगत एक दशक में नागरिकों की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ी है परन्तु यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। सुहास पल्शीकर एवं संजय कुमार को उद्धरित करना यहाँ प्रासंगिक प्रतीत हो रहा है। लेखक द्वय के अनुसार 'सक्रिय भागीदारी आज भी समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों की ही अधिक है और उसमें भी शिक्षा व वर्ग प्रमुख निर्णायक कारक हैं यद्यपि अन्य पिछड़ा वर्ग ने पिछले कुछ वर्षों में राजनीति में प्रवेश किया हो किन्तु दलित,आदिवासी, महिलाएं एवं निर्धन आज भी परिधि पर है' (कुमार - पल्शीकर, 2004)

दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की स्थिति- विकासशील समाज अध्ययन पीठ, लोकनीति एवं जैन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वाधान में कराए गए सर्वेक्षण के प्रथम प्रतिवेदन में भारतीय लोकतंत्र की कमियों व मजबूतीयों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि आजादी के सत्तर वर्षों के बाद भारत एक श्रेष्ठ लोकतंत्र का उदाहरण तो है,किन्तु उसे गरीबी,विविधता एवं मानवाधिकारों की समस्याओं का भी सामना करना पड़ा है।

प्रमुख निष्कर्ष (स्टेटऑफ डेमोक्रेसी इन साउथ एशिया, 2008):

1) **लोकतंत्र की आकांक्षा -** भारत की आर्थिक परिस्थितियां लोकतंत्र के अनुकूल नहीं है। फिर भी 92 प्रतिशत भारतीयों को लगता है कि लोकतंत्र उनके लिए श्रेष्ठ प्रणाली है। तथ्यों का संकेत है कि दक्षिण एशिया में भारत व श्रीलंका में सुदृढ़तम स्तर पर लोकतंत्र का समर्थन किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, भारत 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने लोकतंत्र की परंपरागत परिभाषा के स्थान पर लोकतंत्र का अपना अलग अर्थ निकलते है।

2) **संस्थाएं एवं राजनीति -** सर्वेक्षण में अधिकांश व्यक्तियों ने तुलनात्मक रूप से संस्थओं में विश्वास व्यक्त किया है।विशेष रूप से वो संस्थाएं,जिनका गठन चुनाव के माध्यम से नहीं होता है,जैसे कि सशस्त्र सेनाओं पर सर्वेक्षित नब्बे फीसदी जनता ने विश्वास व्यक्त किया,जबकि साठ प्रतिशत ने लोकसेवकों पर विश्वास जताया है। शोधार्थियों के अनुसार, राजनीतिक दलों व संस्थाओं में न्यून विश्वास का कारण,इन संस्थाओं में वास्तविक प्रतिनिधित्व की कमी है।

3) **राजनीतिक दल व प्रतिस्पर्धा -** राजनीतिक दल आंदोलन व राजनीतिक गतिशीलता के साधन हैं वर्तमान में अपराधिकरण व भ्रष्टाचार राजनीतिक दलों में सामान्य है,व्यक्ति विशेष दल की पहचान बन चुके हैं।ये दल नवीन मशीनरी का निर्माण करने में विफल हैं।साथ ही राष्ट्रीय व राज्य-स्तरीय दलों में वंशवाद व केंद्रीकरण की प्रवृत्ति भी देखी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नागरिकों की राजनीतिक सहभागिता के आंकड़े कुछ इस प्रकार से हैं-

चित्र- 5राजनीतिक गतिविधि व उसमें भाग लेने वाले लोगों की संख्या

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX



अध्ययनकर्त्ताओं ने पाया कि राजनीतिक मंच एवं राजनीतिक संगठन परस्पर व्यापी हैं। जैसे करीब 75 प्रतिशत मजदूर संघ कार्यकर्त्ताओं ने स्वीकारा कि वो किसी न किसी राजनीतिक दल से सम्बद्ध हैं।

4) राजनीतिक निर्गत – भारत में लोगों के लिए मताधिकार न सिर्फ एक गंभीर प्रक्रिया है, बल्कि प्रभावी भी है। सर्वेक्षण के अनुसार,67 प्रतिशत भारतीय मानते हैं कि उनके मत(वोट) से परिवर्तन आएगा। साथ ही पांचों देशों की तुलना में नागरिकों को मतदान से मिलने वाली सन्तुष्टि का स्तर अधिक है।

स्टेट ऑफ डैमोक्रेसी इन साऊथ एशिया की दूसरी रिपोर्ट हेतु एक प्रतिनिधि सेम्पल और सामान्य प्रश्नावली के आधार पर सर्वेक्षण किया गया। जिस हेतु 19,409 उत्तारदाताओं का चयन किया गया था। वर्ष 2017 में प्रकाशित इस प्रतिवेदन का कमल नयन चौबे द्वारा 'लोकतंत्र का वैकल्पिक विमर्श–विविधता, असमानता और पारंपरिक पहचानों की पेचीदगी' विषयक लेख में निम्न प्रकार से विश्लेषण किया गया है–

नागरिक संस्थाओं से अभिभूत नहीं हैं ; वे उन संस्थओं के प्राधिकार के चलते उनका अंधानुकरण नहीं करते हैं।संस्थाओं और नागरिकों के बीच का सम्बंधा संस्थाओं की शक्ति पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रश्न करने और उनके प्रति सन्देह भाव रखने पर आधारित है।यह लोकतंत्र की सकारात्मक शक्ति को दर्शाता है।

अपेक्षाओं से भरे समाजों में संस्थाओं का प्रदर्शन– संस्थाएं लोकतंत्र की श्रृंखला में कमजोर कड़ी हैं। मोटे तौर पर सरकार के अंग सार्वजनिक जांच–पड़ताल और जवाबदेहिता से परे हैं। ये गंभीर आलोचना का सामना कर रही हैं, लेकिन इनके प्रति पूरी तरह से अविश्वास की संस्कृति नहीं है।

दलगत राजनीति,गैर–दलीय राजनीतिक संगठन और लोकतंत्र– दलीय व्यवस्था ने स्थानिक और सामाजिक विविधताओं को प्रदर्शित करना आरंभ कर दिया है।दक्षिण एशिया (भारत में भी) राजनीतिक दल चुनाव और संरक्षण (पेट्रोनेज) की मशीन बन चुके हैं। फिर भी इन्होंने सहभागी लोकतंत्र को गहनता प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मतदान करने के अतिरिक्त राजनीतिक भागीदारी के संकेत काफी हद तक खामोश ही हैं।

सारांश में कलम नयन चौबे द्वारा किये गए रिपोर्ट के विश्लेषण का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा–लोकतंत्र की संस्कृति,व्यवहार और संस्थाओं ने लोगों को प्रजाजनों से नागरिक में बदल दिया है। प्रश्न खड़ा करते हुए की क्या दक्षिण एशिया (भारत भी शामिल है) में लोकतंत्र की परियोजना समाज के सभी तबकों के लिए ऐसा 'स्पेस' बना सकती है कि वे खुद को लोकतंत्र का मालिक समझें और इसकी सफलता में योगदान करें?

उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर देते हुए चौबे लिखते हैं कि स्पष्टत: लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि यहाँ वास्तविक अर्थों में समावेशन को बढ़ावा दिया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उत्तर मतदान सर्वेक्षण.(2019)'विकासशील समाज अध्ययन पीठ–लोकनीति' – दिल्ली, प्रश्न संख्या 9(a,b,c,d,e) पृष्ठ संख्या–16–17
2. एपिसोड 6 –'यूथ पार्टिसिपेशन इन इंडियन एलेक्शन्स' (2020) 'असोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' रीट्रीव्ड 2020, अगस्त 24. https://adrindia-org.content.episode-6-youth-participation-indian-elections
3. कुमार, संजय, पल्शीकर, सुहास,(2004)'पार्टिसिपेट्री नॉर्म्स– हाउ ब्रॉड–बेस्ड इट इस?''इकनोमिक एंड पोलिटिकल वीकली'वोल्युम –39,इशू नम्बर – 51–2004, दिसम्बर 18
4. कुमार,सत्येंद्र,(2015)'राजनीतिक अध्ययन में एथनोग्राफी की भूमिका' प्रतिमान– समय,समाज,संस्कृति – जनवरी– जून 2015 (अंक – 1).पृष्ठ संख्या–217
5. चौबे,कमल नयन,(2017)'लोकतंत्र का वैकल्पिक विमर्श–विविधता, असमानता व पारंपरिक पहचानों की पेचीदगियां'प्रतिमान – समय,समाज,संस्कृति – जनवरी–जून 2017 (अंक–9). पृष्ठ संख्या–140
6. निर्वाचन आयोग, भारत।
7. ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डिपार्टमेंट,जुलाई–सितम्बर,2014
8. स्टेट ऑफ डेमोक्रेसी इन साउथ एशिया,(2008).इंडिया सम्री,1 एग्जेक्युटिव सम्री,इंटरनेशनल,आई.डी.ई.ए.,2008

चित्र -3, वर्ष 2004 से 2019 के आम चुनाव में राष्ट्रीय दलों को प्राप्त मत प्रतिशत



	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	बहुजन समाजवादी पार्टी	भारतीय जनता पार्टी	भारतीय साम्यवादी दल	भारतीय साम्यवादी दल(मार्क्सवादी)	अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस	राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी
2019	19.49	3.63	37.36	0.37	1.75	4.07	0.92
2014	19.03	4.1	31	0.78	3.3	3.08	1.56
2009	28.55	6.17	18.8	1.43	5.33	3.2	2.4
2004	26.53	5.33	22.16	1.41	5.66	2.07	1.8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

राजस्थान की राजनीति में दलित - चुनावी जनसहभागिता का अध्ययन

रजनी गगवानी *

* जूनियर रिसर्च फैलो (राजनीति विज्ञान) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधपत्र में अनुसूचित जातियों को दलित मानते हुएउनकी चुनावी भागीदारी का विश्लेषण किया गया है।चुनावी जनसहभागिता के अंतर्गत केवल मतदान व चुनाव लड़नेपर ही ध्यान केंद्रित किया गया है।प्रस्तुत शोध का उद्देश्य दलित समुदाय के चुनावी समावेशन का स्तर, प्रवृत्ति व समस्याओं का अध्ययन करने हेतु ऐतिहासिक,वर्णनात्मक व निदानात्मक अनुसन्धान पद्धतियों का प्रयोग कियागया है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक व द्वितीय तथ्यों हेतु राजकीय। निजी प्रतिवेदनों व अध्ययनों, पुस्तकों,समाचार पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित लेख, शोधपत्रों व आंकड़ों की सहायता ली गई है।

शब्द कुंजी – अनुसूचित जाति, दलित, चुनावी जनसहभागिता, आरक्षण।

प्रस्तावना – ऐतिहासिक रूप से वर्ण व्यवस्था पर आधारित हिंदू समाज में वर्ण के आधार परकिये गए कार्य विभाजन के कारण शूद्र वर्ण को राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखा गया।यही शूद्र वर्ण कालांतर में दलित कहलाया।व्युत्पत्ति के अनुसार, 'दलित' शब्द संस्कृत शब्द दलित से आया है।जिसका अर्थ है 'कुचला हुआ', 'निचला', 'दबा हुआ' या 'टुकड़ों में टूट हुआ'। इसका सबसे पहले प्रयोग ज्योति राव फूल ने19वीं सदी में महाराष्ट्र के पिछड़े वर्गों और अन्य उत्पीड़ित वर्गों के संदर्भ में किया था (चिन्था, 2015 रू83)।दलित पेंथर्स आंदोलन के घोषणापत्र के अनुसार,अनुसूचित जाति, जनजाति, नव-बौद्ध, कामगार, भूमिहीन, निर्धन किसान,महिलाएं तथा वे सभी व्यक्ति दलित-दलित की श्रेणी में आतेहैं, जो कि राजनीतिक, आर्थिक या धर्म के नाम पर शोषित हों (रायट: 2016)।यद्यपि शोध सुविधा हेतु प्रस्तुत पत्र में केवल अनुसूचित जाति का ही अध्ययन किया गया है।

दलितों के सदियों पुराने राजनीतिक अपवर्जन को समाप्त करते हुए स्वातन्त्र्योत्तर काल में उनके चुनावी समावेशन को सुनिश्चित व इसे संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने हेतु लोकसभा, विधानसभाओं व स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं में आरक्षण की व्यवस्था की गई।जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने भी राजनीतिक संस्थाओं में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इसी क्रम में यह जानना आवश्यक हो जाता है कि चुनावों के माध्यम से दलित समुदाय राजनीतिक व्यवस्था में कितना भागीदारी बन पाया है ? क्या यह केवल आरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित है या उसके आगे भी विस्तृत है? तथा आगे की क्या राह हो सकती है !

राजस्थान में दलित - एक परिचय- भारत की जनगणना,2011 के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जाति की जनसँख्या, राज्य की कुल जनसंख्या का 17.83 % (1.22 करोड़) है। अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 के अनुसार राजस्थान की 59 जातियाँ अनुसूचित जाति की श्रेणी में सूचीबद्ध हैं। इनमें भी प्रमुख जातियां मेघवाल, ढोली, धोबी, वाल्मीकि, जीनगर, चमार, कोली/ कोरी, कंजर, खटीक, मदारी, महार, बलाई, सांसी व सालवी हैं।

राजस्थान में निवासरत अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या का करीब 50 प्रतिशत मेघवाल हैं। यही मेघवाल सालवी,बुनकर,बलाई व मेघवंशी में विभाजित है,जो कि मध्य व पश्चिम राजस्थान में निवासरत है। शेष आधी दलित आबादी में जाटव शामिल हैं, जो कि उत्तरप्रदेश की सीमा से लगते पूर्वी राजस्थान में निवासरत है। यह भी बैरवा व रैगर उप जातियों में विभाजित है।दलित समुदाय की 18.5 प्रतिशत जनसंख्या शहरी है। जिसमें जीनगर वाल्मीकि व खटीक सम्मिलित हैं,जो कि राज्य की कुल जनसंख्या का 2.4 प्रतिशत है (धारा, 2018)।

धर्म	जनसंख्या	प्रतिशत
हिंदू	11,999,984	98.18
सिख	2,14,837	1.75
बौद्ध	6,772	0.55

राजनीतिक जनसहभागिता

देश की शासन प्रणाली में जनता का किसी भी तरीके से भागीदार बनना, राजनीतिक जन सहभागिता कहलाती है।मिशेल रूश एवं आल्टोफ के अनुसार, 'व्यक्ति द्वारा राजनीतिक तंत्र के विभिन्न स्तरों पर भूमिका निर्वहन को राजनीतिक सहभागिता कहते हैं (मिशेल - आल्टोफ, 1971: 14)।'राजनीतिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी कई प्रकारों से हो सकती है। मोटे रूप से इसे निम्नलिखित दो भागों में बांटा जाता है।

1. चुनावी जनसहभागिता।
2. गैर-चुनावी/चुनावेत्तारजनसहभागिता।

1. चुनावी जनसहभागिता- चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक देश में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने वाला एक लोकप्रिय माध्यम है। चुनावों के दौरान नागरिक किसी प्रत्याशी के पक्ष अथवा विपक्ष में प्रचार करके, मतदान द्वारा, स्वयं चुनावी रण में उम्मीदवार होकर, राजनीतिक दलों को वित्तीय सहायता अथवा चंदा देना,किसी दल का पद अथवा सदस्यता ग्रहण

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

करना, चुनावी रैली, सभा में भाग लेकर एवं दल का गठन करके नागरिक राजनीतिक व्यवस्था में भूमिका का निर्वहन करते हैं।

2. गैर-चुनावी/चुनावेत्तर जनसहभागिता-चुनावी प्रक्रिया के इतर नागरिकों द्वारा शासन में जिस किसी भी माध्यम से अपनेराजनीतिक अधिकारों का प्रयोग करते हैं, गैर-चुनावी अथवा चुनावेत्तर जनसहभागिता की श्रेणी में आते हैं।इसके अंतर्गत किसी आंदोलन में भाग लेना, दबाव/हित समूहों के माध्यम से लॉबिंग, जनमत संग्रह में मतदान करना, ज्ञापन देना, तालाबन्दी, मार्ग अवरुद्ध करना, दंगा व अन्य विरोध/समर्थन प्रदर्शन करना, राजनेताओं से संपर्क साधना, जनसमस्याओं अथवा निजी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन से संपर्क करना, हड़ताल, काम-बन्दी, सरकार सम्बन्धित सूचना-मांगना, जनसंचार माध्यमों से राजनीतिक-बहसों में भाग लेना अथवा बहस सुनना, राजकीय निर्णयों को प्रभावित करने हेतु आंदोलन चलाना शामिल है।प्रस्तुत शोध पत्र का सरोकार केवल चुनावी सहभागिता से है, जिसके अंतर्गत मतदान व चुनाव लड़ने के रूप में दलितों के चुनावी समावेशन का अध्ययन किया गया है।

मतदाता के रूप में दलित - मतदान में किसी व्यक्ति की सच्ची रुचि समग्र रूप से राज्य व्यवस्था के हितों केसाथ अटूट रूप से जुड़ी हुई है (फर्स्ट पोस्ट : 2020)।मतदान वयस्क नागरिकों की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदारी की प्राथमिक गतिविधि है। अतः यहराजनीतिक समावेशन के स्तर को जानने का महत्वपूर्ण पैमाना है। यद्यपि चुनाव आयोग द्वारा समुदाय-वार मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है फिर भी दलितों हेतु आरक्षित स्थानों पर मतदान की स्थिति जान कर उनके रुझानों का अध्ययन किया जा सकता है।राजस्थान से 4 स्थान अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किये गए हैं। यह क्षेत्र श्रीगंगानगर, बीकानेर, भरतपुरव करौली-धौलपुर हैं। इन चारों स्थानों पर विगत तीन लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत का अध्ययन करने पर यह मालूम पड़ता है कि दलितों हेतु आरक्षित क्षेत्रों पर नागरिकों की मतदाता के रूप में जनभागीदारी निरन्तर बढ़ रही है। जिसे कि निम्न चार्टकी सहायता से समझा जा सकता है।

स्रोत:वोटर टर्नआउट रिपोर्ट, 2009, 14, 19. चुनाव आयोग, राजस्थान

उपर्युक्त चार्ट यह सिद्ध करता है कि मतदान के प्रति दलितों की रूचि बढ़ी है। यदि राजनीतिक दलों के आधार पर दलितों की वरीयता देखी जाए तो उसमें भी एक 'शिफ्ट' देखा जा रहा है। मांडलगढ़ (भीलवाड़ा, राजस्थान) के पूर्व विधायक श्री विवेक धाकड़ इस पर प्रकाश डालते हुए बताते हैं कि'पहले दलित कांग्रेस का वोट बैंक माने जाते थे लेकिन पंचायतीराज व्यवस्था आने के बाद दलित समुदायों में आरक्षण के परिणामस्वरुप जातियों के हिसाब से बंटवारा होने लगा और आज का दलित समुदाय किसी एक का वोट बैंक नहीं रहा है लेकिन हाँ ! भाजपा की तरफ उनके रुझान में बढ़ोतरी हुई है (धाकड़, 2022)।'

चुनाव लड़ने के स्तर पर दलित जनसहभागिता - राजस्थान एक रियासती और सामंती प्रदेश होने के कारण यहां आज़ादी से पहले दलित समुदायकी चुनावी उम्मीदवार रूप में शासन व्यवस्था में भागीदारी लगभग नगण्य थी। संविधान लागू होने के साथ ही दलितों के राजनीतिक अधिकारों की रक्षा करते हुए उनकी जनसंख्या के अनुपात में विधानसभा व लोकसभा में स्थानों का आरक्षण किया गया। जिसमें समय-समय पर परिसीमन के माध्यम से बदलाव किया जाता रहा है। वर्ष 2008 के परिसीमन द्वारा राजस्थान विधानसभा में दलितों हेतु 34 तथा लोकसभा हेतु 4 स्थान आरक्षित किए गए। वर्तमान में राजस्थानविधानसभा में आरक्षित इन स्थानों का चित्रात्मक प्रदर्शन इस प्रकार है।



स्रोत: चुनाव आयोग , राजस्थान।

आरक्षण के कारण निर्धारित स्थानों पर केवल दलित समुदाय के सदस्य ही चुनाव लड़ सकते सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप दलितों का न्यूनतम प्रतिनिधित्व तो सुनिश्चित हुआ लेकिन सम्पूर्ण भारत में न्यूनाधिक यही प्रवृत्ति देखने को मिली है कि आरक्षित स्थानों के अतिरिक्त इन समुदायों के उम्मीदवारों को कोई राष्ट्रीय दल टिकट नहीं प्रदान करता है। राजस्थान में भी कमोबेश यही स्थिति दिखाई देती है।इस सम्बंध में दलित लेखक व कार्यकर्ता श्री भंवर मेघवंशी टिप्पणी करते हुए बताते हैं कि'आरक्षण एक हद निर्धारित कर देता है। फिर उन स्थानों पर भी आपको टिकट नहीं मिलता है, जहां आप की संख्या अच्छी है या आप जीतने की स्थिति में है क्योंकि आप को टिकट नहीं मिलता है और निर्दलीय के रूप में तो चुनाव जीतना और अधिक मुश्किल हो जाता है। अपवाद स्वरूप ही अनारक्षित सीटों पर दलित समुदाय के व्यक्तियों को टिकट मिलता है (मेघवंशी : 2022)।'

दलितों के सीमित प्रतिनिधित्व का एक ताजा उदाहरण वर्ष 2018 में संपन्न हुए राजस्थान विधानसभा चुनावों में देखा जा सकता है। इस चुनाव में संपूर्ण राजस्थान में सिर्फ मनोहरथाना (झालावाड़) अनारक्षित विधानसभा क्षेत्र पर ही राष्ट्रीय दलों से अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को टिकट दिया गया। शेष सभी अनारक्षित विधानसभा क्षेत्रों पर प्रमुख राष्ट्रीय दलों ने सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को ही टिकट दिया।

दलित हितों का एक मात्र प्रतिनिधि दल होने का दावा करने वाली बीएसपी के राजस्थान में मत-समर्थन में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं।वर्ष 2013 की तुलना में बीएसपी के मत समर्थन में वर्ष 2018 में मात्र 0.63% की बढ़ोतरी देखी गई परंतु उसे प्राप्त सीटें दोगुनी हो गई। लोकसभा चुनाव हेतु

राजस्थान में अनारक्षित निर्वाचनक्षेत्र पर दलित उम्मीदवार को चुनावी टिकट प्रदान करने के दलों के ट्रेक रिकॉर्ड का तुलनात्मक विश्लेषण निम्न प्रकार है ;

दल	2019	2014	2009	2004
भाजपा	2	2	1	1
कांग्रेस	3	1	2	2
बीएसपी	15	135	54	83

स्रोत: 17वी लोकसभा: इन मैनीवेज़, 'द न्यू लोअर हाउस विल ब्रेकओल्ड पैटर्न' इकोनॉमिक टाइम्स, मई, 25–2019.

बीएसपी का राजस्थान में चुनावी रिकॉर्ड

वि.स. चुनाव वर्ष	उम्मीदवार	जीते	मत–प्रतिशत
1990	–	00	–
1998	118	2	2.17
2003	124	2	3.98
2008	199	6	7.60
2013	195	3	3.27
2018	199	6	4.0

स्रोत: चुनाव आयोग, राजस्थान
http://ceorajasthan.nic.in/Election%20Results %20and%20Statistics.aspx

उपर्युक्त तथ्यों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि यद्यपि राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के मत समर्थन में तो उतार चढ़ाव आते रहे हैं परंतु अनुसूचित जाति के मतदाताओं का विश्वास जीतने में बीएसपी राजस्थान में विफल रही है पिछले एक दशक में हुए तीन विधानसभा चुनावों में बीएसपी अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित 34 स्थानों में से एक भी स्थान पर विजयी नहीं रही है जबकि वर्ष 2018 में गठित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने 2018 में संपन्न हुए राजस्थान विधानसभा चुनावों में दो आरक्षित स्थानों (पश्चिमी राजस्थान के नागौर जिले का मेड़ता व जोधपुर जिले का भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र) पर जीत दर्ज की है।

निष्कर्ष– उपर्युक्त तथ्यों का अध्ययन करने के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वर्तमान समय में राजस्थान में दलित समुदाय की चुनावी सहभागिता के सम्बंध में दो तरह के पैटर्न चलन में हैं।

पहला, मतदाता के रूप में दलितों की सहभागिता में निरन्तर वृद्धि हो रही है। यह समुदाय अपने मत का महत्व समझने तथा उसका बढ़–चढ़ कर प्रयोग करने लगा है। यद्यपि उनका रुझान, उनकी आर्थिक स्थिति के साथ बदलता रहता है। इसके अतिरिक्त पहले जहाँ दलित कांग्रेस के पक्ष में मतदान करते थे। वहीं, वर्तमान बीजेपी उनकी पसंद बनती जा रही है। बसपा के राजस्थान में जनाधार मत–प्रतिशत व विधानसभा स्थानों के रूप में बढ़ता–घटता रहा है।

दूसरा, चुनाव लडने के स्तर पर दलितों की शासन में सहभागिता प्राय: उनके लिए आरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित रही है। अनारक्षित क्षेत्रों पर दलितों को टिकट देने में राजनीतिक दल रूचि नहीं रखते हैं। यहाँ तक कि बहुजन समाज पार्टी भी अपवाद स्वरूप ही अनारक्षित क्षेत्रों पर दलित जाति के सदस्य को टिकट प्रदान करती है। इसके पीछे संभवत: यह मानसिकता हो सकती है कि 'जब दलितों के लिए स्थान आरक्षित हैं तो वे अन्य समुदायों के हिस्से पर क्यों दावा करें!' कारण और भी हो सकते हैं लेकिन इनके कारण दलितों की प्रतिनिधित्व स्तर पर जनभागीदारी केवल आरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित रही है।आवश्यकता है कि इस हदबन्दी को तोड़कर समान अवसरों का सृजन किया जाए। इस हेतु रूढ़िवादिता को कम करना, राजनीतिक दलों में सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के अतिरिक्त स्वयं दलितों को भी आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सक्षम बना कर समस्या–समाधान की ओर बढ़ा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. 17वी लोकसभा : इन मैनी वेज़, द न्यू लोअर हाउस विल ब्रेक ओल्ड पैटर्न.(मई,25 2019)'इकोनॉमिक टाइम्स'.Retrievedfrom
2. https://m.economictimes.com/news/elections/lok-sabha/india/17th-lok-sabha-in-many-ways-the-new-lower-house-will-breakoldpatterns/amp_articleshow/69499650.cms
3. एस. एस. चिन्था.(2015)'द मीनिंग ऑफ दलित एंड इट्स टू परसेप्शन बाय इंडियन सोसायटी एंड दलित राइटर्स : ट्रांसलेशन : एन एनालिटिकल स्टडी'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्टडीज इन इंग्लिश लेंग्वेज एंड लिटरेचर,वॉल्यूम : 3, इश्यू : 2
4. चुनाव आयोग, राजस्थान https://ceorajasthan.nic.in/Map
5. चुनाव आयोग, राजस्थान Retrieved from
6. http://ceorajasthan.nic.in/Election%20Results% 20and %20Statistics.asx
7. दलित पैंथर्स मेनीफेस्टो,(जनवरी 23, 2016)'रायट'Retrieved from
8. https://raiot.in/dalit-panthersmanifesto/#:~:text=The%20Dalit%20Panthers%20was% 20a,moveme%20in%20the%20United%20States.
9. धाकड़, विवेक,(2022, फरवरी 11).साक्षात्कार पर आधारित
10. धारा,तुषार,(2018)'वाय बीजेपी इस अनलाइकली टू गेट दलित वोट्स इन द राजस्थान इलेक्शन्स' कारवां मैगज़ीन, अक्तूबर 28,2018 Retrieved from
11. https://caravanmagazine.in/politics/dalit-votes-bjp-rajasthan-elections2018
12. मिशेल,रूश.आल्टोफ,(1971)'एन इंट्रोडक्शन टू पॉलिटिकल सोशियोलॉजी',नेल्सन पब्लिशर : यू.के.
13. मेघवंशी, भंवर,(2022, मार्च 23),साक्षात्कार पर आधारित
14. 'लोकतंत्र में सामूहिक लाभ'(2020, फरवरी 11). फर्स्ट पोस्ट–Retrieved fromhttps://www.firstpost.com/living/in-a-democracy-the-importance-of-voting-with-a-view-for-collective-benefit-7976631.html/amp
15. वोटर टर्नआउट रिपोर्ट, 2009, 2014, 2019, चुनाव आयोग, राजस्थान, Retrieved fromhttp://164.100.153.10/ceoraj/voter_rep.aspx

****

A Study on Consumer Behaviour Towards online Shopping in Nagpur City

Dr. Rajeshwar Dinkar Rahangdale*

***Assistant Professor & Head (Economics) Rashtrasant Tukdoji College, Chimur, Distt. Chandrapur (Mh.) INDIA**

Abstract - Online shopping is the most recent phenomenon in the Indian online space. Men and women of all ages visit E-commerce websites regularly and buy the necessities of life. The objective of the study is to understand the consumer awareness and preferences towards various products available online, to understand the frequency of online shopping and the amount spent on a single purchase, and to understand the factors affecting the online purchase and the choice of payment gateway. The study is empirical in nature and a cross-sectional research design was applied and the primary data was collected through a structured questionnaire. A sample size of 800 respondents was taken, who is at present living in Nagpur city. Mainly in areas like the Sitabuldi area, Mahal area, and Itwari area by applying judgmental and convenience sampling methods. This study analyses the various factors that affect the online shopping behavior of the consumers by using the Buyer Black Box Model which is like our mind processing various stimuli it receives and helping it in concluding. Here we had studied the attitude, behavior, and intentions shown by the consumers when they decide to buy products online by using the hierarchy of effects model. Moreover, a separate gender-wise differentiation was made to know how Male and Female reacts to a particular category of the product comprised of apparel, Beauty products, Household items, electronic gadgets, etc. A preference measurement check was made to know the perception of the consumer regarding the top E-commerce website i.e. FLIPKART, AMAZON, SNAPDEAL, JABONG, Shopclues, and others. The major reason behind their perception was based on various discounts, easy payment facilities, easy return facilities, timely and express delivery. “Reduced search cost”, “Discounts” and “Ease of purchase” were the top three aspects that generally people look upon while purchasing online, and a thorough study was made among the people in Nagpur. In the future, this study can be done among different demographic profiles & in other cities.
Keywords- Awareness, Consumer Behaviour, Nagpur, Online Shopping.

Introduction - In the era of globalization along with the expansion of E-commerce, various businesses started their sales and marketing efforts for their products through the internet. Over the decades, organizations are providing soup to nut to their customers online. Online shopping is one of the fastest-growing phenomena. It is considered a medium for transactions between firms and consumers. Online shopping also includes supply chain management, marketing over the internet, 24 x 7 timing, availability of a variety of products, etc.

Electronic commerce draws on technologies such as mobile commerce, supply chain management, online transaction processing, electronic data interchange, inventory management system, electronic fund transfer, etc. E-commerce may take up some of the subsequent facilities such as B2B electronic data interchange, provide direct retail sale and marketing to customers, employ in the launching of new products and services, etc.

Online shopping is a form of electronic commerce that allows the consumer to buy products and services over the internet. Through online shopping, many organizations have gained remarkable opportunities to boost their sales and to uphold direct relationships with their customers. The new businesses provide all kinds of products at the doorway of the e-shoppers in the fingertip. The business model for admirable services quality is based on various fundamentals such as low price, big range of choices, ample information about products, availability, and convenience.

Revolutionary change in the development of online shopping is due to the varying lifestyle of the consumers and expansion of online activity. Major E-shoppers grab online opportunities since different products get better discounts. Much above that, it saves time and gives total relief from the crowd.

Everything has merits and demerits. The approach of Indians is more tending towards real shopping where they can touch, and compare products before buying. Therefore Indian society faces differences in people’s opinions towards

online shopping. This paper attempts to study peoples perception towards online shopping and also tries to extrapolate information regarding the demand for the same.

Hybrid Online Shopping: Another type of cross-channel E-commerce uses a combination of virtual and real existence to solve shopper problems. Through real existence, we incorporate any asset that enables potential buyers to interact in the reverse direction (for example, not via the internet, but the internet). Maybe 17 years old) exchange currency with employees of affiliated companies or at affiliated company premises. For example, our broader meaning of real existence can be based on profitable topics such as companies or professionals. May not include closure, but use existing real (pre-network) assets as a drawing feed. We can expect that there are many reasons why cross-border e-commerce is more attractive than physical or completely virtual market management methods. The construction can be planned together in the following ways: cost-reducing technologies, benefits of trust-building methods, market growth/scope, the relative proportion of complementary connections, increased trust, Geographic location, and other markets.

Reasons for buying through the online channel: It has various clarifications on online shopping, and they even have some explanations below, showing online purchases; convenience, better cost, sorting, sending donations, cost reduction, expense rate, social issues, active shopping, cheap old/unused use purchases, and shop cautiously.

Significance of the study: An out-and-out referring to lifestyle is persuading purchasers worldwide to recognize web shopping as a choice rather than standard real shopping. People, to save time and money Imai report 2009 reveals that in each Reasonable sense, 25% of the are convinced to purchase things and affiliations complete Indian people is living in metropolitan associations. For the most part, web use is a shopping channel. There isn't as a general rule anything, low amount to only 24% among metropolitan people. Electronic retailing is constantly seen reliably as an objective and accessible medium to Shop. It appropriately gets crucial for online retailers to consider online commercialization and how it is going on exactly as expected in right now of speedy globalization.

Objectives of the study:

1. To study the impact of socio-social parts on online buying Behavior.
2. To examine the perspective on buyers for the web buying conduct about care and Customer satisfaction.
3. To study the limitation of E-shopping issues with attracting and holding Customers in the Indian climate.

Research methodology: Assessment isn't just engaged to the difference in currently certified factors and building up to date data yet discovering new authentic components needed through the cycle dynamic changes in the overall people. The theory is portrayed as a game plan of strategies and rules to work with the mix and examination of data. It gives the early phase to picking an approach made of hypotheses, data thought, and which strategies for the subject.

Research method: There are Two Pivotal assessment methods; Excited and Quantitative assessment. An eager assessment gives bits Of Information and an Impression of the issue set. In this Evaluation hypothetical assessment was used to get an understanding of web shopping. The enthusiastic assessment strategy includes the blend of a variety of test papers, making and knowing individual experiences of the online client and Non-online clients. Quantitative assessment wants to quantify the data and commonly, applies a sort of real assessment. In this assessment, more emphasis is laid on Quantitative assessment.

Research Design: The cutting-edge assessment game-plan becomes exploratory with inside the key degrees than with inside the wake of having the encounters into the problem it becomes affirmed and surveyed through obvious assessment. The form of obvious exam layout embraced the appraisal become affordable.

Sampling Design: In this examination, the event of the appraisal turned into from the start difficulty to purposive, comfort, and Judgment investigating. Nagpur modified into the important thing season of searching over the unit. The Judgments of respondents trusted the solace framework.

Location of the study: Nagpur and incorporate space of the appraisal.

Limitations of the study: The appraisal has been pushed with huge duty at the same time as retaining with inside the thoughts the accomplishment of beginning Development is considered as primary to have the second one. Authentic Design changed into executed to damage every piece of the appraisal. All affirmations were relied upon to Transport an orderly record to decrease the section of propensity to its maximum unimportant degree. The facts changed into amassed via extraordinarily near organized attempt and each attempt changed into made to assert consistency all. The confirmation of the dimensions changed into during defined and each reaction has been recorded fittingly.

The corporate India is governed by a number of Statutory Regulations which contain detailed provisions regarding Corporate Social Reporting. It may however be emphasized that the provisions on Corporate Social Reporting forms the part of detailed provisions under the relevant statue / law and not separately provided for as Social Reporting statues .One has to look into various statues to find the provisions covering the items on social aspects and its reporting there to. The Corporate India is broadly governed by the accounting requirements of reporting as provided in the Companies Act,1956 .However under the Income Tax Act,1961, there are a number of provisions which provides certain concessions and exemptions to the corporate Indian entity on fulfilling certain social responsibilities. Thus one has also to look into the provisions under the Income Tax Act, 1961.Besides one has to look into pronouncement of Premier Professional Institution in the country. In the absence of any legal requirement there is no specific anonymity in the pattern of copy social reporting it will differ from country to country depending on the perceptions understandings and practices prevalent in the respective countries the investments made by the companies in monetary terms on rural areas may be available in the annual reports but it does not necessarily and truly reflect the level of corporate commitments on the aspects for a better company social reporting three essential ingredients are a must.

Research Methodology - As mentioned above in the objectives that proper metrics should be used to CSR objectives and proper matrices are also available that reflect that the companies are accounting for the CSR initiatives properly. After closely going through the various corporate websites, we were able to figure out different categories under which CSR initiatives are disclosed in the Annual Reports of the Companies and concluded that companies are accounting the CSR expenditures in their final accounts and hence this affects the overall profit earned by the company. The basic tool for examination into the above problem was the annual reports of these companies. Website of each of these companies was analyzed and for CSR disclosure the data is collected by content analysis method. The period under study is taken from 2019 to 2021. We tested the efficacy of our research by implementing correlation, t-test and other statistical tools for testing the hypotheses. We have taken two different sectors to withdraw a conclusion. The sample from the public sector contains 10 companies and private sector contains another set of 10 companies. The CSR reporting is viewed and Social Disclosure Index has been prepared for all the companies. The SDI is then being compared to the PAT of the company and a correlation is established between the Capital Employed and the SDI. The findings of the above analysis have been summarized in the Findings below.

Results/ Analysis:

1. The table below depicts the PAT and Capital Employed of few public sector Indian companies along with their SDI developed by the researcher after allotting scores for social reporting as it is considered that corporate report on the basis of their profits and the investments they hold.

TABLE 1.1

S.	Name of the company	Capital Employed(in Cr)	PAT (in cr)	SDI
1	Gujrat State Fertilizer ltd	10035.48	9417.67	66.67
2	Hindustan Aeronautics	26435.19	8239.06	66.67
3	Engineers India Ltd	72359.88	1430.24	26.67
4	National Thermal Power	327893.32	9566.21	83.33
5	Coachin ShipyardLtd	4250.58	32.01	16.67
6	Rural Electrification Corp ltd	400617.54	8378.24	73.33
7	SAIL	72748.24	4148.13	46.67
8	Tata Communication Ltd	13566.84	1251.52	26.67
9	Ferro Scrap Nigam Ltd	294.75	22.75	16.67
10	GAIL (INDIA) Ltd	68832.63	6142.82	26.67

Source: Compiled from the Annual reports of the Companies

Ho1 = The Capital Employed by a public sector company has no association with the SDI

Karl Pearson co-efficient of correlation was used to test the hypotheses and co-efficient was tested for significance at 5% level of significance using t-test. The result obtained was as follows:

TABLE 1.2: Coefficient Of Correlation Between Capital Emp &Sdi In Public Sector Companies

Coeff of Cor	R	Computed value -t	Table value -t	Hyp
CAPITAL EMP & SDI	0.6661	2.526	2.306	H_1

Source: Compiled from the Annual reports of the companies.

Table value of t at (v=10-2=8 d.o.f) at 5% level of significance comes to 2.306, being less than the computed value of t being 2.526 and hence null hypotheses is rejected. Hence there is some significant relationship between the

Capital Employed and SDI of public sector companies and capital employed as a factor has significant influence over the social reporting practices of public sector companies.

Ho2= The Profit after Tax (PAT) of a public sector company has no association with the SDI.

Karl Pearson co-efficient of correlation was used to test the hypotheses and co-efficient was tested for significance at 5% level of significance using t-test. The result obtained was as follows:

TABLE 1.3: Coefficient Of Correlation Between Pat& Sdi In Public Sector Companies

Coeff of Cor	R	Computed value -t	Table value -t	Hyp
PAT & SDI	0.9180	2.3142	2.306	H_1

Source: Compiled from the Annual reports of the companies.

Table value of t at (v=10-2=8 d.o.f) at 5% level of significance comes to 2.306, being less than the computed value of t being 2.3142 and hence null hypotheses is rejected. Hence there is some significant relationship between the PAT and SDI of public sector companies. Thus PAT as a factor has significant influence over the social disclosure practices of public sector companies.

2. The table below depicts the PAT and ROI of few private sector Indian companies along with their SDI developed by the researcher after allotting scores for social reporting as it is considered that corporate report on the basis of their profits and the investments they hold.

TABLE 2.1:

S.	Name of the company	Capital Employed(in Cr)	PAT (in cr)	SDI
1	Mahindra and Mahindra	151329.32	29371	40.00
2	Hero Motocorp ltd	115656.87	2964.2	46.67
3	Tata Consultancy Services	107359	30960	46.67
4	Deepak Fertilizers and petrochemicals	163.78	406.44	23.33
5	Hindustan Zinc Ltd	37851	7980	33.33
6	Eicher Motors	11929.8	1346.89	26.67
7	Tata Power	68082.91	1438.65	40.00
8	TISCO	174620.07	38189.79	46.67
9	ITC ltd	63129.62	33382.88	53.33
10	Bajaj Auto ltd	27958.17	4875.02	33.33

Source: Compiled from the Annual reports of the Companies

Ho3= The Capital Employed by a private sector company has no association with the SDI

Karl Pearson co-efficient of correlation was used to test the hypotheses and co-efficient was tested for significance at 5% level of significance using t-test. The result obtained was as follows:

TABLE 2.2: Coefficient Of Correlation Between Capital Emp & Sdi In Private Sector Companies

Coeff of Cor	R	Computed value -t	Table value -t	Hyp
CAPITAL EMP & SDI	0.7040	2.8038	2.306	H_1

Source: Compiled from the Annual reports of the companies.

Table value of t at (v=10-2=8 d.o.f) at 5% level of significance comes to 2.306, being less than the computed value of t being 2.8038 and hence null hypotheses is rejected. Hence there is some significant relationship between the Capital Employed and SDI of private sector companies. Thus Capital Employed as a factor has significant influence over the social reporting practices of private sector companies.

Ho4= The Profit after Tax (PAT) of a private sector company has no association with the SDI.

Karl Pearson co-efficient of correlation was used to test the hypotheses and co-efficient was tested for significance at 5% level of significance using t-test. The result obtained was as follows:

TABLE 2.3: Coefficient Of Correlation Between Pat & Sdi In Private Sector Companies

Coeff of Cor	R	Computed value -t	Table value -t	Hyp
PAT & SDI	0.7058	2.8182	2.306	H_1

Source: Compiled from the Annual reports of the companies.

Table value of t at (v=10-2=8 d.o.f) at 5% level of significance comes to 2.306, being less than the computed value of t being 2.8182 and hence null hypotheses is rejected. Hence there is some significant relationship between the PAT and SDI of public sector companies. Thus PAT as a factor has significant influence over the social reporting practices of private sector companies.

Thus the final conclusion of this analysis was that whether the company is a public sector company or a private sector company, the CSR reportings are affected and associated with factors like Capital Employed and Profit after Tax of a company.

Further the research would be continued with other factors like age of company, sales of a company and even with the ROI of a company.

Conclusion: Corporate Social Responsibility is multi disciplinary that is it is used by the companies for various aspects. Companies today are very well aware to harness the benefits of CSR. Essentially speaking come on business organizations are focused around economic activities, however it cannot operate in an isolated economically oriented environment. It interacts with social, political and technological entities during its operations and consequentially the environment is shaped by the complex interaction of these forces. Ample provisions have been made to project the corporate social involvement in the

areas pertaining to the employees, consumers, local community as well as the society at large. The above information if separately provided along with the annual report would go a long way in measuring and improving the Corporate Social Performance .The measure of social involvement and the effectiveness of the same together would make the information base complete for Corporate Social Performance Reporting for a particular group.

In India, apart from CSR reporting required to be done with annual reports, all listed companies are also required by SEBI, to furnish "Business Responsibility Report (BRR)" in accordance with the "National Voluntary Guidelines" consisting of nine principles issued by Ministry of Corporate Affairs. The accountants and the accounting fraternity still are in a stage of immaturity when we talk about CSR reports and the reporting requirements of a concern because there is still to be done in this field and the pioneer institutes are looked upon for better conclusions.

References:-

1. **Balamurugan.T,Dr.Anandhi.K (2020):***Analysis of corporate social responsibility practice of Indian Railways,*Journal of Emerging Technologies and Innovative Research (JETIR)Volume 7, Issue 2
2. **Dr. Vethirajan.C, Dr.Mahalingam.A, Dr. Shunmugam.M, Ariyadevi.N , Antony Nancy .J,Jeyachitra S.(2020):***Corporate Social Responsibility Practices by Indan Industries during Covid-1,*A Journal of Composition Theory, Volume XIII, Issue
3. **Sushil Kumar and KidwaiAnab (2018):***CSR disclosures and transparency among top Indian companies* ,Int. J. Indian Culture and Business Management, Vol. 16, No. 1, 57.
4. **Krishnan Akhil (2018):***Comparative analysis study on CSR expenditure in India: the case of Manufacturing and Service Industries***,** International Journal of Pure and Applied Mathematics,Volume 118 No. 9 2018, 421-443.
5. **Kaur Puneet (2017):***Corporate Social Responsibility: A Contribution by Indian Banks,*International Journal of Business and General Management (IJBGM)**,**Vol. 6, Issue 5, 87-104.
6. **Bihari Suresh Chandra and Pradhan Sudeepta (2011):***CSR and Performance:The Story of Banks in India,*Journal of Transnational Management,16:20–35.
7. **Singh Satinder and Sharma Aishwarya (2015)**:*Corporate social responsibility practices in India: Analysis of Public companies*,International Journal of Business Quantitative Economics and Applied Management Research,(Volume 1, Issue 11).
8. **Arora Summi and Jaideep(2017):***Corporate Social Reporting in India: A Study of Some Selected Indian Companies***,**Pacific Business Review International, Volume 10 Issue 1.
9. **Mr. Candrashekhar Rawat Sarika (2017):***An Analysis Of Corporate Social Responsibility Expenditure In India***,** Airo International Research Journal,Volume IX.
10. **Dr. Shyam Reena (2016):***An Analysis Of Corporate Social Responsibility In India,* International Journal of Research,Granthaalayah,[Vol.4(Iss.5)].
11. **Baghla Ashish (2018),***Corporate Social Responsibility Practices in India: A Study of Few Companies***.** Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education,Vol. 15, Issue No.10.
12. **Sandeep Kumar (March 2018):***Corporate Social Reporting Practices Of Selected Public Sector Companies of India***,**IOSR Journal of Business and Management (IOSR-JBM),Volume 20, Issue 3. Ver. 3, PP 73-78

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

गाँधीजी के सत्याग्रह और हिन्दी भाषा

डॉ. बिन्दू परस्ते *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी न तो दार्शनिक थे जिन्होंने गहन अध्ययन एवं मनन के पश्चात् एक सुव्यस्थित दर्शन प्रस्तुत किया हो, न ही वे एक राजनीतिक थे जिन्होंने राजनीति को राजनीति मानकर एक नेता की भूमिका निभायी हो, और न ही वे एक सन्त थे जिन्होंने इस जगत को मिथ्या मानगर अपने को ब्रम्ह में लीन कर लिया हो। किन्तु अजीब बात है वे यह सब कुछ न होते हुए भी, यही सब कुछ थे। अपने जीवन दर्शन को व्यवस्थित रूप देने का अवकाश नहीं था फिर भी दार्शनिक मुद्रा में कठोर सिद्धांतों का प्रतिपादन उन्होंने किया। राजनीतिज्ञ न होते हुए भी उन्होंने अपने को देश और विदेश की राजनीति से हर क्षण संबंध रखा। गुफावासी, संसार कागी संत न होते हुए भी उनका मसीहायी अंदाज प्रखर बना रहा। उनका सर्वकापी व्यक्तित्व अधितिज फैला रहा तथा उनके कृतित्व ने मानव जीवन के हर पहलू को साधिकार आत्मसात किया। व्यक्ति, परिवार, समाज, जाति, संस्कार, भोजन, संपत्ति, चिकित्सा, वाणिज्य, कला, विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, मनोविज्ञान, प्रेम, सौन्दर्य, विवाह, ब्रम्हचर्य, पठन-पाठन, भाषण, लेखन, सम्पादन, अहिंसा, सत्य, ईश्वर, धर्म, नीति, नियम, जीवन, मृत्यु इन सभी विषयों पर उन्होंने चिंतन किया। लोगों ने उन्हें देखा, सुना, पढ़ा, सहमत-असहमत हुए, उनका तीव्र समर्थन किया, किन्तु प्रेम और श्रद्धा उन्हें जितना मिला उतना विश्व में किसी एक व्यक्ति को नहीं मिला क्योंकि उनके विरोधी भी उन्हें एक व्यक्ति के रूप में प्रेम करते रहे।

मेरा जीवन ही मेरी वाणी है – कहने वाले गाँधी दार्शनिक एवं आन्दोलनकर्ता दोनों थे। गांधीजी दक्षिण अफ्रीका एक व्यापार संस्थान के कानूनी सलाहकार के रूप में वहाँ पहुँचे। कहाँ तो वे एक साधारण मनुष्य की तरह रोजी-रोटी की धुन में दक्षिण अफ्रीका गए और कहाँ नियति ने उन्हें स्वयं इतिहास लिखने और इतिहास बन जाने का कार्य सौंप दिया। दक्षिण अफ्रीका के भारतीयों की स्थिति बहुत ही बुरी थी और उनके साथ अत्यधिक दुर्व्यव्यवहार किया जाता था। स्वयं गाँधीजी के साथ भी दुर्व्यव्हार हुआ। इस दुर्व्यव्यवहार ने उनके जीवन की धारा बदल दी। उस समय एशिया का सिखों के विरूद्ध कानून बनाये जाते थे। रंगभेद नीति सम्बन्धी कानून कठोर से कठोरतर होते चले गए और जब कठोरतम कानून 'एशियाटिक रजिस्ट्रेशन एक्ट' पारित हुआ तब गाँधीजी ने घोषणा की 'हम इसका सामना करेंगे और इसके सामने झुकने से इंकार करेंगे। वे जानते थे कि यह संघर्ष दीर्घकालीन होगा, इसलिए उन्होंने मैं साहसपूर्वक एवं निश्चयपूर्वक यह घोषणा कर सकता हूँ कि जब तक अपनी प्रतिज्ञा के प्रति अडिग मुट्ठी भर सच्चे लोग होंगे इस संघर्ष का केवल एक अन्त हो सकता है और वह होगी विजय।'

इस कथन के द्वारा गाँधीजी ने एक सिद्धांत प्रतिपादित किया जिसे भविष्य में भी कितनी ही बार उपयोग किया गया। गाँधीजी ने इस संघर्ष में अपने देशवासियों का नेतृत्व किया और जेल गए।

गाँधीजी पीछे नहीं हटे। यहीं से गाँधीजी ने सत्याग्रह की शुरूआत की। यह सत्याग्रह 1913 में शुरू हुआ। इस सत्याग्रह की मूल बातें थी – (1) धार्मिक ढंग से हुई भारतीय शादियों को गैर कानूनी घोषित करना। (2) पौंड 3 कर के विरूद्ध हड़ताली मजदूर जुलाई 1914 के अंत में तीनों समस्याओं का समाधान हो गया। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद का सामने करते हुए गाँधीजी को काला आदमी कहकर ट्रेन से उसका सामान फेंककर उन्हें अपमानित कर ट्रेन से उतार दिया। 1915 में गाँधीजी भारत वापस आ गए। अप्रैल 1917 में गाँधीजी चम्पारन गए। चम्पारन में खेतिहर की समस्याओं को जानने का प्रयास किया। एक दिन जब वे किसानों से बयान ले रहे थे तब खुफिया पुलिस अफसर वहाँ उपस्थित हुए। गाँधीजी सत्याग्रह में किसी प्रकार की गोपनीयता अनुचित मानते थे। प्रांत के गर्वनर ने इस मामले में हस्तक्षेप कर एवं समिति बनाई जिसमें गाँधीजी भी सदस्य थे। समिति ने सर्व सम्मति से किसानों के पक्ष में निर्णय दिया और यह अनुशंसा की की मालिक किसानों का जो शोषण कर चुके है उसका एक हिस्सा उन्हें वापस दे दे और कानून द्वारा तीन कन्थिया समाप्त किया जावे। गाँधीजी ने गाँव सुधार, स्वास्थ्य, सफाई, साक्षरता आदि बातों की सीख दी। स्वयं कस्तूरबा गाँधी ने महिलाओं को स्वच्छता का पाठा पढ़ाया।

1918 में गुजरात के खेड़ा जिले में फसल चौपट हो जाने के कारण अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। गाँधीजी ने गुजरात सभा के अध्यक्ष होने के नाते प्रार्थनाएँ और तार सरकार को भेजे, किन्तु इन सबका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस प्रकार प्रार्थनाओं और आवेदनों के असफल हो जाने के बाद, गाँधीजी ने पट्टीदारों को यह परामर्श दिया कि उन्हें सत्याग्रह आंदोलन छेड़ देना चाहिए।

सत्याग्रह आन्दोलन छेड़े जाने के बाद प्रारंभ में तो सत्याग्रहियों ने खूब साहस का परिचय दिया किन्तु जैसे ही सरकार ने अत्याचार शुरू किए लोगों का साहस टूटने लगा। इसके फलस्वरूप सत्याग्रही गिरफ्तार कर लिए गए। गाँधीजी ने कहा जब जेल जाने का भय दूर हो जाता है तब दबाव या अत्याचार लोगों के अन्दर उत्साह भर देता है।

इस सत्याग्रह का फल यद्यपि किसी शासकीय घोषणा से प्राप्त नहीं हो सका क्योंकि सरकार ने लोगों को किसी प्रकार की सहूलियत नहीं दी किन्तु बाद में उन्होंने लोगों को पैसा भरने के लिए बाध्य नहीं किया।

यह गाँधीजी द्वारा भारत की धरती पर किया गया सत्याग्रह का प्रथम

प्रयोग था। बाररोली सत्याग्रह भारतीय सत्याग्रह इतिहास की अन्यतम उपलब्धि है। अपनी प्रारंभिक स्थिति में बाररोली आन्दोलन अचानक ही रूक गया, क्योंकि चोरा–चोरी हत्याकांड के कारण गाँधीजी ने नागरिक अवज्ञा आन्दोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन 1928 में एक बार फिर बाररोली के किसानों ने निश्चय किया कि वे नये सिरे से संघर्ष करेंगे। गांधीजी ने स्थिति का समुचित अध्ययन किया और ठहराया कि किसानों की भूमि का जो लगान बढ़ाया गया था, बहुत ज्यादा था और इसलिए किसानों का यह निर्णय ठीक था कि वे इस बढ़ोत्तरी के विरूद्ध सत्याग्रह करेंगे।

किसानों की प्रार्थना पर सरकार वल्लभ भाई पटेल ने उनका नेतृत्व सम्भाला इस प्रकार बारदोली आन्दोलन दोबारा 12 फरवरी को छेड़ा गया। सत्याग्रहियों की मांग थी की एक निष्पक्ष समिति गठन की जाये जो इस बात की जाँच करें, कि कितनी भूमि पर कितना लगान लगाया जाना उचित है। साढ़े पाँच वर्षो तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहा। उसके पश्चात् सरकार झूकी और एक जाँच समिति नियुक्त हुई जिसमें किसानों की सारी शिकायत धीरे–धीरे दूर कर दी।

प्रथम महायुद्ध के पश्चात् ब्रिटिश शासन ने भारतीय स्वाधीनता की आकांक्षाओं को सम्पूर्णतया अस्त कर देना चाहा। कहाँ तो युद्ध के दौरान उन्होंने वादा किया था कि भारत को स्वाधीनता प्रदान करेंगे और कहाँ उन्होंने भारतवासियों के नागरिक अधिकारों को ध्वस्त करने के लिए 1919 का कुख्यात रौलेट एक्ट बनाया। गाँधीजी ने रोलैट बिल पारित होने के पहले ही 24 फरवरी 1914 को सत्याग्रह की घोषणा कर दी। गाँधीजी ने सत्याग्रह की तिथि 30 मार्च निश्चित की थी परन्तु बाद में इसे 6 अप्रैल कर दिया गया। यह सत्याग्रह अहिंसा के अनुकूल था। इस सत्याग्रह की प्रशंसा में नेहरूजी ने लिखा है – यह हमारी भर्त्सना की, शोर गुल की राजनीति से बिल्कुल अलग है जिसमें लम्बे भाषण होते हैं जिनका समापन निरर्थक प्रभावहीन विरोध के प्रस्तावों के होता है और इन्हें कोई गंभरीता पूर्वक ग्रहण नहीं करता। यद्यपि ऊपरी सतह पर सत्याग्रह प्रभावहीन रहा किन्तु रोलैट एक्ट की नियति जिसकी वापसी के लिए आन्दोलन छेड़ा गया था, भ्रष्ट हो चुकी थी।

1929 के लाहौर कांग्रेस के पूर्व भारतीय नेताओं ने लार्ड इरविन से भेंट की किन्तु उनकी वार्ता असफल रही और गांधीजी द्वारा प्रस्तुत ग्यारह भूमि मांग पत्र, जो वे पूर्ण स्वतंत्रता के स्थान पर लाना चाहते थे इसे भी ब्रिटिश शासन ने ठुकरा दिया। पश्चातरूप हर तरफ से निराशा और असफलता हाथ लगने के कारण लोग स्वाभाविक रूप से संघर्ष के लिए मचलने लगे। इसी समय साइमन कमीशन आया उसका हर तरफ विरोध हुआ।

इस आंदोलन का सूत्रपात औपचारिक रूप से उस दिन हुआ जब कांग्रेस कार्य समिति तथा 2 जनवरी 1930 की बैठक के दिन 21 केन्द्रीय सभासदों ने एवं 172 प्रांतीय सभासदों ने लागपत्र दिया। कार्यसमिति के निर्णयानुसार 26 जनवरी 1930 को स्वाधीनता दिवस मनाया गया। 14 फरवरी 1930 को कार्य समिति ने साबरमती सभा में गांधीजी को नागरिक अवज्ञा आन्दोलन का सर्वेसर्वा घोषित कर दिया। 2 मार्च को गाँधीजी ने वायसराय को एक पत्र लिखा – 'मैं आपको किसी अनावश्यक अपमानजनक स्थिति में नहीं डालना चाहता अर्थात् जहाँ तक मुझसे बन पड़ता है इस पत्र के द्वारा आपके किसी प्रकार की धमकी नहीं देना चाहती किन्तु यह मेरा परम कर्तव्य है जिसे एक नागरिक प्रतिरोधी के रूप में निभा रहा हूँ।'

सारा देश सनसनी से भरा हुआ था। श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा यह पूछे जाने पर कि गाँधीजी का आगामी कार्यक्रम क्या है। गाँधीजी ने कहा मैं दिन–रात यही सोच रहा हूँ और मुझे अपने चारों तरफ फैले अंधकार में प्रकाश की किरण नहीं दिखलाई पड़ रही है। नेहरूजी ने लिखा इस समय वातावरण में एक ही प्रश्न गूंज रहा था– कैसे–कैसे हम स्वराज्य प्राप्त करे और तब महात्मा ने हमें आभास दिया। नमक अचानक ही एक रहस्यमयी शब्द बन गया। एक शक्ति का शब्द। नमक कानून को तोड़ा जाना था।

12 माच्र 1930 को सुबह साढ़े तीन बजे सारी दुनिया में एक अजूबा देखा, एक करिश्मा देखा। गाँधीजी ने अपने 12 साथियों सहित दाण्डी की ओर पद यात्रा शुरू की। मोतीलाल नेहरू ने कहा – रामचन्द्र भगवान की लंका की ऐतिहासिक यात्रा की तरह गाँधीजी की यह यात्रा चिरस्मरणीय रहेगी। गाँधीजी ने प्रतिज्ञा की कि वे जब तक नमक कानून को समाप्त नहीं करवा देंगे। आश्रम नहीं लौटेंगे। गाँधीजी और उनके साथ 5 अप्रैल को सुबह दाण्डी पहुँचे। 5 अप्रैल को प्रात:काल 6 बजे गांधीजी एवं उनके सहयोगियों ने समुद्र में स्नान किया और समुद्र के किनारे पड़े हुए नमक को उठाते हुए नमक कानून को तोड़ा। 5 मई 1930 को गांधीजी को बन्दी बना लिया गया। गाँधीजी के निर्देशानुसार सत्याग्रहियों ने श्रीमती सरोजनी नायडू के नेतृत्व में अहिंसक चढ़ाई की। सारे देश में पुलि की निष्ठुरता एवं अत्याचार बर्बरता की सीमा लांघ गया था। लोगों पर लाठी, वर्षा, गोलीबारी की कुछ बेछिचक चलती रही। 26 जनवरी 1931 को गांधीजी को रिहा किया गया।

यह गाँधीजी का अंतिम आन्दोलन था। लोगों की ब्रिटिश विरोधी भावना पराकाष्ठा पर पहुँच चुकी थी। इस मनोवैज्ञानिक क्षण पर गाँधीजी ने भारत छोड़ो आन्दोलन का सूत्रपात किया।

जुलाई 1942 में कांग्रेस कार्यसमिति ने वर्धा में एक प्रस्ताव पास कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए कहा। 6 मई 1941 को इस सत्याग्रह का अन्त हुआ। गांधीजी तथा अन्य नेताओं को रिहा किया गया। इस सत्याग्रह के दौरान गांधीजी को अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ा परन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। बराबर बहादुरी से लड़ते रहे।

गांधीजी का हिन्दी के प्रति एक विशेष लगाव प्रारंभ से ही रहा है। उन्होंने हिन्दी को मातृभाषा बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। हिन्दी के प्रचार–प्रसार में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके हिन्दी के प्रति प्रेम को हम उनकी आत्मकथा में सहज रूप से देखते है। उन्होंने जो किताबें लिखी है उनमें भी हिन्दी को प्रमुख रूप से उजागर किया है। स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान हिन्दी में ही उन्होंने अपने सारे कार्य सम्पन्न किए है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सत्य के प्रयोग – महात्मा गांधी
2. गांधी दर्शन – डॉ. प्रभात कुमार भट्टाचार्य
3. हिन्दी का उद्‌भव और विकास – संकलित

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

सुशासन की भूमिका

हरदीप सिंह *

*एम.ए, एमफिल, (राजनीति विज्ञान) श्री सिद्धि विनायक सह शिक्षा महाविद्यालय, टिब्बी, हनुमानगढ़ (राज.) भारत

प्रस्तावना – सुशासन से तात्पर्य किसी सामाजिक – राजनीतिक ईकाई (जैसे नगर निगम ,राज्य सरकार आदि) को इस प्रकार चलाना कि वह वांछित परिणाम दे। सुशासन के अन्तर्गत बहुत सी चीजें आती हैं जिनमें अच्छा बजट, सही प्रबन्ध, कानून का शासन, सदाचार इत्यादि। इसके विपरीत पारदर्शिता की कमी या सम्पूर्ण अभाव, जंगल राज, लोगों की कम भागीदारी, भ्रष्टाचारी का बोलबाला आदि दु:शासन के लक्षण हैं।

'शासन' शब्द में 'सु' उपसर्ग लग जाने से 'सुशासन' शब्द का जन्म होता है। 'सु' उपसर्ग का अर्थ, अच्छा, मंगलकारी आदि भावों को व्यक्त करने वाला होता है। राजनीतिक और सामाजिक जीवन की भाषा में सुशासन की तरह लगने वाले कुछ और बहुप्रचलित–घिसेपिटे शब्द जैसे – प्रशासन, स्वशासन, अनुशासन आदि। इन सभी शब्दों का सम्बन्ध शासन से है। शासन आदिमयुग की कबीलाई संस्कृति से लेकर आज तक की आधुनिक मानव सभ्यता के विकास क्रम में अलग–अलग विशिष्ट रूपों में प्रणाली के तौर पर विकसित ओर स्थापित होती आई है। इस विकासक्रम में परंपराओं से अर्जित ज्ञान और लोककल्याण की भावनाओं की अवधारणा प्रबल प्रेरक की भूमिका में रही है। इस अर्थ में शासन की सभी प्रणालियाँ कृत्रिम हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सुशासन व्यक्ति को भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही से मुक्त कर प्रशासन को स्पष्ट साधारण, नैतिक, उत्तरदायी, जिम्मेदारी योग्य, व पारदर्शी बनाता है।

सुशासन के प्रमुख तत्त्व – संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार सुशासन के निम्नलिखित आठ विशेषताएँ होती हैं –



सुशासन–परिचय, परिभाषा – किसी राज्य या देश में अपने मामलों का प्रबन्धन करने के लिए सरकार जो कार्यवाही करती है, उसे शासन कहा जाता है। यह सकारात्मक या नकारात्मक हो सकता है। शासन के परिणामों को ध्यान में रखते हुए अच्छा या बुरा और नागरिक उन्हें कैसे प्राप्त करते हैं। सुशासन आज की विश्व व्यवस्था में बढ़ते महत्त्व का शब्द है। यह आमतौर पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनो क्षेत्रों में चर्चा की जाती है।

सुशासन की अवधारणा कोई नई अवधारणा नही है, भले ही प्रमुख संगठनों और सहायता देने वालों के लिए यह मूल्यांकन करने के लिए कि क्या देशों को सहायता दी जानी चाहिए या नही, यह अब चर्चा का विषय लगता है।

भारत में, इस अवधारणा के बारे में चाणक्य द्वारा लिखित पुस्तक **'अर्थशास्त्र'** में बात की गई थी। वह एक अच्छे राजा की विशेषताओं का इस प्रकार उल्लेख करता है, 'उनकी प्रजा के सुख में उसका सुख है, उनके कल्याण में उसका कल्याण है, जो अपने आप को भाता है, उसे वह अच्छा नही मानता, परन्तु जो अपनी प्रजा को अच्छा लगता है, वही अच्छा समझता है।महात्मा गाँधी ने भी 'सु–राज' शब्द का शाब्दिक अर्थ सुशासन दिया था।शासन को 'निर्णय लेने की प्रक्रिया जिसके द्वारा निर्णयों को लागू किया जाता है' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।शासन किसी भी स्तर पर शामिल निर्णय लेने और प्रशासन को संदर्भित करता है, अर्थात राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, स्थानीय, कॉर्पोरेट परिवार इसमें शामिल हैं। सरकार शासन में एक प्रमुख अभिनेता है।शासन के स्तर के बारे में बात करने के आधार पर, अन्य अभिनेता सहकारी समितियां, निकाय, संघ, गैर सरकारी संगठन, धार्मिक नेता, प्रभावशाली जमीदार, उद्योग, राजनीतिक दल, वित्त संस्थान, लॉबी, थिंक टेंक, सैन्य आदि होंगे।शासन में, सरकार और सेना के अलावा सभी अभिनेताओं को 'नागरिक समाज' कहा जाता है।कुछ क्षेत्रों में, संगठित अपराध सिंडिकेट जैसे भू–माफिया भी निर्णय लेने और इसलिए शासन को प्रभावित कर सकते हैं।ध्यान देने योग्य बात यह है कि नागरिक सुशासन के मूल में है। इसलिए, नागरिक–केंद्रित प्रशासन और सुशासन साथ–साथ चलते हैं।

सुशासन की परिभाषा – विश्व बैंक शासन को परिभाशित करता है कि विकास के लिए देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबन्ध में शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है।

सुशासन की स्थापना – 23 दिसम्बर 2014 को, नब्बे वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, और पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा योग्यता के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न, के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किया गया था।घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नव निर्वाचित प्रशासन ने स्थापित किया कि पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को अब से भारत में सुशासन दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाएगा।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना की है कि दोनो ने क्रिसमस की एक ही तारीख को सुशासन दिवस की स्थापना की और साथ ही इस तारीख को सरकारी कार्य दिवस के रूप में घोषित करने के लिए, राष्ट्र में धर्मनिरपेक्षता पर सवाल उठाया।

सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए, श्री अमित शाह ने कहा कि लोग लम्बे समय से सुशासन की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो पिछले सात वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा दिया गया था। उन्होने कहा कि 2014 से लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है। क्योंकि उन्हें मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास का लाभ मिलना शुरू हो गया है। सुशासन का उदाहरण देते हुए श्री शाह ने कहा कि पिछले सात वर्षों में मोदी सरकार के खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नही लगा है क्योंकि यह एक स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन है।

इस मौके पर कार्मिक, पीजी और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नागरिक केंद्रित प्रशासन मोदी सरकार के शासन मॉडल के केन्द्र में है। उन्होने कहा, सुशासन सूचकांक राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में शासन की स्थिति का आंकलन करने में मदद करेगा।

सुशासन दिवस – भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दिसम्बर के पच्चीसवें दिन मनाया जाता है। सरकार में जवाबदेही के बारे में भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर प्रधानमंत्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी।

भारत में सुशासन की स्थिति (सुशासन सूचकांक रिपोर्ट 2021)

जीजीआई 2021 फ्रेमवर्क में दस क्षेत्रों और 58 संकेतकों को शामिल किया गया है।



जीजीआई 2020–21राज्य औरकेन्द्र शासित प्रदेशों को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत करता है :–

गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा 10 क्षेत्रों को कवर करते हुए समग्र रैंक स्कोर में शीर्ष पर है। जीजीआई 2021 का कहना है कि गुजरात ने 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और गोवा ने जी.जी.आई. 2019 संकेतकों पर 24.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। गुजरात ने आर्थिक शासन, मानव संसाधन विकास, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं, सामजिक सुरक्षा सहित 10 में से 5 क्षेत्रों में जोरदार प्रदर्शन किया है। महाराष्ट्र ने कृषि और संबद्ध क्षेत्र, मानव संसाधन विकास, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं, सामाजिक कल्याण और विकास में जोरदार प्रदर्शन किया है। गोवा ने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्र, वाणिज्य और उद्योग सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं, आर्थिक, सामाजिक कल्याण और विकास और पर्यावरण में जोरदार प्रदर्शन किया है।

जी.जी.आई. 2021 का कहना है कि उत्तर प्रदेश ने जी.जी.आई. 2019 के प्रदर्शन की तुलना में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। क्षेत्रों में यू.पी. ने वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया है और समाज कल्याण और विकास और न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा में भी वृद्धि दिखाई है। उत्तर प्रदेश ने जन शिकायत निवारण सहित नागरिक केंद्रित शासन में भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

जी.जी.आई 2021 का कहना है कि झारखण्ड ने जीजीआई 2019 के प्रदर्शन की तुलना में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। झारखण्ड ने 10 सैक्टरों के 7 सैक्टरों में दमदार प्रदर्शन किया है। राजस्थान ने जी.जी.आई 2019 के प्रदर्शन की तुलना में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। राजस्थान ने न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा, पर्यावरण और नागरिक केंद्रित शासन में अन्य राज्यों (ग्रुप बी) श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

जी.जी.आई. 2021 का कहना है कि उत्तर–पूर्व और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में, मिजोरम और जम्मू और कश्मीर ने जी.जी.आई. 2019 की तुलना में क्रमश: 10.4 प्रतिशत और 3.7 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर्ज की है। मिजोरम ने वाणिज्य और उद्योग, मानव संसाधन विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य में जोरदार प्रदर्शन किया है ओर आर्थिक शासन। जम्मू और कश्मीर ने वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया है ओर कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं और न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्रों में अपने स्कोर में सुधार किया है।

जी.जी.आई. 2021 का कहना हे कि केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में दिल्ली जी.जी.आई 2019 संकेतकों की तुलना में 14 जी.जी.आई. 2021 का कहना है कि उत्तर–पूर्व और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में, मिजोरम और जम्मू ओर कश्मीर ने जी.जी.आई. 2019 की तुलना में क्रमश: 10.4 प्रतिशत और 3.7 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दर्ज की है। मिजोरम ने वाणिज्य और

उद्योग, मानव संसाधन विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य में जोरदार प्रदर्शन किया है और आर्थिक शासन, जम्मू और कश्मीर ने वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया है, और आर्थिक शासन। जम्मू ओर कश्मीर ने वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया है और कृषि और सम्बन्ध क्षेत्र, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं और न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्रों में अपने स्कोर में सुधार किया है।

जी.जी.आई. 2021 का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में दिल्ली जी.जी.आई 2019 संकेतकों की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए समग्र रैंक में शीर्ष पर है। दिल्ली ने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों, वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और उपयोगिताओं और समाज कल्याण और विकास में जोरदार प्रदर्शन किया है।

जी.जी.आई. 2021 का कहना है कि 20 राज्यों ने जी.जी.आई 2019 इंडेक्स स्कोर की तुलना में अपने समग्र जी.जी.आई. स्कोर में सुधार किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा प्राप्त क्षेत्रवार स्कोर एक या दूसरे क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। स्कोरिंग के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि राज्यों के बीच उनके समग्र शासन स्कोर में बहुत मामूली अंतर है। यह इंगित करता है कि भारत के राज्यों में समग्र शासन सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है।

तालिका 1 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

मौजूदा मात्रात्मक संकेतकों के अलावा, अतिरिक्त प्रक्रिया और इनपुट-आधारित संकेतकों को जीजीआई 2020-21 ढ़ांचे का हिस्सा बनाया गया है। अतिरिक्त आयामों को शामिल करने का उद्देश्य जी.जी.आई. को शासन को मापने का एक अधिक समग्र उपकरण बनाना है। जी.जी.आई 2020 की रिपोर्ट में गुणात्मक पहलुओं को शामिल करने, नए संकेतकों को शामिल करने के लिए दृष्टिकोण और सूचकांक गणना के लिए आवश्यक डेटा उपलब्ध कराने का रोडमैप शामिल है।

सुशासन का मापन - सुशासन यह मापने की प्रक्रिया है कि कैसे सार्वजनिक संस्थान सार्वजनिक मामलों का संचालन करते हैं और सार्वजनिक संसाधनों का प्रबन्ध करते हैं। और मानव अधिकारों की प्राप्ति की गारंटी देते हैं जो अनिवार्य रूप से दुरूपयोग और भ्रष्टाचार से मुक्त है और कानून के शासन के लिए उचित सम्मान के साथ हैं। शासन 'निर्णय लेने की प्रक्रिया है और वह प्रक्रिया जिसके द्वारा निर्णयों को लागू किया जाता है। (या लागू नही किया जाता है) इस संदर्भ में शासन कॉर्पोरेट, अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय या स्थानीय शासन के साथ साथ समाज के अन्य क्षेत्रों के बीच बातचीत पर लागू हो सकता है।

इस प्रकार 'सुशासन' की अवधारणा अप्रभावी अर्थव्यवस्थाओं या राजनीतिक निकायों की व्यवहार्य अर्थव्यवस्थाओं और राजनीतिक निकायों के साथ तुलना करने के लिए एक मॉडल के रूप में उभरती है। यह अवधारणा समाज में चुनिंदा समूहों के विपरीत जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकारों और स्वशासी निकायों की जिम्मेदारी पर केंद्रित है क्योंकि जिन देशों को अक्सर 'सबसे सफल' के रूप में वर्णित किया जाता है, वे उदार लोकतांत्रिक राज्य हैं, जो यूरोप और अमेरिका में केंद्रित हैं।सुशासन मानक अक्सर इन राज्यों के खिलाफ अन्य राज्य संस्थानों को मापते हैं। सहायता संगठन और विकसित देशों के अधिकारी अक्सर 'सुशासन' के अर्थ को संगठन के एजेंडे के अनुरूप आवश्यकताओं के एक सेट पर केंद्रित करेंगे, जिससे 'सुशासन' कई अलग-अलग संदर्भों में कई अलग-अलग चीजों को दर्शाता है।

राजनीति - देशों के संदर्भ में सुशासन एक व्यापक शब्द है, और इस संबंध में, एक अनूठी परिभाषा खोजना मुश्किल है। फुकुयामा (2013) के अनुसार, शासन को अच्छा या बुरा मानने के दो आयाम हैं, उदाहरण के लिए करों के संग्रह के माध्यम से, अधिक स्वायत्तता होनी चाहिए क्योंकि नौकरशाह बहुत सारे विवरणों के बिना निर्देश दिए बिना चीजों को अच्छी तरह से संचालित करने में सक्षम है। कम सक्षम राज्यों में हालांकि, कम विवेक और अधिक नियम स्थापित करना वांछनीय है।

सुशासन के बारे में सोचने का दूसरा तरीका परिणामों के माध्यम से है। चूंकि सरकारें अपने नागरिकों के लिए सार्वजनिक वस्तुओं के प्रावधान जैसे लक्ष्यों को पूरा करती हैं, इसलिए सुशासन के बारे में सोचने का कोई बेहतर तरीका नही है, जोकि सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, अनुबंधों को लागू करना, सम्पत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा और मतदान करने और उचित वेतन पाने की उनकी क्षमता।

इसी तरह, सुशासन को प्रभावी तरीके से सार्वजनिक सेवाओं के प्रावधान के साथ अनुमानित किया जा सकता है, आबादी में कुछ समूहों जैसे गरीबों और अल्पसंख्यकों को उच्च भागीदारी दी जाती है, गारंटी है कि नागरिकों के पास सरकार पर नियंत्रण और संतुलन का अवसर है, स्थापना और नागरिकों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा और स्वतंत्र न्यायपालिका प्रणालियों के अस्तित्व के लिए मानदंडों को लागू करना।

व्यवसाय - कॉर्पोरेट मामलों में, सुशासन को निम्नलिखित में से किसी भी सम्बन्ध में देखा जा सकता है :

1. शासन और कॉर्पोरेट प्रबंधन के बीच
2. शासन और कर्मचारी मानकों के बीच
3. कार्यस्थल में शासन और भ्रष्टाचार के बीच

कॉर्पोरेट क्षेत्रों के सम्बन्ध में सुशासन का अर्थ अभिनेताओं के बीच भिन्न होता है। कॉर्पोरेट मामलों में सुशासन को प्रभावित करने के प्रयास में कानून बनाया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, 2002 के डरीलरशिी-जुश्रशू अधिनियम ने व्यवसायों के पालन के लिए आवश्यकताओं की स्थापना की। भ्रष्टाचार और कपटपूर्ण गतिविधियों को बेनकाब करने के लिए निगमों द्वारा व्हिसलब्लोइंग का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

सुधार और मानक - सुशासन को बढ़ावा देने के लिए तीन संस्थानों में सुधार किया जा सकता है, राज्य, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज। हालांकि, विभिन्न संस्कृतियों में सुधार की आवश्यकता और मांग उस देश के समाज की प्राथमिकताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है। विभिन्न देश स्तरीय पहलों और अन्तर्राष्ट्रीय आंदोलनों ने विभिन्न प्रकार के शासन सुधारों पर जोर दिया। सुधार के लिए प्रत्येक आंदोलन अपनी आवश्यकताओं और एजेंडे के आधार पर सुशासन के लिए मानदण्ड स्थापित करता है। अन्तरराष्ट्रीय समुदाय में प्रमुख संगठनों के लिए सुशासन मानकों के उदाहरण निम्नलिखित हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ - संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) सुशासन में बढ़ती भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान के अनुसार, 'सुशासन मानव अधिकारों और कानून के शासन के लिए सम्मान सुनिश्चित कर रहा है, लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है, सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और क्षमता को बढ़ावा दे रहा है।'

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष – अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) ब्रेटन बुड्स, न्यू हैम्पशायर में एक संयुक्त राष्ट्र (यु.एन) सम्मेलन में बनाया गया था। 1996 में आईएमएफ ने 'अपने सभी पहलुओं में सुशासन को बढ़ावा देने, कानून के शासन को सुनिश्चित करने, सार्वजनिक क्षेत्र की दक्षता और जवाबदेही में सुधार करने और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए, एक ढ़ांचे के आवश्यक तत्वों के रूप में घोषित किया, जिसके भीतर अर्थव्यवस्थाएं समृद्ध हो सकती है। आईएमएफ को लगता है कि अर्थव्यवस्था के भीतर भ्रष्टाचार अर्थव्यवस्था के अप्रभावी शासन के कारण होता है, या तो बहुत अधिक विनियमन या बहुत कम विनियमन। आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने के लिए, देशों के पास आईएमएफ द्वारा निर्धारित कुछ सुशासन नीतियां होनी चाहिए।

विश्व बैंक – विश्व बैंक ने 1992 की अपनी रिपोर्ट 'गवर्नेंस एण्ड डेवलपमेंट' में इस अवधारणा को पेश किया। दस्तावेज के अनुसार, सुशासन सुदृढ़ आर्थिक नीतियों का एक अनिवार्य पूरक है और एक ऐसा वातावरण बनाने और बनाए रखने के लिए केंद्रीय है जो मजबूत और समान विकास को बढ़ावा देता है। विश्व बैंक के लिए सुशासन में निम्नलिखित घटक होते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रबन्धन में क्षमता और दक्षता, जवाबदेही, विकास के लिए कानूनी ढ़ांचा और सूचना और पारदर्शिता।

विश्वव्यापी शासन संकेतक 200 से अधिक देशों के शासन की गुणवत्ता को मापने के लिए विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित एक कार्यक्रम है। यह उनके माप, आवाज और जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और हिंसा की कमी, सरकारी प्रभावशीलता, नियामक गुणवत्ता, कानून के शासन और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए शासन के छह आयामों का उपयोग करता है। वे 1996 से देशों का अध्ययन कर रहे हैं।

प्रभाव

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय वित्त पोषण– विश्व बैंक जैसे प्रमुख दाताओं और अंतरराष्ट्रीय वित्तिय संस्थान, इस शर्त पर अपनी सहायता और ऋण का आधार बना रहे हैं कि प्राप्तकर्ता सुशासन सुनिश्चित करने के लिए सुधार करता है। यह ज्यादातर खराब शासन और भ्रष्टाचार के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध के कारण हैं।

जनतंत्रीकरण – नागरिक समाज, विकेंद्रीकरण, शान्तिपूर्वक संघर्ष प्रबन्ध और जवाबदेही जैसी अवधारणाओं का उपयोग अक्सर सुशासन की अवधारणा को परिभाषित करते समय किया जाता है, इसलिए सुशासन की परिभाषा कई विचारों को बढ़ावा देती है जो प्रभावशाली लोकतांत्रिक शासन के साथ निकटता से मेल खाते हैं। आश्चर्य नही कि सुशासन पर जोर देने की तुलना कभी –कभी लोकतांत्रिक सरकार को बढ़ावा देने से की जा सकती है। हालांकि, प्रवासी विकास संस्थान के अलीना रोचा मेनोकल द्वारा लोकतंत्र ओर विकास के बीच सम्बन्ध का विश्लेषण करने वाली 2011 की एक साहित्य समीक्षा इस सम्बन्ध पर साक्ष्य की अनिर्णायकता पर बल देती है।

उदाहरण – पश्चिमी लोकतांत्रिक शासन और सुशासन की अवधारणा के बीच कुछ अभिनेताओं के लिए इस घनिष्ठ सम्बन्ध का एक अच्छा उदाहरण 12 अगस्त 2009 को नाईजीरिया में अमेरिकी विदेशमंत्री हिलेरी क्लिंटन द्वारा दिया गया बयान है।

फिर से, राष्ट्रपति ओबामा के भाषण का उल्लेख करने के लिए, अफ्रीका को और अधिक मजबूत पुरूषों की आवश्यकता नही है, उसे और अधिक मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों की आवश्यकता है जो समय की कसौटी पर खरे उतर सकें। (तालियां) सुशासन के बिना, तेल की कोई मात्रा या सहायता की कोई राशि नही, कोई भी प्रयास, नाईजीरिया की सफलता की गारंटी नही दे सकता है। लेकिन सुशासन से नाइजीरिया को कोई नही रोक सकता यह वही संदेश है जो मैंने अपनी सभी बैठकों में किया है, जिसमें आज दोपहर आपके अध्यक्ष के साथ मेरी बैठक भी शामिल है। संयुक्त राज्य अमेरिका सुधार के लिए सात सूत्री एजेंडा का समर्थन करता है जिसकी रूपरेखा राष्ट्रपति याद 'अदुआ ने दी थी। हमारा मानना है कि सड़कों पर, बिजली पर और शिक्षा पर और उस एजेंडे के अन्य सभी बिंदु उस तरह की ठोस प्रगति को प्रदर्शित करेंगे जिसका नाइजीरिया के लोग इंतजार कर रहे हैं।

विद्वानों के दृष्टिकोण – नायेफ अल–रोधन ने अपनी 2009 की पुस्तक सस्टेनेबल हिस्ट्री एण्ड द डिग्निटी ऑफ मैंन: ए फिलॉसफी ऑफ हिस्ट्री एण्ड सिविलाईजेशन ट्रायम्फ में, अच्छे राष्ट्रीय शासन को सुनिश्चित करने के लिए आठ न्यूनतम मानदण्ड प्रस्तावित किए। अल–रोधन के आठ न्यूनतम मानदण्ड हैं। 1–भागीदारी, समानता और समावेशन, 2– कानून का शासन, 3– शक्तियों का पृथक्करण, 4– स्वतंत्र और जिम्मेदार मीडिया, 5– सरकारी वैधता, 6–जवाबदेही, 7–पारदर्शिता और 8– राजनीति में पैसे के विकृत प्रभाव को सीमित करना। पुस्तक में, उनका तर्क है कि मानव जाति के लिए 1932 से 1972 तक टस्केगी अध्ययन ने राष्ट्रीय अनुसंधान अधिनियम पर हस्ताक्षर किए। इस कानून ने बुनियादी नैतिक तरीकों की रूपरेखा तैयार की जिसमें शोध किया जाना है। स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण विभाग (डी.एच.ई.डब्ल्यु.) ने ऐसे नियम बनाए हैं जिनके लिए अपनी पढ़ाई में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए स्वैच्छिक समझौतों की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक अध्ययनों में शासन का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि जब मानव विषयों पर अध्ययन किया जा रहा हो तो नीतियां सुरक्षित और नैतिक हों। राष्ट्रीय अनुसंधान अधिनियम के बाद एथिक्स एडवाइजरी बोर्ड जैसे अन्य संगठन भी स्थापित किए गये हैं जो बायोमेडिकल रिसर्च की समीक्षा करते हैं। कई संघीय एजेंसियों ने 1991 में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए संघीय नीति को अपनाया। 1995 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के नेतृत्व में राष्ट्रीय जैवनैतिकता सलाहकार आयोग की स्थापना की, जिसका कार्य अनुसंधान स्वयंसेवकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमों और नीतियों की समीक्षा करना था।

सैम एगेरे के अनुसार, 'शासन के लिए एक स्पष्ट सुपरिभाषित दायरे की कमी के कारण छोड़ी गयी विवेकाधीन जगह उपयोगकताओं को अपने मापदंडों को चुनने और सेट करने की अनुमति देती है।

कंटेस्टिंग गुड गवर्नेंस पुस्तक में ईवा पोलुहा और मोना रोसेन्डहल उन मानकों को चुनौती देते हैं जो सरकार में 'अच्छाई' के उपायों के रूप में पश्चिमी लोकतंत्र के लिए सामान्य है। राजनीतिक मानवशास्त्रीय तरीकों को लागू करके, वे यह निष्कर्ष निकालते हैं कि सरकारें यह मानती हैं कि वे निर्णय लेते समय सुशासन की अवधारणाओं को लागू करती हैं, सांस्कृतिक अन्तर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विषम मानकों के साथ संघर्ष का कारण बन सकता है।

सुशासन आलोचना का एक अतिरिक्त स्त्रोत सुरेन्द्र मुंशी द्वारा लिखित द इंटेलिजेंट पर्सन गाइड टू गुड गवर्नेंस है। मुंशी का काम सुशासन को 'पुनर्जीवित' करने के लिए बनाया गया था। बहुत से लोग या तो दूर हो जाते हैं और शासन के विचार से ऊब जाते हैं, या उन्हें पता ही नही होता कि इसके पास क्या है। यह पुस्तक एक सामान्य चर्चा है कि सुशासन का उद्देश्य क्या है

और यह हमारे पूरे समाज में उस उद्देश्य को कैसे पूरा करता है। मुंशी ने किताब को शोध करने वाले या केवल 'शासन के मुद्दे से सम्बन्धित लोगों' की ओर लक्षित किया।

रीथिंकिग सिस्टम्स: कॉन्फिगरेशन ऑफ पॉलिटिक्स एंड पॉलिसी इन कंटेम्परेरी गवर्नेंस, माईकल पी. क्रोजियर द्वारा लिखित, सुशासन का विश्लेषण करने वाला एक और काम है। क्रोजियर के लेख में संचार प्रणालियों में होने वाले परिवर्तनों की विभिन्न गतिशीलता और शासन पर इसके प्रभाव पर चर्चा की गई है। विभिन्न दृष्टिकोणों का विचार पूरे लेख में प्रस्तुत किया गया हैं यह पाठक को यह देखने में सक्षम बनाता है कि विभिन्न दृष्टिकोणों से समकालीन शासन कैसा है। क्रोजियर का उद्देश्य समाज के भीतर शासन और नीति कैसे संचालित होता है, विशेष रूप से दिन-प्रतिदिन होने वाले निरंतर परिवर्तनों के संदर्भ में एक खुली मानसिकता बनाना था।

हाल की आलोचना इस विचार के उद्देश्य से की गई है कि सुशासन और संस्थान आर्थिक विकास के प्राथमिक व्याख्यात्मक चर में से एक हैं, जैसे कि कॉफमैन, क्रै और एसेमोग्लू और रॉबिन्सन, द्वारा तर्क दिया गया है, जिसने संस्थागत सुधारों को वैश्विक स्तर पर उच्च स्तर पर रखा है। विकास एजेंडा आलोचना मूल रूप से इस मुद्दे से संबंधित है कि पिछले 70 वर्षों में अपेक्षाकृत कुछ देश तेजी से विकास करने में कामयाब रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. AIMA (1997) Corporate Governance and Business Ethics : New Delhi : Excel Books.
2. A Koi, M. and H. Kim (eds.) (1995) Corporate Governance in Transitional Economies, Insider Control and the Role of Banks, washington D.C., The world Bank.
3. Aberbach, J.D.R.D. Putnam and B.A. Rockman (1981) Bureancrats and Politicians in Western Democracies (Cambridge, MA:Harvard University Press)
4. Aberle, D.F.A.K. Cohen, A.K. Davis, M.J. Levy, Jr. and F.X.Sutton (1950), "The Functional Prerequisites of Society", Ethics 60:100-1.
5. Acemoglu, D.and J.A. Robinson (2012). Why Nations Fail: The Origins of Power, Prosperity and Poverty (New York:Crown).
6. Alam, M.S.(1989), "Anatomy of Corruption: An Approach to the Political Economy of Under development", American Journal of Economics and Sociology 48:441-56.
7. Arora, Ramesh Kand Tanjul Saxena Leds) (2004) Corporate Governance; issues and Perspective Janus; Mangaldeep.
8. Almond, G.A. and J.S. Coleman (1960) The politics of Developing Areas (Princeton, NJ: Princeton University Press).
9. Allison, G. And P Zelikow (1999), Essence of Decision: Explaining the Cuban Missile Crisis (2nd edn) (New York: Longman).
10. Almond, G.A. (1988), "The Return to the State", American Political Science Review 82:853-74.
11. Almond, G.A. and J.S. Coleman (1957), Politics in Developing Societies (Princeton, NJ: Princeton University Press).
12. Almond, G.A. and G.B. Powell (1966), Comparative Politics: A Developmenttal Approach (Boston, MA :Little, Brown).
13. Ames, B.C. (2001) Deadlock (Boston, MA, Little, Brown).
14. Ames, B.C. (2001), Deadlock of Demorcacy in Brazil (Ann Arbor, MI: University of Michigan Press).
15. Anderson, C.W. (1970), The Political Economy of Mordern Spain (Madison, WI:University of Wisconsin Press).
16. Andrews, M. (2012), The Limits of Institutional Reform in Develompemtn: Changing Rules for Realistic Solutions (Cambridge: Cambridge University Press).
17. Andrews, M. (2008) "The Good Governance Agenda; Beyond Indicators Without Theory", Oxford Development Studies 36:379-407.
18. Acuna, C.(in press), Instituciones Y actors de la politica y las politicas publicas en la Argentina (Buenos Aires: OSDE).
19. Alford, J. and J. O'Flynn (2012), Retbinking Public Service Delivery: Managing with External Providers (Basingstoke:Palgrave).

तालिका 1

सैक्टर्स	समूह अ	समूह ब	पूर्वोत्तर ओर पहाड़ी राज्य	संघ राज्य क्षेत्र
कृषि और संबद्ध क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	मध्य प्रदेश	मिजोरम	डी एण्ड एन हवेली
वाणिज्य और उद्योग	तेलंगाना	उतर प्रदेश	जम्मू और कश्मीर	दमन और दीव
मानव संसाधन विकास	पंजाब	उड़ीसा	हिमाचल प्रदेश	चंडीगढ़
सार्वजनिक स्वास्थ्य	केरल	पश्चिम बंगाल	मिजोरम	एक प्रायद्वीप
सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिताएं	गोवा	बिहार	हिमाचल प्रदेश	एक प्रायद्वीप
आर्थिक शासन	गुजरात	उड़ीसा	त्रिपुरा	दिल्ली
समाज कल्याण और विकास	तेलंगाना	छत्तीसगढ़	सिक्किम	डी एण्ड एन हवेली
न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा	तमिलनाडु	राजस्थान	नागालैण्ड	चंडीगढ़
पर्यावरण	केरल	राजस्थान	मणिपुर	दमन और दीव
नागरिक केंद्रित शासन	हरियाणा	राजस्थान	उत्तराखण्ड	दिल्ली
कम्पोजिट	गुजरात	मध्य प्रदेश	हिमाचल प्रदेश	दिल्ली

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (लखनऊ जिले के विशेष सन्दर्भ में)

शोभना शुक्ला*

* शोधार्थी, समाजशास्त्र विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी देश अथावा समाज के लिए महिलाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण एक गंभीर समस्या है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण का दुष्प्रभाव परिवार एवं उसकी आनेवाली संतानों पर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला अस्वस्थता प्राय: गरीबी, अज्ञानता, जागरूकता एवं चिकित्सकीय सुविधा के अभाव के कारण होता है। महिलाएं समाज का आधार स्तंभ है। महिलाओं के अस्वस्थ एवं कुपोषित होने के की स्थिति में हम एक स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं कर सकते। अत: एक स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए महिलाओं को स्वस्थ होना एक अनिवार्य दशा है।
शब्द कुंजी – ग्रामीण, महिलाएं, स्वास्थ्य, जागरूकता, चिकित्सा, समाज।

प्रस्तावना – समाज के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को मापने के लिए स्वास्थय को एक महत्वपूर्ण सूचक के रूप में स्वीकार किया जाता है। भारत की सर्वाधिक जनसंख्या ग्रामीण भारत में निवास करती है। सम्पूर्ण जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा महिलाएं हैं। समाज के इस आधे हिस्से पर परोक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परिवार निर्भर है। अत: महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की प्राथमिकता सर्वोपरि होनी चाहिए। एक अस्वस्थ महिला द्वारा कुपोषित बच्चे को जन्म देने की संभावना अधिक होती है। इसके लिए समय समय पर सरकारों द्वारा प्रयास किया गया किन्तु महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य तथा कुपोषण के कारण मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को रोक नहीं पायें हैं। महिलाओं का स्वास्थ्य प्रमुखतया जैवकीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथ्यों से प्रभावित होता है। प्रस्तुत शोध आलेख में लखनऊ जिले की ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया गया है। इस शोध आलेख के लिए प्राथमिक तथ्यों को स्रोत के रूप में लिया गया है।

अध्ययन का महत्व – भारतीय समाज में मातृत्व स्वास्थ्य के आज भी कई मिथक विद्यमान हैं। मातृत्व स्वास्थ्य को उनकी निम्न पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति प्रभावित करती है। जिसके परिणामस्वरूप मातृत्व मृत्यु दर जैसी गंभीर समस्यायें उत्पन्न होती हैं। अज्ञानता, गरीबी, शिक्षा तथा सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता के अभाव में मातृत्व स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारियों का नितान्त अभाव है। शोध के निष्कर्ष मातृत्व स्वास्थ्य से जुडे विभिन्न अनसुलझे पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। फलस्वरूप मातृत्व स्वास्थ्य से संबधित भ्रामक धारणाओं के निराकरण, समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना और साथ ही साथ मातृत्व मृत्यु दर को कम करने में मदद मिली। इसके साथ-साथ अध्ययन एवं उसके निष्कर्ष भविष्य में मातृत्व स्वास्थ्य सम्बंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उसके मूल्यांकन में भी मदद करगे।

साहित्य की समीक्षा:

नवीनाथम, के० एवं धर्मालिंगम, ए० (2000) ने अपने अध्ययन में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में मातृत्व स्वास्थ्य से सम्बंधित घटकों का परीक्षण किया। इन्होंने एन०एफ०एच०एस०-1(1992-93) से प्राप्त आंकड़ों को शामिल किया। यह अध्ययन विवाहित महिलाओं के अधिकांश प्रसवों पर ध्यान केन्द्रित करता है और यह निष्कर्ष में पाते हैं कि महिला स्वास्थ्य के सम्पूर्ण अध्ययन की आवश्यकता है।

सिंह एवं मिश्रा (1990) का अध्ययन मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण के लिए राज्य सरकार एवं योजना आयोग द्वारा किये गये प्रयासों का विश्लेषण है। इसमें प्रथम पंचवर्षीय योजना से सातवीं पंचवर्षीय योजना तक बाल एवं महिला कल्याण के लिए चलायी जाने वाली नीतियों एवं उन पर होने वाले व्यय का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न योजनाओं में किस प्रकार महिलाएं विकास की ओर अग्रसर हैं।

वर्मा (2011) ने अपने अध्ययन में पाया कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्तर निम्न होता है। इनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव पाया जाता है, विशेषकर मातृत्व स्वास्थ्य के सम्बन्ध में। NFHS-1, NFHS-2, NFHS-3 के प्राप्त आकड़ों के अनुसार प्रसवपूर्व देखभाल का प्रतिशत ग्रामीण स्तर की महिलाओं में कम रहता हैं।

10. मुख्तार, जुगल किशोर, मेरी भावना, जैन हिंतैषी पत्रिका, संयुक्त अंक अप्रैल–मई 1916

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

अर्वाचीन लोकतंत्र के संस्थापक-प्रजापति दक्ष

डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति *

* वार्ड नं. 12, मकान नं. 616, पाटीदार छात्रावास के पास, ग्वालटोली, नीमच (म.प्र.) भारत

शोध सारांश- आर्यो की शासनोत्पत्ति का सूत्रपात परिवार के शासन व्यवस्था से प्रारंभ हुआ। वैदिक काल में प्रजापति ने अपनी दो पुत्रियों के समान पालन करने योग्य (1) सभा एवं (2) समिति के माध्यम से 'लोकतंत्र' स्थापित किया है। वैदिक काल में निर्वाचित राजा को बहुत अधिक महत्व था। वैदिक काल में राजा जनसेवक होता था जिसे सभा व समिति पद से हटा सकती थी। विश्व में सर्वप्रथम लोकतंत्र की अवधारणा को प्रजापति ने अपनी पुत्री रुपी संस्था (1) सभा एवं (2) समिति के माध्यम से स्थापित किया है। प्रजापति ने अपनी पुत्री रूपी संस्था (1) सभा व (2) समिति के माध्यम से सर्वप्रथम विराज आर्य को राजा निर्वाचित करावाया। सुशासित राज्य के संचालन हेतु वेतन भोगी कर्मचारी 'रत्निन' रखा जाता था। आर्यो की दास (दस्यु), पणि (पणियों) से गोत्र (गाय) गोवष्ठी के लिए युद्ध होता रहता था। पाश्चात्य देशों ने लोकतंत्र की अवधारणा आर्यों से सीखा है। सिन्धु घाटी व हरप्पा की बस्तियों के विनाश के कारण वैदिक ग्रामीण आर्य सभ्यता आस्तित्व में आयी।

प्रस्तावना - विश्व के सम्पूर्ण धर्म ग्रंथों में 'ऋग्वेद' को अर्वाचीन ग्रंथ माना गया है। जिसका प्रादूर्भाव ऋषियों के माध्यम से 'प्रजापति' ने जन कल्याण व ज्ञान प्रकाश हेतु किया है। वैदिक विज्ञान की दृष्टि से (1) अग्नि द्वारा ऋग्वेद, (2) वायु द्वारा यजुर्वेद, (3) आदित्य द्वारा सामदेव को एवं (4) अंगिरा द्वारा अथर्ववेद को द्यूलोक रश्मि तरंगों द्वारा प्रजापति ने उत्पन्न किया। वेद की वैज्ञानिक भाषा संस्कृत, विषय वस्तु की वैज्ञानिकता एवं उसकी प्राचीनता को देखते हुए 'युनेस्कों' UNESCO ने वेदों की कई पाण्डूलिपि को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में सम्मिलित किया है। आज के आधुनिक युग में भी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था नासा (NASA) एवं राष्ट्रीय संस्था इसरो (ISRO) भी कई विषय एवं शोध के लिए वेदों के मंत्र को वैज्ञानिक चिंतन का आधार मानकर स्वीकार करती है।

ऐतिहासिक दृष्टि से भी आधुनिक इतिहासकार वेदों को अर्वाचीन ग्रंथ या ईसा पूर्व 6500 वर्ष पुराना मानते है, फिर भी वेदों की काल गणना को लेकर विश्व में वैज्ञानिकों व इतिहासकारों का अलग-अलग मत है, लेकिन 'एशिया के इतिहास' में दक्ष प्रजापति का जन्म 18,575 वर्ष पूर्व बताया है जिन्हें आयुर्वेद का ज्ञान था, बताया गया है।

वेदों में आज के आधुनिक विज्ञान के कई विषयों जिसमें-वेद-वेदांत, अष्टादश विद्याऐं, अर्थशास्त्र, युद्ध विद्या, शस्त्र संचालन, ललित कला, हस्तविद्या, मंत्र व शिल्प विद्या, विज्ञान, भौतिक, रसायन, भूगोल, यज्ञ, खगोल, ज्योतिष, गणित, आयुर्वेद, वनस्पति, धर्म, दर्शन, न्याय, व्याकरण, कृषि, वाणिज्य आदि का उल्लेख मिलता है, जिसमें ऋग्वेद व अथर्ववेद में 'लोकतंत्र' की व्यवस्था का वर्णन भी मिलता है।

वर्तमान में भारत में 15 अगस्त 1947 को संवैधानिक लोकतंत्र (गण राज्य) के रूप में आधुनिक लोकतंत्र स्थापित हुआ। इतिहास के एथेन्सी लोकतंत्र का इतिहास 2000 से 2500 वर्ष पुराना है। आधुनिक इतिहास की दृष्टि से आजादी का महान चार्टर, मैग्नाकार्टा (MAGAN CARTA) इंग्लैण्ड का एक कानूनी परिपत्र है जो सबसे पहले सन् 1215 ई. में जारी हुआ था, जो लैटिन भाषा का होकर जिसमें इंग्लैण्ड के राजा 'जॉन' ने सामंतों को कुछ अधिकार दिये थे। मैग्नाकार्टा ने राजा की प्रजा (जन) के कुछ अधिकारों की रक्षा की पुष्टि की गई है। जिसमें ब्रिटिश वैधानिक अधिनियम का 'श्री गणेश' माना जाता है, जो आधुनिक लोकतंत्र का आधार है।

भारत देश में लोकतंत्र का ज्ञात इतिहास 304 वर्ष ईसा पूर्व चक्रवर्ती सम्राट अशोक का, 540 वर्ष ईसा पूर्व महावीर स्वामी का इतिहास उपलब्ध है तथा 2500 वर्ष पूर्व विश्व को चन्द्रगुप्त मौर्य व चाणक्य ने पहला गणराज्य

दिया, लेकिन इसके भी पुर्व भारत में पूर्व वैदिक काल में भी लोकतंत्र बहुत ही लोकप्रिय था।

जैसे हिमालय पर्वत से गंगा नदी निकलती है, ठीक इसी प्रकार शासनोत्पत्ति का सूत्रपात परिवार से प्रारम्भ होता है। 'पितृपक्षप्राधान्य सिद्धांत' के अनुसार परिवार में पिता सर्वोपरि होता है तथा सब पर शासन करने वाला होता है। ज्यों-ज्यों आर्यो का समाज विकसित होने लगा त्यों-त्यों पारिवारिक शासन के समान राजकीय शासन का भी विकास हुआ। प्राचीन आर्यो ने पारिवारिक शासन व्यवस्था से राजकीय शासन व्यवस्था सीखीं।

पूर्व वैदिक युग में 'ऋग्वेद' प्रकाश में था, जिसमें विश्व का पहला प्रदेश (राज्य) का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद में 'सप्त सैन्धव प्रदेश' मुख्य था जो सात नदियों के पास स्थापित था। (1) सरस्वती (घग्घर), (1) सिन्धु नदी (3) सतलज (शतुद्री) नदी (4) विपासा (व्यास) नदी (5) रावी (परुपिणी) नदी (6) झेलम (वितस्वा) नदी एवं (7) चेनाब (अस्क्नि) नदी आदि जहां अर्वाचीन आर्य (सिन्धु) राज्य करते थे, जो स्थान क्षेत्र आज भारत के पंजाब प्रांत से लेकर अफगानिस्तान के मध्य है। जिसमें आर्य पञ्चजन (1) अनु (2) द्रुम्हा (3) यदू (4) पुरू एवं (5) तुर्वसु अनेक कबीलों व जनों में विभक्त होकर 'ग्रामणी' व 'विश' में निवास करते थे। प्रजापति के मार्गदर्शन में जन (लोग) वैदिक धर्म (मार्ग) पर चलकर एक-दूसरे की रक्षा व सहयोग करते थे। तब जन गोत्र सम्पन्न व प्रजापति सर्वोपरि था।

कालांतर में आर्यो की जन वृद्धि एवं गो-चारण के कारण क्षेत्र का विस्तार हुआ और धीरे-धीरे मूलयों का पतन प्रारम्भ हुआ। 'मात्स्यन्याय' सिद्धांत के कारण बड़ी मछली छोटी मछली को खाने लगी और गाय (गोत्र) व गो-चारण के लिए आर्यो, पणियों, दस्यु के मध्य लड़ाई-झगड़े व युद्ध होने लगे, तब प्रजापति ने जन कल्याण हेतु एक **लाख अध्याय** का '**प्रजापति शास्त्र'** या **'नीति शास्त्र'** लिखा जिसमें राजा, प्रजा, राज्य, राष्ट्र, शासन व प्रशासन संचालन का नियम लिखा गया जो दुनिया का पहला लोकतंत्र है।

ऋग्वेद में राजनैतिक जीवन में 'सभा' व 'समिति' का महत्वपूर्ण स्थान है। अथर्ववेद में प्रजापति ने सातवें अध्याय में 'प्रजा सूक्त' में प्रजा (जन) को एक मत, एक विचार व एक उद्देश्य हेतु कार्य करने का निर्देश दिया है। 'राष्ट्रसभा सूक्त' में 'सभा' का उल्लेख किया गया है। प्रजापति ने अपनी पुत्रियों के समान पालन करने योग्य जन कल्याण हेतु लोकतंत्र के रूप में (1) समिति एवं (2) सभा का गठन किया है तो राजा (प्रजापति) की रक्षा करती है ।

सभा च सा समितिश्चावतां प्रजापतेर्दुहितरौ संविदाने।
येना संगच्छ उप मा स शिक्षाच्चारु वादनि पितरः सङ्गतेषु।।

- अथर्ववेद 7/12/1

अर्थ- समिति और सभा प्रजापति के द्वारा पुत्रियों के समान पालन करने योग्य है। वे (समिति एवं सभा) प्रजापति राजा की रक्षा करें। हे पितरों! जिनसे परामर्श माँगू वह सभासद मुझे उचित सलाह प्रदान करें।

विद्म ते सभे नाम नरिष्टा नाम वा असि।
ये ते के च सभासदस्ते में सन्तु सवाचसः ।।

- अथर्ववेद 7/12/2

अर्थ- हे सभा! हम आपके नाम को जानते है। आपका नरिष्ठा (अरिष्टरहित) नाम उचित ही है। सभा के जो कोई भी सदस्य हो, वे हमारे साथ समान विचार एवं वाणी वाली होकर रहें।

उक्त मंत्र में प्रजापति ने अपनी दो विदुषी पुत्रियों के समान (1) समिति एवं (2) सभा के द्वारा प्रजातंत्र की शासन व्यवस्था 'जन' को सौंपा है। जिसमें राजा भी प्रजा के अधीन रहता है, इस व्यवस्था को 'गण' अर्थात् गिनना या चुनना कहा जाता है। 'गण' के द्वारा जिसे चुना जाता है उसे पति या 'गणपति' कहा जाता है। जिसमें जनता समिति व सभा के माध्यम से अपने राजा का चुनाव करती है और सभा के सदस्य समान विचार व वाणी वाले होकर राजा का समर्थन करती है। राजा को पद से हटाने का अधिकार भी समिति सभा को प्राप्त है।

(1) सभा का चुनाव-वैदिक काल में ग्राम का प्रत्येक गोत्र या हर परिवार अपना 'गृहपति' का चुनाव करता था। ग्राम के सभी 'गृहपति' मिलकर सभा (ग्राम-सभा) बनाते थे और सभी सभासद या सभावती मिलकर अपना सभापति का चुनाव करते थे। वेदों में प्रजापति ने ऐसी ग्राम की जन-जन द्वारा चुनी गई सभा को जन या जनता की आवाज कहा है। इस सभा में सभासद अपनी बात को रखता था। साथ ही राष्ट्र का प्रशासन करती थी। सभा ही राष्ट्रीय न्यायपालिका होती थी, जिसका निर्णय सभी को मानना होता था और सभा ही राजा को दिशा देने का काम करती थीं।

वैदिक सभ्यता ग्रामीण सभ्यता थी, जो सिन्धु घाटी सभ्यता के बाद अस्तित्व में आई थी। वैदिक ग्राम के प्रत्येक ग्राम में 'सभा' का चुनाव होता था और सभा द्वारा अपना एक सभापति (गण-पति) चुना जाता था। ग्राम के समूह को 'विश' कहा जाता था।

भाषा में अर्थालंकार की दृष्टि से वेदों में 'संघ' व 'गण' या गिनना फिर चुनाव के द्वारा सभा बनाई जाती थी और सभा का एक सभापति (गण-पति) चुना जाता था। जिसे पौराणिक काल में प्रजापति की पुत्री 'सभा' को 'दुर्गा' के रूप में बताया गया है। पुराणों में दुर्गा के निर्माण में सभी देवता अपना-अपना अंश (मत) देकर संघ (सभा) का निर्माण करते थे जो शक्ति दुर्गा के रूप में पूजनीय है। पुराणों में दुर्गा को भी दक्ष प्रजापति की पुत्री के रूप में वर्णन किया गया है। पश्चिम देशों में इसी अवधारणा की नजल करके अंश, अंशदाता व कंपनी स्थापना का मंत्र का सीखा है।

2. समिति का चुनाव- वेदों में प्रजापति की बड़ी पुत्री का नाम 'समिति' है, जो अपनी छोटी बहन 'सभा' के सभी 'सभापति' द्वारा मिलकर बनाई जाती थी। समिति का चुनाव हो जाने के बाद समिति अपना 'ईशान' का चुनाव करती थी। उसके बाद सभी सभापति मिलकर अपने 'राष्ट्र समिति' का चुनाव करती थी और राष्ट्रीय समिति अपने 'राजा' का चुनाव करती थी। राजा लोक सेवक होता था। वेदों में ब्रह्म शक्ति (ज्ञान) एवं क्षत्र शक्ति (सेना) के द्वारा 'राजपुरोहित' नियुक्त किया जाता था, जो लोक सेवक होता था। राजपुरोहित समिति (सम+मती) समान बुद्ध या 'मत' के माध्यम से निर्णय कर राजधर्म को पुष्ट करता हुआ 'राजा' का मार्गदर्शन करता था। वेदों में 'ब्रह्मशक्ति' को ज्ञान शक्ति कहा गया है जिसे पुराणों में अर्थालंकार के रूप में ज्ञान (प्रज्ञा) की देवी सरस्वती के रूप में अलंकृत किया गया है। इस प्रकार प्रजापति की बड़ी पुत्री सरस्वती या शारदा है। वेदों में समिति की परम्परा को अमर (अमृत) कहा है, जिसे देवता (राजा), ऋषि, ज्ञानी आदि लोग ब्रह्मज्ञान या बुद्धि के द्वारा सरस्वती को 'वरण' (अमृतपान) करना बताया गया है।

स्पष्ट है कि वेदों में प्रजापति दक्ष ने जन-जन व गोत्र-गोत्र की संयुक्त शक्ति पुत्री रुप 'सभा' (पौराणिक रुप दुर्गा) एवं 'समिति' (अर्थात्

सम+मती) सभी की समान मति (बुद्धि) से लिये गये निर्णय (परैाणिक रुप सरस्वती) के माध्यम से विश्व में सर्वप्रथम 'लोकतंत्र' की संवैधानिक स्थापना की है और प्रजापति ने उक्त दो पुत्रियां (1) सभा एवं (2) समिति के माध्यम से सर्वप्रथम 'विराज आर्य' को राजा नियुक्त किया, उसके बाद क्रमशः लोकतंत्र के माध्यम से 'सुबल आर्य', 'सुपर्ण आर्य', 'सुबाहू आर्य', 'सुराज आर्य' आदि राजा पूर्व वैदिक काल में हुए।

ग्राम में प्रशासनिक 'पद' संरचना :

1. **कुलपा**–ग्राम में शासन का प्रतिनिधि 'कुल्पा' होता था। जो गांव में गोत्र गृहपति व राजा के बीच सेतु का काम करता था, गांव में जिसे 'राजन' भी कहा जाता था। वर्तमान शासन व्यवस्था में जिसे 'सचिव' या 'मंत्री' कहा जाता है।

2. **विराजपति**–ग्राम की सम्पत्ति के रक्षक को 'विराजपति' कहा जाता था। जन–गोत्र की गायों की रक्षा करने के कारण इसे 'जनगोप' भी कहा जाता था।

3. **ग्रामणी**– ग्रामणी को 'मनु' कहा जाता था, जो गाँव का मुखिया कहाता था। जिसे ग्राम गोप भी कहा जाता था। जिसे वर्तमान में 'सरपंच' कहा जाता था।

4. **सभापति**–गांव का प्रत्येक गोत्र व प्रत्येक परिवार अपना एक गृहपति चुनता था और गृहपति 'सभा' बनाते थे। सभी सभासद मिलकर अपना एक 'सभापति' का चुनाव करते थे।

5. **सभावती**– ग्राम की सभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए सभासद में से एक महिला सदस्य को सभावती चुना जाता था। जो सभा में महिलाओं का हित रखती थी।

राज्य में प्रशासनिक 'पद' संरचना :

1. **राजा**– वैदिक काल में वंशक्रमागत राजा व चुनाव द्वारा निर्वाचित राजा होता था। ऋग्वेद में प्रजापति के अनुसार सभा एवं समिति के माध्यम से निर्वाचित राजा का अधिक महत्व था। शतपथ ब्राह्मण में 'राजा' को 'प्रजापति' कहा गया है। जिसके अनुसार 'राजा' में परमात्मा का अंश माना जाता था। जो राजा प्रजा पालन आदि कर्तव्यों का अच्छी तरह पालन करता था, उसी को देवता कहलाने का अधिकार प्राप्त था। वैदिक काल के कालांतर में लौह तकनीक आगमन से राज्य विस्तार के साथ 'बली' (कर) का रूप उत्पादन का छठा भाग निश्चित किया, परिणाम स्वरूप राजा की सहायता के लिए कर्मचारी (नौकरशाह) व पदाधिकारी नियुक्त किये जान लगें, जिन्हें 'रत्निन' कहा जाता था, जो वेतन पर काम करते थे। राजा भी जनता का जनसेवक होता था।

2. **पुरोहित**– पुरोहित वेतन भोगी पद था, जो धार्मिक मामलों में राजा का सलाहकार होता था। पुरोहित को राष्ट्रगोप भी कहा जाता था जो समिति का मुखिया होता था और समिति के परामर्श के बाद राजा को आदेश देता था। पुरोहित ही राजा का 'राज्याभिषेक' करवाता था तथा राजपद के विकास हेतु पुरोहित ही राजसूय, वाजपेय, अश्वमेघ, सर्वमेघ 'यज्ञ' भी करवाता था। राजा अपनी वीरता, त्याग, तप व जन कल्याण की बातों को 'सभा' एवं 'समिति' में बताता था।

3. **सेनानी**–सेना के प्रधान को सेनानी कहा जाता था, जो सेना का संचालन व प्रबंध' करता था। 'गविष्ठी' युद्ध में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। सेनापति या सेनाध्यक्ष भी कहते थे।

4. **राजमहिषी**–राज्य में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 'राजमहिषी' करती थी। राज्य में महिलाओं का हित व न्याय का ध्यान रखती थी एवं ग्राम में सभावती से सम्पर्क में रहा करती थी। राजमहिषी के पद पर महिला को ही नियुक्ति दी जाती थी।

5. **सूत**– राजा के रथ को चलाने वाले को 'सूत' या 'सारथी' कहा जाता था, राजा का विश्वास पात्र होता था।

6. **तक्षण कला**– बढ़ईगिरी या सुतारी का काम करने वाला जो राजा का रथ बनाने का काम करता था। धातु, पत्थर व काठ पर खोदकर कुछ बनाने का कामक रता था।

7. **क्षत्र**–सत्ता, शक्ति या बल, राज सत्ता का प्रतिनिधि द्वारा शासित क्षेत्र (पुर) को क्षत्र कहते थे।

8. **अन्तःपुराध्यक्षः**– राज कोष से अच्छी–अच्छी वस्तुओं का वितरण गरीबों को करता था।

9. **संग्रहिता**–राज्य का कोषाध्यक्ष होता था।

10. **भागदूध**– ग्राम में जनता से कर (बली) वसूल करने वाले को भागदूध कहा जाता था।

11. **अक्षावाप**–आय–व्यय का लेखाध्यक्ष को 'अक्षावाप' कहा जाता था।

12. **गोविकर्तृ**– वनाध्यक्ष व वन की देख रेख करने वाला।

13. **मध्यमची**–न्यायाधीश (प्रश्न विभाग)।

राजा का सखा–विद्धशक आदि 'रत्निन' वेतन भोगी कर्मचारी होते थे। वैदिक काल में आगे विकास के क्रम में पद संरचना की सूची बढ़ती गई। उक्त 'रत्निन' की सूची का उल्लेख यजुर्वेद में ज्यादा मिलता है।

शब्दार्थ:

गोत्र– गायों की रक्षा करने या स्थान या गाय बाँधने का स्थान 'बाड़ा' जहां गायों को सुरक्षित रखने के लिए कुछ परिवार मिलकर अपना एक गोत्र (बाड़ा) या स्थान रखते थे। जिससे गायों की चारों एवं हिंसक पशु से रक्षा की जा सकें।

पणि/पणिये– पाण लोगों का एक वर्ग था जो व्यापारी व ब्याज खाने वाले लोग थे।

दस्यु/दास–स्थानीय आदिवासी लोग दास लोग कहते थे।

विश–ग्रामों को मिलाकर 'विश' बनता या ग्राम के समूह को 'विश' कहा जाता था, जो पुरों का संरक्षक माना जाता था। जिसे 'विशपति' कहा जाता था।

ग्राम–बहुत से जन व परिवारों से मिलकर ग्राम बनता था। जहां बहुत से परिवार रहते थे। गोष्ठियों के समूह को ग्राम नाम से जाना जाता है।

बली (कर)– जनता (जन) से उत्पादन का छठां भाग कर या बलि के रूप में राजा वसूल करता था।

गोष्ठी– बहुत से परिवार या गोत्रों की गाय चराने के लिए एक सर्व साधारण चारागाह होता था जिसे 'गोष्ठ' कहते थे। गोष्ठ को 'ब्रज भी कहा जाता था। जिन गोत्रों के लिए एक ही 'गोष्ठ' होता था उन्हें गोष्ठ कहा जाता था। वर्तमान में जिसे चरनोई भूमि कहा जाता है।

सिन्धु घाटी सभ्यता व हड़प्पा संस्कृति के पतन के बाद वैदिक कालीन ग्रामीण सभ्यता का उदय हुआ जिसमें प्रजापति ने एक लाख अध्याय का शास्त्र लिखा था। वैदिक काल एवं पौराणिक काल के बीच भाषांतर का काल था जिसमें प्राकृत व पाली भाषा एवं धम्य लिपि, ब्रह्मलिपि व शारदा लिपि प्रचलन में होते हुए 'संस्कृत' भाषा का चलन हुआ जो पूर्व वैदिक काल था। 550 वर्ष ईसा पूर्व से पुष्य मित्र शंगु तक, तब जैन, बौद्ध व वैदिक

सनातन धर्म में कुछ विरोध की स्थिति उत्पन्न होने के कारण कुछ संशोधन के साथ 'पौराणिक काल' आया, जिसमें पुराण लिखे गयें। 304 वर्ष ईसा पूर्व तक सम्राट अशोक का काल था जिस समय भारत में 16-20 विश्वविद्यालय संचालित थे जिसमें सभी विषय का अध्ययन-अध्यापन कार्य करवाया जाता था जिसमें ज्ञान-विज्ञान के साहित्य उत्कृष्ट स्थिति में विद्यमान थे।

भारत में प्राजीन काल से ही आक्रमण होते रहे है। परन्तु छठी से सातवीं सदी के बाद भारत पर अरब और तुर्क के मुसलमानों ने आक्रमण करना प्रारंभ कर दिया और भारत के अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान पर आक्रमण बढ़ गये परिणामस्वरूप सन् 1203 ई. में बख्तियार खिलजी ने नालंदा व तक्षशिला सहित कई विश्वविद्यालय जलाकर नष्ट कर दिया, जिसमें भारतीय ज्ञान-विज्ञान के ग्रंथ जलकर नष्ट हो गये।

कालांतार में मुगोल शासक के बाद अंग्रेज ब्रिटिश शासकों ने भारत पर राज किया। अंग्रेजों ने भारत को गुलाम बनाने के लिये भारतीय शिक्षा एवं न्याय व्यवस्था पर कुठाराघात किया। इ ंग्लैण्ड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में कार्यरत भाषा विज्ञान (संस्कृत) के विद्धान-मैक्समूलर को ईस्ट इंडिया कंपनी ने नौ लाख रुपये में अनुबंधित किया और मैक्समूलर ने 100 वैदिक ब्राह्मणों की सहायता से व प्रो.एच.एच. विल्सन से मिलाकर सन् 1846 में ऋग्वेद का मुद्रण ऑक्सफोर्ड वि.वि. इंग्लैण्ड से करवाया और मैक्समूलर ने भारतीय ज्ञान व ऋग्वेद आदि ग्रंथों में कई 'प्रक्षेप पैदा कर दिया ताकि भारतीयों को नीचा दिखा सकें'।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. ऋग्वेद भाष्य-महर्षि दयानंद सरस्वती
   ऋ. 2.41.5, 6.13.2, 7.20.5, 7.88.5
   8.69.1, 10.84.2, 9.92.6, 10.173.1
2. अर्थवेद भाष्य - 6.87.1, 7.12.1 व 2
3. यजुर्वेद भाष्य - 16-25, 23-19
   शतपथ ब्राह्मण -5.15.14, 5.1.1.12.5.31
   ऐतरेय ब्राह्मण-8.15
4. उपनिषद् रहस्य-स्व. श्री महात्मा नारायण स्वामीजी महाराज।
5. शब्द-रूपावती-पंडित युधिष्ठित मीमांसक।
6. प्राचीन भारत का इतिहास-द्विजेन्द्र नारायण झा कृष्ण मोहन श्रीमाली।
7. पाणिनी कालीन भारत वर्ष- वासुदेवशरण अग्रवाल।
8. आर्यः संरचना का पुनर्गठन- प्रो रोमिला थापर।
9. श्री प्रजापति दक्ष स्मृति ग्रंथ- डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति।
10. प्रजापति का तत्व दर्शन- डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति।
11. वेदकालीन समाज-डॉ. शिवदत्त ज्ञानी।
12. निरुक्त शास्त्रम्- पं. भगवददत्त बी.ए. रिसर्चस्कॉलर।
13. संस्कृत-साहित्य कोष-डॉ.राजवंश सहाय हीरा।
14. श्री दक्ष वेलफेयर एण्ड सोसायटी, होशियारपुर (पंजाब)।
15. लोकसभा, टी.वी. भारत सरकार। (संसद)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विद्यार्थी और आवासीय ऋण संवितरण का तुलनात्मक विश्लेषण

डॉ. संजय पण्डित* रूकमणी यादव**

* प्राध्यापक (वाणिज्य) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण होती है, और छात्र इसे प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त मील जाते हैं। हालाँकि, शिक्षा की लागत हाल ही में बढ़ रही है और विद्यार्थी ऋण का विकल्प सबसे अच्छा समाधान प्रतीत होता है। घर खरीदना ज्यादातर लोगों के लिए सबसे बड़े सपनों में से एक है और पूरी तरह से एक असाधारण मामला है। इस तरह के सपने को पूरा करने के लिए खरीदारों की ओर से बहुत प्रयास करने की आवश्यकता होती है और अपने बजट में घर को समायोजित करने के लिए सबसे अच्छा आवासीय ऋण के माध्यम से किया जा सकता है। शोध से यह स्पष्ट है कि वर्ष 2019 और 2021 में शहरी क्षेत्र में आवासीय ऋण की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण अधिक है लेकिन वर्ष 2020 में ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण की तुलना में शहरी क्षेत्र में आवासीय ऋण में वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है। ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण वर्ष 2019 में शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण की तुलना में बहुत अधिक है, लेकिन वर्ष 2020 और 2021 में ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण की तुलना में कम हो गया है। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण, वाहन ऋण और बंधक ऋण की तुलना में आवासीय ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है तथा ग्रामीण क्षेत्र में भी आवासीय ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है।
शब्द कुंजी – प्रमुख कारक, ऋण के प्रकार, पात्रता मानदंड, शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र।

प्रस्तावना – विद्यार्थी ऋण माध्यमिक शिक्षा या उच्च शिक्षा से संबंधित खर्चों के वित्तपोषण के लिए उधार ली गई राशि है।विद्यार्थी ऋण का उद्देश्य ट्यूशन, किताबों और आपूर्ति की लागत और रहने के खर्च को कवर करना है, जबकि उधारकर्ता डिग्री हासिल करने की प्रक्रिया में है। भुगतान अक्सर स्थगित कर दिया जाता है, जबकि छात्र कॉलेज में होते हैं और, ऋणदाता के आधार पर, कभी–कभी डिग्री हासिल करने के बाद उन्हें अतिरिक्त छह महीने की अवधि के लिए स्थगित कर दिया जाता है। इस अवधि को कभी–कभी 'अनुग्रह अवधि' के रूप में जाना जाता है। आवासीय–आवास ऋण, जिसे बंधक के रूप में भी जाना जाता है, एक व्यक्ति द्वारा उधार ली गई राशि है, आमतौर पर बैंकों और कंपनियों से जो पैसा उधार देते हैं। उधारकर्ता को आसान मासिक किस्तों या ईएमआई में ब्याज के साथ ऋण राशि वापस चुकानी होगी जो कि ऋण की प्रकृति के आधार पर 10–30 वर्षों के बीच भिन्न हो सकती है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दी जाने वाली विद्यार्थी और आवासीय ऋण के बारे में अध्ययन करना।
2. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थी और आवासीय ऋण संवितरण की तुलना करना।

परिकल्पना:

1. $H1_0$: ग्रामीण क्षेत्र में आवास ऋण शहरी क्षेत्र में आवास ऋण से अधिक नहीं है।
2. $H2_0$: ग्रामीण क्षेत्र में आवास ऋण अत्यधिक मांग वाला ऋण नहीं है।
3. $H3_0$: शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण अत्यधिक मांग वाला ऋण नहीं है।

अनुसंधान क्रियाविधि– सर्वेक्षण कार्य के दौरान मैंने उन रीतियों का प्रयोग किया है जो सर्वेक्षण कार्य के लिए समय समय पर आवश्यक प्रतीत हुई जैसे– व्यक्तिगत, शासकीय प्रलेखों का प्रयोग, विशेषकर प्रत्यक्ष साक्षात्कार व प्रश्नावली द्वारा नमूने की पद्धति द्वारा वांछित जानकारी एकत्रित करने का प्रयास किया है।

(ए) प्राथमिक डेटा के स्रोत:

1. इंदौर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखाएं।
2. बैंक के शाखा प्रबंधक।
3. कर्मचारी विशेष रूप से लेखाकार।

(बी) माध्यमिक डेटा के स्रोत:

1. विभिन्न वार्षिक और प्रकाशित रिपोर्ट।
2. पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में लेख।
3. इंटरनेट।

संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन

डेविड एन. बैरोन (1998):न्यूयॉर्क शहर में उपभोक्ता ऋण प्रदाताओं के बीच वैधता के मार्ग, 1914–1934 इस पत्र में, लेखक ने दो संगठनात्मक रूपों के प्रारंभिक विकास का अध्ययन किया।

क्रेडिट यूनियन और मॉरिस प्लान बैंक, जो बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में सामाजिक रूप से स्वीकार्य साहूकार बन गए। वैधता के तीन रूप, संज्ञानात्मक, नैतिक और व्यावहारिक उनके विकास और सामाजिक एकीकरण को समझने में महत्वपूर्ण हैं। संज्ञानात्मक वैधता उस चीज से मेल

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

खाती है जिसे आमतौर पर संगठनात्मक पारिस्थितिकीविदों द्वारा वैधता के रूप में माना जाता है। संगठनों की नैतिक वैधता तब तक होती है जब तक उन्हें समाज के अधिकांश सदस्यों की नैतिक स्वीकृति प्राप्त होती है। व्यावहारिक वैधता 'एक संगठन के सबसे तात्कालिक दर्शकों की स्व-रुचि गणना पर टिकी हुई है' (सुचमैन 1995)। विश्लेषण पिछले कार्य से दो तरह से आगे जाता है। सबसे पहले, वैधता के नए तंत्र को संगठनात्मक नींव और विकास के मॉडल में पेश किया जाता है। दूसरा, यह माना जाता है कि संगठन जानबूझकर अपने कार्यों से उनकी वैधता को प्रभावित करने में सक्षम हैं। अनुभवजन्य परीक्षण ऐतिहासिक सामग्री के गुणात्मक विश्लेषण के साथ संस्थापक और विकास दर के मात्रात्मक विश्लेषण को जोड़ते हैं। वैधता की घनत्व-निर्भर प्रक्रियाओं के अलावा, संगठन सामाजिक-आंदोलन जैसे तरीके से कार्य करते पाए जाते हैं, जिससे उनकी नैतिक वैधता में वृद्धि होती है। यह उनकी स्थापना और विकास दर को बढ़ाता है, और उन्हें धन-उधार के पहले के रूपों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ देता है जिसमें नैतिक वैधता का अभाव था। मुझे इस बात के भी प्रमाण मिलते हैं कि व्यावहारिक वैधता सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से फैली हुई है।

मिंग-चुनत्सियाशू-पिंगलिनबचिंग-चानचेंगबयेन-पिंगलिन (2009): उपभोक्ता ऋण डिफॉल्ट भविष्यवाणी मॉडल - डीईए-डीए और तंत्रिका नेटवर्क का एक आवेदन: इस पत्र में लेखक ताइवान में एक निश्चित वित्तीय संस्थान से असुरक्षित उपभोक्ता ऋण के ग्राहकों पर अनुभवजन्य विश्लेषण करने के माध्यम से उपभोक्ता ऋण डिफॉल्ट भविष्यवाणी मॉडल का निर्माण करते हैं, और वास्तविक समय में भेदभावपूर्ण जानकारी के रूप में उधारकर्ता के जनसांख्यिकीय चर और पैसे के रवैये को अपनाते हैं। इसके अलावा, हम इन चार उल्लिखित विधियों की उपयुक्तता की तुलना करने के लिए क्रमशः चार भविष्यवाणी विधियों, जैसे डीए, एलआर, एनएन और डीईए-डीए के माध्यम से निर्माण करते हैं। परिणाम बताते हैं कि डीईए-डीए और एनएन में बेहतर भविष्यवाणी करने की क्षमता है और वे इष्टतम भविष्यवाणी मॉडल हैं जो इस अध्ययन के लिए तरस रहे हैं। इसके अलावा, इस अध्ययन से पता चला है कि डिफॉल्ट ऋण भविष्यवाणी मॉडल में अतिरिक्त धन रवैये के बाद उच्च स्तर की भविष्यवाणी क्षमता होगी।

दिमित्रियोस सी.लुजिसाबएंजेलोस टी.वौल्डिसैकवासिलियोस एल.मेटाक्सस (2012): ग्रीस में गैर-निष्पादित ऋणों के मैक्रोइकॉनॉमिक और बैंक-विशिष्ट निर्धारक: बंधक, व्यापार और उपभोक्ता ऋण पोर्टफोलियो का तुलनात्मक अध्ययन: यह पेपर ग्रीक बैंकिंग क्षेत्र में गैर-निष्पादित ऋण (एनपीएल) के निर्धारकों की जांच करने के लिए गतिशील पैनल डेटा विधियों का उपयोग करता है, प्रत्येक ऋण श्रेणी (उपभोक्ता ऋण, व्यवसाय ऋण और बंधक) के लिए अलग से। अध्ययन इस परिकल्पना से प्रेरित है कि मैक्रोइकॉनॉमिक और बैंक-विशिष्ट चर दोनों का ऋण गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है और ये प्रभाव विभिन्न ऋण श्रेणियों के बीच भिन्न होते हैं। परिणाम बताते हैं कि, सभी ऋण श्रेणियों के लिए, ग्रीक बैंकिंग प्रणाली में एनपीएल को मुख्य रूप से व्यापक आर्थिक चर (जीडीपी, बेरोजगारी, ब्याज दर, सार्वजनिक ऋण) और प्रबंधन गुणवत्ता द्वारा समझाया जा सकता है। ऋण श्रेणियों के बीच मैक्रोइकॉनॉमिक कारकों के मात्रात्मक प्रभाव में अंतर स्पष्ट है, गैर-निष्पादित बंधक समष्टि आर्थिक स्थितियों में परिवर्तन के लिए सबसे कम उत्तरदायी हैं।

कारा लॉन स्टावरोस पेरिस्टियानीक (1996): 1990 के क्रेडिट मंदी के दौरान उपभोक्ता ऋण दरों का व्यवहार: यह अध्ययन वाणिज्यिक बैंकों के ऋण मूल्य निर्धारण व्यवहार की जांच करके 1990 की ऋण मंदी की पुनः जांच करता है। हमें इस बात के पुख्ता सबूत मिलते हैं कि बड़े, कम पूंजी वाले बैंकों ने उपभोक्ताओं को बेहतर पूंजीकृत संस्थानों के सापेक्ष औसत से अधिक ऋण दर वसूल कर ऋण मंदी में योगदान दिया। उधार देने में यह असमानता बैंक फंडिंग लागतों के लिए लेखांकन के बाद भी मौजूद है। इस प्रकार, हम तर्क देते हैं कि बड़े, कम पूंजी वाले बैंकों के बीच उधार में मंदी आई थी। कम पूंजी वाले बैंकों के बीच उधार देने की अनिच्छा कम से कम व्यवहार का सूचक है जो क्रेडिट संकट के अनुरूप है।

ऋण को प्रभावित करने वाले कारक

विद्यार्थी ऋण को प्रभावित करने वाले कारक:

1. छात्र का अकादमिक रिकॉर्ड।
2. कॉलेज या विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा।
3. आपके द्वारा पीछा किए जाने वाले पाठ्यक्रम का प्रकार।
4. संपार्श्विक आप प्रदान करते हैं।
5. संयुक्त उधारकर्ता आय और क्रेडिट इतिहास।
6. देश की आर्थिक स्थिति।

आवासीय ऋण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक:

1. एमसीएलआर फंड की सीमांत लागत आधारित उधार दर।
2. ब्याज का प्रकार।
3. ऋण-से-मूल्य (एलटीवी) अनुपात।
4. क्रेडिट अंक।
5. संपत्ति का स्थान।
6. नौकरी प्रोफाइल।
7. ऋण की अवधि।

भारत में आवासीय ऋण के प्रकार:

1. आवासीय ऋण।
2. आवासीय निर्माण ऋण।
3. आवासीय विस्तार ऋण।
4. आवासीय सुधार ऋण।
5. आवासीय ऋण बैलेंस ट्रांसफर।
6. समग्र आवासीय ऋण।

भारत में विद्यार्थी ऋण के प्रकार:

1. घरेलू विद्यार्थी ऋण।
2. विदेश में अध्ययन विद्यार्थी ऋण।
3. स्नातक छात्र ऋण।
4. स्नातक विद्यार्थी ऋण।
5. व्यावसायिक विद्यार्थी ऋण।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ऋण पात्रता मानदंड

आवासीय ऋण पात्रता मानदंड

पात्रता मानदंड	वेतनभोगी और स्वरोजगार
आय मानदंड	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आवासीय ऋण के लिए न्यूनतम वेतन रु.25000
आयु मानदंड	न्यूनतम: 21 वर्ष अधिकतम: 60 वर्ष
ऋण अवधि	30 वर्ष तक
ऋण राशि	आपकी चुकौती क्षमता के आधार पर कोई सीमा नहीं

ब्याज दर	9.7% से शुरू
प्रोसेसिंग शुल्क	ऋण राशि का 0.50% या ख्छठ 20,000
पूर्व भुगतान शुल्क	शून्य
राष्ट्रीयता	भारतीय

विद्यार्थी ऋण पात्रता मानदंड

पात्रता मानदंड	**जिन छात्रों ने प्रवेश सुरक्षित कर लिया है**
ऋण अवधि	15 साल तक
ऋण राशि	20 लाख तक
ब्याज दर	एमसीएलआर 2.00%
प्रोसेसिंग शुल्क	शून्य

शोध की व्याख्या

$H1_0$: ग्रामीण क्षेत्र में आवास ऋण शहरी क्षेत्र में आवास ऋण से अधिक नहीं है।

तालिका 1 (निचे देखे) तालिका 1 से यह स्पष्ट है कि वर्ष 2019 और 2021 में शहरी क्षेत्र में आवासीय ऋण की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण अधिक है लेकिन वर्ष 2020 में ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण की तुलना में शहरी क्षेत्र में आवासीय ऋण में वृद्धि हुई है। इस प्रकार वर्ष 2019 और 2021 के लिए वैकल्पिक परिकल्पना स्वीकार की जाती है। वर्ष 2020 के लिए शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

$H2_0$: ग्रामीण क्षेत्र में आवास ऋण अत्यधिक मांग वाला ऋण नहीं है।

तालिका 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)) तालिका 2 से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है। अत: शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है तथा वैकल्पिक परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

$H3_0$: शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण अत्यधिक मांग वाला ऋण नहीं है।

तालिका 3 (अगले पृष्ठ पर देखे) तालिका 3 से यह स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण वर्ष 2019 में शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण की तुलना में बहुत अधिक है, लेकिन वर्ष 2020 और 2021 में ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण की तुलना में कम हो गया है। वर्ष 2019 के लिए शून्य परिकल्पना स्वीकार की जाती है और वर्ष 2020 और 2021 के लिए वैकल्पिक परिकल्पना स्वीकार की जाती है।

निष्कर्ष

तालिका 4 (अगले पृष्ठ पर देखे) तालिका 4 से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शहरी क्षेत्र में विद्यार्थी ऋण, वाहन ऋण और बंधक ऋण की तुलना में आवासीय ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है।

तालिका 5 (अगले पृष्ठ पर देखे) तालिका 5 से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र में गृह ऋण सबसे अधिक मांग वाला ऋण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. हैण्ड बुक ऑफ स्टेटिस्टिक्स ऑन इण्डियन इकानॉमी, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
2. द बिजनेस बैंकर्स हैण्ड बुक (द बैंक ऑफ इण्डिया ऑफिसर्स -एसोसिएशन)
3. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट
4. भारत में बैंकिंग प्रवृत्ति एवं प्रगति संबंधी रिपोर्ट
5. आई.बी.ए. बुलेटिन
6. शर्मा, आर. एन., 'बैंक में घटती हुई लाभप्रदत्ता लाभ आयोजन' आई.बी.ए. बुलेटिन, अंक 2, जनवरी 1986, पृ. 8-9
7. तिवारी, अमिताभ, 'ग्रामीण विकास में बैंक की भूमिका', खादी ग्रामोद्योग, जुलाई 1998, पृ. 360-67
8. नवीन, एन. सी., 'बैंक में लाभोन्मुख जमा सम्मिश्रण', आई.बी.ए. बुलेटिन, अंक 8, मार्च, 1993, पृ 141-42.
9. नंबूहिशद, एम. पी. एन.,'बैंक शाखा में लाभप्रदत्ता कुछ समस्याएँ', बैंक आफ इंडियन बुलेटिन, अगस्त 1998, वर्ष 25, पृ. 85-89.
10. ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, नई दिल्ली.
11. वार्षिक प्रतिवेदन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, वर्ष- 2019, 2020, 2021.

तालिका 1 : आवासीय ऋण

आवासीय ऋण	2019		2020		2021	
	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS
ग्रामीण	2561	4544.22	2376	2485.59	1796	10798.49
अर्ध शहरी	1632	2085.19	1846	2798.82	720	6384.64
शहरी	2215	7327.68	2308	7296.58	1664	9037.1



तालिका 2 : ग्रामीण शाखाओं में सभी ऋण

ग्रामीण शाखा का योग	2019		2020		2021	
	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS
सेंट बंधक	151	1050.31	15	90.3	256	2812.08
सेंट विद्यार्थी	282	709.21	122	255.38	291	1222.87
सेंट वाहन आवासीय ऋण	226 2561	668.97 4544.22	132 2376	352.43 2485.59	432 1796	1400.4 10798.49
पेंशनभोगियों को ऋण	246	242.34	12	4.97	14	5.56
सभी का कुल 5	3466	7215.05	2657	3188.67	2789	16239.4

तालिका 3 : विद्यार्थी ऋण

विद्यार्थी ऋण	2019		2020		2021	
	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS	कुल योग TOTAL_ACCT	कुल योग TOTAL_OS
ग्रामीण	282	709.21	122	255.38	291	1222.87
अर्ध शहरी	136	291.88	113	288.4	171	699.07
शहरी	243	752.22	294	835.03	296	1060.7

तालिका 4 : शहरी शाखाओं में सभी ऋण

शहरी शाखा का योग	2019 कुल योग TOTAL_ACCT	2020 कुल योग TOTAL_ACCT	2021 कुल योग TOTAL_ACCT
सेंट बंधक	300	97	172
सेंट विद्यार्थी	243	294	296
सेंट वाहन	267	249	306
आवासीय ऋण	2215	2308	1664
पेंशनभोगियों को ऋण	196	73	8
सभी का कुल 5	3221	3021	2446

तालिका 5 : ग्रामीण शाखाओं में सभी ऋण

ग्रामीण शाखा का योग	2019 कुल योग TOTAL_ACCT	2020 कुल योग TOTAL_ACCT	2021 कुल योग TOTAL_ACCT
सेंट बंधक	151	15	256
सेंट विद्यार्थी	282	122	291
सेंट वाहन	226	132	432
आवासीय ऋण	2561	2376	1796
पेंशनभोगियों को ऋण	246	12	14
सभी का कुल 5	3466	2657	2789

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

राष्ट्रीय प्रगति के लिए महिला सशक्तिकरण महत्वपूर्ण है

डॉ. वर्चसा सैनी*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) जे के पी पीजी कॉलेज, मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महिलाओं की स्वतंत्रता, समानता और आर्थिक प्रगति किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का परिचायक है। जिस समाज या राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति जितनी मजबूत सम्मानजनक और सक्रिय होती है वह समाज या राष्ट्र उतना ही समृद्ध और उन्नतशाली होगा। प्राचीन काल में नारी को समानता प्राप्त थी।महिलाएं पुरुषों की प्रेरणा भी बनी, राज्य के कार्यो से लेकर रणभूमि तक महारानीयों की भूमिका रहती थी। रजिया सुल्तान जैसी महिलाओं ने सल्तनत चला कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया वहीं दूसरी ओर जीजाबाई,रानी लक्ष्मी बाई की अद्भुत राजनीतिक क्षमता व साहस से सभी परिचित हैं। आज हम भारतीय समाज में स्त्री पुरुष में जो समानता की बात करते हैं, वह उचित प्रतीत नहीं होती। महिलाएं किसी न किसी रूप में असमानता, अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है। उनकी इस अवस्था में अभी तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं आया। यह सब सशक्तिकरण की वास्तविकता को दर्शाता है।यद्यपि प्रजातंत्र के विकास के साथ-साथ महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों में कुछ अंतर अवश्य आया है आज प्रत्येक स्तर पर सशक्तिकरण हेतु महिलाएं कहीं न कहीं संघर्षरत है।

यूं तो महिला सशक्तिकरण की पहल 1975 में महिलाओं पर पहला भी सम्मेलन मैक्सिको सिटी में आयोजित किया गया। लेकिन महिलाओं पर तीसरा विश्व सम्मेलन 1985 नैरोबी में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में उन क्षेत्रों को निर्धारित किया गया जिनके द्वारा महिलाओं की समानता में प्रगति को मापा जा सकता है जैसे संवैधानिक और कानूनी उपाय, सामाजिक, राजनीतिक भागीदारी में समानता और निर्णय लेना महिला सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जो महिलाओं के चहुंमुखी विकास का माध्यम है, जिससे वे स्वावलंबी होकर पुरुषों के समान राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता दे। दूसरे शब्दों में महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा औरआर्थिक तरक्की के बराबरी के मौके मिल सके, जिससे वे सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सके।यह वह तरीका है, जिसके द्वारा महिलाएं भी पुरुषों की तरह अपनी हर आकांक्षाओं को पूरा कर सके। और देश की प्रगति में अपना परचम लहराए। जेंडर समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना,मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, और नीति निर्देशक सिद्धांतों में प्रतिपादित है। संविधान महिलाओं को न केवल समानता का दर्जा प्रदान करता है अपितु राज्य को महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपाय करने की शक्ति भी प्रदान करता है। संविधान के अनुच्छेद 14 व 15 में नारी हितों को संरक्षित किया अनुच्छेद 51 (क) में यह व्यवस्था दी गई थी प्रत्येक नागरिक का वैधानिक दायित्व है कि वह महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले किसी भी गतिविधि का विरोध करें। महिलाओं को राजनीतिक रूप से सफल बनाने हेतु प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को महिला राजनीतिक सशक्तिकरण दिवस मनाया जाता है। जो राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य के लिए है। 1993 में घोषित 73वें और 74 वे संविधान संशोधन दो कारणों से मील का पत्थर है,पहला स्थानीय सशक्तिकरण और दूसरा महिला सशक्तिकरण 73 वें एवं 74 वें संविधान संशोधन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित कर दी गई ताकि देश के राजनीतिक सामाजिक जीवन में वह सक्रिय भागीदारी निभा सके। त्रिस्तरीय पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के लिए आरक्षण की व्यवस्था करना नि:संदेह एक क्रांतिकारी कदम है। इस अवसर को चिन्हित करने के लिए 24 अप्रैल 1990 को पहला महिला राजनीतिक सशक्तिकरण दिवस मनाया गया देश के शासन में महिलाओं को कम आंकना हमेशा से एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है।खासकर जब महिलाओं से जुड़े मुद्दों की बात हो प्रभावी महिला नेतृत्व के बिना घरेलू हिंसा यौन उत्पीड़न और प्रजनन अधिकारों जैसे मुद्दों को संबोधित नहीं किया जा सकता है। बदलावों ने भारतीय राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को जमीनी स्तर पर प्रवेश करने में मदद की है। महिलाओं की भागीदारी ने स्वयं सहायता समूहो सरकारी समितियों सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों के जरिए आजीविका विकल्पों को बनाने, विकसित करने और बढ़ावा देने में मदद की है महिला नेताओं ने अपने पुरुष समकक्षो की तुलना में लिंग असमानता,घरेलू शोषण, प्रजनन कल्याणऔर शिक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करके क्रांति ला दी है। भारतीय समाज में कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

जहां एक ओर भारत की प्रसिद्ध उद्यमी फाल्गुनी नायर,वंदना लूथरा, इंदिरा नूरी, शहनाज हुसैन, रितु कुमार,विनीता सिंह आदि महिलाओं ने अपवादों को छोड़कर अपनी भूमिका सक्षमता से निभाते हुए सिद्ध किया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र जैसे विधि, अकादमिक, साहित्य,संगीत,नृत्य, खेल, मीडिया उद्योग आईटी सहित आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी निर्णायक भूमिका निभाने में पुरुषों से कम नहीं है।वहीं दूसरी ओर प्रेक्षापास्त्र अग्नि-5 के सफल परीक्षण के बाद महिला वैज्ञानिक टेसी थॉमस की मुख्य भूमिका उभर कर सामने आयी। मिसाइल मैन डॉक्टर अब्दुल कलाम की प्रमुख शिष्या डॉ. थॉमस को इस परीक्षण के बाद 'मिसाइल वूमेन'अथवा 'अग्निपुत्री' नामों से संबोधित किया जाने लगा है। मिसाइल कार्यक्रम का संपूर्ण नेतृत्व संभालने वाली वे देश की प्रथम महिला वैज्ञानिक बन गई। पहले प्रश्न उठता था कि

राजनीतिक सत्ता पर महिलाओं की भूमिका क्या होगी ? क्या मैं चुनाव में भाग लेने का साहस करेंगीं ? क्या वह मंचों पर उन्मुक्त भाषण दे पायेंगी, क्या समस्याओं का समाधान खोज पायेंगी? लेकिन इन सबके बावजूद महिलाओं में जबरदस्त राजनीतिक चेतना आई है।पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से ऐसे अनेक भ्रांतियां टूट रही है कि महिलाएं राजनीतिक भूमिका निभाने एवं नेतृत्व प्रदान करने में असमर्थ होती है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं ला रही है, जिसका लाभ बड़े स्तर पर महिलाओं को मिल रहा है। जिससे वह हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। भुनेश्वर में 4 जून 2022 को उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थानों में महिलाओं की प्रतिनिधित्व पर जोर दिया क्योंकि यह उनके सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाता है। पटनायक ने कहा कि कोई भी परिवार,समाज,राज्य या देश अपनी महिलाओं को सशक्त किए बिना कभी आगे नहीं बढ़ सकता। उड़ीसा ने पंचायतों में 50% सीटें आरक्षित की है।बीजू जनता दल ने 2019 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित की जो किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इस दिशा में उठाया गया पहला कदम है।

देश के राजनीतिक परिदृश्य में महिलाओं की मौजूदगी का सवाल बौद्धिक बहसों, सेमीनारों और गोष्ठियों में गूँजता रहता है। देखा जाए तो इस देश ने दशकों पहले ही अपनी बागडोर श्रीमती इंदिरा गांधी के हाथों में सौंप दी थी। स्वर्गीय जयललिता, सोनिया गांधी, मायावती,ममता बनर्जी और आज भारत के प्रथम नागरिक वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जैसी भारतीय राजनीति के अंबर के चमकते सितारे हैं; लेकिन प्रश्न यह है कि स्टमक का दायरा कितना व्यापक कितना सघन और कितना स्थाई है। आजादी से लेकर आज तक भारत में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता सत्ता में साझेदारी के लिए किए गए प्रयत्नों को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति वाले प्रश्न को हर चुनाव कुछ समय के लिए ऑक्सीजन प्रदान करने का काम करता है।सभी राजनीतिक दल चुनावी शतरंज में महिलाओं की सुरक्षा को मोहरा बनाकर 'राजनीति' तो करते हैं। लेकिन उन्हें सुरक्षित भविष्य के लिए बड़ी राजनीतिक भूमिका देना उनके एजेंडे में नहीं है। किसी भी राजनीतिक दल के संविधान में टिकट वितरण की प्रक्रिया में महिला और पुरुष के बीच भेदभाव करने का जिक्र नहीं है,पर व्यवहारिक तौर पर जो लैंगिक असमानता है उसके हम सब गवाह है।

आज की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक,राजनीतिक, भागीदारी के समान अवसर नहीं है विश्व की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं विश्व के हर कोने में नेतृत्व के स्तर पर कम ही आंकी गई है।जबकि विश्व के विभिन्न राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिन देशों में महत्वपूर्ण पदों पर 25 से 30% तक महिलाओं की हिस्सेदारी है वह परंपरागत सोच व्यवस्था में परिवर्तन कर महिलाओं के उत्थान का पुरजोर समर्थन करती है।

महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी देश के मानव विकास एवं राष्ट्र निर्माण का सपना पूरा नहीं हो सकता। अगर महिलाओं के साथ किसी भी क्षेत्र में भेदभाव ने किया जाए समान अवसर दिया जाए तो देश के विकास की नई ऊंचाइया छुएगा। आई एम एफ के एक अनुमान के अनुसार देश की श्रम शक्ति में महिलाओं की समान भागीदारी से ही भारत की जीडीपी में 27% की वृद्धि हो सकती है। महिलाओं को अपनी शक्ति पहचान नहीं होगी अपने फैसले लेने का हक ना मिलना महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी बाधा है महिलाओं को अपने निर्णय लेने के मामले में आत्मनिर्भर होना अति आवश्यक है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर उस दौर में गांधीजी की सोच जितनी सुदृढ़ थी वह इस दौर के लोगों के लिए एक मिसाल है। आज के समय में बापू के विचारों को फिर से याद करने का समय है। गांधीजी यह कभी नहीं चाहते थे कि महिलाओं को सशक्तिकरण का विषय बनाया जाए। इस बात को मानते थे कि महिलाएं स्वयं इतनी सशक्त है कि वह स्वयं के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वे मानते थे कि अगर महिलाओं को स्वतंत्र होना है तो सबसे पहले उनको निडर बनाना होगा। परिवार एवं समाज के कुत्सित बंधनों को तोड़ते हुए जबरदस्ती थोपे गए अन्याय के विरुद्ध आवाज उठानी होगी, उनका विरोध करना होगा।यही निडरता यही ताकत उनके जुल्मों से आजादी दिला सकती हैं और समाज में एक नई पहचान बनाने की हिम्मत दे सकती है। गांधी जी ने अपने भाषण में कई बार कहा कि जिनको हम अबला मानते हैं अगर वह सबल बन जाए तो हर असहाय ही शक्तिशाली हो जाएगा।इसी क्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का कहना था कि महिलाओं के साथ लिंग के आधार पर भेदभाव करना नहीं चाहिए उनके अनुसार लैंगिक असमानता चाहे वह आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक अथवा अन्य किसी भी क्षेत्र में हो,मानवीय गरिमा की स्थापना के लिए उसे दूर करना आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष मारिया फ़र्नान्डा एस्पिनोसा ने आग्रह किया कि महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा और भेदभाव के ख़िलाफ़ अपने प्रयासों को दोगुना कर देना चाहिए।'हमें नेतृत्व करने वाली और महिलाएं चाहिए जिनकी सार्वजनिक जीवन में हिस्सेदारी हो और जो निर्णय लेती हों।'

सरकार एवं समाज के सभी वर्ग को कुत्सित एवं रूढ़िवादी मानसिकता के ऊपर उठ महिलाओं को जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी स्थानों में बराबरी का हक देना होगा, नारी गरिमा की अवमानना प्रत्येक स्तर पर अस्वीकार्य है, इसे प्रांतीय, धर्म, वर्ग, जाति आदि संकीर्ण तराजुओं में नहीं तोला जा सकता। कर्मण्यता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्य निष्ठा के अभाव में राष्ट्र के विकासोन्मुख होने की बात करना निरर्थक है। आज की स्थितियों से स्पष्ट है कि इस तरह की समस्या कानूनी कम सामाजिक ज्यादा है इस सामाजिक मानसिकता को बदलना का जिम्मा देश की वर्तमान युवा पीढ़ी को ही उठाना होगा तभी राष्ट्र विकास की यात्रा सही मायनों में पूर्ण मानी जाएगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. ऐश्वर्या झा सामाजिक ,आर्थिक, राजनीतिक भागीदारी ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी ,8 मार्च2022 From amarujala.com
2. शुभम सोनदा वाले, क्यों मनाया जाता है महिला राजनीतिक सशक्तिकरण दिवस जाने इसका महत्व और इतिहास , 24 April 2022 From enavabharat.com
3. एच. एल.दुसाथ, लैंगिक असमानता तथा आर्थिक और सामाजिक विषमता से पार पाने का एक अभिनव विचार, 3 april 2022 From www.hastakshep.com
4. दीपक अरोड़ा,नारी सुरक्षा के अभाव में राष्ट्रीय प्रगति असंभव, 9 Feb 2022 From punjab kesari.in
5. सुशील कुमार शर्मा,भारत के उत्थान में बेटियों का योगदान From webdunia.com
6. navbharattimes.indiatimes.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारत का गौरव - यूपीआई

डॉ. प्रवीण ओझा*

*प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) बी.एल.पी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - यूपीआई एक बैंकिंग सिस्टम है जिसके माध्यम से पेमेन्ट एप्लिकेशन पर राशि का लेनदेन किया जाता है। ऑनलाइन या डिजिटल पेमेन्ट का यह अत्यधिक लोकप्रिय सिस्टम है। इसका पूरा नाम यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस है। यह भारतीय राष्ट्रीय भुगतान नियम एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारंभ किये गये ऑनलाइन भुगतान का एक स्वरूप है। गूगल पे पर बैंक खाता जोड़ने के लिये यह आवश्यक है कि आपका बैंक यूपीआई से धन के लेनदेन की सुविधा प्रदान करता हो। यूपीआई आईडी ग्राहक का एक प्रकार का पता होता है जो यूपीआई पर आपकी पहचान प्रस्तुत कराता है। यूपीआई पिन वह नम्बर है जिसका प्रयोग कोई नवीन पेमेन्ट अकाउन्ट जोड़ते समय या कोई लेनदेन करते समय किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर उसे रीसेट भी किया जा सकता है। गूगल पे के साथ पेमेन्ट की सुविधा देने वाले जिन बैंकों के माध्यम से यूपीआई आईडी बनाया जाता है उनके नाम हैं - स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक आदि। उपभोक्ता उनके बैंक खाते के लिये ज्यादा से ज्यादा चार यूपीआई आईडी बना सकते हैं। यदि तकनीकी समस्या के कारण इनमें से कोई आईडी काम नहीं करती है तो पेमेन्ट हेतु अतिरिक्त आईडी का प्रयोग भी किया जा सकता है। यह ग्राहक की बैंक का पहचानकर्ता है, जिसकी मदद से सीधे अपने बैंक खाते से पैसे भेज सकते हैं या पा सकते हैं। यह एक एप है जिसकी स्थापना दिसम्बर 2015 में समीर निगम, राहुल चारी और बुर्जिन इंजीनियर ने की थी। यह एक ग्यारह भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। 11 अप्रैल 2016 में यूनिफाइड पेमेन्ट इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत हुयी, जिसके प्रयोग से पैसे के लेन-देन की प्रक्रिया आसान एवं सुविधाजनक हो गयी। आज यह जन-जन में प्रचलित है। इसकी दैनिक भुगतान की सीमा एक लाख रूपये प्रतिदिन है।

भारत द्वारा विकसित मेड इन इण्डिया पेमेन्ट सिस्टम यूपीआई देश की ऐसी व्यापक सफलता है जिसने न केवल भारतीय बल्कि विदेशी अर्थव्यवस्थाओं में भी गहरी पैठ बनायी है। प्रतिमाह लगभग 6 अरब रूपये का लेनदेन, 10 लाख करोड़ रूपये से अधिक मूल्य एवं 260 मिलियन उपयोगकर्ताओं की संख्या के आंकड़ों के साथ भारत में निर्मित एवं संचालित यूपीआई का विश्व का सर्वाधिक अच्छा प्रदर्शन करने वाला रीयल टाइम इकोसिस्टम कहलाने का गौरव प्राप्त है। मध्यस्थों को हटाकर इसने ऐसा भुगतान तंत्र विकसित किया है जो शुल्क रहित है जिसने 26 करोड़ (260 मिलियन) उपभोगकर्ताओं को आकर्षित किया है। भारत में इसकी पहुँच सर्वव्यापी है एवं 300 से अधिक बैंक यूपीआई उपयोगकर्ता बैंक खाते के माध्यम से अपने लिंकेज की पेशकश के प्रस्ताव रख रहे हैं। एनपीसीआई के मदद एवं भीम के अतिरिक्त 50 से अधिक सक्षम एप की भी पेशकश की गयी है। मई 2022 में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने इसकी पहुँच का विस्तार करते हुये ग्राहकों को फोन पर इस एप के माध्यम से कार्ड रहित लेनदेन में एटीएम से 5,000/- रूपये तक निकालने की सुविधा प्रदान की है। अप्रैल 2020 में यूपीआई को विदेशी बाजारों में स्थान बनाने हेतु NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड लांच किया और आज एशिया, मध्य पूर्व एवं यूरोप के अनेक देश आगे बढ़कर इस व्यवस्था से लाभान्वित हो रहे हैं। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा करवाये एक अध्ययन में ये तथ्य सामने आये हैं कि भारत में डिजिटल भुगतान उद्योग 2026 तक वर्तमान में 3 ट्रिलियन से बढ़कर 10 ट्रिलियन तक पहुँच जायेगा। एनपीसीआई के सलाहकार नंदन नीलकेणि का कहना है कि पेमेंट का यह सुरक्षित विकल्प है।

देश में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में यूपीआई सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रचलित प्लेटफार्म है। यह फण्ड ट्रान्सफर के साथ-साथ एवं मर्चेन्ट पेमेन्ट सिस्टम भी है। जनवरी 2020 से यूपीआई लेनदेन को शून्य शुल्क ढांचा अनिवार्य कर दिया था अर्थात् इस पर किसी भी प्रकार के किसी भी शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है। वर्तमान में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का इस भुगतान पर 'टियर्ड' चार्ज लगाने का विचार चल रहा है। इस संबंध में बैंक ने 3 अक्टूबर 2022 तक हितधारकों के सुझाव भी आमंत्रित किये। रिजर्व बैंक ने यह भी जानना चाहा है कि यदि भुगतान पर चार्ज लगाया जाता है तो क्या यह भुगतान मूल्य के आधार पर मर्चेन्ट डिस्काउन्ट रेट (MDR) लगाया जाना चाहिये या भुगतान मूल्य के बावजूद MDR के रूप में एक निश्चित राशि चार्ज की जानी चाहिये। बैंक ने यह भी पूछा है कि शुल्क की दर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया को निर्धारित करनी चाहिये या बाजार को यह निर्धारण की अनुमति दी जा जाये कि शुल्क प्रारंभ किये जाये अथवा नहीं। विविध भुगतान सेवाओं पर सेवा के बदले जो राशि व्यापारी से ली जाती है उसे एमडीआर कहा जाता है फिलहाल इस नि:शुल्क व्यवस्था का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

जुलाई 2022 में इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत 30 देशों से यूपीआई के संबंध में बात कर रहा है तथा इनके साथ एमओयू भी साइन हो रहे हैं। भारत के यूपीआई ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायी है। नेशनल पेमेन्ट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया इंटरनेशनल पेमेन्ट्स लिमिटेड जो संक्षेप में एनआईपीएल के नाम अधिक चर्चित है, ने यूपीआई के माध्यम से भुगतान को व्यापक बनाने हेतु यूरोपीय भुगतान सुविधाकर्ता वर्ल्ड लाइन के साथ साझेदारी की है एवं आईपीएल एनपीसीआई की अन्तर्राष्ट्रीय शाखा है। इस साझेदारी के

परिणामस्वरूप वर्ल्ड लाइन का क्यू आर कोड आधारित तंत्र व्यापारियों के पी.ओ.एस. (पाइंट ऑफ सेल) सिस्टम को मोबाईल फोन के माध्यम से यूपीआई भुगतान करने की व्यवस्था करेगा। यूरोप में भुगतान हेतु भारतीय रूपये डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड का भी उपयोग कर सकेंगे। यह इसके विस्तार की दिशा में नवीनतम प्रयास है। इसके अतिरिक्त 13 सितम्बर 2021 को दस देशों के साथ यूपीआई क्यू आर बेस्ड पेमेन्ट को लोकप्रिय बनाने हेतु एनआईपीएल ने समझौते पर हस्ताक्षर किये जो इसकी बड़ी सफलता मानी जाती है। यह समझौता सिंगापुर स्थित लिक्विड ग्रुप के साथ करते हुए घोषणा की गयी कि 'लिक्विड ग्रुप सिंगापुर, मलेशिया, थाइलैण्ड, फिलीपीन्स, वियतनाम, कम्बोडिया, हांगकांग, ताइवान, दक्षिण कोरिया और जापान के दस बाजारों में मर्चेन्ट एक्वायरिंग पार्टनर्स के एक व्यापक नेटवर्क को एकीकृत करता है। 2022 के प्रारंभ से सहयोग भीम एप का प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं को उत्तर और दक्षिण पूर्व एशिया में दो मिलियन से अधिक व्यापारियों को इस प्रणाली से भुगतान हेतु सक्षम बनाया जायेगा।' इस समझौते को व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करते हुए नेपाल को यूपीआई लागू करने वाला प्रथम विदेशी देश कहलाने का गौरव प्राप्त हुआ है। वहाँ की मनम इन्फोटेक और गेटवे पेमेंट्स सर्विस के सहयोग से पर्सन टू पर्सन (P2P) और पर्सन टु व्यापारी (P2M) और सीमा पार भुगतान को न केवल लागू किया गया बल्कि उसे लोकप्रिय भी बनाया गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई 2022 में सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर यूपीआई और पेनाऊ के बीच अन्तर को लागू करने की व्यवस्था का प्रारंभ किया है। भूटान ऐसा प्रथम देश है जिसने भीम एप के माध्यम से यूपीआई लेनदेन को अपनाया है। भूटान के रॉयल मॉनेटरी अथॉरिटी को 13 जुलाई 2021 को यह उपलब्ध कराया गया। मलेशिया में भी 2021 में मर्चेन्ट एशिया नामक संस्था ने एनआईपीएल के सहयोग से यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति प्रदान की गयी है। संयुक्त अरब अमीरात में लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग, मशरेक बैंक और नेटवर्क इन्टरनेशनल के साथ एनआईपीएल ने भागीदारी कर 21 अप्रैल 2022 को मशरेक के निओ पे के माध्यम से यूपीआई को वहाँ प्रारंभ किया है। ओमान में सेन्ट्रल बैंक ऑफ ओमान के साथ एनपीसीआई ने समझौते पर हस्ताक्षर कर क्यू आर आधारित यूपीआई पेमेन्ट उपलब्ध करवाने की व्यवस्था लागू की है।

यूरोप में भी इस व्यवस्था के विस्तार के सुखद समाचार प्राप्त हो रहे हैं। फ्रांस में लाइरा नेटवर्क ने एनआईपीएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं जिससे वहाँ विद्यार्थियों एवं पर्यटकों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्राप्त हो गयी है। यूनाइटेड किंगडम में भी भुगतान समाधान प्रदाता एक्सपर्ट के सहयोग से अगस्त से एनआईपीएल ने इस व्यवस्था को लागू किया है। यूरोप के अन्य देश भी इस परिधि में प्रवेश कर रहे हैं। वहाँ वर्ल्ड लाइन के साथ समझौता किया गया है जिससे बेल्जियम, स्विटजरलैण्ड और नीदरलैण्ड सहित अनेक बाजार भी इस व्यवस्था से लाभान्वित हो सकेंगे। जुलाई 2022 में भारत की इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत 30 देशों के साथ यूपीआई के संबंध में बात कर रहा है तथा इनके साथ एमओयू भी साइन करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भारत के गौरव को स्थापित करने वाले इस देशी (भारतीय) एप की सफलता वंदनीय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

प्राणायाम का युवा कार्यालय कर्मियों की निद्रा पर प्रभाव का एक अध्ययन

डॉ. अजय कुमार चौधरी* जसवंत मेनारिया**

* सह आचार्य, मीरा कन्या राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधकर्ता, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – कार्यालयों में कार्यभार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसके साथ समायोजन बैठाना कर्मचारियों के लिए कई बार दुष्कर हो जाता है। ऐसे में वह चिंता और तनावग्रस्त हो जाते हैं परिणामत: उन्हें नींद से संबंधित कई परेशानियां होने लगती है। यह देखा गया है कि कई कार्यालय कर्मियों को बेचैनी रहती है, पर्याप्त नींद नहीं आती। जिस कारण वे दिन में भी थकान का अनुभव करते हैं। उनका कार्य में मन नहीं लगता और एकाग्रचित्त की कमी रहती है। इस समस्या के समाधान में प्राणायाम का क्या योगदान हो सकता है यह जानने का प्रयास किया गया। एक प्रयोगात्मक समूह पर अध्ययन करते हुए यह ज्ञात हुआ कि साठ दिवस तक प्रतिदिन आधा घंटा प्राणायाम के अभ्यास से युवा कार्यालय कर्मियों की निद्रा के स्तर में सार्थक सुधार हुआ।

शब्द कुंजी – प्राणायाम, कार्यालय कर्मी, निद्रा, प्रयोगात्मक समूह।

प्रस्तावना – युवाओं विशेषकर कार्यालय कर्मियों में अनिद्रा तथा नींद की कमी की परेशानी कई बार देखने और सुनने को मिलती है। उनकी जीवनशैली अति व्यस्त हो गई है। वे मोबाइल पर अपना लंबा समय गुजारते हैं, कंप्यूटर के समक्ष आंखें गड़ाए बैठे रहने से उनका सिर भारी हो जाता है। घर लौटने पर भी वे कुछ घंटे टी.वी. जरूर देखते हैं। इन सब का मिश्रित प्रभाव उनकी दिनचर्या और निद्रा पर पड़ता है। मानसिक रूप से अशांत होने के कारण उन्हें सही से नींद नहीं आ पाती है।

Efficient Resourcing and Effective Governance through School Complexes/Clusters:

1. Establishment of primary school in every nook and corner of country under Samagra Shiksha Scheme.
2. Opportunities for teachers to teach multiple grades and subjects at a time.
3. State government will encourage establishing Bal Bhavans. Every child of all ages can visit Bal Bhavan once a week.
4. Every school should organize the celebration and honour for whole community to promote social, intellectual and volunteer's activity for the community as a Samajik Chetna Kendra.

Standard-setting and Accreditation for School Education:

1. The main aim of the school education system is to improve educational outcomes. Everyone will try to perform their excellence with complete transparency.
2. The department of school education will be responsible for policy making and monitoring as well as improvement of the education system of every state.
3. The Directorate of school education will work independently to implement policy of education in every state.
4. State School Standard Authority (SSSA) will work to maintain quality based education. The frame work for these parameters for quality education will be created by State Council of Educational Research and Training (SCERT).
5. The SCERT will develop a School Quality Assessment and Accreditation Framework (SQAAF).

Part II. Higher Education

Quality Universities and Colleges: A New and Forward-looking Vision for India's Higher Education System:

1. Higher education plays an important role in promoting sustainable livelihood and economic development of a nation.
2. Establishment of multidisciplinary universities and colleges in every district. The medium of instruction or programmes in local or any Indian languages.
3. Planning for multidisciplinary undergraduate education.
4. Restructure of curriculum, pedagogy, assessment, and student support for enhanced student experiences.
5. Reform in the appointment of faculty on the basis of merit and career progression based on teaching, research, and service.
6. Establishment of a National Research Foundation to provide fund for research activity in universities and colleges.

Institutional Restructuring and Consolidation:

1. Transforming higher education institutions into large multidisciplinary universities, colleges, and Higher Education Institutions (HEI) clusters and Knowledge Hubs. The strength for admission for each institution will be 3,000 or more students.

Towards a More Holistic and Multidisciplinary Education:

1. The motto of higher education is to develop all capacities of human beings such as intellectual, aesthetic, social, physical, emotional, and moral in an integrated manner.

2. Model universities for multi disciplinary education with IITs, IIMs, etc., called MERUs (Multidisciplinary Education and Research Universities). Its aim is to attain higher quality of education in India.

Optimal Learning Environments and Support for Students:

1. The curriculum must be updated, interesting and relevant with the latest knowledge and learning outcomes.
2. It must attract the large number of foreign student to study in Indian university.
3. Students must have plenty of opportunities for participation in sports, culture, arts clubs, eco-clubs, activity clubs, community service projects etc.
4. Government will provide financial support to the needy students. Scholarship will provide the meritorious students belonging to SC, ST, OBC, and other Socio-Economical Disadvantaged Groups (SEDGs).

Motivated, Energized, and Capable Faculty:

1. The most important factor for the success of higher education is the appointment of quality and meritorious faculty.
2. The student- teacher ratio should not be much difference. It will create the comfortable atmosphere for teaching learning process.

Equity and Inclusion in Higher Education:

1. Opportunities will be available to all individuals to maintain the quality of higher education.

Teacher Education:

1. Teachers must be well-versed in Indian values, languages, knowledge, ethos, and traditions including tribal traditions, and latest advances in education and pedagogy.

Importance of Vocational Education:

1. There must be a clear action plan to provide vocational education to 50% of students in school and higher education system.

National Research Foundation will provide Quality Academic Research in all fields of education.

Transforming the Regulatory System of Higher Education:

1. All educational institutions of India will work as a not to profit organisation.

Effective Governance and Leadership that enables the creation of a culture of excellence and innovation in Higher Education Institutions.

1. It creates an opportunities for strong self-governance and outstanding merit-based appointments of institutional leaders.

Part III. Other Key Areas Of Focus:

1. Professional Education such as agricultural universities, legal universities, health science universities, technical universities and in other fields is an integral part of the higher education system in India.
2. Adult literacy programme will conduct with the help of volunteerism and community involvement.
3. More emphasis will be given for the promotion of Indian Languages, Arts & Culture in higher education system.
4. Use of information and communication technology in education system of India.
5. Online and Digital Education is one of the important source of teaching learning process during the time of pandemic.

Part IV. Making It Happen:

1. Central Advisory Board of Education (CABE) will prepare a long term vision for the successful of New National Education Policy 2020.
2. Government of India will expenditure from its economic budget for providing Affordable and Quality Education for All.

Government of India will require multiple initiatives and actions to implement this New Education Policy 2020:

1. For the implementation of this Policy will be led by various bodies including MHRD, CABE, Union and State Governments, education-related Ministries, State Departments of Education, Boards, NTA, the regulatory bodies of school and higher education, NCERT, SCERTs,
2. Implementation of this policy in a phased manner.
3. Since education is a concurrent subject, it will need careful planning, joint monitoring, and collaborative implementation between the Centre and States.
4. Timely infusion of requisite resources human, infrastructural, and financial at the Central and State levels will be crucial for the satisfactory execution of the Policy.
5. The entire policy will be in an operational mode by 2030-40 in India.

Conclusion: Present days India is moving towards one of the developed countries as well as one of the three largest economies in the world. So India needs to develop in the field of climatic change, pollution, depletion of resources, energy, water, food, sanitation, and new skilled labour as well as in biology, chemistry, physics, agriculture, climate science, and social science. India also needs to develop research in the field of infectious disease management and development of vaccines due to growing emergence of epidemics and pandemics. As per the needs of present world, India must follow quickly changing in employment landscape and global ecosystem. Our children should know how to learn. Our education system must be based on less content and more towards learning. Our content must be develop in problem solving and critical thinking as well as creative and multidisciplinary, innovate and ready to accept the learning of present change. Pedagogy must evolve to make education more enjoyable and based on practical, experiential, discovery-oriented, learner-centred, discussion-based and flexible.

References:-

1. National Education Policy 2020. (Ministry of Human Resource Development, Government of India)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

मानव एवं पशुसाधन आधारित जैविक कृषि का स्वरूप

चाँदनी कुशवाहा*

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - हमारा देश कृषि प्रधान देश है जो पुरातन काल से ही यहां कृषि का कार्य हो रहा है यहां 75 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है कृषि एवं पशुओं का परस्पर धनिष्ठ संबंध है ये एक दूसरे के पूरक है ये वह कृषि है जिसमें पर्यावरण के स्वच्छ प्राकृतिक संतुलन को कायम रखते हुऐ भूमि, जल, वायु को प्रदूषित किये बिना दीर्घ कालीन व स्थिर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। ये प्रदूषण रहित कृषि है ये कृषि पशुओं पर आधारित है जो एक के द्वारा दूसरे का पोषण होता है। कृषि का उत्पाद पशुओं का भोजन है और पशुओं का उत्पाद कृषि है! एक अच्छा पोषण अच्छा स्वास्थ्य दूसरे के अच्छे उत्पादन का कारण बनता है। अपनी जमीन में कृषि करके उसमें से जो भूसा-चारा निकलता है उससे पशुओं का लालन पालन हो जाता है। जो पूरी कृषि करने के लिए खाद व कीटनाशक के रूप मे पर्याप्त गोबर गोमूत्र किसानों को प्राप्त होता है। ये जैविक कृषि का मुख्य पोषक तत्व है।

जैविक कृषि की मूलभूत आवश्यकताएं- खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, मृदा सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा।

कृषि कार्यों में पशुधन का महत्व - पशुधन का उपयोग मानव जीवन में निम्न प्रकार से होता है।

1. **कृषि मे पशुओ का उपयोग -** आज के समय मे देखा जाये तो कृषि करने के लिऐ पशुपालन करना अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यहाँ जाते औसत आकार 2 हैक्टेयर से भी कम है। अत: यांत्रिक कृषि सम्भव नही है। भारतीय कृषि मे अभी भी पशुओं के द्वारा कृषि की जाती है। विश्व मे पाये जाने वाले पशुओं की संख्या का 1/4 भाग भारत में है। विश्व में लगभग 20 प्रतिशत गाय, बैल भारत में पाये जाते है। पशुओं का घनत्व भारत में 102 प्रतिवर्ग किलोमीटर है। कृषि के कार्यों में पशु खेती की तैयारी से लेकर जब तक फसल उत्पाद की बिक्री ना हो जाए तब तक सभी कार्यों में सहयोग करते है। बैल हल चलाने में, पाटा चलाने में, सिंचाई के स्त्रोतों को चलाने में, गहाई, बुआई, जुताई कराने में, बोझा ढ़ोने में, इत्यादि सभी कार्यों में मदद करते है। किसानों की गरीबी, खेतों का छोटा आकार, यॉत्रिक मशीनों के रख-रखाव में अज्ञानता के कारण अधिकांश किसान पशु चालित कृषि यत्रों पर निर्भर है।

2. **स्वास्थ्य के लिए दूध द्वारा पशु प्रोटीन की मात्रा-** हमारे देश में महिलओं और पुरूषों का स्वास्थ भी पशुपालन पर आधारित है। क्योंकि हमारे देश में शाकाहारी लोग अधिक हैं। अत: पशु प्रोटीन का एक मात्र स्त्रोत दूध ही है। उन देशों में जहाँ लोग माँस अण्डा खाते हैं, प्रत्येक पुरूष के लिए लगभग 450 ग्राम दूध प्रतिदिन की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से हमारे देश में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति को 500 ग्राम दूध उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन स्थिति यह है कि देश में जितना दूध उपलब्ध होता है। वह प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 186 ग्राम हिस्से में आता है। गाय के दूध में 4.50% वसा, 3.45% प्रोटीन, दूध सर्करा 0.7% खनिज लवण में पाया जाता है। हमारे शरीर के पोषण एवं वृद्धि के लिए मुख्यत: प्रोटीन व विटामिन की आवश्यकता होती है। सभी पदार्थ में पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होते है। जो हमारे शरीर को स्वास्थ बनाती है।

3. **भूमि की उर्वरकता के लिए जीवांश खादों की प्राप्ति-** पशुओं के मलमूत्र का भी हमारे कृषि की अर्थव्यवस्था में भारी योगदान है। पशु हमें कृषि करने के लिए अच्छे बैल और खाने-पीने के लिए दूध, दही, घी, मट्ठा तो देती ही है। उसके साथ हमारी कृषि भूमि की उर्वराशक्ति को बनाए रखने में भी बहुमूल्य योगदान देती है। जैसे- गोबर से जैविक खाद बनाना, गोमूत्र से कीटनाशक बनाना आदि। ये सब पशुपालन करके पूरा किया जाता है। अनाज, फल, सब्जियों को बाजार में बेचने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने के लिए बैल-गाड़ी की सहायता से कर सकते हैं। खाना पकाने में भी उपले की जरूरत होती है। गोबर गैस के लिए गोबर की आवश्यकता होती है, जो पशुपालन करके पूरा किया जाता है।

4. **देश की अर्थव्यवस्था में पशुओं का योगदान-** पशुओं से प्राप्त चमड़ा भी हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, और इससे करोड़ों रूपये के बराबर विदेशी मुद्रा अर्जित होती है।

5. **पशु पालन से मनुष्य को व्यवसाय व रोजगार की प्राप्ति-** ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के अलावा पशुपालन भी साथ में करते हैं, क्योंकि पशुपालन करने का मुख्य उद्देश्य कृषि की जरूरतों को पूरा करना दूध, दही, घी, पनीर, उत्पादन से सम्बन्धी व्यवसाय करना, गोबर के उपले बनाकर बेचना, गोबर की खाद बनाकर बेचना, गोबर की गैस बनवाना, आदि सम्बन्धी कार्य किया जाता है जिससे लोगों को रोजगार भी मिल जाता है भारत में 7.5 करोड़ महिलाऐं पशुपालन के कार्य में लगी हुई हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि देश की जैविक खेती में पशुओं का ही योगदान है। कृषि उत्पादन में उन्नति भी कुछ हद तक पशुओं के उपर निर्भर करती है।

समस्याएँ- हमारे देश में गायें अब सुखी पूर्वक नहीं रह रही हैं। उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है। जिसके कारण उनकी जनसंख्या निरन्तर घटती जा रही है। आधे पेट भोजन मिलने के कारण उनका दुग्ध उत्पादन घट रहा है जिसके कारण उनकी संताने कमजोर होती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो किसान कृषि कर रहे हैं, वे पशुपालन को महत्व नहीं देते हैं। वे बाहरी खाद कीटनाशकों पर निर्भर रहते हैं। अब खेती करने के लिए ट्रैक्टर, हारवेस्टर आदि का उपयोग करने की वजह से वे अब खेतों में जुताई के लिए

बैलों का उपयोग नहीं करते हैं। जिससे दिन प्रतिदिन पशुपालन का स्तर घटता जा रहा है, और कृषि करने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है, क्योंकि कृषि करने के लिए अनेक पदार्थों की आवश्यकता होती है। लेकिन किसान तो अब बाजार के ही पदार्थों पर निर्भर रहने लगे हैं। कृषि का सामान लाना ले जाना अब ट्रैक्टर, द्वारा किया जाता है जिसके कारण धीरे-धीरे पशुपालन में कमी होती जा रही है।

निष्कर्ष- निष्कर्ष में यह कहा गया है कि मानव एवं पशुधन पर आधारित अनेक समस्याएं है। उनके निवारण के लिए सरकार किसानों को कृषि से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ दें। पशु पालन करने के लिए सरकार सब्सिडी दें। कमजोर व आवारा पशुओं को सरकार द्वारा स्थापित गो-सदन में भेज दिया जाऐ यदि देश के आधे परिवार भी अपने घर में अच्छी नस्ल की गाय पालकर उनके लिए उत्तम भोजन की व्यवस्था करें तो देश में कुछ समय बाद ही अच्छी गाये हो जायेंगी। जिनके द्वारा दूध, दही, घी बहुत होगा साथ ही जैविक खेती करने के लिए किसानों को अच्छी खाद व कीटनाशक पर्याप्त मात्रा में मिल जाएगी और उत्तम बैल मिलने पर मिलने पर देश में धन-धान्य की कमी न रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. महेश चन्द्र - भारतीय कृषि की आर्थिक समस्या।
2. पी.के. गुप्ता - कृषि अर्थशास्त्र।
3. मोहन चदत्रावार -जैविक खेती और पशुप्रबंधन।
4. श्री श्याम प्रसाद शर्मा - कृषि विज्ञान।
5. अरूण के शर्मा - जैविक खेती: नई दिशाएँ सजीव-सरल-सतर्त्अ
6. प्रतियोगिता दर्पण ।
7. कुरूक्षेत्र पत्रिका, मई 2019, नई दिल्ली ।
8. श्री श्याम प्रसाद शर्मा, कृषि विज्ञान, नगीना प्रकाशन, मेरठ उ.प्र.।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारतेंदु युगीन पत्रकारिता परम्परा पर एक नजर

डॉ. गुलाब सिंह डावर*

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरोद, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत में पत्रकारिता का आरंभ यद्यपि हिकिज गजट के प्रकाशन होने के साथ ही हो गया था। परंतु भारतीय सन्दर्भों में पत्रकारिता की वास्तविक शुरुआत 1826 में हिंदी के प्रथम समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ मानी जाती हैं। अंग्रेजी पत्रकारिता की केन्द्रीय सोच व्यावसायिक अधिक थी और जो वैचारिक थी वह भारतीय जनमानस कों पश्चिमी विचारधारा से प्रभावित करना था। हिंदी पत्रकारिता का ध्येय जन्म से ही जन सामान्य के दु:ख दर्दो कों अभिव्यक्ति देना और उसमे स्वतंत्र चेतना का विकास करना था। हिंदी पत्रकारिता लगभग पौने दो-सौ वर्ष लम्बी जीवन यात्रा तय करती हैं।

हिंदी साहित्य का कालविभाजन और नामकरण सीमांकन को लेकर अनेक पक्ष हमारे सामने आते हैं। किसी कालखण्ड का आरम्भ किस समय से होता हैं। वैज्ञानिक सत्यता के आधार पर नहीं बताया जा सकता कौन सा कालखण्ड कब बदला। वस्तुत: कालखंड का बदलाव एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं। इसे लेकर अलग अलग मत सामने आते हैं।

भारतेंदु युग (1857-1900 ई)- हिंदी पत्रकारिता में भारतेंदु हरिश्चन्द्रजी ने 1868 से पत्र पत्रिकाओं के लिए लिखना आरंभ कर दिया था। साहित्य प्रेमियों के लिए 'कवि वचन सुधा' का प्रकाशन किया ,किन्तु अपनी छाप पत्रकारिता में हरिश्चंद्र चन्द्रिका (1884) से छोड़ी। भारतेन्दुयुगीन पत्रकारों में बालकृष्ण भट्ट ,बद्रीनारायण प्रेमधन,पंडित प्रताप नारायण मिश्र आदि साहित्यकार ने जनता मे राष्ट्रीय एकता की भावना जाग्रत करना उनका मुख्य उद्देश्य था।यह युग नवीन विचारधारा से भरा हुआ माना जाता हैं। भारतवासियों के मन में देश कों स्वतंत्र कराने के बीज पुष्पित ,पल्लवित होने लगे थे। वे स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए जागरूक हो रहे थे। उन्हें धीरे-धीरे अपनी संस्कृति ,सभ्यता के साथ भाषा के प्रति नव चेतना पैदा हो रही थी। इस काल में भारतेंदु जी ने साहित्य की समस्त विधाओं के प्रेरणास्रोत बनकर उभरे व सांस्कृतिक समन्वय का प्रयास किया ,इसीलिए उन्हें हिंदी के इस युग का 'प्रवर्तक' कहा जाता हैं।

हिंदी साहित्य की धारा को श्रृंगारकालीन परम्पराओं और रुढियों के बंधन से हटाकर राष्ट्रीयता और समाज सुधार आदि की नयी दिशा में ले जाने का महत्वपूर्ण कार्य भारतेंदु ने ही आरम्भ किया। उनके कविताओं में स्वतन्त्रता और क्रान्ति के स्वर का जयघोष सुनाई देता हैं। हिंदी मैं राष्ट्रीय काव्यधारा के विकास के साथ वे भाषा के लिए मशाल लेकर खड़े हो गए थे। उन्होंने लिखा था कि 'निज भाषा उन्नति आहै ,सब उन्नति कों मूल' **'भारतेंदु का उदय भारतीयता ,राष्ट्रीय चेतना का उदय था। यह वह युग था जब हिंदी भाषा के जीवन मैं नवीन रक्त का संचार हुआ। भारतेंदु जी ने संस्पर्श से हिंदी गद्य और पद्य दोनों कों नवीन स्फूर्ति ,नयी चेतना, नूतन कल्पना ही नहीं मिली वरन पत्राकारिता की अवरुद्ध गति कों भी बल मिला। उन्होंने अपनी प्रेरणा और अपने द्रव्य से अनेक पत्रों का सम्पादन व प्रकाशन किया।'**[1]

15 अगस्त 1867 कों काशी से 'कवि वचन सुधा' मासिक पत्रिका का प्रकाशन कर हिंदी पत्रकारिता में नए युग का सूत्रपात किया। पत्रिका क माध्यम से भारतेंदु जी ने भारतीय जनता कों हिंदी कविता की परम्परा से परिचित कराने का प्रयास किया। हरिश्चंद्र चन्द्रिका में कविता ,आलोचना, उपन्यास ,हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता है। **'जनवरी 1874 में भारतेंदु जी ने 'बालबोधिनी' नामक मासिक पत्रिका निकाली जो स्त्रियों की पत्रिका थी। यह पत्रिका नारी जागरण की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि हिंदी की भाषा शैली की दृष्टि से भी उल्लेखनीय थी।'**[2] भारतेंदुयुगीन काव्य प्रवर्तियों में हिंदी काव्य को श्रृंगारपूर्ण और राजाश्रय के वातावरण से निकालकर राष्ट्रप्रेम ,समाज सुधार आदि की स्वस्थ्य भावनाओं से ओतप्रोत कर उसे आम जन तक पहुँचाया एवं आपस में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश प्रेम की व्यंजना ,सामाजिक चेतना ,भक्ति भावना ,हिन्दू संस्कृति से प्रेम ,प्राचीनता और नवीनता का समन्वय,भाषा, प्रेम श्रृंगार और सोंदर्य का वर्णन ,हास्य ,व्यंग्य ,प्रकृति चित्रण ,रस ,भाषा, काव्यरूप प्रमुखता से रही हैं।

युगीन पत्र-पत्रिकाएँ- भारतेंदु के उदय के पूर्व पत्र पत्रिकाओं के विकास का प्रथम दौर पूरा हो चुका था। पत्र पत्रिकाओं का सम्बंध सीधे जन जागरण से हैं। किसी प्रकार के अन्याय या पक्षपात का प्रतिकार करने के लिए जनता जब उठ खड़ी होती हैं तो उसे अपनी आवाज बुलंद करने के लिए पत्र पत्रिकाओं का सहारा लेना पड़ता हैं। उन दिनों जन जागरण का केंद्र कलकत्ता नगर था। हिंदी पत्रकारिता का आरंभ वही से माना जाता हैं। **'उदन्त मार्तण्ड (1826) बंगदूत (1829) प्रजामित्र (1834) बनारस अखबार (1845) मार्तण्ड (1846) मालवा अखबार (1849) सुधाकर (1850) बुद्धि प्रकाश (1852) समाचार सुधावर्षण (1854) प्रजाहितेशी (1855) तत्व बोधिनी (1865) ज्ञानप्रदायिनी (1866) वृतांत विलास (1867) आदि।'**[3] साप्ताहिक पत्रों का ही प्रकाशन हुआ। पत्र पत्रिकाओं का उददेश्य जनता में जागरण और सुधार की भावना उत्पन्न करना था। अन्याय का प्रतिकार भी ,अपनी सीमाओं में ये पात्र पत्रिकाएँ करती थी। कई पत्रिकाए दो-दो या तीन-तीन भाषाओ में निकलती थी।

इनमें प्रयुक्त हिंदी हिंदी भाषा टूटी-फूटी और अपरिमार्जित होती थी।

भारतेंदुजी का स्थान हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अन्यतम हैं। हिंदी पत्रकारिता के दूसरे उत्थान में हिंदी भाषा का रूप स्थिर और परिमार्जित हुआ। जागरण और सुधार की भावना का प्रसार हुआ तथा अनेक जाति के उत्थान के लिए जातीय और धार्मिक पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन आरम्भ किया। पत्र पत्रिकाओं में गंभीर लेख कुछ शुद्ध साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन भी हुआ। **'कवि वचन सुधा (1868) जगत समाचार (1869) सुलभ समाचार (1871) बिहार बंधु (1871) चरणादि चंद्रिका (1873) हरिश्चंद्र मैगजीन (1873) बालबोधिनी (1874) भारतबंधु (1874) काशी पत्रिका (1875) हिंदी प्रदीप (1877) कायस्थ समाचार (1878) आर्यमित्र (1878) उचित वक्ता (1878) भारत सुदशा (1879) सार सुधानिधि (1879) क्षत्रिय पत्रिका (1880) आनंद कादम्बिनी (1881) भारतेंदु (1883) देवनागरी प्रचारक (1882) ब्राह्मण (1883) काशी समाचार (1883) इंदु (1883) कान्यकुब्ज प्रकाश (1884) हिन्दोस्थान (1885) भारतोदय (1885) आदि।'**[4]

हिंदी पत्रकारिता में तृतीय उत्थान में 200 से अधिक छोटी बड़ी हिंदी पत्र पत्रिकाएँ प्रकाशित हुई। इनमें हिंदी भाषा की सुचना भी मिलती हैं। **'आर्यवर्त (1887) रहस्य चंद्रिका (1888) हिंदी बंगवासी (1890) नागरी-निरद (1893) साहित्य सुधा निधि (1894) श्री वेंकटेश्वर समाचार (1895) विधा विनोद (1895) नागरी प्रचारिणी पत्रिका (1896) रहस्यापूर्ति (1897) रसिक पत्रिका (1897) उपन्यास (1898) पंडित पत्रिका (1898) सरस्वती (1900) आदि।'**[5] तीसरे उत्थान तक राजनितिक चेतना का केंद्रबिंदु बंगाल ही था। हिंदी प्रदेश में भारतेंदु के समय में जो राष्ट्रीय जागरण की लहर आई थी ,उसे हिंदी प्रदीप ने पूरी शक्ति से जीवित रखा। **'इस पूरी अवधि में राष्ट्र का नेतृत्व काँग्रेस के नरम या उदार नेताओं के हाथ में था। इसलिए पत्र पत्रिकाओं में भी सामान्यत: विद्रोही स्वर मुखरित नहीं हुआ। यह प्रवृति लोकमान्य तिलक की प्रभाववृथि के बाद आगे चलकर व्यक्त हुई।'**[6]

मालवीय युग- सन 1887 में काका काकर के राजा रामपाल सिंह ने मालवीय जी के सम्पादकत्व में **'हिन्दोस्थान'** नाम समाचार पात्र का प्रकाशन आरम्भ किया,बाद में मालवीय जी ने स्वयं **'अभ्युदय'** नामक पत्रिका निकाली। मालवीय युग में पात्र पत्रिकाओं में लीडर,हिन्दुस्तान टाइम्स, सनातन धर्म ,मर्यादा प्रमुख हैं। बालमुकुन्द गुप्त,अमृतलाल चक्रवर्ती, गोपालराम गहमरी आदि उस युग के प्रमुख सम्पादक थे। पत्रिका का लक्ष्य राजनैतिक चेतना जागृत करना था।

भारतेंदुजी के प्रथम उत्थान का अंत होते-होते तो अनूदित उपन्यासों का ताता बंध गया। पिछले अनुवादको का अपनी भाषा पर वैसा अधिकार न हुआ था। अधिकांश अनुवादक प्राय: भाषा का ठीक हिंदी रूप देने में असमर्थ रहे। कहीं-कहीं तो शब्द और मुहावरे तक ज्यो की त्यों रख दिए जाते थे। अनुवादको में नए ढंग के सामाजिक और ऐतिहासिक उपन्यासो के ढंग का अच्छा परिचय हो गया और स्वतंत्र उपन्यास लिखने की प्रवृति और योग्यता उत्पन्न हो गई।

हिंदी गद्य की पात्र पत्रिकाओं में भारतेंदु हरिश्चंद्र के जीवन काल में अनेक पत्रिकायें निकली। अधिकांश पत्र पत्रिकाएँ तो थोड़े ही दिन चलकर बंद हो गई ,पर कुछ ने लगातार बहुत दिनों तक लोकहित साधन और हिंदी की सेवा की हैं जैसे- बिहार बंधु ,भारत मित्र ,भारत जीवन ,उचित वक्ता,दैनिक हिन्दोस्थान ,आर्यदर्पण ,ब्राह्मण ,हिंदी प्रदीप आदि। **'मित्र विलास'** सनातन धर्म का समर्थक पत्र था ,जिसमें पंजाब में हिंदी का बहुत कुछ कार्य किया था। 'ब्राह्मण' 'हिंदी प्रदीपय और 'आनंदकादम्बिनी' साहित्यिक पत्र थे,जिनमें बहुत सुन्दर मौलिक गद्य प्रबंध और कविताएँ निकाला करती थी। इन पत्र पत्रिकाओं को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

मूल्यांकन - वस्तुत: भारतेंदु युग देश के पुनर्जागरण के साथ साहित्य का नवजागरण युग माना जाता हैं। जिसने शताब्दियों से सोये हुए देशवासियों में स्वतन्त्रता की चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इस काल में कुटियों से लेकर राजमहलो तक आम आदमी के मन में काव्य रस ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की हैं। इस युग के लेखको के साहित्य में अनेक नए विषयों कों समाहित किया हैं जिसने इस काल की नई प्रवृत्ति कों जन्म दिया।

आलोच्चयुगीन गद्य साहित्य के विवेचनात्मक सर्वेक्षण के आधार पर कहा जा सकता हैं कि इस युग के साहित्य सृजन का प्रेरक तत्व राष्ट्रीय सांस्कृतिक जागरण ही था। भारतेंदु ने साहित्य के नए पथ पर मोड़ दिया था और साहित्य तथा समाज के अंतराल कों कम किया था। आलोच्य युग में यह जागरण प्रत्येक साहित्यिक विधा का अंतर्वर्ती प्रवाह बन गया। निबंध हो या आलोचना कहानी हो हा उपन्यास उसके कलात्मक परिधान कों हटा देने पर भीतर राष्ट्रीय सांस्कृतिक जागरण की चेतना अवश्य परिलक्षित होती हैं। साहित्य कुछ रसिको की वस्तु न रहकर समस्त शिक्षित जनता की वस्तु बन गया। नयी जीवन दृष्टि ने नयी भाषा को माध्यम बनाया। खड़ी बोली पूर्णत: प्रतिष्ठित हुई ,उसे पंडिताऊपन और ठेट गंवारूपन से मुक्त करके मांजा संवारा गया। वस्तुत: हिंदी प्रदेश की जनता अपने सारे जीवन को नए ढंग से व्यवस्थित कर रहे थी। अपने कों नए युग के अनुकूल बना रही थी। इसलिए भाषा कों भी युग की नई चेतना की अभिव्यक्ति के लिए सक्षम बनाने की चेष्टा की गई। लेकाको का ध्यान हिंदी के प्रचार प्रसार और परिमार्जन के साथ ही उसके अभावों की ओर भी गया। और अपने सीमित साधनों कों संगठित करके उन्होंने योजनाबद्द रूप में साहित्य के अभावों की पूर्ति का प्रयत्न किया। नागरी प्रचारिणी सभा और हिंदी साहित्य सम्मेलन इसी भावना के प्रतीक हैं। साहित्य सृजन की मूल प्रेरणा समाज सुधार ,चरित्र निर्माण या व्यापक राष्ट्रहित होने के कारण इस काल की साहित्य कृतियों में कलात्मक निखार तो नहीं आया किन्तु सभी प्रकार की गद्य विधाओं की विकास परम्परा का आरम्भ अवश्य हो गया। साहित्य के दुर्लभ ग्रंथो की खोज हिंदी साहित्येतिहास के निर्माण प्राचीन ग्रंथो का प्रकाशन और ज्ञान विज्ञान से सम्बन्ध उपयोगी साहित्य की सृष्टि को प्रोत्साहन देकर इन संस्थाओं ने साहित्य निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई हैं। ज्ञान के साहित्य का माध्यम बनाने की दिशा में जो कुछ किया गया वह इन संस्थाओं और 'सरस्वती' जैसी कुछ पत्रिकाओं द्वारा ही किया गया। भारतेंदु का सबसे बड़ा योगदान यह हैं की उन्होंने हिंदी साहित्य कों नवीन मार्ग दिखलाया। देश हित एवं समाज हित की भावना का समावेश सर्वप्रथम भारतेंदुजी की साहित्यिक रचनाओं में हुआ हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ. हरदयाल ,हिंदी साहित्य का इतिहास ,मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ. 471

2. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ. हरदयाल ,हिंदी साहित्य का इतिहास ,मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ. 513
3. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ. हरदयाल ,हिंदी साहित्य का इतिहास,मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ. 469
4. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ. हरदयाल ,हिंदी साहित्य का इतिहास,मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ. 471
5. डॉ. नगेन्द्र एवं डॉ. हरदयाल ,हिंदी साहित्य का इतिहास ,मयूर बुक्स, नई दिल्ली, पृ. 471
6. कर्मवीर– 17 जनवरी 1919 ई. को साप्ताहिक 'कर्मवीर' प्रकाशन, खंडवा (म. प्र.) से आरंभ

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

मुरार विकासखंड के विद्यालयीन बालकों के अहारीय तुलनात्मक अध्ययन

निधि यादव* डॉ. मंजू दुबे**

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'आहार जीवन का आधार है। प्रत्येक प्राणी के जीवन के लिये आहार आवश्यक है।'[1] इसके अभाव में मनुष्य का शरीर कमजोर और रोग ग्रस्त हो जाता है। 'भोजन मनुष्य की भूख को शांत करता है, शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, शरीर का निर्माण एवं ऊतकों की टूट-फूट की मरम्मत करता है, शरीर की रोगरोधक क्षमता में वृद्धि करता है।'[2] आहार का सामाजिक महत्व भी है। 'भोजन के माध्यम से लोग अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा दर्शाते हैं तथा विवाह, जन्मदिन आदि शुभ अवसरों पर खास भोजन परोसते हैं।' भोजन के माध्यम से लोग अपने मनोभाव व्यक्त करते हैं। आतिथ्य सत्कार करके लोग सम्मान व आत्मीयता व्यक्त करते हैं। आहार के सामान्तया दो स्वरूप देखे जाते हैं- 1. शाकाहारी, 2. मांसाहारी। बालकों का आहारीय स्वरूप उनके परिवार की संरचना, संवर्ग, परिवार की आय, शैक्षिक स्तर एवं लिंग आदि से प्रभावित हो सकता है।

उद्देश्य– प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य है:

1. विद्यालयीन बालकों के आहारीय स्वरूप का अध्ययन करना।
2. विद्यालयीन बालकों के आहार स्वरूप का आर्थिक सामाजिक कारकों के आधार पर विश्लेषण करना।

शोध प्रविधि – मुरार विकासखण्ड के विद्यालयीन बालकों के आहारीय स्वरूप का अध्ययन करने के लिये 50 बालकों एवं 50 बालिकाओं कुल 100 विद्यार्थियों का दैव निदर्शन विधि से चयन किया गया। तथ्यों के संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची निर्मित की गई। प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन कर निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन– संकलित किये गये तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन तालिका क्रमांक 1-6 में प्रदर्शित किया गया है-

तालिका क्रमांक – 1: विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का आवास के अनुसार वर्गीकरण

आवास	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
ग्रामीण	39	39.0	11	11.0	50	50.0
नगरीय	20	20.0	30	30.0	50	50.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक -1 में विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का आवास के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका दर्शाती है कि मुरार विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र के सर्वेक्षित 50(50.0%) विद्यार्थियों में 39(39.0%) विद्यार्थी शाकाहारी तथा 11(11.0%) मांसाहारी पाये गये तथा नगरीय क्षेत्र के 50(50.0%) विद्यार्थियों में 20(20.0%) विद्यार्थी शाकाहारी तथा 30(30.%) मांसाहारी पाये गये। इस प्रकार मुरार विकासखण्ड में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 59(59.0%) पाई गई है जो कि मांसाहारी विद्यार्थियों 41(41.%) की तुलना में अधिक है। शाकाहारी विद्यार्थियों की सर्वाधिक संख्या 39(39.0%) ग्रामीण क्षेत्र में मांसाहारी विद्यार्थियों की सर्वाधिक संख्या 30(30.0%) नगरीय क्षेत्र में पाई गई है।

तालिका क्रमांक – 2: विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का लिंगानुसार वर्गीकरण

लिंग	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
बालक	27	27.0	23	23.0	50	50.0
बालिकायें	32	32.0	18	18.0	50	50.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक - 2 में विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का लिंगानुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका दर्शाती है कि 27(27.0%) बालक शाकाहारी तथा 23(23.0%) बालक मांसाहारी पाये गये। इस प्रकार शाकाहारी बालकों की संख्या मांसाहारी बालकों की तुलना में अधिक पाई गई। बालिकाओं के आहारीय स्वरूप का विश्लेषण करने पर 32(32.0%) बालिकायें शाकाहारी तथा 18(18.0%) मांसाहारी पाई गईं। इस प्रकार शाकाहारी बालिकाओं की संख्या मांसाहारी बालिकाओं की तुलना में अधिक पाई गई। बालक एवं बालिकाओं का तुलनात्मक अवलोकन करने पर शाकाहारी विद्यार्थियों में बालिकायें बालकों की तुलना में अधिक पाई गईं तथा मांसाहारी विद्यार्थियों में बालक बालिकाओं की तुलना में अधिक पाये गये।

तालिका क्रमांक – 3: विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का पारिवारिक संरचना के अनुसार वर्गीकरण

पारिवारिक संरचना	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
संयुक्त	41	41.0	09	09.0	50	50.0
एकाकी	18	18.0	32	32.0	50	50.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक - 3 में विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का पारिवारिक संरचना के अनुसार वर्गीकरण किया गया हे। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि शाकाहारी परिवारों की संख्या 41(41.0%) एकाकी परिवारों की संख्या 18(18.0%) की तुलना में अधिक है तथा मांसाहारी

परिवारों में एकाकी परिवारों की संख्या 32(32.0%) संयुक्त परिवारों की संख्या 09(9.0%) की तुलना में अधिक है। संयुक्त एवं एकाकी परिवारों के आहारीय स्वरूप का तुलनात्मक विश्लेषण करने पर संयुक्त परिवारों में शाकाहारी परिवारों की संख्या तथा एकाकी परिवारों में मांसाहारी परिवारों की संख्या अधिक पाई गई।

तालिका क्रमांक – 4: विद्यार्थियों आहारीय स्वरूप का संवर्ग के अनुसार वर्गीकरण

संवर्ग	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
सामान्य	15	15.0	09	09.0	24	24.0
अनुसूचित जाति	20	20.0	11	11.0	31	31.0
अनुसूचित जनजाति	03	03.0	04	04.0	07	07.0
पिछड़ा वर्ग	21	21.0	17	17.0	38	38.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक – 4 में विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का संवर्ग के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका दर्शाती है कि सामान्य जाति के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 15(15.0%) है जो कि मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या 9(9.0%) की तुलना में अधिक है। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 20(20.0%) है जो कि मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या 11(11.0%) की तुलना में अधिक है। अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या 04(4.0%) है जो कि शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 3(3.0%) की तुलना में मामूली अधिक है। पिछड़ा वर्ग में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 21(21.0%) मांसाहारी विद्यार्थियों 17(17.0%) की तुलना में अधिक है। संवर्ग के आधार पर तुलनात्मक वर्गीकरण करने पर सामान्य, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या मांसाहारी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक पाई गई तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या शाकाहारी विद्यार्थियों की तलना में अधिक पाई गई।

तालिका क्रमांक – 5: विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का व्यवसाय के अनुसार वर्गीकरण

व्यवसाय	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
नौकरी	03	03.0	06	06.0	09	09.0
रोजगार	19	19.0	09	09.0	28	28.0
मजदूरी	37	37.0	26	26.0	63	63.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक – 5 में विद्यार्थियों के व्यवसाय के अनुसार आहारीय स्वरूप का वर्गीकरण किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि शाकाहारी विद्यार्थियों में सर्वाधिक विद्यार्थी 37(37.0%) मजदूरी करने वाले परिवारों के हैं तथा मांसाहारी विद्यार्थियों में सर्वाधिक विद्यार्थी 26(26.0%) मजूदरी करने वाले परिवारों के हैं। इस प्रकार नौकरी करने वाले परिवारों के विद्यार्थियों में मांसाहारी विद्यार्थी 06(6.0%) हैं जो कि शाकाहारी विद्यार्थियों 31(31.0%) की तुलना में अधिक है। रोजगार करने वाले परिवारों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 19(19.0%) है जो कि मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या 09(9.0%) की तुलना में अधिक है। मजदूरी करने वाले परिवारों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 37(37.0%) है जो कि मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या 26(26.0%) की तुलना में अधिक है।

इस प्रकार नौकरी करनेवाले परिवारों में मांसाहारी तथा रोजगार व मजदूरी करने वाले परिवारों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या अधिक पाई गई।

तालिका क्रमांक – 6: विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का परिवार की शैक्षिक स्थिति के अनुसार वर्गीकरण

व्यवसाय	शाकाहारी		मांसाहारी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
शिक्षित	29	29.0	21	21.0	50	50.0
अशिक्षित	30	30.0	20	20.0	50	50.0
योग	59	59.0	41	41.0	100	100.0

तालिका क्रमांक – 6 में विद्यार्थियों के आहारीय स्वरूप का उनके परिवार की शैक्षिक स्थिति के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अशिक्षित परिवारों के शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 30(30.0%) शिक्षित परिवारों के शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या 29(29.0%) की तुलना में अधिक है। मांसाहारी विद्यार्थियों में शिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों की संख्या 21(21.0%) अशिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों की संख्या 20(20.0%) की तुलना में अधिक है। इस प्रकार शिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों में मांसाहारी तथा अशिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या अधिक पाई गई।

निष्कर्ष :

1. मुरार विकासखण्ड के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थी मांसाहारी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक हैं। शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या गाँवों में तथा मांसाहारी विद्यार्थियों की संख्या नगरीय क्षेत्र में अधिक है।
2. शाकाहारी बालिकायें बालकों की तुलना में तथा मांसाहारी बालक बालिकाओं की तुलना में अधिक पाये गये।
3. संयुक्त परिवारों में शाकाहारी परिवारों तथा एकाकी परिवारों में मांसाहारी परिवारों की संख्या अधिक पाई गई।
4. सामान्य, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या मांसाहारी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक पाई गई तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में मांसाहारी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक पाई गई।
5. नौकरी करने वाले परिवारों में मांसाहारी तथा बेरोजगार व मजदूरी करने वाले परिवारों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या अधिक पाई गई।
6. शिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों में मांसाहारी तथा अशिक्षित परिवारों के विद्यार्थियों में शाकाहारी विद्यार्थियों की संख्या अधिक पाई गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. hi.m.wikipedia.org
2. https://www.mpgkpdf.com>2021/08
3. https://www.mpgkpdf.com>2021/08
4. मिथलेश कुमारी, 'उच्चतर पोषण', यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
5. नारायणन् सुधा, 'आहार नियोजन', रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर।
6. पल्टा, अरूणा, 'आहार एवं पोषण', शिवा प्रकाशन, इन्दौर।
7. राणावत, रमा, 'भोजन और स्वास्थ्य', विश्वभारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

हिन्दू धर्म में अंत्येष्टि संस्कार के व्यवहारिक पक्ष का अध्ययन

निशा राज़दान *

* शोधार्थी (समाजशास्त्र विभाग) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र हिन्दू धर्म में अंत्येष्टि संस्कार के व्यवहारिक पक्ष पर आधारित है। अन्त्येष्टि को अंतिम संस्कार कहा जाता है। धर्म शास्त्रों की मान्यता है कि मृत शरीर की विधिवत अंतिम संस्कार में होने वाले कर्मकांड को करने से जीव की अतृप्त वासनायें शान्त हो जाती हैं। वह सभी मोह माया और बंधनों को त्यागकर पृथ्वी लोक से परलोक की ओर गमन करता है। इसी निमित्त मृत देह का विधिवत संस्कार किया जाता है। अंत्येष्टि का अर्थ होता है अंतिम यज्ञ। यह यज्ञ मृत व्यक्ति के शव के लिए किया जाता है। बौधायन पितृमेधसूत्र में अंतिम संस्कार के महत्व को बताते हुए ये कहा गया है कि 'जातसंस्कारैणेमं लोकमभिजयति मृतसंस्कारैणामुं लोकम।' अर्थात जातकर्म आदि संस्कारों से मनुष्य इह लोक (पृथ्वी लोक) को जीतता है और 'अंत्येष्टि संस्कार' से परलोक पर विजय प्राप्त करता है। एक अन्य श्लोक में कहा गया है कि,'तस्यान्मातरं पितरमाचार्य पत्नीं पुत्रं शि यमन्तेवासिनं पितृव्यं मातुलं सगोत्रमसगोत्रं वा दायमुपयच्छेद्दहनं संस्कारेण संस्कुर्वन्ति।' जिसका अर्थ है यदि मृत्यु हो जाए तो माता, पिता, आचार्य, पत्नी, पुत्र, शिष्य, चाचा, मामा, सगोत्र, असगोत्र का दायित्व ग्रहण करना चाहिए और संस्कारपूर्ण मृत शरीर का दाह करना चाहिए। शोधार्थी द्वारा अंत्येष्टि संस्कार से सम्बन्धित लोगों के व्यवहारिक पक्ष को वैज्ञानिक विधि से अध्ययन कर उजागर करने करने का प्रयास किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. मृत्यु उपरान्त प्रचलित व्यवहारिक अनुष्ठान (अंत्येष्टि संस्कार) की महत्ता को धर्मशास्त्रीय एवं समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में जानना।
2. ग्रामीण तथा शहरी परिप्रेक्ष्य में अंत्येष्टि संस्कार की प्रक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन की प्रकृति अन्वेषणात्मक एवं वर्णनात्मक है जिसमें अंत्येष्टि संस्कार की प्रक्रियाओं के परम्परागत स्वरूप का आधुनिक परिवर्तनों के साथ ग्रामीण एवं नगरीय संदर्भ में अध्ययन किया गया है। अध्ययन क्षेत्र हेतु राजस्थान के उदयपुर शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पन्न किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु लेटिन वर्ग निदर्शन विधि का प्रयोग किया गया है। इस पद्धति के आधार पर कुल मिलाकर 160 उत्तरदाताओं को निदर्शन में सम्मिलित किया गया है। इस अनुसंधान में प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु संरक्षित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है।

दाह संस्कार की प्रक्रिया में भिन्नाता – हिन्दू धर्म के सामान्य वर्ग में दाह संस्कार को ही प्राथमिकता दी जाती है। अन्य पिछड़े वर्ग की कुछ जातियों जैसे गौस्वामी,नाथ और साधु संप्रदाय में मृतक को विधिवत समाधि देने का प्रचलन है जबकि अनुसूचित जाति में सम्मिलित जातियों में मृतक को दफनाने की प्रथा के साथ-साथ विधिवत दाह संस्कार भी किया जाता है। अनुसूचित जनजातियों में दाह संस्कार की प्रक्रिया को विधिवत किया जाता है और उसका अगली पीढ़ी हेतु समाजीकरण भी किया जाता है। अध्ययन में पाया गया कि 86 प्रतिशत ग्रामीण और 80 प्रतिशत शहरी उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि हिन्दू धर्म में दाह संस्कार की प्रक्रिया जाति, वर्ग और क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग है।

सम्पूर्ण जानकार के रूप में व्यक्त करना – अध्ययन से यह सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्र से 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 78 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार अंत्येष्टि संस्कार की प्रक्रिया में लोगों द्वारा अनावश्यक पंचायती करने के साथ रायचंद की भूमिका अधिक निभाई जाती है जो केवल और केवल दिखावा मात्र है। इस प्रकार के लोग पुरोहितों और समाज के बुर्जुगों को ज्ञान देने लगते है और विधिवत प्रक्रिया में कई प्रकार के झूठे आयाम जोड़ देते हैं जो आगे चलकर विचलन उत्पन्ना करते हैं।

समाजीकरण की प्रक्रिया का अभाव – शहरी समाज में अंत्येष्टि संस्कार को समय एवं परिस्थिति के साथ मात्र पूर्ण करने का लक्ष्य होता है। शहरी समाज में सोलह संस्कारों पर वार्तालाप तक नहीं होता। अत: यह स्पष्ट है कि नगरीय समाज में अंत्येष्टि संस्कार हेतु समाजीकरण की प्रक्रिया का अभाव होता है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र से 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 93 प्रतिशत उत्तरदाता मानते है कि ग्रामीण समाज में बालकों एवं युवाओं की अंत्येष्टि संस्कार में कई भूमिकाएँ होती है जिसका निर्वहन उन्हीं से करवाया जाता है।

दाह संस्कार में मार्गदर्शन – अध्ययन यह तथ्य प्रकट हुए कि ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र से 48-48 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पुरोहित द्वारा मार्गदर्शन करना बताया तथा ग्रामीण क्षेत्र से 8 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र से 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किसी भी व्यक्ति द्वारा मार्गदर्शन करना बताया। ग्रामीण क्षेत्र से 25 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र 21 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनुभवी बुजुर्ग एवं ग्रामीण क्षेत्र से 20 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र 19 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा दाह संस्कार से पूर्व घर पर की जाने वाली प्रक्रियाओं में मार्गदर्शन करना बताया।

शव यात्रा निकालना – शोध में यह सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्र से 89 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र से 58 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे हस्त निर्मित बाँस की सज्जा पर शव को ले जाते है और 8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने शव को मोक्ष रथ पर ले जाना बताया। ग्रामीण क्षेत्र से 5 प्रतिशत एवं

शहरी क्षेत्र से 24 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने धातु निर्मित सज्जा जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 6 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र से 11 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि समय और परिस्थिति के अनुसार किसी भी विकल्प पर शव यात्रा निकाली जा सकती है।

घर की सफाई – शव को शमशान घाट ले जाने के पश्चात घर पर सफाई करने के व्यवहारिक पक्ष में जो तथ्य सामने आए उसमें ग्रामीण क्षेत्र से 68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 43 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि घर की बहू द्वारा सफाई का कार्य किया जाता है तथा सबसे ग्रामीण क्षेत्र से 6 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 11 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि घर की बेटी द्वारा यह कार्य किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र से 10 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि बहनों द्वारा यह कार्य किया जाता है जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 21 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 30 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि घर कोई भी महिला सफाई का कार्य कर लेती है।

लकड़ियों की उपलब्धता – ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दाह संस्कार हेतु धर्मशास्त्रीय प्रक्रियाएँ अपनाई जा रही है। शहरों में जनता की माँग के अनुसार नगर निगम टाल पर लकड़ियों को सशुल्क लकड़ियाँ उपलब्ध करवायी जाती है। अध्ययन में पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्र से 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना की प्रत्येक घर से एक लकड़ी ले जाई जाती हैं तथा शहरी क्षेत्र के 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना की टाल से लकड़ियाँ उपलब्ध करवाई जाती हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि दाह संस्कार हेतु सामुहिक निर्णय से छोड़ दिए गए क्षेत्रों से लकड़ियाँ लाई जाती हैं।

दाह संस्कार के बाद विसर्जन – अध्ययन से यह सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्र से 68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि सभी लोग अंत तक रूकते है एवं ग्रामीण क्षेत्र से 4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 16 प्रतिशत ने बताया कि सभी लोग विसर्जित हो जाते है तथा ग्रामीण क्षेत्र से 23 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 73 प्रतिशत ने बताया कि सिर्फ रिश्तेदार रूकते है जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 6 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि दाह संस्कार के बाद दो-चार लोग ही रूकते है।

दाह संस्कार के बाद स्नान की प्रक्रिया – अनुसंधान में यह भी पाया गया कि दाह संस्कार के बाद ग्रामीण क्षेत्र से 84 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि सभी लोग बिना स्नान किए और मंदिर दर्शन किए घर नहीं जाते एवं ग्रामीण क्षेत्र से 14 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 79 प्रतिशत ने बताया कि सभी लोग हाथ-पाँव धोकर पानी के छींटे मारकर घर चले जाते है तथा ग्रामीण क्षेत्र से 3 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 21 प्रतिशत ने बताया कि सिर्फ केवल पानी के छींटे मार कर दाह संस्कार के बाद सभी लोग घर चले जाते है।

दाह संस्कार के बाद घर पर आए लोगों को अल्पाहार कराना – शोध में यह सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्र से 94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शवयात्रा में सम्मिलित सभी लोग पुन: मृतक के घर पर आते है और उनको अल्पाहार भी करवाया जाता है क्योंकि यह शस्त्रोक्त प्रक्रिया है जिसमें मृतक के घर पुन: आया जाता है। शहरी क्षेत्र से 100 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र से 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि मृतक के घर पर किसी भी प्रकार का अल्पाहार करते उन्होंने नहीं देखा है। अत: इस प्रकार की प्रक्रिया शोक संतृप्त परिवार के यहाँ करना मानवीय कैसे हो सकता है?

द्वादशाकर्म से पूर्व बैठकों का आयोजन – मृतक के द्वादशकर्म से पूर्व बैठकों के आयोजन के व्यवहारिक पक्ष में जो तथ्य सामने आए उसमें यह पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्र से 9 प्रतिशत उत्तरदाता और शहरी क्षेत्र से 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार द्वादशकर्म से पूर्व उठावणा की बैठक रखी जाती है एवं ग्रामीण क्षेत्र से 64 प्रतिशत उत्तरदाता और शहरी क्षेत्र से 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार मृत्यु तिथि से द्वादशा के बीच नियमित बैठक रखी जाती है तथा ग्रामीण क्षेत्र से 16 प्रतिशत उत्तरदाता और शहरी क्षेत्र से 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उठावणा से पृथक बैठक रखी जाती है जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 11 प्रतिशत उत्तरदाता और शहरी क्षेत्र से 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार द्वादशकर्म से पूर्व मात्र शोक सभा की एक बैठक रखी जाती है।

द्वादशा और पगड़ी दस्तूर – द्वादशा और पगड़ी दस्तूर के रिवाज के व्यवहारिक पक्ष में यह उभर कर आया कि ग्रामीण क्षेत्र से 94 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि द्वादशा और पगड़ी दस्तूर के रिवाज का बहुत महत्व है क्योंकि इस रिवाज में किसी परिवार के सब से अधिक उम्र वाले पुरुष की मृत्यु होने पर अगले सब से अधिक आयु वाले जीवित पुरुष के सर पर रस्मी तरीक़े से पगड़ी बाँधी जाती है। क्योंकि पगड़ी इस क्षेत्र के समाज में इज्ज़त का प्रतीक है इसलिए इस रस्म से दर्शाया जाता है के परिवार के मान-सम्मान और कल्याण की ज़िम्मेदारी अब इस पुरुष के कन्धों पर है।

निष्कर्ष:

1. 86 प्रतिशत ग्रामीण और 80 प्रतिशत शहरी उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि हिन्दू धर्म में दाह संस्कार की प्रक्रिया जाति, वर्ग और क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग है।
2. ग्रामीण क्षेत्र से 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 78 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार अंत्येष्टि संस्कार की प्रक्रिया में लोगों द्वारा अनावश्यक पंचायती करने के साथ रायचंद की भूमिका अधिक निभाई जाती है जो केवल और केवल दिखावा मात्र है।
3. 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 93 प्रतिशत उत्तरदाता मानते है कि ग्रामीण समाज में बालकों एवं युवाओं की अंत्येष्टि संस्कार में कई भूमिकाएँ होती है जिसका निर्वहन उन्हीं से करवाया जाता है।
4. ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र से 48-48 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पुरोहित द्वारा मार्गदर्शन करना बताया।
5. ग्रामीण क्षेत्र से 89 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र से 58 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे हस्त निर्मित बाँस की सज्जा पर शव को ले जाते है।
6. ग्रामीण क्षेत्र से 68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 43 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि घर की बहु द्वारा सफाई का कार्य किया जाता है।
7. ग्रामीण क्षेत्र से 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना की प्रत्येक घर से एक लकड़ी ले जाई जाती हैं तथा शहरी क्षेत्र के 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना की टाल से लकड़ियाँ उपलब्ध करवाई जाती हैं।
8. 68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र से 5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि सभी अंतिम संसकार पूर्ण होने तक लोग अंत तक रूकते है।
9. ग्रामीण क्षेत्र से 84 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि सभी लोग बिना स्नान किए और मंदिर दर्शन किए घर नहीं जाते शहरी क्षेत्र से 21 प्रतिशत ने बताया कि सिर्फ केवल पानी के छींटे मार कर दाह

RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

संस्कार के बाद सभी लोग घर चले जाते है।

10. ग्रामीण क्षेत्र से 94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शवयात्रा में सम्मिलित सभी लोग पुन: मृतक के घर पर आते है और उनको अल्पाहार भी करवाया जाता है।
11. ग्रामीण क्षेत्र से 64 प्रतिशत उत्तरदाता और शहरी क्षेत्र से 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार मृत्यु तिथि से द्धादशा के बीच नियमित बैठक रखी जाती है।
12. 94 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि द्धादशा और पगड़ी दस्तूर के रिवाज का बहुत महत्व है।

सुझाव – अंत्येष्टि संस्कार शास्त्रौक्त होने के साथ–साथ सामुदायिक सहभागिता का एक जीवन्त उदाहरण है। समय के साथ–साथ इस संस्कार में लोगों के द्धारा सहभागिता में कमी आई है। प्राथमिक अभिकरण में बालकों का संस्कारों के प्रति समाजीकरण होता रहता है। द्धितीयक अभिकरण में भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में सभी धर्मों के संस्कारों का उल्लेख नैतिक शिक्षा में कर बालकों का एक जैसा समाजीकरण किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आश्वलायन श्रौतसूत्र 6।10
2. शतपथ ब्राह्मण 12.5.2.14,ऋग्वेद 10.16.7, ऋग्वेद 10.14.10

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Comparative Analysis of the Psychological Variables of Anxiety, Aggression and Self-Concept in Hockey Boys Players from the State of Haryana's Attackers and Defenders

Dr. Shamsher Kasnia*

***Assistant Professor, Chaudhary Devi Lal University, Sirsa (Haryana) INDIA**

Abstract - In the current study, 100 hockey players from Haryana were the subject. The study's scope was confined to 100 hockey players from the state of Haryana. was further reduced to 100 boy hockey players (50 attackers and 50 defenders). Players competing at the State level and between the ages of (18-25 years). The study's focus was only on the subjects' self-concept, aggression, and anxiety measures. The players were divided into Attacker and Defender groups, then into boy Attacker and Defender hockey players, all while keeping in mind the study's goals. In order to collect data on the three psychological components that have the greatest impact, a questionnaire method and an interview methodology were used. compare the level of Anxiety, Aggression and Self-concept between the Attacking and Defending playing positions in Hockey Game. To achieve this objective a sample of 100 players was collected, This will further help to identify sportspersons who may have potential to be of high calibre. Competitive sports are full of challenges, so youngsters taken to competitive sports must display the required psychological attributes including aggression, anxiety and Self-Concept to meet the challenges successfully. The variables anxiety, aggression and Self-Concept need to be studied properly, both from the theoretical and practical point of view. conclusions may be drawn The defender and attacker (boys) were found to be low on Anxiety levels. Attacker (boys) were found to be higher on Aggression levels when compared with defender (boys) There was an insignificant difference between the attacker and defender boys hockey players on Self-Concept scale however there was a significant difference between the attacker and defender boys hockey players.

विरक (1971) ने शरीर की लोचशीलता पर योगासनों का प्रभाव देखने के लिए अध्ययन किया। उसने निष्कर्ष निकाला कि कुछ योगासन रीढ़ की हड्डी को आगे तथा पीछे की ओर झुकाते हैं जिससे शरीर में लचकता बढ़ती है। **प्रताप (1972)** ने इस तथ्य पर अधिक बल दिया कि योगाभ्यास, श्वास क्रिया तथा मानसिक स्थिति में अटूट सम्बन्ध पाया जाता है। **कोछर (1976)** ने 14.18 वर्ष के किशोर बालकों की मानसिक थकावट पर योगाभ्यास के प्रभाव का अध्ययन किया। सिंह राजेन्द्र (1987) ने अपने शोध में बताया कि व्यक्ति की श्वास-प्रश्वास एकाग्रता और ध्यान एक दूसरे से सम्बन्ध रखते हैं। **वैष्णव, जी0 के0(1988)** ने अपने शोध कार्य के पश्चात बतायाकि योग शिक्षक शारीरिक शिक्षा के प्रति उच्च अनुकूल अभिवृत्ति रखते हैं- क्योंकि यह शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देती है। **श्री वास्तव एस0 के0 (2000)** ने अपने शोध निष्कर्षो में बतायाकि योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं में अतिस्नेही, नैतिकवादी, उच्च सामाजिकता, आज्ञाकारी शालीनता एवं ओजस्वी शीलगुण गैर योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं से अधिक होते हैं। **दुबे, शैलेन्द्र (2000)** ने अपने शोध निष्कर्षों में बताया कि योग शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में लगन शीलता, मानवता, नैतिक मूल्य एवं आर्थिक शक्ति, व्यक्तिगत मूल्य योग शिक्षा ग्रहण न करने वालों की अपेक्षा अधिक है। **डॉ बेन्सन (1987)** ने ध्यान के प्रभावों का अध्ययन किया और निष्कर्ष दिया कि नियमित 20 मिनट का ध्यान पूरे दिन तरोताजा हल्का-फुल्का बनाये रखने के लिए पर्याप्त है।

मुछाल (2008) ने माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की योग अभिवृत्ति के अध्ययन में पाया कि अधिकांश विद्यार्थी जो योग के प्रति उच्च अभिवृत्ति रखते हैं, इन उच्च अभिवृत्ति वाले विद्यार्थियों से कुछ आसन कराये गए जिनमें अधिकांश विद्यार्थी पाद-हस्तासन 68% हलासन 62% सर्वांगासन 67% चक्रासन 40% ठीक तरह से कर पाते हैं जबकि पाद पश्चिमोत्तानासन 28% मयूरासन 10% इन कठिन आसनों को कर पाते हैं। यदि इन विद्यार्थियों को कुछ और अभ्यास कराया जाय तो कठिन आसनों को भी कर पायेंगे। इस आधार पर कह सकते हैं कि किसी कार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति उस कार्य के प्रति सकारात्मक रुचि को प्रदर्शित करती है। अन्य उद्देश्य में योग अभिवृत्ति को विकसित होने के कारणों में 62% विद्यार्थियों को दूदर्शन व केबल कार्यक्रम को आधार बताया। 35% विद्यार्थियों ने समाचार पत्र से जानकारी, 30% ने योग शिविर तथा 24% विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के द्वारा योग सीखा। स्वास्थ्य एवं योग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने में उपरोक्त चारों कारकों ने अपना मत व्यक्त किया है।

शेटिनलुख्त, टी, (2021) ने कोविड-19 महामारी का वृद्ध वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव और संभावित उपचार विकल्प के अध्ययन में पाया कि इस कोविड-19 महामारी परिदृश्य में मनोवैज्ञानिक कल्याण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। अवसाद, चिंता, समायोजन विकार, जुनूनी बाध्यकारी विकार, अभिघातज के बाद का तनाव विकार,इस महामारी के दौरान मनोविकार और यहां तक कि आत्मघाती विचार और प्रयास भी चरम पर हैं। अकेलापन और सामाजिक अलगाव बुजुर्गों में संवेदी वंचित स्थिति की स्थिति पैदा कर सकता है। संज्ञानात्मक कार्य भी तेज गति से घट रहे हैं। चिकित्सीय स्थितियों का बढ़ना मधुमेह की तरह, प्रणालीगत उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, क्रोनिक किडनी रोग, पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस और स्ट्रोक सहित अन्य दुर्बल करने वाली स्थितियां, मायोकार्डियल इस्किमिया और मैलिग्नेंसी को अस्पतालों में पर्याप्त जगह एवं उचित देखभाल नहीं मिल रही है और उपचार देरी हो रही है।

चंद्रकांत जे0 (2022) मानसिक स्वास्थ्य और जीवन तनाव पर विपश्यना ध्यान के प्रभाव का अध्ययन किया अध्ययन में पाया कि विपश्यना ध्यान का मनोवैज्ञानिक लाभ व्यक्तित्व और दृष्टिकोण के प्रति सकारात्मक होता है साथ ही जीवन तनाव का सामना करने हेतु विभिन्न

तरीकों परी को घर विद्यालय अध्ययन एवं कार्य में समायोजन हेतु अधिक उपयोगी होता है जीवन की गुणवत्ता एवं शोध द्वारा निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विपश्यना ध्यान निश्चित रूप से जीवन में परिवर्तन लाता है और तनाव नियंत्रण में सहायक होता हैं।

निमिता के0 जे0 (2022) कोविड 19 समय मे भारत में जरा चिकित्सा मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पर अध्ययन किया. अध्ययन में पाया कि कोविड-19 ने दुनिया को प्रभावित किया है और विशेष रूप से भारत जैसे देशों में सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 2020-2021 में लॉकडाउन अवधि में मानसिक कारणों से कई आत्महत्याएं दर्ज की गई हैं। कोविड-19 के डर से व्यक्तियों ने आत्महत्या की संबद्ध अवसाद। अवसाद, चिंता, समायोजन विकार, जुनूनी बाध्यकारी विकार, अभिघातज के बाद का तनाव विकार, मनोविकार और यहां तक कि आत्मघाती विचार और प्रयास इस महामारी के दौरान चरम पर हैं। अकेलापन और सामाजिक अलगाव की स्थिति को जन्म दे सकता है बुजुर्गों में संज्ञानात्मक कार्य कम हो रहा है। एनजीओ की भूमिका और सरकार बुजुर्गों को मनोवैज्ञानिक और शारीरिक आघात से निपटने में मदद कर रही है।

अध्ययन की आवश्यकता- योग एवं शिक्षा पर शोधकार्य का गहन अध्ययन करने एवं विश्लेषण के पश्चात् शोधकर्त्ता ने पाया कि अब तक योग से सम्बन्धित शिक्षा के क्षेत्र में जो अध्ययन हुए वे शारीरिक, मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक स्तर पर योग के प्रभाव पर हुए तथा दुबे तथा अन्य ने विद्यार्थियों की स्मृति एवं विज्ञान विषय में उपलब्धि पर योगाभ्यास के प्रभाव पर अध्ययन हुआ लेकिन अब तक माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारणशीलता पर अध्ययन नहीं हुआ। इसलिए प्रस्तुत अध्ययन की आवश्यकता प्रतिपादित प्रतीत होती है।

वशिष्ठ संहिता – इसमें धारणा की चार परिभाषाएँ दी गई हैं। अर्थात् जो योगी यम आदि गुणों से योग विद्या को जानते हैं, वे अपने में चित्ता की स्थिरता को धारणा कहते हैं। अन्य तीन परिभाषाओं में बाह्य अंतरिक्ष का चिंतन और हृदय में आंतरिक स्थान को एक अवधारणा कहा गया है। एक में बीज मंत्रों के साथ पंचमहाभूतों का चिंतन और एक में पांच देवताओं का चिंतन धारणा कहलाता है।

स्वामी विवेकानंद- धारणा का अर्थ है शरीर के अंदर या बाहर किसी स्थान पर मन को पकड़ना या स्थापित करना। मन को किसी विशेष स्थान पर धारण करने का अर्थ है मन को शरीर के अन्य स्थानों से हटा देना और उसे किसी विशेष अंग के अनुभव में बलपूर्वक लगा देना।

स्वामी शिवानंद – विचारों के संचार को धारणा कहा जाता है। केवल एक ही पदार्थ पर मानसिक प्रवृत्तियों को स्थिर करना और स्थापित करना धारणा है। वह विधि जिसमें मन और मन की प्रवृत्तियां एकाग्र होती हैं। उनमें चंचलता और व्याकुलता नहीं होती, वह (या वह विधि) धारणा कहलाती है।

वर्तमान में नैदानिक समस्या से प्रभावित लोगों के चिकित्सा और योग शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले खर्च से नई उम्मीदें जगी हैं। यद्यपि योग शिक्षा प्राचीन काल से चली आ रही संपूर्ण चिकित्सा पद्धति है। जिसे कई शोधों द्वारा माना गया है कि योग शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। वहीं योग से तनाव और अवसाद को भी दूर किया जा सकता है। लेकिन अष्टांग योग का छठा चरण धारणा है, जो मन को एक स्थान पर केंद्रित और केंद्रित करना है, जो अधिकांश शिक्षा में स्मृति शक्ति या एकाग्रता से संबंधित है, इसलिए वर्तमान धारणा को मापने में, हम क्या पढ़ते हैं, जानकारी प्राप्त करें और इसे अपने जीवन में पालन करने का प्रयास करें। उसी से संबंधित बयानों का उपयोग वहन क्षमता को मापने के लिए किया गया है।

धारनशीलता का आयाम

लक्ष्य- एक लक्ष्य भविष्य या वांछित परिणाम का एक विचार है जिसे एक व्यक्ति या लोगों का समूह कल्पना करता है, योजना बनाता है और प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होता है। लोग समय सीमा निर्धारित करके एक सीमित समय के भीतर लक्ष्यों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। एक लक्ष्य मोटे तौर पर एक उद्देश्य या लक्ष्य के समान होता है, प्रत्याशित परिणाम जो प्रतिक्रिया का मार्गदर्शन करता है, या एक अंत, जो एक वस्तु है, या तो एक भौतिक वस्तु या एक अमूर्त वस्तु है, जिसका आंतरिक मूल्य है।

मेमोरी पावर- मेमोरी हमारे आस-पास की दुनिया से जानकारी लेने, इसे संसाधित करने, इसे संग्रहीत करने और बाद में उस जानकारी को याद करने की प्रक्रिया है, कभी-कभी कई सालों बाद।इसके अतिरिक्त, नेविगेशन और आत्मकथात्मक स्मृति दोनों से संबंधित भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में सोचने की क्षमता है।

एकाग्रता – एकाग्र होने की क्रिया या प्रक्रिया रू विशेष रूप से एकाग्र होने की अवस्था रू किसी एक वस्तु पर ध्यान की दिशा वह सब शोर मेरी एकाग्रता को भंग कर रहा है। बीरू एक अकादमिक प्रमुख या एक प्रमुख के भीतर फोकस का क्षेत्र छात्र ने कानून को अपनी एकाग्रता के रूप में चुना।

एकांत- एकांत एकांत या अलगाव की स्थिति है, यानी लोगों के साथ संपर्क की कमी। स्थिति के आधार पर इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं। अल्पकालिक एकांत को अक्सर ऐसे समय के रूप में महत्व दिया जाता है जब कोई बिना परेशान हुए काम कर सकता है, सोच सकता है या आराम कर सकता है। गोपनीयता के लिए इसे वांछित किया जा सकता है। अवांछित दीर्घकालिक एकांत खराब रिश्तों, प्रियजनों की हानि, जानबूझकर परसंद, संक्रामक रोग, मानसिक विकार, तंत्रिका संबंधी विकार, या रोजगार या स्थिति की परिस्थितियों से उत्पन्न हो सकता है।

योग- योग मन पर नियंत्रण पाने की एक प्रक्रिया है। योग किसी व्यक्ति के संपूर्ण विकास में तेजी लाने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। योग एक विशेष कौशल है जो मन को उसकी सूक्ष्म स्थिति तक पहुँचाता है: ययोगं कर्मसु कौशलं (गीता 2.50)। योग क्रिया में निपुणता है। कार्रवाई में विश्राम और जागरूकता बनाए रखने में निपुणता है। आराम से कार्रवाई प्रक्रिया है। कार्रवाई में दक्षता एक परिणाम है। इस प्रकार योग मन पर अधिकार करने का एक कुशल विज्ञान है। योग को लोकप्रिय रूप से पूर्णता की अंतिम स्थिति तक पहुंचने की एक प्रक्रिया या तकनीक के रूप में जाना जाता है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारणशीलता की तुलना करना।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारणशीलता धारण शीलता की तुलना करना।
3. माध्यमिक स्तर कीं योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता धारण शीलता की तुलना करना।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं

की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता धारण शीलता की तुलना करना।
7. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता धारण शीलता की तुलना करना।

अध्ययन की परिकल्पना :

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. माध्यमिक स्तर कीं योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
7 माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श– प्रस्तुत अध्ययन में उत्तराखंड राज्य के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत सभी विद्यार्थी प्रस्तुत शोध की जनसंख्या है। आंकड़ों के संकलन के लिए न्यादर्श के रूप में उत्तराखंड राज्य के दो जनपदों देहरादून, एवं हरिद्वार से प्रत्येक से चार–चार विद्यालयो को लिया गया है जिनकी कुल संख्या आठ है जिसमें प्रत्येक जनपद से दो ग्रामीण एवं दो शहरी विद्यालय को लिया गया है। इस प्रकार चार ग्रामीण एवं चार शहरी विद्यालय लिए गये है जिनमें प्रत्येक विद्यालय से 50 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। इस प्रकार न्यादर्श में कुल 400 विद्यार्थियों को लिया गया है। न्यादर्श के चयन के लिये याद्दच्छिक विधि का प्रयोग किया गया हैं।

उपकरण :

धारण शीलता मापनी– विद्यार्थियों की धारण शीलता के मापन हेतु डा0 एम0 के0 मुछाल एवं योगेश कुमार द्वारा निर्मित मानकीकृत योग धारण शीलता का प्रयोग किया गया है। यह धारण शीलता मापनी नेशनल साइकोलॉजिकल कारपोरेशन, आगरा, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित है। प्रस्तुत मापनी का परीक्षण 13 से 24 वर्ष के विद्यार्थियों पर किया गया है। इस धारणशीलता मापनी में लक्ष्य, स्मरण शक्ति, एकाग्रता, योग एवं एकांत से संबंधित कथन दिए गए हैं। प्रत्येक कथन के सामने पांच विकल्प पूर्णत– सहमत, सहमत, अनिश्चित, सहमत, पूर्णत: असहमत दिये है। मापनी की विश्वसनीयता में स्प्लिट हाफ (अर्द्ध विच्छेदन) विधि द्वारा .83 यह सम्बन्ध गुणांक पाया गया। 65 मदों की सूची 13–24 वर्ष आयु वर्ग के 300 विद्यार्थियों पर प्रशासित की गई। विषयों के प्राप्त अंकों के आधार पर उच्च और निम्न समूह तैयार किए गए थे। प्रत्येक कथम के संबंध में दो समूहों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यतह परीक्षण लागू किया गया था। महत्वपूर्ण स्तर की सीमा 0.05 और 0.01 के भीतर स्थापित की गई थी। स्वतंत्रता अंश (डीएफ) = 52 के साथ 40 कथनो का मूल्य तालिका मान 1.67 और 2.66 से अधिक पाया गया। जो कथन महत्वहीन थे उन्हें बाहर रखा गया था और अंत में 40 कथनों को मापनी (स्केल) के लिए चुना गया था।

तथ्यों का एकत्रीकरण – प्रस्तुत अध्ययन में विद्यार्थियों को योग अभिवृत्ति मापनी भरने हेतु प्रशासित किया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

तथ्यों का सारणीयन एवं विवेचना :

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका –1
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता के मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका– 2
3. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता में के मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका 3
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका –4
5. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका –5
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका –6
7. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका – 7

तालिका–1: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर	
					0.01 स्तर पर	0.05 स्तर पर
योगाभ्यासी	200	147.09	12.00	2.167	सार्थक	सार्थक
गैर योगाभ्यासी	200	144.23	14.59			

उपरोक्त तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 147.09 तथा 144.23 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 12.00 तथा 14.59 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को अस्वीकृत किया जाता है।'

तालिका–2 : माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों

की धारण शीलता के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रो	100	143.53	14.14	1.83	0.05 सार्थकता स्तर पर असार्थक
गैर योगा-भ्यासी छात्रों	100	148.03	20.04		

उपरोक्त तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रो एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रो की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमशः 143.53 तथा 148.03 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमशः 14.14 तथा 20.04 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.83 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अतः इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को स्वीकृत किया जाता है।

तालिका-3: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता में के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्राओं	100	150.33	16.55	2.13	0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक
गैर योगाभ्या-सी छात्राओं	100	146.07	11.13		

उपरोक्त तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमशः 150.33 तथा 146.07 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमशः 16.55 तथा 11.13 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.13 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अतः इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को अस्वीकृत किया जाता है।'

तालिका-4: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	143.53	14.14	1.744	0.01सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
गैर योगाभ्या-सी छात्राओं	100	146.67	11.13		

तालिका संख्या 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमशः 143.53 तथा 144.23 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमशः 12.00 तथा 14.59 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.744 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अतः इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को अस्वीकृत किया जाता है।'

तालिका-5: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्रों	100	148.03	20.04	0.892	0.01सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
योगाभ्यासी छात्राओं	100	150.33	16.55		

तालिका संख्या 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमशः 148.03 तथा 150.33 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमशः 20.04 तथा 16.55 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0892 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अतः इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता

है को अस्वीकृत किया जाता है।'

तालिका-6: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	143.53	14.14	3.133	0.01सार्थकता स्तर पर असार्थक
गैर योगाभ्या-सी छात्राओं	100	150.33	16.55		NS

तालिका संख्या 6 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 143.53 तथा 150.33एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 14.14 तथा 16.5 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 3.133 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.0 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे असमानता पायी गयी । निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को अस्वीकृत किया जाता है।

तालिका - 7: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्र	100	148.03	20.04	0.593	0.05सार्थकता स्तर पर असार्थक
गैर योगाभ्या-सी छात्राओं	100	146.67	11.13		NS

तालिका संख्या 7 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 148.03 तथा 146.67 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 20.04 तथा 11.13 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.593 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे असमानता पायी गयी । निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है को स्वीकृत किया जाता है।'

निष्कर्ष

1. माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
2. माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.83 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
3. माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.13 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
4. माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.744 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
5. माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0892 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। ष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की धारणशीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
6. माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 3.133 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.0 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।
7. तालिका संख्या 4.10 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 100 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की धारण शीलता मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.593 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। नष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की धारण शीलता के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

संदर्भ ग्रन्थसूची :-

1. Agarwal, Kusum (1999) A study of parental attitudes and socio-economic back ground of the educationally failed adolescents. Indian journal of Education reseach Vol.18 (1) 17-22.
2. Agarwal, Rekha and Kapoor, Mala (1998) Parents' Participation is children's academic activities at the primary level, Journal of Indian education, Vol.XXIII (4), 61-68.
3. Annakili, C.M. (1993) A Comparative study of yoga asanas and gymnastic in selected physical physiology and psychological variables, Unpublished M. Phil. thesis, Alagappa University.
4. दुबे, अनिल कुमार एवं अन्य (2008) विद्यार्थियों की स्मृति एवं विज्ञान में उपलब्धि पर योगाभ्यास के प्रभाव का अध्ययन, भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, वर्ष–27 अंक–2, 69.76.
5. Garg, Chitra (1992) A study of family relation, socio-economic status, intteligence and adjustment of failed high school students, Fifth Survey of Eductuional Research, Vol.1, 728-730.
6. Iyengar, K.S. B (1998) Light on yoga. New Delhi. Harper Collins publisher India private limited, Darya Ganj,
7. Kochar, H.C. (1976) Influence of Yogic Practices on mental Fatigue. Yoga Mimansa, Vol.28 (2), 3.
8. Kumar, Arun (2006) A Comparative study of emotional intelligence of adolescents Exposed to yoga and non yoga practices, Unpublished M.Ed. Dissertation, Panjab University Chandigarh.
9. Mall, N.N. (1982) Cardiovascular responses of active, passive and yogic recovery postures and maximum work output. Unpublished doctoral thesis, Physical Education. Panjab University. Chandigarh.
10. Pratap V. (1972) Diurnal pattern of nostril breathing: An exploratory Study. Yoga Mimansa, Vol. 14 (3&4), 8-17.
11. Rani, J. N. and Rao, K.V.P (2005) IMPACT OF YOGA TRAINING ON BODY IMAGE AND DEPRESSION. ANDHRA UNIVERSITY, VISHKHAPATNAM, PSYCHO -LOGICAL STUDIES, VOL. 50 (1), 98-100.
12. Sunita (2002) Effect of yoga exercises on self-concept and mental health of secondary school students. Unpublished M.Ed. dissertation, Panjab University, Chandigarh.
13. Virk, J.S. (1971) Effect of yogic asanas on trunk flexibility. Unpublished M.A. dissertation, Physical Education, Panjab University, Chandigarh.
14. आचार्य बाल कृष्ण, 'विज्ञान की कसौटी पर योग', पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार, 2007
15. आयंगर, बी0के0एस0, 'सभी के लिए योग', भारत प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005
16. दुबे, शैलेन्द्र (2000) : 'योग शिक्षा ग्रहण करने वाले तथा योग शिक्षा ग्रहण न करने वाले विद्यार्थियों के नैतिक तथा व्यक्तिगत मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन', रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
17. मुछाल, एम0 के0 (2007) तनाव मुक्ति में योग, योजना, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, वर्ष 51, अंक (1)
18. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम : रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, वर्ष 53, अंक (1)
19. मुछाल महेश कुमार 'योग अभिवृति मापनी' नेशनल साइकोलॉजीकल कार्पोरेशन आगरा वर्ष 2008
20. सिंह, राजेन्द्र (1987) : 'Effect of Pranayama on Development of Accuracy in Air Rifle Shooting' जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
21. श्रीवास्तव, एस. के. (2000) : 'योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्तव का तुलनात्मक अध्ययन', जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
22. श्री वास्तव मंयक कुमार (2004) : शासकीय तथा अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन परिप्रेक्ष्य वर्ष 11 अंक 2 नीपा, नई दिल्ली
23. शर्मा राम अवतार (2000) : बाल अपराध एवं कारागार में बाल बंदियों पर योग का प्रभाव हेल्थ फॉर ऑल थ्रू योगा संस्करण प्रथम वर्ष 2000 योग अध्ययन विभाग, डॉ0 हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय, सागर
24. शर्मा श्रीराम 'व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएँ', अखंड ज्योति संस्थान मथुरा संस्करण द्वितीय वर्ष 1998
25. Shteinlukht, T. (2021). COVID-19 Pandemia Impact on Mental Health of Older Adults and Possible Treatment Options. The American Journal of Geriatric Psychiatry, 29(4), S102-S103. https://doi.org/10.1016/j.jagp.2021.01.098
26. Nimitha. K J (2022) COVID 19 and its impact on Geriatric mental health in India The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1, January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022
27. Chandrakanth J. (2022) The Impact of Vipasana Meditation on Mental Health and Life Stress The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1, January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के हितलाभ को प्राप्त करने में बीमित व्यक्तियों को आने वाली समस्यायों का अध्ययन (इन्दौर जिलें के संदर्भ में)

गीतांजली कर्डक* डॉ. पी.के सनसे**

* शोधार्थी, वाणिज्य अध्ययन शाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक, भेरूलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कर्मचारी राज्य बीमा योजना संगठित क्षेत्र के बीमित कामगारों को आवश्यकता आधारित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करती है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने विभिन्न कामगारो समूह की आवश्यकताओं के लिए अनेक हितलाभ योजनाओं को तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है। इस अध्ययन का उद्देश्य क.रा.बी. योजना का लाभ प्राप्त करने में हितग्राहियों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में पता लगाना है। अध्ययन प्राथमिक और द्वितीयक समंकों पर आधारित है। प्रश्नावली के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों और कारखानों में काम करने वाले और क.रा.बी. निगम की शाखा कार्यालयों के तहत पंजीकृत।

प्रस्तावना – कर्मचारी राज्य बीमा योजना संगठित क्षेत्र के बीमित कामगारों को आवश्यकता आधारित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करती है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने विभिन्न कामगारो समूह की आवश्यकताओं के लिए अनेक हितलाभ योजनाओं को तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है। यह योजना जिसे पहली बार 1952 में 1.20 लाख कामगारों के प्रारंभिक कवरेज के साथ दो केन्द्रों दिल्ली और कानपुर में क्रियान्वित किया गया था, मार्च 2017 तक यह योजना 24 पूर्ण जिलो/जहॉं पहले केंद्रो में योजना पर 3.19 करोड़ बीमित व्यक्तियो को रोजगार देने वाले 8.98 लाख नियोक्ताओं पर लागू हुआ। यह अधिनियम 10 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले गैर-मौसमी कारखानो पर लागू होता है। इस योजना का विस्तार दुकानो, होटलो, रेस्त्राओं, सिनेमागृहों सहित प्रीव्यू थिएटरों, सड़क-मोटर परिवहन उपक्रमों और समाचार पत्रों के प्रतिष्ठानों 20 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाली निजी शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों तक कर दिया गया है। अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी का मासिक वेतन 21000/- प्रतिमाह है। वे इस योजना के तहत कवर किए गए है। नियोक्ता को कर्मचारी के वेतन का 4.75 प्रतिशत योगदान करते है और कर्मचारी अपने वेतन का 1.75 प्रतिशत का योगदान करते है, जो कुल वेतन का 6.50 प्रतिशत है।

1. क.रा.बी. अधिनियम में बीमित व्यक्तियों और उनके परिवारजनों को चिकित्सा देखरेख, उपचार, दवाइयॉं, इंजेक्शन, विशेषज्ञ परामर्श और अस्पताल में भरती की सुविधा प्रदान करती है। सेवा निवृत्त और स्थायी रुप से अपंग बीमित व्यक्तियो और उनके जीवन साथी को 120/- रुपये के टोकन वार्षिक प्रीमियम के भुगतान पर चिकित्सा देखभाल भी प्रदान की जाती है।
2. बीमारी हितलाभ बीमित श्रमिकों को मजदूरी के 70% की दर से नकद क्षतिपूर्ति के रुप में प्रमाणित बीमारी की अवधि के दौरान वर्ष में अधिकतम 91 दिनो के लिए देय है। बीमारी लाभ के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए बीमित कर्मचारी कों 6 महीने की योगदान अवधि में 78 दिनों के लिए योगदान करना आवश्यक है।
3. प्रसूति/गर्भावस्था के लिए मातृत्व लाभ तीन महीने के लिए देय है, जो पिछले वर्ष में 70 दिनों के लिए योगदान के अधीन पूर्ण वेतन की दर पर चिकित्सा सलाह पर एक महीने के लिए और बढ़ाया गया है।
4. अपंगता हितलाभ में अस्थायी अपंगता हितलाभ में बीमा योग्य रोजगार में प्रवेश करने के पहले दिन से और रोजगार चोट के मामले मे किसी भी योगदान का भुगतान करने के बावजूद। अस्थायी विकलांगता लाभ 90% वेतन की दर से तब तक देय होगा जब तक अपंगता बनी रहती है। स्थायी अपंगता हितलाभ में चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाणित अर्जन क्षमता की हानि की सीमा के आधार पर मासिक भुगतान के रुप में वेतन के 90% की दर से हितलाभ का भुगतान किया जाता है।
5. आश्रितजन हितलाभ वेतन के 90% की दर से मासिक भुगतान के रुप में मृतक बीमित व्यक्ति के आश्रितों को उन मामलों मे भुगतान किया जाता है, जहॉं रोजगार चोट या व्यावसायिक खतरों के कारण मृत्यु हो जाती है।
6. अंत्येष्ठि व्यय जो बीमा योग्य रोजगार में प्रवेश करने के पहले दिन से आश्रितों या अंतिम संस्कार करने वाले व्यक्ति को 10,000/- रुपये की राशि देय है।

साहित्य की समीक्षा :

1. डेंश यू और मुरलीधरन वी आर (2011) से क.रा.बी. योजना के तहत नामांकित बीमित व्यक्तियों के स्वास्थ्य सेवा उपयोग और भयावह स्वास्थ्य भुगतानों से बचाने में इसकी भूमिका का अध्ययन किया। अध्ययन से पता चला है कि क.रा.बी. योजना जोखिमपूर्ण भुगतानों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए नही पाई गई है। दवाओ और अभद्र कर्मियों के रुप में निम्न सेवा गुणवत्ता और क.रा.बी. हितलाभ प्राप्त करने के लिए सेवा प्रक्रियाओं के बारे मे जागरुकता की कमी ने क.रा.बी. औषधालयों एवं

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

अस्पतालों में उपचार प्राप्त करने की प्राथमिकता को कम कर दिया है।

2. विद्युत विकास वैश्य (2015) ने असम में क.रा.बी. निगम सेवाओं की प्राप्ति के बारे मे बीमित व्यक्तियों की धारणा पर एक अध्ययन किया। निष्कर्षो से पता चला कि बीमित व्यक्ति चिकित्सा और नकद हितलाभ से संतुष्ट नही है। और अभी भी क.रा.बी. योजनाओं में सुधार करने और इसे एक बेहतर बनाने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

3. शिंगडे पूनम जी, माधवी एच (2016) ने गुलबर्ग शहर के लाभार्थियों के बीच क.रा.बी. योजना के बारे में जागरुकता और संतुष्टि पर एक क्रास सेक्शनल अध्ययन किया। क.रा.बी. निगम के बारे में चयनित प्रतिष्ठानों में लाभार्थियों के बीच जागरुकता का अध्ययन किया गया, जिसमें दिखाया गया कि अधिकांश लाभार्थी क.रा.बी. निगम में उनके योगदान और उन्हे उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे मे जानते थे लेकिन नकद हितलाभों के बारे मे उन्हे कम जानकारी थी, के पात्र है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि कम जागरुकता के परिणामस्वरुप क.रा.बी. योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं का कम उपयोग हुआ है।

समस्या का कथन – क.रा.बी. निगम भारत में सामाजिक सुरक्षा कानून, कम आय वाले कर्मचारियों को बुनियादी स्वास्थ्य देखरेख एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएॅं प्रदान करता है। जिसके माध्यम से श्रमिक वर्ग के स्वास्थ्य एवं निवास की स्थिति में सुधार करने की कोशिश करती है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या बीमित हितग्राहियों को अच्छी सेवा मिल रही है और यह शोध पत्र इन्दौर जिले में बीमित व्यक्तियों को क.रा.बी. हितलाभ प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को जानने की कोशिश करता है।

अध्ययन के उद्देश्य – इस अध्ययन में निम्न उद्देश्यों को पूरा किया गया है–

1. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले हितलाभों के बारे में जानना।
2. कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में इन्दौर जिले के बीमित व्यक्तियों के सामने आने वाली समस्याओं का पता लगाना ।
3. इन्दौर जिले के बीमित व्यक्तियों द्वारा क.रा.बी. निगम के चिकित्सा हितलाभ को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को जानना।

अध्ययन की प्रविधि:

अध्ययन क्षेत्र की रूपरेखा– इन्दौर प्रदेश का सबसे उन्नत नगर है। इसे प्रदेश की औद्योगिक एवं व्यावसायिक राजधानी कहा जाता है। निगम का क्षेत्रीय कार्यालाय 'पचंदीप भवन नन्दानगर' में स्थित है। इसके अधीन 21 शाखा और 6 भुगतान कार्यालयों के माध्यम से कार्य करता हैं।

अनुसंधान डिजाइन– प्रस्तुत शोध प्रपत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक समको पर आधारित है। विभिन्न प्रतिष्ठानों और कारखानों में कार्य करने वाले और क.रा.बी. निगम, इन्दौर के शाखा कार्यालयों के तहत पंजीकृत पचास बीमित कर्मचारियों से प्रश्नावली के माध्यम से प्राथमिक आकडें एकत्र किया गया है। इनमें से केवल 45 उत्तर सही साबित हुए। क.रा.बी.निगम की सेवाओं का लाभ प्राप्त करनें और क.रा.बी. द्वारा प्रदान किए जाने वाले चिकित्सा हितलाभों का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों के सामने आने वाली समस्याओं के संबंध में एकत्र किए समंको का विश्लेषण श्रेणी विश्लेषण की विधि से किया है। द्वितीयक समंको क.रा.बी. प्रकाशनों, वेबसाइड, पत्रिकाओं के माध्यम से एकत्र किए है।

तालिका क्र. – 1: लाभार्थियों का जनसांख्यिकी चर विवरण

क्र.	जनसांख्यिकी चर		आवृत्ति	प्रतिशत
1	लिंग	पुरुष	28	63
		महिला	17	39
2	आयु	35 वर्ष से कम	5	12
		35 से 45 वर्ष	16	34
		46 वर्ष से अधिक	24	54
3	शिक्षा	स्कूल स्तर	32	72
		तकनीकी शिक्षा	6	14
		स्नातक	4	9
		स्नातकोत्तर	3	7
4	वैवाहिक स्थिति	विवाहित	35	79
		अविवाहित	10	23
5	मासिक आय	10000 से कम	6	14
		10000 – 15000	24	54
		15000 से अधिक	15	34
6	रोजगार की प्रवृत्ति	अस्थायी	17	39
		स्थायी	28	64

स्त्रोत: सर्वेक्षण के आकडें

उपरोक्त तालिका –1 के विश्लेषण से पता चलता है, कि अधिकांश उत्तरदाता (63%) पुरूष है, अधिकांश उत्तरदाताओं (54%) की आयु 46 वर्ष से अधिक है। अधिकांश उत्तरदाता (72%)के पास केवल स्कूल स्तर की शिक्षा है, अधिकांश उत्तरदाता (79%) उत्तरदाता विवाहित हैं, अधिकांश उत्तरदाता (54%) प्रति माह 10000–15000 रुपये के बीच है। यह देखा गया है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के पास स्थायी रोजगार है।

तालिका क्र. 2: क.रा.बी. निगम की सेवाओं का लाभ प्राप्त करने वाले बीमित व्यक्तियों के सामने आने वाली समस्याएंउत्तरदाताओं की समस्याएं

	श्रेणी 1	श्रेणी 2	श्रेणी 3	श्रेणी 4	श्रेणी 5	माध्य	श्रेणी
औपचारिकता की अधिकता	18	5	7	6	9	39.25	1
अस्पताल/ औषधालय से दूर	9	7	8	10	11	26.43	5
औषधालय का अनुपयुक्त समय	10	9	5	12	9	31.18	4
अधिक समय तक इंतजार करना	6	17	11	5	6	36.56	2
कर्मचारियों का व्यवहार	5	6	12	14	8	33.10	3

स्त्रोत: सर्वेक्षण के आकडें

उपरोक्त तालिका क्र.–2 यह दर्शाती है,कि क.रा.बी. निगम की सेवाओं का लाभ प्राप्त करने वाले बीमित व्यक्तियों के सामने आने आने वाली समस्याओं में अधिकांश हितग्राहियों को लगता है कि क.रा.बी के लाभ के लिए अधिकतम औचारिकताएं 39.25 के उच्चतम औसत गणना

है, अधिक प्रतीक्षा अवधि, कर्मचारियों का अशिष्ट व्यवहार और औषधालयों की अनुपयुक्त समय क्रमशः 36.56 ,33.10 और 31.18 की औसत गणना उत्तरदाताओं ने समस्याओं का सामना किया है, औषधालयो एवं अस्पतालों से दूरी का औसत 26.43 के साथ पांचवे स्थान पर है।

तालिका क्र. 3: बीमित व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा सेवा का लाभ प्राप्त करने में आने वाली समस्याएं

उपचार से संबंधित समस्याएं	श्रेणी 1	श्रेणी 2	श्रेणी 3	श्रेणी 4	श्रेणी 5	माध्य	श्रेणी
उपचार की खराब गुणवत्ता	2	6	5	11	21	49.87	5
खराब नैदानिक सेवाएं	18	10	7	9	1	44.65	1
दवाओं का आभाव	6	13	10	12	4	34.26	2
दवाओं की गुणवत्ता स्तर खराब	1	3	8	15	18	31.24	4
इलाज की रकम की प्रतिपूर्ति में विलंब	13	7	11	8	6	35.02	3

स्रोत: सर्वेक्षण के आकडें

उपरोक्त तालिका क्र.-3 यह दर्शाती है,कि क.रा.बी. योजना द्वारा प्रदान चिकित्सा हितलाभों का प्राप्त करने वाले इन्दौर जिले के हितग्राहियों की समस्याओं पर प्रकाश डालती है। खराब नैदानिक सेवाओं को 44.65 के औसत पर पहली समस्या है, दवाओं का आभाव को औसत 34.26 को दूसरे समस्या के रूप में अनुभव किया जाता है। वही इलाज की रकम की प्रतिपूर्ति में देरी तीसरे समस्या है, उपचार की खराब गुणवत्ता और दवाओं की खराब गुणवत्ता 31.24 और 49.87 के औसत के साथ चौथे एवं पांचवे स्थान पर है।

सुझाव – इस अध्ययन से ज्ञात होता है कि बीमित व्यक्तियों को हितलाभ प्राप्त करने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो उनका अधिकार है। औचारिकताओं को कम एवं सरलीकरण किया जाना चाहिए, जिससे लाभार्थी अधिक सेवाएं प्राप्त कर सके। सभी औषधायलों में स्वयं के रिकार्ड को रखना एक कठिन प्रक्रिया है, इस हेतु औषधालयों के कम्प्यूटरीकरण से निश्चित रूप में समस्या का समाधान होगा। दवाओं की उपलब्ध करना और क.रा.बी. अस्पताल के कर्मचारियों को रोगियों को सहानुभूति पूर्वक संभालने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उपचार की राशि की शीघ्र स्वीकृति और वितरण से श्रमिक वर्ग की समस्या दूर होगी।

निष्कर्ष – क.रा.बी निगम का उद्देश्य कम आय वर्ग के अन्तर्गत आने वाले श्रमिक वर्ग के कल्याण और जीवन स्तर में सुधार करना है। आज के परिदृष्य में श्रमिक वर्ग चिकित्सा देखरेख पर अधिक खर्च नही कर सकता है, सेवा की गुणवत्ता में सुधार और हितग्राहियों के सामने आने वाली समस्याओं का निवारण करने के लिए निगम उपरोक्त सुझावों पर विचार कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. क.रा.बी. निगम की वार्षिक रिपोर्ट (2017-18)
2. डैश यू और मुरलीधर वी आर (2011) भारत में क.रा.बी. योजना कितनी न्यायसंगत है। तमिलनाडु कंसोर्टिएम फॉर रिसर्च आफन इक्विटेबल हेल्थ सिस्टम्स का एक केस स्टडी : 1-26।
3. बिद्युम विकास बैश्य, दीपिन चक्रवर्ती (2015) सामाजिक सुरक्षा के रूप में स्वास्थ्य बीमा - असम में क.रा.बी. निगम की सेवा वितरण पर एक अध्ययन इंडियन जर्नल ऑफ कॉमर्स वॉल्यूम 68, नंबर 1,जनवरी -मार्च 2015 : 71-78.
4. शिंगाडे, पूनम, पी माधवी एच. (2016) गुलबर्गा सिटी इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट अक्टूबर-दिसम्बर 2016 वॉल्यूम 7 अंक 4: 271-275.5 पी के लाभार्थियों के बीच क.रा.बी.योजना के बारे जागरूकता और सन्तुष्टि।
5. वेबसाइट: http://www.esic.nic.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Rootlessness and Nostalgia in Some of the Novels of Bharti Mukherjee

Dr. Vishal Sen*

*Assistant Professor (English) S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) INDIA

Abstract - This paper will highlight the themes of homelessness and rootlessness in some of the novels of Bharti Mukherjee. It will cover the experiences of Indian immigrants on the alien foreign land. The characters in her novels suffer as they are dislocated. Through this paper, the problematic situations of such portrayals in Bharti Mukherjee's novels have been pictured. The negative circumstances lead the characters to existential problems, identity crisis and loneliness. They also suffer from cultural alienation and exile. These miserable conditions result in utter dislocation and extreme sorrow. This paper will project the afflictions and sorrowful situations that take place in the lives of Indian immigrants.

Keywords- Indian immigrants, existential problems, identity crisis, cultural alienation, utter homelessness, extreme rootlessness.

Introduction - Bharti Mukherjee is one of the most significant authors from the group of Indian Women Novelists. Mukherjee is a renowned novelist with difference. She has secured a distinctive place among Indian Women Novelists. Her novels concentrate on the subjects of existentialism, identity questions, alienation, loneliness, feminism etc. Her fictional world is full of different kinds of afflictions and miseries, encountered by her characters. She has highlighted cross-cultural issues confronted by the feminine portrayals in her novels.

Rootlessness and Nostalgia in the Novels of Bharti Mukherjee: Bharti Mukherjee's novel The Tiger's Daughter is manifestation of rootlessness and cultural discord. Tara is the female protagonist in this novel. She belongs to Calcutta. After completing her studies in New York, Tara is married to an American man. Tara suffers from cultural discord. The novelist herself wrote somewhere that this novel is her own expression of the expatriate consciousness. Tara Benerjee Cartwright comes back to India to recreate her memories and identity as a citizen of India. She is shocked to see that the Indianness which was there has been westernized now. Finally, Tara feels identity crisis and alienation. Dimple Dasgupta is another heroine of Bharti Mukherjee in her next novel Wife. Dimple also becomes a victim of cultural dislocation and solitude in United States. The novelist presents gruesome immigrant experiences, faced by Dimple, a very different kind of woman. She is unable to adjust in her husband's home. Even after reaching America with her husband, she does find the foreign land right for her. She feels herself as rootless and homeless as an immigrant. Dimple longs for her native country India. Nostalgia covers her complete self. She experiences herself as locked inside the four walls alone like an alien. She is unable to breathe in American air.

Another victim of rootlessness and nostalgia is Jasmine in Bharti Mukherjee's next novel Jasmine. Completely different atmosphere becomes a cage for Jasmine in which she feels herself unable to adjust. She tries her level best to live in dislocated American culture. Jasmine's quest for identity as an immigrant is presented. The journey of the life of Jasmine is full of traumatic experiences and afflicting situations. She longs for personal identity. She remains an outsider always in American society. She shifts her identity as she reaches different places. Her life is just a journey from nowhere to nowhere.

In the novel, **The Holder of the World**, the novelist Bharti Mukherjee again pictures the themes of rootlessness and nostalgia through some experiences of the characters in India and America. The protagonist Hannah Easton from America comes to India and meets different immigrant experiences. The cultural transformation in the life of Hannah is the mentionable aspect of this novel.

Desirable Daughters is one of the most significant novels of Bharti Mukherjee in which she projects the themes of homelessness, rootlessness and nostalgia. Through this work, the novelist has presented the South Asian immigrant experiences. Cultural dissonance, alienation, loneliness etc. become the hazardous situations for the female characters in this novel. After her marriage, Tara the female protagonist of this novel goes to the United States

with her husband Bish Chatterjee. Tara attempts to assimilate in the American atmosphere but on the contrary she is looked down due to her Asian identity. Tara's life remains just a dilemma as she is never able to justify her true identity. Tara suffers a lot because of identity crisis on the foreign land. She confronts the situation of utter solitude and rootlessness. Finally, she becomes nostalgic and decides to go back to India is search of home.

Suggestions and Findings: The novelist Bharti Mukherjee has pictured her novels with the colours of rootlessness and nostalgia. The themes of nostalgia and rootlessness have been scattered in most of her novels. Through some excellent feminine character sketches, Bharti Mukherjee has provided new way to fiction writing through deadly immigrant experiences. Her fictional world is full of the feelings and emotions of sense of belonging and nostalgia. Not only Indians but some characters from other countries have also been pictured as very emotional and sentimental, trying to assimilate in other culture but they feel themselves unable to do so. The novelist outstandingly presented the fatal experiences of immigrants on foreign land. Mukherjee also becomes subjective in case of some novels written by her.

Conclusion : Through the above study, some inferences are drawn. The novelist Bharti Mukhrjeee has rightly projected the subjects of rootlessness and nostalgia through some of her novels. Her characters suffer a lot due to the shifting of cultural localities. The encounter between native atmosphere and foreign settings create very much problematic situations for Mukherjee's portrayals. They feel a sense of loss in such contrary surroundings, full of loneliness, homelessness, rootlessness, alienation etc. The result comes in the form of nostalgia. Due to cultural clashes, the immigrants develop a new identity for themselves as being outsiders on some strange foreign land. Transformation of cultures and settings in the lives of the characters lead them to walk on an unending path.

References:-

1. Alam,Fakrul. Bharti Mukherjee. New York: Prestige Publishers, 1996.
2. Dhawan,R.K. . Indian Women Writers. New Delhi : Prestige Books, 2001.
3. Dhawan, R.K. The Fiction of Bharti Mukherjee: A Critical Symposium. New Delhi: Prestige Books, 1996.
4. Iyenger, K.R.S. Indian Writing in English. New Delhi: Sterling Publications, 1985.
5. Krishnaswami, Shantha. The Women in Indian Fiction in English. New Delhi; Asian Publishing House, 1983.
6. Kumar, Nagendra. The Fiction of Bharti Mukherjee: A Critical Perspective. New Delhi: Atlantic Publishers and Distributors Private Limited, 2013.
7. Shirwadkar, M. Image of Women in Indo-Anglian Novel. New Delhi: Sterling Publications, 1979.
8. Singh, Vandana. The Fictional World of Bharti Mukherjee. New Delhi: Prestige Books, 2010.
9. Stephen, M.S. .Bharti Mukherjee: A Study in Immigrant Sensibility. New Delhi: Prestige Books, 2010.
10. Tandon, S. Bharti Mukherjee's Fiction: A Perespective. New Delhi: Swarup and Sons Publishers,2007.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में वृद्धि का विश्लेषणात्मक अध्ययन (इंदौर जिले के विशेष सन्दर्भ में)

माधुरी यादव* **डॉ. एल.एन. शर्मा****

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) भेरुलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बेडकर नगर, महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लिए गए भारत के सामाजिक आर्थिक ढांचे में कृषि की महत्ता को इस तथ्य से महसूस किया जा सकता है कि देश की अधिकांश जनसंख्या की आजीविका कृषि पर निर्भर है। कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 18 प्रतिशत है, जबकि 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या इस पर निर्भर है, जिसके फलस्वरूप कृषि क्षेत्र में प्रति व्यक्ति आय कम है। इससे यह भी पता चलता है कि कृषि क्षेत्र और गैर कृषि क्षेत्र में प्रति व्यक्ति आय के बीच बड़ी असमानता है। अत: इन सभी का प्रभाव किसानों की आय स्तर को प्रभावित करता है। आय का स्तर कुल उत्पादन तथा उचित उत्पादकता स्तर और किसानों द्वारा प्राप्त मूल्यों द्वारा निर्धारित होती है। लघु और सीमांत जोतों का आधिक्य जो कुल जोतों का लगभग 82 प्रतिशत है, अपूर्ण बाजार दशाएँ तथा पश्च और अग्र संपर्कों की कमी जैसी बाधाऐं भी किसान के आय स्तरों को दुष्प्रभावित करती है। तदनुसार, कृषि कार्यकलाप अधिक व्यवहार्य बने और नवीन तकनीक का उपयोग करके कृषि भूमि की उत्पादकता को बढ़ाया जाऐ, इसके लिए कृषकों को ऋण पर निर्भर रहना पड़ता है।

प्रस्तावना – किसान क्रेडिट कार्ड योजना केंद्र सरकार की एक विशेष महत्वपूर्ण योजना है, जिसका संबंध देश की बैंकिंग प्रणाली एवं किसानों के परस्पर संबंधों से है। इसका मूल उद्देश्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना है। कोई भी पहचान- पत्र बैंक उपलब्ध कराकर अपनी फसल हेतु आवश्यकता बैंक से ले सकता है। उनकी जोत के आधार पर ऋण की राशि निर्धारित की जाती है।वे उधार (क्रेडिट) ली गई राशि का प्रयोग का प्रयोग कर एक बार में आवश्यकतानुसार थोड़ी-थोड़ी मात्रा में कर सकते हैं। इसके विशेष लाभ यह है कि जितनी पूँजी कृषक खर्च करता है। क्रेडिट कार्ड का लाभ उन किसानों को भी मिल सकता है, जो अपनी निजी पूँजी पर खेती नहीं करते, लेकिन इसके लिए उन्हें इस आशय का प्रमाणित प्रमाण-पत्र देना होगा कि वे दूसरे की भूमि पर खेती करते हैं।

अधिकतर कृषक किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण लेते हैं, कुछ वित्तीय संस्थाओं जैसे बैंकों पर निर्भर है व कुछ कृषक गांव के साहूकारों से ऋण लेते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड ने कृषकों की समस्या को खत्म कर दिया है। इसके माध्यम से किसानों को समय पर राशि उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे उनके जीवन स्तर पर भी ऊँचा हो रहा है, साथ ही ग्रामीण वित्त संबंधित अनेकों योजनाएँ चलाई गयी व उन्हीं योजनाओं के जरिए करोड़ों लोग फिर से खेती से जुड़ गए हैं। शासन द्वारा संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कृषकों की संख्या को दर्शाया गया है, जिसके अंतर्गत प्रतिशत कृषकों ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया व प्रतिशत कृषकों ने अन्य वित्तीय संस्थाओं जैसे बैंक, साहूकारों इत्यादि से ऋण प्राप्त किया है।

सरकार ने अपने विभिन्न आयामों द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में ऋण सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे कृषि व्यापार, पशु-पालन, लघु-सीमांत कृषकों और ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर व्यक्तियों को विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से जिसका मुख्यत: किसान क्रेडिट कार्ड योजना से प्राचीन ऋण व्यवस्था से छुटकारा भी मिला है। आवश्यकता इस बात की है कि ऋण व्यवस्था को ओर सरल किया जाए ताकि इसका लाभ सभी को प्राप्त हो और भारत का स्वप्न साकार हो सके। किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उद्देश्य किसानों को कृषि के क्षेत्र में लाभ पहुंचाना है, जिसके अंतर्गत लघु एवं सीमांत किसानों को तकनीक का प्रयोग, यंत्रीकरण के संदर्भ में ऋण दिया जाता है ताकि वे अपने उत्पादन में वृद्धि कर सकें-मशीन, बीज क्रय, स्टोरेज के साधन आदि।

साहित्य का पुर्नावलोकन

जी. श्रीनिवासन और अन्य (2010) ने अपने अध्ययन में स्व-सहायता समूह और किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा प्रदत कृषिगत योजनाओं का अध्ययन किया और पाया कि कृषि सतत् रूप से विकास के लिए आवश्यक है। प्रयोगात्मक खेती की नई तकनीक द्वारा खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि ने देश की आर्थिक परिस्थिति को एक नया मोड़ दिया। देश ने उत्तर-पश्चिम राज्यों पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न विशेषकर गेहूँ के उन्नत किस्म के बीजों के प्रयोग द्वारा हरित क्रांति का आविर्भाव हुआ।

सिंह, राजू (2010) इन्होंने अपने अध्ययन में बताया है कि राजस्थान राज्य के जिन किसानों के पास खुद की जमीन नहीं है, उनको भी अब सरकार नाबार्ड की सहायता से कृषि ऋण दिलाएगी। पहले जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी उन्हें ऋण नहीं मिलता था। अब ऐसा होने से किसानों को सेठ साहूकारों से अधिक ब्याज देकर ऋण लेने से मुक्ति मिलेगी। इसके लिए 4 से 10 किसानों का एक समूह बनाना होगा। नाबार्ड के तहत दस किसान सामूहिक रूप से 5 लाख रूपए तक ऋण ले सकेगें। कृषि विभाग के पर्यवेक्षक जो किसान भूमिहीन हैं, उनको इस योजना की जानकारी देगें व

ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगे। वर्तमान में किसानों के पास जमीन होने पर ही बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाते हैं, इससे किसान किसी भी समय ऋण ले सकते हैं।

बलदेव सिंह शेरगिल, मनमीत कौर एवं सत्यजीत सिंह टिवाना (2018) ने अपने शोध में हरियाणा के लघु एवं सीमान्त कृषकों के आजीविका का अध्ययन किया गया। लघु एवं सीमान्त कृषकों की साक्षारता दर, शिक्षा, आय-व्यय के पैटर्न, गैर कृषि व्यावसायिक विकल्प, आवास की स्थिति, सामाजिक और वित्तीय पूंजी की भूमिका इत्यादि के माध्यम से उनके जीवन के संदर्भो का विश्लेषण किया गया है। शोध के निष्कर्ष के आधार पर यह सुझाव दिया गया कि उनकी अंसतोषजनक स्थिति का मुख्य कारण उनकी निरक्षरता है। अत: साक्षरता दर को बढ़ाना आवश्यक है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का सामना न करना पड़े। अत: सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर हितग्राही को मिलना चाहिए। जिसके लिए गैर सरकारी संगठन का सहयोग अत्यन्त आवश्यक है।

अनूपसिंह सांगवान (2018) के शोध के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास व प्रगति में कृषि क्षेत्र का एक अहम् स्थान है। प्रस्तुत शोध में लघु एवं सीमान्त कृषकों की संख्या में वृद्धि होने के काण, इनकी समस्याएँ व सरकारी उपायों व समाधान के विषय में जानने का प्रयास किया गया। उन्होंने अपने शोध में बताया कि देश की राष्ट्रीय आय में 18 प्रतिशत भागीदारी कृषि से व कार्यकारी जनसंख्या का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा कृषि व सम्बद्ध कार्यो में लगा हुआ है। देश के निर्यातों में भी कृषि क्षेत्र का 16 प्रतिशत हिस्सा है तथा देश की तीव गति से बढ़ती जनसंख्या को आवश्यक खाद्यानों, फलों व सब्जियों की आपूर्ति कृषक के द्वारा ही की जाती है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. इंदौर जिले के लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की भूमिका का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि:

1. **अध्ययन क्षेत्र** -संपूर्ण इंदौर जिला
2. **अध्ययन का समग्र** -संपूर्ण इंदौर जिले में निवासरत लघु एवं सीमांत कृषक।

अ. **लघु कृषक :** वे कृषक जिसके पास 4 बीघा से अधिक और 8 बीघा से कम खेती होती है।

ब. **सीमांत कृषक :** वे कृषक जिनके पास 4 बीघा तक कृषि भूमि होती है।

3. **अध्ययन में इकाई** - इंदौर जिले के इन चार विकासखंडों (सांवेर, महू, राऊ एवं देपालपुर) में से प्रत्येक विकासखंडों में निवास करने वाला एवं लघु एवं सीमांत कृषक जिसने किसान क्रेडिट कार्ड ले रखा है।(वर्ष 2012-17 के दौरान) को अध्ययन की इकाई के रूप में लिया गया है।

शोध विधि:- प्रस्तुत शोध कार्य हेतु मुख्य रूप में निदर्शन पद्धति का प्रयोग किया गया है। दैव निर्देशन विधि की लॉटरी पद्धति से इन चार विकासखंडों में से प्रत्येक विकासखंड से 100 अर्थात् (4 विकासखंडों से 400) लघु एवं सीमांत कृषकों का अध्ययन इकाई के रूप में चयन करके शोध अध्ययन कार्य पूर्ण किया गया है।

सभी प्रकार के प्रमाणिक द्वितीयक संमको को इस शोध कार्य का महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है तथा समस्या के संबंध में साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक समंको का संकलन करके अधिकाधिक सही एवं व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

प्राथमिक संमक-एकत्रित करने हेतु मुख्य रूप से प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान रीति का प्रयोग किया गया है। इसके अन्तर्गत शोधार्थी द्वारा स्वंय शोध क्षेत्र में उपस्थित होकर न्यादर्श इकाइयों से संपर्क किया गया जिससे संमक सबसे अधिक प्रमाणिक, शुद्ध तथा विश्वसनीय प्राप्त हो। साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक संमक एकत्रित किए गए हैं। नीचे दी गई तालिका में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत पूर्व व पश्चात् विभिन्न फसलों के प्रति एकड़ उत्पादन में वृद्धि को दर्शाया गया है-

तालिका क्रमांक 1: किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत पूर्व व पश्चात् विभिन्न फसलों के प्रति एकड़ उत्पादन में परिवर्तन

क्र.	फसलें	ऋण लेने से पूर्व प्रति एकड़ उत्पादन	ऋण पश्चात प्रति एकड़ उत्पादन	पूर्ण परिवर्तन (रुपये में)	सापेक्ष परिवर्तन (%)
1	सोयाबीन	5.88	7.81	1.93	32%
2	अरहर	3.74	5.65	1.91	51%
3	गेहूं	6.41	11.69	5.28	52%
4	चना	3.43	5.98	2.55	74%

Source: Department of Agricultural Development Bulletin 2020

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि ऋण लेने से पूर्व सोयाबीन का प्रति एकड़ उत्पादन 5.88 था, जो कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने के पश्चात 7.81 प्रति एकड़ उत्पादन रहा, जो 1.93 प्रतिशत में परिवर्तन (रुपये में) का सांकेतिक है। इसी प्रकार से ऋण लेने से पूर्व अरहर का प्रति एकड़ उत्पादन 3.74 था, जो कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने के पश्चात 5.65 प्रति एकड़ उत्पादन रहा, जो 1.91 प्रतिशत में परिवर्तन (रुपये में)का सांकेतिक है। ऋण लेने से पूर्व गेहूँ का प्रति एकड़ उत्पादन 6.41 था, जो कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने के पश्चात 11.69 प्रति एकड़ उत्पादन रहा, जो 5.28 प्रतिशत में परिवर्तन(रुपये में) का सांकेतिक है। ऋण लेने से पूर्व चना का प्रतिएकड़ उत्पादन 3.43 था, जो कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने के पश्चात 5.98 प्रति एकड़ उत्पादन रहा, जो 2.55 प्रतिशत में परिवर्तन (रुपये में)का सांकेतिक है। अत: स्पष्ट है कि किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा प्रदत लाभ से प्रति एकड़ उत्पादन में वृद्धि हुई है।

तालिका क्रमांक 2: पूर्व व पश्चात आय में परिवर्तन (प्रति एकड़)

क्र.	फसलें	ऋण पूर्व पूर्व प्रति एकड़ (रुपये में)	ऋण पश्चात प्रति एकड़ (रुपये में)	पूर्ण परिवर्तन (रुपये में)	सापेक्ष परिवर्तन (%)
1	सोयाबीन	6174	8519	2417	39.14
2	अरहर	13090	19210	6120	46.75
3	गेहूँ	7051	12089	5308	75.28
4	चना	8149	13754	5605	68.78

Source: Department of Agricultural Development Bulletin 2020

उपरोक्त तालिका में किसान क्रेडिट कार्ड के पूर्व व पश्चात आय में परिवर्तन (प्रति एकड़) को दर्शाया गया है। सोयाबीन के संदर्भ में ऋण पूर्व आय प्रति एकड़ (रुपये में) 6174 थी, जो कि बढ़कर ऋण पश्चात आय प्रति एकड़ (रुपये में)8519 रही। अरहर के संदर्भ में ऋण पूर्व आय प्रति एकड़ (रुपये में)13090 थी, जो कि बढ़कर ऋण पश्चात आय प्रति एकड़ (रुपये में)19210 रही। गेहूँ के संदर्भ में ऋण पूर्व आय प्रति एकड़ (रुपये में) 7051 थी, जो कि बढ़कर ऋण पश्चात आय प्रति एकड़ (रुपये में) 12089 रही। चना के संदर्भ में ऋण पूर्व आय प्रति एकड़ (रुपये में) 8149 थी, जो कि बढ़कर ऋण पश्चात आय प्रति एकड़ (रुपये में) 13754 रही। अतः निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि किसान क्रेडिट कार्ड के पूर्व आय व किसान क्रेडिट कार्ड के पश्चात आय में परिवर्तन रहा।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना से कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में वृद्धि की जानकारी के आधार पर लघु एवं सीमांत कृषकों का वर्गीकरण

तालिका क्रमांक 3: किसान क्रेडिट कार्ड योजना से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता में वृद्धि

वर्ग	आवृत्ति	प्रतिशत
पूर्णतः असहमत	18	4.5%
असहमत	16	4%
तटस्थ	10	2.5%
सहमत	233	58.25%
पूर्णतः सहमत	123	30.75%
कुल	**400**	**100**

स्रोत-व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर

किसान क्रेडिट कार्ड योजना से आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है तथा लघु एवं सीमांत कृषक आत्मनिर्भर हुए हैं।किसान क्रेडिट कार्ड योजना से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता में वृद्धि की जानकारी के संदर्भ में 4.5 प्रतिशत लघु एवं सीमांत कृषक पूर्णतः असहमत, 4 प्रतिशत लघु एवं सीमांत कृषक असहमत, 2.5 प्रतिशत लघु एवं सीमांत कृषक तटस्थ, 58.25 प्रतिशत लघु एवं सीमांत कृषक सहमत, व शेष 30.75 प्रतिशत लघु एवं सीमांत कृषक पूर्णतः सहमत हैं।

$H_0$1:किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण ही लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण नहीं हो रहा है।

H_a1:किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण ही लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

तालिका क्रमांक- 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

दोनों कारकों में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण के मध्य पियर्सन सहसंबंध परीक्षण करने पर 0.828 मान प्राप्त हुआ है, तथा सार्थकता मूल्य (p-value) का मान 0.000 जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों कारकों के मध्य पियर्सन मान व सार्थकता मूल्य (p-value) स्तर मान 0.05 से कम होने पर कारकों के मध्य सार्थक संबंध है। साथ ही मॉडल समरी में प्रतिपगमन विश्लेषण का प्रयोग दोनों कारकों के मध्य सकारात्मक संबंध को ज्ञात करने हेतु किया गया है। मॉडल समरी के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि, लिनियर सहसंबंध गुणांक ठका मान 0.686 है, व आर. स्क्वेयर (0.685) है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों कारकों के मध्य संबंध है। आर.स्क्वेयर (गुणांक का निर्धारण) का मान 0.686 प्राप्त हुआ है, जो यह दर्शाता है कि लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के मापदण्ड पर 68.6% है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण के बीच संबंध को जानने के लिए 'अनोवा परीक्षण' का प्रयोग किया गया है। तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि F का मान 868.040 है, जो सारणीमान 2.47 से अधिक है व सार्थकता मूल्य .000[a] है, जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अतः परिकल्पना **किसान क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण ही लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है** को स्वीकृत किया जाता है तथा परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

निष्कर्ष एवं सुझाव: ग्रामीण एवं कृषि विकास हेतु ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने हेतु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को योगदान भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।इन बैंकों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्गों को ऋण उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। ये बैंक कृषि श्रमिकों, लघु, कुटीर तथा दस्तकारी उद्यमियों तथा लघु एवं सीमांत किसानों को ऋण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं किंतु यह भी सच है कि वर्तमान में इन बैंकों को सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के बैंकों से प्रतिस्पर्धा, पूंजी आधार अर्जक आस्तियों का उच्च प्रतिशत, समन्वय का अभाव आदि चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना द्वारा प्रदत लाभ से कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में वृद्धि हुई है। कृषि साख के बढ़ते हुए महत्व को कृषि यंत्रों का उपभोग, ट्रैक्टरों के उपयोग, सिंचाई हेतु पंपसेटों के प्रयोग, फसल कटाई हेतु हार्वेस्टर के प्रयोग के रूप में देखा जा सकता है:

1. केसीसी व्यवस्था के फलस्वरुप कृषि में मशीनों एवं यंत्रों का उपयोग बढ़ा है, जिससे कृषि कार्य उचित समय, उचित दक्षता तथा न्यूनतम लागत पर कर पाना संभव हो गया है।
2. केसीसी द्वारा प्रदत लाभ के फलस्वरूप किसानों को ट्रैक्टर क्रय की सुविधा में वृद्धि हुई है। पूर्व में यह कार्य बैलों की शक्ति से किऐ जाते थे, जिससे अधिक समय और धन व्यय होता था। इस प्रकार कृषि लागत में कमी आई है व उनके आर्थिक जीवन में सुधार आया है।
3. साख व्यवस्था के विस्तार के फलस्वरुप भारतीय कृषि की मानसून पर निर्भरता भी कम हुई है। किसानों ने डीजल चालित एवं विद्युत चालित पंपसेटों का प्रयोग करना आरंभ हुआ है।
4. कृषि में आधुनिकीकरण की वजह से खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा इसी क्रम में नयी कृषि तकनीक के आगतों तथा उर्वरकों, कीटनाशकों, कृषि मशीनरी से संबंधित उद्योगों का तीव्र विकास संभव हुआ है।
5. शासकीय योजनाओं के प्रति हितग्राहियों में जागरूकता लाना आवश्यक है, जिसके लिए सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर शिविर व गोष्ठी आयोजित की जानी चाहिए ताकि हितग्राही इस अवसर का लाभ उठा सके। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत प्रदत्त ऋण राशि या अनुदान राशि व्यवसाय की प्रकृति, व्यवसाय का क्षेत्र एवं लगने वाले साधनों के आधार पर तय की जानी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Anjani Kumar at al " Performance of Rural Credit and

Factors affecting the choice of Credit Sources". Indian Journal of Agricultural Economics. Voigime 62. No 3 July - Sept 2007

2. Dhanabhakyan.M. Malarvizhi.J, (2012),"A study on the awareness utilization and problem of using kisan Credit Card of Canara Bank" , international journal of marketing, financial services & management research,vol.1,issue.10,
3. Dharmendra Mehta & Hitandra Trivedi, (2016),"India Kisan Credit Card Scheme: An Analytical study ", BRAND Broad research, vol.7.Issue.1.
4. Diwas Raj & Pramod kumar (2012),"progress and performance of Kisan Credit Card", agricultural economics research review, vol.25.pp125-135.
5. Dube, L. K. (1972) "Micro-Scale Agriculture Geo-graphical studies as a basic for territory Analysis and Programming Agricultural Progress". The European Regional Conference Symposium of Agricultural Typology and Agricultural Settlement. 50-58.
6. Dutt, A. & Robin, S. G. (1969) "An Assessment of Agricultural development in West Bengal". The Journal of Tropical Geographer 28. 17-22.
7. Gulati, A. Kalra, G. T. (1992) Fertiliser Subsidy issued related to equality and efficiently. Economic and Political weekly. March 28, p. 48.
8. Gupta, R. (1977) Poverty and quality of life in Tribal areas. In Gupta ed. `Planning for Tribal Development' Ankur Publishing House. New Delhi. P. 81-126.
9. Kalliir. M.S. `Impact of KCC on flow of credit and repayment rate in a backward region. .A case of agricultural development bank in Shorapur Tali|ka, Gulbarga district Karnataka. : Summary: Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 60. No 3. July-September 2005
10. K.H, Vedini and P Kanaka Durga. `Evaluation of Kisan Credit Card Scheme in t N State of Andhra Pradesh'. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 62 July-Sept 2007)
11. Mahavir, S. A. (2010). An Economic Evaluation of Kisan Credit Card Scheme in Belgaum District of Karnataka and in Sangli District of Maharashtra (Thesis, University of Agriculture Sciences, Dharwad). Retrieved from www.etd.uasd.edu/abst/th9995.pdf.
12. Mehta, D., Trivedi, H., Mehta, N.K. (2016). Indian Kisan Credit Card Scheme: An Analytical Study .Brand, Broad research in Accounting, Negotiation and Distribution, 6(1), 23-27.
13. Mellor, J.W. & Johnston, B. (1961) "The Role of Agriculture in Economic Development". American Economic Review. (44), pp. 566-93.
14. Olekar, Ramesh. O. (2012). Effectiveness of Kisan Credit Card Scheme in Karnataka State International Journal of Research in Commerce & Management, 2(7),104-109
15. Parwate, P.,Sharma, M.L., and Maske M. (2012). A study on utilization pattern of Kisan credit card (KCC) among the farmers in Raipur district of Chhattisgarh. International journal of Agronomy and Plant Production, 3(2),54-58.
16. Rajmohan, S., Subha. K. (2014),"Kisan Credit Card Scheme in India", International journal of Scientific research, vol.3, Issue.10
17. R.Ki Khatkar and others: Role of Kisan Credit Cards and Self Help Groups in Rural Financing in Haryana' Indian Journal of Agricultural Economics. Vol|60. No 3. July- September 2005.
18. Samberni, I, (1977) Area Planning for Tribal Development: Concept and Experiments". In Gupta ed. `Planning for Tribal Development' Ankur Publishing House. New Delhi. P. 193-211.
19. Sanleer Kumar : `Kishan Crdit Card. Cross Road Ahead" Vilakshan. XIMB Journal of Management. Sept 2009.
20. Santhi, A. (2012). Impact of Kisan Credit Card Scheme on the Farmers of Kanyakumari District A study (Ph.D Thesis, Manonmaniam Sundaranar University). Retrieved from shodhganga.inflibinet.ac.in/ handle/ 15603/27862
21. Sharma Anil (2005) The Kisan Credit Card Scheme: Impact, Weaknesses and Further reforms. Published by National Council of Applied Economics Research, New Delhi
22. Sharma, A., Choudhary, S., Swarnakar, V.K. (2013). A Study on Impact of Kisan Credit Card Scheme among the Beneficiary Farmers in Sehore District of Madhya Pradesh. International Journal of Science and Research, 2(1), 154-157.
23. Singh Harpreet and M.K. Sekhon. `Cash in Benefits of the Kisan Credit Card Scheme. Onus is up on the farmer'. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 60. No 3 July-Sept 2005.
24. Singh, S. N. (1976) "Modernization of Agriculture-A Case Study in eastern U. P.". Heritage Publisher, new Delhi.126-137.
25. S.S. Sangwan. `Innovative Loan Products and Agricultural Credit: A study of Kisan Credit Card scheme with special reference to Maharashtra, Sunmmary. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol 60. No 3. July -September 2005.
26. Uppal, R. K., Juneja, A. (2012). Kisan Credit Card Scheme in India-Issues and Progress. Asian Journal of Research in Social Science and Humanities, 2(6), 17-26.
27. Vohra, B.B. (1980) Policy for Land and Water. Sardar Patel Memorial Lecture: New Delhi. December. P. 22-23.
28. Yogesh Kumar Dubey. `Access to Kisan Credit Cards in Uttar Pradesh by different Social groups in Different Regions'-. Summary. Indian Journal of Agricultural Economics. Volume 62. No 3 July - Sept 2007.

तालिका क्रमांक4: Model Summary[b]
लघु एवं सीमांत कृषकों का आर्थिक सशक्तिकरण

Model	R	R Square	Adjusted R Square	Std. Error of the Estimate	Change Statistics				
					R Square Change	F Change	df1	df2	Sig. F Change
1	.828a	.686	.685	.72659	.686	868.040	1	398	.000

a. Predictors: (Constant), प्रभावी क्रियान्वयन

b. Dependent Variable: आर्थिक सशक्तिकरण

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

जनजातीय क्षेत्रों में मानव अधिकारों के संरक्षण की स्थिति (झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)

संजु अलावा*

* पीएच.डी शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) समाज विज्ञान अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानव अधिकारों की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है, जितनी कि मानव जाति, समाज और राज्य की। मानव अधिकारों की धारणा का प्रत्यक्ष सम्बन्ध मानव सुख से है, जिसमें विकास के क्रम में सामाजिक सुख, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सुख का स्वरूप धारण कर लिया गया है। **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** की अवधारणा को संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा मान्यता प्रदान करने से मानव अधिकारों का स्वरूप विश्वव्यापी हो गया है।

शब्द कुंजी –मानव अधिकार, सामाजिक सुख, संयुक्त राष्ट्रसंघ।

प्रस्तावना – मानव अधिकार सभी अधिकारों का एक समूह है, जो हर व्यक्ति को उसके लिंग, जाति, पंथ, धर्म, राष्ट्र, स्थान या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना दिया जाता है, जो मानव व्यवहार के कुछ मानकों को स्पष्ट करते है। कानून द्वारा संरक्षित ये अधिकार हर जगह और हर समय लागू होते है। मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम-1993 की वजह से केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तथा राज्य स्तर पर राज्य मानव अधिकार आयोग और जिला स्तर पर जिला मानव अधिकार संगठन की स्थापना करना कानूनी रूप से आवश्यक हो गया है। यह आयोग मानव अधिकारों तथा उससे संबंधित विषयों को सुलझाने के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तथा राज्य मानवाधिकार आयोग अब नागरिक के रोजमर्रा के जीवन का अंग बन गया है। वास्तव में प्रत्येक मनुष्य को ऐसे जीवन स्तर को प्राप्त करने का अधिकार है, जो उसे और उसके परिवार के स्वास्थ्य, कल्याण और विकास के लिए आवश्यक होता है। मानव अधिकारों में आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों के समक्ष समानता का अधिकार एवं शिक्षा का अधिकार आदि नागरिक और राजनीतिक अधिकार भी सम्मिलित हैं। मानव अधिकार मुनष्य के विशेष अस्तित्व के कारण उनसे संबंधित है, इसलिए ये जन्म से ही प्राप्त हैं और इसकी प्राप्ति में जाति, धर्म, लिंग, भाषा, रंग और राष्ट्रीयता बाधक नहीं होती। मानव अधिकार को दूसरे अर्थो में मूलाधिकार, आधारभूत अधिकार, अंतर्निहित अधिकार एवं नैसर्गिक अधिकार भी कहा जाता है।

शोध विषय का चयन – जनजाति क्षेत्र में मानवाधिकारों का पालन हो रहा है या नहीं ? क्या आज भी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र विकास की मुख्यधारा में पीछे है ? इसलिए जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में मानव अधिकारों के संरक्षण की स्थिति का अध्ययन करने के लिए इस शोध विषय का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु कार्यरत् विभिन्न अभिकरणों की भूमिका का अध्ययन करना है।
2. जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों की स्थिति की विवेचन एवं विश्लेषण करना।

अध्ययन का महत्व एवं क्षेत्र– इस शोध अध्ययन से यह ज्ञात हो सकेगा कि जनजातीय क्षेत्रों में मानव अधिकारों के संरक्षण हेतु कार्यरत् विभिन्न अभिकरणों की भूमिका क्या है और वे मानवाधिकारों का संरक्षण किस प्रकार से करते है ? यह शोध कार्य जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्य करने वाली संस्थाओं एवं नीति निर्माताओं एवं शोध कार्यो में संलग्न व्यक्तियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस शोध के लिए मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित आदिवासी बहुल झाबुआ जिले का चयन किया गया है। झाबुआ जिले की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1025048 है, जिसमें 515023 पुरूष एवं 510025 महिलाएँ है। झाबुआ जिले की कुल जनसंख्या में अनुसचित जनजाति की कुल जनंसख्या 819818 है, जो जिले की कुल जनसंख्या का लगभग 80 प्रतिशत है।[1]

निदर्षन प्रक्रिया – इस शोध कार्य के लिए निम्न प्रकार से निदर्शन प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. अध्ययन के समग्र – अध्ययन के समग्र के रूप में मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के अनुसूचित जनजाति परिवारों को शामिल किया गया है।

ख. अध्ययन की इकाई – समग्र में से अध्ययन की इकाई के रूप में झाबुआ जिले के अनुसूचित जनजाति परिवारों में से उन परिवारों को शामिल किया गया, जो किसी भी शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है।

उत्तरदाताओं का चयन – इस शोध की प्रतिपूर्ति के लिए उत्तरदाताओं का चयन शोध कार्य के निर्धारित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर **सोद्देश्य प्रतिचयन विधि** से किया गया है।[2] झाबुआ जिले से कुल 245 उत्तरदाताओं का चयन **दैव निदर्शन पद्धति** से किया गया है।[3] उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जिले स्तर से कुल 20 उत्तरदाता, तहसील स्तर से कुल 75 उत्तरदाता एवं ग्राम पंचायत स्तर से कुल 150 उत्तरदाताओं का चयन किया गया। इस प्रकार जिले से कुल 245 जनजाति उत्तरदाताओं का चयन अध्ययन की इकाई के रूप में किया गया।

आँकड़ों का संकलन – इस शोध कार्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया है।

आँकड़ों के संकलन के स्त्रोत – इस शोध कार्य के लिए **प्राथमिक आँकड़ों**

का संकलन अध्ययन क्षेत्र से चयनित उत्तरदाताओं से साक्षात्कार-अनुसूची के माध्यम से किया गया है।[4] वहीं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन विभिन्न मानक पुस्तकों, शोध-प्रबंध एवं लघु शोध प्रबंध, विभिन्न शोध पत्र एवं पत्रिकाओं, विभिन्न विभागों के प्रकतवेदनों, भारत की जनगणना-2011, झाबुआ जिले की सांख्यिकी पुस्तिकाओं, शासकीय तथा अषासकीय विभागों की अधिकृत वेबसाइटस् से प्राप्त आँकड़ों एवं अभिलेखों के आधार पर किया गया है।

इस प्रकार संकलित किए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण एवं सारणीकरण के बाद में तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए, जिसके आधार पर शोध कार्य की प्रतिपूर्ति की गई है।

शोध अध्ययन के महत्वपूर्ण निष्कर्ष:

1. **मानवाधिकारों की जानकारी होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** अध्ययन क्षेत्र के कुल उत्तरदाताओं में से 78.37 प्रतिशत उत्तरदाताओं को मानवाधिकारों की जानकारी है, जबकि 21.63 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें मानवाधिकारों की जानकारी नहीं है। इस प्रकार उक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाताओं को मानवाधिकारों की जानकारी है।

2. **मानवाधिकारों का संरक्षण करने वाली संस्थाओं के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** मानवाधिकारों की जानकारी रखने वाले कुल उत्तरदाताओं में से 48.44 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि मानवाधिकारों का संरक्षण मानवाधिकार आयोग द्वारा किया जाता है, वहीं 29.17 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि मानवाधिकारों का संरक्षण न्यायालय द्वारा किया जाता है। 22.39 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार मानवाधिकारों का संरक्षण पुलिस द्वारा किया जाता है। इस प्रकार उक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार मानवाधिकारों का संरक्षण मानवाधिकार आयोग द्वारा किया जाता है।

3. **मानवाधिकारों के उल्लंघन की स्थिति/घटना के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** मानवाधिकारों की जानकारी रखने वाले कुल उत्तरदाताओं में से 26.56 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि सार्वजनिक भूमि/रास्ते पर कब्जा करना ही मानवाधिकारों का उल्लंघन है, 49.48 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित करना मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटना है। वहीं 23.96 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य घटनाओं जैसे निजी कार्य में दखल करना आदि को मानवाधिकारों का उल्लंघन मानते है। इस प्रकार उक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित करना ही मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटना है।

4. **मानवाधिकारों का उल्लंघन होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** चयनित कुल उत्तरदाताओं में से 19.59 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, वहीं 80.41 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ है। इस प्रकार उक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ है।

5. **मानवाधिकारों के उल्लंघन होने के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** अध्ययन क्षेत्र के जिन उत्तरदाताओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, उनमें से 27.08 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि पात्र होने पर भी उन्हें शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया गया था। 72.92 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन अन्य प्रकार की घटनाओं के रूप में हुआ है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन अन्य प्रकार की घटनाओं के रूप में हुआ है।

6. **मानवाधिकारों के उल्लंघन होने का विरोध करने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** जिन उत्तरदाताओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, उनमें से 70.83 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि मानवाधिकारों का उल्लंघन होने पर उन्होंने विरोध किया था, जबकि 29.17 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किसी प्रकार का विरोध नहीं किया था। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि मानवाधिकारों का उल्लंघन के संबंध में सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने विरोध किया था।

7. **मानवाधिकारों के उल्लंघन होने पर मानवाधिकार आयोग में आवेदन करने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार** जिन उत्तरदाताओं ने मानवाधिकारों का उल्लंघन का विरोध किया है, उनमें से 14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मानवाधिकार आयोग में आवदेन या शिकायत दर्ज की थी, वहीं 85.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मानवाधिकार आयोग में आवदेन या शिकायत दर्ज नहीं की थी। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि मानवाधिकारों का उल्लंघन के संबंध में भी सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने मानवाधिकार आयोग में आवदेन या शिकायत दर्ज नहीं की थी।

उपसंहार - उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर निकले निष्कर्ष से यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में मानवाधिकारों की दृष्टि से स्थिति बहुत अच्छी है और यह स्थिति जनजातीय वर्ग के लिए सकारात्मकता को स्पष्ट करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका-2016
2. सिंह, श्यामधर (1982), वैज्ञानिक सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण के मूल तत्व, कमल प्रकाशन, इन्दौर (म.प्र.)
3. शुक्ल,एस.एम.,सहाय,एस.पी.(2005)सांख्यिकीय के सिद्धांत, साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा(उ.प्र.)
4. सिंह, श्यामधर (1982), वैज्ञानिक सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण के मूल तत्व, कमल प्रकाशन, इन्दौर (म.प्र.)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

श्रमण संस्कृति की वैदिक संस्कृति को देन

डॉ. रणजीतसिंह मेवाड़े *

*सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – जिस वर्ग, समाज या राष्ट्र की कला, साहित्य, रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान, पहनाव-औढ़ाव, धर्म-नीति, व्रत-पर्व आदि प्रवृत्तियाँ जिस विचार और आचार से अनुप्रमाणित होती है या की जाती है, वे उस वर्ग, समाज या राष्ट्र के उस विचार और आधारमूलक मानी जाती है। ऐसी प्रवृत्तियाँ ही संस्कृति कही जाती है।

भारत एक विशाल देश है। इसके भिन्न-भिन्न भागों में सदा से ही भिन्न-भिन्न विचार और आचार रहे हैं तथा आज भी ऐसा ही है। इसलिए यहाँ कभी क व्यापक और सर्वाग्राहा संस्कृति रही हो, यह संभव नहीं और न ज्ञात ही है। हाँ इतना आवश्यक जान पड़ता है कि दूर अतीत में दो संस्कृतियों का प्राधान्य अवश्य रहा है। ये संस्कृतियाँ है- 1 वैदिक संस्कृति, 2. श्रवण संस्कृति। वैदिक संस्कृति का आधार वेदानुसारी आचार-विचार है और श्रवण संस्कृति का मूल है पुरूष विशेष का अनुभवाश्रित आचार-विचार। ये दोनों संस्कृतियाँ जहाँ परस्पर से संघर्षशील हैं, वहाँ वे परस्पर में संर्घषशील रही है, वहाँ वे परस्पर में प्रभावित भी होती रही एवं आदान-प्रदान करती रही है।

वैदिक संस्कृति – वैदिक संस्कृति वेद को ही सर्वोपरि मानकार उनके अनुयायियों की सारी प्रवृत्तियाँ तदनुसारी रही है। इस संस्कृति में वेद प्रतिपादित यज्ञों का प्राधान्य रहा है और उनमें अनेक प्रकार की हिंसा का विधेय स्वीकार किया गया है। 'याज्ञिकी हिंसा हिंसा न भवति' कहकर हिंसा का विधान करके उसे खुल्लम-खुल्ला छूट दे दी गई है। इसका परिणाम यह हुआ कि उत्तर काल में माँस भक्षण, मद्य-पान और मैथुन-सेवन दोषाभाव का भी प्रतिपादन कियास गया है, यथा-

'न मांसभक्षणे दोषों, न मद्ये न च मैथुने।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला।।'

इतना ही नहीं, उन्हें जीवों की प्रवृत्ति बतलाकर उन्हें स्वच्छंद कर दिया गया है- उन पर कोई नियंत्रण नहीं रखा गया। फलत: उनसे निवृत्ति होना दु:साध्य है। सोमयज्ञ में एक वर्ष की लाल गाय के हवन का विधान, एक दूसरे यज्ञ में श्वेत बकरे की बलि का निर्देश जैसे सैकड़ों प्रतिपादक अनुष्ठानादेश वेदविहित है। 'एक हायन्या अरूणागवा सोमं क्रीणाति', 'श्वेतमजमालभेत' आदि।

वैदिक मीमांसक विचार और अनुष्ठान प्रधान है। इसलिए आरंभ में इसमें ईश्वर का कोई स्थान न था। क्रिया ही अनुष्ठेय एवं उपास्य है। किसी पुरूष विशेष को उपास्य या ईश्वर मानना इस संस्कृति के लिए इष्ट नहीं है। क्योंकि उसे मानने पर वेद की अपौरूषेयता और प्रमाण्य पर आँच आती है तथा वे खतरे में पड़ते है। इसलिए वैदिक मंत्रों में केवल इंद्र, वरूण जैसे देवताओं का ही आव्हान किया जाता है। राम, कृष्ण, शिव, विष्णु जैसे पुरूषावतारी ईश्वर की उपासना इस संस्कृति में आरम्भ से नहीं रही। वह तो उत्तरकाल में आई और उनके उपासना गृहों (मंदिरों) तथा तीर्थों की सृष्टि हुई है।

जहाँ तक समीक्षक मनीषियों का विचार हैं, यह संस्कृति क्रिया प्रधान है, अध्यात्म प्रधान नहीं। वेदों में आत्मा का विवेचन अनुपलब्ध है। वह उपनिषदों के माध्यम से इस संस्कृति में पीछे से आया है। माण्डूक्य उपनिषद् में कहा है कि विद्या दो प्रकार की है- 1 परा और, 2. अपरा। परा विद्या आत्मविद्या है और अपरा विद्या कर्मकाण्डहै। छान्दोग्योपनिषद् में आत्मविद्या की प्राप्ति क्षत्रियों से और क्रियाकाण्ड का ज्ञान ब्राम्हणों से बतलाया है। इससे प्रतीत होता है कि उस सुदूर काल में आत्म विद्या इस संस्कृति में नहीं थी।

वेदों में यज्ञ करने से स्वर्ग की प्राप्ति का प्रतिपादन है, मोक्ष या नि:श्रेयस का कोई निर्देश या चर्चा नहीं है, मोक्ष या नि:श्रेयस का कोई निर्देश या चर्चा नहीं है। उसका प्रतिपादन इस संस्कृति में पीछे समाविष्ट हुआ है।

वेदों में तप, त्याग, ध्यान, संयम और शम जैसे आध्यात्मिक साधनों का कोई स्थान प्राप्त नहीं है। तथ्य-ज्ञान का भी प्रतिपादन नहीं है। उसमें केवल 'यज्ञेत स्वर्गकाम:' जैसे निर्देशों द्वारा स्वर्गकामी के लिए यज्ञ का ही विधान है। लौकिकों के लिए खेती आदि का भी प्रतिपादन है, पर मोक्ष का नहीं।

श्रमण संस्कृति – इसके विपरित श्रमण संस्कृति में, जो पुरूष विशेष के अनुभव पर आधारित है और जो आर्हत संस्कृति या तीर्थंकर संस्कृति के नाम से जानी-पहचानी जाती है, वे सभी बातें पाई जाती हैं, जो वैदिक संस्कृति में आरम्भ में नहीं थी। यद्यपि जैन और बौद्ध दोनों की संस्कृति को श्रमण संस्कृति कहा जाता है, पर यथार्थ में आर्हत् संस्कृति कहा जाता हैं। पर यथार्थ में आर्हत् संस्कृति ही श्रमण संस्कृति है, क्योंकि उसे समण-सम+उपदेशक अहंत् के अनुभव केवल ज्ञानमूलक माना गया है। दूसरे, महात्मा बुद्ध आरंभ में भगवान पार्श्वनाथ की परम्परा में हुए निर्ग्रंथ मुनी पिहितास्त्रव से दीक्षित हुए थे और वर्षों तक तद्नुसार दया, समाधि, केशलुंचन, अनशनादि तक इत्यादि प्रवृत्तियों का आचरण करते रहे थे। बाद में निर्ग्रथ तप की कठोरता को सहन न कर सकने के कारण उन्होंने निर्ग्रंथ मार्ग को छोड़ दिया, समाधि और आदि कुशल कर्मों को नहीं त्यागा और बोधि प्राप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने निर्ग्रंथ संस्कृति के दया, समाधि आदि का उपदेश दिया तथा वैदिक क्रियाकाण्ड को बिना आत्मज्ञान (तत्वज्ञान) के थोथा बतलाया। इसलिए उनकी विचारधारा और आचरण वैदिक संस्कृति के अनुकूल न होने और मात्र ज्ञानमूलक श्रमण संस्कृति के कुछ अनुकूल होने से उसे श्रमण संस्कृति में समाहित कर लिया गया।

विदित है कि श्रमण संस्कृति में हिंसा को कहीं स्थान नहीं है। अहिंसा

की ही सर्वत्र प्रतिष्ठा है। न केवल क्रिया में, अपितु वाणी और मानस में भी अहिंसा की अनिवार्यता प्रतिपादित है। आचार्य समन्तभद्र ने इसकी से अहिंसा को जगतविदित 'परम ब्रम्हा' निरूपित किया है- 'अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रम्हापरमम्', इस अहिंसा का सर्वप्रथम विचार और आचार युग के आदि में भगवान ऋषभदेव के द्वारा प्रगट हुआ। वही अहिंसा का विचार और आचारा परम्परा मध्यवर्ती से तीर्थंकर द्वारा भगवान नेमिनाथ को प्राप्त हुआ। उससे भगवान पार्श्वनाथ को और भगवाना पार्श्वनाथ से तीर्थंकर महावीर को मिला। इसी से शासन को स्वामी समन्तभद्र ने दया, समाधि, दम, त्याग से ओतप्रोत बतलाया है- 'दया-दम-त्याग-समाधि निष्ठं'। इससे यह समज में समझा जा कता है कि वैदिक संस्कृति को अहिंसा की उपलब्धि श्रमण संस्कृति की देन है। युगादि से लेकर अहिंसा का आमूलचूल आचार-विचार उसकी का है।

श्रमण संस्कृति की दूसरी देन यह है कि उसने वेद के स्थान में पुरूष विशेष का प्रामाण्य स्थापित किया और उसके अनुभव पर बल दिया। उसने बतलाया कि पुरूष विशेष अकलंक अर्थात ईश्वर हो सकता है।

दोषावरणयोर्हानिनिंश्शेषास्त्यतिशायनात्।
क्वचिद्य था स्वहेतुभ्यो बहिरंतर्मलक्षय:।। आ.मी.

अतएव इस संस्कृति में पुरूष विशेष का महत्व आरम्भ से रहा और उन पुरूषविशेषों -तीर्थंकरों की पूजा उपासना प्रचलित हुई तथा उनकी उपासना मंदिरों एवं तीर्थों को निर्माण हुआ। इसका इतना प्रभाव पड़ा कि अपौरूषय वेद के अनुयायियों द्वारा भी राम, कृष्ण, शिव, विष्णु जैसे पुरूषावतारी ईश्वर की कल्पना की गई और उनकी उपासना के लिए सुंदर मंदिरों का निर्माण हुआ तथा तीर्थ भी माने गए।

वैदिक संस्कृति जहाँ क्रियाप्रधान है, तत्वज्ञान उसमें गौण है, वहीं श्रमण संस्कृति तत्वज्ञान प्रधान है और क्रिया उसमें गौण है। यह भी इतिहास से प्रकट है कि यह संस्कृति क्षत्रियों की संस्कृति है, जो उनकी आत्मविद्या से नि:सृत हुई। इस संस्कृति के सभी तीर्थंकर क्षत्रिय थे। अत: वैदिक संस्कृति में जो आत्मविद्या का विचार उपनिषदों के माध्यम से आया और जिसने वेदांत (वेदों के अंत) का प्रचार एवं प्रसार किया, वह श्रमण (तीर्थंकर) संस्कृति का ही प्रभाव ज्ञात होता है और इसलिए भारतीय संस्कृति की आत्मविद्या की देन भी श्रमण संस्कृति की विशिष्ट एवं अनुपम देन है।

उपसंहार- वेदों में स्वर्ग से उत्तम अन्य स्थान नहीं है। अत: वैदिक संस्कृति में यज्ञादि करने वाले को स्वर्ग प्राप्ति का निर्देश है। इसके विपरित श्रमण संस्कृति में स्वर्ग को सुख का सर्वोच्च और शाश्वत स्थान न मानकर मोक्ष को माना है। स्वर्ग तो एक प्रकार का संसार ही है, जहाँ से मनुष्य को वापस आना पड़ता है। परन्तु मोक्ष शाश्वत और स्वाभाविक सुख का स्थान है। उसे प्राप्त कर लेने पर मनुष्य परमात्मा हो जाता है और वहाँ से उसे लौटकर आना नहीं पड़ता है। इस तरह मोक्ष या नि:श्रेयस की मान्यता श्रमण संस्कृति की है, जिसे उत्तरकाल में वैदिक संस्कृति में भी अपना लिया गया है।

श्रमण संस्कृति में आत्मा को उपादेय और शरीर, इंद्रिय तथा भोगों को हेय बतलाया गया है। संसार बंधन से मुक्ति पाने के लिए दया (अहिंसा), दम (इंद्रिय-निग्रह), त्याग (अपरिग्रह) और समाधि (ध्यान, योग) का निरूपण इस संस्कृति में किया गया है। ये सब आत्म गुण ही है। प्रमाण और नय से तत्व (आत्मा) का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने का प्रतिपादन भी इसी संस्कृति में है- 'दया-दम-त्याग-समाधिनिष्ठं नय प्रमाण प्रकृताञ्जसार्थम्।' (युक्तानुशासन)। इससे प्रकट है कि अहिंसा, इंद्रिय-निग्रह, अपरिग्रह, समाधि और तत्वज्ञान जो वैदिक संस्कृति में आरम्भ में नहीं थे और वेदों में प्रतिपादित है, बाद में वे उसमें समाहित हुए हैं। यह श्रमण संस्कृति की भारतीय संस्कृति को अन्यतम देन है।

यदि दोनों संस्कृतियों के मूल का सूक्ष्म अन्वेक्षण किया जाए तो ऐसे तथ्य उपलब्ध होगें जो यह सिद्ध करने में सक्षम होंगे कि उनमें परस्पर में कितना और क्या आदान-प्रदान हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पं. जमुनालाल : तत्वार्थ सार श्री गणेश प्रसाद वर्णी, ग्रंथ वाराणसी, 1970.
2. जैन, डॉ. नेमीचंद : तीर्थंकर हीरा भैंया प्रकाशन, इंदौर, 1987
3. जैन, प्रेमचंद : डॉ.नेमीचंद जैन, साहित्य एवं अवलोकन, हीरा भैंया प्रकाशन, 1998
4. जैन, बलभद्र : अहिंसा दर्शन, जैन साहित्य एकेडमी, खकड़ा, मेरठ, 1957
5. जैन, पन्नालाल : हरिवंश पुराण, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2001
6. दिनकर रामधारी सिंह : संस्कृति के चार अध्याय, लोक भारतीय प्रकाश, संस्करण 2003
7. शास्त्री कैलाशचन्द्र : जैन साहित्य का इतिहास, भाग-1, श्री गणेश प्रकाश वर्णी, जैन ग्रंथमाला वाराणसी, 1962
8. परमानंद शास्त्री : जैन धर्म का प्राचीन इतिहास, 1981
9. डॉ. गुलाबचन्द्र चौधरी : जैन साहित्य का वृहद इतिहास, भाग-6, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, शोध संस्थान, वाराणसी
10. आचार्य श्री : जैन धर्म का मौलिक इतिहास, भाग-3, 2002-2003
11. आर.डी. बेनर्जी : ए.एज.ऑफ दी इम्पीरियल गुप्ताज
12. एस.सी. राय चौधरी : प्राचीन भारत का इतिहास, सुरजीत पब्लिकेशन

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Benefit of Fiber

Dr. S.K. Udaipure*

***Prof. & Head (Chemistry) Govt. Narmada P.G.College, Narmadapurma (M.P.) INDIA**

Introduction - Today's one of the emerging problem is our health. Health of human being is totally dependent on our stomach. Stomach is the main analyzer of human being. If function of stomach take place properly then whole body may feel well. if there is problem in our stomach then person may feel well. If there is problem in our stomach then person may feel uneasiness. Our health is depends upon our food we eat also. for keeping good health healthy. What is Fiber? Dietary fiber is plant- based nutrient that is sometimes called roughage or bulk. It is a type of carbohydrate, it cannot be broken down into digestible sugar molecules. Therefore, fiber passes through the intestinal tract relatively intact. However on its journey. Fiber does a lot of work. Fiber is important for digestion and regularity weight management, blood sugar regulation. Cholesterol maintenance and more. It has also been linked to longevity and decreasing the risk of cancer also (F- Fullness I- Insulin control B- Beneficial bacteria E- Expectancy R- Regulation) Type of Fiber - There are two of fiber which are given below.

Soluble Fiber - Soluble fiber, such as pectin, gum, and mucilage, dissolves in water. It dissolves and becomes a gel-like substance. It is known to help decrease blood glucose (blood sugar) levels. It also helps lower blood cholesterol. Good source of soluble fiber include bean, lentils, oatmeal, peas, citrus fruits, blueberries, apple and barley.

Insoluble Fiber- Insoluble fiber. such as hemicelluloses, cellulose and lignin, do not dissolves in water. Insoluble fiber mostly retains its shapes while in the body. It speeds up the passages of food through the digestive system. This helps maintain regularity and digestive system. This helps maintain regularity and prevant constipation. It also increases fecal bulk, which makes stools easier to pass. Good source of insoluble fiber includes foods with whole wheat flour, Wheat bran, brown rice, cauliflower, potatoes, tomatoes and cucumber. Some foods like nuts and carrots are good source of both types of fiber.

Benefit of Fiber - There are many benefit of fiber which is given below

Digestion - Dietary fiber aids in improving digestion by increasing stool bulk and regularity. This is probably fiber's best know benefit is that it softer stools are easier to pass than hard or watery ones, which not only makes life more comfortable, but also helps maintains colorectal health. A high-fiber diet may help reduce the risk of hemorrhoids and diverticulitis (small, painful, pouches on the colon)

Heart Health - Fiber also helps lower cholesterol. The digestive process requires bile acids, Which are made partly with cholesterol. As your digestion improves the liver pull cholesterol from the blood to create more bile acid. In this way our bad cholesterol decreases from the body.

Possible Cancer Prevention - The research has been mixed regarding the link between fiber and colorectal cancer prevention. British Journal of Medicine found an association between cereal fiber and whole grain intake and reduced risk of colorectal cancer. Fiber might only cause this benefit if a person possesses the right kind and amount of gut bacteria. Fiber naturally reacts with bacteria in the lower colon and can sometimes ferment into a chemical called butyrate, which may cause cancer cells to self destruct. Some people naturally have more butyrate- producing bacteria than others, and a high fiber diet can help encourage the bacteria's growth.

Longevity - Fiber could actually help people live longer, a meta- analysis of relevant studies published in the American Journal of Epidemiology concluded. "High dietary fiber intake may reduce the risk of total mortality".

Food Allergies and Asthma - New research suggests that fiber could play a role in preventing food allergies. Fiber helps produce a bacterium called Clostridia, which helps keep the gut secure. Why fiber might help people with asthma. Unwanted particles escaping the gut and entering the bloodstream can cause an autoimmune response like asthmatic inflammation. A 2013 animal found that mice eating high- fiber diet were less likely to experience asthmatic inflammation than mice on low or average - fiber diet.

Natural Detoxification - Fiber naturally scrubs and promotes the elimination or toxins from your G.I tract. Soluble fiber soaks up potentially harmful compounds, such as excess estrogen and unhealthy facts, before they can be absorbed by the body and also insoluble fiber makes

things move along more quickly, it limits the amount of times that chemicals like BPA, mercury and pesticides stay in your system. The faster they go through you, the less chance they have to cause harm.

Cut Your Type 2 diabetes Risk - It's a well established fact. A recent analysis of 19 studies for example, found that people who ate the most fiber- more than 26 grams a day- lowered their odds of the disease by 18 precent, compared to those who consumed the least (less than 19 grams daily) The researchers believe that it's fiber's one two punch of keeping blood sugar levels steady and keeping you at a health weight that may help stave off the development of diabetes.

Skin Health - When yeast and fungus are excreted through the skin, they can trigger outbreaks or acne. Eating fiber, especially psyllium husks (a type of plant seed), can flush toxins out of your body, improving the health and appearance of your skin.

Hemorrhoids - A high fiber diet may lower your risk of hemorrhoids.

Irritable bowel syndrome (IBS) - Fiber may provide some relief from IBS.

Gallstones and Kidney stones - A high fiber diet may reduce the risk of gallstones and kidney stones, likely because of its ability to help regulate blood sugar.

Conclusion - Its is old says that after character of person next health is given preference in his life. If health is well than all things is in your hand. But being author of this paper I am not only concentrate on individual health only. It is duty of every head of every family to take care of health of his family members. My intention is that why we are dependent on medicine for our health. By doing less exercise, some important asana, pranayam and intake of balanced diet with dietary fiber, we become live health life and have more potential to do any kind of hard work means our society gain more potential. In this way, our states and naton have full of potential to do any kind of hard work. If people of our country automatically in all fields.

Refrences:-

1. https://www.bodybuilding.com/content/5-amazing-health-benifits-of-fiber.html
2. https://articles.mercola.com/sites/articles/archive/2013/11/25/9-fibre-health-benifits.aspx
3. https://www.helpguide.org/articles/healthy-eating/high-fibre-foods.htm
4. https://www.eatingwell.com/article/287742/10-amazing-health-benifits-of-eatting-mpre-fibre/
5. https://www.livescience.com/51998-dietary-fibre.html.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

प्रथम स्वाधीनता संग्राम के विस्फोट के पूर्व निमाड़

डॉ. महेशलाल गर्ग *

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - होलकर राज्य के अधीन निमाड़ का भू-भाग - 1857 के समय पश्चिमी निमाड़ का एक बड़ा भू-भाग उन दिनों होलकर राज्य का अंग था, जिसमें खरगोन, बरूड़, ऊन, सेगांव, जुलवानिया, सेन्धवा, भीकनगाँव, बीजागढ़ दुर्ग, पीपलगोन, कसरावद, महेश्वर, मण्डलेश्वर तथा नागलवाड़ी उल्लेखनीय है। पश्चिम-निमाड़ का खरगोन होलकर प्रशासन व सैन्य गतिविधियों का महत्वपूर्ण केन्द्र था। खरगोन का दुर्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होकर सेना को सुरक्षा प्रदान करता था। बरूड़, खरगोन से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर अवस्थित है, जिसे टाण्डा-बरूड़ के नाम से जाना जाता है। 1857 के समय बरूड़ का जागीरदार रघुनाथसिंह मण्डलोई था।

सुबेदार मल्हारराव (प्रथम) होलकर के अधीन मालवा पर हो रहे मराठा आक्रमणों से अपने राज्य की रक्षा के लिए बड़वानी के शासक मोहनसिंह (1708-1730) ने सूबेदार मल्हाररव की पत्नी गौतमाबाई (प्रथम) को अपनी बहन बना कर राखी बंधवाई थी तथा रक्षाबंधन की भेट स्वरूप नांगलवाड़ी का परगना प्रदान किया था साथ ही मोहनसिंह ने ब्राम्हणगांव को भी बन्धक स्वरूप रखा था।[1]

बीजागढ़ का दुर्ग मुगलों के शासनकाल से ही प्रशासनिक मुख्यालय था। उस समय यहाँ घनी बस्ती थी और बीजागढ़ का दुर्ग बस्ती को सुरक्षा प्रदान करता था। बीजागढ़ में प्रान्तीय सरकार कार्यरत थी और यहाँ की टकसाल से जारी सिक्कों पर 'सरकार बीजागढ़' अंकित किया जाता था। यहाँ का पर्वतीय दुर्ग अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण बहुत महत्वपूर्ण था, उस समय बीजागढ़ का मामलेदार ठाकुर खेतसिंह था।

आगरा-बम्बई मार्ग, जो निमाड़ के लम्बे भू-भाग से होकर गुजरता था, एक तरह से भू-भाग के मध्य सीमा रेखा का कार्य करता था।

बड़वानी रियासत का संक्षिप्त इतिहास और उसका विस्तार - सतपुड़ा पर्वतमाला व नर्मदा के दक्षिण में स्थित भू-भाग घने वनों से आच्छादित था, जिसमें अनेक प्रजाति के हिंसक पशु भी थे। इन वनों में भील-भिलाले, तड़वी, बंजारे व अन्य जातियों के लोग निवास करते थे। जिनकी आजिविका वनोपज, साधारण खेती, आखेट व पशुपालन पर निर्भर थी। आदिवासियों के समूह कबीलों में बसे हुए थे। इन कबीलों के मुखिया होते थे, जिनके नियंत्रण में आदिवासी रहा करते थे। प्राय: इन कबीलों में संघर्ष भी हुआ करता था।

उपर्युक्त शोध-कार्य के प्रस्तुत करने के पीछे निम्नलिखित उद्देश्य है :-

1. उद्यमिता के विकास का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन करना तथा इसके क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करना।
2. समाज के सभी वर्गो को उद्यमिता के लाभ व आवश्यकता की जानकारी प्रदान करना।
3. उद्यमिता विकास की ओर सरकार की भूमिका की जानकारी प्राप्त करना।
4. उद्यमिता विकास में बाधक साबित हो रहे कारकों का पता लगाना तथा उनके निराकरण के संभावित उपायो को खोजना।
5. गत वर्षो का तुलनात्मक अध्ययन करके उद्यमिता विकास की वास्तविक स्थिति एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त करना।
6. उद्यमिता विकास में महिलाओं की भूमिका का पता लगाना तथा उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु जानकारी प्रदान करना।
7. उद्यमिता विकास में बैंकों की भूमिका का पता लगाना।
8. जिला उद्योग केन्द्र को हितग्राहियों के वास्तविक समस्याओं से अवगत कराना तथा इस हेतु सुझाव प्रदान करना।
9. शासन के द्वारा लाई जाने वाली नवीन नीतियों में सुधार हेतु जानकारी प्रदान करना।
10. जिला उद्योग केंद्र तथा बैंकों की भूमिका में समन्वय स्थापित करने का प्रयास करना।

शोध परिकल्पना – किसी भी समस्या के संबंध में जो हमारे प्रारंभिक विचार या सामान्य कल्पना होती है,उसे ही शोध क्षेत्र में उपकल्पना का नाम दिया जाता है। उपकल्पना को पूर्व विचार या पूर्व चिंतन भी कहा जाता है। शोध अध्ययन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निम्न परिकल्पनाएँ शोध का आधार रही है :-

H_1 उद्यमिता विकास में शासकीय योजनाओं की बड़ी भूमिका है।
H_2 युवा वर्ग उद्यमिता तथा स्टार्ट-अप की ओर आकर्षित हो रहा है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

H_3 उद्यमिता विकास के द्वारा समाज के सभी वर्गो का विकास हो रहा है।

शोध प्रविधि :-

1. समंक संकलन- प्रस्तुत अध्ययन हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक आँकड़ों का संग्रहण किया गया तथा उनका विश्लेषण करके निष्कर्ष प्राप्त किए गए।

(अ)प्राथमिक संमक । (i) साक्षात्कार अनुसूची (ii) प्रश्नावली (iii) अवलोकन (iv) समूह चर्चा

(इ) द्वितीयक संमक

2. तकनीक व उपकरण - प्रस्तुत शोध कार्य को सटीक व अधिक उपयोगी बनाने के लिए शोध एवं अनुसंधान की विभिन्न तकनीकों व उपकरणों को आवश्यकतानुसार उपयोग किया गया है जिसमें कि साक्षात्कार, प्रश्नावली, अवलोकन, समूह चर्चा आदि का उपयोग किया गया है। द्वितीयक समंकों की सहायता से शोध को तुलनात्मक रुप से भी स्वजाँचित किया गया है। सांख्यिकीय रीतियों का प्रयोग कर परिकल्पनाओं की यथार्थता का परीक्षण किया गया है। शोध प्रतिवेदन का प्रभावी एवं उपयोगी बनाने हेतु आँकड़ों का सारणीयन श्रेणीयन किया गया है तथा समय-समय पर ग्राफ्स तथा फोटोग्राफी का उपयोग कर तथ्यों का सरलीकरण किया गया है।

3. समंक का विश्लेषण एवं सांख्यिकीय रीतियों का प्रयोग- नीमच एवं मदंसौर जिले में उद्यमिता विकास से संबंधित रोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् समंकों का विश्लेषण करने हेतु समंकों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण किया गया। उसके पश्चात् समंकों पर सांख्यिकीय रीतियों का प्रयोग करने हेतु शोध एवं अनुसंधान से संबंधित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एस.पी.एस.एस. पैकेज का प्रयोग किया गया, जिससे कि संकलित आँकड़ों को आरेखीय प्रस्तुतिकरण में परिवर्तित किया जा सके। आँकड़ों का सारणीकरण भी किया गया।

शोध व्याख्या - मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का परिचय

1. योजना का नाम । मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना

2. योजना का प्रारम्भ । 01 अगस्त, 2014

3. योजना का उद्देश्य । योजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए स्वयं का उद्योग (विनिर्माण)/सेवा उद्यम स्थापित करने हेतु बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराना है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को मार्जिन मनी सहायता, ब्याज अनुदान, ऋण गारण्टी एवं प्रशिक्षण का लाभ शासन द्वारा दिया जावेगा।

4. योजना का क्रियान्वयन - योजना के क्रियान्वयन हेतु सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग नोडल विभाग होगा तथा महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से योजना को क्रियान्वित किया जावेगा।

5. पात्रता

5.1 योजना का कार्यक्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा (अर्थात योजना का लाभ उन्हीं उद्यमों को देय होगा, जो मध्यप्रदेश सीमा के अन्दर स्थापित हों)।

5.2 आवेदक :-

5.2.1 मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।

5.2.2 न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।

5.2.3 आवेदन दिनांक को आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।

5.2.4 किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/वित्तीय संस्था/सहकारी बैंक का चूककर्त्ता/अशोधी (Defaulter) नहीं होना चाहिए।

5.2.5 यदि कोई व्यक्ति किसी शासकीय उद्यमी/स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त कर रहा हो, तो इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होगा।

5.2.6 यदि कोई व्यक्ति किसी शासकीय उद्यमी/स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त कर रहा हो, तो इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होगा।

5.2.7 सिर्फ एक बार ही इस योजना के अंतर्गत सहायता के लिए पात्र होगा।

5.3 योजना केवल उद्योग (विनिर्माण) एवं सेवा क्षेत्र की समस्त परियोजनायें जो CGTMSE अंतर्गत बैंक ऋण गांरटी के लिए पात्र है, के लिए मान्य होगी, परन्तु व्यापारिक गतिविधियाँ, समस्त प्रकार के वाहन, भैंस पालन, पशु पालन एवं कुक्कुट पालन संबंधी परियोजनाओं को पात्रता नहीं होगी।

6. वित्तीय सहायता:

6.1 इस योजना के अंतर्गत परियोजना लागत न्यूनतम रूपये 10 लाख से अधिकतम रूपये 02 करोड़ होगी।

6.2 इस योजना के अंतर्गत परियोजना की पूंजीगत लागत पर मार्जिन मनी सहायता 15 प्रतिशत (अधिकतम रूपये 12 लाख) तथा बीपीएल हेतु परियोजना के पूंजीगत लागत पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 18 लाख) देय होगी।

6.3 इस योजना के अंतर्गत परियोजना की पूंजीगत लागत पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से तथा महिला उद्यमियों हेतु 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष के दर से, अधिकतम 7 वर्ष तक (अधिकतम रुपये 5 लाख प्रतिवर्ष) ब्याज-अनुदान देय होगा।

6.4 इस योजना के अंतर्गत गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्ष तक देय होगी।

7. आवेदन प्रक्रिया :

7.1 आवेदक द्वारा एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सहपत्रों सहित ऑनलाईन आवेदन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

7.2 सभी प्राप्त आवेदन पंजीबद्ध किये जावेंगे। अपूर्ण आवेदन पूर्ण करने हेतु आवेदक को सूचित किया जाएगा।

7.3 आवेदक द्वारा प्रस्तावित गतिविधि की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न की जावेगी।

8. आवेदन पत्रों का निराकरण :

8.1 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा बैंक में प्राप्त आवेदन पत्र तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन योजनान्तर्गत गठित जिला टास्क फोर्स समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जावेगें।

8.2 आवेदन पत्रों निराकरण एवं समीक्षा के लिए निम्नानुसार जिला टास्क फोर्स समिति गठित होगी।

a) संबंधित विभाग के जिला कार्यालय प्रमुख - अध्यक्ष

b) जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक/प्रतिनिधि - सदस्य

c) कोई एक प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों के जिला समन्वयक/प्रतिनिधि - सदस्य

d) सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम संस्थान, इन्दौर का प्रतिनिधि - सदस्य

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

e) परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण - सदस्य
f) संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक/प्रतिनिधि - सदस्य
g) आई.टी.आई./पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रतिनिधि - सदस्य
h) महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र - सदस्य-सचिव

टीप- आवश्यक होने पर कलेक्टर किसी भी विभाग/ संस्था/बैंक के अधिकारी/प्रतिनिधि को समिति की बैठक में आवश्यकतानुसार बुला सकेंगे।

8.3 जिला टास्क फोर्स समिति की अनुशंसा उपरांत प्रकरणों को निराकरण हेतु बैंकों को अग्रेषित किया जावेगा।

8.4 उद्योग एवं सेवा संबंधित इकाई के लिये गारण्टी, ऋण गारण्टी निधि योजना (क्रेडिट गारण्टी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एण्ड स्माल एन्टरप्राइजेस) के माध्यम से दी जावेगी। अत: बैंक द्वारा किसी प्रकार की कोलेटरल सिक्योरिटी (Collateral Security) की मांग आवेदक से नहीं की जावेगी।

8.5 बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र क्रं. RBI/FIDD/2017-18/56 Master Direction FIDD.MSME & NFS. 12/06/02.31/2017-18 दिनांक 24 जुलाई 2017 की कंडिका 5.4 में बैंकिंग कोड्स एण्ड स्टेण्डर्ड बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित अधिकतम समय सीमा (रु. 5 लाख तक का प्रकरण दो सप्ताह में, रु. 5 लाख से अधिक एवं रु. 25 लाख तक का प्रकरण तीन सप्ताह में तथा रु. 25 लाख से अधिक का प्रकरण छ: सप्ताह में) के अंतर्गत ही प्रकरणों का निराकरण किया जाना चाहिए।

8.6 प्रकरण स्वीकृति के 15 दिवस के अन्दर बैंक के द्वारा ऋण वितरण (disbursement) प्रारंभ किया जावेगा।

8.7 योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन तथा सहायता प्राप्त उद्यमों की स्थापना, उद्यमियों की समस्याओं एवं अन्य विषय की समीक्षा जिला टास्क फोर्स समिति के द्वारा की जावेगी।

9. प्रशिक्षण :

9.1 योजना अन्तर्गत ऋण स्वीकृति के पश्चात् उद्यमी के विकल्प पर उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शासन के द्वारा दिया जावेगा। इस संबंध में पृथक से निर्देश जारी किए जावेंगे।

9.2 उद्यमिता विकास कार्यक्रम में पूर्व प्रशिक्षित आवेदक को इस योजना अन्तर्गत पृथक से प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा, परन्तु आवश्यकता के आधार पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जावेगी।

10. मार्जिन मनी सहायता एवं ऋण अदायगी :

10.1 सामान्य वर्ग हेतु परियोजना की पूंजीगत लागत पर 15 प्रतिशत (अधिकतम रू. 12 लाख) तथा बीपीएल हेतु परियोजना के पूंजीगत लागत पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 18 लाख) देय होगी तथा शेष मार्जिन मनी हितग्राही को स्वयं जमा करनी होगी।

10.2 आरंभिक स्थगन (moratorium) की न्यूनतम अवधि 6 माह होगी।

10.3 आरंभिक स्थगन (moratorium) के बाद ऋण अदायगी 5 से 7 वर्षों के बीच होगी।

टीप -आस्थगन के संबंध में बैंकों के द्वारा प्रयास होगा कि वो अधिक से अधिक समय नियत करें लेकिन यह अवधि कम से कम 6 माह की अवश्य हो। अवधि के संबंध में बैंकों एवं हितग्राही द्वारा मिलकर तय किया जाना चाहिए और बैंकों के द्वारा यह प्रयास किया जाना चाहिए कि ऋण चुकाने की अवधि अधिक से अधिक हो अर्थात् 7 वर्ष तक हो।

11. वित्तीय प्रवाह :

11.1 बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति के पश्चात् परियोजना की पूंजीगत लागत पर बैंक शाखा द्वारा मार्जिन मनी सहायता एवं ब्याज अनुदान की राशि क्लेम किया जावेगा। इस हेतु प्रदेश के लीड बैंकों के राज्य स्तरीय मुख्यालय पर पूल एकाउंट (Pool Account) खोलकर राशि अग्रिम तौर पर संबंधित विभाग द्वारा जमा की जाएगी। बैंक योजनांतर्गत राशि की प्रतिपूर्ति, प्रकरण संबंधित नोडल बैंक को भेजकर प्राप्त कर सकेंगे।

11.2 ऋण वितरण एवं इकाई स्थापित होने के पश्चात् उद्यमी द्वारा नियमित ऋण भुगतान किए जाने पर ब्याज अनुदान का क्लेम बैंकों द्वारा नोडल बैंक से त्रैमासिक आधार पर प्राप्त किया जायेगा।

11.3 ऋण गारंटी निधि योजना के अंतर्गत गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति नोडल बैंक के माध्यम से संबंधित बैंक प्राप्त कर सकेंगे।

12 परिभाषाएँ :

12.1 पूंजीगत लागत एवं कार्यशील पूंजी का योग परियोजना लागत है।

12.2 परियोजना की स्थापना में हितग्राही के अंशदान तथा शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा, मार्जिन मनी सहायता कहलाती है।

12.3 परियोजना में उपयोग किए जाने वाले प्लांट एवं मशीनरी का मूल्य पूंजीगत लागत है।

12.4 क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फार माइक्रो एण्ड स्माल एन्टरप्राइजेस योजना अंतर्गत शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा गारण्टी शुल्क कहलाती है।

12.5 उद्यम प्रारंभ करने के 6 माह पश्चात, ऋण वसूली की कार्यवाही आरंभिक स्थगन कहलाती है।

12.6 परिवार से आशय :

12.6.1 आवेदक के अविवाहित होने पर माता-पिता एवं अविवाहित एवं आश्रित भाई-बहन से है।

12.6.2 आवेदक के विवाहित होने पर पति/पत्नी एवं आश्रित बच्चों से है।

नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना - नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का वर्गो के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19

तालिका 01 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सर्वेक्षित तालिका क्रं. 01 के आधार पर नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का विभिन्न वर्गो (सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) के आधार पर, वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिंदु ज्ञात हुए है :-

1. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य सामान्य वर्ग के हितग्राहियों की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में सामान्य वर्ग के 6 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में वर्ष 2014-15 के आँकड़ों की अनुपलब्धता के कारण हितग्राहियों की संख्या ज्ञात नहीं की जा सकी है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य हितग्राहियों की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में सामान्य वर्ग के 13 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में सामान्य वर्ग के 14 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 01 हितग्राही अधिक है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में सामान्य वर्ग के 15 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में सामान्य वर्ग के 20 हितग्राही है

अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 05 हितग्राही अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में सामान्य वर्ग के 10 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में सामान्य वर्ग के 12 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 02 हितग्राही अधिक है।

वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में सामान्य वर्ग के 06 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में सामान्य वर्ग के 09 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 03 हितग्राही अधिक है।

2. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 04 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में वर्ष 2014-15 के आँकड़ों की अनुपलब्धता के कारण हितग्राहियों की संख्या ज्ञात नहीं की जा सकी है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य हितग्राहियों की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 07 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 12 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 05 हितग्राही अधिक है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 06 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 20 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 14 हितग्राही अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 08 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में सामान्य वर्ग के 01 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में नीमच जिले में 07 हितग्राही अधिक है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 08 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 07 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में नीमच जिले में 01 हितग्राही अधिक है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में कुल 33 तथा वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले में कुल 40 अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के 07 युवाओं ने अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाया है तथा नीमच एवं मंदसौर जिले में पिछड़ा वर्ग के कुल 73 हितग्राहियों में नीमच जिले में 45.20 प्रतिशत तथा मंदसौर जिले में 54.80 प्रतिशत युवा उद्यमी है। इस प्रकार मंदसौर जिले में 9.60 प्रतिशत हितग्राही अधिक है।

3. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य अनुसूचित जाति के हितग्राहियों की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच एवं मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के कोई भी हितग्राही नहीं है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य हितग्राहियों की तुलना का परिणाम शून्य है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अनुसूचित जाति के 00 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के 04 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में हितग्राही अधिक है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में अनुसूचित जाति के 01 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के 02 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में 01 हितग्राही अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच एवं मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के कोई भी हितग्राही नहीं है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य हितग्राहियों की तुलना का परिणाम शून्य है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच एवं मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के कोई भी हितग्राही नहीं है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य हितग्राहियों की तुलना का परिणाम शून्य है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में कुल 01 तथा वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले में कुल 06 अनुसूचित जाति के हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के 05 युवाओं ने अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाया है तथा नीमच एवं मंदसौर जिले में अनुसूचित जाति के कुल 07 हितग्राहियों में नीमच जिले में 14.30 प्रतिशत तथा मंदसौर जिले में 85.70 प्रतिशत युवा उद्यमी है। इस प्रकार मंदसौर जिले में 71.40 प्रतिशत हितग्राही अधिक है।

4. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों की तुलना करने पर :-

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच एवं मंदसौर जिले में अनुसूचित जनजाति के किसी भी युवा द्वारा योजना का लाभ नहीं लिया गया है। अत: यहाँ तुलना करने के लिए कोई आधार नहीं है।

5. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य कुल हितग्राहियों की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में कुल 10 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में वर्ष 2014-15 के आँकड़ों की अनुपलब्धता के कारण हितग्राहियों की संख्या ज्ञात नहीं की जा सकी है। अत: उक्त वर्ष में नीमच एवं मंदसौर जिलों के मध्य कुल हितग्राहियों की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में कुल 20 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में कुल 30 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में कुल 10 हितग्राही अधिक है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में कुल 22 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में कुल 42 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में कुल 20 हितग्राही अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में कुल 18 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में कुल 13 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में नीमच जिले में कुल 05 हितग्राही अधिक है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में कुल 14 हितग्राही है, जबकि मंदसौर जिले में कुल 16 हितग्राही है अर्थात् उक्त वर्ष में मंदसौर जिले में कुल 02 हितग्राही अधिक है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में कुल 84 हितग्राही तथा वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले में कुल 101 हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में कुल 17 हितग्राही अधिक रहे है तथा नीमच एवं मंदसौर जिले में कुल 185 हितग्राहियों में नीमच जिले में 45.40 प्रतिशत तथा मंदसौर जिले में 54.60 प्रतिशत युवा उद्यमी है। इस प्रकार मंदसौर जिले में 9.20 प्रतिशत हितग्राही अधिक है।

नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य कुल हितग्राहियों का अध्ययन
वर्ष 2014-15 से 2018-19
आरेख 6.1.5



तालिका 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सर्वेक्षित तालिका क्रं. 02 के आधार पर नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर, वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिंदु ज्ञात हुए है :-

1. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 567 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले में आँकड़ों की अनुपलब्धता के कारण हितग्राहियों के लिए स्वीकृत राशि ज्ञात नहीं की जा सकी है। अत: उक्त वर्ष में दोनों जिलों के मध्य स्वीकृत राशि की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1000.84 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 540.07 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 460.77 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 887 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है,जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 998.95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 111.95 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 752 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 331.96 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 420.04 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 335 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 509.08 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 174.08 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 3541.84 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 2380.00 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 1164.84 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

2. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य बैंकों द्वारा वितरित राशि की तुलना करने पर:-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 567 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले में आँकड़ों की अनुपलब्धता के कारण हितग्राहियों के लिए वितरित राशि ज्ञात नहीं की जा सकी है। अत: उक्त वर्ष में दोनों जिलों के मध्य वितरित राशि की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1000.84 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 540.07 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 460.77 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 887 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 446.85 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 440.15 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 752 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 327.91 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 424.09 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 295 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 487.41 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 192.41 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 3501.84 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 1802.24 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए 1699.60 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

3. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य लक्ष्य प्राप्ति के प्रतिशत के आधार पर तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है, जबकि मंदसौर जिले में आँकड़ो की अनुपलब्धता के कारण लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत ज्ञात नहीं किया जा सका है। अत: उक्त वर्ष में दोनों जिलों के मध्य लक्ष्य प्राप्ति के प्रतिशत की तुलना नहीं की जा सकती है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है तथा मंदसौर जिले में भी स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले में भी लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है। अत: उक्त दोनों जिलों में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत समान है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है, जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का 44.73 प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 55.27 प्रतिशत अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है, जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का 98.78 प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 1.22 प्रतिशत अधिक है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का 88 प्रतिशत वितरण किया गया है, जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का 95.74 प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 7.74 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 98.87 प्रतिशत रहा है, जबकि वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक के चार वर्षो में मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 75.72 प्रतिशत रहा है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 23.15 प्रतिशत अधिक रहा है, जबकि नीमच जिले की अपेक्षा मंदसौर जिले में हितग्राहियों की संख्या अधिक है।

नीमच एवं मंदसौर जिले के बैंकों मध्य लक्ष्य प्राप्ति प्रतिशत का अध्ययन
वर्ष 2014-15 से 2018-19
आरेख 6.3.3



शोध के निष्कर्ष – मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जाँच परिणाम एवं निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध के अंतर्गत अध्याय तृतीय में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक नीमच एवं मंदसौर जिले में विभिन्न वर्गो के आधार पर, लिंग के आधार पर तथा बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर विस्तृत विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, जिनके परिणाम एवं निष्कर्ष इस प्रकार है :-

1. **विभिन्न वर्गो के आधार पर नीमच जिले के परिणाम** – वर्ष 2014-15 से वर्ष 2018-19 तक नीमच जिले में कुल 84 हितग्राही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए है।

i) **वर्ष 2014-15** में कुल 10 हितग्राही हुए है, जिसमें 06 सामान्य वर्ग के तथा 04 पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का कोई भी लाभार्थी नहीं है।

ii) इसी प्रकार **वर्ष 2015-16** में कुल 20 हितग्राहियों में से 13 लाभार्थी सामान्य वर्ग के तथा 07 लाभार्थी पिछड़ा वर्ग के है। वर्ष 2015-16 में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी नहीं है।

iii) **वर्ष 2016-17** में कुल 22 युवाओं ने नीमच जिले में योजना का लाभ उठाया है, जिसमें कि सामान्य वर्ग के 15, पिछड़ा वर्ग के 06, अनुसूचित जाति के 01 हितग्राहियों की भागीदारी रही है। अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी इस वर्ष भी नहीं है।

iv) **वर्ष 2017-18** में जिले में कुल 18 हितग्राही हुए जिसमें से 10 सामान्य वर्ग के व 08 पिछड़ा वर्ग के है। इस वर्ष अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कोई भी हितग्राही नहीं है।

v) **वर्ष 2018-19** में जिले में कुल 14 युवाओं ने इस योजना का लाभ उठाया है, जिसमें 06 सामान्य वर्ग के युवा है व 08 पिछड़ा वर्ग के युवा है। इस वर्ष भी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कोई लाभार्थी नहीं है।

2. **विभिन्न वर्गो के आधार पर नीमच जिले के निष्कर्ष –** नीमच जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक सबसे अधिक सामान्य वर्ग के 59.52 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है तथा पिछडा वर्ग के 39.28 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है परन्तु जिले में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों की स्थिति विचारणीय व चिंताजनक रही है। योजना के पाँच वर्षो में अनुसूचित जाति के केवल 01 हितग्राही रहे है, जबकि अनुसूचित जनजाति के कोई भी हितग्राही नहीं है।

3. **बैंको द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर नीमच जिले के परिणाम –**

1) वर्ष 2014-15 के लिए 567 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 567 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 100 प्रतिशत रहा।

2) वर्ष 2015-16 में 1000.84 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जबकि बैंकों द्वारा 1000.84 लाख रुपये का वितरण किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 100 प्रतिशत रहा।

3) वर्ष 2016-17 के लिए 887 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 887 लाख रुपये का वितरण बैंक द्वारा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 100 प्रतिशत रहा।

4) वर्ष 2017-18 के लिए 752 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई किंतु 752 लाख रुपये का वितरण बैंक द्वारा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 100 प्रतिशत रहा।

5) वर्ष 2018-19 में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 335 लाख रुपये थी, जबकि उक्त अवधि में 295 लाख रुपये ही हितग्राहियों को वितरित हो सके इस प्रकार लक्ष्य से 88 प्रतिशत ही राशि का वितरण हो पाया।

4. बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर नीमच जिले के निष्कर्ष - वर्ष 2015-16 से वर्ष 2018-2019 तक नीमच जिले में बैंकों द्वारा 3541.84 लाख रुपये स्वीकृत हुई किंतु 3501.84 लाख रुपये का ही वितरण बैंकों द्वारा किया गया। जो लक्ष्य का 98.87 प्रतिशत था।

5. विभिन्न वर्गो के आधार पर मन्दसौर जिले के परिणाम- वर्ष 2014-15 से वर्ष 2018-19 तक मन्दसौर जिले में कुल 101 हितग्राही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए है।

i) **वर्ष 2015-16** में कुल 30 हितग्राहियों में से 14 लाभार्थी सामान्य वर्ग के, 12 लाभार्थी पिछड़ा वर्ग के एवं 04 लाभार्थी अनुसूचित जाति के है। अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी नहीं है।

ii) **वर्ष 2016-17** में कुल 42 युवाओं ने नीमच जिले में योजना का लाभ उठाया है, जिसमें कि सामान्य वर्ग के 20, पिछड़ा वर्ग के 20, अनुसूचित जाति के 02 हितग्राहियों की भागीदारी रही है। अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी इस वर्ष भी नहीं है।

iii) **वर्ष 2017-18** में जिले में कुल 13 हितग्राही हुए, जिसमें से 12 सामान्य वर्ग के व 01 पिछड़ा वर्ग के है। इस वर्ष अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कोई भी हितग्राही नहीं है।

iv) **वर्ष 2018-19** में जिले में कुल 16 युवाओं ने इस योजना का लाभ उठाया है, जिसमें 09 सामान्य वर्ग के युवा है व 07 पिछड़ा वर्ग के युवा है। इस वर्ष भी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कोई लाभार्थी नहीं है।

6. विभिन्न वर्गो के आधार पर मन्दसौर जिले के निष्कर्ष - मन्दसौर जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक सबसे अधिक सामान्य वर्ग के 54.45 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है तथा पिछडा वर्ग के 39.60 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है परन्तु जिले में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों की स्थिति विचारणीय व चिंताजनक रही है। योजना के पाँच वर्षो में अनुसूचित जाति के केवल 06 हितग्राही रहे है, जबकि अनुसूचित जनजाति के कोई भी हितग्राही नहीं है।

7. बैंको द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर मन्दसौर जिले के परिणाम -

i) वर्ष 2015-16 में 540.07 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जबकि बैंकों द्वारा 540.07 लाख रुपये का वितरण किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 100 प्रतिशत रहा।

ii) वर्ष 2016-17 के लिए 998.95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 446.85 लाख रुपये का वितरण बैंक द्वारा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 44.73 प्रतिशत रहा।

iii) वर्ष 2017-18 के लिए 331.96 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई किंतु 327.91 लाख रुपये का वितरण बैंक द्वारा किया गया। लक्ष्य प्राप्ति 98.78 प्रतिशत रहा।

iv) वर्ष 2018-19 में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 509.08 लाख रुपये थी, जबकि उक्त अवधि में 487.41 लाख रुपये ही हितग्राहियों को वितरित हो सके इस प्रकार लक्ष्य से 95.74 प्रतिशत ही राशि का वितरण हो पाया।

8. बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर मन्दसौर जिले के निष्कर्ष - वर्ष 2015-16 से वर्ष 2018-2019 तक मन्दसौर जिले में बैंकों द्वारा 2380 लाख रुपये स्वीकृत हुए किंतु 1802.24 लाख रुपये का ही वितरण बैंकों द्वारा किया गया। जो लक्ष्य का 75.72 प्रतिशत था।

शोध की समस्याएँ - मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समस्याएँ:

1. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आवेदकों से रुखा व्यवहार किया जाता है, उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय बार-बार बुलाना, चिढ़कर जवाब देना, टालमटोली करना आदि के द्वारा हतोत्साहित किया जाता है।
2. जिला उद्योग केन्द्र से परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करवाने हेतु चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट के द्वारा तैयार किया गया प्रतिवेदन ही मान्य होता है, जिसके कारण अतिरिक्त धन व समय का अपव्यय होता है।
3. हितग्राहियों को कम्प्यूटर का व नयी तकनीक का अल्प ज्ञान होने के कारण ऑनलाईन आवेदन करने में समस्या आती है, जिस हेतु जिला उद्योग केंद्र द्वारा हेल्पडेस्क उपलब्ध नहीं कराई जाती है।
4. जो हितग्राही स्वयं से ऑनलाईन आवेदन करना चाहते है लेकिन आवेदन का प्रारुप जटिल होने के कारण वे आवेदन पूर्ण नहीं कर पाते है।
5. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने में जिला उद्योग केंद्र द्वारा काफी समय लगाया जाता है तथा इसके कारण हितग्राहियों को बार-बार जिला उद्योग केंद्र से चक्कर लगाने पड़ते है।
6. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने के पश्चात् जिला उद्योग केंद्र का कार्य पूरा हो जाता है। उनके द्वारा आगे की प्रक्रिया जैसे कि बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत करवाने, उद्यम स्थापित करवाने व उसे सफलतापूर्वक संचालित करवाने में कोई भी सहायता प्रदान नहीं की जाती है। जिसके कारण हितग्राहियों को बैंकों के भी चक्कर लगाने पड़ते है।
7. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में यह स्पष्टतया: व्यक्त है कि बैंक द्वारा किसी प्रकार की कोलेटरल सिक्यूरिटी की मांग आवेदक से नहीं की जावेगी परंतु व्यावहारिक रुप में सत्य इसके विपरीत है। कोई भी बैंक बिना गारण्टी अथवा कोलेटरल सिक्यूरिटी के ऋण स्वीकृत नहीं करता है।
8. जिला उद्योग केंद्र एवं बैंकों द्वारा हितग्राहियों को आवेदन के साथ लगाये जाने वाले आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी एक ही बार में नहीं दी जाती है तथा हर बार उनसे किसी भी अन्य प्रपत्र की मांग कर ली जाती है, जिसके कारण वे हताश व मानसिक रुप से परेशान हो जाते है।
9. योजना में स्वीकृत ऋण के ऊपर मिलने वाली छूट/सब्सिडी का लाभ आवेदकों को समय पर नहीं मिलता है जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त ब्याज भरना पड़ता है तथा कई बार बैंक के और कुछ विशिष्ट प्रकरणों में बैंक मुख्यालय के भी चक्कर लगाने पड़ते है।
10. जिला उद्योग केंद्र द्वारा नये उद्यमियों को ऋण देने के बजाय प्रोफेशनल्स या पूर्व से स्थापित उद्यमों को ऋण देने में प्राथमिकता अधिक दी जाती है।

शोध के सुझाव - मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के सुझाव:

1. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आवेदकों के साथ सद्भाव एवं शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए, उन्हें बार-बार बुलाना, चिढ़कर जवाब देना, टालमटोली करना आदि न करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए एवं प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनकर, समझकर उचित कार्यवाही की जाना चाहिए।
2. परियोजना प्रतिवेदन तैयार करवाने हेतु चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट जिला उद्योग केंद्रों द्वारा ही नियुक्त किया जाना चाहिए एवं आवेदकों हेतु उसका

न्यूनतम निश्चित शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे कि आवेदकों के धन व समय के अपव्यय की रोक हो।

3. जिला उद्योग केंद्र द्वारा हेल्पडेस्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए एवं आवेदन जिला उद्योग केंद्रों पर ही भरवाए जाने चाहिए।

4. आवेदन का प्रारुप सरल किया जाना चाहिए ताकि जो आवेदक स्वयं से ऑनलाईन आवेदन करना चाहते है, वो आसानी से आवेदन कर सके।

5. परियोजना प्रतिवेदन को जिला उद्योग केंद्र द्वारा कम से कम समयावधि में स्वीकृत किया जाना चाहिए है तथा आवेदन की स्थिति की जानकारी समय-समय पर आवेदक के मोबाईल पर मैसेज या व्हाट्सएप या कॉल पर दी जानी चाहिए, जिससे की बार-बार जिला उद्योग केंद्र से चक्कर लगाने से बच सके।।

6. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने के पश्चात् भी जिला उद्योग केंद्रों को अपनी भागीदारी की सीमा को बढ़ाना चाहिए। प्रतिवेदन स्वीकृत होने के पश्चात् आवेदक को बैंक से समय पर ऋण मिल जाए इसमें भी आवेदक की सहायता करनी चाहिए तथा आवेदक के उद्यम स्थापित कर उसे सफलतापूर्वक संचालित करने तक जिला उद्योग केंद्र को सहायता प्रदान करनी चाहिए।

7. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में यह स्पष्टतया: व्यक्त है कि बैंक द्वारा किसी प्रकार की कोलेटरल सिक्यूरिटी की मांग आवेदक से नहीं की जावेगी परंतु कोई भी बैंक बिना गारण्टी अथवा कोलेटरल सिक्यूरिटी के ऋण स्वीकृत नहीं करता है। अत: इस संबंध में बैंकों के द्वारा शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

8. जिला उद्योग केंद्र एवं बैंकों द्वारा आवेदकों को आवेदन के साथ लगाए जाने वाले आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी अथवा सूची व्यक्तिगत रुप से दी जाना चाहिए। जिससे कि आवेदक बार-बार बैंकों एवं जिला उद्योग केंद्र के चक्कर लगाने से बच सके।

9. योजना में स्वीकृत ऋण के ऊपर मिलने वाली छूट/सब्सिडी का लाभ आवेदकों को समय पर मिलना चाहिए ।

10. जिला उद्योग केंद्रों व बैंकों द्वारा नये उद्यमियों को ऋण देने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। नये उद्योगों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. रमेश मंगल एंव डॉ. अशोक तिवारी, 2012, 'उद्यमिता विकास' साहित्य भवन पब्लिकेशन्स
2. अग्रवाल, ए. एन., चतुर्थ संस्करण, 'उद्यमी उद्योग एवं स्वरोजगार', उद्यमिता विकास केन्द्र, भोपाल
3. जी. एस. सुधा., 'व्यावसायिक उद्यमिता', 2007 रमेश बुक डिपों, जयपुर
4. इकॉनामिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, मुम्बई
5. सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास द्वारा संचालित MYUY's/MSY उद्योग संचालनालय, म.प्र.
6. https://msme.gov.in
7. yojana.gov.in
8. नवीन शोध संसार ISSN 2320-8767 Impact Factor 5.610 (2018) (International)
9. दिव्य शोध समीक्षा ISSN 2394-3807 Impact Factor 5.190 (2018) (International)
10. www.inflibnet.ac.in
11. www.India.gov.in
12. www.mpinfo.org

नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का वर्गो के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19 तालिका 01

नीमच जिला							मन्दसौर जिला						
क्रं.	वर्ष	सामान्य	पिछड़ा वर्ग	अनु. जाति	अनु.जन जाति	कुल हितग्राही	क्रं.	वर्ष	सामान्य	पिछड़ा वर्ग	अनु. जाति	अनु.जन जाति	कुल हितग्राही
1	2014-15	06	04	-	-	**10**	1	2014-15	-	-	-	-	**-**
2	2015-16	13	07	-	-	**20**	2	2015-16	14	12	04	-	**30**
3	2016-17	15	06	01	-	**22**	3	2016-17	20	20	02	-	**42**
4	2017-18	10	08	-	-	**18**	4	2017-18	12	01	-	-	**13**
5	2018-19	06	08	-	-	**14**	5	2018-19	09	07	-	-	**16**
	कुल	**50**	**33**	**01**	-	**84**		**कुल**	**55**	**40**	**06**	-	**101**

स्त्रोत :- जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नीमच एवं मंदसौर

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19 तालिका 02

नीमच जिला				मन्दसौर जिला			
वर्ष	बैंक द्वारा स्वीकृत राशि(लाखों में)	बैंक द्वारा वितरित राशि(लाखों में)	लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत	वर्ष	बैंक द्वारा स्वीकृत राशि(लाखों में)	बैंक द्वारा वितरित राशि(लाखों में)	लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत
2014-15	567.00	567.00	100	2014-15	-	-	-
2015-16	1000.84	1000.84	100	2015-16	540.07	540.07	100
2016-17	887.00	887.00	100	2016-17	998.95	446.85	44.73
2017-18	752.00	752.00	100	2017-18	331.96	327.91	98.78
2018-19	335.00	295.00	88	2018-19	509.08	487.41	**95.74**
कुल	**3541.84**	**3501.84**	**98.87**	**कुल**	**2380.00**	**1802.24**	**75.72**

स्रोत :- जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नीमच एवं मंदसौर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

एकांकी एवं संयुक्त परिवारों की किशोरियों के कुपोषण स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. मीता श्रीवास्तव* डॉ. मंजू दुबे**

* प्रवक्ता, हनुमान प्रसाद रस्तोगी, गर्ल्स इन्टर कॉलेज, सुभाष मार्ग, लखनऊ (उ.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शा.क.रा.क.स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर(म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'विकसित राष्ट्रों की अपेक्षा विकासशील देशों में कुपोषण की समस्या विकराल है। इसका प्रमुख कारण गरीबी है। धन के अभाव में गरीब लोग पर्याप्त पौष्टिक चीजों जैसे दूध, फल, घी इत्यादि नहीं खरीद पाते। कुछ तो केवल अनाज से पेट भर पाते हैं। लेकिन गरीबी के साथ ही अज्ञानता व निरक्षता भी इसका बड़ा कारण है।'[1] 'भारत में हर साल कुपोषण से पाँच साल से कम उम्र के दस लाख बच्चों की मौत हो जाती है। इन मौतों में से अकेले हर साल 3.8 लाख मौतें उत्तरप्रदेश में हो रही हैं।'[2] 'बच्चों में कुपोषण की स्थिति को सुधारने के लिए पूरे देश में पोषण पुर्नवास केन्द्र चलाये जाते हैं। इन केन्द्रों में उन अति कुपोषित बच्चों को रखा जाता है जिन्हें क्लीनिकल उपचार की जरूरत होती है। इन बच्चों को केन्द्र पर रखकर 14 दिन तक निशुल्क दवाई और विशेष आहार दिया जाता है। साथ ही माँ को दैनिक भत्ता, खाना और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित सलाह दी जाती है। सितम्बर के महीने में पोषण माह के दौरान उत्तरप्रदेश में 6 साल तक के 15 लाख से अधिक कुपोषित बच्चे मिले। इनमें से 1.88 लाख बच्चे अति कुपोषित पाये गये। अति कुपोषित बच्चों में से 2,823 को उपचार के लिये पोषण पुर्नवास केन्द्र भेजा गया।'[3] 'विश्व स्तर पर किये गये एक ताजा शोध में दुनियाँ की हर पाँचवी मौत में से एक मौत के लिये खानपान की गुणवत्ता और उनमें पोषक तत्वों की कमी को जिम्मेदार बताया है।'[4] पारिवारिक संरचना भी बच्चों के पोषण स्तर को प्रभावित कर सकती है। एकांकी एवं संयुक्त परिवारों में बच्चों का पोषण भिन्न होता है। दोनों प्रकार के परिवारों के बच्चों में कुपोषण की स्थिति ज्ञात करने हेतु मैंने अपने शोध का विषय 'एकांकी एवं संयुक्त परिवारों की किशोरियों के कुपोषण का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य:

1. एकांकी परिवारों की किशोरियों के कुपोषण स्तर का अध्ययन करना।
2. संयुक्त परिवारों की किशोरियों के कुपोषण स्तर का अध्ययन करना।
3. एकांकी एवं सयुंक्त परिवारों की किशोरियों के कुपोषण स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना– शोध अध्ययन हेतु निम्नानुसार शून्य परिकल्पना निर्मित की गई है–'लखनऊ शहर के एकांकी एवं संयुक्त परिवारों की किशोरियों के कुपोषण स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।'

शोध प्रविधि– शोध अध्ययन हेतु लखनऊ शहर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वीं में अध्ययनरत् 17-18 वर्ष की किशोरियाँ अध्ययन का समग्र हैं। निदर्श का चयन करने हेतु सविचार निदर्शन विधि से 150 शासकीय एवं 150 अशासकीय विद्यालयों से कुल 300 किशोरियों का चयन किया गया है। कुपोषण स्तर ज्ञात करने के लिये मानवमिति परीक्षण का उपयोग किया गया। सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–परीक्षण का उपयोग किया गया है।

वर्गीकरण एवं सारणीयन– शोध अध्ययन से संकलित तथ्यों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है:

तालिका क्रमांक – 1: पारिवारिक संरचना के अनुसार किशोरियों का वर्गीकरण

पारिवारिक संरचना	संख्या	प्रतिशत
एकांकी परिवार	244	81.33
संयुक्त परिवार	56	18.67
योग	300	100.0

तालिका क्रमांक–1 में सर्वेक्षित किशोरियों का उनकी पारिवारिक संरचना के अनुसार वर्गीकरण किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 244(81.33%) किशोरियाँ एकांकी परिवारों की तथा 56(18.67%) तथा संयुक्त परिवारों की पाई गई हैं। इस प्रकार एकांकी परिवारों की किशोरियों का प्रतिशत संयुक्त परिवारों की किशोरियों के प्रतिशत की तुलना में अधिक पाया गया है।

तालिका क्रमांक–2: एकांकी परिवारों की किशोरियों का कुपोषण स्तर

वजन (कि.ग्रा.)	संख्या	प्रतिशत
80% व अधिक (सामान्य)	122	50.00
70-80% (प्रथम डिग्री कुपोषण)	88	36.06
60-70% (द्वितीय डिग्री कुपोषण)	30	12.29
50-60% (तृतीय डिग्री कुपोषण)	04	01.63
50% से कम (चतुर्थ डिग्री कुपोषण)	-	-
योग	244	100.0

तालिका क्रमांक–2 में एकांकी परिवारों की किशोरियों का कुपोषण स्तर प्रदर्शित किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 122(50.0%)किशोरिया का स्वास्थ्य सामान्य है वे कुपोषण ग्रसित नहीं है। कुपोषण ग्रसित किशोरियों में 88(36.06%) किशेरियाँ प्रथम डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं। 30(12.29%) किशोरियाँ द्वितीय डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं तथा 04(1.63%) किशोरियाँ तृतीय डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं। चतुर्थ डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या निरंक है।

तालिका क्रमांक–3: संयुक्त परिवारों की किशोरियों का कुपोषण स्तर

वजन (कि.ग्रा.)	संख्या	प्रतिशत
80% व अधिक (सामान्य)	38	67.85
70-80% (प्रथम डिग्री कुपोषण)	07	12.50
60-70% (द्वितीय डिग्री कुपोषण)	05	08.92
50-60% (तृतीय डिग्री कुपोषण)	06	10.71
50% से कम (चतुर्थ डिग्री कुपोषण)	00	00.00
योग	56	100.0

तालिका क्रमांक-3 में लखनऊ शहर के संयुक्त परिवारों की सर्वेक्षित 56 किशोरियों का कुपोषण स्तर प्रदर्शित किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि संयुक्त परिवारों में अधिकांश किशोरियाँ 38(67.85%) कुपोषण ग्रसित नहीं हैं। उनका स्वास्थ्य सामान्य है। 07(12.50%) किशोरियाँ प्रथम डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं। 5(8.92%) किशोरियाँ द्वितीय डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं तथा 06(10.71%) किशोरियाँ तृतीय डिग्री कुपोषण से ग्रसित हैं। चतुर्थ डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या निरंक है।

तालिका क्रमांक-4: एकांकी एवं संयुक्त परिवारों में किशोरियों के कुपोषण स्तर की तुलनात्मक तालिका

वजन (कि.ग्रा.)	एकांकी परिवार		संयुक्त परिवार		योग	
	सं.	प्र.	सं.	प्र.	सं.	प्र.
80% व अधिक (सामान्य)	122	40.66	38	12.66	140	46.66
70-80% (प्रथम डिग्री कुपोषण)	88	29.33	07	2.33	115	38.33
60-70%(द्वितीय डिग्री कुपोषण)	30	10.00	05	1.66	35	11.66
50-60%(तृतीय डिग्री कुपोषण)	04	1.33	06	2.00	10	3.33
50% से कम(चतुर्थ डिग्री कुपोषण)	-	-	-	-	-	-
योग	244	81.33	56	18.66	300	100.0

तालिका क्रमांक 4 में किशोरियों की पारिवारिक संरचना के अनुसार उनके कुपोषण स्तर को प्रदर्शित किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि एकांकी परिवार की 122(40.66%) तथा 38(12.66%) संयुक्त परिवार की किशोरियाँ सामान्य स्वस्थ अवस्था में पाई गईं। इस प्रकार स्वस्थ किशोरियाँ संयुक्त परिवार की तुलना में एकांकी परिवार में अधिक पाई गईं। प्रथम डिग्री कुपोषण से ग्रसित किशोरियों की संख्या 88(29.33%) एकांकी परिवार में तथा 07(2.33%) संयुक्त परिवार में पाई गई। द्वितीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों में एकांकी परिवार में 30(10.0%) तथा 05(1.66%) संयुक्त परिवार में पाई गईं। तृतीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों में 04(1.33%) एकांकी परिवार तथा 06(2.0%) संयुक्त परिवार में पाई गई है। दोनों ही परिवारों में चतुर्थ डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या निरंक पाई गई है।

तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्रथम तथा द्वितीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या एकांकी परिवार में तथा तृतीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या संयुक्त परिवार में अधिक पाई गई हैं। दोनों ही परिवारों में चतुर्थ डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या निरंक पाई गई है।

निष्कर्ष:

1. सर्वेक्षित किशोरियों में एकांकी परिवारों की किशोरियों का प्रतिशत संयुक्त परिवारों की किशोरियों की तुलना में अधिक पाया गया।
2. एकांकी परिवारों में 50.0% किशोरियाँ कुपोषण ग्रसित पाई गई हैं जिनमें प्रथम डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या 88(36.06%) सर्वाधिक है।
3. संयुक्त परिवारों में 32.15% किशोरियाँ कुपोषण ग्रसित पाई गई हैं जिनमें सर्वाधिक किशोरियाँ 07(12.50%) प्रथम डिग्री कुपोषण ग्रसित हैं।
4. एकांकी एवं सयुंक्त परिवारों की किशोरियों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पाया कि दोनों ही परिवारों में अधिकांश किशोरियाँ 50% से अधिक स्वस्थ्य हैं। दोनों परिवारों की कुपोषित किशोरियों में प्रथम डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों का प्रतिशत सर्वाधिक है अर्थात् प्रतिशत क्रमश: 29.33% व 2.33% है। प्रथम एवं द्वितीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या एकांकी परिवारों में तथा तृतीय डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या संयुक्त परिवारों में अधिक पाई गई। चतुर्थ डिग्री कुपोषण ग्रसित किशोरियों की संख्या दोनों ही परिवारों में निरंक पाई गई है।

सुझाव:

1. किशोरियों के फास्टफूड का सेवन अधिक नहीं करना चाहिये।
2. प्रतिदिन के आहार में दाल, चावल, सब्जी, रोटी के अलावा दूध, फल, सलाद, खट्टे भोज्य पदार्थों का समावेश करना चाहिये।
3. मैदा व बेकरी में बने भोज्य पदार्थों का सेवन कम करना चाहिये।
4. खानपान, क्रियाकलाप, निद्रा आदि में संतुलन रखना चाहिये।
5. प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिये।
6. पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिये।
7. मूंगफली की चिक्की, पिण्डखजूर व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. hi.m.wikipedia.org
2. https://www.patrika.com>malnutrit
3. https://indiaspendhindi.com>health
4. https://www.patrika.com>malnutrition

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

चम्पारण सत्याग्रह - एक शुभारंभ

डॉ. शुक्ला ओझा*

* प्राध्यापक (इतिहास) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में चम्पारण सत्याग्रह को राष्ट्रीय आन्दोलन के उद्घोष के रूप में जाना जाता है। नील के किसानों पर होने वाले अत्याचारों के विरूद्ध यहाँ गांधीजी ने जो संघर्ष छेड़ा वह सत्य एवं अहिंसा एवं साहसिक सत्याग्रह पर आधारित अहिंसक सामूहिक आन्दोलन था जो कालान्तर में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के गांधीवादी युग का प्रमुख आधार बना तथा जिसने विविध आन्दोलनों की जड़ों को भी पुष्ट बनाया।

बिहार में नेपाल की तराई वाले स्थल पर बसा चम्पारण बिहार के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यहाँ चम्पा के फूलों की अधिकता होने के कारण प्राचीन काल में 'चम्पा अभ्यारण्य' के नाम से जाना जाता था, जिसका अपभ्रंश 'चम्पारण' नाम प्रचलित हो गया। महर्षि बाल्मीक की कर्मभूमि होने तथा पाण्डवों के बनवास के समय सम्राट विराट का स्थान होने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्व प्राचीन काल से ही रहा। इस छोटे से चम्पारण की भारतीय इतिहास में बड़ी सी पहचान है, और वह है गांधीजी के भारतीय राजनीति में पदार्पण की। चम्पारण का क्षेत्र नील उत्पादक क्षेत्र था जिसका अधिकांश भाग बेतिया के राजा की जमींदारी के अन्तर्गत आता था जो किसानों से अधिक कर जबरन वसूलने में असफल होने के कारण 36 हजार पाउण्ड के कर्जदार हो गये थे। इस स्थिति का लाभ उठाकर स्वार्थी अंग्रेजों ने कर्ज के नाम पर उनसे चार लाख एकड़ जमीन का पट्टा अपने नाम करवाकर उसे 68 उपजमींदारों में बांट दिया था जिन्हें 'कोठी' कहा जाता था। इन निलहों के अपने क्षेत्र में पंचकठिया व्यवस्था लागू की जिसे बाद में किसानों के भारी विरोध के कारण 'तिनकोठिया' कर दिया गया जिसके अनुसार किसानों को अपनी कृषि भूमि के 3/20 भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य था अर्थात् वे एक बीघा जमीन में तीन कट्टा जमीन पर नील की खेती करने के लिए बाध्य थे तथा उन्हें नील भी नाममात्र के मूल्य पर निलहे गोरों को बेचना पड़ता था। जिसे अंग्रेज उत्तर बिहार में सर्वप्रथम सन् 1785 ई. में नील की खेती का प्रारंभ करने वाला तिरहुत का अंग्रेज कलेक्टर जी. फ्रेंक्शि ग्रेड था। चम्पारण तो वैसे भी नील उत्पादन बाहुल्य क्षेत्र था। यूरोप में ऊँचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। चम्पारण जिले के तुरकौलिया, बोरा, बगहा, मोतिहारी, सुगौली, साठी, तेलहरा, परसा इत्यादि में नील की फैक्ट्रियों का जाल सा बिछा था। उत्तर विहार में सर्वप्रथम नील की खेती का प्रारंभ करने वाला तिरूहुत का अंग्रेज कलेक्टर जी. फ्रेंक्शि ग्रेड था। नील की खेती के अतिरिक्त किसानों को गोरे निलहों के खेतों में बेगार करने के लिये भी बाध्य किया जाता था तथा अंग्रेज साहबों के घोड़ा गाड़ी, मोटर गाड़ी खरीदने, शिकार, घूमने जाने इत्यादि के लिये भी उनसे अंशदान वसूल किया जाता था। ये किसान लगभग 42 दमनात्मक करों से दबे हुये थे। रैय्यतों के मवेशी हाक ले जाने, झोंपड़ी जलाने, मार पिटाई बेदखली जैसे प्रतिदिन होने वाले अत्याचारों के खिलाफ कोई सुनवाई नहीं थी। चम्पारण की दुखित पीड़ित नील रैय्यतों की व्यथा कथा समय-समय पर विभिन्न पत्रों में छपती रही। हिन्दू पैट्रियर, स्टेट्समेन, पायोनियर, अमृतबाजार पत्रिका, भारत मित्र, हितवार्ता प्रताप, अभ्युदय और हिन्द केसरी में चम्पारण के मामले में कई लेख छपे। 'बिहारी' के सम्पादक महेश्वर प्रसाद ने 1913 ई० में लेखों की श्रृंखला प्रकाशित की जिसमें निलहें बागान मालिकों तथा उनके कारिन्दों के अत्याचारों की कठोर निंदा की गयी। चम्पारण मुद्दे पर सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये की भी समाचार पत्रों में खुलकर आलोचना की गयी। किन्तु चम्पारण के रैय्यतों के विद्रोहों को नीलहे प्लान्टर्स और स्थानीय औपनिवेशिक प्रशासन मिलकर दबा देते थे।

चम्पारण के किसानों की दुर्दशा के विरुद्ध आवाज उठाने का श्रेय चम्पारण के ही एक मामूली, सीधे-साधे, बहुत कम पढ़े-लिखे किसान राजकुमार शुक्ल को जाता है। प्रसिद्ध समाजसेवी श्री अरूण गोले के शब्दानुसार- 'उन्हें न जाने क्या सूझी कि वे किसानों की दुर्दशा मिटाने के लिये गाँधी जी को चम्पारण ले आये। उन दिनों भारत में गाँधी को कम ही लोग जानते थे। उनकी अपेक्षा पंडित मदन मोहन मालवीय एवं श्रीमती एनी बीसेन्ट ज्यादा मशहूर थे।' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सन् 1916 के लखनऊ वार्षिक सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले लगभग दो सौ बिहार एवं उड़ीसा के प्रतिनिधियों में से राजकुमार शुक्ल भी एक थे। यद्यपि उन्होंने पहले बाल गंगाधर तिलक, पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे बड़े कांग्रेसी नेताओं से नील की खेती के विषय पर चर्चा करने के प्रयास किये। लखनउ अधिवेशन में बिहार के खेतिहरों संबंधी प्रस्ताव पर भी बोलते हुये वहाँ की समस्या को खुल कर रखा किन्तु बात नहीं बन पायी। स्वयं शुक्ल ने लिखा है कि उन्होंने गांधी के पैर पकड़ लिये और उनसे कहा कि कृपा कर चम्पारण आइये और हम किसानों को नील मालिकों की ज्यादतियों से बचाईये। तत्पश्चात उन्होंने दिनांक 27 फरवरी 1917 को गाँधी जी को ऐतिहासिक पत्र लिखकर चम्पारण आमंत्रित किया।

राजकुमार शुक्ल का गांधी जी को लिखा पत्र :(वो पत्र जो पंडित राजकुमार शुक्ल ने गाँधी जी को चंपारण आने के लिये भेजा था)

मान्यवर महात्मा, दिनांक 27 फरवरी 1917

किस्सा सुनते हो रोज औरों के,
आज मेरी भी दास्तान सुनो,
आपने उस अनहोनी को प्रत्यक्ष कर कार्य रूप में परिणत कर दिखलाया,

जिसे टॉलस्टॉय जैसे महात्मा केवल विचार करते थे इसी आशा और विश्वास के वशीभूत होकर हम आपके निकट अपनी राम कहानी सुनाने के लिए तैयार हैं, हमारी दुख भरी कथा दक्षिण अफ्रीका में हुए अत्याचारों से, जो आप और आपके अनुयायी वीर सत्याग्रही बहनों और भाईयों के साथ हुआ, कहीं अधिक है।

हम अपना वो दुख, जो हमारी 19 लाख आत्माओं के हत्रिय पर बीत रहा है, सुनाकर आपके कोमल हृदय को दुखित करना उचित नहीं समझते, बस, केवल इतनी ही प्रार्थना है कि आप स्वयं आकर अपनी आँखों से देख लीजिए, तब आपको अच्छी तरह विश्वास हो जाएगा कि भारतवर्ष के एक कोने में यहां की प्रजा, जिसको ब्रिटिश छत्र की सुशीतल छाया में रहने का अभिमान प्राप्त है, किस प्रकार के कष्ट सहकर पशुवत जीवन व्यतीत कर रहा है।

हम और अधिक न लिखकर आपका ध्यान उस प्रतिज्ञा की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं, जो लखनऊ-कांग्रेस के समय और फिर वहां से लौटते समय कानपुर में आपने की थी, अर्थात् मैं मार्च-अप्रैल महीने में चम्पारण आऊंगा, बस अब समय आ गया है श्रीमान्, अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण करें, चम्पारण की 19 लाख दुखी प्रजा श्रीमान् के चरण कमल के दर्शन के लिए टकटकी लगाए बैठी हे, और उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार भगवान श्री रामचंद्र जी के चरण स्पर्श से अहल्या तर गई, उसी प्रकार श्रीमान् के चंपारण में पैर रखते ही हम 19 लाख प्रजाओं का उद्धार हो जाएगा।

श्रीमान् का दर्शनाभिलाषी
राजकुमार शुक्ल

राजकुमार शुक्ल के आत्मीय एवं हठपूर्ण आमंत्रण के वशीभूत होकर अनिच्छापूर्वक ही गाँधीजी चम्पारण पहुँचे। वहाँ पहुँचने से पूर्व पटना में उनके सहपाठी बैरिस्टर मजहरूत हक साहब ने गांधी जी को सावधान रहने की परामर्श देते हुए बताया कि निलहा साहबों के साथ-साथ सरकार से भी टक्कर लेनी होगी तथा हो सकता है कि जेल भी जाना पड़े। गांधीजी पटना, मुजफ्फरपुर होते हुये चम्पारण के मुख्यालय मोतिहारी पहुँचे जहाँ सरकारी नाराजगी की संभावना की उपेक्षा करते हुए वहाँ के स्थानीय वकील गोरख प्रसाद एवं नामी साहूकार रामदयाल साह ने गांधीजी की भरपूर मदद की। फिर तो राजेन्द्र बाबू, बींत्रकिशोर बाबू (जे.पी. के ससुर) धरणीधर बाबू, रामनवमी बाबू, बिन्दा बाबू, जनकधारी बाबू, शंभू बाबू जैसे लोग उनके इस कार्य में जुड़ते चले गये।

गांधीजी के तो मुजफ्फरपुर पहुँचते ही नीलहा साहबों के संगठन 'प्लांटर्स एसोसिएशन' ने बड़ी नाराजगी के साथ प्रश्न उठाया कि कोठी की जायदाद काश्तकारी आदि के मामले में कोई बाहरी व्यक्ति क्यों दखल दे रहा है? उन्होंने कमिश्नर को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी प्रदर्शित भी की। इतिहासकार रामचन्द्र गुहा के अनुसार यूरोपीय डिफेंस एसोसिएशन की स्थानीय शाखा ने तो यह प्रस्ताव ही पारित कर दिया कि जिले में गाँधी जी की मौजूदगी का मतलब अशांति और अपराध है तथा उनकी लगातार उपस्थिति चम्पारण की प्रगति में बाधक है। उन्हें खतरे की घण्टी माना गया। डब्ल्यू.एम. इर्विन ने तो यहाँ तक भ्रम फैलाने का प्रयास किया कि गांधीजी के चम्पारण आने से पूर्व वहाँ के किसान पूर्णत: संतुष्ट थे। उन्होंने गांधीजी एवं कस्तूरबा की मंशा पर भारी संदेह प्रकट किया। तेरहुत के कमिश्नर ने तो उन्हें तुरन्त वापिस चले जाने की सलाह ही दे डाली। 16 अप्रैल 1917 की सुबह जांच पड़ताल हेतु केसरिया थाने के जसौली पटटी गाँव जाते समय एस.पी. ने उन्हें बुलवा भेजा तथा उन्हें सारी जांच पड़ताल बंद कर तुरन्त चम्पारण छोड़ने का हुक्म अर्थात् जिला बदर का आदेश दिया गया। इस नोटिस की पावती रसीद पर गाँधी जी ने लिख दिया कि जब तक जाँच पूरी नहीं हो जाती है, उनका चम्पारण छोड़ने का बिल्कुल इराढा नहीं है। इसके बाद तो प्रशासन में खलबली मच गयी। 18 अप्रैल 1917 को अनुमण्डल पदाधिकारी मोतिहारी के कोर्ट में उनकी पेशी हुयी तथा गांधी जी ने वकील लेने से इन्कार कर स्वयं अपना पक्ष रखा। लगभग 2000 किसानों के उपस्थिति वाले कोर्ट में उन्होंने अंग्रेजी में लिखा अपना बयान पढ़ना शुरू किया 'मैंने सरकारी आदेश का उल्लंघन इसलिये नहीं किया कि मेरे मन में सरकार के प्रति अनादर के भाव हैं, बल्कि इसलिये कि अन्तरात्मा की उच्चतर आज्ञा का पालन मैंने अधिक उचित समझा है। मेरे विचार में यह विषय स्थानीय स्थिति के प्रति प्रशासनिक अधिकारियों तथा मेरे बीच मतभेद का है .... मैं यहां उन रैय्यतों के आग्रह पर आया हूँ जिनकी शिकायत है कि नीलहा साहेब लोग उनके साथ न्यायोचित व्यवहार नहीं करते। मैं उन लोगों का कोई सहयोग कैसे कर सकता था, जब तक वस्तु स्थिति की सच्चाई स्वयं देख समझ न लूँ? अपना काम यथा संभव मैं प्रशासनिक अधिकारियों तथा कोठी मालिकों के सहयोग से ही करना चाहता हूँ............ मैं स्वेच्छापूव्रक यह इलाका तब तक नहीं छोड़ सकता जब तक काम पूरा न हो जाये। अत: अपने निष्कासन का भार अपनी ओर से मैं भी प्रशासन को ही सौंपता हूँ। मैंने कानून की अवज्ञा अवश्य की है, परन्तु बिना किसी विरोध के उसका दण्ड भुगतान को भी तैयार हूँ ....।'

गाँधी जी के इस बयान से कोर्ट में सन्नाटा छा गया, गाँधी जी द्वारा आरोप स्वीकार कर स्वयं दण्ड की माँग करने तथा अपने मत पर अडिग रहने से उत्पन्न उहापोह की स्थिति में मुकदमें की तारीख पंडित मदन मोहन मालवीय, दीनबन्धु, एंड्रूज, मिस्टर पोलक तथा मजहरूत हक जैसे लोगों को सूचना दे दी। स्टेट्समेन जैसे प्रसिद्ध अखबारों की रिपोर्टिंग के कारण मामला राजनैतिक रूप से चर्चित होने लगा। अंग्रेजी सरकार प्रथम विश्वयुद्ध, रूस में क्रान्ति जैसी परिस्थितियों में इस मामले को बढ़ाना नहीं चाहती थी। अतएव स्थानीय प्रशासन को गर्वनर के आदेश देकर गाँधी के खिलाफ मामला तुरन्त समाप्त कर दिया गया तथा उन्हें चम्पारण में जाने की छूट भी दे दी गयी। इसके साथ ही सरकार ने एक 'कृषि जाँच समिति' भी गठित कर दी जिसमें गाँधी जी को भी सदस्य बनाया गया। इस समिति के अन्य सदस्य एफ.जी. स्लाई, एल.सी. एडमी, डी.जे. रीड, जी. रेनी, राजा हरिहर प्रसाद इत्यादि थे। इस समिति के प्रमुख दायित्व थे चम्पारण जिले के किसानों एवं जमींदारों के संबंधों की पड़ताल, प्रस्तुत बयानों की जाँच पड़ताल अर्थात् क्रॉस चैकिंग, निष्कर्षों की रिपोर्ट एवं सुझाव सरकार को प्रेषित करना था। यह गाँधी युगीन प्रतिरोध की प्रथम विजय थी। अनुचित आदेश की अवज्ञा एवं शांतिपूर्ण प्रतिरोध की नीति का श्रीगणेश था। इसके बाद जांच पड़ताल में तेजी आयी। मोतिहारी के बंजरिया पण्डाल स्थित सत्याग्रह कार्यालय में बयान दर्ज करने हेतु नील रैय्यतों की भीड़ लग गयी तथा अप्रैल से मई 1917 के मध्य लगभग 25000 रैय्यतों के बयान दर्ज हुये जो गांधी जी की ग्रामों की सघन यात्राओं एवं जन-सम्पर्क का सुपरिणाम था तथा कृषकों के हृदय से अंग्रेजी भय के निवारण के साथ कृषक राष्ट्रवाद का भी उदय था। समिति की बैठकों में रैय्यतों के बयानों की सघन जाँच के उपरांत 3 अक्टूबर 1917 को सदस्यों द्वारा रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किये गये जिसकी

प्रमुख अनुशंसा थी।

1. तीन कठिया प्रथा पूर्णत: समाप्त की जानी चाहिये।

2. नील उपजाने के लिये व्यवस्था तीन शर्तो पर आधारित होना चाहिये- प्रथम यह व्यवस्था स्वैच्छिक हो, द्वितीय नील की विक्रय दर रैय्यत की इच्छानुसार तय की जाये, तृतीय लगान वसूली संबंधी अव्यवस्थाओं के निवारण हेतु भी अनुशंसा की गयी।

समिति की इस रिपोर्ट को लेफ्टिनेंट गर्वनर सर एडवर्ड ने सही माना एवं 29 नवम्बर 1917 को विधानसभा में चम्पारण कृषि विधेयक प्रस्तुत किया गया तथा 1 मई 1918 को गर्वनर जनरल के हस्ताक्षर होते ही कानूनी रूप से तीन कठिया प्रथा हमेशा के लिये समाप्त घोषित कर दी गयी। स्वराज और समाजवादी आन्दोलन से जुड़े बिहार के जाने-माने समाजसेवी श्री अरूण भोले के अनुसार -'सौ साल पुरानी तीन कठिया प्रथा के समाप्त होते ही नीलहा साहबों ने बोरिया बिस्तर बांधे और वतन लौट गये। स्वयं महात्मा गाँधी चम्पारण सत्याग्रह को गांधीयुगीन प्रतिकार का उद्घोष एवं श्रीगणेश मानते थे। उन्होंने स्वयं अपनी आत्मकथा में भी यह उल्लेख किया है कि 'सौ साल से चले आने वाले 'तीन कठिया' के कानून रद्द होते ही निलहे गोरों के राज्य का अस्त हुआ और जनता का जो समुदाय बराबर दबा ही रहता था, उसे अपनी शक्ति का भान हुआ और लोगों का यह भ्रम भी दूर हुआ कि नील का दाग धोए से धुल नहीं सकता। मैं तो चाहता था कि चम्पारण में शुरू किये गये रचनात्मक काम को जारी रखकर लोगों के लिये कुछ वर्षो तक काम करूँ। क्षेत्र तैयार था पर ईश्वर ने मेरे मनोरथ प्राय: पूरे नहीं होने दिये। जो स्वयंसेवक मिले थे, वे निश्चित अवधि के लिये मिले थे। दूसरे नये स्वयंसेवक नहीं मिल सके। मुझे भी चम्पारण से दूसरे काम में घसीट लिया गया। यह काम अन्य साधारण काम नहीं वरन सन् 1920 से 1922 तक चलने वाला असहयोग आन्दोलन था। चम्पारण सत्याग्रह को गांधी जी ने अपने व्यक्तिगत जीवन में बहुत महत्वपूर्ण माना है। इसके कई वर्षो उपरान्त 6 मार्च 1925 को जनकधारी बाबू को भेजे अपने पत्र में उन्होंने लिखा था कि - 'चम्पारण के अपने सहयोगियों की स्मृति मेरी अमूल्य निधि है। उन जैसे निष्ठावान सहकर्मियों की मण्डली न मुझे पहले कभी मिली थी और शायद फिर मिले भी नहीं। यदि मिल गयी तो भारत को आजादी मिलते देर न लगेगी। चम्पारण सत्याग्रह इतिहास का एक ऐसा प्रयोग था जिसने भारतीय इतिहास में न केवल गांधी जी की भूमिका तय कर दी, बल्कि आजादी के आन्दोलन का श्रीगणेश भी कर दिया। यह पहला अहिंसक आन्दोलन था और अजेय ब्रिटिश सरकारी झुक गयी। यह गांधी जी का करिश्मा था। यह सत्याग्रह महज एक राजनीतिक आन्दोलन नहीं था, वह समाज के आत्म सम्मान का भी आंदोलन था जिसे संयोग से गांधी जी का कुशल नेतृत्व भी मिल गया। यह पहला आन्दोलन था जो कांग्रेस की परम्परागत राजनीति से अलग था और जमीन से उठा था। चम्पारण सत्याग्रह से जुड़े यही तथ्य उसे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास में गौरवपूर्ण एवं स्वर्णिम स्थान दिलाते हैं। महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय आंदोलन के संगठनात्मक एवं अनुशासनात्मक आधार को मजबूत बनाकर उसे प्रभावी बनाया तथा इसमें सामाजिक न्याय की भावना, समान की इच्छा, दलित वर्गो की मुक्ति की चाह जैसे भावनात्मक प्रयासों को भी स्थापित किया। इन विचारों के व्यवहारिक प्रस्तुतिकरण के प्रारंभ का श्रेय चम्पारण सत्याग्रह को ही दिया जाता है। चम्पारण सत्याग्रह में जिस रणनीति, साहस एवं जन सहयोग का प्रयोग किया गया इन्हीं का व्यापक प्रदर्शन असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन एवं भारत छोड़ो आंदोलन में किया गया जो आजादी के संघर्ष में मील का पत्थर साबित हुए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गांधी, एम.के. - एन आटोबायोग्राफी ओर दि स्टोरी ऑफ दि एक्सपेरेमेन्ट विथ टुथ - पृष्ठ 354
2. राजेन्द्र प्रसाद - आलेख- गांधीजी की पहली प्रयोगशाला।
3. ओझा, फणीश्वरनाथ - दि हिस्ट्री ऑफ इण्डियन नेशनल कांग्रेस इन विहार, पष्ठ 152
4. गुहा, रामचंद - गांधीजी का चम्पारण सत्याग्रह, कादम्बिनी, पृष्ठ 8
5. सीतारमैया, पट्टाभि- दि हिस्ट्री ऑफ दि इण्डियन नेशनल कांग्रेस,पृष्ठ 399
6. राय चौधरी, पी.सी.- गांधीजीस फर्स्ट स्ट्रगल इन इण्डिया, पृष्ठ 27
7. बोस, सुभाषचन्द्र - इण्डियन स्ट्रगल, पृष्ठ 112

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

वैदिक दर्शन में अहिंसा की अवधारणा

मलय वर्मा *

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय दर्शन के आदि ग्रन्थ वेद हैं। डॉ. वल्देव उपाध्याय के अनुसार वेद भारतीय धर्म तथा दर्शन का प्राण हैं। भारतीय धर्म में जो जीवनि शक्ति दृष्टिगोचर होती है उसका मूल कारण वेद ही हैं।[1] वेद का विकास तीन भागों में हुआ है– संहिता, ब्राह्मण एवं अरण्यक। मंत्रों के समूह को संहिता कहते हैं। संहिता 04 हैं– ऋग्संहिता, यर्जुसंहिता, सामसंहिता एवं अर्थव संहिता। ब्राह्मण ग्रंथों में यज्ञ विधान का विस्तृत विवरण है। अरण्यक ग्रन्थों में यज्ञ के आध्यात्मिक रहस्य की मीमांसा की गई है। अरण्यक के अन्तिम भाग उपनिषद हैं जिन्हें वेदान्त् भी कहा जाता है।

ग्रन्थकारों ने भारतीय दर्शन को दो भागों में विभाजित किया है। वेदों की प्रामाणिकता में विश्वास करने वाले अर्थात वेदानुकूल दर्शन को आस्तिक दर्शन कहा गया। षड्दर्शन के नाम से विख्यात ये दर्शन हैं– सांख्य योग, न्याय, वैशेषिक मीमांसा एवं वेदान्त्। वेदविरोधी या नास्तिक दर्शन में परिगणित दर्शन हैं– चार्वाक्, जैन एवं बौद्ध।

वैदिक दर्शन में अहिंसा सिद्धान्त–हिन्दू धर्म के वैदिक स्वरूप को सामान्यत: अहिंसा के सन्दर्भ में स्मरण नहीं किया जाता। इसका कारण यह है कि वैदिक यज्ञों में पशुबलि की अनुमति दी गई है। भारत में यह विश्वास अत्यन्त प्रबल है कि वैदिक परम्परा में अनुमत इस हिंसा वृत्ति के प्रतिकार स्वरूप ही बौद्ध एवं जैन धर्म का विकास हुआ। यहाँ एक तथ्य ध्यान में रखना चाहिये कि वैदिक एवं अवैदिक परम्पराओं में मूल भेद दोनों की तत्त्वमीमांसा में है। नीति मामांसा में दोनों ही परम्पराएँ अहिंसा मार्ग के अनुकरण पर बल देती हैं। शाब्दिक दृष्टि से हिंसा का त्याग ही अहिंसा है किन्तु व्यापक दृष्टि से इसका अभिप्राय दूसरों को अपने समान प्रेम करना है। उपनिषदों में प्राप्त 'आत्मवत सर्वभूतेषु' की भावना के बीज वेदों में मिलते हैं। ऋग्वेद में सहजीवन की जो कल्पना और प्रार्थना की गई है वह स्पष्टत: मानवजाति के एकत्तव के बोध का परिचायक है। ऋग्वेद में कहा गया है 'यजमान पुरोहितों तुम्हारा अध्यवसाय एक हो और तुम्हारा अन्त:करण (मन) एक हो।'[2] पशु बलि और मांसाहार की मान्यता के बावजूद अहिंसा और उसके सकारात्मक रूपों दया, क्षमा, परोपकार आदि का प्रशंसात्मक उल्लेख वेदों में मिलता है। ऋग्वेद में कथित है 'अन्न की इच्छा से किसी दुर्बल व्यक्ति के भिक्षा मांगने पर जो अन्नदान करता है उसे सम्पूर्ण यज्ञफल मिलता है।'[3] ऋग्वेद का ही मंत्र है 'हम अदिति से पापरहित, अक्षीण, हिंसा रहित और स्वर्ग तुल्य धन के लिये प्रार्थना करते हैं।'[4] संहिता ग्रन्थों में बीजरूप में उपलब्ध दार्शनिक सिद्धान्तों का पूर्ण विकास उपनिषदों में विस्तृत रूप में उपलब्ध है। उपनिषदों का 'सर्वचैतन्यवाद' अहिंसा सिद्धान्त की सुदृढ़ तत्वमीमांसीय आधारभूमि है। सर्वचैतन्यवाद के अनुसार समस्त चर–अचर में एक ही चित्शक्ति व्याप्त है वह स्वयं प्रतिष्ठित सत्य सर्वात्म रूप में सर्वगत है। वृहदारण्यक उपनिषद कहता है 'स त आत्मा सर्वान्तर:'[5] छान्दोग्य का मंत्र है– 'सर्वखल्विदं ब्रह्म'।[6]

वेदान्त का यह अद्वैतभाव अहिंसा की ठोस आधारभूमि है। कोई भी व्यक्ति जब यह धारणा रखता है कि जो चित्शक्ति मुझ में है वही अन्य प्राणियों में भी है तो किसी के प्रति हिंसक होने की संभावना शून्य हो जाती है। ईशावास्योपनिषद में कहा गया है जो (साधक) सम्पूर्ण भूतों को आत्मा में ही देखता है वह इस सर्वात्म्य दर्शन के कारण किसी से घृणा नहीं करता

'यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानु पश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मनं ततो न विजुगुप्सते।'[7]

हिंसा का मूल इन्द्रिय एवं मन पर अनियंत्रण है इसलिये उपनिषदों में शम, दम, तितिक्षा अनअहंकारिता आदि भावों को अहिंसा का पर्याय या जनक कहा गया है। सुकृत, शुभ, संयम आदि शब्द अहिंसा के अर्थ में और दुष्कृत, अशुभ, अनिष्ट आदि शब्दों का प्रयोग अहिंसा के पर्याय के रूप में किया गया है। कठोपनिषद कहता है सूक्ष्म बुद्धि के द्वारा भी परमात्मा को न तो वह मनुष्य प्राप्त कर सकता है जो बुरे आचरणों से निवृत्ता नहीं हुआ है, न वह प्राप्त कर सकता है जो अशान्त है न वह जिसके मन और इन्द्रिय संयत नहीं है।

'ना विरतो दुश्चरितान्नाशान्तो न समाहित:।
न शान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनभाप्नुयात।।'[8]

उपनिषदों का परम लक्ष्य आत्मसाक्षात्कार है। इस चरम लक्ष्य का उपाय श्रवण मनन निदिध्यासन, ध्यान, योग आदि विधियाँ हैं आत्म साक्षात्कार से हिंसा नष्ट हो जाती है अत: आत्मसाक्षात्कार की सभी विधियाँ अहिंसा के प्रतिफलन की भी हैं। अहिंसक वृत्ति से ही आत्मसाक्षात्कार संभव है। यह तथ्य प्रश्नोपनिषद के इस सूत्र से स्पष्ट होता है जिसमें कहा गया है कि जिसमें न तो कुटिलता है और न झूठ है तथा न माया (कपट) है, उन्हीं को वह विकार रहित ब्रह्म लोक मिलता है।

'तेषामसो विरजो ब्रह्मलोको न येषु
जिह्ममनृतं न माया चेति'[9]

उपरोक्त विवेचन के आधार पर यह धारणा स्थापित कर लेना युक्तियुक्त नहीं होगा कि उपनिषदों में अहिंसा की अवधारणा पुष्ट करने के लिये अहिंसा के पर्यायवाची कुछ शब्दों का प्रयोग ही किया गया है। छान्दोग्य उपनिषद में अहिंसा शब्द का स्पष्ट प्रयोग किया गया है 'अथ यत्रयो दानमार्जवअहिंसा सत्य वचन मिति ता अस्य दक्षिणा:'[10] अर्थात जो व्यक्ति तप, दान, सरलता, अहिंसा और सत्य वचन का पालन करता है उसका जीवन मानो दक्षिणा (त्यागमय) का जीवन है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

षड् दर्शन के नाम से विख्यात सभी वेदनिष्ठ दर्शनों की नैतिकी में भी अहिन्सा सिद्धान्त सर्वोपरि स्थान धारण करता है। श्रीधर द्वारा रचित ग्रन्थ न्यायकंदली में अहिंसा को सर्वाभौम सनातन कर्त्तव्य बताया गया है। वैशेषिक दर्शन भी अक्रोध एवं अहिंसा को सनातन कर्त्ताव्यों में सम्मिलित करता है। सांख्य दर्शन में जीवहत्या को पाप की जननी कहा गया है। योग दर्शन के आष्टांगिक मार्ग में प्रथम यम है। यम के पांच अंगों में अहिंसा सम्मिलित है। अद्वैत वेदान्त के आचार्य शंकर अहिंसा को सर्वभूतहित का अविरोध कहते हैं। रामानुज के विशिष्टाद्वैत दर्शन में मुक्ति का साधन भक्ति है। भक्ति का अर्थ है सब कुछ का त्याग कर केवल ईश्वर प्राप्ति की प्रबल इच्छा रखना एवं प्राणिमात्र के प्रति अहिंसा दया एवं कल्याण भाव को महत्व देना।

उपसंहार- वैदिक धर्म को सामान्यत: यज्ञ प्रधान धर्म माना जाता है। यज्ञ के साथ पशुबलि की परम्परा संयुक्त होने से वैदिक धर्म एवं दर्शन में अहिंसा की अवधारणा का संधान करने का प्रयत्न नहीं किया जाता। यहाँ यह तथ्य ध्यान देने की अपेक्षा रखता है कि यज्ञ का आशय सदैव पशुबलि वाले यज्ञ से नहीं है। उपनिषद काल आते-आते यज्ञ की परिभाषा और व्याख्या में बहुत अन्तर आ गया। वृहदारण्यक उपनिषद में मनुष्य को यज्ञ स्वरूप कहा गया तथा सत्य, उदारता, आत्मसंयम विनयशीलता तथा अहिंसा को इस यज्ञ में किया जाने वाला दान माना गया है। यज्ञ का अभिप्राय मात्र श्रौत यज्ञ या पशु बंध ही नहीं है। वैदिक परम्परा में गृहस्थों के लिये पंचमहायज्ञों का विधान किया गया। ये पंचमहायज्ञ है- भूतयज्ञ, मनुष्य यज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ और ब्रह्मयज्ञ, श्रौतयज्ञों से पंचमहायज्ञों का अन्तर एवं पंचमहायज्ञों की श्रेष्ठता निरूपित करते हुए डॉ. पांडुरंग वामन काणे लिखते हैं। 'पंचमहायज्ञों में मुख्य उद्देश्य है विधाता, प्राचीन ऋषियों, पितरों, जीवों एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के प्रति (जिसमें असंख्य जीव रहते हैं) अपने कर्त्तव्यों का पालन। किन्तु श्रौत यज्ञों में क्रिया की प्रमुख प्रेरणा है स्वर्ग, सम्पत्ति, सुख आदि की कामना। अत: पंचमहायज्ञों की व्यवस्था में श्रौत यज्ञों की अपेक्षा अधिक नैतिकता आध्यात्मिकता, प्रगतिशीलता एवं सदाशयता देखने में आती है।'[11]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बल्देव उपाध्याय, भारतीय दर्शन चौखंभा, ओरियान्टालिया, वाराणसी 1976 पृ. 27
2. ऋग्वेद, चौखंभा विद्याभवन चौक, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 1997 10/12/191/4
3. वही, 1/18/125/6
4. वही, 1/24/185/3
5. वृहदारण्यक उपनिषद गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत-2078 3/4/1
6. छान्दोग्य उपनिषद गीताप्रेस, गोरखपुर संवत-2078 13/10
7. ईशावास्पोपनिषद, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत-2078 06
8. कठोपनिषद, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत-2078, 1/16
9. प्रश्नोपनिषद, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत-2078, 1/16
10. छान्दोग्य उपनिषद गीताप्रेस, गोरखपुर संवत-2078 3/17/04
11. मूल लेखक पांडुरंग वामन काणे। अनुवादक अर्जुन चौबे कश्यप। हिन्दी समिति सूचना विभाग, उ.प्र. लखनऊ 1963 पृ. 384-385

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Louisa May Alcott's Little Women: Redefining Feminism in the Nineteenth Century

Dr. Nempal Singh*

***Assistant Professor (English) S. P. C. PG College, Baghpat (U.P.) INDIA**

Abstract - Little Women by Louisa May Alcott was originally published as two separate books in 1868 and 1869, with the first twenty three chapters in one book titled Little Women and the rest of the chapters in a separate book titled Good Wives. It was written just after the Civil war on the demand of a publisher. Today, both these books are set together as Little Women. This novel revolves around the March family with four daughters, Margaret, Josephine, Elizabeth, and Amy, all with their distinct and quite unique characteristics. Little Women talks about the life, growth and development of these four March sisters. At the same, it also highlights the issue of equality of women. This is a feminist novel with females as the centre of attention of the novel. This is the story of young brave girls and their transition to little women. While this novel is feminist, it is also rather traditional. Louis May Alcott writes about how women with low to no financial resources can empower themselves in a male dominated society while keeping their purity intact. This novel by Louisa May Alcott is a very good example of early feminism and it's role in the literary and scholarly sphere. She presents to the readers a story of four young women who are independent and have an identity of their own which is not determined by their male counterparts.

Keywords- Femininity, ideology, freedom, family, womanhood, domesticity.

Introduction - Little Women can be studied in two parts. While the first part talks about the methods and ways of empowerment that are undertaken by the March sisters, the second part is more inclined to the question as to whether these actually work and to what extent these are successful. In the first part, the author talks about how the March sisters struggle to find and empower their position in the society while tackling a poor financial situation at the same time. Their mother, Marmee, describes this empowerment in terms of a domestic ideology. She teaches her daughters about the ideals of womanhood and her domestic ideology says that a woman empowers herself by creating a warm domestic household space. Later in the novel, in the second part, we can find Louisa May Alcott questioning this ideology. She describes how the daughters turn out after following this idea of being a true woman. They follow all the ideals but are still in a position where they are dominated by men. So the question arises as to whether being a true woman is the answer to all the problems of womanhood and is it sufficient to empower oneself? She also remarks how the March sisters trade some parts of their unique and interesting identity for this domestic obligation. They lose their self assertion, artistic freedom, etc. This exchange and loss of identity is the same as Marmee herself made years ago. And all the March sisters are essentially the same as their mother and they inherit her status in the society, one with a lot of responsibilities but limited authority. Their fate ultimately coincides with that of their mother. Marmee is indeed the role model for her daughters and she is the one to teach them about the society, the world, and even about their own identity as the young women they are. She makes them like her in some way and all this is done only to make sure that they all achieve the common goal of true womanhood. The author does not describe the character of Marmee in a very astonishing manner and it is rather very conventional. She describes her as "a cheery voice at the door . . . with a 'can I help you' look about her . . . She was not elegantly dressed, but a noble-looking woman". The character of Marmee is kind of subdued.

"The look, of course, is one of servitude, and her voice is 'cheery' with self-denial. When she feels the urge to speak for herself, she presses her lips tightly together or leaves the room"

If we consider Marmee to be Alcott's attempt of portraying true womanhood, it can be concluded that she does not think highly of this concept of womanhood because there is nothing astonishing or even idealistic in Marmee's character. She, instead, is very conventional and mainstream and does not stir any strong emotions in the readers. Her character is rather bland. But it must also be noted that Alcott says that this might not be the true ideal

but it is true to the daughters and their mother and towards the end, they all finally achieve this position of a true woman as described by their mother. Marmee focuses on the personal or private sphere in the lives of young women. She teaches her daughters how their private or personal sphere can be the most powerful for them. She inculcates values and virtues of true womanhood in her daughters and expects them to stand and live by then for the rest of their lives. She does not tell her daughters to seek power and authority straight away but instead teaches them about certain tactics of ensuring they have power and an authoritative place in the social world. For her, power is measured in terms of influence a person exercises on their counterparts. The March sisters learn and absorb these values from their mother over time and use these "tactics" to achieve the status of a true woman.

In the beginning, we see the March sisters lamenting over their poor financial and social status, which is because of their gender identity as well. As they can be seen celebrating Christmas, we find them frustrated with their financial situations. Meg remarks, "It's so dreadful to be poor!" The other daughters agree with this and they envy the people who have way more materialistic comforts than them. They are frustrated with their lives. Even Beth can be seen complaining about the household chores she has to do. "I do think washing dishes and keeping things tidy is the worst work in the world. It makes me cross, and my hands get so stiff. . . "

This rejection of domesticity represents a grievance with both class and gender. The family's working class forces the children to perform menial labor in exchange for wages; and domesticity by nature marks the trade of nineteenth-century American women. There is also the presence of slight differences among the sisters. While Meg and Amy spend the whole of their life trying to rise above the poor financial status they were born in, Jo is more focused towards reestablishing the traditional gender roles. It can also be said Jo's struggle is more significant because in the 19th century, gender what's the main determinant of anyone's identity, especially a woman's. For the March sisters, a rise and their position in society, be it in terms of gender or financial status, means an increase in their influence. We can also see a stark contrast between Jo and her sisters when the former suggests to use the money for themselves on Christmas while her sister is of the view that they all should get something for their mother instead of getting something for themselves.

"Mother didn't say anything about our money, and she won't wish us to give up everything. Let's each buy what we want, and have a little fun. I'm sure we work hard enough to earn it."

> "I'll tell you what we'll do," says Beth, "let's each get (Marmee) something for Christmas, and not get anything for ourselves"

This is symbolic of the things they have been taught from the very beginning. The young girls have been taught to be the perfect true woman. And according to the standards of the society, they can only become so when they sacrifice or do the bigger task. This is the stereotypical and conventional role that has been assigned to women for various years now. And this is being taken forward as Marmee teaches her daughters to do the same. While Jo challenges this and comes off as selfish and self centred, her younger sister behaves like the young woman she is supposed to be and puts forward the idea of sacrifice. While Beth seems to have accepted the traditional gender roles and appears to have moulded herself according to these norms, Jo, on the other hand, is dissatisfied with these conventional expectations that force her to sacrifice things and give up her own desires in order to please others. This shows that the concept of womanhood and the notion of a true woman is not something that can be easily achieved by someone. It is not a position that can be easily attained. And the March sisters face this throughout their journey from little girls to young women. They constantly strive to fit into the mould of a perfect woman that expects a lot of things out of them. They are wasted away creating a strong private sphere which they believe will be their source of authority and power in the social and family structure.

Louisa May Alcott has also focused on the intensity and importance of female connections in the novel The Little Women. As soon as their mother returns home, all four of the March sisters are overly enthusiastic and they all work together in their little chores to make things comfortable and warm for their mother.

> "Meg arranged the tea table, Jo brought wood and set chairs . . . Beth trotted to and fro between parlor and kitchen . . . while Amy gave directions to everyone."

They function as a little community in themselves and they strive to create a private sphere as their mother suggests to establish an identity of their own. Female bonding, according to Smith-Rosenberg, comprises an important part of true womanhood in nineteenth-century America. In her article, "The Power of Women's Networks," Mary Ryan suggests power exists among women who band together. Though Ryan does not refer specifically to familial networks, she does claim that any unified sisterhood contains the seeds for "diverted feminist possibilities". According to Ryan, "Connections with everyday associations and informal social networks of local and neighborhood women" strengthen and reinforce female ambition. In this case, the girls' very sisterhood provides each sister with the positive reinforcement needed to work toward a common goal. When they work together, the March children successfully alleviate their down trodden spirits. This is their way of elevating their self esteem. This shows that it is only when they overcome their self pity that they find true happiness. Before their mother came, the March sisters were seen lamenting over their financial and social

status but as soon as their mother entered the scene, they forgot about their misery as they engaged themselves in the household tasks to make their mother feel comfortable and this is when they found happiness in the moment. And it is through their network that they are able to overcome this stage of self pity and grief.

When Father March writes home to tell his daughters to be ready for womanhood, the sisterhood offers mutual support for its members. In order for Father March to be pleased with his "little women," he exhorts the girls to "perform their duty sincerely, fight their bosom enemies heroically, and overcome themselves so sweetly". Marmee supports Father March's sanctioned images of restraint for his daughters. Marmee only calls her daughters to independent survival at her husband's encouragement. The benchmark they must meet is the sublimation of these internal yearnings, which are their burdens. Marmee says;

"Our burdens are here, our road is before us, and the longing for goodness and happiness is the guide that leads us through many troubles and mistakes to the peace which is a true Celestial City. Now my little pilgrims, suppose you . . . see how far on you can get before Father comes home. "

Marmee is also the role model for her young daughters. She guides them through the various stages of life and imbibes in them the true ethics, morals and values of a woman and a human being. She teaches them a lot about life, the world and their own identity. She is a role model with all sorts of internal passion. Father March sets out certain moral standards and the girls follow these in their journey to independence. He motivates them to carry their burden which is their own internal yearnings and a standard they need to achieve is to sublimate these yearnings. Marmee teaches her daughters to sublimate their own yearnings by giving her own example as she has done the same. This role model that Marmee has become for her daughters is one that suppresses all internal passion. She teaches them to live for others instead of themselves. According to her, the sole aim of their life is in pleasing others and giving up their own desires and wishes. The sisters also support each other in this journey. They encourage and inspire each other. Meg teaches her sisters the importance of reading and understanding the guidebooks their mother has got them. They are enthusiastic to read them and Meg expresses her desire to start reading them as soon as possible and inspires her sisters to do the same. In this way, Louisa May Alcott shows us how mutual encouragement helps the sisters to achieve any task. And this is how they learn about female networking. They not only encourage each other but also validate and appreciate each other. This proves to be a good driving force in their journey and helps them all keep going. They follow each other's examples and mutually walk the path to true womanhood. This also becomes a source of self esteem in the girls.

Marmee teaches them about the aspects of domesticity and each of the girls learns how they have a unique and separate role in the household.

"I wanted you to see how the comfort of all depends on each doing her share faithfully. While Hannah and I did your work, you got on pretty well, though I don't think you were very happy or amiable; so I thought, as a little lesson, I would show you what happens when everyone thinks only of herself. Don't you feel that it is pleasanter to help one another, to have daily duties which make leisure sweet when it comes, and to bear and forbear, that at home may be comfortable and lovely to us all?"

The significance of domestic labour and its capacity to make life worthwhile are affirmed by Marmee's exaltation of it in this experience. Marmee has "shown the girls that doing the girls' laundry is actual work." In the world of a real woman, self-indulgence has no place. She advises her girls to use employment as a means of empowerment. In spite of poverty, life is "a magnificent success" when there are set hours for labour and enjoyment. The girls are empowered by domestic work for two reasons. They can perfect domesticity, which in Little Women is the poor woman's trade, by being dedicated to household duties. Jo successfully demonstrates her domestic prowess by organising his parlour and putting "everything into place," earning Laurie's "respectful silence." Domestic work not only raises women's status but also prevents idleness, which breeds "ennui and mischief." The girls are empowered by their dislike of inactivity, which elevates them above Laurie in terms of moral stature. Laurie is "ashamed of the indolent life he led" because of the girls' ongoing travel. The girls gain an understanding of how domestic work elevates their character and boosts self-esteem by using their newly acquired talents. More so than money or style, it provides people "a sense of authority and freedom." Alcott claims that perseverance is a tried-and-true strategy for empowering women.

Finally, Meg, Amy, and Jo all reach the pinnacle of womanhood—motherhood—by doing so. Each has given up their lofty positions in order to respond to the appeal that all women in America during the nineteenth century had. The ideal path for a woman's life, according to Cott, "followed a continuum from infancy upbringing in a family, through adolescent apprenticeship in caring and household chores, to wife-and-motherhood." The Little Women narrative by Louisa May Alcott is faithfully portrayed in the cycle. All three daughters find secure marriages as a result of their adult development of the qualities of a true woman. Alcott has contributed to ensuring that her characters lead happy, meaningful lives as adults.

References:-

1. Alcott Louisa May, *Little Women,* Bernhard Tauchnitz, 1876.
2. ArslanOzlem, *Gender Roles and Feminism in Louisa*

May Alcott's "Little Women" (1868/69) and Anna Todd's "The Spring Girls" (2018), GRIN Verlag, 2020.

3. Clark Beverly Lyon, Alberghene Janice M, *LITTLE WOMEN and THE FEMINIST IMAGINATION Criticism, Controversy, Personal Essays,* Taylor and Francis, 2014.
4. Hermeling Ines, *The Image of Society and Women in Louisa May Alcott's "Little Women*", GRIN Verlag, 2010.

****

Right To Cohabit: A Human Right

Dr. Nisha Sharma*

***Baba Nursing Das PG College, Necchwa, Sikar (Raj.) INDIA**

Abstract - India is a country which is world known for its unique cultural diversity and cultural variation. This article works an attempt to sort out and find out why cohabitation have to face legal and cultural issues, even when, it is a right of every person to cohabit whether heterosexually or homosexually. It clears the idea that cohabitation is a human right and is nothing for which a separate demand is to be made. Human rights are natural rights and are vested into a person by Mother Nature and may not require a backbone of any statute. The article has been divided into seven major heads starting with Introduction to the topic which gives the statement of problem and object of the study. Further the article explains the concept of human rights and relationship of human rights with other existent rights. The article proceeds with the concept of cohabitation and legal provisions which support cohabitation in India. There are no any explicit provisions which legalize cohabitation but judicial interpretation is done in such a way that it has become legal and have been said to be human right of every person. Now, cohabitation is not only about living together of heterosexual people but also of homosexuals which is elaborated upon in the article. The second to last head is an endeavor to identify the role of judiciary to identify cohabitation as a right. The last part of the article gives conclusion of the research and certain valuable suggestions which are to be made applicable.
Key Words- Marriage, Cohabitation, Human Rights, Moral Rights, Homosexuality.

Introduction - The story of human rights in the world is the story of humans wronged. It is the story of humans left from enjoying equality and freedom in full measure. The state and society are equally to blame, as often human rights are used as cliché for suppressing the voice of the people and committing atrocities.[1] Unfortunately, the phrase 'Consent of the Governed' is somewhere tactfully manipulated by power of the purse or even basic considerations of ethnicity, language and religion. Protection of human rights is greatly dependant on participative governance. India is known for its unique cultural diversity on the global level, where the cultural variation is represented in various forms and variety of faces. All legal rights and obligation of laws emerge from a social foundation which is marriage, though at national level, laws are not very clear on cohabitation, showing a common theme of standoffishness and reluctance amongst countries to recognize such relationships. Traditionally, the legal system has been biased in favor of marriage. Public policy supports marriage as necessary to the stability of the basic societal unit, i.e., family. Unrealistic number of privileges and rights are provided to people who are married to maintain the importance of the relation in the eyes of the society. It is sometimes said that cohabitation has all of the headaches of marriage without any of the benefits. Recently, honorable Supreme Court have spoke through its judgments on cohabitation and found that there is nothing wrong in this respect.

Concept Of Human Rights: Any right which is inherent to each and every homosapien, irrespective of his gender, nationality, sex, color, place of birth, place of residence or ethnicity can be said to be a human right. The subject of human rights is the most powerful new addition to the national agenda of items demanding immediate implementation. In today's scenario, human rights are an accepted term and briefly refer to those rights which are possessed by any human being because they are a human being.

In ancient times, the state was the sovereign having the prime importance. With no actual identity of the states' individuals, but, in the present era, with the growth of society, individual is becoming conscious of his basic rights, i.e., the human rights, for which he is actually entitled to. Human rights are basically natural rights that have been bestowed upon humans by nature. Human rights are generally referred to as egalitarian rights and they do impose an obligation on persons to respect the rights of other person. Every such right is indivisible, interdependent and interrelated.

Article 1 of Universal Declaration of Human Rights says all human beings are born free and equal in dignity and rights.[2] Hugo Grotius developed a theory of natural law,

according to which man made laws were simply imperfect aspects of an eternal and immutable law applicable to the whole cosmos. He began with the proposition that the will of the god was law and was known through man's sociability, which was the basis of all the other laws of nature. Thomas Hobbes also said that in the natural condition of mankind, everyone had the natural right to do anything which was conducive to their preservation. John Locke propounded that an individual possessed basic human rights inherent in his personality, independent of whether these rights were recognized or not by the rules. Human rights could not be denied to the individual or legally taken from him by the ruler or society, since any denial or deprivation of the individual of his human rights by the ruler constituted a double violation, i.e., violation of rights of an individual and violation by the ruler of his duty of the protection of an individual. Jeremy Bentham opposed this mechanism. As per him, nature was a very indefinite term and therefore natural law and natural rights were meaningless. Rights, according to him were not natural but are created by law whose worth depended on its utility. He called natural rights as complete nonsense as they might make a stable society impossible, while John Austin considered natural law to be very vague and meaningless. He said that political and civil liberty constituted the freedom of action left or granted by a sovereign to its subjects.

Some of the basic principles of any human right are that it is universal, inalienable, indivisible as well as interdependent, and have certain prohibitions. The modern concept of human rights is thus traditionally traced to the ideas and texts adopted at the end of the 18th century, like the 1776 American Declaration of Independence and The French Declaration of The Rights of Man and the Citizen, 1789. For proper realization of human rights, it is essential that the society as a whole accepts the basic norms of human rights. According to Hersch Lauterpacht, "The protection of human personality and of its fundamental rights is the ultimate purpose of all law, national and international."[3]

Relationship Between Human Rights And Other Rights: The main point of relation as well as difference between a human right and any other right is simply the reason as to why one possesses them. Human rights are part of human nature and reason and are inherited directly from the nature. In its 1987 publication- Human Rights: Questions and Answers, the United Nations describes human rights as follows- "Human rights can well be usually outlined as those rights that are inherent in our nature and while not that we cannot live as mortals. Human rights and elementary freedom permit absolutely developing and mistreatment of one's human qualities, intelligence, abilities and conscience and to satisfy our religious and different wants. These are simply supported by mankind's increasing demand for a life during which the inherent dignity and price of ever creature receives respect and protection."

A social and political unrest is created by a mere denial of fundamental freedoms which may not only be because of personal and individual issues. This unrest gives a pedestal for performing acts of conflict between the people and society.

In comparison to human rights, Moral Rights are those rights which are directly or indirectly, related to human consciousness. As moral rights are not enforceable by state like legal rights, hence no legal action occurs on violation of any moral right. Basically moral rights include one's moral behavior, courtesy and good conduct. On the other hand, Legal Rights are the type of rights which are provided by the statute and can broadly be classified into three- Civil Rights, Political Rights and Economic Rights. Legal rights are derived from the Constitution or the laws of the country while the human rights are inalienable, universal and are not allowed to be waived. After interpretation of International Humanitarian Law, one can find out that every state has three obligations- the obligation to respect, the obligation to protect and the obligation to fulfill human rights. In the case of **Virginia**[4] the American Supreme Court had said- "A state resides on a pedestal with three pillars- legislature, executive and judiciary and there can be no other road for it to perform and function." Hence any such statute shall be struck down as the judiciary has a tendency to make changes to fundamental principles while acting on behalf of the state.

The rights which differentiate any resident from a visitor are the fundamental rights which are highly bizarre. Fundamental are those rights which are required for one's mere existence as a citizen or resident of any state. Sometimes fundamental and human rights do overlap each other as the latter serves as foundation to the former.

Introduction - The idea of capital punishment came from the word capitalist, which means head, and the idea of capitalism refers to beheading someone's head. The *Offences* are referred to as *capital offenses* include the ***death penalty***. Punishment by law is categorized under three kinds of crimes section that law deals with ***restorative*** which prevails in the idea of restoration back to society. This domain is concerned with restoring normal life. The other kinds are retributive which is broadly classified into two categories; the main goal of this section of punishment is to take vengeance. The law when taking vengeance against someone then it is classified into two categories life imprisonment or in extreme cases death penalty. The theme of the discussion focuses on the areas like an overview of the death penalty in India. Then the idea prevails on some more analytical and philosophical questions like, the Point of morality inside Capital punishment and Utilitarian and Political arguments on capital punishment.

Overview of the death penalty in India: In the last two centuries, there were at least six forms of capital punishment practiced. The first one is hanging, and then the second one is shooting a person[1]. The third punishment is a lethal injection which is injected and the person gets killed. The last two are very brutal: one is electrocuted and the other one is beheaded. Recent studies say that 106 counties have completely abolished the death penalty and eight countries have abolished it but not fully, not only in ordinary circumstances but special cases that are punishable by death by law. Abolitionism is one of the practices that reflect the idea that in the last decade, no one has been given the death penalty. During the Bombay Blast, in 1993 the main mastermind behind it was Abu Salim, who moved to Portugal where capital punishment is not practiced[2]. Thus when India tried to reach Portugal with this condition their government got knocked off the specific idea of how this abolition of the death penalty can be dangerously used. *"Article 72 of the Constitution states the President has executive powers to grant pardon to any person, even the person who is on death row"*. During the period of three decades, from 1991 to 2020 around 30 people have been executed with the judgment of the death penalty. There are a lot of ways to grant an appeal under the regulation of Article 136, and Article 134. Governor maximum can allow the person to live his whole life in prison, instead of facing the death penalty by the judgment by law[3]. The case of Macchi Singh which took place in 1983 was a giant; the whole state is analyzed to be fractured under the set of prolonged decisions. The death penalty needs a set of confirmations in a particular sequence and place of articles that needed to be passed out from different levels of law bodies[4]. In section 3030, it is perfectly analyzed and deduced that if a person is sentenced to be under the course of the death penalty can be overruled to grant permission, in the best case scenario leads to life imprisonment. Out of the various categories of the punishment policy the base factor that motivate it to be a punishable offense, is due to cost of the various categories under the observatory conditions. The idea which motivates it is the category of the crime and its intensity; this is analyzed under the specific categories of the restive and responsive measures[5]. The target is to analyze the factors related to the intensity of the crime and the restrictive measure factors as the measures which are taken to restore the criminal as a normal human being in society. The retributive punishment on the other hand holds a vengeance kind of flare into it, which means life imprisonment or in some extreme cases death penalty. The morality of the question arises when a state kills a person on the idea of vengeance. The crime must be hated,

not the criminal so much as a legal procedure to kill someone or hang them.

Point of morality inside Capital punishment : The main point that requires it to be addressed in the context of morality in the case of capital punishment is that it is worth it every time. There are tons of examples where the law was on the problematic side when it came to the right judgment[6]. Some cases are such that once a death penalty is given after a few years the guilty-charged person was found to be not guilty. The process through the painstaking process of taking a life and murder by law is in falsehood. Thus, this procedure is to date questioned in the eyes of intellectuals and philosophers.

The idea is involved with a vengeance as the idea goes perhaps with the categorical study of the phenomenon and the cases that have happened so far[7]. The idea is divided into three domains petty crimes, then comes the restorative format, and lastly is the retributive format. In the course of understanding these terms in more detail, some prerequisites are important, the state cannot kill any life it generous than one person killing another out of rage. In times back, when beheading-like rituals were there in the name of punishment. Philosophers had always questioned if it is justified to kill someone in the name of crime, and if is there no restoration possible to take the person back to life. However many have argued about who is addicted to killing people like serial killers or a deeper field of crime when there is a threat to society. Their idea of perceiving things is the language of vengeance. The idea which is to be looked upon is that the restoration is being prescribed for years and the idea is designed in the form of a sentence to a particular number of years of jail. The specifics are not important in the topic of capital punishment; the idea is that the crime rate and the intensity of it will further decide what would be the punishment and the category of it.

Restorative Discipline: The idea which is discussed here is to bring a person back to normal life and the idea behind the improvement factor is still there in that specific case[8]. The understanding of the importance of the factors related to treatment concerning the betterment of life as a whole in a society. The factor which motivates this domain is to bring a healthy perspective to society that criminals can be dealt with patiently and can be improved as a person in society. There are various modes of education down there, in the time of imprisonment they can study, take exams and pursue courses and skills. There is a very healthy environment for those who want to improve as a person. The analysis represents that some human beings have the persona to improve and be a healthy outcome for society.

Retributive Discipline: The retributive method of punishment includes the set of two specific categories like crime by nature if a criminal performs a crime by nature and has some irreversible changes in the psychology that especially comes under life imprisonment[9]. Then come the top list of who cannot be kept alive. It is too harmful to society to exist and they are terrorists and the set of mafias who deal with cities and promote mass-level crime[10]Salihu, Mustapha, and Chigozie Enwere. “The Novel Corona Virus a Global Pandemic: An overview of the Blame on China and the Global Response to the Pandemic.”

They easily destroy cities and kill thousands of people only to create fear and are hanged and present to be criminals under capital punishment.

Utilitarian and Political arguments on capital punishment: This domain will discuss the utility of capital punishment, whether there is at all any utility and how it is related to political arguments. The sole purpose of the analysis is the way of representing the factors in such a way that reflects the sole purpose behind them. The fabrication of thought is interlinked with the admiration of the understanding of the effects related to its establishment of it[11].

Analyzing based on the point of view that capital punishment is good, there is a philosophy named as “deterrent effect”. This leads to less crime while fearing the death sentence punishment. The supporters of the view capital punishment must go on which is based on a utilitarian point of view[12]. The dreaded terrorist who plans to attack a city or a large group of people kills them without any reason just to spread fear, the long-term imprisonment

“Based on this aspect, the Supreme Court of India has, in several instances, upheld capital punishment to be constitutional”, thus empowering the constitutional measures.

“*Article 21 of the Constitution of India, guarantees the right to life as a fundamental right*”. These do not guarantee the fundamental right requirement and thus provide the oriented revoke of the constitutional laws. The idea of deterrent effect is observed when capital punishment is in the picture, this prevents criminals from committing crimes.

The idea which has generated the deterrent effect is the main concern that one gets afraid to commit crime as they see someone get hanged by the state. The idea of killing a person is regulated under the highest forum and the department of crime[1313] Hickey, Gordon M., et al. “On the architecture of collaboration in inter-organizational natural resource management networks.” Journal of Environmental Management 328 (2023): 116994.

The supporters of capital punishment think that it is also a political issue to deal with since the president of India has the power to withdraw the death sentence in some special cases. The idea of the death of a person by law is subjective and can be manipulated. The opposition to them thinks that when some are murdered then in return a country or a state cannot pursue the same mentality by killing the guilty. Capital punishment can never be reversed, thus if a person is found guilty by a wrong prosecution process and the real criminal gets caught after some time, then the state or the law must be responsible for punishing a life without any cause.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

Conclusion: The whole idea of capital punishment revolves around the denominations of morality, utility, and political and people aspects. The presented format of this study concludes that the idea of killing a person for some heinous crime is justified in some cases where the respective person is harmful to society and can destroy a life further. Some aspects deal with the mild version of this properly on the restorative measures and the idea is to distribute the analysis of the fact that is related to the establishment of the factors which join the restoration process as a whole for the society; a long discussion on various domains of the punishment by the law. The perception through which it is developed is the intensity of crime and how much it harms society[14]. Heinousness is the dependent factor when a state decides to take a person's life by capital punishment. The judgment still questions the outrageous debate that has happened in the past. Morality always strikes with the analytical thought behind the utility[15]. The political approach to portraying this scenario is the government can take action on the behalf of the person to be hanged president has that power. Even the governor has power to some extent and the question again arises does it get used often, and if not why not. The conclusion is to the decision to integrity and the intensified effect on society.

References:-

1. Arnold, Denis G., and Roxanne L. Ross. "Care in Management: A Review and Justification of an Organizational Value." *Business Ethics Quarterly* (2023): 1-38.
2. Avery, Derek R., et al. "Is Justice Colorblind? A Review of Workplace Racioethnic Differences Through the Lens of Organizational Justice." *Annual Review of Organizational Psychology and Organizational Behavior* 10 (2023): 389-412.
3. Baziliauskas, Andy, and Adonis Yatchew. "Assessment of AESO Recommendations to Adopt a Sealed-Bid Auction for Operating Reserves." (2023).
4. Brown, Colin, and Chelsea Kaufman. "Showing the Other Side: What Kinds of Empathy Should Political Science Teach?." (2023).
5. Chuang, Rebecca. "'Criminal Beasts': Metaphors that Reveal Common Oppression to Humans and Animals." *Animal Ethics Review* 3.1 (2023): 19-28.
6. Cobbina-Dungy, Jennifer E., and Delores Jones-Brown. "Too much policing: Why calls are made to defund the police." *Punishment & society* 25.1 (2023): 3-20.
7. Davis, Ernest. "Benchmarks for Automated Commonsense Reasoning: A Survey." *arXiv preprint arXiv:2302.04752* (2023).
8. Dhamija, Aruna, et al. "The Management Mantra of the Bhagavad Gita: Key to Organizational Excellence." *Psychological Studies* (2023): 1-12.
9. Em, Sereyrath. "A review of different ideas concerning the characteristics of a good leader and shaping new ideas of an effective 21st century leader." *Journal of General Education and Humanities* 2.1 (2023): 13-34.
10. Galizzi, Giovanna, Silvia Rota, and Mariafrancesca Sicilia. "Local government amalgamations: state of the art and new ways forward." *Public Management Review* (2023): 1-23.
11. Hickey, Gordon M., et al. "On the architecture of collaboration in inter-organizational natural resource management networks." *Journal of Environmental Management* 328 (2023): 116994.
12. Hirschfield, Paul J. "Exceptionally lethal: American police killings in a comparative perspective." *Annual Review of Criminology* 6 (2023).
13. King, Hannah, and Brian D. Taylor. "Considering Fare-Free Transit in The Context of Research on Transit Service and Pricing: A Research Synthesis." (2023).
14. Mulya, Muhammad Oscar Dharma Putra, and Mahrus Ali. "Artificial Intelligence Crime within the Concept of Society 5.0: Challenges and Opportunities for Acknowledgment of Artificial Intelligence in Indonesian Criminal Legal System." *International Journal of Law and Politics Studies* 5.1 (2023): 07-15.
15. Salihu, Mustapha, and Chigozie Enwere. "The Novel Corona Virus a Global Pandemic: An overview of the Blame on China and the Global Response to the Pandemic."

Footnotes:-

1. Arnold, Denis G., and Roxanne L. Ross. "Care in Management: A Review and Justification of an Organizational Value." *Business Ethics Quarterly* (2023): 1-38.
2. Galizzi, Giovanna, Silvia Rota, and Mariafrancesca Sicilia. "Local government amalgamations: state of the art and new ways forward." *Public Management Review* (2023): 1-23.
3. Cobbina-Dungy, Jennifer E., and Delores Jones-Brown. "Too much policing: Why calls are made to defund the police." *Punishment & society* 25.1 (2023): 3-20.
4. Cobbina-Dungy, Jennifer E., and Delores Jones-Brown. "Too much policing: Why calls are made to defund the police." *Punishment & society* 25.1 (2023): 3-20.
5. Avery, Derek R., et al. "Is Justice Colorblind? A Review of Workplace Racioethnic Differences Through the Lens of Organizational Justice." *Annual Review of Organizational Psychology and Organizational Behavior* 10 (2023): 389-412.
6. King, Hannah, and Brian D. Taylor. "Considering Fare-Free Transit in The Context of Research on Transit Service and Pricing: A Research Synthesis." (2023).
7. Baziliauskas, Andy, and Adonis Yatchew. "Assessment of AESO Recommendations to Adopt a Sealed-Bid Auction for Operating Reserves." (2023).
8. Baziliauskas, Andy, and Adonis Yatchew. "Assessment

of AESO Recommendations to Adopt a Sealed-Bid Auction for Operating Reserves." (2023).

9. Brown, Colin, and Chelsea Kaufman. "Showing the Other Side: What Kinds of Empathy Should Political Science Teach?." (2023).
10. Salihu, Mustapha, and Chigozie Enwere. "The Novel Corona Virus a Global Pandemic: An overview of the Blame on China and the Global Response to the Pandemic."
11. Chuang, Rebecca. "Criminal Beasts": Metaphors that Reveal Common Oppression to Humans and Animals." *Animal Ethics Review* 3.1 (2023): 19-28.
12. Em, Sereyrath. "A review of different ideas concerning the characteristics of a good leader and shaping new ideas of an effective 21st century leader." *Journal of General Education and Humanities* 2.1 (2023): 13-34.
13. Hickey, Gordon M., et al. "On the architecture of collaboration in inter-organizational natural resource management networks." Journal of Environmental Management 328 (2023): 116994.
14. Hirschfield, Paul J. "Exceptionally lethal: American police killings in a comparative perspective." *Annual Review of Criminology* 6 (2023).
15. Mulya, Muhammad Oscar Dharma Putra, and Mahrus Ali. "Artificial Intelligence Crime within the Concept of Society 5.0: Challenges and Opportunities for Acknowledgment of Artificial Intelligence in Indonesian Criminal Legal System." *International Journal of Law and Politics Studies* 5.1 (2023): 07-15.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

कैदियों के मानवाधिकार संरक्षण के सम्बन्ध में न्यायिक दृष्टिकोण - एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. लोक नारायण मिश्रा*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - मानव की उत्पत्ति के साथ जन्म से ही उन्हें मानव अधिकार प्राप्त हैं क्योंकि यह अधिकार प्राकृतिक एवं अप्रतिदेय हैं। इतिहास के प्रारंभ से ही मनुष्य अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करता रहा है। योग्यतम के अस्तित्व की अवधारणा मनुष्यों के बीच संघर्ष का कारण बनी इसी कारण कमजोर मनुष्यों की सुरक्षा के लिए नियम और कानून बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

मानवाधिकारों की सुरक्षा की जड़ें प्राचीन भारत के धर्मग्रन्थ , बेबीलोन के कानूनों, असीरियन कानूनों में देखी जा सकती हैं; प्लेटो और अन्य ग्रीक, रोमन दार्शनिकों के लेखन में तथा उनके कार्यों में मानव अधिकारों के संरक्षण दिखाई देता हैं, जबकी वे धार्मिक नींव पर आधारित थे। विश्व युद्धों के दौरान, मानवता के खिलाफ घोर एवम् गंभीर प्रकिति के अपराध किए गए और मानवीय अधिकारों का पूर्ण दमन किया गया। उस समय, यह महसूस किया गया था कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता की बहाली अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की स्थापना के लिए आवश्यक शर्तों में से एक है।

मानव जाति का इतिहास अन्याय और शोषण के खिलाफ व्यक्तियों के संघर्ष से जुड़ा रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की मान्यता इस संघर्ष की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धी में से एक है। मानवाधिकारों की मान्यता, संरक्षण और कार्यान्वयन एक बहुत ही महत्वपूर्ण और जटिल मुद्दा है क्योंकि, 'मानवाधिकार' शब्द की कोई सर्वमान्य परिभाषा और समझ नहीं है। यह एक गतिशील अवधारणा है और यह खुद को वर्तमान की जरूरतों के आधार पर बदलने का प्रयास करती है। इस कारण से 'मानवाधिकारों' की परिभाषा एक निश्चित समय में समाज में प्रचलित परिस्थितियों और विचारों पर निर्भर करती है और यह मानव इतिहास को नया आयाम प्रदान करती है।

मानवाधिकारों का विधिशास्त्रीय दृष्टिकोण -विधिशास्त्र की दृष्टि से, 'अधिकार' का अर्थ समाज के विरुद्ध एक व्यक्ति द्वारा किये गये अधिकारों का एक समूह है जो मूलभूत जीवन को आधार प्रदान करता है। बाद में इन अधिकारों को सभ्य समाज द्वारा मानवाधिकारों के रूप में मान्यता दी गई। राज्य के कार्यों में चल रहे विकास के लिए इन अधिकारों के प्रवर्तन की आवश्यकता होती है, क्योंकि कई बार यह महसूस किया जाता है कि राज्य की कार्यवाही स्वयं व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। उपरोक्त कार्रवाई के दूसरे आयाम को एक सामाजिक समस्या के रूप में माना जाता है, इस प्रकार, जनमत के रूप में सामाजिक दबाव की आवश्यकता होती है। मानव अधिकार के प्रभावी संरक्षण के लिए इन सभी तत्वों में अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय गतिविधियों में सम्मिलित है। मानव अधिकारों की धारणा संवैधानिक कानून और अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र के भीतर आती है, संवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र के भीतर मानवाधिकारों की अवधारणा को लाने का उद्देश्य केवल संस्थागत तरीकों से इन अधिकारों की रक्षा करना है।

लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था में मानव अधिकार के प्रवर्तन में न्यायालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, भारतीय संविधान में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को मौलिक अधिकार का संरक्षक नियुक्त किया गया है। मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध प्राप्त होते हैं राज्य के द्वारा मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की दशा में संविधान न्यायालयों को निर्देशित करता है कि आमजन के अधिकारों को संरक्षित किया जाए। दुनिया में लगभग हर सरकार, अपने राजनीतिक और वैचारिक दर्शन के बावजूद, अपने एजेंडे में मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मानवाधिकारों को मौलिक और सार्वभौमिक कहा जाता है। मानव स्वतंत्रता मुख्य रूप से एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करती है जो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लगाए गए बाधा को बहिष्कृत करता है। यह आचरण के एक पहलू को दर्शाता है जिसके भीतर प्रत्येक व्यक्ति अपना रास्ता खुद चुनता है। मनुष्य को जीवन जीने का अधिकार है। उसे शारीरिक रूप से एकीकृत होने और जीवन के समुचित विकास के लिए आवश्यक साधानों, विशेष रूप से भोजन, वस्त्र, आश्रय, चिकित्सा देखभाल, आराम और अंत में आवश्यक सामाजिक सेवाओं का अधिकार है। इसलिए मानव अधिकार हर व्यक्ति के निर्विवाद और अंतर्निहित अधिकार हैं। इस अध्याय का उद्देश्य मानवाधिकारों के संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण पहलुओं का अध्ययन करना है अर्थात् मानवाधिकारों का दर्शन और भारतीय न्यायपालिका की न्यायिक सक्रियता को उल्लेख, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से, राष्ट्रीय विधियों का व्याख्या करना और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अध्ययन करना हैं।

कैदियों के मानवाधिकार-कैदियों के अधिकारों पर विधि विकसित हो रही है, कैदियों के अधिकारों से निपटने और जेल में उनके आचरण को विनियमित करने के लिए कोई व्यापक विधि नहीं है।जबकि,देश की न्यायपालिका ने समय-समय पर दोषियों और उनके मौलिक अधिकारों को उचित मान्यता दी है, संपूर्ण नियमों के अभाव में, यह बंदियों के विभिन्न अधिकारों को कायम रखने वाली मिसालें और सिद्धांत स्थापित करने में कामयाब रहा है जो न केवल मार्गदर्शन करते हैं बल्कि भारत में सभी न्यायालयों को भी बांधते हैं। कारागारों का मुख्य उद्देश्य अपराधियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाना है। यदि कोई व्यक्ति कोई अपराध

करता है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि अपराध करने से वह मनुष्य नहीं रह जाता है और वह जीवन के उन पहलुओं से वंचित कर सकता है जो मानवीय गरिमा का गठन करते हैं। वह अभी भी एक इंसान है जिसके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। उसे धरती पर रहने वाले हर आदमी को उपलब्ध बुनियादी मानवाधिकार दिए जाने चाहिए। लेकिन साथ ही, उसे सभी पूर्ण अधिकारों और विलासिता के साथ एक स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। उसकी स्वतंत्रता कुछ सीमाओं और विधिक प्रतिबंधों के अधीन होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, ये प्रतिबंध उचित होने चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालयने अनुच्छेद 21 के दायरे को काफी व्यापक कर दिया है और यह माना है कि इसका संरक्षण कैदियों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा और जेल सुधारों को प्रभावित करने के लिए उपलब्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी प्रगतिशील व्याख्या से, अनुच्छेद 21 को बनाया, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, कैदी के अधिकार अनुच्छेद 21 में निहित है। भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत, जेल प्रशासन, पुलिस और कानून व्यवस्था अलग-अलग राज्यों द्वारा प्रशासित की जाती है। राज्यों ने आमतौर पर जेल प्रशासन को कम प्राथमिकता दी है। वास्तव में, जेल प्रशासन पर सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों ने प्रशासकों के लिए आंखें खोल दी हैं और राज्यों को जेल प्रशासन के आधुनिकीकरण के लिए प्रेरित किया है।

न्यायिक प्रक्रिया ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के दायरे को व्यापक बनाने का भार उठाया है। मेनका गाँधी के मामले के बाद सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों ने जनहित याचिका के माध्यम से अनुच्छेद 21 की वास्तविक प्रकृति और क्षेत्र को स्पष्ट किया है। इस शोध प्रबंध में, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद को दिए गए नए आयामों का विश्लेषण करना प्रस्तावित है। जनहित याचिका के माध्यम से उन व्यक्तियों की मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है जो गरीब, अनपढ़ और अज्ञानी हैं। जनहित याचिका कैदियों के अवशिष्ट अधिकारों की सुरक्षा के लिए न्यायिक प्रक्रिया को गति देने का केंद्र बिंदु बन गई। कैदियों के साथ व्यवहार के बारे में, मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा, 1948 के अनुच्छेद 5 में कहा गया है कि 'किसी को भी अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार या दंड में यातना या क्रूर व्यवहार के अधीन नहीं किया जाएगा'। जबकि मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा, 1948 का अनुच्छेद 6, 'हर किसी को कानून के समक्ष एक व्यक्ति के रूप में हर जगह मान्यता का अधिकार है' के रूप में उल्लेखित करता है। नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय के अनुच्छेद 10 (1) में कहा गया है कि 'उन सभी व्यक्तियों को उनकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा उनके साथ मानवता का व्यवहार किया जाएगा और मानव की अंतर्निहित गरिमा का सम्मान किया जाएगा'।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की व्याख्या कर के, कैदियों के मानव गरिमा के अधिकार के संरक्षण और संवर्धान के लिए मानव अधिकार न्यायशास्त्र विकसित किया है। न्यायपालिका की चिंता विभिन्न न्यायिक निर्णयों से स्पष्ट होती है। सुनील बत्रा के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला भारत में जेल न्यायशास्त्र के विकास में एक महत्वपूर्ण न्यायनिर्णयन था।

कैदियों के व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार –निजता का अधिकार भारत के नागरिकों के लिए उपलब्ध बहुत महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है। वे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक आंतरिक हिस्सा हैं। उन्हें वर्षों से न्यायालयों द्वारा पारित विभिन्न निर्णयों के माध्यम से कैदियों और दोषियों पर भी लागू किया गया है खोज और जब्ती के संबंध में निजता का अधिकार पहली बार 1950 के दशक में उठाया गया था, जहां शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि तलाशी और जब्ती को इस रूप में नहीं देखा जा सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(f) का उल्लंघन और अपने आप में एक मात्र तलाशी किसी व्यक्ति के संपत्ति के अधिकार को समाप्त या नुकसान नहीं पहुंचाती है। निजता के अधिकार की अवधारणा पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुई है। हाल के समय में लोगों को यथासंभव लाभ पहुंचाने के लिए इसका दायरा बढ़ा दिया गया है।

रोहित शेखा बनाम एनडी तिवारी के मामले में, न्यायालय ने कहा कि किसी को भी किसी भी परिस्थिति में किसी भी तकनीक के अधीन होने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, भले ही वह एक आपराधिक मामले में जांच के संदर्भ में हो। इस तरह के कृत्यों को आगे बढ़ाने के परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता में एक अनुचित घुसपैठ होगी।

कैदियों और उनके जीवनसाथी की निजता का अधिकार–रहमत निशा बनाम अपर महानिदेशक बंदी एवं अन्य मामले में आरोपी को अपनी पत्नी से मिलने के लिए 10 दिन का अवकाश दिया गया था। लेकिन, गंभीर बीमारी के चलते जब तक वह घर पहुंचे, उनकी पत्नी को आईसीयू में अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, आरोपी के साथ गए पुलिस एस्कॉर्ट ने उसे यह कहते हुए अस्पताल जाने से मना कर दिया कि उसे केवल घर आने की अनुमति दी गई है। मद्रास कोर्ट ने कहा कि कैदी को अस्पताल में अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए और उसके और उसकी पत्नी के बीच बैठक की निगरानी नहीं की जानी चाहिए।

एकान्त कारावास और बार बेड़ियों के खिलाफ अधिकार –एकान्त कारावास एक प्रकार का कारावास है जिसमें दोषी या कैदी को एक अलग सेल में रखा जाता है जिसमें अन्य कैदियों से बहुत कम या कोई संपर्क नहीं होता है। एकांत कारावास के पीछे का विचार कुख्यात दोषियों को अनुशासन सिखाना और अन्य कैदियों को उनसे सुरक्षा प्रदान करना है।

सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन के प्रसिद्ध मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एकान्त कारावास की वैधता पर विचार किया गया था जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि एकान्त कारावास का अधिरोपण केवल असाधरण मामलों में किया जाना है जहां कैदी इस तरह के हिंसक या खतरनाक प्रकृति का है कि उसका अलगाव एक अत्यंत आवश्यकता बन जाता है।

न्यायालय ने यह भी देखा कि कैदियों को दिन-रात बार बेड़ियों में रखने से वे एक जानवर के स्तर तक कम हो जाते हैं और उनका मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। इसलिए,न्यायालयों ने एकान्त के खिलाफ कड़ी नाराजगी पेश की है और इसके कारावास को प्रकृति में अत्यधिक अमानवीय और अपमानजनक बताया है। उन्होंने ऐसे कारावासों को भारत के संविधान की भावना के विरुद्ध भी ठहराया है।

मानव गरिमा का अधिकार –मनुष्य के सम्मान के साथ जीने का अधिकार संविधान द्वारा संरक्षित है। यह अधिकार बंदियों को भी दिया जाता है क्योंकि उनकी सजा मात्र से वे अमानवीय नहीं हो जाते। यह अधिकार भारत के संविधान के तहत गारंटीकृत जीवन के अधिकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके पीछे विचार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन कीमती है और

परिस्थितियों के बावजूद, उसे जीने में मदद करने के लिए उसे सम्मान की भावना दी जानी चाहिए। न्यायालयों ने इस अधिकार को शामिल करने के लिए अनुच्छेद 21 के दायरे को बढ़ा दिया है।

मेनका गांधी बनाम भारत संघ के मामले में, शीर्ष न्यायालय ने अनुच्छेद 21 का एक नया आयाम प्रतिपादित किया जिसमें कहा गया कि 'जीवन या जीने का अधिकार' केवल भौतिक अस्तित्व तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। 'इसके अलावा, फ्रांसिस कोराली बनाम दिल्ली प्रशासन में, उपरोक्त अवधारणा का विस्तार करते हुए, अदालत ने माना कि 'जीवन' शब्द में वह सब कुछ शामिल है जो इसके साथ जाता है, अर्थात् जीवन की आवश्यक आवश्यकताएं जैसे पर्याप्त पोषण और भोजन, कपड़े और अपने सिर पर आश्रय, पढ़ने, लिखने (शिक्षा) की सुविधा, विभिन्न रूपों में स्वयं को व्यक्त करने की क्षमता और अवसर, स्वतंत्र रूप से घूमना, साथी मनुष्यों के साथ मिलना और मिलना। इसके बाद, पंडित परमानंद बनाम भारत संघ में सर्वोच्च न्यायालय ने 'जीवन' की अवधारणा का विस्तार किया और फैसला सुनाया कि 'जीवन' शब्द केवल मृत्यु की अवधि तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके बाद भी है। इसलिए, जब एक व्यक्ति को मौत की सजा के साथ मार डाला गया था (जैसा कि इस मामले में) लेकिन आधे घंटे के बाद भी शव को नीचे नहीं उतारा गया, इस तथ्य के बावजूद कि डॉक्टर ने पहले ही मृत्यु प्रमाण पत्र दे दिया था, न्यायालय ने माना कि यह अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार के उल्लंघन के लिए। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जीने का अधिकार मृत्यु के बाद भी जारी रहता है और इसके दायरे में शव को उचित तरीके से संभालने का अधिकार या एक सभ्य अंत्येष्टि का अधिकार शामिल है।

कानूनी सहायता का अधिकार – कानूनी सहायता उस मामले के लिए मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे अभियुक्त या किसी कैदी या दोषियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के संविधान में 42वें संशोधन (1976) ने मुफ्त कानूनी सहायता की सेवाओं को अनुच्छेद 39ए के रूप में शामिल किया।

अमानवीय व्यवहार के विरुद्ध अधिकार – किसी भी प्रकार के क्रूर या अमानवीय व्यवहार से हर कैदी की रक्षा करना उसका अधिकार है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में कैदियों के साथ किए जाने वाले कठोर व्यवहार पर प्रकाश डाला है और राज्य और जेल अधिकारियों को इसकी जाँच और विनियमन करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कैदियों को दंडित करने में हथकड़ी, जंजीर, लोहा और स्ट्रेटजैकेट जैसे उपकरणों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी। संयम के कुछ अन्य साधन अनुमेय हैं लेकिन केवल कुछ परिस्थितियों में। इन परिस्थितियों का उल्लेख यहां किया गया है: भागने के खिलाफ कैदियों के स्थानांतरण के दौरान एहतियात के लिए संयम के साधानों का उपयोग करना, इस शर्त पर कि इसे किसी प्रशासनिक या न्यायिक निकाय के समक्ष कैदी को पेश करते समय हटा दिया जाएगा। यदि चिकित्सा अधिकारी कतिपय चिकित्सीय आधारों पर इसकी अनुमति देता है; ऐसे मामलों में जहां किसी कैदी को खुद को नुकसान पहुंचाने या आसपास की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से रोकना मुश्किल हो, निदेशक चिकित्सा अधिकारी के परामर्श से और उच्च प्रशासनिक प्राधिकारी को रिपोर्ट करने के बाद कैदी को संयम के साधान में रखने का आदेश दे सकता है। संयम के साधनों के उपयोग के पैटर्न और तरीके का निर्णय केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इस तरह के उपकरणों को कड़ाई से आवश्यक से अधिक समय तक लागू नहीं किया जाना चाहिए।

सुनील गुप्ता बनाम मध्य प्रदेश राज्य में याचिकाकर्ताओं ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने जमानत देने से भी इनकार कर दिया और जनता की भलाई के लिए जेल में रहने का फैसला किया। भले ही उन्हें हथकड़ी में डाल दिया गया और एस्कॉर्ट पार्टी द्वारा अदालत में ले जाया गया। न्यायालय ने व्यक्त किया कि एस्कॉर्ट पार्टी द्वारा किया गया कार्य प्रकृति में अमानवीय और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। न्यायालय ने सरकार को यह भी निर्देश दिया कि कैदियों को हथकड़ी लगाने में अनुचित और अनुचित तरीके से काम करने के लिए डिफॉल्ट करने वाले एस्कॉर्ट हिस्से के खिलाफ तत्काल और उचित कार्रवाई की जाए।

शिक्षा का अधिकार –शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और इसलिए इसे देश के प्रत्येक नागरिक को दिया जाना चाहिए। शिक्षा के साथ–साथ यह अनिवार्य है कि सही प्रकार की शिक्षा दी जाए। मोहम्मद गियासुद्दीन बनाम एपी राज्य में, अदालत ने जेल के कैदियों को प्रदान किए जाने वाले काम और शिक्षा के तरीके को विनियमित करने का प्रयास किया। इसने राज्य सरकार को कैदियों को दिए जाने वाले काम और शिक्षा की प्रकृति पर गौर करने और यह जांचने का निर्देश दिया इसके अलावा, सिलाई, कढ़ाई, गुड़िया बनाने जैसी बुनियादी शिक्षा को महिला कैदियों के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सुशिक्षित कैदियों को किसी प्रकार के मानसिक–सह–मैनुअल उत्पादक कार्यों में संलग्न होने के अवसर दिए जाने चाहिए।

पुस्तकें/पत्रिकाएं/प्रकाशन प्राप्त करने का अधिकार –महाराष्ट्र राज्य बनाम प्रभाकर पांडुरंग संजगीर में, जिसमें निवारक हिरासत में हिरासत में लिए गए एक आरोपी को अपनी अप्रकाशित पुस्तक को प्रकाशन के लिए अपनी पत्नी को सौंपने की अनुमति नहीं थी, अदालत ने इस तरह के कृत्य को अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करार दिया।

राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य के एक अन्य मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून में ऐसा कोई अधिकार नहीं था जो पहले ऑटो शंकर (कैदी) की आत्मकथा को इस डर या धारणा के तहत प्रकाशित करने की अनुमति से इनकार कर सकता था कि इससे मानहानि होगी प्रमुख आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की। संबंधित अधिकारी प्रकाशन के बाद और प्रकाशन के झूठे होने पर ही कार्रवाई कर सकते हैं।

निष्कर्ष –सलाखों के पीछे डाल दिए जाने पर कैदी इंसान नहीं रह जाते। सुप्रीम कोर्ट और भारत की कई अन्य अदालतों ने कई मामलों में इस स्थिति को दोहराया है ताकि कैदी खुद शिकार न बनें। और उन्हें सुधारने और बेहतर इंसान बनने में मदद करने के लिए एक उचित पुनर्वास वातावरण प्रदान किया जाता है। यह केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे कैदियों को न केवल जीने के लिए मानवीय स्थितियां प्रदान करें बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी शिक्षित करें ताकि जेल के अंदर शक्तिशाली द्वारा इसका दुरुपयोग न हो।

यह कहा जा सकता है कि देश की न्यायपालिका ने जब भी विधायिका और कार्यपालिका में गलती की है, कैदियों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने दोषियों के रक्षक के रूप में काम किया है और समय–समय पर उनके मौलिक अधिकारों को बरकरार रखा है। इसने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से अपनी शक्तियों का पूरी तरह से प्रयोग किया है और मानव के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा

के लिए बार–बार नए उपचार और उपकरण तैयार किए हैं। हालांकि, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इस संबंध में, कैदियों के लिए उपलब्ध मानवाधिकारों का व्यापक प्रसार, मीडिया में कैदियों का व्यापक प्रचार और जेलों में कोने–कोने की निगरानी कैदियों के अधिकारों को बनाए रखने और जेल में उनकी सुरक्षित जगह सुनिश्चित करने की कुंजी हो सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.legalservicesindia.com
2. https://www.un.org
3. यूडीएचआर, 1948, अनुच्छेद 1
4. आईसीसीपीआर, 1966, अनुच्छेद 10
5. कैदियों के उपचार के लिए मानक न्यूनतम नियम, 30 अगस्त 1955 नियम 6(1) द्वारा अपनाया गया।
6. भारत में जेल कानून: मुदासिर ए. भट द्वारा एक सामाजिक–कानूनी अध्ययन
7. एआईआर 1974 (एससी 2092)
8. एआईआर 1977 (एससी 2237)
9. एआईआर 1978 (एससी 1675)
10. एआईआर 1980 (एससी 1535)
11. एआईआर 2001 (एससीसी 437)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

समय के संबंध में भारतीय अवधारणा

डॉ. मधुसूदन चौबे*

* सह-प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – पश्चिमी दुनिया द्वारा समय के मापन और अंतरिक्ष के अध्ययन के बहुत पहले भारत में समय की गणना तथा अंतरिक्ष के रहस्यों को ज्ञात करने के संबंध में उल्लेखनीय प्रगति हो चुकी थी। वेदों में इस संबंध में अनेक दृष्टांत मिलते हैं। वराहमिहीर और आर्यभट्ट की रचनाओं में समय तथा अंतरिक्ष की विशिष्टताओं का प्रामाणिक प्रतिपादन उपलब्ध है।

भारत में समय या काल को आदि तथा अनंत एवं सृष्टि की शाश्वत सत्ता माना गया है। समय ही सृष्टि के संचालन का मूल है। काल के सापेक्ष ही सृष्टि के सभी चराचर प्राणी अपना जीवन व्यतीत करते हैं। काल के बिना इस संसार का कोई भी अस्तित्व नहीं है। काल की सत्ता अत्यंत विशिष्ट होने से यह अनिर्वचनीय है।

प्रस्तुत शोध पत्र में समय से संबंधित भारतीय अवधारणाओं एवं मान्यताओं का विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

शब्द कुंजी – काल, सूर्य सिद्धांत, काल के मान, काल के अवयव, संवत्सर, विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा।

काल का अर्थ और अवधारणा – काल शब्द की व्युत्पत्ति कल संख्यायने धातु में घञ् प्रत्यय जोड़ने पर हुई है– 'कलयते लोकान इति काल:।' इसका आशय है– जिसकी लोक में गिनती होती है या की जा सकती है, वह 'काल' है। काल मुख्य रूप से दो श्रेणी का होता है– प्रथम– लोक का संहार करने वाला एवं द्वितीय– कलनात्मक या गणनात्मक अर्थात् गणना करने वाला। संहारक काल को महाकाल या अन्तकृत काल भी कहा जाता है।

पुराणों की दृष्टि से देखें तो हम पाते है कि काल सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता दोनों ही है। 'काल: सृजति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।' या 'कालो जगद्भक्षक:।' अर्थात् काल जगत का भक्षण करने वाला है। 'कालो न यातो व्यमेव याता।' अर्थात् काल कहीं नहीं गया बल्कि हम स्वयं चले गए।

श्रीमद्भागवत के एक प्रसंग के अनुसार राजा परीक्षित द्वारा महामुनि शुकदेव से काल का अर्थ पूछने पर यह उत्तर मिला था कि – 'विषयों का रूपान्तर ही काल का आकार है। उसी को निमित्ता बना वह काल तत्व अपने को अभिव्यक्त करता है। वह अव्यक्त से व्यक्त होता है।'

वेदों में समय को 'कालपुरुष', उपनिषदों में 'आभासी सत्ता', पुराणों में 'विश्व नियंता' कहा गया है। बौद्धमत में यह 'भूत, वर्तमान तथा भविष्य' है। जैन मत इसको 'गति नियंता' एवं 'चेतन जगत का नाम देता है।

भगवान भास्कर ने 'सूर्य सिद्धांत' में काल को इस प्रकार अभिव्यक्त किया है–

'लोकानामन्तकृत काल: कालोऽनय: कलनात्मक:।
स द्विधा स्थूल सूक्ष्मत्वान् मूर्त्तश्चामूर्त्त उच्चयते।।'

इस श्लोक में काल के दो स्वरूप निरुपित किये गये हैं। पहले में काल को अन्तकृत लोक का विनाश करने वाला और दूसरे में कलनात्मक बताया गया है। कलनात्मक काल के भी दो भेद बताये गये हैं– प्रथम मूर्त एवं द्वितीय अमूर्त। जिस काल का व्यवहार किया जा सकता है वह मूर्त है तथा जिसका व्यवहार नहीं किया जा सकता, वह सूक्ष्म या अमूर्त कहा गया है।

प्रत्येक सृष्टि किसी कालखंड में अस्तित्व में होती है। यह एक शाश्वत नियम है कि जिसकी सृष्टि होती है, उसका लय भी होता है। एक सृष्टि के प्रारंभ से लेकर उसके लय तक की अवधि भी काल मापने की इकाई मानी जाती है। इस इकाई को अन्तकृत काल कहते हैं, क्योंकि इसका समापन लय के साथ होता है। जिस इकाई से सृष्टि के प्रारंभ से सृष्टि के अंत होने तक मध्य की कालावधि की गिनती की जाती है, वे सूक्ष्म एवं स्थूल इकाइयाँ कलनात्मक काल कही जाती हैं। सृष्टि का अंत या प्रलय भी काल की एक इकाई है, जिसे कल्प कहा जाता है। कल्प के अंत में ब्रह्मा विश्राम करते हैं। ब्रह्मा का एक दिन एक कल्प के बराबर होता है। उनकी एक रात्रि भी एक कल्प के समान होता है। विश्राम के उपरांत ब्रह्मा जी का दिन फिर से शुरु होता है और नई सृष्टि का सृजन होता है। इसी तरह यह क्रम गतिमान रहता है। ब्रह्मा को सृष्टि का निर्माण करने में 47400 दिव्य वर्ष की अवधि लगती है। तक कल्प में एक हजार महायुग होते हैं।

भास्कराचार्य ने अपने ग्रंथ 'सिंद्धांतशिरोमणी' में लिखा है कि–

लंकानगर्यामुदयाच्च भानोस्तस्यैव वारे प्रथमं बभूव।
मधो: सितादेर्दिनमासवर्षयुगादिकानां युगपत् प्रवृत्ति:।।

इसका अर्थ यह हुआ कि जब लंका नगरी में सूर्य का पहली बार उदय हुआ तब चैत्र शुक्ल रविवार से दिन, मास, वर्ष, युग तथा कल्प आदि की प्रवृत्ति हुई। आचार्य भास्कर के अनुसार सूर्य का पहली बार उदय लंका नगरी से हुआ और तभी से सृष्टि का प्रारंभ हुआ।

श्रीमद्भगवद्गीता में काल के संबंध में उल्लेख आया है कि–

कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवत:।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिता: प्रत्यनीकेषु योधा:।।

इस श्लोक के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि– हे अर्जुन ! मैं सम्पूर्ण लोक का निवाश करने वाला इन उग्ररूपों से सम्पन्न बढ़ा हुआ काल हूँ। मैं इन असूर लोगों का संहार करने के लिए ही प्रवृत्त हुआ हूँ।

जो इस समय तुम्हारी प्रतिपक्ष सेनाओं में योद्धा स्थित हैं, ये सभी तुम्हारे बिना भी अर्थात् तुम्हारे युद्ध न करने पर भी जीवित नहीं रहेंगे।

श्रीमद्भागवत के एक प्रसंग के अनुसार राजा परीक्षित के महामुनि शुकदेव से काल का अर्थ पूछने पर यह उत्तर मिला था कि – 'विषयों का रूपान्तर ही काल का आकार है। उसी को निमित्त बना वह काल तत्व अपने को अभिव्यक्त करता है। वह अव्यक्त से व्यक्त होता है।'

महाभारत के आदिपर्व में काल के संबंध में वेदव्यास जी ने लिखा है कि–

काल: सृजति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।
संहरन्तं प्रजा: कालं काल: शमयते पुन:।।

काल ही समस्त जीवों की सृष्टि करता है और वही उनका संहार करता है। इस प्रकार उनके संहार के कारणभूत काल को वही अर्थात् महाकाल या परमात्मा का शामक रूप शांत करता है। इस प्रकार सृष्टि संहार का चक्र चलता रहता है।

काले हि कुरुते भावन् सर्वलोके शुभाशुभान्।
काल: संक्षिपते सर्वा: प्रजा: विसृजते पुन:।।

सृष्टि में सभी शुभ–अशुभ पदार्थों का रचयिता काल ही है। वह सब जीवों का विनाशकर्ता है और वही उनकी पुनरुत्पत्ति का कारण है।

काल: पचति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।
काल: सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रम:।।

काल प्राणियों को निगल जाता हैं काल सृष्टि का विनाश कर देता है। यह प्राणियों के सो जाने पर भी उनमें विद्यमान रहता है। इसका कोई भी अतिक्रमण नहीं कर सकता।

दुरतिक्रम का अर्थ अजेय होता है। काल को परास्त नहीं किया जा सकता है। जगत में कोई भी प्राणी, वनस्पति अथवा जड़ पदार्थ नहीं है, जो एक निश्चित अवधि कके बाद नष्ट होने से बच जाए। काल की सीमा का अतिक्रमण करना संभव नहीं है। रावण जैसे त्रिलोकस्वामी समझे जाने वाले असुर भी काल के समक्ष परास्त हो गये। श्रीमद्भगवतगीता में श्रीकृष्ण ने कहा– 'जातस्य ध्रुवोर्मृत्यु:' अर्थात् उत्पन्न हुए सम्पूर्ण प्राणी या पदार्थ अवश्य ही मृत्यु या विनाश को प्राप्त होते हैं। यह अंतिम सत्य है।

महाकवि क्षेमेन्द्र के अनुसार–

अहो कालसमुद्रस्य न लक्ष्यन्ते तिसंतता:।
मज्जन्तोन्तरनन्तस्य युगान्ता: पर्वता इव।।

इसका आशय यह है कि काल के महासमुद्र में कहीं संकोच जैसा अन्तराल नहीं, महाकाय पर्वतों की तरह बड़े–बड़े युग उसमें समाहित हो जाते हैं।

भास्कराचार्य के 'सूर्यसिद्धांत' में काल के अखण्ड और सखण्ड दो स्वरूपों का उल्लेख किया गया है। अखण्ड स्वरूप सतत् विद्यमान है और पूरी सृष्टि के विनाश तथा उत्पत्ति का पर हेतु है। वही परब्रह्म एवं महाकाल है। वह भूत, वर्तमान तथा भविष्य के काल खंड से अलग है। सखण्ड काल दो क्रियाओं के मध्य विद्यमान है। इसकी त्रुटि आदि गणना की इकाइयों के रूप में गणना की जा सकती है। यह अनित्य है और सृष्टि के विलीन होने के साथ ही इस काल का भी नित्य या अखण्ड काल में विलय हो जाता है।

काल की गति के संबंध में दो मत हैं– पहले मत के अनुसार यह सीधी रेखा में गति करता है और दूसरे मत के अनुसार यह चक्र में भ्रमण करता है, इसलिए इसको कालचक्र की संज्ञा दी गई है।

काल के मानों का विवरण – भारतीय ज्योतिष शास्त्र में काल की गिनती करने हेतु काल के नौ मान निरुपित किये गये हैं–

ब्राह्मं दिव्यं तथा पैत्र्यं प्राजापत्यं च गौरवम्।
सौरं च सावनं चान्द्रमर्क्षं मानानि वै नव।।

ये हैं– ब्राह्म, दिव्य, पैत्रय, प्राजापत्य, गौरव, सौर, सावन, चान्द्र एव नाक्षत्र। ये काल के मापक हैं। इनका संक्षेप में विवरण इस प्रकार है–

1. **ब्राह्म मानम्** –ब्रह्मा के एक अहोरात्र का मान दो कल्प के बराबर होता है। एक कल्प में एक हजार महायुग होते हैं। एक महायुग में 4320000 सौरवर्ष होते हैं।
2. **दिव्य मानम्** – इसका संबंध देवताओं से है। देवताओं का एक दिन मनुष्यों के एक वर्ष के समकक्ष होता है।
3. **पैत्रय मानम्** – यह पितरों से संबंधित है। पितरों का अर्थ होता है, मनुष्यों के वे पूर्वज जिनकी मृत्यु हो गई है। पितरों का एक दिन मानवों के एक पक्ष के बराबर होता है।
4. **प्रजापति मान** – इसका संबंध प्रजापति से है।
5. **गुरु मान** – इस मान की गणना गुरु या बृहस्पति ग्रह के मध्यम मान से की जाती है।
6. **सौर मान** – यह मान सूर्य से संबंधित है। इसकी गणना सूर्य के आधार पर की जाती है।
7. **सावन मान** – एक सूर्योदय से लगाकर दूसरे सूर्योदय तक के अंतर मान को ही सावन मान कहा जाता है।
8. **चान्द्र मान** – इस मान की गणना चन्द्रमा के आधार पर की जाती है।
9. **नाक्षत्र मान** – एक नक्षत्र से दूसरे नक्षत्र तक का उदय मान नाक्षत्र मान कहलाता है।

काल अनादि तथा अनन्त है, लेकिन उसको मापा जा सकता है। भारतीय अवधारणा में काल को मापने के लिए सूर्य, चंद्र, बृहस्पति आदि का उपयोग किया जाता है। काल को मापने के लिए उल्लिखित नवमानों में से चार कालमान हमारी दिनचर्या से सम्बद्ध है– सौर, चन्द्र, सावन एवं नाक्षत्र। मास से अधिक समय की गणना करने के लिए सौर मान का प्रयोग किया जाता है। भारतीय मान्यता में बारह राशियों का अस्तित्व है। इन राशियों के नाम इस प्रकार हैं– मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृष्चिक, धनु, मकर, कुंभ एवं धनु। सूर्य एक राशि में एक माह तक रहता है। बारह राशियों में घूमने में बारह माह या एक वर्ष का समय लगता है। मास की गणना चन्द्रमास से की जाती है। पूर्णिमा से पूर्णिमा तक एक चन्द्रमास होता है। दिन का मापन पृथ्वी के दिन या सावन दिन से की जाती है। दो सूर्योदय के मध्य के काल को सावन दिन या पृथ्वी का दिन कहा जाता है। एक नक्षत्र के उदय काल से दूसरे उदय काल तक के समय को नाक्षत्र काल कहा जाता है। नाक्षत्र दिन का मान 60 घटी या 24 घंटे होता है।

दैनिक कार्यों में जिन कालमानों का उपयोग किया जाता है, उसका विवरण इस प्रकार है–

1. **काल के अवयव –** काल के अवयवों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(अ) अमूर्त काल – सूक्ष्म – सूक्ष्म कालखंड अत्यंत सूक्ष्म होता है, अत: इसको अमूर्त कहा जाता है। इसका प्रयोग सामान्य व्यवहार में नहीं होता है। यही कारण है कि इसको अव्यावहारिक काल कहा जाता है। इसकी सबसे छोटी या प्रथम इकाई 'त्रुटि' है। आंखों की पलक को झपकने में लगने वाले समय को 'निमेष' कहा जाता है। एक निमेष का तीन हजारवां हिस्सा 'त्रुटि'

कहलाता है। इससे स्पष्ट होता है कि त्रुटि समय की कितनी सूक्ष्म इकाई है। इसके अंतर्गत त्रुटि, रेणु, लव, लीक्षक, प्राण आदि इकाइयाँ होती हैं। इसमें पद्यपत्र भेदनकाल = एक त्रुटि, 60 त्रुटि = एक रेणु, 60 रेणु = एक लव, 60 लव = एक लीक्षक एवं 60 लीक्षक = एक प्राण होता है।

1. **त्रुटि** – सूक्ष्मकाल की सबसे छोटी इकाई को 'त्रुटि' कहते हैं। नारद मत के अनुसार कमल के पुष्प के पत्र को सूई से छेदने में जितना समय लगता है, उसे त्रुटि कहते हैं। भास्कर मत के अनुसार निमेष का तीन हजारवां हिस्सा त्रुटि कहलाता है। आधुनिक गणना के अनुसार बात करें तो त्रुटि एक सेकंड का बत्तीस लाख चालीस हजारवाँ हिस्सा होता है।

2. **रेणु** – त्रुटि से बड़ी इकाई रेणु कहलाती है। नारद मत के अनुसार रेणु त्रुटि का 60 गुना होता है। एक सेकंड का चौवनवाँ हिस्सा रेणु के बराबर होता है।

3. **तत्पर** – भास्कराचार्य के अनुसार निमेष के खराम भाग को तत्पर कहते हैं। खराम 30 की संख्या को इंगित करता है। निमेश का तीसवां भाग तत्पर कहलाता है। निमेश एक सेकंड का बत्तीस हजार चार सौवां हिस्सा होता है।

4. **निमेश** – पलकों के संयोग को एक निमेश कहा जाता है। वर्तमान गणना के अनुसार निमेश मिलिसेकंड से कुछ छोटा एवं माइक्रोसेकंड से एक हजार गुना अधिक होता है। निमेश एक सेकंड का एक हजार अस्सीवां हिस्सा होता है।

5. **लव** – रेणु के 60 गुने के बराबर समय को 'लव' कहते हैं। एक सेकंड का नौ सौवां हिस्सा लव होता है।

6. **लीक्षक** – लीक्षक का मान लव से 60 गुना अधिक होता है। एक सेकंड का चौवनवाँ हिस्सा लीक्षक होता है।

(ब) मूर्त काल – स्थूल – यह स्थूल होने के कारण इसको मूर्त कहते हैं। इसे व्यावहारिक काल भी कहते हैं, क्योंकि इसका दिन-प्रतिदिन के जीवन में प्रयोग किया जाता है। इसकी सबसे छोटी या प्रथम इकाई 'प्राण' है। इसमें प्राण, विपल, पल, घटी, अहोरात्र, मास, वर्ष आदि इकाइयाँ सम्मिलित होती हैं।

- 6 विपल = 1 प्राण,
- 60 विपल = 1 पल,
- 60 पल = 1 घटी (नाडी),
- 60 घटी = 1 अहोरात्र,
- 30 अहोरात्र = 1 मास,
- 12 मास = 1 वर्ष या एक सौरवर्ष की अवधि होती है।

यदि हम इसको आधुनिक काल गणना की इकाइयों में रूपांतरित करें तो, इनका विवरण इस प्रकार होगा-

- 24 सेकेण्ड = 60 विपल = 1 पल,
- 24 मिनिट = 60 पल = 1 घटी एवं 2
- 4 घंटा = 60 घटी = 1 अहोरात्र।
- 1 मास = 30 अहोरात्र।
- 12 मास = एक वर्ष।

2. **काल की दीर्घ इकाइयाँ** – काल आदि और अनन्त है, अत: जहां इसके मापन के लिए उपर्युक्त सूक्ष्म इकाइयाँ उपलब्ध हैं, वहीं कालमापन की अनेक बड़ी या दीर्घकालीन इकाइयों की भी रचना हुई है। इनका विवरण निम्नानुसार है-

अ. कृतयुग या सतयुग = 1728000 सौरवर्ष,
ब. त्रेतायुग = 1296000 सौरवर्ष,
स. द्वापरयुग = 864000 सौरवर्ष,
द. कलियुग = 432000 सौरवर्ष,
इ. महायुग = 4320000 सौरवर्ष,
ई. मनु = 306720000 सौरवर्ष,
उ. कल्प = 4320000000 सौरवर्ष,
ऊ. ब्राह्म अहोरात्र = 8640000000 सौरवर्ष,

भारतीय इतिहास की चक्रीय अवधारणा के अनुसार मुख्य रूप से चार कालों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग की मान्यता है। सबसे अधिक समय सतयुग का है। इसके उपरांत के युगों की अवधि में क्रमश: कमी आ रही हैं इन चारों युगों की कालावधि के योग को महायुग की संज्ञा दी गई है। त्रेतायुग भगवान श्रीराम का तथा द्वापरयुग भगवान श्रीकृष्ण का युग रहा है। वर्तमान में हम कलियुग में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

संवत्सर – भारतीय कालगणना में संवत्सर का भी महत्वपूर्ण स्थान है। सामान्यत: संवत्सर का उपयोग समय की गणना के लिए एक वर्ष की अवधि के संदर्भ में होता है। हमारे देश में अनेक संवत्सर प्रचलित हैं। इनकी अवधि 11 माह से लगाकर 13 माह तक की है। ऋग्वेद, अथर्ववेद एवं अन्य शास्त्रों में कालचक्र के रूप में संवत्सर का उल्लेख उपलब्ध है। ज्योतिषीय परिभाषा के अनुसार बृहस्पति के मध्यम मान से राशि के एक भोगकाल को संवत्सर की संज्ञा दी गई है।

भारत में व्यावहारिक रूप से 60 संवत्सरों का प्रचलन है। ये संवत्सर तीन श्रेणियों में विभक्त किये गये हैं। इनका विवरण इस प्रकार है-

They had created in India something not of India. Simplicity, Where the Indian past had been abolished. And after 450 years, all they had left behind this emptiness and simplicity was their religion and their language. (AMMN 142)

It is rather painful that even after the years of independence, the Indians are not having the independent thinking of their own and the political system still runs on the borrowed institutions and instead of making efforts to frame the policies for the betterment of the society, the politicians are indulged in the game of minting money through corrupt practices. The colonizers exploited the country and its masses, the present day rulers follow the legacy of their ex-masters.

References :-

1. Naipaul, V.S. India: A House for Mr. Biswas, 1961 (London: Penguin, 1969) Print.
2. A Million Mutinies Now, 1990 (London: Penguin, 1998) Print.
3. An Area of Darkness: An Experience of India, 1964 (London: Penguin 1968) Print.
4. India: A wounded Civilization, 1977 (London: Penguin, 1979) Print.
5. Delany, Austin. Mother India at Bitch, Transition. (Duke: U.P., 1966) Print.
6. Keay, John. Indian: A History (London: Harper Perennial, 2004) Print.
7. Rai, Sudha .V.S.Naipaul:A Study in Expatriate Sensibility. (New Delhi: Arnold, 1982) Print.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

राजा राम मोहन राय: भारतीय पुनर्जागरण के जनक एवं आधुनिक भारत के निर्माता

मुकेश चन्द*

* सहायक आचार्य, इतिहास (विद्यासंबल योजना) राजकीय महाविद्यालय, सैपऊ, धौलपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – राजा राम मोहन राय भारत के एक महान सपूत थे जिन्होंने देश के विकास के लिए विभिन्न सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया। वह एक बहुमुखी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षिक सुधारक थे जो सती, बाल विवाह, सामाजिक विभाजन जैसी प्रथाओं का विरोध करने और शिक्षा की वकालत करने में अपनी अग्रणी भूमिका के लिए प्रसिद्ध थे। राजा राम मोहन राय ने 1828 में ब्रह्म सभा की स्थापना की, जो पहले भारतीय सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों में से एक थी। उनके समय में लम्बे समय से चली आ रही अनेकों ऐसी कुरीतियां प्रचलित थीं जिनके विरुद्ध आवाज उठाने का और जिनको मिटाने का साहस किसी में नहीं था। ऐसे समय में उन अनेकों कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों के बारे में सोचने, समाज को उनके दुष्परिणामों के बारे में लोगों को बताने और अंतिम रूप से उन कुप्रथाओं को समाप्त करने में और भारत में पुनर्जागरण लाने में राजा राम मोहन राय द्वारा दिया गया योगदान इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में हमेशा अंकित रहेगा।

प्रस्तुत शोधपत्र राजा राम मोहन के दार्शनिक व्यक्तित्व और उनके द्वारा किये गए तात्कालिक सामाजिक सुधारों पर केन्द्रित है।इस शोधपत्र में राजा राम मोहन राय के उन प्रमुख योगदानों का उल्लेख किया गया है जिनके आधार पर उनको समाज सुधारक, भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का निर्माता माना जाता है।

शब्द कुंजी – भारतीय, पुनर्जागरण, जनक, आधुनिक, निर्माता, विकास, सुधारक।

प्रस्तावना – सन 1815 में राजाराम मोहन राय ने 'आत्मीय सभा' की स्थापना की। वो 1828 में ब्राह्म समाज के नाम से जाना गया। देवेन्द्रनाथ ठाकुर ने उसे आगे बढ़ाया। बाद में केशव चंद्र सेन जुड़े।राजा राममोहन राय की मृत्यु के बाद, ब्रह्म समाज दो वर्गों में विभाजित हो गया, भारतीय ब्रह्मसमाजऔर आदि ब्रह्म समाज। क्रमश: दोनों वर्गों के नेता केशव चंद्र सेन और देवेंद्रनाथ टैगोर थे।राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के पिता और एक अथक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में प्रबोधन और उदार सुधारवादी आधुनिकीकरण के युग का उद्घाटन किया।राजा राम मोहन के सामाजिक सुधारों एवं शैक्षिक सुधारों को पूर्ण रूपेण शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। उनके द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक एवं शैक्षिक सुधार जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव डाली, निम्न प्रकार हैं-

राजा राम मोहन रायके समाज सुधार:

1. राजा राम मोहन राय ने सुधारवादी धार्मिक संघों की कल्पना सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के उपकरणों के रूप में की।
2. उन्होंने वर्ष 1815 में आत्मीय सभा, वर्ष 1821 में कलकत्ता यूनिटेरियन एसोसिएशन और वर्ष 1828 में ब्रह्म सभा (जो बाद में ब्रह्म समाज बन गया) की स्थापना की।
3. उन्होंने जाति व्यवस्था, छुआछूत, अंधविश्वास और नशीली दवाओं के इस्तेमाल के विरुद्ध अभियान चलाया।
4. वह महिलाओं की स्वतंत्रता और विशेष रूप से सती एवं विधवा पुनर्विवाह के उन्मूलन पर अपने अग्रणी विचार और कार्रवाई के लिये जाने जाते थे।
5. उन्होंने बाल विवाह, महिलाओं की अशिक्षा और विधवाओं की अपमानजनक स्थिति का विरोध किया तथा महिलाओं के लिये विरासत तथा संपत्ति के अधिकार की मांग की।

राजा राम मोहन राय के शैक्षिक सुधार:

1. राय ने देशवासियों के मध्य आधुनिक शिक्षा का प्रसार करने के लिये बहुत प्रयास किये। उन्होंने वर्ष 1817 में हिंदू कॉलेज खोजने के लिये डेविड हेयर के प्रयासों का समर्थन किया, जबकि राय के अंग्रेजी स्कूल में मैकेनिक्स और वोल्टेयर के दर्शन को पढ़ाया जाता था।
2. वर्ष 1825 में उन्होंने वेदांत कॉलेज की स्थापना की जहाँ भारतीय शिक्षण और पश्चिमी सामाजिक और भौतिक विज्ञान दोनों पाठ्यक्रमों को पढ़ाया जाता था।

विशिष्ट उद्देश्य:

1. पुनर्जागरण के अर्थ और अवधारणा स्पष्ट करना।
2. भारतीय पुनर्जागरण पर प्रकाश डालना।
3. राजा राम मोहन राय के भारतीय पुनर्जागरण के क्षेत्र में दिए गए योगदान का अध्ययन करना।
4. राजा राम मोहन द्वारा किये गए विभिन्न सामाजिक सुधारों की समीक्षा करना।

सम्बंधित समीक्षित साहित्य

'राजा राम मोहन राय ने विभिन्न समाज सुधारक आंदोलनों का नेतृत्व कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जिन भारतीय कुरीतियों को संकल्पित एवं

समर्पित होकर समाप्त करने में अपना योगदान दिया उनमें प्रमुख हैं– धर्म और पाखंड, अज्ञान, आडम्बर, सतीप्रथा,रूढ़िवादिता आदि। विश्व के विभिन्न धर्मो के अध्ययन एवं स्वयं के अवलोकन के आधार पर तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था जो अनेकों कुरीतियों से ग्रसित थी, के बारे में निष्कर्ष था कि भारतीय समाज और संस्कृति को केवल पश्चिमी संस्कृति ही पुनर्जीवित कर सकती है। वे पश्चिम के युक्ति–संगत वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानव गरिमा और सामाजिक एकता के सिद्धांत के पक्षधर थे'।[1]

'राजा राम मोहन राय भारत के एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के विकास के लिए अथक प्रयास किया। वह वास्तविक अर्थो में आधुनिक भारत के पहले महान नेता थे जिन्होंने न केवल तत्कालीन भारतीय समाज में विपत विभिन्न सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों की ओर ध्यान दिया, अपितु उनको समाप्त करके अनेकों ऐतिहासिक सामाजिक सुधार किये। उन्होंने भारत में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया और धर्म में एकेश्वरवादी सिद्धांत का प्रचार करने का प्रयास किया। उनका आधुनिकता में विश्वास और भारत में इसकी आवश्यकता उनके समाज सुधार सम्बन्धी चिंतन का प्रमुख आधार था। वह जानते थे कि मानव सभ्यता का आदर्श स्वतंत्रता के अलगाव में नहीं, बल्कि व्यक्तियों और राष्ट्रों की परस्पर निर्भरता के भाईचारे में निहित है। वे सती, बाल विवाह, जातिगत कठोरता जैसी सामाजिक कुरीतियों के कट्टर विरोधी थे। आधुनिक भारत में राजा राम मोहन राय का योगदान सराहनीय है, इसलिए उन्हें 'भारत के आधुनिकता का जनक' और 'पुनर्जागरण का जनक' माना जाता है। सती प्रथा का उन्मूलन आधुनिक भारत के सामाजिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है जिसके लिए राजा राम मोहन राय को याद किया जाएगा। वह शाश्वत हैं और अपनी महान विचारधाराओं, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक सुधारों, पत्रकारिता, साहित्यिक और प्रकाशित कार्यो के लिए भारत के इतिहास में सदैव याद किये जायेंगे'।[2]

'राजा राम मोहन राय का सम्बन्ध 18 वीं शताब्दी से था जब बंगाल के साथ–साथ सम्पूर्ण भारत अनेकों ऐसी सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों में जकड़ा हुआ था जिनसे भारत को मुक्त किया जाना आवश्यक था। उन्होंने भारतीय समाज में नवजागरण लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज को पाश्चात्य संस्कृति से जोड़कर तत्कालीन समस्याओं से मुक्त होने का मार्ग प्रशस्त किया। अतुलनीय दूरदृष्टि के धनी राजा राममोहन राय भारतीय सामाजिक विकास के सन्दर्भ में आधुनिक युग के महत्व को समझने में समर्थ थे'।[3]

'राममोहन राय, प्रत्येक मानक के आधार पर, आधुनिक इतिहास में एक उत्कृष्ट व्यक्ति हैं। उनके द्वारा कलकत्ता और लंदन में बिताये गए अठारह वर्ष ऐसी गतिविधियों से जिन्होंने भारतीय समाज पर अमिट छाप छोड़ी है, से भरे पड़े हैं। राममोहन राय को न केवल अनेकों भाषाओं और धर्मो का ज्ञान था, अपितु वह धर्मशास्त्र के प्रकांड विद्वान भी थे। उन्होंने शास्त्रीय भारतीय ग्रंथों के आधुनिक आलोचनात्मक अध्ययन में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया, कई सामाजिक और धार्मिक सुधार आंदोलनों का प्रारम्भ किया औरबंगाल में आधुनिक शिक्षा को प्रोत्साहित किया'।[4]

'ब्रह्म समाज ने भारतीय समाज के सुधार और आधुनिकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाई। ब्रह्मसमाज के संस्थापक राम मोहन राय द्वारा सफलतापूर्वक सती प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाया जिसके सुखद परिणाम आज सर्वत्र देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने अपने देश की परंपराओं की सर्वोत्ताम विशेषताओं वाली संस्कृति के साथ पश्चिमी देशों को एकीकृत करने का प्रयास किया। उन्होंने संस्कृत– आधारित शिक्षा के स्थान पर अंग्रेजी– आधारित शिक्षा प्रणाली को स्थापित कर अनेकों विद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने तर्कसंगत, नैतिक, गैर–सत्तावादी और सामाजिक–सुधारवादी हिंदुत्व को प्रोत्साहित किया। समाज सुधारक के रूप में राजा राम मोहन राय का योगदान अतुलनीय और अद्वितीय है। हिंदू धर्म और भारतीय–अधिकारों का विरोध करने के उनके प्रयास और उनके ब्रिटिश सरकार के साथ उनकी निकटता के कारण उन्हें ष्भारतीय पुनर्जागरण के जनकष् की उपाधि मिली'।[5]

'आधुनिक भारत के निर्माता, महानतम सामाजिक–धार्मिक सुधार आंदोलनों को नेतृत्व प्रदान करने में अग्रणी और ब्रह्मसमाज के संस्थापक, राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अंग्रेजी के अध्ययन को प्रसारित कर एवं आधुनिक चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और विज्ञान की वकालत करके भारतीय समाज में विभिन्न परिवर्तनों का मार्ग प्रशस्त किया। राजा राम मोहन राय एक भारतीय धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक सुधारक और मानवतावादी थे, जिन्होंने पारंपरिक हिंदू संस्कृति को चुनौती दी और समाज के लिए ब्रिटिश शासन के दौरान प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने द्वारकानाथ टैगोर एवं प्रारंभिक 19 वीं शताब्दी के अन्य प्रमुख बंगालियों सहयोग से वर्ष 1828 में ब्रह्म सभा की स्थापना की, जिसने ब्रह्म समाज को जन्म दिया, जो बंगाल पुनर्जागरण काल के दौरान विशिष्ट रूप से सराहनीय और प्रभावी भारतीय सामाजिक–धार्मिक सुधार आंदोलन सिद्ध हुआ। राजा राम मोहन राय को भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली का अग्रदूत कहा जाता है। उनको केवल 'महान शिक्षा सुधारक' ही नहीं बल्कि एक राष्ट्र निर्माता के रूप में भी जाना जाता है'।[6]

प्राक्कल्पना:

1. भारतीय इतिहास आदिकाल से भारतीय समाज में प्रचलित अनेकों सामाजिक बुराइयों, कुप्रथाओं और कुरीतियों पर पर्याप्त प्रकाश डालता है।
2. सामाजिक बुराइयों के निदान में समाज सुधारक सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करते हैं।
3. आधुनिक भारत के निर्माण में समाज सुधारकों का योगदान रहा है।
4. राजा राम मोहन राय ने भारतीय पुनर्जागरण लाने और इसको त्वरित गति प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई।
5. ऐतिहासिक दृष्टि से राजा राम मोहन राय आधुनिक भारत के जनक हैं।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोधपत्र गुणात्मक शोध एवं अनुसन्धान की श्रेणी में आता है और इसके केन्द्र में भारतीय पुनर्जागरण और आधुनिक भारत की नींव रखने में राजा राम मोहन राय द्वारा प्रदत्त योगदान को स्पष्ट करना है। शोधपत्र को तैयार करने हेतु भारतीय इतिहास, पुस्तकों तथा विभिन्न इंटरनेट साइट्स पर उपलब्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित कुछ चुनिंदा शोध पत्रों और अध्ययनों का अध्ययन किया गया है, और इतिहास के व्यक्तिगत ज्ञान एवं अध्ययन, तथा साथ ही समीक्षित साहित्य के आधार पर अध्ययन हेतु निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया गया। शोधपत्र लेखन में वैज्ञानिकों द्वारा सर्वसम्मत रूप से निर्धारित शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है।

निष्कर्ष – विश्व के प्रत्येक समाज में अनेकों समाज सुधारक हुए हैं जिन्होंने अपने–अपने समय में तत्कालीन समाज में फैली कुरीतियों और कुप्रथाओं

की ओर न केवल गंभीरता से ध्यान दिया, अपितु उनको समाप्त करने हेतु लोगों को जागरूक किया और उनको साथ लेकर व्यापक आंदोलन चलाये। वैश्विक स्तर पर वर्तमान में जो सुधारीकृत सामाजिक व्यवस्था दृष्टिगोचर हो रही है, उसकी स्थापना उन समाज सुधारकों के द्वारा ही की गई।

भारत में भी अनेकों समाज सुधारक हुए हैं जिनमें से प्रत्येक समाज सुधारक ने समाज को विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक दिशा प्रदान की। भारतीय इतिहास में जिन समाज सुधारकों को स्वर्णिम अक्षरों में स्थान प्राप्त हुआ है, उनमें से एक समाज सुधारक राजा राम मोहन राय भी हैं जिन्होंने भारत में पुनर्जागरण लाने में और सती प्रथा एवं अन्य कुरीतियों को समाप्त कर आधुनिक भारत का निर्माण करने में अपना विशेष योगदान दिया।समाज सुधार के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए न केवल समाज, अपितु भारतीय इतिहास हमेशा ऋणी रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आर. पी. गुप्ता (2018). सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन में राजा राम मोहन राय का योगदान। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स, वॉल्यूम 6, इशू 1, मार्च 2018
2. विजय कुमार सराबू (2023). रेलेवंस ऑफ राजा राम मोहन राय इन वीमेन एम्पावरमेंट एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन न्यू इंडिया, कांफ्रेंस एट ए जे इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मंगलोर, कर्नाटक स्टेट (इंडिया), फरवरी, 2023
3. गोपाल डे (2023). बैकग्राउंड टू दि ग्रेट रिवोल्ट: राममोहनश्स हिस्टोरिकल-सोशल थॉट्स एंड स्टेप्स। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स, वॉल्यूम 11, इशू 2, फरवरी, 2023
4. ऐस ऐन मुखर्जी (1996). दि सोशल इम्प्लिकेशन्स ऑफ दि पोलिटिकल थॉट ऑफ राजा राम मोहन राय। सिटीजन हिस्टोरियन।
5. डॉ. प्रफुल्ल कुमार दास (2018). राजा राम मोहन राय: ए हार्बिंगेर ऑफ लिबरलिस्म। इंटरनेशनल जर्नल फॉर रिसर्च इन सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटिज, वॉल्यूम 4, इशू 11, नवंबर 2018
6. श्री मदन मोहन मंडल -डॉ. संतोष कुमार बेहरा (2015). राजा राम मोहन राय एज ऐन एजुकेशनल रिफॉर्मर: ऐन इवैल्यूएशन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस स्टडीज, वॉल्यूम 1, इशू 4, वर्ष 2015

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

प्राथमिक शिक्षा का विकास में महत्व

डॉ. उदय प्रताप सिंह*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (बी.एड.विभाग) किसान पी0जी0 कॉलेज, बहराइच (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा व्यक्तित्व के पूर्ण विकास की एक प्रक्रिया है। परिवर्तनशील संसार के साथ स्वयं को समायोजित करना एक सतत प्रक्रिया है। अत: शिक्षा का मानव जीवन से गहरा संबंध है। यह जन्म से शुरू होकर जीवन भर, मृत्यु तक निरंतर चलता रहता है। इसमें शैशवावस्था के दौरान अर्जित सभी ज्ञान और अनुभव शामिल हैं। बचपन, किशोरावस्था और जवानी वे स्कूल, घर, समाज या शिक्षा की किसी एजेंसी में सीखते हैं। शिक्षा व्यक्ति और राष्ट्र के चरित्र निर्माण और भविष्य का निर्धारण करने वाली सबसे शक्तिशाली एजेंसी है।

प्राथमिक शिक्षा शिक्षा की प्रवेश संरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी अवस्था में बच्चा औपचारिक संस्थानों में जाना शुरू करता है। औपचारिक संस्थानों से बच्चे को जो शिक्षा मिलती है वह उसके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास की नींव प्रदान करती है। सुदृढ़ प्रारंभिक शिक्षा सुदृढ़ माध्यमिक और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देती है। भारत जैसे विकासशील देश में, प्रारंभिक शिक्षा को राष्ट्रीय शैक्षिक अधिरचना की ओर कदम माना जाता है। अत: लोकतांत्रिक परंपराओं एवं मूल्यों की स्थापना के संदर्भ में स्कूल जाने की उम्र के सभी बच्चों को साक्षरता का अवसर देना आवश्यक है। भारतीय संविधान के निदेशक सिद्धांतों में 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए संविधान के अनुकूलन के दस साल के भीतर मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया था। स्वतंत्रता के बाद, भारत सरकार की लगातार पाँच वर्षों की योजनाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व गुणात्मक विकास किया है। भारत की सातवीं पंचवर्षीय योजना में शिक्षा को मानव संसाधन विकास के रूप में मान्यता दी गई है।

प्राथमिक शिक्षा न केवल सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के आधार पर, बल्कि औसत श्रमिकों की क्षमता बढ़ाने और प्राकृतिक उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी सर्वोच्च प्राथमिकता की हकदार है।भारतीय संविधान के अनुच्छेद '45' में कहा गया है कि-'राज्य इस संविधान के प्रारंभ से दस वर्ष की अवधि के भीतर सभी बच्चों के लिए चौदह वर्ष की आयु पूरी करने तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करेगा। लेकिन अब तक संविधान का गंभीर रूप अधूरा पड़ा है।' इस संवैधानिक दायित्व को पूरा करने के लिए प्राथमिक शिक्षा केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकार, विभिन्न स्थानीय निकायों के साथ-साथ स्वैच्छिक संगठन की संयुक्त जिम्मेदारी बन जाती है। सामान्य और प्राथमिक शिक्षा के महत्व को जानना विशेष रूप से शिक्षा, भारतीय संविधान में विभिन्न अनुच्छेदों को शामिल किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, और 30, शैक्षणिक संस्थान की स्थापना और प्रशासन के लिए कुछ सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों की गारंटी देते हैं। अनुच्छेद, 99 जिला भाषाओं की लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार प्रदान करता है। नागरिक का कोई भी वर्ग। किसी भी नागरिक को राज्य या धर्म, जाति, जाति, भाषा या उनमें से किसी एक द्वारा संचालित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश से इनकार नहीं किया जाएगा। प्राथमिक शिक्षा विभिन्न वर्गों के बच्चों को एक समान और सुविकसित आधार प्रदान करती है ताकि वे अपने जीवन को सार्थक बना सकें। इसके माध्यम से बच्चों को नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारी, और सामाजिक समरसता की महत्वपूर्णता का ज्ञान होता है।प्राथमिक शिक्षा साक्षरता की बढ़ोतरी में सहायक होती है और लोगों को अपने आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इसके माध्यम से बच्चे साक्षरता हासिल करके अपनी सोचने की क्षमता को बढ़ाते हैं और अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए उत्साहित होते हैं।इस शिक्षा का मकसद बच्चों को सिखाना नहीं होता कि कैसे सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि ज्ञान का अर्थ है समझ, उत्साह और रूचि से सीखना।

प्राथमिक शिक्षा एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव रखती है क्योंकि यह स्वास्थ्य, जीवन कौशल और सामाजिक जिम्मेदारियों की पहचान करती है। इसके माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का आदान-प्रदान होता है जिससे वे एक सकारात्मक समृद्धि की दिशा में बढ़ सकते हैं।समाज में सामाजिक समांतरता बनाए रखने के लिए प्राथमिक शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके माध्यम से बच्चों को समाज में एक उच्च स्थिति और समानता की महत्वपूर्णता समझाई जाती है।अधिकांश के लिए, प्राथमिक शिक्षा एक अभिभावक समूह का अभिवृद्धि में भी मदद करती है जिससे समृद्धि और सामरिक समृद्धि होती है। इसके माध्यम से बच्चों को समाज में जिम्मेदार नागरिक बनाने की शिक्षा मिलती है जिससे वे समाज में सही दिशा में योगदान कर सकते हैं।

आरंभिक शिक्षा का महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह एक समाज के विकास की नींव होती है। यह बच्चों को मौलिक ज्ञान, नैतिकता, और सामाजिक मूल्यों का अधिग्रहण करने में मदद करती है और उन्हें सफल नागरिक बनने के लिए तैयार करती है। यह समर्पित शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को स्वतंत्रता, सोचने की क्षमता, और सही दिशा में मार्गदर्शन करती है। इसके माध्यम से ही समाज में सामंजस्य और समरसता का अभिवादन हो सकता है, जिससे समृद्धि और सबका सामाजिक और आर्थिक विकास संभव हो सकता है। इसके बिना, एक समृद्धि और समरसता भरा समाज संभावनाओं से वंचित रहता है।

भारत में प्राथमिक शिक्षा का विकास – प्राथमिक शिक्षा देश के प्रत्येक नागरिक की प्राथमिक आवश्यकता है। यह प्रत्येक बच्चे की औपचारिक

शिक्षा प्रणाली का मूल या आधार है। प्राथमिक शिक्षा देश के लिए स्थानीय औपचारिक शिक्षा प्रणाली का स्तंभ है। यह बच्चों की शिक्षा और चरित्र की नींव बनाने में मदद करता है।

शैक्षिक आयोग 1964-66 ने निम्न प्राथमिक और उच्च प्राथमिक चरण दोनों का वर्णन करने के लिए 'प्राथमिक' शब्द का उपयोग किया। निम्न प्राथमिक चरण में कक्षा I से कक्षा IV या V तक शामिल हैं, और उच्च प्राथमिक चरण में V से VII या VI से VIII तक शामिल हैं।

भारतीय इतिहास के हिंदू काल में प्राथमिक शिक्षा ब्राह्मण परिवारों के लड़कों और कुछ हद तक क्षत्रिय या वैश्य परिवारों के लड़कों तक ही सीमित थी। 'सूरदास' और 'महिलाआ' के लिए शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया गया। 'टोल' या 'पाठशाला' हिंदू शिक्षण विद्यालय था।

मुस्लिम काल में मकतब मुसलमानों का प्रमुख शिक्षा केन्द्र था। ये हिंदू की पाठशालाओं के संवाददाता हैं। इन दोनों प्रकार के संस्थानों में प्राथमिक शिक्षा 3R's और धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन तक ही सीमित थी। (3आर-पढ़ना, लिखना और अंकगणित)।अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा को लागू करने के लिए ब्रिटिश काल के नियम के दौरान सबसे पहला प्रयास 1838 में विलियम एडम द्वारा किया गया था। बाद में 1852 में बॉम्बे में राजस्व सर्वेक्षण आयुक्त कैप्टन विंगेट ने कृषकों के बेटों को अनिवार्य शिक्षा देने का प्रस्ताव रखा, उनसे पांच के शतरंज का एहसास हुआ। प्रतिशत गुजरात में भी रखा गया ऐसा ही प्रस्ताव हंटर कमीशन (1882) ने देश की प्राथमिक शिक्षा में बहुत गहरी रुचि ली। वास्तव में, यह उनकी जाँच का प्रमुख क्षेत्र था। इसलिए उन्होंने बुरी तरह से स्वीकार किया कि 'जबकि शिक्षा की प्रत्येक शाखा राज्य की पोषण संबंधी देखभाल का उचित दावा कर सकती है, देश की वर्तमान परिस्थितियों में, यह वांछनीय है कि जनता की प्राथमिक शिक्षा की घोषणा की जाए, इसके विस्तार और सुधार के लिए प्रावधान किया जाए शैक्षिक प्रणाली का वह भाग जिसके लिए राज्य के कठोर प्रयासों को अब भी बड़े पैमाने पर निर्देशित किया जाना चाहिए।'

राष्ट्रीय नेता और शाही विधान परिषद के सदस्य गोपाल कृष्ण गोखले ने 1910-1912 के भीतर भारत में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के लिए पहला मसौदा तैयार किया। यह इंग्लैंड के 1870, 1876 और 1880 के प्रारंभिक शिक्षा अधिनियम के मॉडल पर था, दुर्भाग्य से इस बिल का अधिकारियों ने विरोध किया और 13 के मुकाबले 38 वोटों से हार गया। 1980 में, अनिवार्य शिक्षा पर ब्रिटिश शासन का पहला अधिनियम बॉम्बे में पारित किया गया था। श्री विट्ठल भाई पटेल द्वारा प्रेरित, इसे पटेल अधिनियम या बॉम्बे नगर पालिका प्राथमिक शिक्षा अधिनियम के रूप में जाना गया। 1919 से 1920 की अवधि के दौरान कई अधिनियम, यानी बेगल प्राथमिक शिक्षा अधिनियम, बिहार और उड़ीसा अधिनियम, पंजाब अधिनियम, यू.पी. अधिनियम, मद्रास अधिनियम और बॉम्बे शहर अधिनियम। 1921 से 1947 की अवधि के दौरान अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा को लागू करने के लिए कई कानून पारित किए गए। प्राथमिक शिक्षा अधिनियम 1926 में पारित किया गया था। हार्टोग समिति (1928) ने प्राथमिक शिक्षा का गहराई से अध्ययन किया और बताया कि अपव्यय और ठहराव इसकी प्रमुख समस्याएँ थीं। समिति ने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने तथा इससे होने वाले अपव्यय तथा ठहराव पर विभिन्न सिफारिशें दीं। गांधीजी ने 1937 में भारत में बुनियादी शिक्षा की शुरुआत की और 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा देने के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा बुनियादी शिक्षा अधिनियम लागू किए गए। शिक्षा की सरजीत योजना (1944) ने सिफारिश की कि 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक या बुनियादी शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। इसके अलावा, इस योजना ने शैक्षणिक वातावरण के विकास के लिए विभिन्न सिफारिशें प्रदान कीं। लेकिन इन सभी प्रयासों के बावजूद शिक्षा के नतीजे बिल्कुल भी उत्साहवर्धक नहीं रहे। आजादी के बाद भी देश में बड़े पैमाने पर निरक्षरता थी। 1951 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार भारत में साहित्यिकों का प्रतिशत केवल 19.74 प्रतिशत था। इसलिए, भारत जैसे स्वतंत्र देश में जन शिक्षा की इस स्थिति के कारण हमारे संविधान निर्माताओं को इस विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता थी।

भारतीय समाज के विकास में प्राथमिक शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह उस काल से जुड़ा है जब भारतीय समाज में शिक्षा एक महत्वपूर्ण अवधारणा मानी जाती थी। प्राथमिक शिक्षा का वैचारिक आधार भी भारतीय संस्कृति एवं दार्शनिक विचारधारा पर आधारित है। भारतीय समाज में बच्चों को शिक्षित करने की प्रक्रिया प्राथमिक विद्यालय से शुरू होती है। यह उन्हें नैतिक मूल्यों, सामाजिक समझ और साक्षरता की नींव प्रदान करता है। प्राथमिक शिक्षा का मुख्य लक्ष्य बच्चों को स्वतंत्र, जागरूक और समाज द्वारा समर्थित होने की क्षमता प्रदान करना है। इसके लिए धन्यवाद, वे नैतिक मूल्यों को समझते हैं और समाज में ठीक से एकीकृत होते हैं। प्राथमिक शिक्षा का महत्व यह है कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की नींव रखती है। यह न केवल ज्ञान का स्रोत है बल्कि सोचने, समझने और राह पर बने रहने की क्षमता भी विकसित करता है। भारत में प्राथमिक शिक्षा का विकास लंबे समय से एक कठिन कार्य रहा है। आर्थिक और सामाजिक असमानता, गरीबी और अधिकारों की कमी के कारण सहायता प्राप्त करना कठिन है। हालांकि, सरकार की कोशिशों के बावजूद अभी भी कई क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। इसके बावजूद प्राथमिक शिक्षा भारतीय समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनी हुई है और आने वाले समय में इसका महत्व और भी बढ़ने की संभावना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुमार, कृष्णा. (2005)।'शिक्षा का राजनीतिक एजेंडा: उपनिवेशवादी और राष्ट्रवादी विचारों का एक अध्ययन।' ऋषि प्रकाशन।
2. ड्रेज, जीन, और सेन, अमर्त्य। (2011). 'एक अनिश्चित महिमा: भारत और इसके विरोधाभास।' पेंगुइन पुस्तकें।
3. तपन, बी., और चौधरी, आर. (सं.). (2007)। 'भारत में प्राथमिक शिक्षा: प्रगति और चुनौतियाँ।' डोरलिंग किंडरस्ले (भारत)।
4. किंग्डन, गीता जी., और मुजम्मिल, एम. (2007)। 'भारत में प्राथमिक शिक्षा की राजनीतिक अर्थव्यवस्था।' जर्नल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, 43(7), 1175-1200
5. टोली, जेम्स, और डिक्सन, पॉल। (2005)।'गरीबों के लिए निजी स्कूल: भारत से एक केस स्टडी।' जर्नल ऑफ एजुकेशन पॉलिसी, 20(3), 315-337
6. भट्टी, किरण. (2007)।'ग्रामीण भारत में शिक्षा: स्थिति और चुनौतियाँ।' इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली,42(3),231-238
7. रामचन्द्रन, विमला. (2009)। 'भारत में प्राथमिक शिक्षा: स्कूली शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना, अधिकार-आधारित दृष्टिकोण की ओर।' इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, 44(17), 43-51
8. वर्मा, अनुपमा. (2015)।'भारत में प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण: सतत चुनौतियाँ।' समसामयिक शिक्षा संवाद, 12(2), 223-245

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIX

भारत में भ्रष्टाचार निवारण सम्बन्धी कानूनी प्रावधान: एक संक्षिप्त अध्ययन

प्रो. विकास चन्द्र वशिष्ठ* नवीन भास्कर**

* राजनीति विज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) मेरठ कॉलेज, मेरठ (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – भ्रष्टाचार समाज के अंदर समाहित एक विघटनकारी समस्या है। इसके पीछे विभिन्न कारक जिम्मेदार है इन कारकों को किन्हीं प्रत्यक्ष उपायों उसे खत्म नहीं किया जा सकता है। कहने का आशय यह है कि जब किसी मौलिक व्यवस्था में ढोस्त उत्पन्न हो जाए तो उसमें किसी भी प्रकार का तात्कालिक एवं अस्थाई उपचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ऐसे में भ्रष्टाचार पर एकदम सटीक बार करने के लिए एक सर्वमान्य एवं सटीक कार्य योजना होनी चाहिए। जिसके अंतर्गत भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ऐसे प्रावधानों को सम्मिलित किया जाना चाहिए जिसे भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके। जब हम भ्रष्टाचार संबंधी कानूनी प्रावधानों की बात करते हैं तो उसमें कानूनी प्रावधानों के रूप में 1860 की भारतीय दंड संहिता से लेकर वर्ष 2018 का भगोड़ा आर्थिक अपराधी बिल भी शामिल हो जाते है, वहीं अगर कमेटी व आयोग की बात करें तो उसमें गोरवाला समिति, पॉल एपलबी समिति, संथानम समिति, बोहरा समिति, प्रथम व द्वितीय भारतीय प्रशासनिक सुधार आयोग भी शामिल हो जाते हैं इसके अतिरिक्त संगठन व एजेंसियों के रूप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग इत्यादि शामिल है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. देश की मौजूदा भ्रष्टाचार संबंधी कानूनी व्यवस्था के स्वरूप को जानना।
2. देश में गठित विभिन्न कमेटी व आयोग के भ्रष्टाचार संबंधी प्रावधानों को जानना।
3. भ्रष्टाचार निवारण संबंधी सरकारी संगठन व एजेंसियों को जानना।

अध्ययन प्रविधि– प्रस्तुत शोधपत्र में विषय से संबंधित तथ्यों के संकलन हेतु द्वितीय स्रोतों के रूप में विभिन्न प्रकाशनों की पुस्तकों,शोध पत्रिकाओं और समाचार पत्रों इत्यादि का अध्ययन एवं वर्णनात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है।

भूमिका–भ्रष्टाचार एक व्यापक एवं समाज के अन्दर तक समाहित एक विघटनकारी समस्या है जिसके पीछे बहुत सारे कारक जिम्मेदार होते हैं। ये कारक किन्ही प्रत्यक्ष निवारण उपायों से समाप्त नहीं हो सकते। सामान्यत: हम यह देखते हैं कि किसी विशेष प्रकार के भ्रष्टाचार के निवारण के लिए कुछ विशेष प्रकार के उपायों का सहारा लिया जाता है परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार कुछ समय के लिए रूक जाता है लेकिन थोड़े समय बाद भ्रष्टाचार सम्बन्धित कानून की खामियों का फायदा उठाकर नये स्वरूप में फिर प्रकट हो जाता है। यह ऐसे ही होता है जैसे– जब किसी पहिये का ट्यूब जब पंचर हो जाता है तब पंचर की जगह पेस्ट लगा उसे बन्द कर देते है। लेकिन कुछ समय बाद उसी जगह दूसरा छेद हो जाता है और यह तब तक चलता है, जब तक कि हम उस ट्यूब को बदल नहीं देते। कुछ इस तरह जब किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार के रूप में घुन लग जाता है तो उसकी सम्पूर्ण व्यवस्था का पुनर्निरिक्षण करना जरूरी हो जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जब किसी मौलिक व्यवस्था में दोष उत्पन्न हो जाये तो उसमें किसी भी प्रकार का तत्कालिक एवं अस्थाई उपचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ता और न ही उससे कोई स्थायी समाधान होता है। भ्रष्टाचार पर एकदम सटीक वार करने के लिए एक सर्वमान्य एवं सम्पूर्ण कार्य योजना के अनुसार काम होना चाहिए जिसके लिए अंग्रेजी भाषा का शब्द 'होलिस्टिक' इस्तेमाल किया जाता है। भ्रष्टाचार के नियंत्रण के लिए इस प्रकार के उपायों को शामिल किया जाना चाहिए जो एक तरह से जीन प्रत्यारोपण सरीखा परिवर्तन ला सके। जो बदलाव एक तरह बिल्कुल बदला हुआ हो और साथ–साथ व्यावहारिक परिस्थितियों से भी समायोजित हो। जब हम भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, रोक या प्रावधानों की चर्चा करते हैं तो इसमें मौजूदा समय के कानून कमेटियाँ, प्रतिवेदन, आयोग व लेखा परीक्षण संस्थाएँ भी शामिल हो जाती हैं और गोपनीयता बनाये रखने सम्बन्धी उपाय भी शामिल हो जाते हैं।

भ्रष्टाचार से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधान– भारत में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए विभिन्न कानून, आयोग, कमेटी ,संगठन व एजेंसियों का गठन किया गया है जिनका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर नियंत्रण कर एक सुशासित राज्य के स्वरूप को बनाए रखना है। हम भारत में भ्रष्टाचार निवारण संबंधी प्रावधानों का अध्ययन निम्न प्रकार कर सकते हैं प्रथम, स्वतंत्रता से पूर्व भ्रष्टाचार निवारण संबंधी प्रावधान। द्वितीय, स्वतंत्रता के बाद भ्रष्टाचार निवारण संबंधी प्रावधान। तृतीय, नब्बे के दशक के बाद भ्रष्टाचार निवारण संबंधी प्रावधान। इन प्रावधानों के माधयम से हम देश में मौजूद विभिन्न प्रावधानों को जान सकते हैं जो भ्रष्टाचार निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं–

(क)स्वतन्त्रता पूर्व किये गये कानूनी प्रावधान– स्वतन्त्रता पूर्व भ्रष्टाचार सम्बन्धी कानूनी प्रावधान के रूप में एकमात्र स्रोत भारतीय दण्ड संहिता 1860 है।

भारतीय दण्ड संहिता (1860) :भारतीय दण्ड संहिता भारत वर्ष की सबसे पुरानी एवं प्रमुख आपराधिक दण्ड संहिता है। यह संहिता भारत की सबसे

बड़ी कानूनी संहिता है जिसमें अपराधियों से सम्बन्धित सभी नियमों एवं पक्षों को शामिल किया गया है इसके साथ ही यह भारत के सभी भ्रष्टाचार रोधी कानूनों का मूल स्त्रोत भी है।

तत्कालीन भारत में भारतीय दण्ड संहिता ही सार्वजनिक जीवन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का सर्वप्रमुख माध्यम था। भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधान बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह जनता की सेवा के नियुक्त सरकारी कर्मचारी हो, सीमाओं की सुरक्षा में तैनात अधिकारी हो, पुलिस सेवा में हो, न्यायाधीश हो, न्यायालय से सम्बन्धित कोई अधिकारी हो या फिर केन्द्र या राज्य सरकार के कर्मचारी हों। इन सभी पदाधिकारियों पर भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय-9 के सेक्शन 161-169 तक सभी उपबन्ध इन पर लागू होते यदि ये इन उपबन्धों का उल्लंघन करते तो इन उपबन्धों के अनुसार दण्ड एवं सजा के भागी होंगे।

(ख)स्वतन्त्रता के बाद किये गये कानूनी प्रावधान-

भ्रष्टाचार निवारण कानून (1947) : भ्रष्टाचार निवारण कानून 1947 तत्कालीन भारत में भ्रष्टाचार से उत्पन्न विशेष अपराध के लिए दण्ड की व्यवस्था करता था, इस अधिनियम में सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन में किये जाने वाले अपराधिक दुर्व्यवहार को एक नये अपराध में जरूर वर्णित किया गया है। अधिनियम में इस अपराधिक कृत्य के लिए एक से लेकर सात साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है,

इस अधिनियम में उपहार भेंट को स्वीकार करने वाले सरकारी कर्मचारी व उसे भेंट या उपहार प्रदान करने वाले व्यक्ति से सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों का वर्णन किया गया है जिसके अन्तर्गत आई0पी0सी0 सेक्शन 161 यह उद्धत किया गया है कि सरकारी कर्मचारी को भेंट या उपहार प्रदान करने की प्रकृति क्या है जैसे- उपहार उसे (सरकारी कर्मचारी) सही नियत से या इनाम के तौर पर दिया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि रिश्वत देने वाले के बारे में यह माना गया है कि वह परिस्थितिवश रिश्वत देने के लए मजबूर हुआ होगा। इसी वजह से उसे इस तरह की रियायतें प्रदान की गयी हैं अगर उसे इस तरह की रियायत न प्रदान की जाये तो हर शिकायत करने वाला व्यक्ति ही पहले दण्ड का भागी बन जायेगा और वह भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने के प्रति भी हतोत्साहित होगा। ईमानदार अधिकारियों को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से बचाने के लिए अधिनियम के अन्तर्गत यह भी प्रावधान किया गया था कि कोई भी न्यायालय भारतीय दण्ड संहिता की धारा 161, 164 और 165 के अधीन दंडनीय अपराधों के संज्ञान आने पर लोकसेवक को पद से हटाने के लिए आदेश सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नहीं देगा।

गोरवाला रिपोर्ट : वर्ष 1951 में गठित योजना आयोग के बाद देश के नियोजित विकास, तत्कालीन प्रशासन एवं उसकी प्रणालियों की जांच के लिए एक अवकाश प्राप्त सिविल अधिकारी ए0डी0 गोरवाला को नियुक्त किया गया था। जिन्होंने अपना प्रतिवेदन 30 अप्रैल 1951 को 'लोक प्रशासन पर प्रतिवेदन' सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया। यह प्रतिवेदन नौ अध्ययन में विभक्त था, जिसके अन्तर्गत निम्न सिफारिशे की थीं।

देश के विकास हेतू सर्वाधिक महत्व वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाना चाहिए प्रशासनिक व्यवस्था में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी जैसे गुणों का होना परम आवश्यक है।

1. सरकार द्वारा विभिन्न मदों में व्ययों की स्वीकृति प्रदान करना काफी नहीं है बल्कि उनके परिणामों का परीक्षण व मूल्यांकन करना भी जरूरी है।
2. मंत्रियों, विधायको जैसे राजनैतिक व्यक्तियों एवं प्रशासको में पथभ्रष्टता के निवारण के लिए राजनैतिक दलों को अपने उम्मीदवारों के चयन में सावधानी अपनानी चाहिए।
3. लोक प्रशासन के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यवहारिक पद्धति को नहीं अपनाना चाहिए तथा जनकल्याण की भावना को लाभ के साथ जोड़कर नहीं देखना चाहिए।
4. किसी भी योजना उन्नत क्रियान्वयन के लिए सुनियोजित भर्ती एवं प्रशिक्षण, सत्ता के विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देना चाहिए।
5. प्रशासनिक व्यवस्था में उचित समन्वय की स्थापना के लिए एक बिना विभाग का मंत्री तथा बिना विभाग का सचिव होना चाहिए।

उपर्युक्त सिफारिशों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि ए0डी0 गोरावाला ने भारत में प्रचलित लोक प्रशासन में प्रशासनिक व्यवस्था और नौकरशाही के मौलिक ढाँचे को बिना किसी नुकसान के विद्यमान ढाँचे में समाहित बुराईयों को दूर करने और उसे अधिक सक्षम बनाने के सुझाव दिये थे। इन सुझावों एवं सक्षम बनाने मंशा के पीछे ए0डी0 गोरावाला कहीं न कहीं भ्रष्टाचार मुक्त एवं उत्तरदायी शासन व्यवस्था बनाना चाहते हैं।

पॉल एपलबी प्रतिवेदन : सितम्बर 1952 में अमेरिकी विशेषज्ञ पॉल एपलबी को भारत में प्रशासनिक सुधारों एवं भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था का निष्पक्षता से अध्ययन करने के लिए बुलाया गया था। अपने अध्ययन में पॉल एपलबी ने भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था को समूचित रूप से संगठित एवं विकसित मानते हुए महत्वपूर्ण सिफारिशें जी जो निम्न प्रकार हैं-

1. भारतीय संघ में सम्मिलित राज्यों को अधिक स्वतंत्रता देना सही नहीं होगा।
2. भारत में लोक प्रशासन के सुनियोजित अध्ययन एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए तथा सरकारी कर्मचारियों को उनके कार्यकाल के समय समुचित प्रशिक्षण देने के लिए 'भारतीय लोक प्रशासन संस्थान' की स्थापना की जानी चाहिए।
3. योजना आयोग को केवल योजना निर्माण तक सीमित होना चाहिए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन का उत्तारदायित्व योजना आयोग के पास नहीं होना चाहिए।
4. भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में संगठन से जुड़ी एवं प्रक्रिया सम्बन्धी समस्याओं के गहन अध्ययन एवं सुधार के लिए केन्द्र स्तर पर जा।च ईकाई की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
5. भारत में प्रचलित सरकारी नियम की व्यवस्था पर सरकारी नियंत्रण बना रहना चाहिए उन्हें और स्वतंत्रता देना सहीं नहीं रहेगा।
6. भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में सूत्र एवं स्टॉफ में अन्तर स्पष्ट चाहिए।
7. सरकार की आय में वृद्धि के लिए केन्द्र सरकार द्वारा देश के सभी राज्यों में कृषि आयकर लगाना चाहिए।
8. देश के प्रशासनिक व्यवस्था के सभी कर्मचारियों की परिचालन प्रभावकारिता में वृद्धि के लिए उनकी स्थिति एवं उत्तरदायित्व की भावना को उन्नत बनाना चाहिए।

इस तरह भारत में प्रशासनिक सुधारों के रूप में पॉल एपलवी द्वारा विभिन्न सिफारिशे की गयी थी जो भारत के केन्द्रीय प्रशासन के संगठन से जुड़ी एवं समन्वयात्मक समस्याओं से सम्बन्धित थी। जिनके प्रति पॉल एपलबी ने अपनी सिफारिशों के माध्यम से देश के प्रबुद्ध वर्ग को आकर्षित

किया है। अत: स्पष्ट है कि इस प्रकार के प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से देश की शासन व्यवस्था को जनभावना के अनुकूल एवं भ्रष्टाचार रहित व्यवस्था का रूप दिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय 1956 : प्रवर्तन निदेशालयएक आर्थिक खुफिया ऐजेन्सी है जिसका कार्य आर्थिक कानूनों के उल्लंघन जिसमें काले धन या बिना हिसाब-किताब वाले पैसे का स्थानांतरण या रूपान्तरण जैसे अपराध शामिल हैं उसे क्रियान्वित करना है। प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग की एक शाखा है जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय राजस्व सेवा और पुलिस सेवा के सभी अधिकारी तैनात व कार्यरत रहते हैं। इस निदेशालय की स्थापना केन्द्र सरकार द्वारा जून 2000 में मूल रूप से फेमा कानून या विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून 1992 के अनुपालन व इससे जनित मामलो की जांच का है।

सन्थानम कमेटी 1962: संथानम कमेटी का यह मानना है कि भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता है लेकिन इसमें काफी सीमा तक कमी जरूर लायी जा सकती है बशर्ते इसको लेकर कई तरह के प्रतिरोधी तरिके अपनाये जाये और उन्हें सतत् एवं प्रभावी तरीके से लागू करने की समुचित योजना बनायी जाए। कमेटी ने प्रशासनिक, वैधानिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उपायों को प्रतिबन्धात्मक उपायों के अन्तर्गत शामिल किया है। कमेटी का ऐसा मानना है कि भ्रष्टाचार को रोकने और उसमें बेहतर वातावरण बनाने के लिए सर्वप्रथम अपनी प्रमाणिकता को छोड़कर किसी तरह के लालच में फसने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जाए।

सन्थानम कमेटी द्वारा भ्रष्टाचार पर एक अच्छी रिपोर्ट बनायी गयी जिसके द्वारा भ्रष्टाचार रहित वातावरण बनाने की अच्छे प्रावधान बताये गये। भारत में भ्रष्टाचार किन कारको से उत्पन्न होता है उन सभी पहलूओं को गहराई से तफ्तीश की। आजादी के बाद के समय में संथानम कमेटी रिपोर्ट पहली रिपोर्ट थी। जिसने हमारी समकालीन सार्वजनिक व्यवस्था या तंत्र की सच्ची एवं व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की और इसके अनेकानेक चलन प्रचलन और परम्पराओं को सामने रखा सन्थानम कमेटी ने अपनी सिफारिशों में भ्रष्टाचार को लेकर कई अच्छे समाधानों को सुझाया। इन सुझावों के अलावा कमेटी ने जो सबसे महत्वपूर्ण बात कही थी वह भ्रष्टाचार रहित वातावरण और परिवेश की बात की थी, जिसमें भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले कारकों को बढ़ावा न मिले।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई 1963) :सीबीआई भारत सरकार का एक ऐसा संगठन हैं जो भारत सरकार को एक अपराधिक जांच एजेन्सी के रूप में और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक खुफिया एजेंसी के रूप में भी काम करती है, मोटे तौर पर सीबीआई एक पुलिस जांच ऐजेन्सी हैं जो सार्वजनिक जीवन में सुचिता बनाये रखने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के उत्तम स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है।

पहली बार यह फैसला किया गया कि सी0बी0आई0 में दो शाखा होगी जिसमें पहली शाखा विशेष अपराधों की जांच हेतू होगी तथा दूसरी भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न मामलो की जांच करेगी। पहली शाखा को परम्परागत अपराधो के साथ-साथ आर्थिक अपराधों की भी जांच का उत्तरदायित्व दिया गया है।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग : केन्द्रीय सतर्कता आयोग यानी सी0बी0सी0 सरकार में होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए एक सर्वोच्च निकाय है। 1964 में गठित यह आयोग एक स्वायत्ता संस्था है जिस पर भारत सरकार के किसी भी कार्यकारी विभाग का नियंत्रण नहीं होता है। इस आयोग का कार्य भारत सरकार के प्रत्येक विभाग और कार्यालयों में हो रहे सरकारी कार्यों में सतर्ककता एवं निगरानी करना है।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के माध्यम से भ्रष्टाचार पर रोक लेकर की गयी पहल:

1. राष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार विरोध रणनीति का क्रियान्वयन।
2. भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए तकनीकी को प्रोत्साहन देना।
3. सार्वजनिक रूप से कि जाने वाली खरीद में ईमानदारी एवं प्रमाणिकता को महत्व देना।
4. भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना।
5. व्हिसलब्लोयर मुखबिरो को सक्रिय करना।
6. सतर्कता कार्यो में गुणवत्ता एवं मानको को और बेहतर करना।
7. आयोग के कार्यो में ज्यादा से ज्यादा कम्प्यूटरीकरण बढ़ावा देना।
8. सतर्कता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की आधुनिक रूपरेखा का निर्माण करना।
9. अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ावा देना।

प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग : वर्ष 1966 में मोरारजी देसाई की अध्यक्षता में देश की प्रशासनिक व्यवस्था का मूल्यांकन हेतू एक आयोग का गठन किया गया। जिसका उद्देश्य था कि ऐसे विचारों तथा उपायो पर गहन विचार-विमर्श किया जाए जिनमें लोक सेवकों में कार्य कुशलता एवं निष्ठा की भावना उच्च स्तर पर पहुँचाया जा सके। इसके साथ हीआयोग द्वारा देश की प्रशासनिक व्यवस्था को सुधारने के लिए उपर्युक्त विभिन्न सुझाव दिये जिनमें से कुछ का क्रियान्वयन जैसे-लोकपाल, लोकायुक्त की स्थापना सम्बन्धी, कार्मिक विभाग, योजना आयोग का पुनर्गठन व राष्ट्रीय विकास परिषद् का पुनर्मान सरकार द्वारा कर लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सुझाव भी थे जिनके लागू न होने के एक बड़ा कारण नौकरशाही की उदाशीनता है। जागरूक सरकारें इसी उदासीनता रूपी समस्या के निवारण के लिए प्रशासनिक सुधारों को वरियता दे रही जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक सुधारों को प्रोत्साहित कर एक ऐसी नागरिक केन्द्रित व्यवस्था बनायी जाये जो सरल, उत्तरदायी, कर्तव्यनिष्ठ, तीव्र एवं सक्षम भ्रष्टाचार रहित प्रशासनिक व्यवस्था का रूप ले सके।

केन्द्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो : केन्द्रीय आर्थिक खूफिया ब्यूरो यानी सीईआईवी भी एक प्रकार की खूफिया एजेंसी है, जिसका कार्य आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में किये जाने वाले अपराधों और साजिशो को लेकर विभिन्न प्रकार सूचनाओं को एकत्र करना और उनकी निगरानी करना है। सीईआईवी की स्थापना जुलाई 1985 में वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन की गयी थी। आयकर विभाग के साथ-साथ यह देश में आर्थिक खूफिया मामलो की सबसे प्रमुख एजेंसी है। इनके कार्यो में करवंचना का पता लगाना, मुद्रा शोधन, तस्करी, धोखाधड़ी का पता लगाना सम्मिलित है।

भ्रष्टाचार निवारण कानून (1988) : भ्रष्टाचार निवारण कानून 1988 को भारत के राष्ट्रपति से 9 सितम्बर 1988 को स्वीकृति मिली। इसमें भ्रष्टाचार निवारण कानून 1947, अपराधिक कानून संशोधन 1952 और भारतीय दंड संहिता 1860 यानी आई0पी0सी0 के कुछ प्रावधानों का समन्वय कर एक मजबूत कानून का निर्माण किया गया। इन सबके अतिरिक्त इस अधिनियम में कुछ ऐसे भी प्रावधान किये गये जिसके माध्यम से जनसेवकों में पायी जाने वाली भ्रष्टाचारी प्रवृत्ति का भी समूल नष्ट किया

जा सकता है

भ्रष्टाचार निवारण कानून 1988 में रिश्वत एवं भ्रष्टाचार के कारण होने वाले अपराधों का कई तरह से उल्लेख किया गया है। इस अधिनियम में सेक्शन 7 से 15 के बीच भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न अपराधों के लिए दण्ड सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। जिसमें किसी भी जनसेवक द्वारा आधिकारिक कार्य के बदले हर तरह के चढ़ावे को प्राप्त करना, किसी व्यक्ति विशेष को ज्यादा तरजीह देना या न देना दोनों ही सम्मिलित हैं। इसके साथ ही किसी बहुमूल्य चीज को बिना कारण प्राप्त करना, ऐसा व्यवहार करना जिससे लोभ डरकर भेंट प्रदान करें, भवन या किसी भी प्रकार रूपये-पैसों से सम्बन्धित फायदा उठाना, हैसियत से ज्यादा सम्पत्ति का अर्जन करना है इत्यादि आपराधिक कृत्य माने जायेंगे।

बेनामी लेनदेन निरोध कानून (1988) : यह कानून फर्जीनामों पर की जाने वाली बेनामी सम्पत्तियों के लेन-देन को पूर्णत: प्रतिबन्धित करता है, इसके साथ यदि कोई व्यक्ति अपनी पत्नी या अविवाहित पुत्री के नाम पर कोई सम्पत्ति खरीदता है तो उसे प्रतिबन्धित नहीं किया गया है। बेनामी सम्पत्ति लेनदेन सम्बन्धी इस कानून के उपबन्धों अनुसार यदि कोई व्यक्ति बेनामी सम्पत्ति का लेनदेन करता है तो उसे तीन साल तक की सजा या दण्ड या दोनों का भागी होना पड़ सकता है।

बेनामी सम्पत्ति के लेनदेन सम्बन्धी कानून1988 में राजग सरकार द्वारा वर्ष 2016 में संशोधन किया गया तत्पश्चात् सभी संशोधित नियम व प्रावधान एक बार फिर लागू किये गये। इस अधिनियम में बेनामी लेनदेन को पुन: परिभाषित किया गया है। नयी व्यवस्था के अनुसार बेनामी सम्पत्ति रखे जाने पर उसका असल स्वामी नामित व्यक्ति सम्पत्ति की रिकवरी नहीं कर पायेगा कहने का आशय यह है कि इस प्रकार की सम्पत्ति को सरकार द्वारा बिना किसी हरजाने के जब्त भी किया जा सकता है।

(ग) नब्बे के दशक के बाद किये गये कानूनी प्रावधान-

वोहरा कमेटी रिपोर्ट : भारत सरकार के ग्रह सचिव एम0एन0 वोहरा को राजनीति के अपराधिकरण अध्ययन करने हेतु एक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया जिससे उनके नाम पर ही वोहरा कमेटी कहा गया। इस कमेटी द्वारा वर्ष 1993 में रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें कहा गया कि भारत में अपराधियों की एक समानांतर सरकार चलती है।

कमेटी ने यह भी उजागर किया है कि बरसो अपराधी तत्व स्थानीय ईकाइयों, विधानसभाओं और संसद में निर्वाचित होते रहे हैं, जो बाद में अपने राजनैतिक प्रभाव के कारण अपराधीकरण और भ्रष्टाचार सम्बन्धी क्रियाकलापों में शामिल हो जाते हैं।

ई-प्रशासन बिल (2000) : वर्तमान समय में आधुनिक सरकारें और उनका प्रशासन जिस बात पर जयादा ध्यान दे रही है, वह है ई-प्रशासन। ई-प्रशासन को महत्व देने का कारण यह भी है कि भ्रष्टाचार के निवारण में तकनीकी से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। इस बात को ध्यान में रखकर कहा जा सकता है कि ई-प्रशासन का मतलब कुल मिलाकर उन सभी उपलब्ध उपकरणों और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है जिससे वही संख्या में आम लोगों को एक उन्नत ई-प्रशासन उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में यह तकनीकी देश के शासन और प्रशासन के विभिन्न गतिविधियों को उन्नत, त्वरित, साफ सुथरा और चाक-चौबंद बनाने में खूब इस्तेमाल की जा रही हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी के इस रूप से न केवल सरकार लोगों को उनकी जरूरतों से सम्बन्धित सभी आवश्यकताओं को कम समय व अधिक कुशलता से भ्रष्टाचार रहित प्राप्त करा सकेगी।

प्रेवेन्सन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट (2002) : काले धन को वैध साबित करने से रोकने के लिए वर्ष 2002 में संसद द्वारा प्रेवेन्सन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट को पारित किया गया। इस कानून के माध्यम से भारत सरकार ने काले धन को कई तरह के वैद्य स्त्रोतो में डालने से रोकने के लिए बनाया गया। इसके अन्तर्गत इस तरह के धन या सम्पत्ति को सरकार द्वारा सीज या जब्त कर लिया जाता है। इसका मूल उद्देश्य है काले धन सफेद करने की प्रक्रिया साथ इस अवैध सम्पत्ति का जब्त करना भी होता है।

सूचना का अधिकार (2005) : आज के समय में सार्वजनिक क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की अनियमित्ताओं एवं गड़बड़झालो या भ्रष्टाचार सम्बन्धी कृत्यों को उजागर करने के लिए सूचना का अधिकार आम जनमानस के लिए एक शक्तिशाली हथियार बन गया है। इस कानून के माध्यम से आम जनमानस में जागरूकता बढ़ी है। अब वे सरकारी कार्यालयों में होने वाली लेटलतीफी एवं भ्रष्टाचार सम्बन्धी सभी कृत्यों के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त करने लगे हैं, इनमें वे चीजे भी शामिल हैं जो पहले से गोपनीय श्रेणी में रखी हुई हैं।इस कानून के माध्यम से देश के नागरिक केन्द्र एवं राज्य सरकार के किसी भी कार्यालय से किसी भी प्रकार सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस प्रकार के सूचना सम्बन्धी आवेदनों पर कार्यालय को तीस दिन की समय सीमा निर्धारित की गयी है।

हम जानते हैं कि सभी सरकारी दफ्तर इस नियम के दायरे में आते हैं। अत: इन सबको एक लोक सूचना प्राधिकारी पद का सृजन करना पड़ता है, भारत का कोई भी नागरिक किसी भी सूचना की पाने के लिए अपना प्रार्थना पत्र उक्त अधिकारी को सौपता है तो लोक सूचना प्राधिकारी का यह दायित्व बनता है कि वह आवेदक द्वारा मांगी सूचनाओं को नियत समय पर उपलब्ध कराये।

सूचना के अधिकार के माध्यम से आज भारत का आम नागरिक अपने हितों को लेकर सजग हो गया है। सरकारों द्वारा किये जाने विभिन्न वायदो या योजनाओं को लागू करने में हीलाहवाली या कार्यों में घटिया गुणवत्ता को सामग्री का प्रयोग करना या फिर सिर्फ कागजो पर विकास से सम्बन्धी योजनाओं को पूरा दिखा कर बड़ी मात्रा में सरकारी पैसो का भ्रष्टाचार करने सम्बन्धी क्रियाकलापो पर इस सूचना के अधिकार के कानून के माध्यम से आज आम जनमानस नियंत्रण कर रहा है।

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग : भारत सरकार ने देश की प्रशासनिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित व उन्नत रूप प्रदान करने के लिए 31 अगस्त 2005 को श्री वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में एक प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया।

आयोग का कार्य था कि वह देश में एक सतत्, सक्रिय, उत्तरदायी, पारदर्शी एवं कार्य समर्थ प्रशासन को सुनिश्चित करने हेतु सुझाव प्रदान करें। इसके लिए आयोग ने 13 कार्य बिन्दूओं पर काम करते हुए 15 रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्टो के के सार की अगर बात करें तो उनसे स्पष्ट होता है कि उनका उद्देश्य देश की प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त, सुगम एवं पारदर्शी बनाना है। भ्रष्टाचार उन्मूलन, ईमानदार लोकसेवकों, उत्पीड़न न करने सम्बन्धी, अधिकारियों के विवेकानुसार फैसले लेने के अवसरों को सीमित करने, व्यवस्था सम्बन्धी कमियों को दूर करने और भ्रष्ट अधिकारियों को दंडित

करने सम्बन्धी अनिच्छा को दूर करने तथा प्रशासन में नैतिकता की भावना को प्रोत्साहन देने की बात कही गयी है।

व्हिसलब्लोयर प्रोटैक्सन एक्ट, 2010 :हमारे देश में व्हिसलब्लोयर प्रोटेक्सन एक्ट ऐसे प्रावधानों से जुड़ा है जिनका उद्देश्य उन लोगों को संरक्षण प्रदान करना जो किसी के गलत या भ्रष्ट कार्यों को उजागर करते रहते हैं। गलत या अनैतिक कार्य का आशय किसी भीतर के धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और कुप्रबन्धन और इससे जुडा कुछ भी जो कानून व समाज की नजर में अनुचित एवं अनैतिक है। व्हिसलब्लोयर से पहले हमारे देश में ऐसा कोई कानून नहीं था जो किसी भी व्यक्ति जो व्हिसलब्लोयर के रूप अनैतिक एवं अनुचित गतिविधियों को उजागर करने पर उन्हें अपराधिक तत्वों से संरक्षित रखता हो।

व्हिसलब्लोयर एक्ट के बनने से भ्रष्टाचार सम्बन्धी तहकीकात और जांच करने में काफी मदद मिलेगी साथ ही सूचनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। इससे भ्रष्टाचार में संलिप्त व्यक्ति पर मुकदमा चलाने का कार्य भी सरलता से सम्भव हो सकेगा।

